स्व० पं० हरगोविन्ददास त्रिकमचंद सेठ कृत

पाइअ-सद्द-महण्णवो

की

किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति

प्राकृत-हिन्दी कोश

सम्पादक

डॉ० के० आर० चन्द्र, एम० ए०, पीएच० डी०

अध्यक्ष

प्राकृत-पालि विभाग

भाषा-साहित्य भवन

गुजरात युनिवर्सिटी

अहमदाबाद-९

प्रकाशक

प्राकृत जैन विद्या विकास फण्ड

७७/३७५, सरस्वती नगर, आजाद सोसाइटी, अहमदाबाद-१५

सह प्रकाशक

पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान

आई० टी० आई० रोड, वाराणसी-५

सेठ श्री कस्तूरभाई लालभाई

(१८९४-१९८०)

सेठ श्री कस्तूरभाई लालभाई के जीवन काल का विस्तार उन्नीसवीं शती के अंतिम दशक से लेकर बीसवीं शती के आठ दशकों तक रहा। गुजरात के श्रेष्ठी-वर्ग की परम्परा के अंतिम स्तम्भ के रूप में उन्होंने न्याय-नीति एवं प्रामाणिकता के साथ अपने व्यावसायिक आदर्शों का निर्वाह किया था। औद्योगिक क्षेत्र में वे आधुनिकीकरण की प्राण-प्रतिष्ठा करने वाले एवं युगप्रवर्तक माने जाते हैं। कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी उनकी दृष्टि प्रगतिशील रही। व्यवसाय के क्षेत्र में भी निजी लाभ की अपेक्षा राष्ट्र-हित की भावना ही उनमें प्रमुख रही। भारत के गिने-चुने उद्योगपतियों में उन्होंने प्रशंसनीय स्थान प्राप्त किया था। विदेशी कम्पनियों के सहयोग से उन्होंने भारत में रासायनिक रंगों का उत्पादन प्रारम्भ किया और अपनी अनोखी सूझ-बूझ से वे भारतीय अर्थनीति के आधार-स्तंभ बने। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अनेक विकट आर्थिक और व्यावसायिक समस्याओं को सुलझाने में उनकी विवेक बुद्धि को अद्भुत सफलता मिली। विश्व के वस्त्र उद्योग के इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाने योग्य है। अपने उद्योग-संकुल के किसी भी व्यक्ति के सुख-दुःख के प्रत्येक प्रसंग में उसकी पूरी मदद करते थे। यह उनके व्यक्तित्व की उदारता और मानवीय गुणों की विशेषता थी।

उनका जन्म १९ दिसम्बर १८९४ को अहमदाबाद में सेठ श्री लालभाई दलपतभाई के घर हुआ जो सुशिक्षित, संस्कार-सम्पन्न और समाज सेवा की भावना से ओतप्रोत थे। एक बार लार्ड कर्जन ने माउंट आबू के देलवाडा के मन्दिरों के शिल्प-स्थापत्य से प्रभावित होकर उन्हें शासकीय पुरातत्त्व विभाग के द्वारा अधिगृहीत करने का प्रस्ताव रखा तब सेठ लालभाई ने सेठ आनंदजी कल्याणजी की पेढी के अध्यक्ष की हैसियत से उसका विरोध किया और आठ-दस वर्षों तक अनेक कारीगरों को काम में लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि पेढ़ी की तरफ से मन्दिरों के संरक्षण में कितनी सुव्यवस्था है। अनेक विद्यालयों, पुस्तकालयों एवं संस्थाओं के निर्माता के रूप में उनकी उदारता की सुवास सम्पूर्ण गुजरात में फैली हुई है। उन्होंने १९०८ में सम्मेतशिखर पर व्यक्तिगत बंगला बनाने के शासकीय आदेश को निरस्त करवाया था। वे जैन श्वेताम्बर कॉन्फरेन्स के महामन्त्री भी थे। ब्रिटिश शासन ने उनकी सेवाओं की सराहना की थी और उन्हें सरदार का खिताब प्रदान किया था।

सेठ लालभाई के सात संतान थीं। तीन पुत्र और चार पुत्रियाँ। श्री कस्तूरभाई उनकी चौथी संतान थी। पिता के अनुशासन और माता के वात्सल्य के बीच इन सातों संतानों का लालन-पालन हुआ।

श्री कस्तूरभाई ने प्राथमिक शिक्षा नगरपालिका द्वारा संचालित एक शाला में प्राप्त की और वे १९११ में आर० सी० हाईस्कूल से मेट्रिक्युलेशन की परीक्षा मेंउत्तीर्ण हुए। जिस समय वे चौथी कक्षा में थे उस समय चल रहे स्वदेशी आन्दोलन का उनके चित्त पर गहरा प्रभाव पड़ा। मेट्रिक के पश्चात् उन्होंने गुजरात कालेज में प्रवेश प्राप्त किया किन्तु कालेज जीवन के प्रथम छः महीने में ही सन् १९१२ में पिताजी का देहान्त हो जाने से मिल की व्यवस्था में अपने भाई की सहायता करने के लिए उन्हें अपना अध्ययन छोड़ देना पड़ा। उन्होंने अपने चाचा के मार्गदर्शन में अपने हिस्से में आयी रायपुर मिल में टाइमकीपर, स्टोरकीपर आदि से कार्य प्रारम्भ किया और बाद में मिल के संचालन विषयक सभी कार्यों में योग्यता अर्जित करके अपनी तेजस्वी बुद्धि एवं कार्य कुशलता से उसे भारत की प्रसिद्ध एवं अग्रगण्य कपड़ा मिलों की श्रेणी में लाकर रख दिया। उसके बाद अशोक-मिल, अरुण-मिल, अरविंद-मिल, नूतन-मिल, अनिल-स्टार्च और अतुल संकुल आदि अनेक उद्योग-गृहों की सन् १९२१ से १९५० के बीच स्थापना करके लालभाई-ग्रुप को देश के अग्रगण्य उद्योगगृहों में प्रतिष्ठित कर दिया।

व्यावसायिक कार्यों के साथ-साथ कस्तूरभाई ने अपने पूज्य पिताजी की तरह लोक कल्याण के कार्यों में भी बड़े उत्साह से भाग लिया। सन् १९२१ में अहमदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष के निर्देश से उन्होंने और उनके अन्य भाइयों ने नगरपालिका की प्राथमिक शाला को ५० हजार का दान दिया था। सन् १९२१ के दिसम्बर माह में जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में हुआ तब पंडित मोती लाल नेहरू के साथ उनका मैत्री सम्बन्ध हुआ। १९२२ में सरदार वल्लभभाई पटेल की सलाह से वे भारतीय संसद में मिल मालिकों के प्रतिनिधि के रूप में चुने गये। १९२३ में जब स्वराज पक्ष की स्थापना हुई तब अहमदाबाद तथा बम्बई के मिल-मालिकों की ओर से उसे पाँच लाख का दान दिलवाया था। संसद में वस्त्र पर चुंगी समाप्त करने का प्रस्ताव कस्तूरभाई ने रखा था और शासन की अनेक विघ्न-बाधाओं के बावजूद भी उसे स्वीकार करवा लिया। स्वराज पक्ष के सदस्य नहीं होने पर भी कस्तूरभाई को पं० मोतीलाल जी ने स्वराज-श्रेष्ठ की उपाधि प्रदान की थी। लम्बे समय से चल रहे मिल-मजदूरों के बोनस एवं वेतन सम्बन्धी वाद-विवाद को निपटाने के लिए सन् १९३६ में गाँधी जी और कस्तूरभाई का एक आयोग बनाया गया। प्रारम्भ में दोनों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया परन्तु अन्त में दोनों किसी एक विकल्प पर सहमत हो गये। इन सब कार्यों में कस्तूरभाई की निर्भीकता, साहस और योग्यता के दर्शन होते हैं।

सन् १९२९ में उन्होंने जिनेवा की मजदूर परिषद में मजदूरों के प्रतिनिधि के रूप में और सन् १९३४ में उद्योगपतियों के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया था। स्वतन्त्रता की प्राप्ति के बाद भी इसी प्रकार के अनेक प्रतिनिधि मण्डलो में उन्होंने भाग लिया था। इन सब प्रसंगों पर देश के हित को ही सर्वोपरि मानकर वे विदेशियों के साथ की चर्चाओं में विलक्षण बुद्धि और कुशलता का परिचय देते थे।

शिक्षा एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है। अहमदाबाद की एजुकेशन सोसायटी के आयोजक वे ही थे जिसकी स्थापना सन् १९३४ में हुई थी। नगर के भावी शैक्षणिक विकास को लक्ष्य में रखकर उन्होंने ७० लाख रुपये व्यय करके छ सौ एकड़ जमीन संपादित करवाई थी जिसके परिणामस्वरूप गुजरात विश्वविद्यालय का भव्य और विशाल संकुल अस्तित्व में आया। उनके परिवार की ओर से एल० डी० आर्टस् कॉलेज, एल० डी० इन्जिनियरिंग कॉलेज तथा एल० डी० प्राच्य विद्या मन्दिर को लाखों रुपये दान में दिये गये। विगत तीस-पैंतीस वर्षों में लालभाई दलपतभाई परिवार, ट्रस्ट की ओर से दो करोड़ पचहत्तर लाख का और अपने ही उद्योग गृहों की ओर से चार करोड़ का दान दिया गया। कस्तूरभाई को शिक्षा के प्रति कितनी रुचि थी इसका अनुमान उनके इन सब कार्यों से लगाया जा सकता है। यदि ऐसा न होता तो अटीरा, पी० आर० एल०, ला० द० भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर, इन्डियन इन्स्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ डिजाइन और विक्रम साराभाई कम्युनिटी सेन्टर जैसी ख्याति प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं अहमदाबाद में कैसे निर्मित हो सकती? यह उद्योगपति कस्तूरभाई और युवा वैज्ञानिक डॉ० विक्रम साराभाई के संयुक्त स्वप्न की ही सिद्धि है।

भारतीय संस्कृति के प्रति उनके प्रेम का परिचायक है विश्वविद्यालय-संकुल में स्थित जहाज के रमणीय आकार में निर्मित ला० द० भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर जो सन् १९५५ में बनकर तैयार हुआ था और उसका उद्घाटन प्रधान मन्त्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने किया था। मुनि श्री पुण्य विजय जी ने उस संस्था को १०,००० हस्तप्रतों एवं ७००० पुस्तकों का अत्यन्त मूल्यवान भेंट अर्पित की थी। आज इस संस्था के पास ३०,००० के प्रायः प्रकाशित ग्रन्थों का एवं ७०,००० के प्रायः पाण्डुलिपियों का संग्रह है। उसमें से दस हजार पाण्डुलिपियों की सूची केन्द्रीय सरकार की सहायता से एवं ७००० पाण्डुलिपियों की सूची गुजरात सरकार की सहायता से प्रकाशित हो चुकी है। अद्यावधि इस संस्था की ओर से १०० से अधिक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। ४८०० पाण्डुलिपियों की ट्रान्सपेरेन्सी एवं दो हजार मूल्यवान हस्तप्रतों की माईक्रोफिल्म भी कर ली गयी है साथ ही साथ १००० से अधिक पुराने सामायिकों के अंक भी संग्रहीत हैं। इस संस्था का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संग्रहालय है। कस्तूरभाई एवं उनके परिवार के लोगों की ओर से भेंट में दी गयी बहुत सी पुरातात्त्विक वस्तुओं को इस संग्रहालय में संग्रहीत किया गया है। सुन्दर चित्र, कलाकृतियाँ, प्राचीन वस्त्र-आभूषण, सजावट की वस्तुएँ, हस्तप्रत एवं बारहवीं शती की चित्र युक्त हस्तप्रत आदि प्रायः चार सौ से अधिक वस्तुएँ इस संग्रहालय में प्रदर्शित हैं जो प्राचीन भारतीय जीवन और संस्कृति की मोहक झलक प्रस्तुत करती हैं। पुराने प्रेमाभाई हॉल का स्थापत्य कस्तूर-भाई को कला की दृष्टि से खटक रहा था। उन्होंने लगभग छप्पन लाख रुपये खर्च करके उसका नव संस्करण करवाया जिसमें बत्तीस लाख का दान कस्तूरभाई परिवार एवं लालभाई ग्रुप के उद्योग समूह ने दिया।

विख्यात इन्जीनियर लूई साहब ने कस्तूरभाई को कुदरती सूझ वाले इन्जीनियर कहा था। उन्होंने अपनी स्वयं की निगरानी में राणकपुर, देलवाड़ा, शत्रुंजय और तारंगातीर्थ के मन्दिरों के शिल्प स्थापत्य का जो जीर्णोद्धार करवाया है उसे देखते हुए लूई का कथन सही मालूम पड़ता है। सेठ आनन्दजी कल्याणजी की पेढ़ी के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अनेक जीर्ण तीर्थस्थलों का कलात्मक दृष्टि से जीर्णोद्धार करवाया। उन्होंने उपेक्षित राणकपुर तीर्थ का पुनरुद्धार करके उसे रमणीय बना दिया। उन्होंने बहुत ही परिश्रम उठाकर पुरानी शिल्प कला को पुनर्जीवित किया। देलवाड़ा के मन्दिर के निर्माण में जिस जाति के संगमरमर का उपयोग हुआ है उसी जाति का संगमरमर दाँता के पर्वत से प्राप्त करने में बहुत ही अवरोध आये थे। कारीगरों ने जीर्णोद्धार का व्यय पचास रुपये घनफुट बताया था, किन्तु उसका खर्च बढ़ते-बढ़ते पचास की जगह दो सौ रुपये प्रतिघनफुट आया फिर भी प्रतिकृति इतनी सुन्दर बनी कि कस्तूरभाई की कलाप्रेमी आत्मा प्रसन्न हो गयी और अधिक व्यय की उन्होंने तनिक भी चिन्ता नहीं की। शत्रुंजयतीर्थ में उन्होंने पुराने प्रवेश द्वार के स्थान पर नया द्वार बनवाया और मुख्य मन्दिर की भव्यता में अवरोध करने वाले छोटे-छोटे मन्दिर और उनकी मूर्तियों को बीच में से हटवा दिया।

जिस प्रकार धर्मदृष्टि उद्घाटित होते ही जीवन दर्शन के क्षितिजों का विस्तार होता है उसी प्रकार जीर्णोद्धार के बाद इन धर्मस्थानों के क्षितिज भी विस्तृत हो गए।

एक अमेरिकन यात्री ने एक बार कस्तूरभाई से पूछा ! यदि कल ही आपकी मृत्यु हो जाय तो……… !

कस्तूरभाई ने सस्मित कहा : मुझे आनन्द होगा।

किन्तु बाद में क्या ?

बाद में क्या होगा इसकी मुझे चिन्ता नहीं है।

आपका क्या होगा उसका विचार नहीं आता है क्या !

मैं पुनर्जन्म में आस्था रखता हूँ।

उसका तात्पर्य ?

जैन तत्त्वज्ञान के अनुसार ईश्वर जैसा कोई व्यक्ति विशेष नहीं है। प्रत्येक प्राणी और मैं स्वयं भी ईश्वर की स्थिति को पहुँच सकता हूँ अर्थात् मुझे मेरे चरित्र को उतना ऊँचा ले जाना चाहिये और यह विश्वास उत्पन्न करना चाहिए कि मैं क्रमशः उस पद के लिए योग्य बन रहा हूँ। इस विचारधारा में मुझे आस्था और गौरव है। उस स्थिति तक कैसे पहुँचा जा सकता है ? उसके उपाय भी हमारे दर्शन में बताये हैं :—सत्य बोलना चाहिए, धन के प्रति ममत्व नहीं रखना चाहिए, हिंसा नहीं करनी चाहिए, आदि। इतने उच्च आदर्श शायद ही दूसरी जगह पर देखने को मिले।

जैन धर्म क्या है ?

सत्य तो यह है कि जैन धर्म एक धर्म नहीं अपितु जीवन जीने की कला है जिसका आचरण करने से मानव इसी जन्म में उच्च आध्यात्मिक स्थिति को प्राप्त कर सकता है।

क्या जैन धर्म में धन संचय न करने को कहा गया है ?

नहीं, उसमें कहा गया है कि निश्चित मर्यादा से अधिक धन-सम्पत्ति नहीं रखनी चाहिए।

क्या आपने उसका व्रत लिया है ?

नहीं, किन्तु स्वयं प्राप्त धन का कुछ हिस्सा सार्वजनिक कल्याण के लिए खर्च करने का मेरा नियम है।

दिनांक ८ जनवरी १९८० को कस्तूरभाई बम्बई में बीमार पड़े, डाक्टर ने उनके स्वास्थ्य को देखकर पन्द्रह दिन बिस्तर में ही आराम करने की सलाह दी। किन्तु कस्तूरभाई ने कहा मुझे अहमदाबाद ले चलो मैं वहीं आराम करूँगा। डाक्टर ने प्रवास नहीं करने की सलाह दी किन्तु कस्तूरभाई के मन में अहमदाबाद के प्रति ऐसी आत्मीयता थी कि उन्होंने अपने अंतिम दिन अहमदाबाद में ही बिताने की तीव्र इच्छा व्यक्त की। उनको बेचैन देखकर डाक्टर ने अंत में अहमदाबाद जाने की सम्मति दी। वेदना होने पर भी कस्तूरभाई के मुख पर आनन्द छा गया एम्ब्यूलेन्स-वान द्वारा स्टेशन लाए गये। दूसरे दिन सुबह जब अहमदाबाद पहुँचे तब मन प्रसन्न हो गया, मानो सारी पीड़ा समाप्त हो गयी हो, परन्तु १९ जनवरी को दिव्यधाम के आमंत्रण को शान्ति पूर्वक स्वीकार कर उन्होंने उसके लिए प्रस्थान कर दिया।

कस्तूरभाई मानते थे कि व्यक्ति की मृत्यु से देश का उत्पादन रुकना नहीं चाहिए। उनके अनुसार व्यक्ति को सही श्रद्धांजलि तो उसकी भावनानुसार काम करके ही दी जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया था कि मेरे अवसान के शोक में एक भी मिल बन्द नहीं रहनी चाहिए। उनके पुत्रों ने उनकी यह इच्छा लालभाई ग्रुप की नौ मिलों के सभी कर्मचारी-गणों को सूचित कर दी। 'कार्य करो' इसे सेठ का अंतिम आदेश मानकर काम पर लग गये। सारा अहमदाबाद शहर जिनके शोक में बन्द रहा वहीं उन्हीं की मिलें उस दिन कार्यरत रहीं यह एक अपूर्व घटना थी।

●

प्रस्तुत संस्करण के विषय में

स्व० पं० हरगोविन्ददास त्रिकमचन्द सेठ कृत पाइय-सद्द-महण्णवो का द्वितीय संस्करण आज से २३ वर्ष पूर्व ई० सं० १९६३ में छपा था और अनेक वर्षों से यह कोश उपलब्ध नहीं हो रहा था। इससे प्राकृत भाषा के विद्यार्थियों को कठिनाई अनुभव हो रही थी। इस कमी की पूर्ति के लिए हमारे सामने तीन विकल्प थे—

१. अद्यावधि प्रकाशित सभी नये प्राकृत ग्रन्थों की शब्दावली का समावेश करके एक संवर्धित संस्करण प्रकाशित करना।

२. पाइय-सद्द-महण्णवो का ही पुनः मुद्रण करना।

३. मूल पाइय-सद्द-महण्णवो को ही संक्षिप्त और लघुकाय बनाना।

प्रथम विकल्प अत्यन्त खर्चीला और दीर्घकालीन था एवं अनेक विद्वानों के सहयोग के बिना यह शीघ्र कार्यान्वित भी नहीं हो सकता था। द्वितीय विकल्प भी खर्चीला था और उसमें कोई नवीनता नहीं थी। तत्काल इन दोनों में से एक भी विकल्प की पूर्ति करने में हमारी संस्था असमर्थ ही थी। अतः हमारे लिए संभव यही था कि तृतीय विकल्प चुना जाय। तदनुसार प्राकृत और जैन विद्या के सुविख्यात और माननीय विद्वान् पं० श्री दलसुखभाई मालवणिया और डॉ० श्री ह० चू० भायाणी के साथ इस बारे में विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने फिलहाल इस योजना को ही उचित समझा और अपनी तरफ से पूर्ण सहयोग देने की उदारता दर्शायी। उनके इस प्रोत्साहन के फल-स्वरूप ही यह कोश अपने परिवर्तित एवं संक्षिप्त रूप में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत हो सका है।

यहाँ इस किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति की आवश्यकता और महत्व पर कुछ प्रकाश डालना जरूरी है। पाइय-सद्द-महण्णवो में प्रत्येक शब्द के साथ प्राकृत ग्रन्थों से संदर्भ दिये गये हैं और अनेक स्थलों पर मूल ग्रन्थों से उद्धरण भी दिये गये हैं। उनकी अपनी उपयोगिता है परन्तु सबके लिए इनका महत्व एक समान नहीं होता है। विद्यार्थियों के लिए ऐसे संदर्भों और उद्धरणों की उपयोगिता कम ही होती है। अनेक जगह ग्रन्थों की हस्तप्रतों से उद्धरण दिये गये हैं और उन हस्तप्रतों को प्राप्त करना भी दुष्कर ही होता है। ई. स. १८४२ और उसके पश्चात् अधिकतर ई. स. १९२४ तक प्रकाशित संस्करणों में से दिये गये उद्धरणों की बहुलता है और ये संस्करण आज सब जगह उपलब्ध भी शायद ही हों, अतः उनकी उपादेयता अल्प रह गयी है। मूल पाइय-सद्द-महण्णवो को पुनः प्रकाशित करने के लिए यह आवश्यक था कि उसमें दिये गये उद्धरणों के साथ नये संस्करणों के संदर्भ जोड़े जाय परन्तु ऐसा शीघ्र संभव नहीं होने के कारण यह किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति तैयार की गयी। इसमें पा.स.म. का एक भी मूल शब्द या अर्थ छोड़ा नहीं गया है, मात्र उद्धरण निकाल दिये गये हैं। अर्थों की

पुनरावृत्ति करने वाले शब्द, अर्थों के साथ लगे संख्यावाची अंक और अनावश्यक वर्णनात्मक विस्तार निकाल दिये गये हैं। तत्सम शब्दों के सामने कोष्ठक में दिये गये संस्कृत शब्द भी निकाल दिये गये हैं। अन्य जो भी परिवर्तन किये गये हैं उनके विषय में आगे नियम प्रस्तुत किये गये हैं उन्हें देख लेना पाठकों के लिए उपयोगी होगा। इस आयोजन से कोश का महत्व भी नहीं घटा और मूल कोश जो भारी और दीर्घ-काय था वह हलका, लघुकाय और संक्षिप्त बन गया तथा स्थानान्तरण के लिए वह सुवाह्य और सुविधाजनक हो गया। अर्थ लाभ की दृष्टि से प्रकाशित नहीं किये जाने के कारण इसका मूल्य बाजार-भाव से कम ही रखा गया है, ताकि यह सर्वजन सुलभ हो सके। लगभग तीन-चार वर्ष पूर्व जब इस आवृत्ति की योजना बनायी गयी उस समय हमारी नवोदित इस संस्था के पास इस कार्य को प्रारम्भ करने के लिए भी पर्याप्त रकम नहीं थी अतः इस दिशा में प्रयत्न किये गये। पू. आचार्य श्री भुवनशेखरसूरिजी, अहमदाबाद पू. आ. श्री विजयसुशील सूरिजी, सिरोही, पू. मुनि श्री कन्हैयालाल जी 'कमल', आबू पर्वत, पू. गणिवर्य श्री प्रद्युम्नविजयजी, अहमदाबाद और पू. मुनि श्री धरणेन्द्र सागरजी, अहमदाबाद की प्रेरणा से हम कुछ संस्थाओं और सद्गृहस्थों से आवश्यक रकम दान के रूप में प्राप्त कर सके और उससे इस संस्करण का सम्पादन हो सका। पुनः इस संस्था के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कितने ही नये सदस्य भी बनाये गये। इस कार्य में मुख्यतः मद्रास से श्री सी० आर० जैन ने प्रशंसनीय परिश्रम किया और वहाँ से इस संस्था के लिए अनेक सदस्य बनाये। एतदर्थ हम उन सबका हृदय से आभार मानते हैं।

इस कोश का सम्पादन-कार्य हो जाने के बाद कठिन कार्य तो उसे प्रकाशित करने का था जिसके लिए एक बड़ी रकम की आवश्यकता थी। यह संस्था इतनी समृद्ध नहीं थी कि प्रकाशन का खर्च उठा सके। योगानुयोग साहित्यिक कार्य की यह बात मैंने आदरणीय एवं सौजन्यशील श्री आत्मारामभाई भोगीलाल सुतरिया के ध्यान में लायी तब उन्होंने ज्ञान-प्रचार के कार्य में अपनी रुचि बतलायी और हमारी इस योजना की पुष्टि की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कोश के प्रकाशन का पूरा खर्च उनकी संस्था '**श्रेष्ठी श्री कस्तूरभाई लालभाई स्मारक निधि**' वहन करेगी। दीर्घ काल से प्रतीक्षित आर्थिक सहायता के वचन पाकर मुझे अत्यंत हर्ष हुआ और इस कोश के प्रकाशन का कार्य आगे बढ़ाया। एतदर्थ इस 'स्मारक निधि', उसके ट्रस्टियों एवं श्री आत्माराम भाई का हम सहृदय आभार मानते हैं।

इस कोश के सम्पादन के कार्य में पं. दलसुखभाई मालवणिया और डॉ० ह० चू० भायाणी का जो मार्गदर्शन मिला है उसके लिए मैं उनका अन्तःकरण पूर्वक आभार मानता हूँ। इस कोश की मुद्रण के योग्य प्रति तैयार करने में मेरे विद्यार्थियों डॉ० कु० गीता पी० मेहता, श्रीमती संगीता पी० देसाई, एम० ए० और श्री दीना नाथ शर्मा एम० ए० ने जो कार्य एवं सहायता की है उसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। श्री धीरु भाई ठाकर ने सेठ कस्तूरभाई का जीवन-परिचय गुजराती में लिखा और उसका हिन्दी अनुवाद श्री जितेन्द्र शाह ने किया एतदर्थ हम उनके आभारी हैं।

ग्रन्थ के प्रकाशन की इस वेला में सहयोगी संस्था पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी और उसके निदेशक डॉ० सागर मल जैन का हम आभार मानते हैं, जिन्होंने प्रस्तुत ग्रन्थ के मुद्रण सम्बन्धी सम्पूर्ण व्यवस्था की। मात्र यही नहीं इस ग्रन्थ के रख-रखाव और विक्रय का दायित्व भी स्वीकार कर उन्होंने हमें व्यवस्था सम्बन्धी सभी चिन्ताओं से मुक्त रखा।

रत्ना प्रिंटिंग वर्क्स, वाराणसी ने इस कोश को अल्प समय में सुन्दर ढंग से मुद्रित किया है इसके लिए उसका एवं उसके व्यवस्थापक श्री विनयशंकर जी का भी हम आभार मानते हैं। प्रूफ संशोधन का बड़ा ही दुरूह कार्य सुचारु रूप से करने के लिए डॉ० श्री रविशंकर मिश्र, सह-शोधाधिकारी, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान का भी आभार मानते हैं। श्री महावीर बुक बाईंडिंग वर्क्स, वाराणसी के श्री मोहनलाल जी के द्वारा सुन्दर पुस्तकावरण बाँधने के लिए हम उनके भी आभारी हैं।

प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, अहमदाबाद एवं श्री यशोविजय ग्रन्थमाला, भावनगर द्वारा प्रकाशित पाइय-सद्द-महण्णवो का उपयोग करने के लिए उनका एवं उनके ट्रस्टियों का भी आभार मानना हम अपना कर्तव्य समझते हैं।

कार्तिक पूर्णिमा
वि. सं. २०४३

के० आर० चन्द्र
मानद मंत्री
प्रा. जै. वि. वि. फंड अहमदाबाद

प्राकृत-हिन्दी कोश का सम्पादन

'पाइय सद्द महण्णवो' की इस किञ्चित् परिवर्तित आवृत्ति में अपनाये गये नियम।

यदि मूल शब्दों के वर्णों अथवा अर्थ में किसी प्रकार का भेद, परिवर्तन या विशेषता नहीं हो तो निम्न प्रकार के शब्द एवं उनके रूप निकाल दिये गये हैं।

१. प्राकृत ग्रन्थों में से उद्धृत अवतरण
२. अर्थों के साथ दिये गये संख्यावाची अंक
३. भेद न रखने वाले एक से अधिक अर्थ, जैसे :—
मस्तक, सिर; हस्त, हाथ; हस्ति, हाथी
४. अनावश्यक वर्णनात्मक विस्तार
५. सादृश्यता बतलाते हुए आधुनिक भाषा के शब्द
६. प्राकृत शब्द के सामने कोष्ठक में दिया गया संस्कृत शब्द यदि वह तत्सम, है, जैसे—उत्ताल, काम, ताल, वायस, समूह
७. 'आ' या 'ई' प्रत्यय लगाकर बनाया गया स्त्रीलिंगी शब्द यदि उसका अन्य लिंगी शब्द आ गया हो, जैसे—पुत्त (पुत्ती), अणुमासण (अणुमासणा) अमर (अमरी)
८. कभी-कभी आवश्यकतानुसार ऐसे शब्द जिनमें 'न' या 'न्न' हो जबकि 'ण' या 'ण्ण' वाला वही शब्द आ गया हो, जैसे—मणुस्स (मनुस्स), पुण्ण (पुन्न)
९. शब्द में तृतीया या पंचमी विभक्ति लगाकर बनाये गये अव्यय, जैसे—अइर (अइरेण), अग्ग (अग्गओ)
१०. मूल शब्द आ जाने पर उसमें स्वार्थ 'अ', 'य' अथवा 'ग' लगे हुए शब्द, जैसे—अगुरु (अगुरुअ), अर (अरग), अंगुलीय (अंगुलीयय), भद्द (भद्दअ)
११. इ (इन्) प्रत्यय लगाकर बनाये गये शब्द जो धारण करने, प्रवृत्ति करने या स्वामित्व के अर्थ वाले हो, जैसे—अणुभव (अणुभाव) अक्खा (अक्खाइ), संसय (संसइ)
१२. 'इर' प्रत्यय लगाकर बनाये गये शीलवाची शब्द, जैसे—अणुगम (अणुगमिर) मुअ (मुइर), भी (भीइर)
१३. 'इल्ल, इल्लग, इल्लय, उल्ल, एल्ल, एल्लग' प्रत्यय लगाकर बनाये गये स्वार्थ शब्द, जैसे—पुत्त (पुत्तिल्ल, पुत्तुल्ल), बाहिर (बाहिरिल्ल), सच्च (सच्चिलय), भंड (भंडुल्ल), अंध (अंधिल्लग, अंधेल्लग) हिअअ (हअउल्ल)
१४. मूल धातु के साथ दिये गये उसके अनेक कालवाची एवं कृदन्त रूप
१५. अलग-अलग स्थलों पर आने वाले कृदन्त रूप जिनका मूल धातु आ गया हो।

१६. मूल धातु के आ जाने पर लिंग-सूचक प्रत्यय लगाकर नाम के रूप में अलग से दिया गया वही शब्द, जैसे—आढा (आढा) हक्क (हक्का), अभिक्कम (अभिक्कम) समीह (समीहा). सलाह (सलाहा)

१७. 'धातु या नाम शब्द में मात्र इअ, इय (इत) प्रत्यय लगाकर बनाये गये कर्मणिभूत कृदन्त या विशेषण, जैसे—भज्ज (भज्जिय). पाव (पाविए) अंकुर (अंकुरिय) विसेस (विसेसिय), भी (भीइय), कंडू (कंडूइय). मा (माइअ), पुंज (पुंजिअ), संकिअ (संकिइअ), संजोअ (संजोइअ), अंधयार (अंधयारिय), अंध (अंधिय)

१८. धातु में 'ण' 'णा', या 'णया' जोड़कर बनाये गये नाम शब्द, जैसे—पुच्छ (पुच्छण, पुच्छणया), समप्प (समप्पण), सिणा (सिणाण), विसोह (विसोहणया) संथव (संथवणा), अभिवंद (अभिवंदणा)

१९. शब्द के प्रारम्भ में उपसर्ग 'अ' जोड़कर बनाये गये मात्र निषेधवाची शब्द, जैसे—कप्प (अकप्प), जयणा (अजयणा), खज्ज (अखज्ज)

२०. शब्द के प्रारंभ में 'सु' उपसर्ग जोड़कर निम्नार्थबोधक शब्द, (१) सुन्दर, अच्छा, भला (२) अच्छी तरह, सुखसे, (३) शुभ प्रशस्त, उत्तम (४) अति, अत्यन्त, अतिशय, बहुत (५) दृढ और (६) बिलकुल, जैसे—(१) सुकुसुम, सुतवस्सि, सुपहाय (२) सुचरिय, सुलभ (३) सुपह, सुजाइ, सुगुरु (४) सुगरिट्ठ, सुपसन्न, सुदुक्कर, सुदिप्प (५) सुनिच्छय और (६) सुणिस्संक, सुविणट्ठ।

२१. मध्यवर्ती अ, आ, इ और उ के स्थान पर य, या, यि और यु परस्पर क्रमशः समझ लेने चाहिए।

संकेत–सूची

अ	=	अव्यय ।	(पै)	=	पैशाची भाषा ।
अक	=	अकर्मक धातु ।	प्रयो	=	प्रेरणार्थक णिजन्त ।
(अप)	=	अपभ्रंश भाषा ।	ब	=	बहुवचन ।
(अशो)	=	अशोक शिलालेख ।	भकृ	=	भविष्यत्कृदन्त ।
उभ	=	सकर्मक तथा अकर्मक धातु	भवि	=	भविष्यत्काल
कर्म	=	कर्मणि-वाच्य ।	भूका	=	भूतकाल ।
कवकृ	=	कर्मणि-वर्तमान-कृदन्त ।	भूकृ	=	भूत-कृदन्त ।
कृ	=	कृत्य-प्रत्ययान्त ।	(मा)	=	मागधी भाषा ।
क्रि	=	क्रियापद ।	वकृ	=	वर्तमान कृदन्त ।
क्रिवि	=	क्रिया-विशेषण ।	वि	=	विशेषण ।
(चूपै)	=	चूलिकापैशाची भाषा ।	(शौ)	=	शौरसेनी भाषा ।
त्रि	=	त्रिलिङ्ग ।	स	=	सर्वनाम ।
[दे]	=	देश्य-शब्द ।	संकृ	=	संबन्धक कृदन्त ।
न	=	नपुंसकलिङ्ग ।	सक	=	सकर्मक धातु ।
पुं	=	पुंलिङ्ग ।	स्त्री	=	स्त्रीलिङ्ग ।
पुंन	=	पुंलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग	स्त्रीन	=	स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिंग
पुंस्त्री	=	पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग ।	हेकृ	=	हेत्वर्थ कृदन्त ।

——

संक्षिप्त प्राकृत-हिन्दी कोष

अ

अ पु प्राकृत–वर्ण-माला का प्रथम अक्षर । विष्णु, कृष्ण ।

अ देखो च अ ।

अ [दे] देखो इव ।

°अ अ इन अर्थों का सूचक अव्यय—निषेध । विरोध, उल्टापन । अयोग्यता, अनुचितपन । अल्पता । अभाव । भेद । सादृश्य । बुरापन । लघुपन ।

°अ पु [क] सूर्य । अग्नि । मोर । न. पानी । शिखर, टोंच । मस्तक ।

°अ वि [°ज] उत्पन्न ।

अअंख वि [दे] स्नेह-रहित, सूखा ।

अअर देखो अवर ।

अअर देखो आयर ।

अइ अ [अयि] संभावना और आमन्त्रण अर्थ का सूचक अव्यय ।

अइ अ [अति] इन अर्थों का सूचक उपसर्ग । अतिशय । उत्कर्ष, महत्त्व । पूजा, प्रशंसा । अतिक्रमण । ऊपर, ऊंचा । निन्दा ।

अइ अ [अति] सामर्थ्य-सूचक अव्यय ।

अइ सक [आ + इ] आगमन करना, आ गिरना ।

अइइ स्त्री [अदिति] पुनर्वसु नक्षत्र का अधिष्ठाता देव ।

अइइ सक [अति + इ] उल्लंघन करना । गमन करना । प्रवेश करना ।

अइउट्ट वि [अतिवृत्त] अतिगत, प्राप्त ।

अइंच सक [अति + अञ्च्] अभिषेक करना, स्थानापन्न करना । उल्लंघन करना । आकर्षित करना । अक. दूर जाना ।

अइंछ देखो अइंच ।

अइंत वि [अनायत्] नहीं आता हुआ । जो न जाता हो ।

अइंदिय वि [अतीन्द्रिय] इंद्रियों से जिसका ज्ञान न हो सके वह ।

अइंमुत्त देखो अइमुत्त ।

अइकम अक [अतिक्रम्] गुजरना, बीतना । देखो अइक्कम = अति + क्रम् ।

अइकाय पुं [अतिकाय] महोरग—जातीय देवों का एक इन्द्र । रावण का एक पुत्र । वि. बड़ा शरीरवाला ।

अइक्कंत वि [अतिक्रान्त] अतीत । तीर्ण । जिसने त्याग किया हो वह ।

अइक्कम सक [अति + क्रम्] उल्लंघन करना । व्रत-नियम का आंशिक रूप से खण्डन करना ।

अइक्ख वि [अतीक्ष्ण] तीक्ष्णतारहित ।

अइक्ख वि [अनीक्ष्य] अदृश्य ।

अइगच्छ } अइगम } अक [अति + गम्] गुजरना, बीतना । सक. पहुँचना । प्रवेश करना । उल्लंघन करना । गमन करना ।

अइगमण न [अतिगमन] प्रवेश-मार्ग । उत्तरायण ।

अइगय वि [दे] आया हुआ । जिसने प्रवेश किया हो वह । न. मार्ग का पिछला भाग ।

अइगय वि [अतिगत] अतिक्रान्त, गुजरा हुआ ।

अइगय वि [अतिगत] प्राप्त ।

अइचिरं अ [अतिचिरम्] बहुत काल तक ।

अइच्च अइइ = अति + इ का संकृ ।

अइच्छ सक [गम्] जाना, गमन करना ।

अइच्छ सक [अति + क्रम्] उल्लंघन करना ।

अइच्छा स्त्री [अदित्सा] देने की अनिच्छा। प्रत्याख्यान विशेष।

अइजाय पुं [अतिजात] पिता से अधिक संपत्ति को प्राप्त करनेवाला पुत्र।

अइट्ठ वि [अदृष्ट] जो न देखा गया हो वह। न. कर्म, दैव, भाग्य। °उव्व, °पुव्व वि [°पूर्व] जो पहले कभी न देखा गया हो वह।

अइट्ठ वि [अनिष्ट] अप्रिय। खराब, दुष्ट।

अइट्ठा सक [अति + स्था] उल्लंघन करना।

अइट्ठिय वि [अतिष्ठित] अतिक्रान्त, उल्लंघित।

अइण न [दे] गिरि-तट, तराई।

अइण न [अजिन] चर्म।

अइणिय वि [दे. अतिनीत] लाया हुआ।

अइणिय, अइणीय वि [अतिनीत] फेंका हुआ। जो दूर ले जाया गया हो।

अइणीअ वि [अतिगत] गया हुआ।

अइणीय वि [दे. अतिनीत] लाया हुआ।

अइणु वि [अतिनु] जिसने नौका का उल्लंघन किया हो वह, जहाज से उतरा हुआ।

अइतह वि [अवितथ] सत्य, सच्चा।

अइतेया स्त्री [अतितेजा] पक्ष की चौदहवीं रात।

अइदंपज्ज न [ऐदंपर्य] तात्पर्य, रहस्य।

अइदुसमा, अइदुस्समा, अइदूसमा स्त्री [अतिदुष्षमा] देखो दुस्समदुस्समा।

अइदंपज्ज देखो अइदंपज्ज।

अइधाडिय वि [अतिघ्राटित] फिराया हुआ, घुमाया हुआ।

अइनिट्ठुहावण वि [अतिविष्टम्भन] स्तब्ध करनेवाला, रोकनेवाला।

अइन्न न [अजीर्ण] बदहजमी। वि. जो हजम न हुआ हो वह। जो पुराना न हुआ हो, नूतन।

अइन्न वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ। °याण न [°दान] चोरी।

अइपंडुकंबलसिला स्त्री [अतिपाण्डुकम्बल-शिला] मेरु पर्वत पर स्थित दक्षिण दिशा की एक शिला।

अइपडाग पुं [अतिपताक] मत्स्य की एक जाति। स्त्री. पताका के ऊपर की पताका।

अइपरिणाम वि [अतिपरिणाम] आवश्यकता न रहने पर भी अपवाद-मार्ग का ही आश्रय लेनेवाला, शास्त्रोक्त अपवादों की मर्यादा का उल्लंघन करने वाला।

अइपाइअ वि [अतिपातिक] हिंसाकरनेवाला।

अइपास पुं [अतिपार्श्व] भगवान् अरनाथ के समकालिक ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकरदेव।

अइपास सक [अति + दृश्] खूब देखना।

अइप्पगे अ [अतिप्रगे] पूर्व-प्रभात, बड़ी सबेर।

अइप्पमाण वि [अतिप्रमाण] तृप्त न होता हुआ भोजन करनेवाला। न. तीन बार से अधिक भोजन।

अइप्पसंग पुं [अतिप्रसङ्ग] अतिपरिचय। तर्क-शास्त्र में प्रसिद्ध अतिव्याप्ति-नामक दोष।

अइप्पहाय न [अतिप्रभात] बड़ी सबेर।

अइबल वि [अतिबल] शक्ति-शाली। न. अतिशय बल। बड़ा सैन्य। पुं. एक राजा, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्वीय चतुर्थ भव में पिता या पितामह था। भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र। भरत क्षेत्र में आगामी चौवीसी में होने वाला पाँचवाँ वासुदेव। रावण का एक योद्धा।

अइभद्दा स्त्री [अतिभद्रा] भगवान् महावीर के प्रभास नामक ग्यारहवें गणधर की माता।

अइभूइ पुं [अतिभूति] एक जैन मुनि, जो पंचम वासुदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे।

अइभूमि स्त्री [अतिभूमि] परम प्रकर्ष। बहुत जमीन। गृहस्थों के घर का वह भाग, जहाँ साधुओं को प्रवेश करने की अनुज्ञा न हो।

अइमट्टिया स्त्री [अतिमृत्तिका] कीचवाली मिट्टी।

अइमत्त, अइमाय वि [अतिमात्र] बहुत, परिमाण से अधिक।

अइमुंक / अइमुंत / अइमुत्त पुं [अतिमुक्त] स्वनाम ख्यात एक अन्तकृद् (उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला) जैन मुनि, जो पोलासपुर के राजा विजय का पुत्र था और जिसने बहुत छोटी ही उम्र में भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी। कंस का एक छोटा भाई। वृक्षविशेष। माधवी लता। न. अन्तगड़दसा नामक अंग-ग्रन्थ का एक अध्ययन।

अइय वि [अतिग] अतिक्रान्त, फलनेवाला, प्राप्त।

°अइय वि [दयित] प्रिय, प्रीतिपात्र। दया करने योग्य।

अइयच्च देखो अइगच्छ

अइयण न [अत्यदन] अधिक भोजन करना।

अइयय वि [अतिगत] गया हुआ।

अइयर सक [अति + चर्] उल्लंघन करना। व्रत को दूषित करना।

अइया सक [अति + या] जाना, गुजरना।

अइया स्त्री [अजिका] बकरी।

°अइया स्त्री [दयिता] स्त्री, पत्नी।

अइयाण न [अतियान] गमन, गुजरना। राजा वगैरह का नगर आदि में धूम-धाम से प्रवेश करना।

अइयाय वि [अतियात] गया हुआ, गुजरा हुआ।

अइयार पुं [अतिचार] उल्लंघन, अतिक्रमण। गृहीत व्रत या नियम में दूषण लगाना।

अइर अ [अचिर] शीघ्र।

अइर न [अजिर] आंगन, चौक।

अइर पुं [दि] आयुक्त, गांव का राजनियुक्त मुखिया।

अइर न [दे. अतर] देखो अयर = अतर।

अइर वि [दे] अतिरोहित।

अइरजुवइ स्त्री (दे) दुलहिन।

अइरत्त पुं [अतिरात्र] अधिक तिथि।

अइरत्त वि [अतिरक्त] गाढ़ा लाल। विशेष रागी। °कंबलसिला, °कंबला स्त्री [°कम्बलशिला, कम्बला] मेरु पर्वत के पांडुक वन में स्थित एक शिला, जिसपर जिनदेवों का जन्माभिषेक किया जाता है।

अइरा / अइराणी स्त्री [अचिरा] पाँचवें चक्रवर्ती और सोलहवें तीर्थंकर-देव की माता।

अइराणी स्त्री [दे] इन्द्राणी। सौभाग्य के लिए इन्द्राणी-व्रत करनेवाली स्त्री।

अइरावण पुं [ऐरावण] इन्द्र का हाथी।

अइरावय पुं [ऐरावत] इन्द्र का हाथी।

अइराहा स्त्री [अचिराभा] बिजली।

अइरि न [अतिरि] धन या सुवर्ण का अतिक्रमण करनेवाला, धनाढ्य।

अइरिप पुं [दे] कथाबन्ध, बातचीत, कहानी।

अइरित्त वि [अतिरिक्त] अवशिष्ट। अधिक। °सिज्जासणिय वि [शय्यासनिक] लम्बीचौड़ी शय्या और आसन रखने वाला (साधु)।

अवरूव वि [अतिरूप] सुरूप, सुडौल। पुं. भूत-जातीय देवविशेष।

अइरेइय वि [अतिरेकित] अतिरेक-युक्त, अतिप्रभूत।

अइरेग पुं [अतिरेक] आधिक्य, अतिशय।

अइरेय देखो अइरेग।

अइव अ [अतीव] अतिशय।

अइवट्टण न [अतिवर्त्तन] उल्लंघन।

अइवत्त सक [अति + वृत्] अतिक्रमण करना।

अइवत्तिय वि [अतिव्रतिक] जिसका उल्लंघन किया गया हो वह। प्रधान। उल्लंघन करनेवाला।

अइवय सक [अति+वृत्] उल्लंघन करना।

अइवय सक [अति + व्रज्] उल्लंघन करना। संमुख जाना। प्रवेश करना।

अइवय सक [अति + पत्] उल्लंघन करना।

सम्बन्ध करना। प्रवेश करना। अक. मरना। गिर जाना।

अइवह् सक [अति+वह्] [illegible] में [illegible] होना।

अइवाइ वि [अतिपातिन्] हिंसक। विनश्वर।

अइवाइत्तु वि [अतिपातयितृ] मारनेवाला।

अइवाइय वि [अतिपातिक] ऊपर देखो।

अइवाएत्तु देखो अइवाइत्तु।

अइवाय पुं [अतिपात] हिंसा आदि दोष। विनाश।

अइवाय पुं [अतिवात] उल्लंघन। भयंकर पवन, तूफान।

अइवाह् सक [अति+वाहय्] बिताना, गुजारना।

अइविरिय वि [अतिवीर्य] बलिष्ठ, महा-पराक्रमी। पुं. इक्ष्वाकु वंश का एक राजा। नन्दावर्त नगर का एक राजा।

अइविसाल वि [अतिविशाल] बहुत बड़ा, विस्तीर्ण। स्त्री. यमप्रभ नामक पर्वत के दक्षिण तरफ की एक नगरी।

अइस [अप] वि [ईदृश्] ऐसा, इस तरह का।

अइसइ वि [अतिशयिन्] अतिशय वाला, विशिष्ट, आश्चर्य-कारक।

अइसंधण देखो अइसंधाण।

अइसंधाण [अतिसंधान] ठगाई।

अइसक्कणा स्त्री [अतिष्वष्कणा] उत्तेजना, प्रेरणा, बढ़ावा।

अइसय सक [अति+शी] मात करना।

अइसय पुं [अतिशय] श्रेष्ठता। महिमा, प्रभाव। अत्यन्त। चमत्कार। वैशिष्ट्य। °भरिय वि [°भृत] पूर्ण।

अइसरिय न [ऐश्वर्य] संपत्ति, गौरव।

अइसाइ वि [अतिशायिन्] श्रेष्ठ। दूसरे को मात करनेवाला। स्त्री. °णी।

अइसायण न [अतिशायन] उत्कृष्टता, उत्कर्ष।

अइसार पुं [अतिसार] संग्रहणी रोग।

अइसेस पुं [अतिशेष] महिमा, प्रभाव, आध्यात्मिक सामर्थ्य। बचा हुआ। अतिशय वाला।

अइसेसि वि [अतिशेषिन्] महिमान्वित। समृद्ध, ज्ञान आदि के अतिशय से सम्पन्न।

अइसेसिय वि [अतिशेषित] ज्ञात, जाना हुआ।

अइहर पुं [अतिभर] हद, अवधि।

अइहारा स्त्री [दे] बिजली।

अइहि पुं [अतिथि] जिसके आने की तिथि नियत न हो वह, पाहुन, यात्री, भिक्षुक, साधु। °संविभाग पुं साधु को भोजन आदि का निर्दोष दान।

अई सक [गम्] जाना।

अईअ पुं [अतीत] भूतकाल। वि. जो बीत चुका हो। अतिक्रान्त। जो दूर हो गया हो।

अईअ, अईव } अ [अतीव] बहुत, विशेष, अत्यन्त।

अईसंत वि [अ+दृश्यमान] जो दिखता न हो।

अईसय देखो अइसय।

अईसार पुं [अतीसार] संग्रहणी रोग। इस नाम का एक राजा।

अउ देखो आउ = स्त्री।

अउअ न [अयुत] दस हजार की संख्या। 'अउअंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

अउअंग न [अयुताङ्ग] 'अच्छणिउर' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

अउंठ वि [अकुण्ठ] निपुण।

अउचित्त न [औचित्य] उचितपन।

अउज्झ वि [अयोध्य] युद्ध में जिसका सामना न किया जा सके वह। जिस पर रिपु-सैन्य आक्रमण न कर सके ऐसा किला, नगर आदि।

अउज्झा स्त्री [अयोध्या] नगरी-विशेष।

अउण वि [एकोन] जिसमें एक कम हो वह । °ट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९ । °त्तरि स्त्री [°सप्तति] उनसत्तर, ६९ । °त्तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] उनतीस, २९ । °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९ । °पन्न, °वन्न स्त्रीन [पञ्चाशत्] उनपचास, ४९ । देखो एगूण ।

अउणतीसइ स्त्री देखो अउण-त्तीस ।

अउणप्पन्न देखो अउणापन्न ।

अउणासट्ठि देखो अउण-सट्ठि ।

अउणोणिउत्ति स्त्री [अपुनर्निवृत्ति] अन्तिम निवृत्ति, मोक्ष ।

अउण्ण न [अपुण्य] पाप । त्रि. अपवित्र । पापी ।

अउम देखो ओम ।

अउमर वि [अद्मर] खानेवाला, भक्षक ।

अउल वि [अतुल] असाधारण, अद्वितीय ।

अउलीन वि [अकुलीन] कुल-हीन, कुजाति, संकर ।

अउव्व वि [अपूर्व] अनोखा, अद्वितीय ।

अउस पुं [दे] उपासक, पुजारी ।

अए अ [अये] आमन्त्रण-सूचक अव्यय ।

अओ अ [अतस्] यहाँ से लेकर । इसलिए ।

अओ° [अयस्°] लोह । °घण पुं [घन] लोहे का हथौड़ा । °मय वि लोहे की बनी हुई चीज । °मुह पुं [°मुख] इस नाम का अन्तर्द्वीप और उसके निवासी । वि. लोहे की माफिक मजबूत मुंह वाला । °मुही स्त्री [°मुखी] एक नगरी ।

अओग्ग वि [अयोग्य] नालायक ।

अओज्झा देखो अउज्झा ।

अं अ [दे] स्मरण-द्योतक अव्यय ।

अंक पुं [अङ्क] उत्संग । रत्न की एक जाति । नौ की एक संख्या । संख्या-दर्शक चिह्न; १, २, ३ । नाटक का एक अंश । सफेद मणि की एक जाति । चिह्न । मनुष्य के बत्तीस प्रशस्त लक्षणों में से एक । आसन-विशेष । पुंन. एक देव-विमान । °कण्ड पुंन. [काण्ड] रत्नप्रभा पृथ्वी के खर-काण्ड का एक हिस्सा, जो अंक रत्नों का है । °अरेल्लुग, °करेल्लुअ पुं [°करेल्लुक] पानी में होनेवाली एक जाति की वनस्पति । °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] अंक रेखाओं की विचित्र स्थापना, ६४ कलाओं में से एक कला । °धर पुं चन्द्रमा । °धाई स्त्री [°धात्री] पाँच प्रकार की धाई-माताओं में से एक, जिसका काम बालक को उत्संग में ले उसका जी बहलाना है । °लिवि स्त्री [°लिपि] अठारह लिपियों में की एक लिपि, वर्णमाला-विशेष । °वणिय पुं [°वणिक्] अंक-रत्नों का व्यापारी । °वालि, °वाली स्त्री [°पालि, °पाली] आलिंगन । °हर देखो °धर ।

अंक [दे अङ्क] समीप ।

अंककरेलुअ देखो अंक-करेल्लुअ ।

अंकण न [अङ्कन] चिह्नित करना । बैल आदि पशुओं को लोहे की गरम सलाई आदि से दागना । वि. अंकित करनेवाला, गिनती में लानेवाला ।

अंकदास पुं [अङ्कदास] बालक को उत्संग में लेकर उसका जी बहलानेवाला नौकर ।

अंकवाणिय देखो अंक-वणिय ।

अंकार पुं [दे] सहायता ।

अंकावई स्त्री [अङ्कावती] महाविदेह क्षेत्र के रम्य नामक विजय की राजधानी । मेरु की पश्चिम दिशा में बहती हुई शीतोदा महानदी की दक्षिण दिशा में वर्तमान एक वक्षस्कार पर्वत ।

अंकिअ न [दे] आलिंगन ।

अंकिअ वि [अङ्कित] चिह्नित ।

अंकिइल्ल पुं [दे] नट, नर्तक ।

अंकुडग पुं [अङ्कुटक] नागदन्तक, खूंटी,

शास्त्र ।

अंकुर पुं [अङ्कुर] प्ररोह, फुनगी ।

अंकुस पुं [अङ्कुश] आंकडी, लोहे का एक हथियार, जिससे हाथी चलाये जाते हैं। ग्रह-विशेष । सीता का एक पुत्र, कुश । नियन्त्रण करनेवाला । अंकुशाकार खूँटी । पुंन. एक देव-विमान । पुंन. गुरु-वन्दन का एक दोष ।

अंकुसइय न [दे. अंकुशित] अंकुश के आकारवाली चीज ।

अंकुसय पुं [अङ्कुशक] देखो अंकुस । संन्यासी का एक उपकरण, जिससे वह देवपूजा के वास्ते वृक्ष के पल्लवों को काटता है ।

अंकुसा स्त्री [अङ्कुशा] चौदहवें तीर्थंकर श्री अनन्तनाथ भगवान् की शासन-देवी ।

अंकुसिअ वि [अङ्कुशित] अंकुश की तरह मुड़ा हुआ ।

अंकुसी स्त्री [अङ्कुशी] देखो अंकुसा ।

अंकूर देखो अंकुर ।

अंकेल्लण न [दे] घोड़ा आदि को मारने का चाबुक, कोड़ा, आँगी ।

अंकेल्लि पुं [दे] अशोक-वृक्ष ।

अंकोल्ल पुं [अङ्कोठ] वृक्ष-विशेष ।

अंग ब. पुं [अङ्ग] इस नाम का एक देश, जिसको आजकल बिहार कहते हैं । राम का एक सुभट । न. आचारांग सूत्र आदि बारह जैन आगम-ग्रंथ । वेद के शिक्षादि छः अंग । कारण । आत्मा, जीव । पुंन. शरीर । शरीर के मस्तक आदि अवयव । अ. मित्रता का आमन्त्रण, सम्बोधन । वाक्यालंकार में प्रयुक्त किया जाता अव्यय । °इ पुं [°जित्] इस नाम का एक गृहस्थ, जिसने भगवान् पार्श्वनाथ के पास दीक्षा ली थी । °इसि पुं [°र्षि] चंपा नगरी का एक ऋषि । [°चूलिया] स्त्री [°चूलिका] अंग-ग्रन्थों का परिशिष्ट। °च्छहिय वि [°छिन्नाङ्ग] जिसका अंग काटा गया हो वह । °जाय वि [°जात] लड़का । °द देखो °य = °द । °पविट्ठ न [°प्रविष्ट] बारह जैन अंग-ग्रन्थों में से कोई भी एक । अंग-ग्रन्थों का ज्ञान । °बाहिर न [°बाह्य] अंग-ग्रन्थों के अतिरिक्त जैन आगम । अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन आगमों का ज्ञान । °भंग न [°ाङ्ग] अंग-प्रत्यङ्ग । हर एक अवयव । °मंदिर न [°मन्दिर] चम्पा नगरी का एक देव-गृह । °मद्द, °मद्दय पुं [°मर्द, °मर्दक] शरीर की चम्पी करनेवाला नौकर । वि. शरीर को मलनेवाला । °य पुं [°द] वाली नामक विद्याधरराज का पुत्र । न. बाजूबंद, केहूंटा । °य वि [°ज] शरीर में उत्पन्न । पुं. पुत्र । °या स्त्री [°जा] पुत्री । °रक्ख, °रक्खग वि [°रक्ष,°रक्षक] शरीर की रक्षा करनेवाला । °राग,°राय पुं शरीर में चन्दनादि का विलेपन । °राय पुं [°राज] अंगदेश का राजा । अंग देश का राजा कर्ण । °रिसि देखो °इसि । °रुह वि देखो °य = °ज ।°रुहा स्त्री पुत्री । °विज्जा स्त्री [°विद्या] शरीर के स्फुरण का शुभाशुभ फल बतलानेवाली विद्या । उस नाम का एक जैन ग्रन्थ । °वियार पुं [°विचार] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °संभूय [°संभूत] संतान । °हारय पुं [°हारक] शरीर के अवयवों के विक्षेप, हाव-भाव । °ादाण न [°ादान] पुरुषेन्द्रिय ।

अंग पुं [अङ्ग] भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम । न. लगातार बारह दिनों का उपवास । °ज देखो °य । °हर वि. [°धर] अङ्ग-ग्रन्थों का जानकार ।

अंग वि [आङ्ग] शरीर का विकार । शरीर-सम्बन्धी । न. शरीर के स्फुरण आदि विकारों के शुभाशुभ फल को बतलाने-वाला शास्त्र, निमित्त-शास्त्र ।

°अंग वि [चङ्ग] सुन्दर ।

अंगइया स्त्री [अङ्गदिका] एक नगरी, तीर्थ-विशेष ।

अंगंगीभाव पुं [अङ्गाङ्गीभाव] अभेद भाव । अभिन्नता ।

अंगण न [अङ्गण] आंगन ।

अंगणा स्त्री [अङ्गना] औरत ।

अंगदिआ देखो अङ्गइया ।

अंगवड्ढण न [दे] बीमारी ।

अंगवलिज्ज न [दे] शरीर को मोड़ना ।

अंगार पुं [अङ्गार] जलता हुआ कोयला । जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष । °मद्दग पुं [°मर्दक] एक अभव्य जैन-आचार्य । °वई स्त्री [°वती] संसुमार नगर के राजा धुन्धुमार की एक कन्या का नाम ।

अंगारग } पुं [अङ्गारक] ऊपर देखो ।
अंगारय } मंगल-ग्रह । पहला महाग्रह । राक्षस-वंश का एक राजा ।

अंगारिय वि [अङ्गारित] कोयले की तरह जला हुआ, विवर्ण ।

अंगाल देखो अंगार ।

अंगालग देखो अंगारग ।

अंगालिय न [दे] ईख का टुकड़ा ।

अंगालिय देखो अंगारिय ।

अंगि पुं [अङ्गिन्] प्राणी, जीव । वि. शरीरवाला । अंग-ग्रन्थों का ज्ञाता ।

अंगिरस न [अङ्गिरस] एक गोत्र, जो गोतम-गोत्र की शाखा है ।

अंगिरस वि [आङ्गिरस] अंगिरस-गोत्र में उत्पन्न । पुं. एक तापस ।

अंगीकड } वि [अङ्गीकृत] स्वीकृत ।
अंगीकय }

अंगीकर } सक [अङ्गी + कृ] स्वीकार
अंगीकुण } करना ।

अंगुअ पुं [इङ्गुद] वृक्ष-विशेष । न. इंगुद वृक्ष का फल ।

अंगुट्ठ पुं [अङ्गुष्ठ] अंगूठा । °पसिण पुं [°प्रश्न] एक विद्या । 'प्रश्न-व्याकरण' सूत्र का एक लुप्त अध्ययन ।

अंगुट्ठी स्त्री [दे] घूँघट ।

अंगुत्थल न [दे] अंगूठी, अंगुलीय ।

अंगुब्भव वि [अङ्गोद्भव] संतान ।

अंगुम सक [पूरय्] पूर्ति करना ।

अंगुरि, °री स्त्री [अङ्गुलि, °ली] उंगली ।

अंगुल न [अङ्गुल] यव के आठ मध्यभाग के बराबर का एक नाप, मान-विशेष । °पोहत्तिय वि [°पृथक्त्विक] दो से लेकर नव अंगुल तक का परिमाण वाला ।

अंगुलि स्त्री [अङ्गुलि] उंगली । °कोस पुं [°कोश] अंगुलि-त्राण, दास्ताना । °प्फोडण न [°स्फोटन] उंगली फोड़ना, कड़ाका करना ।

अंगुलिअ } न [अङ्गुलीयक] अंगूठी ।
अंगुलिज्जक }
अंगुलिज्जग }

अंगुलिणी स्त्री [दे] प्रियंगु, वृक्ष-विशेष ।

अंगुली स्त्री [अङ्गुली] देखो अंगुलि ।

अंगुलीय } पुन [अङ्गुलीयक] अंगूठी ।
अंगुलेज्जक }
अंगुलेयय }

अंगुलेयग देखो अंगुलेयय ।

अंगुवंग } न [अङ्गोपाङ्ग] शरीर के
अंगोवंग } अवयव । नख वगैरह शरीर के छोटे-छोटे अवयव । °णाम न [°नामन्] शरीर के अवयवों के निर्माण में कारण-भूत कर्म-विशेष ।

अंगोहलि स्त्री [दे] शिर को छोड़कर बाकी शरीर का स्नान ।

अंघो अ [अङ्ग] भय-सूचक अव्यय ।

अंच सक [कृष्] खींचना । जोतना, चास करना । रेखा करना । उठाना ।

अंच सक [अञ्च्] पूजा करना ।

अंच सक [अञ्च्] जाना।

अंचल पुं [अञ्चल] कपड़े का शेष भाग।

अंचि पुं [अञ्चि] गमन, गति।

अंचि पुं [आञ्चि] आगमन।

अंचिय वि [अञ्चित] युक्त। पूजित। प्रशस्त। न. एक प्रकार का नृत्य। एक बार का गमन। °यंचि पुं [°ञ्चि] गमनागमन। ऊँचा-नीचा होना।

अंचियरिभिय न [अञ्चितरिभित] एक तरह का नाट्य।

अंचिया स्त्री [अञ्चिका] आकर्षण।

अंछ सक [कृष्] खींचना। अक. लम्बा होना।

अंछिय वि [दे] आकृष्ट। खींचा हुआ।

अंज सक [अञ्ज्] आंजना।

अंजण पुं [अञ्जन] कृष्ण पुद्गल-विशेष। देव-विशेष। पर्वत-विशेष। एक लोकपाल देव। पर्वत-विशेष का एक शिखर, जो दिग्हस्ती कहा जाता है। [illegible]। न. एक जाति का रत्न। देवविमान-विशेष। काजल। जिसका सुरमा बनता है ऐसा एक पार्थिव द्रव्य। आंख को आंजना। तैल आदि से शरीर की मालिश करना। रत्नप्रभा पृथिवी के खरकाण्ड का दशवाँ अंश-विशेष। °केसिया स्त्री [°केशिका] वनस्पति-विशेष। °जोग पुं [°योग] कला-विशेष। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष। °पुलय पुं [°पुलक] एक जाति का रत्न। पर्वत-विशेष का एक शिखर। °प्पहा स्त्री [°प्रभा] चौथी नरकपृथिवी। °रिठ्ठ पुं [°रिष्ट] इन्द्र-विशेष। °सलागा स्त्री [°शलाका] जैन-मूर्ति की प्रतिष्ठा। अंजन लगाने की सलाई। °सिद्ध वि आंख में अंजन-विशेष लगाकर अदृश्य होने की शक्तिवाला। °सुन्दरी स्त्री एक सती स्त्री, हनुमान् की माता।

अंजणइसिआ स्त्री [दे] श्याम तमाल का पेड़।

अंजणई स्त्री [दे] वल्ली-विशेष।

अंजणईस न [दे] देखो अंजणइसिआ।

अंजणा स्त्री [अंजना] हनूमान् की माता। स्वनाम-ख्यात चौथी नरक-पृथिवी। एक पुष्करिणी। °तणय पुं [°तनय] हनूमान्। °सुन्दरी स्त्री हनूमान् की माता।

अंजणाभा [अञ्जनाभा] चौथी नरक पृथिवी।

अंजणिआ स्त्री [दे] देखो अंजणइसिआ।

अंजणी स्त्री [अञ्जनी] कज्जल का आधार-पात्र।

अंजलि, °ली स्त्री [अञ्जलि] हाथ का संपुट। एक या दोनों संकुचित हाथों को ललाट पर रखना। कर-संपुट, नमस्कार रूप विनय, प्रणाम °उड पु [°पुट] हाथ का संपुट। °करण न विनय-विशेष, नमन। °पग्गह पुं [°प्रग्रह] नमन, हाथ जोड़ना। संभोग-विशेष।

अंजस वि (दे) ऋजु।

अंजु वि [ऋजु] सरल, अकुटिल, संयम में तत्पर, संयमी। स्पष्ट व्यक्त।

अंजुआ स्त्री [अञ्जुका] भगवान् अनन्तनाथ की प्रथम शिष्या।

अंजू स्त्री [अञ्जू] एक सार्थवाह की कन्या। 'विपाकश्रुत' का एक अध्ययन। एक इन्द्राणी 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन।

अंठि पुं न [अस्थि] हड्डी, हाड़।

अंड, अंडअ, अंडग न [अण्ड] अंडा। अंडकोश। 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का तृतीय अध्ययन। °कड वि [°कृत] जो अण्डे से बनाया गया हो। °बंधु पुं [°बन्ध] मन्दिर के शिखर पर रखा जाता अण्डाकार गोला। °वाणियय पुं [°वाणिजक] अण्डों का व्यापारी।

अंडग, अंडय वि [अण्डज] अण्डे से पैदा होने वाले जंतु; पक्षी, साँप, मछली

वगैरह । रेशम का धागा । रेशमी वस्त्र । शण का वस्त्र ।

अंडाउय वि [अण्डज] अण्डे से पैदा होनेवाला ।

अंत पुं [अन्त] स्वरूप, स्वभाव । प्रान्त भाग । हद । नजदीक । भग, विनाश । निश्चय । प्रदेश, स्थान । राग और द्वेष । रोग । वि. इन्द्रियों को प्रतिकूल लगनेवाली चीज, अमुंदर, नीरस वस्तु । सुन्दर । नीच, क्षुद्र, तुच्छ । °कर वि. उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला । °करण वि नाशक । °काल पुं मृत्यु काल । प्रलय काल । °किरिया स्त्री [°क्रिया] मुक्ति, संसार का अन्त करना । °कुल न क्षुद्र कुल । °गड वि [°कृत्] उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला । °गडदसा स्त्री [°कृद्दशा] जैन अंग-ग्रंथों में आठवाँ अंग-ग्रंथ । °चर वि भिक्षा में नीरस पदार्थों की ही खोज करनेवाला ।

अंत वि [अन्त्य] अन्तिम । °क्खरिया स्त्री [°ाक्षरिका] ब्राह्मी लिपि का एक भेद । कला-विशेष ।

अंत न [अन्त्र] आंत ।

अंत अ [अन्तर्] मध्य में । °उर न [°पुर] देखो अंतेउर । °करण, °क्करण [°करण] मन, हृदय । °गय वि [°गत] मध्यवर्ती । °द्धा स्त्री [°धा] तिरोधान नाश (आचू) । °द्धाण न [°धान] अदृश्य होना, तिरोहित होना । °द्धाणी स्त्री [°र्धानी] जिससे अदृश्य हो सके ऐसी विद्या । °द्धाभूअ वि [°धाभूत] नष्ट । °प्पाअ पुं [°पात] अन्तर्भाव । °भाव पु समावेश । °मुहुत्त न [°मूहूर्त] न्यून मुहूर्त । °रद्धा स्त्री [°धा] तिरोधान । नाश । °रद्धा स्त्री [°अद्धा] मध्य-काल । °रप्प पुं [°आत्मन्] आत्मा, जीव । °रहिय, °रिहिद (शौ) वि [°हित] व्यवहित । गुप्त, अदृश्य । °ावेइ पुं [°वेदि] गंगा और यमुना के बीच का देश । °अंत वि [°कान्त] मनोहर ।

अंतअ वि [आयात्] आता हुआ ।

अंतअ वि [अन्तग] पार-गामी ।

अंतअ वि [अन्तद] शाश्वत । जिसकी सीमा न हो वह ।

अंतअ } वि [अन्तक] सुन्दर । अन्तर्गत,
अंतग } समाविष्ट । पर्यन्त, प्रान्त भाग । यम, मृत्यु ।

अंतग वि [अन्तग] पार-गामी । जो कठिनाई से छोड़ा जा सके ।

°अंतगय देखो अंत-ग्गय ।

°अंतण न [यन्त्रण] बन्धन, नियन्त्रण ।

अंतद्धाण वि [अन्तर्धान] तिरोधान-कर्त्ता ।

अंतब्भाव देखो अंत-भाव ।

अंतर न [अन्तर] मध्य, भीतर । भेद, विशेष । अवसर । समय । व्यवधान, अवकाश, अन्तराल । छिद्र । रजोहरण । पात्र । पुं. आचार, कल्प । सूत के कपड़े पहनने का आचार, सौत्र कल्प । °कप्प पुं [°कल्प] जैन साधु का एक आत्मिक प्रशस्त आचरण । °कंद पुं कन्द की एक जाति, वनस्पति-विशेष । °करण न आत्मा का शुभ अध्यवसाय-विशेष । °गिह न [°गृह] घर का भीतरी भाग । दो घरों के बीच का अन्तर । °णई स्त्री [°नदी] छोटी नदी । °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष । लवण समुद्र के बीच का द्वीप । °सत्तु पुं [°शत्रु] भीतरी शत्रु, काम-क्रोधादि ।

अंतर सक [अन्तरय्] व्यवधान करना ।

अंतर वि [आन्तर] अभ्यन्तर, भीतरी, मानसिक ।

अंतरंग वि [अन्तरङ्ग] भीतरी ।

अंतरंजी स्त्री [आन्तरञ्जी] नगरी-विशेष ।

अंतरपल्ली स्त्री [अन्तरपल्ली] मूल स्थान से ढाई गव्यूत की दूरी पर स्थित गाँव ।

अंतरमुहुत्त देखो अंत-मुहुत्त ।

अंतरा अ [अन्तरा] बीच में । पहले, पूर्व में ।

अंतराइय न [आन्तरायिक] कर्म-विशेष, जो

दान आदि करने में विघ्न करता है। विघ्न।

अंतराईय न [अन्तरायीय] ऊपर देखो।

अंतरापह पुं [अन्तरापथ] रास्ता का बीचला भाग।

अंतराय पुंन. [अन्तराय] देखो अंतराइय।

अंतराल पुं [अन्तराल] अंतर, बीच का भाग।

अंतरावण पुंन [अन्तरापण] दूकान।

अंतरावास पुं [अन्तरवर्ष, अन्तरावास] वर्षा-काल।

अंतरिक्ख पुंन [अन्तरिक्ष] अन्तराल, आकाश। °जाय वि [°जात] जमीन के ऊपर रही हुई प्रासाद, मंच आदि वस्तु। °पासणाह पुं [°पार्श्वनाथ] खानदेश में अकोला के पास का एक जैन-तीर्थ और वहाँ की भगवान् श्रीपार्श्वनाथ की मूर्ति।

अंतरिक्ख वि [आन्तरिक्ष] आकाश-सम्बन्धी, आकाश का। ग्रहों के परस्पर युद्ध और भेद का फल बतलानेवाला शास्त्र।

अंतरिज्ज न [अन्तरीय] वस्त्र। शय्या का नीचला वस्त्र।

अंतरिज्ज न [दे] करधनी, कटिसूत्र।

अंतरिज्जिया स्त्री [अन्तरीया] जैनीय बेश-वाटिक गच्छ की एक शाखा।

अंतरित } वि [अन्तरित] व्यवहित, अंतर-
अंतरिय } वाला।

अंतरिया स्त्री [दे] समाप्ति।

अंतरिया स्त्री [अन्तरिका] छोटा अन्तर, थोड़ा व्यवधान।

अंतरीय न [अन्तरीप] द्वीप।

अंतरेण अ [अन्तरेण] बिना, सिवाय।

अंतरेण अ [अन्तरेण] बीच में, मध्य में।

अंतलिक्ख देखो अंतरिक्ख।

°अंति देखो पंति।

अंतिम वि [अन्तिम] चरम, शेष, अन्त्य।

अंतिय न [अन्तिक] समीप। अंत। चरम।

अंतीहरी स्त्री [दे] दूती।

अंतेआरि वि [अन्तश्चारिन्] बीच में जाने-वाला।

अंतेउर न [अन्तःपुर] राजस्त्रियों का निवास-गृह। रानी।

अंतेउरिगा } स्त्री [आन्तःपुरिकी, °री]
अंतेउरिया } अन्तःपुर में रहनेवाली स्त्री,
अंतेउरी } राज्ञी। रोगी का नाममात्र लेने से उसको नीरोग बनाने वाली एक विद्या।

अंतेल्ली स्त्री [दे] मध्य। उदर। तरंग।

अंतेवासि वि [अन्तेवासिन्] शिष्य।

अंतेवुर देखो अंतेउर।

अंतो अ [अन्तर्] बीच, भीतर। °खरिया स्त्री [°खरिका] नगर में रहनेवाली वेश्या। °गइया स्त्री [°गतिका] स्वागत के लिए सामने जाना। °गय वि [°गत] मध्यवर्ती, समाविष्ट। °णिअंसणी स्त्री [°निवसनी] जैन साध्वियों को पहनने का एक वस्त्र। °दहण न [°दहन] हृदय-दाह। °मज्झाव-साणिय पुंन [°मध्यावसानिक] अभिनय का एक भेद। °मुहुत्त न [°मुहूर्त्त] कम मुहूर्त, ४८ मिनिट से कम समय। °वाहिणी स्त्री [°वाहिनी] क्षुद्र नदी। °वीसंभ पुं [°विश्रम्भ] हार्दिक विश्वास। °सल्ल न [°शल्य] भीतरी शल्य, घाव। कपट, माया। °साला स्त्री [°शाला] घरका भीतरी भाग। °हुत्त वि [°मुख] भीतर।

अंतोहुत्त वि [दे] अधोमुख।

अंत्रडी (अप) स्त्री [अन्त्र] आंत, आंतो।

°अंद पुं [चन्द्र] चन्द्रमा। कपूर। °राअ पुं [°राग] चन्द्रकान्त मणि।

°अंदरा स्त्री [°कन्दरा] गुफा।

°अंदल पुं [कन्दल] वृक्ष-विशेष।

°अंदावेदि (शौ) देखो अंतावेइ।

अंदु } स्त्री [अन्दु] शृंखला, जंजीर।
अंदुया }

अंदेउर (शौ) देखो अंतेउर ।

अंदोल अक [अन्दोल्] झूलना । कंपना, हिलना । संदिग्ध होना ।

अंदोल सक [अन्दोलय्] कंपाना, हिलाना ।

अंदोलग पुं [आन्दोलक] हिंडोला ।

अंदोलण न [आन्दोलन] हिचकना, झूलना । हिंडोला । मार्ग-विशेष ।

अंदोलय देखो अंदोलग ।

अंदोलि वि [आन्दोलिन्] हिलानेवाला, कंपानेवाला ।

अंदोलिर वि [आन्दोलितृ] झूलनेवाला ।

अंदोल्लण देखो अंदोलण ।

अंध वि [अन्ध] अन्धा । अज्ञान, ज्ञानरहित । °कंटइज्ज न [°कण्टकीय] अंध पुरुष के कंटक पर चलने के माफिक अविचारित गमन करना । °तम न [°तमस] निबिड अन्धकार । °पुर न नगरविशेष ।

अंध पुं [अन्ध] पांचवाँ नरक का चौथा नरकेन्द्रक, एक नरक-स्थान ।

अंध पु. ब. [अन्ध्र] इस नाम का एक देश ।

अंध वि [आन्ध्र] आन्ध्र देश का रहनेवाला ।

अंधंधु पुं [दे] कुंआ ।

अंधकार देखो अंधयार ।

अंधग पुं [दे] वृक्ष । °वण्हि पुं [°वह्नि] स्थूल अग्नि ।

अंधग देखो अंध । °वण्हि पुं [°वह्नि] सूक्ष्म अग्नि । °वण्हि पुं [°वृष्णि] यदुवंश का एक राजा, जो समुद्रविजयादि का पिता था ।

अंधय पुं [अन्धक] अंधा । वानरवंश का एक राजकुमार ।

अंधयार पुंन [अन्धकार] अंधेरा । °पक्ख पुं [°पक्ष] कृष्णपक्ष ।

अंधरअ }
अंधल } वि [अन्ध] अन्धा ।

अंधलरिल्ली स्त्री [अन्धयित्री] अंध बनानेवाली एक विद्या ।

अंधार पुं [अंधकार] अंधेरा ।

अंधार सक [अन्धकारय्] अन्धकार-युक्त करना ।

अंधाव सक [अन्धय्] अंधा करना ।

अंधिआ स्त्री [अन्धिका] द्यूत-विशेष ।

अंधिआ स्त्री [अन्धिका] चतुरिन्द्रिय जंतु की एक जाति ।

अंधीकिद (शौ) वि [अन्धीकृत] अंध किया हुआ ।

अंधु पुं [अन्धु] कूप ।

°अंप पुं [कम्प] कंपन ।

अंब पुं [अम्ब] एक जात के परमाधार्मिक देव, जो नरक के जीवों को दुःख देते हैं ।

अंब पुं [आम्र] आम का पेड़ । न. आम्र-फल । °गट्ठिया स्त्री [दे] आम की आँठी, गुठली । °चोयग न [दे] आम का छिलका । आम की छाल । °डगल न [दे] आम का टुकड़ा । °डालग न [दे] आम का छोटा टुकड़ा । °पेसिया स्त्री [°पेशिका] आम का लम्बा टुकड़ा । °भित्त न [दे] आम का टुकड़ा । °सालग न [दे] आम की छाल । °सालवण न [°शालवन] चैत्य-विशेष ।

अंब न [अम्ल] तक्र, मट्ठा । खट्टा रस । खट्टी चीज । वि. निष्ठुर वचन बोलनेवाला ।

अंब वि [आम्ल] खट्टी वस्तु । मट्ठे से संस्कृत चीज ।

अंब वि [ताम्र] लाल, रक्तवर्णवाला ।

अंबग देखो अंब = आम्र °ट्ठिया स्त्री [°अस्थि] आम की गुठली ।

अंबट्ठ पुं [अम्बष्ठ] देश-विशेष । जिसका पिता ब्राह्मण और माता वैश्य हो वह ।

अंबड पुं [अम्बड] एक परिव्राजक, जो महाविदेह क्षेत्र में जन्म लेकर मोक्ष जायगा । भगवान् महावीर का एक श्रावक, जो आगामी चौबीसी में २२ वाँ तीर्थंकर होगा ।

अंबड वि [दे] कठिन ।
अंबधाई स्त्री [अम्बाधात्री] धाई माता ।
अंबमसी स्त्री [दे] कठिन और बासी कनिक।
अंबर पुंन [अम्बर] एक देव-विमान ।
अंबर न [अम्बर] आकाश। वस्त्र। °तिलय पुं [°तिलक] पर्वत-विशेष। °वत्थ न [°वस्त्र] स्वच्छ वस्त्र।
अंबरस पुंन [अम्बरस] आकाश।
अंबरिस पुंन [अम्बरीष] भट्ठी। कोष्ठक। पुं नारक-जीवों को दुःख देनेवाले एक प्रकार के परमाधार्मिक देव।
अंबरिसि पुं [अम्बऋषि] ऊपर का तीसरा अर्थ देखो। उज्जयिनी नगरी का निवासी एक ब्राह्मण।
अंबरीस देखो अंबरिस।
अंबरीसि देखो अंबरिसि।
अंबसमिआ, अंबसमी } देखो अंबमसी
अंबहुंडी स्त्री [अम्बहुण्डी] एक देवी।
अंबा स्त्री [अम्बा] माता। भगवान् नेमिनाथ की शासनदेवी। वल्ली-विशेष।
अंबाड सक [खरण्ट्] लेप करना।
अंबाड सक [तिरस् + कृ] उपालंभ देना, तिरस्कार करना।
अंबाडग, अंबाडय } पुं [आम्रातक] आमला का। न. आमला का फल।
अंबिआ स्त्री [अम्बिका] भगवान् नेमिनाथ की शासनदेवी। पाँचवें वासुदेव की माता। °समय पुं गिरनार पर्वत का एक तीर्थ स्थान।
अंबिर न [आम्र] आम का फल।
अंबिल पुं [आम्ल] खट्टा रस। वि. खटाई वाली चीज। नामकर्म-विशेष।
अंबिलिया स्त्री [अम्लिका] इमली का पेड़। इमली का फल।
अंबु न [अम्बु] पानी। °अ, °ज न [°ज] कमल। [°णाह] पुं [°नाथ] समुद्र। °रुह न कमल। °वह पुं मेघ। °वाह पुं बारिस।
अंबुपिसाअ पुं [दे] राहु।
अंबुसु पुं [दे] श्वापद जन्तु विशेष, हिंसक पशु-विशेष, शरभ।
अंबेट्टिआ, अंबेट्टी } स्त्री [दे] मुष्टि-द्यूत।
अंबेसि पुं [दे] दरवाजे का तख्ता।
अंबोच्ची स्त्री [दे] फूलों को बिननेवाली स्त्री।
अंभ पुं [अम्भस्] पानी।
अंभु (अप) पुं [अश्मन्] पत्थर।
अंभो पुं [अम्भस्] पानी। अ° न [°ज] कमल। °इणी स्त्री [°जिनी] कमलिनी। °निहि पुं [°निधि] समुद्र। °रुह न पद्म।
अंभोहि पुं [अम्भोधि] समुद्र।
अंस पुं [अंश] भाग, अवयव। भेद, विकल्प। पर्याय, धर्म, गुण।
अंस पुं [अंश] विद्यमान कर्म। °हर वि [°धर] भागीदार।
अंस, अंसलग } पुं [अंस] कान्ध, कंधा।
अंसि स्त्री [अश्रि] कोण, कोना। धार।
अंसिया स्त्री [अंशिका] भाग, हिस्सा।
अंसिया स्त्री [अंशिका] बवासीर का रोग। नासिका का एक रोग। फुनसी, फोड़ा।
अंसु पुं [अंशु] किरण। °मालि पुं [°मालिन्] सूर्य।
अंसु देखो अंसुय = अंशुक।
अंसु पुं [अंशु] किरण। °मंत, °वंत वि [°मत्] किरणवाला। पुं. सूर्य।
अंसु न [अश्रु] आँसू। °मंत, °वंत वि [°मत्] अश्रुवाला।
अंसुय न [अंशुक] वस्त्र। बारीक वस्त्र। पोशाक।
अंसोत्थ देखो अस्सोत्थ।
अंह पुंन [अंहस्] मल।

अंहि पुं [अंह्रि] पाँव।

अकइ वि [अकति] असंख्यात, अनन्त।

अकंड देखो अयंड।

अकंडतलिम वि [दे] स्नेह रहित। जिसने शादी न की हो वह।

अकंपण वि [अकम्पन] कंप रहित। पुं रावण का एक पुत्र।

अकंपिय वि [अकम्पित] कम्प रहित। पुं भगवान् महावीर का आठवाँ गणधर।

अकज्ज देखो अकय = अकृत्य।

अकण्ण वि [अकर्ण] कर्ण रहित। पुं. स्वनामख्यात एक अंतर्द्वीप और उसमें रहनेवाला।

अकप्प पुं [अकल्प] अयोग्य आचार, शास्त्रोक्त विधि-मर्यादा से बाहर का आचरण।

अकप्प वि [अकल्प्य] अनाचरणीय, शास्त्र-निषिद्ध आहार-वस्त्र आदि अग्राह्य वस्तु।

अकप्पिय पुं [अकल्पिक] जिसको शास्त्र का पूरा-पूरा ज्ञान न हो ऐसा जैन साधु।

अकप्पिय देखो अकप्प = अकल्प्य।

अकम वि [अक्रम] क्रम रहित। एक साथ।

अकम्म न [अकर्मन्, °क] कर्म का अभाव। पुं मुक्त, सिद्ध जीव। कृषि आदि कर्म रहित (देश, भूमि वगैरह)। °भूमग, °भूमय वि [°भूमक] अकर्म-भूमि में उत्पन्न होने वाला। °भूमि, °भूमी स्त्री जिस भूमि में कल्प वृक्षों से ही आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति होने से कृषि वगैरह कर्म करने की आवश्यकता नहीं है वह, भोग-भूमि। °भूमिय वि [°भूमिज] अकर्म-भूमि में उत्पन्न।

अकम्हा अ [अकस्मात्] अचानक, निष्कारण।

°अकय वि [अकृत] नहीं किया हुआ। °मुह वि [°मुख] अपठित, अशिक्षित। °त्थ वि [°ार्थ] असफल।

अकय वि [अकृत्य] करने के अयोग्य या अशक्य। न. अनुचित काम। °कारि वि [°कारिन्] अकृत्य को करनेवाला।

अकय्य (मा) ऊपर देखो।

अकरण न नहीं करना। मैथुन।

अकाइय वि [अकायिक] शारीरिक चेष्टा से रहित। पुं. मुक्तात्मा।

अकाम पुं अनिच्छा। वि. निष्काम। °णिज्जरा स्त्री [°निर्जरा] कर्म-नाश की अनिच्छा से बुभुक्षा आदि कष्टों का सहन करना।

अकामग } [अकामक] ऊपर देखो। अवांछनीय, इच्छा करने के अयोग्य।
अकामय }

अकामिय वि [अकामिक] निराश।

अकाय वि शरीररहित। पुं मुक्तात्मा।

अकार पुं 'अ' अक्षर, प्रथम स्वर वर्ण।

अकारग पुं [अकारक] अरुचि, भोजन की अनिच्छा रूप रोग। वि. अकर्ता। °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा को निष्क्रिय माननेवाला।

अकासि अ [दे] निषेध-सूचक अव्यय, अलम्।

अकिंचण वि [अकिञ्चन] साधु, मुनि, भिक्षुक। निर्धन।

अकिरिय वि [अक्रिय] आलसी, निरुद्यम। अशुभ व्यापार से रहित। परलोक-विषयक क्रिया को नहीं माननेवाला, नास्तिक। °ाय वि [°ात्मन्] आत्मा को निष्क्रिय माननेवाला, सांख्य।

अकीरिय देखो अकिरिय।

अकुइया स्त्री [अकुचिका] देखो अकुय।

अकुओभय वि [अकुतोभय] जिसको किसी तरफ से भय न हो वह, निर्भय।

अकुय वि [अकुच] निश्चल।

अकोप्प वि [अकोप्य] सुन्दर।

अकोप्प पुं [दे] अपराध।

अकोस देखो अक्कोस = आक्रोश।

अक्क पुं [अर्क] सूर्य। आक का पेड़। रावण का एक सुभट। °तूल न आक की रूई। °तेअ पुं [°तेजस्] विद्याधर वंश का एक राजा। °बोंदीया स्त्री [°बोन्दिका] वल्ली-विशेष।

अक्क पुं [दे] दूत।

°अक्क देखो चक्क।

अक्कअ वि [अकृत] नहीं किया गया।

अक्कंड देखो अकंड।

अक्कंत वि [आक्रान्त] बलवान् के द्वारा दबाया हुआ। घेरा हुआ, ग्रस्त। परास्त। एक जाति का निर्जीव वायु। न. आक्रमण, उल्लंघन। °दुक्ख वि [°दुःख] दुःख से दबा हुआ।

अक्कंत वि [दे] बढ़ा हुआ, प्रवृद्ध।

अक्कंत वि [अकान्त] अनभिलषित, अनभिमत।

अक्कंद अक [आ + क्रन्द्] रोना, चिल्लाना। विलाप करना।

अक्कंद (अप) देखो अक्कम = आ + क्रम्।

अक्कंद पुं [आक्रन्द] रोदन, विलाप, चिल्लाकर रोना।

अक्कंद वि [दे] रक्षक।

अक्कंदावणय वि [आक्रन्दक] रुलानेवाला।

अक्कम सक [आ+क्रम्] आक्रमण करना, दबाना। परास्त करना। पुं चढ़ाई करना।

अक्कमण न [आक्रमण] पराक्रम। वि. आक्रमण करनेवाला।

अक्कसाला स्त्री [दे] जबरदस्ती। उन्मत्त-सी स्त्री।

अक्का स्त्री [दे] बहिन।

अक्का स्त्री कुट्टनी, दूती।

अक्कासी स्त्री व्यन्तर-जातीय एक देवी।

अक्किज्ज वि [अक्रेय] खरीदने के अयोग्य।

अक्किट्ठ वि [अक्लिष्ट] क्लेश-वर्जित। बाधा-रहित।

अक्किट्ठ वि [अकृष्ट] अविलिखित।

अक्किय वि [अक्रिय] क्रियारहित।

अक्कुट्ठ वि [दे] अध्यासित, अधिष्ठित।

अक्कुस सक [गम्] जाना।

अक्कुहय वि [अकुहक] निष्कपट।

अक्कूर पुं [अक्रूर] श्रीकृष्ण के चाचा का नाम। वि. क्रूरतारहित, दयालु।

अक्केज्ज देखो अक्किज्ज।

अक्केल्लय वि [एकाकिन्] अकेला, एकाकी।

अक्कोड पुं [दे] बकरा।

अक्कोडण न [आक्रोडन] इकट्ठा करना, संग्रह करना।

अक्कोस न [अक्रोश] जिस ग्राम के अति नजदीक में अटवी, श्वापद या पर्वतीय नदी आदि का उपद्रव हो वह।

अक्कोस सक [आ + क्रुश्] आक्रोश करना।

अक्कोस पुं [आक्रोश] कटु वचन, शाप, भर्त्सना।

अक्कोसग वि [आक्रोशक] आक्रोश करनेवाला।

अक्कोह वि [अक्रोध] अल्प-क्रोधी। क्रोधरहित।

अक्ख पुं [अक्ष] जीव, आत्मा। रावण का एक पुत्र। चन्दनक, समुद्र में होनेवाला एक द्वीन्द्रिय जन्तु जिसके निर्जीव शरीर को जैन साधु लोग स्थापनाचार्य में रखते हैं। पहिया की धुरी, कील। चौसर का पासा। बिभीतक। चार हाथ या ९६ अंगुलों का एक मान। रुद्राक्ष। न. इन्द्रिय। जूआ। °चम्म न [°चर्मन्] पखाल, मसक। °पाडय न [°पादक] कील का टुकड़ा। °माला स्त्री जपमाला। °लया स्त्री [°लता] रुद्राक्ष की माला। °वत्त न [°पात्र] पूजा का पात्र। °वलय न रुद्राक्ष की माला। °वाअ पुं [°पाद] नैयायिक मत के प्रवर्तक गौतम ऋषि। °वाडग पुं [°वाटक] अखाड़ा। °सुत्तमाला स्त्री [°सूत्रमाला] जपमाला।

अक्ख देखो अक्खा = आ + ख्या ।

अक्खइय वि [आख्यात] उक्त, कथित (सण) ।

अक्खउहिणी देखो अक्खोहिणी ।

अक्खंड वि [अखण्ड] संपूर्ण । अखण्डित । निरन्तर, अविच्छिन्न ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अक्खंडल पुं [आखण्डल] इन्द्र ।

अक्खड सक [आ + स्कन्द्] आक्रमण करना ।

अक्खणवेल न [दे] संभोग । संध्या काल ।

अक्खणिआ स्त्री [दे] विपरीत मैथुन ।

अक्खम वि [अक्षम] असमर्थ । अनुचित ।

अक्खय वि [अक्षत] घावरहित । संपूर्ण । पुं. ब. अखण्ड चावल ।

°यार वि [°चार] निर्दोष आचरणवाला ।

अक्खय वि [अक्षय] क्षय का अभाव । जिसका कभी नाश न हो वह ।

°निहि पुंन [°निधि] एक प्रकार की तपश्चर्या । °तइया स्त्री [°तृतीया] वैशाख शुक्ल तृतीया ।

अक्खर पुंन [अक्षर] अक्षर, वर्ण । ज्ञान चेतना । वि. नित्य । °त्थ पुं [°र्थ] शब्दार्थ । °पुट्ठिया स्त्री [°पृष्ठिका] लिपिविशेष । समास पुं अक्षरों का समूह । श्रुत-ज्ञान का एक भेद ।

अक्खल पुं [दे] अखरोट वृक्ष । न. अखरोट वृक्ष का फल ।

अक्खलिय वि [दे] प्रतिध्वनित । व्याकुल ।

अक्खलिय वि [अस्खलित] अबाधित, निरुपद्रव । अपतित ।

अक्खवाया स्त्री [दे] दिशा ।

अक्खा सक [आ + ख्या] कहना, बोलना । उपदेश देना । प्रतिपादित करना ।

अक्खा स्त्री [आख्या] नाम ।

अक्खाय न [आख्यातिक] क्रियापद, क्रिया वाचक शब्द ।

अक्खाइय वि [अक्षितिक] स्थायी, शाश्वत ।

अक्खाइया स्त्री [आख्यायिका] उपन्यास, वार्ता, कहानी ।

अक्खाउ वि [आख्यातृ] कहनेवाला ।

अक्खाग पुं [आख्याक] म्लेच्छों की एक जाति ।

अक्खाडग } पुं [अक्षवाटक] जुआ खेलने
अक्खाडय } का अड्डा । अखाड़ा, व्यायाम-स्थान । प्रेक्षकों को बैठने का आसन ।

अक्खाण न [आख्यान] कथन, निवेदन । वार्ता, उपकथा ।

अक्खाय वि [आख्यात] प्रतिपादित, कथित । न. क्रियापद ।

अक्खाय न [अखात] हाथी को पकड़ने के लिए किया जाता गढ़ा, खड्डा ।

अक्खाया स्त्री [आख्याता] एक प्रकार की जैन दीक्षा ।

अक्खि त्रि [अक्षि] आंख ।

अक्खिअ वि [आक्षिक] पासा से जुआ खेलनेवाला, जुआड़ी ।

अक्खिअ वि [आख्यात] प्रतिपादित, कथित ।

अक्खितर न [अक्ष्यन्तर] आंख का कोटर ।

अक्खित्त वि [आक्षिप्त] सब तरह से प्रेरित । व्याकुल । जिस पर टीका की गई हो वह । आकृष्ट । सामर्थ्य से लिया हुआ ।

अक्खित्त न [अक्षेत्र] मर्यादित क्षेत्र के बाहर का प्रदेश ।

अक्खिव सक [आ + क्षिप्] आक्षेप करना, टीका करना, दोषारोप करना । रोकना । गँवाना । व्याकुल करना । स्वीकार करना । घबराना ।

अक्खिव सक [आ + क्षिप्] आक्रोश करना ।

अक्खीण वि [अक्षीण] क्षयरहित, अखूट । परिपूर्ण । °महाणसिय वि [°महानसिक] जिसको निम्नोक्त अक्षीण महानसी शक्ति प्राप्त हुई हो वह । °महाणसी स्त्री [°महानसी] वह अद्भुत आत्मिक शक्ति जिससे थोड़ा भी

भिक्षान्न दूसरे सैकड़ों लोगों को यावत्-तृप्ति खिलाने पर भी तबतक कम न हो, जबतक भिक्षान्न लानेवाला स्वयं उसे न खाय। °महालय वि जिससे थोड़ी जगह में भी बहुत लोगों का समावेश हो सके ऐसी अद्‌भुत आत्मिक शक्ति से युक्त।

अक्खुअ वि [अक्षत] अक्षीण, त्रुटि-शून्य।

अक्खुडिअ वि [अखण्डित] संपूर्ण, अखण्ड, त्रुटिरहित।

अक्खुण्ण वि [अक्षुण्ण] अविच्छिन्न।

अक्खुद्द वि [अक्षुद्र] गंभीर, अतुच्छ। दयालु। उदार। सूक्ष्म बुद्धिवाला।

अक्खुद्द न [अक्षौद्रय] क्षुद्रता का अभाव।

अक्खुपुरी स्त्री [अक्षपुरी] नगरी-विशेष।

अक्खुब्भमाण वि [अक्षुभ्यमान] जो क्षोभ को प्राप्त न होता हो।

अक्खुभिय देखो अक्खुहिय।

अक्खुहिय वि [अक्षुभित] क्षोभरहित, अक्षुब्ध।

अक्खूण सि [अक्षूण] अन्यून, परिपूर्ण।

अक्खेअ अक्खा = आ + ख्या। का कृ।

अक्खेव पुं [अ + क्षेप] शीघ्रता।

अक्खेव पुं [आक्षेप] आकर्षण, खींच कर लाना। सामर्थ्य, अर्थ की संगति के लिए अनुक्त अर्थ को बतलाना। आशंका, पूर्वपक्ष। उत्पत्ति।

अक्खेवग पुं [आक्षेपक] खींचकर लानेवाला, आकर्षक। समर्थक पद, अर्थसंगति के लिए अनुक्त अर्थ को बतलानेवाला शब्द। सान्निध्य-कारक।

अक्खेवणी स्त्री [आक्षेपणी] श्रोताओं के मन को आकर्षित करनेवाली कथा।

अक्खोड सक [कृष्] म्यान से तलवार को खींचना, बाहर करना।

अक्खोड सक [आ + स्फोटय्] थोड़ा या एक बार झटकना।

अक्खोड पुं [अक्षोट] अखरोट का पेड़। न. अखरोट वृक्ष का फल। राजकुल को दी जाती सुवर्ण आदि की भेंट।

अक्खोड पुं [आस्फोट] प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष।

अक्खोभ, अक्खोह पुं [अक्षोभ] क्षोभ का अभाव, घबराहट का अभाव। यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जो भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर शत्रुंजय पर मोक्ष गया था। न. 'अन्त-कृद्दशा' सूत्र का एक अध्ययन। वि. क्षोभ-रहित, अचल, स्थिर।

अक्खोहिणी स्त्री [अक्षौहिणी] एक बड़ी सेना, जिसमें २१८७० हाथी, २१८७० रथ, ६५६१० घोड़े और १०९३५० पैदल होते हैं।

अखंड वि [अखण्ड] परिपूर्ण, खण्डरहित। त्रुटिरहित।

अखंडल पुं [आखण्डल] इन्द्र।

अखंपण वि [दे] स्वच्छ, निर्मल।

अखत्त न [अक्षात्र] क्षत्रिय-धर्म के विरुद्ध। जुलम।

अखरय पुं [दे] एक प्रकार का दास।

अखादिम वि [अखाद्य] खाने के अयोग्य।

अखाय वि [अखात] नहीं खुदा हुआ। °तल न छोटा तलाव।

अखिल वि सर्व, सकल, परिपूर्ण। ज्ञान आदि गुणों से पूर्ण।

अखुट्ट वि [दे] अखूट।

अखेयण्ण वि [अखेदज्ञ] अकुशल, अनिपुण।

अखोड देखो अक्खोड + आस्फोट।

अखोहा स्त्री [अक्षोभा] विद्या-विशेष।

अग पुं वृक्ष। पर्वत।

अगइ स्त्री [अगति] नीच गति, नरक या पशु-योनि में जन्म। निरुपाय।

अगंठिम न [अग्रन्थिम] केला। फल की फाँक

टुकड़ा ।

अगंडिगेह वि [दे] यौवनोन्मत्त ।

अगंडूयग वि [अकण्डूयक] नहीं खुजलाने-वाला ।

अगंथ वि [अग्रन्थ] धनरहित । पुंस्त्री. निर्ग्रन्थ, जैन साधु ।

अगंधण पुं [अगन्धन] इस नाम की सर्पों की एक जाति ।

अगड पुं [दे. अवट] कूप, इनारा । °तड त्रि [°तट] इनारा का किनारा । °दत्त पुं इस नाम का एक राजकुमार । दद्दुर पुं [°दर्दुर] कुंए का मेढ़क, अल्पज्ञ, वह मनुष्य जो अपना घर छोड़ बाहर न गया हो ।

अगड पुं [अवट] कूप के पास पशुओं के जल पीने के लिए जो गर्त बनाया जाता है वह ।

अगड वि [अकृत] नहीं किया हुआ ।

अगणि पुं [अग्नि] आग । °काय पुं अग्नि के जीव । °मुह पुं [°मुख] देव, देवता ।

अगणिअ वि [अगणित] अवगणित, अपमानित ।

अगत्थि, अगत्थिय पुं [अगस्ति, °क] इस नाम का एक ऋषि । वृक्ष-विशेष । एक तारा, अठासी महाग्रहों में ५४ वाँ महाग्रह ।

अगन्न वि [अकर्ण्य] नहीं सुनने लायक ।

अगम पुं वृक्ष । वि. स्थावर । न. आकाश ।

अगमिय वि [अगमिक] वह शास्त्र, जिसमें एक सदृश पाठ न हो, या जिसमें गाथा वगैरह पद्य हो ।

अगम्म वि [अगम्य] जाने के अयोग्य । स्त्री. भोगने के अयोग्य, भगिनी, पर-स्त्री आदि । °गामि वि [°गामिन्] पर-स्त्री को भोगने-वाला, पारदारिक ।

अगय न [अगद] औषध ।

अगय पुं [दे] दानव ।

अगर पुंन [अगरु] सुगन्धि काष्ठ-विशेष ।

अगरल वि [अगरल] सुविभक्त, स्पष्ट ।

अगरु देखो अगर ।

अगरुलहु वि [अगुरुलघु] जो भारी भी न हो और हलका भी न हो वह । °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिससे जीवों का शरीर न भारी न हलका होता है ।

अगलदत्त पुं [अगडदत्त] एक रथिक-पुत्र ।

अगलय देखो अगर ।

अगहण पुं [दे] कापालिक, एक ऐसे संप्रदाय के लोग, जो माथे की खोपड़ी में ही खाने-पीने का काम करते हैं ।

अगहिल्ल वि [अग्रहिल] जो भूतादि से आविष्ट न हो, अपागल । °राय पुं [°राज] एक राजा, जो वास्तव में पागल न होने पर भी पागल-प्रजा के आक्रमण से बनावटी पागल बना था ।

अगाढ वि [अगाध] अथाह, बहुत गहरा ।

अगामिय वि [अग्रामिक] ग्रामरहित ।

अगार पुं [अकार] 'अ' अक्षर ।

अगार न गृह । पुं. गृहस्थ, गृही, संसारी । °त्थ वि [°स्थ] गृही । °धम्म पुं [°धर्म] गृहि-धर्म, श्रावक-धर्म ।

अगारग वि [अकारक] अकर्ता ।

अगारि वि [अगारिन्] गृहस्थ, गृही ।

अगारी स्त्री [अगारिणी] गृहस्थ स्त्री ।

अगाल देखो अयाल ।

अगाह वि [अगाध] गहरा, गंभीर ।

अगिणि देखो अग्गि ।

अगिला स्त्री [अग्लानि] अखिन्नता, उत्साह ।

अगिला स्त्री [दे] अवज्ञा, तिरस्कार ।

अगुण देखो अउण ।

अगुण वि [अगुण] गुणरहित, निर्गुण । पुं. दोष, दूषण ।

अगुणासी देखो एगूणासी ।

अगुरु वि छोटा । पुंन. सुगन्धि काष्ठविशेष ।

अगुरुलहु देखो अगुरुलहु ।

अगुलु देखो अगुरु ।

अग्ग न [अग्रव] प्रकर्ष ।

अग्ग पुंन [दि] परिहास । वर्णन ।

अग्ग न [अग्र] आगे का भाग, ऊपर का भाग । पूर्वभाग । परिमाण । वि. प्रधान, श्रेष्ठ । अग्रवर्ती । प्रथम । °क्खंध पुं [°स्कन्ध] सैन्य का अग्र भाग । °गामिग वि [°गामिक] अग्रगामी । °ज देखो °य । °जम्म [जन्मन्] देखो °य । °जाय [°जात] देखो °य । °जीहा स्त्री [जिह्वा] जीभ का अग्र-भाग । °णिय, °णी वि [°णी] नायक । °तावस पुं [°तापस] ऋषि-विशेष का नाम । °द्ध न [°ार्ध] पूर्वार्ध । °पिंड पुं [°पिण्ड] एक प्रकार का भिक्षान्न । °प्पहारि वि [°प्रहारिन्] पहले प्रहार करनेवाला । °बीय वि [°बीज] जिसमेंबीजपहले ही उत्पन्न हो जाता है या जिसकी उत्पत्ति में उसका अग्रभाग ही कारण होता है; जैसे आम, कोरंटक आदि वनस्पति । °मणि पुं [°मणि] मुख्य, श्रेष्ठ, शिरोमणि । °महिसी स्त्री [°महिषी] पटरानी । °य वि [°ज] आगे उत्पन्न होने वाला । पुं ब्राह्मण । बड़ा भाई । स्त्री. बड़ी बहन । °लोग पुं [°लोक] मुक्तिस्थान । °हत्थ पुं [°हस्त] हाथ का अग्र-भाग । हाथ का अवलम्बन । अंगुली ।

अग्ग न [अग्र] प्रभूत, बहु । उपकार । °भाव न धनिष्ठा-नक्षत्र का गोत्र । °माहिसी देखो °महिसी ।

अग्ग वि [अग्र्य] श्रेष्ठ । प्रधान ।

अग्गंथ वि [अग्रन्थ] धनरहित । पुं जैन साधु ।

अग्गक्खंध पुं [दि] रणभूमि का अग्रभाग ।

अग्गल न [अर्गल] किवाड़ बन्द करने की लकड़ी । पुं. एक महाग्रह । °पासय पुं [°पाशक] जिसमें आगल दिया जाता है वह स्थान । °पासाय पुं [°प्रासाद] जहां आगल दिया जाता है वह घर ।

अग्गल वि [दि] अधिक ।

अग्गवेअ पुं [दि] नदी का पूर ।

अग्गह पुं [आग्रह] हठ, अभिनिवेश ।

अग्गहण न [अग्रहण] अज्ञान । नहीं लेना ।

अग्गहण न [दि. अग्रहण] अनादर ।

अग्गहणिया स्त्री [दि] गर्भाधान के बाद किया जाता एक संस्कार और उसके उपलक्ष्य में मनाया जाता उत्सव ।

अग्गहिअ वि [दि] निर्मित । स्वीकृत ।

अग्गाणी वि [अग्रणी] मुख्य ।

अग्गारण न [उद्गारण] वमन ।

अग्गाह वि [अगाध] अगाध ।

अग्गाहार पुं [अग्राधार] ग्राम-विशेष का नाम ।

अग्गाहार पुं [दे. अग्राहार] उच्च जीविका ।

अग्गि पुं [अग्नि] एक नरक-स्थान । °हुत्त देखो °होत्त । अग्गि पुं स्त्री [अग्नि] आग । कृत्तिका नक्षत्र का अधिष्ठायक देव । लोकान्तिक देव-विशेष । °आरिआ स्त्री [°कारिका] होम । °उत्त पुं [°पुत्र] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर का नाम । °कुमार पुं भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति । °कोण पुं पूर्व और दक्षिण के बीच की दिशा । °जस पुं [°यशस] देव-विशेष । °जोय पुं [°द्योत] भगवान् महावीर का पूर्वीय बीसवें ब्राह्मण-जन्म का नाम । °ट्ठ वि [°स्थ] आग में रहा हुआ । °ट्ठोम पुं [°ष्टोम] यज्ञ-विशेष । °थंभणी स्त्री [°स्तम्भनी] आग की शक्ति को रोकनेवाली एक विद्या । °दत्त पुं भगवान् पार्श्वनाथ के समकालीन ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव । भद्रबाहु स्वामी का एक शिष्य । °दाण पुं [°दान]सातवें वासुदेव के पिता का नाम । °देव पुं देवविशेष । °भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर का द्वितीय गणधर । भगवान् महावीर

का पूर्वीय अठारहवें ब्राह्मणजन्म का नाम। °माणव पुं अग्निकुमार देवों का उत्तर-दिशा का इन्द्र। °माली स्त्री एक इन्द्राणी। °वेस पुं [°वेश] इस नाम का एक प्रसिद्ध ऋषि। न. एक गोत्र। °वेस पुं [°वेश्मन्] चतुर्दशी तिथि। दिवस का बाईसवाँ मुहूर्त। °वेसायण पुं [°वैश्यायन] अग्निवेश ऋषि का पौत्र। अग्निवेश गोत्र में उत्पन्न। गोशालक का एक दिक्चर। दिन का बाईसवाँ मुहूर्त। °सक्कार पुं [°संस्कार] विधि-पूर्वक दाह देना। °सज्जा स्त्री [°शय्या] भगवान् पद्मप्रभ की दीक्षा समय की पालकी का नाम। °सम्म पुं [°शर्मन्] एक प्रसिद्ध तपस्वी ब्राह्मण। °सिह पुं [°शिख] सातवें वासुदेव का पिता। अग्निकुमार देवों का दक्षिण दिशा का इन्द्र। °सिह पुं [°सिंह] एक जैन मुनि। °सिहाचारण पुं [°शिखाचारण] अग्नि-शिखा में निर्बाधतया गमन करने की शक्ति वाला साधु। °सीह पुं [°सिंह] सातवें वासुदेव के पिता का नाम। °सेण पुं [°षेण] ऐरवत क्षेत्र के तीसरे और बाईसवें तीर्थंकर। °होत्त न [°होत्र] अग्न्याधान, होम। पुं ब्राह्मण। °होत्तवाइ वि [°होत्रवादिन्] होम से ही स्वर्ग की प्राप्ति माननेवाला। °होत्तिय वि [°होत्रिक] होम करनेवाला।

अग्गिअ पुं [अग्रिक] यमदग्नि नामक एक तापस। भस्मक रोग।

अग्गिअ पुं [दे] इन्द्रगोप, एक जाति का क्षुद्र कीट। वि. मन्द।

अग्गिआय पुं [दे] इन्द्रगोप।

अग्गिच्च वि [आग्नेय] अग्नि-सम्बन्धी। पुं लोकान्तिक देवों की एक जाति। न. गौतम गोत्र की शाखा।

अग्गिच्चाभ न [आग्नेयाभ] देव-विमान विशेष।

अग्गिज्झ वि [अग्राह्य] लेने के अयोग्य।

अग्गिम वि [अग्रिम] प्रथम। श्रेष्ठ, प्रधान।

अग्गियय पुं [आग्नेयक] इस नाम का एक राजपुत्र।

अग्गिल देखो अग्गिल्ल अग्निल।

अग्गिलिय देखो अग्गिम।

अग्गिल्ल पुं [अग्निल] एक महाग्रह।

अग्गिल्ल वि [अग्रिम] अग्रवर्ती।

अग्गीय देखो अगीय।

अग्गीवय न [दे] घर का एक भाग।

अग्गुच्छ वि [दे] प्रमित, निश्चित।

अग्गे अ [अग्रे] आगे, पहले। °यण वि [तन] आगे का, पहले का। °सर वि नायक।

अग्गेई स्त्री [आग्नेयी] अग्निकोण।

अग्गेणिय न [अग्रायणीय] दूसरा पूर्व, बारहवें जैनागम का दूसरा महान् भाग।

अग्गेणी देखो अग्गेई।

अग्गेणीय देखो अग्गेणिय।

अग्गेय वि [आग्नेय] अग्नि (कोण)सम्बन्धी। अग्नि-सम्बन्धी। न. शस्त्र-विशेष। वत्स गोत्र की शाखा। अग्नि-कोण, दक्षिण-पूर्व दिशा।

अग्गोदय न [अग्रोदक] समुद्रीय वेला की वृद्धि और हानि।

अग्घ अक [राज्] शोभना, चमकना।

अग्घ सक [आ-घ्रा] सूँघना।

अग्घ अक [अर्ह्] योग्य होना।

अग्घ सक [अर्घ्] अच्छी कीमत से बेचना। आदर करना।

अग्घ पुं [अर्घ] एक देव-विमान। पूजा मछली की एक जाति। पूजा-सामग्री। पूजा में जलादि देना। मूल्य। °वत्त न [°पात्र] पूजा का पात्र।

अग्घ वि [अर्घ्य] पूजा में दिया जाता जलादि द्रव्य। कीमती।

अग्घव सक [पूर्] पूर्ति करना।

अग्घविय वि [अर्घित] पूजित, सत्कृत।

अग्घा सक [आ + घ्रा] सूँघना ।

अग्घाड सक [पूर्] पूरा करना ।

अग्घाड पुं [दे] वृक्ष-विशेष, अपामार्ग, चिचड़ा, लटजीरा ।

अग्घाण वि [दे] तृप्त ।

अग्घाय वि [आघ्रात] सूँघा हुआ ।

अग्घिय वि [अर्घित] बहुमूल्य, कीमती । पूजित ।

अग्घोदय न [अर्घोदक] पूजा का जल ।

अघ न पाप । वि. शोचनीय, शोक का हेतु ।

अघो देखो अहो ।

अचक्खु पुंन [अचक्षुस्] आँख के सिवाय बाकी इन्द्रियाँ और मन । वि. अंधा । °दंसण न [दर्शन] आँख को छोड़ बाकी इन्द्रियाँ और मन से होने वाला सामान्य ज्ञान । °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अचक्षुदर्शन को रोकने-वाला कर्म । °फास पुं [°स्पर्श] अंधकार ।

अचक्खुस वि [अचाक्षुष] जो आँख से देखा न जा सके ।

अचक्खुस्स वि [अचक्षुष्य] जिसको देखने का मन न चाहता हो ।

अचर वि पृथिव्यादि स्थिर पदार्थ ।

अचल वि निश्चल । पुं यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम । एक बल-देव का नाम । पर्वत । एक राजा, जिसने रामचन्द्र के छोटे भाई के साथ जैन दीक्षा ली थी । °पुर न ब्रह्म-द्वीप के पास का एक नगर । °प्प न [°त्मन्] हस्तप्रहेलिका को ८४ लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, अन्तिम संख्या । °भाय पुं [°भ्रातृ] भगवान् महावीर का नववाँ गणधर ।

अचल पुं छठवाँ रुद्र पुरुष ।

अचल न [दे] घर । घर का पिछला भाग । वि. कहा हुआ । निर्दय । नीरस, सूखा ।

अचला स्त्री पृथिवी । एक इन्द्राणी ।

अचित वि [अचिन्त] निश्चिन्त ।

अचित वि [अचिन्त्य] अनिर्वचनीय, अद्भुत ।

अचितिय वि [अचिन्तित] आकस्मिक, असंभावित ।

अचित्त वि जीव-रहित, अचेतन ।

अचियंत } वि [दे] अनिष्ट । न. अप्रीति ।
अचियत्त }

अचिरजुवइ देखो अइरजुवइ ।

अचिरा देखो अइरा ।

अचिराभा स्त्री बिजली ।

अचेल न वस्त्रों का अभाव । अल्प-मूल्यक वस्त्र । थोड़ा वस्त्र । वि. वस्त्र-रहित । जीर्ण वस्त्र वाला । अल्प वस्त्र वाला । मैला । °परिसह, °परीसह पुं [°परिषह, °परीषह] वस्त्र के अभाव से अथवा जीर्ण, अल्प या कुत्सित वस्त्र होने से उसे अदीन भाव से सहन करना ।

अचेलग } वि [अचेलक] नग्न । फटा-टूटा
अचेलय } वस्त्र वाला । मलिन वस्त्र वाला । अल्प वस्त्र वाला । निर्दोष वस्त्र वाला । अनियत रूप से वस्त्र का उपभोग करनेवाला ।

अच्च सक [अर्च्] पूजना ।

अच्च पुं [अर्च्य] लव (काल मान) का एक भेद । वि. पूजनीय ।

अच्चंग न [अत्यङ्ग] भोग के मुख्य साधन ।

अच्चंत वि [अत्यन्त] हद से ज्यादा । °थावर वि [°स्थावर] अनादि-काल से स्थावर-जाति में रहा हुआ । °दूसमा स्त्री [°दुष्पमा] देखो दुस्समदुस्समा ।

अच्चंतिअ वि [आत्यन्तिक] अत्यन्त शाश्वत ।

अच्चग वि [अर्चक] पूजक ।

अच्चगल वि [अत्यर्गल] निरंकुश ।

अच्चणिया स्त्री [अर्चनिका] अर्चन ।

अच्चत वि [अत्यक्त] नहीं छोड़ा हुआ ।

अच्चत्थ वि [अत्यर्थ] बहुत । गंभीर अर्थ वाला । अत्यंत ।

अच्चब्भुय वि [अत्यद्भुत] बड़ा आश्चर्य-

जनक ।

अच्चय पुं [अत्यय] विपरीत आचरण । विनाश, मरण ।

अच्चय वि [अर्चक] पूजक ।

अच्चर
अच्चरिअ
अच्चरीअ } न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।

अच्चहम वि [अत्यधम] अति नीच ।

अच्चा स्त्री [अर्चा] शरीर । पूजा । सत्कार । लेश्या, चित्त-वृत्ति । ऐश्वर्य ।

अच्चासण पुं [अत्यशन] द्वादशी तिथि ।

अच्चासणया स्त्री [अत्यासनता] खूब बैठना, देर तक या बारंबार बैठना ।

अच्चासणया स्त्री [अत्यशनता] खूब खाना ।

अच्चासण्ण न [अत्यासन्न] अति समीप ।

अच्चासाइय
अच्चासादिय } वि [अत्याशातित] अपमानित, हैरान किया गया ।

अच्चासाय सक [अत्या + शातय्] अपमान करना, हैरान करना ।

अच्चाहिअ
अच्चाहिद } वि [अत्याहित] महा-भीति । झूठा । ऐसा जखमी कार्य, जिसमें प्राणहानि की सम्भावना हो ।

अच्चि स्त्री [अर्चिस्] कान्ति । अग्नि की ज्वाला । किरण । दीप की शिखा । न. लोकान्तिक देवों का एक विमान । °**मालि** पुं [°मालिन्] सूर्य । वि. किरणों से शोभित । न. लोकान्तिक देवों का एक विमान । °**माली** स्त्री चन्द्र और सूर्य की तृतीय अग्रमहिषी का नाम । 'ज्ञातासूत्र' के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के एक अध्ययन का नाम । शक्रेन्द्र की तृतीय अग्रमहिषी की राजधानी का नाम । °**मालिणी** स्त्री [°मालिनी] चन्द्र और सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम ।

अच्चिअ वि [अर्चित] पूजित, सत्कृत । न. विमान-विशेष ।

अच्चित्त देखो अचित्त ।

अच्चीकर सक [अर्ची + कृ] प्रशंसा करना । खुशामद करना ।

अच्चुअ पुं [अच्युत] विष्णु । बारहवाँ देवलोक । ग्यारहवें और बारहवें देवलोक का इन्द्र । अच्युत-देवलोकवासी देव । °**नाह** पुं [°नाथ] बारहवाँ देवलोक का इन्द्र । °**वइ** पुं [°पति] इन्द्र-विशेष । °**वडिंसग** न [°ावतंसक] विमान-विशेष का नाम । °**सग्ग** पुं [°स्वर्ग] बारहवाँ देवलोक पुं न एक देव-विमान ।

अच्चुआ स्त्री [अच्युता] छठवें और सतरहवें तीर्थंकर की शासनदेवी ।

अच्चुइंद पुं [अच्युतेन्द्र] ग्यारहवाँ और बारहवाँ देवलोक का स्वामी ।

अच्चुक्कड वि [अत्युत्कट] अत्यन्त उग्र ।

अच्चुग्ग वि [अत्युग्र] ऊपर देखो ।

अच्चुच्च वि [अत्युच्च] खूब ऊँचा ।

अच्चुट्ठिय वि [अत्युत्थित] अकार्य करने को तैय्यार ।

अच्चुण्ह वि [अत्युष्ण] खूब गरम ।

अच्चुत्तम वि [अत्युत्तम] अति श्रेष्ठ ।

अच्चुदय न [अत्युदक] बड़ी वर्षा । प्रभूत पानी ।

अच्चुदार वि [अत्युदार] अत्यन्त उदार ।

अच्चुन्नय वि [अत्युन्नत] बहुत ऊँचा ।

अच्चुब्भड वि [अत्युद्भट] अति-प्रबल ।

अच्चुवयार पुं [अत्युपकार] महान् उपकार ।

अच्चुवयार पुं [अत्युपचार] विशेष सेवा-शुश्रूषा ।

अच्चुव्वाय वि [अत्युद्वात] अत्यन्त थका हुआ ।

अच्चुसिण वि [अत्युष्ण] अधिक गरम ।

अच्चे अक [अति + इ] अतिक्रान्त होना, गुजरना । सक. उल्लंघन करना ।

अच्चे सक [अत्या + इ] त्याग करवाना ।

अच्चेअर न [आश्चर्य] आश्चर्य ।

अच्छ अक [आस्] बैठना ।

अच्छ सक [आ + छिद्] काटना । खींचना ।

अच्छ वि स्वच्छ । पुं. स्फटिक रत्न । पुं. ब. आर्य देश-विशेष ।

अच्छ पुं [ऋक्ष] रीछ ।

अच्छ वि [आच्छ] अच्छे देश में उत्पन्न ।

अच्छ पुं मेरु पर्वत । न. तीन बार औटा हुआ स्वच्छ पानी ।

अच्छ न [दे] अत्यन्त । शीघ्र ।

°अच्छ त्रि [अक्षि] आँख ।

°अच्छ पुं [कच्छ] अधिक पानीवाला प्रदेश । लताओं का समूह । तृण ।

°अच्छ पुं [वृक्ष] वृक्ष ।

अच्छअ पुं [अक्षक] बहेड़ा का वृक्ष । न. स्वच्छ जल ।

अच्छअर न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।

अच्छंद वि [अच्छन्द] पराधीन ।

अच्छक्क देखो अत्थक्क ।

अच्छण न [आसन] बैठना । पालकी वगैरह सुखासन । °घर न [°गृह] विश्राम-स्थान ।

अच्छण न [दे] सेवा । देखना । अहिंसा, दया ।

अच्छणिउर न [अच्छनिकुर] अच्छनिकुरांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

अच्छणिउरंग न [अच्छनिकुराङ्ग] नलिन को चौरसी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

अच्छण्ण वि [अच्छन्न] प्रकट ।

अच्छभल्ल पुं [ऋक्षभल्ल] रीछ ।

अच्छभल्ल पुं [दे] यक्ष, देव-विशेष ।

अच्छरआ देखो अच्छरा ।

अच्छरय पुं [आस्तरक] शय्या पर बिछाने का वस्त्र-विशेष ।

अच्छरसा } स्त्री [अप्सरस्] इन्द्र की पट-
अच्छरा } रानी । 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन । देखो . रूपवती एरी :

अच्छरा स्त्री [दे. अप्सरा] चुटकी । चुटकी की आवाज ।

अच्छराणिवाय पुं [दे] चुटकी । चुटकी बजाने में जितना समय लगता है वह, अत्यल्प समय ।

अच्छरिअ, अच्छरिज्ज, अच्छरीअ } न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।

अच्छल न निर्दोषता, अनपराध ।

अच्छवि वि जैन-दर्शन में जिसको स्नातक कहते हैं वह, जीवनमुक्त योगी ।

अच्छविकर पुं [अक्षपिकर] एक प्रकार का मानसिक विनय ।

अच्छहल्ल पुं [ऋक्षभल्ल] रीछ ।

अच्छा स्त्री वरुण देश की राजधानी ।

°अच्छा स्त्री [कक्षा] गर्व ।

अच्छाइ वि [आच्छादिन्] ढकनेवाला ।

अच्छायण न [आच्छादन] ढकना । वस्त्र ।

अच्छायंत वि [अच्छातान्त] तीक्ष्ण ।

अच्छि त्रि [अक्षि] आँख । °चमढण न [°मलन] आँख का मलना । °णिमीलिय न [निमीलित] आँख को मूंदना, मीचना । आँख मिचने में जो समय लगे वह । °पत्त न [°पत्र] आँख का पक्ष्म । °वेहग पुं [°वेधक] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु । °रोडय पुं [°रोडक] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु । °ल्ल वि [°मत्] आँख वाला प्राणी । चतुरिन्द्रिय जन्तु । °मल पुं आँख का मैल ।

अच्छिंद सक [आ + छिद्] थोड़ा छेद करना । एक बार छेद करना । बलात्कार से छीन लेना । थोड़ा काटना ।

अच्छिंद पुं [अक्षीन्द्र] गोशालक के एक दिक्-चर (शिष्य) का नाम ।

अच्छिक्क वि [दे] अस्पृष्ट ।

अच्छिघरुल्ल वि [दे] अप्रीतिकर । पुं

पोशाक।

अच्छिज्ज वि [आच्छेद्य] जबरदस्ती जो दूसरे से छीन लिया जाय। पुं जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष।

अच्छिज्ज वि [अच्छेद्य] जो तोड़ा न जा सके।

अच्छित्ति स्त्री नित्यता। वि. नाश-रहित। °णय पुं [°नय] वस्तु को नित्य माननेवाला पक्ष।

अच्छिद्द वि [अच्छिद्र] छिद्र-रहित, निबिड। निर्दोष।

अच्छिण्ण वि [आच्छिन्न] बलात्कार से छीना हुआ। छेदा हुआ, तोड़ा हुआ।

अच्छिण्ण वि [अच्छिन्न] नहीं तोड़ा हुआ। अन्तर-रहित।

अच्छिप्प वि [अस्पृश्य] छूने के अयोग्य।

अच्छिवडण न [दे] आँख का मूँदना।

अच्छिविअच्छि स्त्री [दे] परस्पर-आकर्षण।

अच्छिहरिल्ल, **अच्छिहरुल्ल** } देखो अच्छिघरुल्ल।

अच्छी देखो **अच्छि**

अच्छुक्क न [दे] आँख का कोटर।

अच्छुत्ता स्त्री [अच्छुप्ता] एक विद्याधिष्ठात्री देवी। भगवान् मुनिसुव्रत स्वामी की शासन-देवी।

अच्छुद्धसिरी स्त्री [दे] असंभावित लाभ।

अच्छुल्लूढ वि [दे] निष्कासित, स्थान-भ्रष्ट किया हुआ।

अच्छेज्ज देखो अच्छिज्ज।

अच्छेर न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार। पुंन. अपूर्व घटना। °कर वि विस्मय-जनक, चमत्कार उपजानेवाला।

अच्छोड सक [आ+छोटय्] पटकना। सिंचना।

अच्छोड पुं [आच्छोट] सिंचन। आस्फालन करना, पटकना।

अच्छोडण न [आच्छोटन] सिंचन। आस्फालन, वेणी। मृगया।

अच्छोडाविय वि [दे. आच्छोटित] बंधित।

आच्छोडिअ वि [दे] आकृष्ट।

अछिप्प वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य।

अज देखो अय = अज।

अजगर देखो अयगर।

अजड पुं [दे] जार।

अजड वि पक्व, विकसित। निपुण।

अजम वि [दे] सरल। जमाईन।

अजय वि [अयत] पाप-कर्म से अविरत, नियम-रहित। अनुद्योगी। उपयोग-शून्य, बेख्याल।

अजय पुं षट्पद छंद का एक भेद।

अजर वि वृद्धावस्था-रहित। पुं देव। मुक्त आत्मा।

अजराउर वि [दे] गरम।

अजरामर वि बुढ़ापा और मृत्यु से रहित। न. मुक्ति। स्त्री. °रा विद्या-विशेष।

अजस पुं [अयशस्] अपयश। °कित्तिणाम न [°कीर्तिनामन्] अपकीर्ति का कारण-भूत एक कर्म।

अजस्स क्रिवि [अजस्र] निरन्तर, हमेशा।

अजा देखो अया।

अजाय वि [अजात] अनुत्पन्न। °कप्प पुं [°कल्प] शास्त्रों को पूरा-पूरा नहीं जानने-वाला जैन साधु, अगीतार्थ। °कप्पिय पुं [°कल्पिक] अगीतार्थ जैन साधु।

अजिअ वि [अजित] अपराजित। पुं दूसरे तीर्थंकर का नाम। नववें तीर्थंकर का अधिष्ठाता देव। एक भावी बलदेव। °बला स्त्री भगवान् अजितनाथ की शासनदेवी। °सेण पुं [°सेन] एक प्रसिद्ध राजा। चौथा कुलकर। एक विख्यात जैन मुनि। पुं भगवान् मल्लिनाथ का प्रथम श्रावक।

°**नाह** पुं [नाथ] नववाँ रुद्र पुरुष।

अजिअ वि [अजीव] जीव-रहित।

अजिअ वि [अजय्य] जो जीता न जा सके ।

अजिया स्त्री [अजिता] भगवान् अजितनाथ की शासन देवी । चतुर्थ तीर्थंकर की एक मुख्य शिष्या ।

अजिण न [अजिन] हरिण आदि पशुओं का चमड़ा । वि. जिसने राग-द्वेष का सर्वथा नाश नहीं किया है वह । जिन भगवान् के तुल्य सत्योपदेशक जैन साधु ।

अजियंधर पुं [अजितधर] ग्यारह रुद्रों में आठवाँ रुद्र पुरुष ।

अजिर न आँगन ।

अजीर देखो अइन्न = अजीर्ण ।

अजीव पुं अचेतन, निर्जीव, जड़ पदार्थ । °काय पुं धर्मास्तिकाय आदि अजीव पदार्थ ।

अजुअ पुं [दे] वृक्ष-विशेष, सप्तच्छद, सतौना ।

अजुअ न [अयुत] दश हजार ।

अजुअलवण्ण पुं [अयुगलपर्ण] सतौना ।

अजुअलवण्णा स्त्री [दे] इमली का पेड़ ।

अजुत्त वि [अयुक्त] अयोग्य । °कारि वि [°कारिन्] अयोग्य कार्य करनेवाला ।

अजुत्तीय वि [अयुक्तिक] अन्याय्य ।

अजुय देखो अउअ ।

अजेअ वि [अजय] जो जीता न जा सके ।

अजोग पुं [अयोग] मन, वचन और काया के सब व्यापारों का जिसमें अभाव होता है वह सर्वोत्कृष्ट योग, शैलेशी-करण ।

अजोग वि [अयोग्य] अयोग्य ।

अजोगि पुं [अयोगिन्] सर्वोत्कृष्ट योग को प्राप्त योगी । मुक्त आत्मा ।

अज्ज सक [अर्ज्] पैदा करना, उपार्जन करना, कमाना ।

अज्ज वि [अर्य] वैश्य । स्वामी ।

अज्ज वि [आर्य] निर्दोष । आर्य-गोत्र में उत्पन्न । शिष्ट-जनोचित । °खउड पुं [°खपुट] एक जैन आचार्य । उत्तम । मुनि । सत्यकार्य करनेवाला । पूज्य । पुं मातामह । पितामह । एक ऋषि का नाम । न. गोत्र-विशेष । जैन साधु, साध्वी और उनकी शाखाओं के पूर्व में यह शब्द प्रायः लगता है, जैसे अज्जवइर, अज्जचंदणा, अज्जपोमिला । °उत्त पुं [°पुत्र] पति । मालिक का पुत्र । °घोस पुं [°घोष] भगवान् पार्श्वनाथ का एक उपासक । °मंगु पुं [°मङ्गु] एक प्राचीन जैनाचार्य । °मिस्स वि[°मिश्र]पूज्य, मान्य । °समुद्द पुं [°समुद्र] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य ।

अज्ज अ [अद्य] आज । °त्त वि [°तन] आजकल का । °त्ता स्त्री [°ता] आज कल । °प्पभिइ अ [°प्रभृति] आज से ले कर ।

अज्ज पुं [दे] जिनेन्द्र देव । बुद्ध देव ।

अज्ज न [आज्य] घी ।

अज्ज° देखो रि = ऋ ।

अज्जं अ [अद्य] आज ।

अज्जंत वि [आयत्] आगामी । °काल पुं भविष्य काल ।

अज्जहिज्जो अ [अद्यह्यः] आजकल ।

अज्जकालिअ वि [अद्यकालिक] आजकल का ।

अज्जग देखो अज्जय = अर्जक ।

अज्जण } **अज्जणण** } [अर्जन] उपार्जन । पैदा करना ।

अज्जम पुं [अर्यमन्] सूर्य । देव-विशेष । उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव । न. उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र ।

अज्जय पुं [आर्यक] मातामह । पितामह ।

अज्जय वि [अर्जक] उपार्जन करनेवाला । पुं वृक्षविशेष ।

अज्जय पुं [दे] सुरस नामक तृण । गुरेटक नामक तृण । तृण ।

अज्जल पुं [आर्यल] म्लेच्छों की एक जाति ।

अज्जव न [आर्जव] सरलता, निष्कपटता ।

अज्जव (अप) देखो अज्ज = आर्य । °खंड पुं [खण्ड] आर्य देश ।

अज्जवया स्त्री [आर्जव] ऋजुता ।
अज्जविय न [आर्जव] सरलता ।
अज्जा स्त्री [आर्या] साध्वी । पार्वती । आर्या छन्द । भगवान् मल्लिनाथ की प्रथम शिष्या । पूज्या स्त्री । एक कला ।
अज्जा स्त्री [आज्ञा] आदेश ।
अज्जाय वि [अजात] अनुत्पन्न ।
अज्जाव सक [आ + ज्ञापय्] आज्ञा करना ।
अज्जिआ स्त्री [आर्यिका] पूज्या स्त्री । संन्यासिनी । माता की माता । पिता की माता ।
अज्जिट्ठीअ वि [दे] दिया हुआ ।
अज्जिणण देखो **अज्जणण** ।
अज्जीव देखो **अजीव** ।
अज्जु (अप) अ [अद्य] आज ।
अज्जुअ (शौ) देखो **अज्ज** = आर्य ।
अज्जुआ (शौ) देखो **अज्जा** = आर्या ।
अज्जुण पुं [अर्जुन] तीसरा पाण्डव । वृक्ष-विशेष । गोशालक के एक दिक्चर (शिष्य) का नाम । न. श्वेत सुवर्ण । तृण-विशेष । अर्जुन वृक्ष का पुष्प ।
अज्जुणग } **अज्जुणय** } [अर्जुनक] एक माली का नाम ।
अज्जू स्त्री [आर्या] सास ।
अज्जोग देखो **अजोग** = अयोग ।
अज्जोरुह न [दे] वनस्पति-विशेष ।
अज्झक्ख वि [अध्यक्ष] अधिष्ठाता ।
अज्झ पुं [दे] यह (पुरुष, मनुष्य) ।
अज्झत्त देखो **अज्झप्प** ।
अज्झत्थ वि [दे] आगत ।
अज्झत्थ } **अज्झप्प** } न [अध्यात्म] आत्मा में, आत्म-विषयक । मन में, मन-संबंधी । मन, चित्त । शुभ ध्यान । पुं आत्मा । °**जोग** पुं [°योग] योग-विशेष, चित्त की एकाग्रता । °**दोस** पुं [°दोष] आध्यात्मिक दोष—क्रोध, मान, माया और लोभ । °**वत्तिय** वि [°प्रत्ययिक] मन से ही उत्पन्न होनेवाला शोक, चिन्ता आदि । °**विसोहि** स्त्री [°विशुद्धि] आत्म-शुद्धि । °**संवुड** वि [°संवृत] मनो-निग्रही । °**सुइ** स्त्री [°श्रुति] अध्यात्मशास्त्र, आत्म-विद्या, योग-शास्त्र । °**सुद्धि** स्त्री [°शुद्धि] मन की शुद्धि । °**सोहि** स्त्री [°शुद्धि] मनः-शुद्धि ।
अज्झत्थिय वि [आध्यात्मिक] आत्मा या मन से संबंध रखनेवाला ।
अज्झथीअ देखो **अज्झत्थिय** ।
अज्झप्पिअ वि [आध्यात्मिक] अध्यात्म का जानकार । अध्यात्म-सम्बन्धी ।
अज्झय वि [दे] पड़ोसी ।
अज्झयण पुंन [अध्ययन] शब्द, नाम । पढ़ना, अभ्यास । ग्रन्थ का एक अंश ।
अज्झयाव सक [अधि + आप] पढ़ाना ।
अज्झवस सक [अध्यव + सो] विचार करना । निश्चय करना । चिन्तन करना ।
अज्झवसण } **अज्झवसाण** } न [अध्यवसान] चिन्तन, विचार, आत्म-परिणाम ।
अज्झवसाय पुं [अध्यवसाय] विचार, आत्म-परिणाम, मानसिक संकल्प ।
अज्झवसिय न [दे] मुंड़ा हुआ मुंह ।
अज्झसिय वि [दे] दृष्ट ।
अज्झस्स सक [आ + क्रुश] आक्रोश करना, अभिशाप देना ।
अज्झस्स } **अज्झस्सिय** } वि [आक्रुष्ट] जिस पर आक्रोश किया गया हो वह ।
अज्झहिय वि [अत्यधिक] अत्यंत ।
अज्झा स्त्री [दे] कुलटा । प्रशस्त स्त्री । नवोढ़ा । युवती स्त्री । यह (स्त्री) ।
अज्झा } **अज्झाअ** } सक [अधि + इ] अध्ययन करना ।
अज्झाअ सक [अध्यापय्] पढ़ाना ।
अज्झाइअव्व वि [अध्येतव्य] पढ़ने योग्य ।
अज्झाय पुं [अध्याय] पठन । ग्रन्थ का एक अंश ।

अज्झारुह पुं [अध्यारुह] वृक्ष-विशेष। वृक्षों के ऊपर बढ़नेवाली वल्ली या शाखा वगैरह।
अज्झारोव पुं [अध्यारोप] आरोप, उपचार।
अज्झारोवण न [अध्यारोपण] आक्षेपण, ऊपर चढ़ाना। प्रश्न करना।
अज्झारोह पुं [अध्यारोह] देखो अज्झारुह।
अज्झाव देखो अज्झाअ = अध्यापय्।
अज्झावग देखो अज्झावय।
अज्झावय वि [अध्यापक] शिक्षक, गुरु।
अज्झावस अक [अध्या + वस्] वास करना।
अज्झास पुं [अध्यास] ऊपर बैठना। निवास-स्थान।
अज्झासणा स्त्री [अध्यासना] सहन करना।
अज्झासिअ वि [अध्यासित] आश्रित, अधिष्ठित। स्थापित।
अज्झाहय वि [अध्याहृत] उत्तेजित।
अज्झीण वि [अक्षीण] अखूट। न. अध्ययन।
अज्झुववज्ज देखो अज्झोववज्ज।
अज्झुववण्ण देखो अज्झोववण्ण।
अज्झुववाय देखो अज्झोववाय।
अज्झुसिअ वि [अध्युषित] आश्रित।
अज्झुसिर वि [अशुषिर] छिद्र-रहित।
अज्झेउ वि [अध्येतृ] पढ़नेवाला।
अज्झेल्ली स्त्री [दे] दोहने पर भी जिसका दोहन हो सके ऐसी गैया।
अज्झेसणा स्त्री [अध्येषणा] विशेष याचना।
अज्झोयरग } पुं [अध्यवपूरक] साधु के
अज्झोयरय } लिए अधिक रसोई करना। साधु के लिए बढ़ाकर की हुई रसोई।
अज्झोल्लिआ स्त्री [दे] वक्षःस्थल के आभूषण में की जाती मोतियों की रचना।
अज्झोवगमिय वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत।
अज्झोववज्ज अक [अध्युप + पद्] अत्यासक्त होना, आसक्ति करना।
अज्झोववण्ण वि [अध्युपपन्न] अत्यंत आसक्त।
अज्झोववाय पुं [अध्युपपाद] अत्यन्त आसक्ति, तल्लीनता।
अट } सक [अट्] भ्रमण करना।
अट्ट }
अट्ट सक [कथ्] क्वाथ करना।
अट्ट अक [शुष्] सूखना।
अट्ट वि [आर्त] पीड़ित। ध्यान-विशेष—इष्ट-संयोग, अनिष्ट, वियोग, रोग-निवृत्ति और भविष्य के लिए चिन्ता करना। °ण्ण वि [°ज्ञ] पीड़ित की पीड़ा को जाननेवाला।
अट्ट वि [ऋत] गत, प्राप्त।
अट्ट पुंन दूकान। महल के ऊपर का घर, अटारी। आकाश।
अट्ट वि [दे] दुर्बल। बड़ा, महान्। बेशरम। आलसी। पुं शुक। आवाज। न. सुख। असत्योक्ति।
अट्टट्ट वि [दे] गत।
अट्टट्टहास पुं देखो अट्टहास।
अट्टण न [अट्टन] व्यायाम, कसरत। पुं. इस नाम का एक प्रसिद्ध मल्ल। °साला स्त्री [°शाला] व्यायाम-शाला।
अट्टणा स्त्री [आवर्तना] आवृत्ति।
अट्टमट्ट वि [दे] व्यर्थ। पुं आलवाल, कियारी। अशुभ संकल्प-विकल्प, पाप-संबद्ध अव्यवस्थित विचार।
अट्टय पुं [अट्टक] हाट। पात्र के छिद्र को बन्द करने में उपयुक्त द्रव्य-विशेष।
अट्टयक्कली स्त्री [दे] कमर पर हाथ रखकर खड़ा रहना।
अट्टहास पुं खिलखिला कर हँसना।
अट्टालग } पुंन [अट्टालक] महल का
अट्टालय } उपरिभाग, अटारी।
अट्टि स्त्री [आर्ति] पीड़ा।
अट्टिय वि [अर्दित] व्याकुल, व्यग्र।

अट्ठ पुं [अर्थ] संयम। पुंन वस्तु, पदार्थ। विषय। शब्द का अभिधेय, वाच्य। तात्पर्य। परमार्थ। हेतु। इच्छा। उद्देश्य। धन। फल, लाभ। मोक्ष। °कर पुं मंत्री। निमित्त शास्त्र का विद्वान्। °जाय वि [°जातार्थ] जिसकी आवश्यकता हो, जिसका प्रयोजन हो वह। °जाय वि [°याच] धनार्थी। °सइय वि [°शतिक] जिसका सौ अर्थ हो सके ऐसा (वचन आदि)। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्ठिसेण, देखो अत्थ = अर्थ।

अट्ठ [अष्टन्] आठ। °चत्ताल वि [°चत्वारिंश] अठतालीसवाँ। °चत्तालीस त्रि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °ट्ठमिया स्त्री [°ाष्टमिका] जैन साधुओं का ६४ दिन का एक व्रत, प्रतिमा-विशेष। °तालीस वि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °तीस त्रि [°ात्रिंशत्] अठतीस। °तीसइम वि [°ात्रिंश] अठतीसवाँ। °त्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर। °त्तीस वि [°ात्रिंशत्] अठतीस। °दस त्रि [°ादशन्] अठारह। °दसुत्तरसय वि [°ादशोत्तरशत] एक सौ अठारहवाँ। °दह त्रि [°ादशन्] अठारह। °पएसिय वि [°प्रदेशिक] आठ अवयव वाला। °पया स्त्री [°पदा] छन्द-विशेष। °पाहरिअ वि [प्राहरिक] आठ प्रहर संबंधी। °भाइया स्त्री [°भागिका] तरल वस्तु नापने का बत्तीस पलों का एक परिमाण। °म न तेला, लगातार तीन दिनों का उपवास। °मंगल पुंन स्वस्तिक आदि आठ मांगलिक वस्तु। °मभत्त पुन [°मभक्त] तेला, लगातार तीन दिनों का उपवास। °मभत्तिय वि [°मभक्तिक] तेला करनेवाला। °मी स्त्री अष्टमी। °मुत्ति पुं [°मूर्ति] महादेव। °याल त्रि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °वन्न त्रि [°पञ्चाशत्] अट्ठावन। °वरिस, °वारिस वि [°वार्षिक] आठ वर्ष की उम्र का। °विह वि [°विध] आठ प्रकार का। °वीस स्त्रीन [°ाविंशति] अट्ठाईस। °सट्ठि स्त्री [षष्टि] अठसठ। °समइय वि [°सामयिक] जिसकी अवधि आठ 'समय' की हो वह। °सय न [°शत] एक सौ आठ। °सहस्स न [सहस्र] एक हजार और आठ। °सामइय देखो °समइय। °सिर वि [°शिरस्, °सिर] अष्ट-कोण। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्ठिसेण। °हत्तर वि [°सप्ततितम] अठत्तरवाँ। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर की संख्या। °हा अ [°धा] आठ प्रकार का।

°अट्ठ न [काष्ठ] काष्ठ, लकड़ी।

अट्ठंग वि [अष्टाङ्ग] जिसके आठ अंग हों वह। °णिमित्त न [°निमित्त] वह शास्त्र जिसमें भूमि, स्वप्न, शरीर, स्वर, आदि आठ विषयों के फलाफल का प्रतिपादन हो। °महाणिमित्त न [°महानिमित्त] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ।

अट्ठंस वि [अष्टास्र] अष्ट-कोण।

अट्ठदिट्ठि स्त्री [अष्टदृष्टि] योग की आठ दृष्टियाँ, वे ये हैं :—मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा, कान्ता, प्रभा और परा।

अट्ठय न [अष्टक] आठ का समूह।

अट्ठा स्त्री [अष्टा] मुष्टि। मुट्ठीभर चीज।

अट्ठा स्त्री [आस्था] श्रद्धा।

अट्ठा स्त्री [अर्थ] वास्ते। °दंड पुं कार्य के लिए की गई हिंसा।

अट्ठाइस वि [अष्टाविंश] अठाईसवाँ।

अट्ठाइस } स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस।
अट्ठाईस }

अट्ठाण न [अस्थान] अयोग्य स्थान। कुत्सित स्थान। अयोग्य।

अट्ठाण न [आस्थान] सभा, सभा-गृह।

अट्ठाणउइ स्त्री [अष्टानवति] अठानबे।

अट्ठाणउय वि [अष्टानवत] अठानबेवाँ।

अट्ठाणवइ देखो अट्ठाणउइ।

अट्ठाणिय वि [अस्थानिक] अपात्र, अनाश्रय ।

अट्ठायमाण वकृ [अतिष्ठत्] नहीं बैठता हुआ ।

अट्ठार } त्रि. ब. [अष्टादशन्] अठारह । °विह वि [°विध] अठारह प्रकार का ।
अट्ठारस }

अट्ठारसग न [अष्टादशक] अठारह का समूह । वि. जिसका मूल्य अठारह मुद्रा हो वह ।

अट्ठारसम वि [अष्टादश] अठारहवाँ । न. लगातार आठ दिनों का उपवास ।

अट्ठारह } देखो अट्ठार ।
अट्ठाराह }

अट्ठावण्ण स्त्रीन [अष्टापञ्चाशत्] अठावन ।

अट्ठावय पुं [अष्टापद] स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, कैलास । न. एक जाति का जुआ । द्यूत-फलक, जिस पर जुआ खेला जाता है वह । सुवर्ण । °सेल पुं [°शैल] मेरु-पर्वत । स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, जहाँ भगवान् ऋषभदेव निर्वाण पाये थे ।

अट्ठावय न [अर्थपद] गृहस्थ । अर्थ-शास्त्र, संपत्ति-शास्त्र ।

अट्ठावीस स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस ।

अट्ठावीसइ स्त्री [अष्टाविंशति] अठाईस । °विह वि [°विध] अठाईस प्रकार का ।

अट्ठावीसइम वि [अष्टाविंश] अठाईसवाँ । न. तेरह दिनों के लगातार उपवास ।

अट्ठासट्ठि स्त्री [अष्टाषष्टि] अठसठ ।

अट्ठासि } स्त्री [अष्टाशीति] अठासी ।
अट्ठासीइ }

अट्ठासीय वि [अष्टाशीत] अठासीवाँ ।

अट्ठाह न [अष्टाह] आठ दिन ।

अट्ठाहिया स्त्री [अष्टाहिका] आठ दिनों का एक उत्सव । उत्सव ।

अट्ठि वि [अर्थिन्] प्रार्थी, गरजवाला, अभिलाषी ।

अट्ठि पुं [अस्थि] हड्डी । फल की गुट्ठी ।

अट्ठि स्त्रीन [अस्थि] हाड़ । जिसमें बीज उत्पन्न न हुए हों ऐसा अपरिपक्व फल । पुं. कापालिक । °मिजा स्त्री [°मिज्जा] हड्डी के भीतर का रस । °सरक्ख पुं [°सरजस्क] कापालिक । °सेण न [°षेण] वत्सगोत्र की शाखारूप एक गोत्र । पुं. इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी सन्तान ।

अट्ठिय वि [अर्थिक] गरजु, याचक । अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी । मोक्ष का हेतु ।

अट्ठिय वि [आर्थिक] अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी । मोक्ष का कारण ।

अट्ठिय वि [अर्थित] अभिलषित, प्रार्थित ।

अट्ठिय वि [अस्थित] अव्यवस्थित, अनियमित । चंचल ।

अट्ठिय वि [आस्थिक] हड्डी-सम्बन्धी ।

अट्ठिय वि [आस्थित] स्थित रहा हुआ ।

अट्ठिय पुं [अस्थिक] वृक्ष-विशेष । न. अस्थिक वृक्ष का फल ।

अट्ठिल्लय पुं [अस्थि] फल की गुट्ठी ।

अट्ठुत्तर वि [अष्टोत्तर] आठ से अधिक । °सय न [°शत] एक सौ और आठ । °सय वि [°शततम] एक सौ आठवाँ ।

अठ } देखो अट्ठ = अष्टन् ।
अड }

अड सक [अट्] भ्रमण करना ।

अड पुं [अवट] कूप, इनारा । कूप के पास पशुओं के पानी पीने के लिए जो गर्त किया जाता है वह ।

°अड देखो तड = तट ।

अडइ } स्त्री [अटवि, °वी] भयानक जंगल, वन ।
अडई }

अडडज्झिय न [दे] विपरीत मैथुन ।

अडखम्म सक [दे] संभालना, रक्षण करना ।

अडड न [अटट] 'अटटांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

अडडंग न [अटटाङ्ग] संख्या-विशेष, 'तुडिय' या 'महातुडिय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

अडणी स्त्री [दे] रास्ता ।

अडपल्लण न [दे] वाहन-विशेष ।

अडयणा }
अडया } स्त्री [दे] कुलटा ।

अडयाल न [दे] प्रशंसा ।

अडयाल }
अडयालीस } स्त्री [अष्टचत्वारिंशत्] ४८ की संख्या । °सय न [°शत] १४८ ।

अडवडण न [दे] स्खलना, रुक-रुक चलना ।

अडवि }
अडवी } स्त्री [अटवि, °वी] भयंकर जंगल, गहरा वन ।

अडसट्ठि स्त्री [अष्टषष्टि] अठसठ । °म वि [°तम] अठसठवाँ ।

अडाड पुं [दे] जबरदस्ती ।

अडिल्ल पुं [अटिल] एक जाति का पक्षी ।

अडिल्ला स्त्री [अडिल्ला] छन्द-विशेष ।

अडोलिया स्त्री [अटोलिका] एक राजपुत्री, जो युवराज की पुत्री और गर्दभराज की बहिन थी । चुही ।

अडोविय वि [अटोपित] भरा हुआ ।

अड्डु वि [दे] जो आड़े आता हो, बीच में बाधक होता हो वह ।

अड्डुक्ख सक [क्षिप्] फेंकना, गिराना ।

अड्डुण न [अड्डुन] चर्म । ढाल, फलक ।

अड्डिअ वि [दे] आरोपित ।

अड्डिया स्त्री [अड्डिका] मल्लों की क्रिया-विशेष ।

अड्ढ देखो अद्ध = अर्ध ।

अड्ढ वि [आढ्य] सम्पन्न । सहित । परिपूर्ण ।

अड्ढअक्कली स्त्री [दे] देखो अट्टयक्कली ।

अड्ढत्त वि [आरब्ध]शुरू किया हुआ,प्रारब्ध ।

अड्ढाइज्ज }
अड्ढाइय } वि [अर्धतृतीय] ढाई ।

°अड्ढिय वि [कृष्ट] खींचा हुआ ।

अड्ढुट्ठ वि [अर्धचतुर्थ] साढे तीन ।

अड्ढेज्ज न [आढ्यत्व] श्रीमंताई ।

अड्ढेज्जा स्त्री [आढ्येज्या] श्रीमंत से किया हुआ सत्कार ।

अड्ढोरुग पुं [अर्धोरुक] जैन साध्वियों के पहनने का एक वस्त्र ।

अढ (अप) देखो अट्ठ = अष्टन् ।

अढाइस (अप) स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस ।

अढारसग देखो अट्ठारसग ।

अढारसम देखो अट्ठारसम ।

अण अ [°अ, अन्°] देखो अ° ।

अण सक [अण्] आवाज करना । जाना । जानना । समझाना ।

अण पुं शब्द, आवाज । गमन । कषाय । आक्रोश, अभिशाप । न, पाप । कर्म । वि, कुत्सित ।

अण पुं [अन] देखो अणंताणुबंधि ।

अण पुं [अनस्] गाड़ी ।

अण देखो अण्ण = अन्य ।

अण न [ऋण] करजा । °धारग वि [°धारक] करजदार । °बल वि लेनदार । °भंजग वि [°भञ्जक] देउलिया ।

°अण देखो गण ।

°अण देखो जण ।

°अण देखो तण ।

°अणअरद देखो अणवरय ।

अणइवर वि [अनतिवर] सर्वोत्तम ।

अणइवुट्ठि स्त्री [अनतिवृष्टि] वर्षा का अभाव ।

अणईइ वि [अनीति] ईति-रहित, शलभादि-कृत उपद्रव से रहित ।

अणंग पुं [अनङ्ग] काम । कामदेव । एक राजकुमार, जो आनन्दपुर के राजा जीतारि का पुत्र था । न, विषय-सेवन के मुख्य अंगों के अतिरिक्त स्तन, कुक्षि, मुख आदि अंग ।

बनावटी लिंग आदि। बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन शास्त्र। वि. शरीर-रहित। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] रति। °पडिसेविणी स्त्री [प्रतिषेविणी] अमर्यादित रीति से विषय-सेवन करनेवाली स्त्री। °पविट्ठ न [°प्रविष्ट] बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन ग्रन्थ। °बाण पुं काम के बाण। °लवण पुं [°लवन] रामचन्द्रजी का एक पुत्र। °सर पुं [°शर] काम के बाण। °सेणा स्त्री [°सेना] द्वारका की एक विख्यात गणिका।

अणंत पुं [अनन्त] चालू अवसर्पिणी काल के चौदहवें तीर्थंकर-देव। विष्णु, कृष्ण। शेष नाग। जिसमें अनन्त जीव हों ऐसी वनस्पति, कन्द-मूल वगैरह। न. केवल-ज्ञान। आकाश। वि. शाश्वत। निःसीम, अपरिमित। बहुत, विशेष। °काइय वि [°कायिक] अनन्त जीववाली वनस्पति, कन्द-मूल आदि। °काय पुं कन्द-मूल आदि अनन्त जीववाली वनस्पति। °खुत्तो अ [°कृत्वस्] अनन्त बार। °जीव पुं देखो °काइय। °जीविय वि [°जीविक] देखो °काइय। °णाण न [°ज्ञान] केवल-ज्ञान। °णाणि वि [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ। °दंसि वि [°दर्शिन्] सर्वज्ञ। °पासि वि [°दर्शिन्] ऐरवत क्षेत्र के बीसवें जिन-देव। °मिस्सिया स्त्री [°मिश्रिका] सत्यमिश्र भाषा का एक भेद; जैसे अनन्तकाय से भिन्न प्रत्येक वनस्पति से मिली हुई अनन्तकाय को भी अनन्तकाय कहना। °मीसय न [°मिश्रक] देखो °मिस्सिया। °रह पुं [°रथ] विख्यात राजा दशरथ के बड़े भाई का नाम। °विजय पुं भरतक्षेत्र के २४वें और ऐरवत क्षेत्र के बीसवें भावी तीर्थंकर का नाम। °वीरिय वि [°वीर्य] अनन्त बलवाला। पुं एक केवल-ज्ञानी मुनि का नाम। एक ऋषि, जो कार्तवीर्य के पिता थे। भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर का नाम। °संसारिय वि [°संसारिक] अनन्त काल तक संसार में जन्म-मरण पानेवाला। °सेण पुं [°सेन] चौथा कुलकर। एक अन्तकृद् मुनि।

अणंतइ पुं [अनन्तजित्] चालू काल के चौदहवें जिन-देव।

अणंतग } देखो अणंत। न. वस्त्र-विशेष।
अणंतय } पुं ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव।

अणंतर वि [अनन्तर] व्यवधान-रहित। पुं, वर्तमान समय।

अणंतरहिय वि [अनन्तर्हित] अव्यवहित। सजीव, सचित्त, चेतन।

अणंताणुबंधि पुं [अनन्तानुबन्धिन्] अनन्त काल तक आत्मा को संसार में भ्रमण करानेवाले कषायों की चार चौकड़ियों में प्रथम चौकड़ी, अतिप्रचंड क्रोध, मान, माया और लोभ।

अणंस वि [अनंश] अखण्ड।

अणक्क पुं [दे] एक म्लेच्छ देश। एक म्लेच्छ जाति।

अणक्ख पुं [दे] क्रोध। लज्जा।

अणक्खर न [अनक्षर] श्रुत-ज्ञान का एक भेद—वर्ण के बिना संपर्क के, छींकना, चुटकी बजाना, सिर हिलाना आदि संकेतों से दूसरे का अभिप्राय जानना।

अणगार वि [अनगार] जिसने घर-बार त्याग किया हो वह, साधु, यति, मुनि। घर-रहित, भिक्षुक। पुं. भरतक्षेत्र के भावी पाँचवें तीर्थंकर का एक पूर्वभवीय नाम। °सुय न [°श्रुत] 'सूत्रकृतांग' सूत्र का एक अध्ययन।

अणगार वि [ऋणकार] करजा करनेवाला। दुष्ट शिष्य, अपात्र।

अणगार वि [अनाकार] आकाररहित।

अणगारिय वि [आनगारिक] साधु-सम्बन्धी, मुनि का।

अणगाल पुं [अकाल] दुर्भिक्ष ।

अणगिण वि [अनग्न] जो नंगा न हो, वस्त्रों से आच्छादित । पुं. कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देता है ।

अणग्घ देखो अनघ ।

अणग्घ वि [ऋणघ्न] ऋण-नाशक, कर्म-नाशक ।

अणग्घ, अणग्घेय वि [अनर्घ्य] अमूल्य । महान्, गुरु । उत्तम ।

अणघ वि [अनघ] शुद्ध ।

अणच्छ देखो करिस = कृष् ।

अणच्छिआर वि [दे] अच्छिन्न ।

अणज्ज वि [अन्याय्य] अयोग्य, जो न्याययुक्त नहीं ।

अणज्ज वि [अनार्य] आर्य-भिन्न । खराब । पापी ।

अणज्जव (अप) ऊपर देखो । °खंड पुं [°खण्ड] अनार्य देश ।

अणज्झवसाय पुं [अनध्यवसाय] अव्यक्त ज्ञान, अति सामान्य ज्ञान ।

अणज्झाय पुं [अनध्याय] अध्ययन का अभाव । जिसमें अध्ययन निषिद्ध है वह काल ।

अणट्ट वि [अनार्त] आर्त-ध्यान से रहित ।

अणट्ठ पुं [अनर्थ] नुकसान । प्रयोजन का अभाव । वि. निष्कारण, वृथा । °दंड पुं [°दण्ड] निष्कारण हिंसा ।

अणड पुं [दे] जार, उपपति ।

अणड्ढ वि [अनर्ध] अखण्ड ।

अणण्ण वि [अनन्य] अभिन्न । मोक्ष-मार्ग । अद्वितीय । °तुल्ल वि [°तुल्य] अनुपम । °दंसि वि [°दर्शिन्] पदार्थ को सत्य-सत्य देखने वाला । °परम वि संयम, इन्द्रिय-निग्रह । °मण, °मणस वि [°मनस्क] एकाग्र चित्तवाला, तल्लीन । °समाण वि [°समान] अद्वितीय ।

अणत्त वि [अनात्त] अगृहीत ।

अणत्त [अनार्त्त] अपीडित ।

अणत्त वि [ऋणार्त्त] ऋण से पीड़ित ।

अणत्त वि [अनात्र] दुःखकर, सुख-नाशक ।

अणत्त न [दे] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य ।

अणत्थ देखो अणट्ठ ।

अणथंत वकृ [अतिष्ठत्] नहीं रहता हुआ । अस्त होता हुआ ।

अणपन्निय देखो अणवण्णिय ।

अणप्प वि [अनर्प्य] अर्पण करने के अयोग्य या अशक्य ।

अणप्प वि [अनल्प] अधिक ।

अणप्प पुं [अनात्मन्] आत्मा से परे । °ज्झ वि [°ज्ञ] मूर्ख । पागल, भूताविष्ट, परवश । °वसग वि [°वश] पराधीन ।

अणप्प पुं [दे] तलवार ।

अणप्पिय वि [अनर्पित] नहीं दिया हुआ । सामान्य । °णय पुं [°नय] सामान्य-ग्राही पक्ष ।

अणब्भंतर वि [अनभ्यन्तर] भीतरी तत्त्व को नहीं जाननेवाला ।

अणभिग्गह न [अनभिग्रह] 'सर्वे देवा वन्द्याः' इत्यादि रूप मिथ्यात्व का एक भेद ।

अणभिग्गहिय वि [अनभिगृहीत] कदाग्रह-शून्य । अस्वीकृत ।

अणभिण्ण वि [अनभिज्ञ] अजान, निर्बोध ।

अणभिलप्प वि [अनभिलाप्य] अनिर्वचनीय ।

अणमिस वि [अनिमिष] विकसित, खिला हुआ । निमेष-रहित ।

अणयार देखो अणगार ।

अणरण्ण पुं [अनरण्य] साकेतपुर का एक राजा, जो पीछे से ऋषि हुआ था ।

अणरह वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक ।

अणरहू स्त्री [दे] नवोढ़ा ।

अणरामय पुं [दे] अरति, बेचैनी।
अणराय वि [अराजक] राज-शून्य, जिसमें राजा न हो वह।
अणराह पुं [दे] सिर में पहनी जाती रंग-बिरंगी पट्टी।
अणरिक्क वि [दे] अवकाश-रहित, फुरसत-रहित। दधि, क्षीर आदि गोरस भोज्य।
अणरिह } वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक।
अणरुह }
अणलं अ [अनलम्] असमर्थ।
अणल पुं [अनल] अग्नि। वि. असमर्थ। अयोग्य।
अणव वि [ऋणवत्] करजदार। पुं. दिवस का छब्बीसवाँ मुहूर्त।
अणवकय वि [अनपकृत] जिसका अपकार न किया गया हो वह।
अणवगल्ल वि [अनवग्लान] ग्लानि-रहित, निरोग।
अणवच्च वि [अनपत्य] सन्तान-रहित।
अणवज्ज न [अनवद्य] पाप का अभाव, कर्म का अभाव। वि. निर्दोष निष्पाप।
अणवज्ज वि [अणवर्ज्य] ऊपर देखो।
अणवट्ठप्प वि [अनवस्थाप्य] जिसको फिरसे दीक्षा न दी जा सके ऐसा गुरु अपराध करने वाला। न. गुरुप्रायश्चित्त का एक भेद।
अणवट्ठिय वि [अनवस्थित] अव्यवस्थित, अनियमित। अस्थिर। पल्य-विशेष।
अणवण्णिय पुं [अणपन्निक, अणपर्णिक] वानव्यंतर देवों की एक जाति।
अणवत्थ वि [अनवस्थ] अव्यवस्थित, अनियमित, असमंजस।
अणवत्था स्त्री [अनवस्था] अवस्था का अभाव। एक तर्क-दोष। अव्यवस्था।
अणवदग्ग वि [दे] अनन्त। अविनाशी।
अणवद्द वि [अनवद्य] निर्दोष।
अणवयग्ग देखो अणवदग्ग।
अणवयमाण वक [अनपवदत्] अपवाद नहीं करता हुआ। सत्यवादी।
अणवरय वि [अनवरत] निरन्तर, अविच्छिन्न। न. हमेशा।
अणवराइस (अप) वि [अनन्यादृश] असाधारण।
अणवसर वि [अनवसर] आकस्मिक।
अणवाह वि [अबाध] बाधा-रहित।
अणवेक्खिय वि [अनपेक्षित] उपेक्षित, जिसकी परवाह न हो।
अणवेक्खिय वि [अनवेक्षित] नहीं देखा हुआ। नहीं सोचा हुआ। °कारि वि [°कारिन्] साहसिक। °कारिया स्त्री [°कारिता] साहस कर्म।
अणसण न [अनशन] आहार का त्याग, उपवास।
अणसिय वि [अनशित] उपोषित, उपवासी।
अणह वि [अनघ] निर्दोष, पवित्र।
अणह वि [दे] अक्षत, व्रणशून्य।
अहण न [अनभस्] पृथिवी।
अणहप्पणय वि [दे] विद्यमान।
अणहवणय वि [दे] तिरस्कृत।
अणहा स्त्री [अधुना] इस समय।
अणहारय पुं [दे] खल्ल, खला, जिसका मध्य-नीचा हो वह जमीन।
अणहिअअ वि [अहृदय] निठुर।
अणहिगय वि [अनधिगत] नहीं जाना हुआ। पुं. वह साधु, जिसको शास्त्रों का ज्ञान न हो।
अणहिण्ण देखो अअणभिण्ण।
अणहियास वि [अनध्यास] असहिष्णु।
अणहिल } न [अणहिल्ल] गुजरात देश की
अणहिल्ल } प्राचीन राजधानी। °वाडय न [पाटक] देखो अणहिल।
अणहीण वि [अनधीन] स्वतन्त्र, अनायत्त।
अणहुल्लिय वि [दे] जिसका फल प्राप्त न हुआ

हो वह।

अणाइ वि [अनादि] आदि-रहित। °णिहण, वि [°निधन] शाश्वत। °मंत, °वंत वि [मत्] अनादि काल से प्रवृत्त।

अणाइज्ज वि [अनादेय] अनुपादेय। नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव का वचन युक्त होने पर भी ग्राह्य नहीं समझा जाता है।

अणाइय वि [अनादिक] आदि रहित।

अणाइय वि [अज्ञातिक] स्वजन-रहित, अकेला।

अणाइय वि [अणातीत] पापिष्ठ।

अणाइय पुं [ऋणातीत] संसार।

अणाइय वि [अनादृत] जिसका आदर न किया हो वह।

अणाइल वि [अनाविल] अकलुषित, निर्मल।

अणाईअ देखो अणाइय।

अणाउ पुं [अनायुष्क] जिन-देव। मुक्तात्मा, सिद्ध।

अणाउल वि [अनाकुल] धीर।

अणाउत्त वि [अनायुक्त]बेख्याल, असावधान।

अणाएज्ज देखो अणाइज्ज।

अणागय पुं [अनागत] भविष्य काल। वि. भविष्य में होनेवाला। °द्धा स्त्री [°द्धा] भविष्य काल।

अणागलिय वि [अनर्गलित] नहीं रोका हुआ।

अणागलिय वि [अनाकलित]नहीं जाना हुआ, अलक्षित। अपरिमित।

अणागार वि [अनाकार] आकार-रहित। विशेषता-रहित। न. दर्शन, सामान्य ज्ञान।

अणाजीव वि [अनाजीव] आजीविका-रहित। आजीविका की इच्छा नहीं रखने वाला। निःस्पृह, निरीह।

अणाड पुं [दे] जार, उपपति।

अणाढिय वि [अनादृत] तिरस्कृत। पुं. जम्बू-द्वीप का अधिष्ठायक एक देव। स्त्री. जम्बूद्वीप के अधिष्ठायक देव की राजधानी।

अणाणुगामिय वि [अनानुगामिक] पीछे नहीं जानेवाला। न. अवधि-ज्ञान का एक भेद।

अणादि देखो अणाइ।

अणादिय } देखो अणाइय।
अणादीय }

अणादेज्ज देखो अणाइज्ज।

अणाभिग्गह न [अनाभिग्रह] मिथ्यात्व का एक भेद।

अणाभोग पुं [अनाभोग] अनुपयोग। न. मिथ्यात्वविशेष।

अणामिय वि [अनामिक] नाम-रहित। पुं. असाध्य रोग। स्त्री. कनिष्ठांगुली के ऊपर की अंगुली।

अणाय पुं [अनाक] मर्त्यलोक, मनुष्य-लोक।

अणाय पुं [अनात्मन्] आत्मा से परे।

अणायग वि [अज्ञातक] स्वजन-रहित, अकेला।

अणायग वि [अज्ञायक] अजान, निर्बोध।

अणायतण } न [अनायतन] वेश्या आदि
अणाययण } नीच लोगों का घर। जहाँ सज्जन पुरुषों का संसर्ग न होता हो वह स्थान। पतित साधुओं का स्थान। पशु, नपुंसक वगैरह के संसर्गवाला स्थान।

अणायत्त वि [अनायत्त] पराधीन।

अणायर पुं [अनादर] अ-बहुमान, अपमान।

अणायरण न [अनाचरण] अनाचार, खराब आचरण।

अणायरिय देखो अणज्ज = अनार्य।

अणायार देखो अणागार = अनाकार।

अणायार पुं [अनाचार] शास्त्र-निषिद्ध आचरण। गृहीत नियमों का जान-बूझ कर उल्लंघन करना, व्रत-भङ्ग।

अणारिय देखो अणज्ज = अनार्य ।

अणारिस वि [अनार्ष] जो ऋषि-प्रणीत न हो वह ।

अणारिस वि [अन्यादृश] दूसरे के जैसा ।

अणालत्त वि [अनालपित] अनुक्त, नहीं बुलाया हुआ ।

अणालवय पुं [अनालपक] मौन ।

अणाव सक [आ + नायय्] मंगवाना ।

अणावरण वि [अनावरण] आवरण-रहित । न. केवल-ज्ञान ।

अणाविट्ठि } अणावुट्ठि } स्त्री [अनावृष्टि] वर्षा का अभाव ।

अणाविल वि [अनाविल] स्वच्छ ।

अणासंसि वि [अनाशंसिन्] अनिच्छु, निस्पृह ।

अणासण देखो अणसण ।

अणासय पुं [अनाश, °क] अनशन, भोजनाभाव ।

अणासव वि [अनाश्रव] आश्रव-रहित । पुं. आश्रव का अभाव, संवर । अहिंसा, दया ।

अणासिय वि [अनशित] भूखा ।

अणाह वि [अनाथ] शरण-रहित । स्वामि-रहित । गरीब, बेचारा । पुं. एक जैन मुनि ।

अणाहार पुं [अनाहार] एक दिन का उपवास ।

अणाहि वि [अनाधि] मानसिक पीड़ा से रहित ।

अणाहिट्ठि पुं [अनाधृष्टि] एक अन्तकृद् मुनि ।

अणिइण देखो अणगिण ।

अणिइय वि [अनियत] अनियमित, अव्यवस्थित । पुं. संसार ।

अणिउंचिय वि [अनिकुञ्चित] टेढ़ा नहीं किया हुआ, सरल ।

अणिउंत } अणिउंतय } अणिउंत्तय } देखो अइमुत्त ।

अणिंदिय वि [अनिन्दित] जिसकी निन्दा न की गई हो वह, उत्तम । पुं. किन्नर देव की एक जाति ।

अणिंदिय वि [अनिन्द्रिय] इंद्रिय-रहित । पुं. मुक्त जीव । केवलज्ञानी । वि. अतीन्द्रिय ।

अणिंदिया स्त्री [अनिन्दिता] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी ।

अणिक्क वि [अनेक] एक से ज्यादा । °वाइ वि [°वादिन्] अनेकवादी ।

अणिक्किणी स्त्री [अनीकिनी] ऐसी सेना जिसमें २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०९३५ प्यादें हों ।

अणिगण } अणिगिण } देखो अणगिण ।

अणिग्गह वि [अनिग्रह] स्वच्छन्द, असंयत ।

अणिच्च वि [अनित्य] नश्वर, अस्थायी । °भावणा स्त्री [°भावना] सांसारिक पदार्थों की अनित्यता का चिन्तन । °णुप्पेहा स्त्री [°नुप्रेक्षा] देखो पूर्वोक्त अर्थ ।

अणिट्ठ वि [अनिष्ट] अप्रीतिकर, द्वेष्य ।

अणिण देखो अणिरिण ।

अणिदा स्त्री [दे.अनिदा] बिना ख्याल किये की गई हिंसा । चित्त की विकलता । ज्ञान का अभाव ।

अणिमा पुंस्त्री [अणिमन्] आठ सिद्धियों में एक सिद्धि, अत्यन्त छोटा बन जाने की शक्ति ।

अणिमिस न [अनिमिष] फल-विशेष ।

अणिमिस } अणिमेस } वि [अनिमिष, °मेष] निमेष शून्य । पुं मछली । देवता । °नयण पुं [नयन] देव ।

अणिय न [अनीक] सैन्य ।

अणिय न [अनृत] असत्य ।

अणिय न [दे] अग्र-भाग ।

अणिय वि [अनित्य] अस्थिर ।

अणियट्ट पुं [अनिवर्त] मोक्ष । एक महाग्रह ।

अणियट्टि वि [अनिवर्तिन्] निवृत्त नहीं होने-

वाला। न. शुक्ल-ध्यान का एक भेद। पुं. एक महाग्रह। आगामी उत्सर्पिणी काल में होने-वाले एक तीर्थंकर देव का नाम।

अणियट्टि वि [अनिवृत्ति] निवृत्ति-रहित, व्या-वृत्ति-वर्जित। नववाँ गुणस्थानक। °करण न आत्मा का विशुद्ध परिणाम-विशेष। °बादर न नववाँ गुण-स्थानक। नववें गुणस्थान में प्रवृत्त जीव।

अणियण देखो अणगिण।

अणियय वि [अनियत] अव्यवस्थित, अनिय-मित, कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देती है।

अणिया देखो अणिदा।

अणिया स्त्री [दे] धार, अग्र-भाग।

अणिरिक्क वि [दे] परतन्त्र।

अणिरिण वि [अनृण] ऋण-वर्जित।

अणिरुद्ध वि [अनिरुद्ध] अप्रतिहत। एक अन्तकृद् मुनि।

अणिल पुं [अनिल] पवन। एक अतीत तीर्थ-कर का नाम। राक्षस-वंशीय एक राजा।

अणिला स्त्री [अनिला] बाईसवें तीर्थंकर की एक शिष्या।

अणिल्ल न [दे] प्रभात।

अणिस न [अनिश] हमेशा।

अणिसट्ठ, अणिसिट्ठ वि [अनिसृष्ट] अनिक्षिप्त, असं-मत। ऐसी भिक्षा, जिसके मालिक अनेक हों और जो सबकी अनुमति से ली न गई हो। साधु की भिक्षा का एक दोष।

अणिसीह वि [अनिशीथ] शास्त्र-विशेष, जो प्रकाश में पढ़ा या पढ़ाया जाय।

अणिस्सकड वि [अनिश्रीकृत] जिस पर किसी खास व्यक्ति का अधिकार न हो, सर्व-साधारण।

अणिस्सिय वि [अनिश्रित] आसक्तिरहित, रुकावटरहित, अनाश्रित, किसी के साहाय्य की इच्छा न रखनेवाला। न. ज्ञान-विशेष, अव-ग्रहज्ञान का एक भेद, जो लिंग या पुस्तक के बिना ही होता है।

अणिह वि [अनीह] धीर, निष्कपट, निर्मम, निःस्पृह।

अणिह वि [अस्निह] स्नेहरहित।

अणिह वि [दे] सदृश, न. मुख।

अणिहय वि [अनिहत] अहत। °रिउ पुं [°रिपु] एक अन्तकृद् मुनि।

अणीइस वि [अनीदृश] इस माफिक नहीं, विलक्षण।

अणीय न [अनीक] सेना।

अणीयस पुं [अनीयस] एक अन्तकृद् मुनि का नाम।

अणीस वि [अनीश] असमर्थ।

अणीसकड देखो अणिस्सकड।

अणीहारिम वि [अनिर्हारिम] गुफा आदि में होनेवाला मरण-विशेष।

अणु अ [अनु] इन अर्थों का सूचक उपसर्ग-नजदीक, छोटा, परिपाटी, भीतर, लक्ष्य करना, योग्य, वीप्सा, बीच का भाग, अनु-कूल, हितकर, प्रतिनिधि, पीछे, बहुत, मदद करना। निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है।

अणु वि अल्प, छोटा, पुं. परमाणु। °मय वि [°मत] उत्तम कुल। °विरइ स्त्री [°विरति] देखो देसविरइ।

अणु पुं [दे] धान-विशेष, चावल की एक जाति।

°अणु स्त्री [तनु] शरीर।

अणुअ वि [अज्ञ] मूर्ख।

अणुअ पुं [दे] आकृति, आकार। पुंस्त्री. धान्य-विशेष।

अणुअ वि [अनुग] अनुसरण करनेवाला।

अणुअ वि [अनुज] पीछे से उत्पन्न। पुं. छोटा भाई। स्त्री. छोटी बहिन।

अणुअंच सक [अनु + कृष्] पीछे खींचना।

अणुअंप सक [अनु + कम्प्] दया करना।

अणुअंपा स्त्री [अनुकम्पा] दया, करुणा।

अणुअत्तय वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल आचरण करनेवाला, अनुसरण करनेवाला।
अणुअत्ति देखो अणुवत्ति।
अणुअर वि [अनुचर] सहायताकारी, सहचर, नौकर। अनुसरण-कर्ता।
अणुअल्ल न [दे] सुबह।
अणुआ स्त्री [दे] लाठी।
अणुआर पुं [अनुकार] अनुकरण।
अणुआस पुं [अनुकास] प्रसार, विकास।
अणुइअ पुं [दे] चना।
अणुइअ देखो अणुदिय।
अणुइण्ण वि [अनुकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ, नहीं गिरा हुआ।
अणुइण्ण वि [अनुद्गीर्ण] बाहर नहीं निकला हुआ।
अणुइण्ण देखो अणुचिण्ण।
अणुइण्ण देखो अणुदिण्ण।
अणुऊल वि [अनुकूल] अप्रतिकूल, प्रसन्न।
अणुऊल सक [अनुकूलय्] अनुकूल करना। प्रसन्न करना।
अणुओअ पुं [अनुयोग] व्याख्या, टीका, सूत्र का विस्तार से अर्थ-प्रतिपादन। पृच्छा।
अणुओइय वि [अनुयोजित] प्रवर्तित, प्रवृत्त कराया हुआ।
अणुओग देखो अणुओअ।
अप्पाअप्पि स्त्री [दे] औत्सुक्य।

अप्पाउड वि [अप्रावृत] अनाच्छादित।

अप्पाउय वि [अल्पायुष्क] थोड़ी आयुवाला।

अप्पाउरण वि [अप्रावरण] नग्न। न. वस्त्र का अभाव। वस्त्र नहीं पहनने का नियम।

अप्पाण देखो अप्प = आत्मन्। °रक्खि वि [°रक्षिन्] आत्मा की रक्षा करनेवाला।

अप्पाबहु न [अल्पबहुत्व] न्यूनाधिकता।

अप्पावय वि [अप्रावृत] वस्त्ररहित। बन्द नहीं किया हुआ।

अप्पाविय वि [अर्पित] दिया हुआ।

अप्पाह सक [सं + दिश्] संदेश देना, खबर पहुँचाना।

अप्पाह सक [आ + भाष्] संभाषण करना।

अप्पाह सक[अधि + आपय्]पढ़ाना-सिखाना। उपदेश देना। संदेश देना।

अप्पाहणी स्त्री [दे] संदेश, समाचार।

अप्पाहण्ण न [अप्राधान्य] गौणता।

अप्पिड्ढिय वि [अल्पर्द्धिक] अल्प संपत्ति वाला।

अप्पिण सक [अर्पय्] अर्पण करना।

अप्पिणिच्चिय वि [आत्मीय] निजी।

अप्पिय वि [अर्पित] दिया हुआ, भेंट किया हुआ। विवक्षित, प्रतिपादन करने को इष्ट।

अप्पिय वि [अप्रिय] अप्रीतिकर। न. मन का दुःख। चित्त की शंका।

अप्पीइ स्त्री [अप्रीति] अप्रेम, अरुचि ।
अप्पीकय वि [आत्मीकृत] आत्मा से संबद्ध ।
अप्पुट्ठ वि [अस्पृष्ट] नहीं छूआ हुआ, असंयुक्त ।
अप्पुट्ठ वि [अपृष्ट] नहीं पूछा हुआ ।
अप्पुण्ण वि [दे. आपूर्ण] पूर्ण ।
अप्पुल्ल वि [आत्मीय] आत्मा में उत्पन्न ।
अप्पुव्व देखो अपुव्व ।
अप्पेयव्व अप्प = अर्पय् का कृ. ।
अप्पोलि स्त्री [अप्रज्वलिता] कच्ची फल-फुलहरी ।
अप्पोल्ल वि [दे] नक्कर ।
अप्फडिअ वि [आस्फालित] आहत ।
अप्फाल सक [आ + स्फालय्] हाथ से आघात करना । पीटना । ताल ठोकना ।
अप्फालिय वि [आस्फालित] हाथ से ताडित, आहत । वृद्धि-प्राप्त, उन्नत ।
अप्फुंद सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना । जाना ।
अप्फुडिय देखो अफुडिय ।
अप्फुण्ण वि [दे. आक्रान्त] आक्रान्त, दबाया हुआ ।
अप्फुण्ण वि [अपूर्ण] अधूरा ।
अप्फुण्ण वि [दे. आपूर्ण] पूर्ण, भरा हुआ ।
अप्फुल्लय देखो अप्पुल्ल ।
अप्फोआ स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष ।
अप्फोड, अप्फोल } सक [आ + स्फोटय्] आस्फालन करना, हाथ से ताल ठोकना, ताड़न करना ।
अप्फोया स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष ।
अप्फोव वि [दे] वृक्षादि से व्याप्त, गहन ।
अफाय पुं [दे] भूमि-स्फोट, वनस्पति-विशेष ।
अफास वि [अस्पर्श] स्पर्श-रहित । खराब स्पर्श वाला ।
अफासुय वि [अप्रासुक] सजीव । अग्राह्य (भिक्षा) ।
अफुडिअ वि [अस्फुटित] अखण्डित, नहीं टूटा हुआ ।
अफुस वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य ।
अफुसिय वि [अभ्रान्त] भ्रम-रहित ।
अफुस्स देखो अफुस ।
अबंभ न [अब्रह्म] मैथुन । °चारि वि [°चारिन्] ब्रह्मचर्य नहीं पालनेवाला ।
अबद्धिय पुं [अबद्धिक] 'कर्मों का आत्मा से स्पर्श ही होता है, न कि क्षीर-नीर की तरह ऐक्य' ऐसा माननेवाला एक निह्नव—जैनाभास । न. उसका मत ।
अबला स्त्री महिला ।
अबस पुं [अबश] वडवानल ।
अबहिट्ठ न [दि. अबहित्थ] मैथुन, स्त्री-सङ्ग ।
अबहिम्मण वि [अबहिर्मनस्क] धर्मिष्ठ ।
अबहिल्लेस, अबहिल्लेस्स } वि [अबहिर्लेश्य] जिसकी चित्त-वृत्ति बाहर न घूमती हो, संयत ।
अबाधा देखो अबाहा ।
अबाहु पुं. देश-विशेष ।
अबाहा स्त्री [अबाधा] बाध का अभाव । व्यवधान, बाध-रहित समय ।
अबाहिरय वि [अबाह्य] आभ्यन्तर ।
अबाहिरिय वि [अबाहिरिक] जिसके किले के बाहर व सति न हो ऐसा गाँव या शहर ।
अबीय देखो अबीय ।
अबुज्झ अ [अबुद्ध्वा] नहीं जान कर ।
अबुद्ध वि [अबुध] अजान, मूर्ख । अविवेकी ।
अबुद्धिय, अबुद्धीय } वि [अबुद्धिक] बुद्धि-रहित, मूर्ख ।
अबोहि पुंस्त्री [अबोधि] ज्ञान का अभाव । जैन धर्म की अप्राप्ति । बुद्धिविशेष का अभाव । मिथ्याज्ञान । वि. बोधि-रहित ।
अब्° स्त्री. ब. [अप्°] पानी ।
अब्बंभ देखो अबंभ ।
अब्बंभण्ण, अब्बम्हण्ण } न [अब्रह्मण्य] ब्रह्मण्य का अभाव ।

अब्बीय देखो अवीय ।

अब्बुद्धसिरी स्त्री [दे] इच्छा से भी अधिक फल की प्राप्ति ।

अब्बुय पुं [अर्बुद] आबू पर्वत ।

अब्बुय न [अर्बुद] जमा हुआ शुक्र और शोणित ।

अब्भ न [अभ्र] आकाश ।

अब्भ सक [आ + भिद्] भेदन करना ।

अब्भंग सक [अभि + अञ्ज्] तैल आदि से मर्दन करना ।

अब्भंग पुं [अभ्यङ्ग] तैल-मर्दन, मालिश ।

अब्भंगिएल्लय, अब्भंगिय } वि [अभ्यक्त] तैलादि से मर्दित, मालिश किया हुआ ।

अब्भंतर न [अभ्यन्तर] भीतर, में । वि. भीतर का, भीतरी । समीप का । °ठाणिज्ज वि [°स्थानीय] नजदीक के सम्बन्धी, कौटुम्बिक लोग । °तव पुं [°तपस्] विनय, वैयावृत्य, प्रायश्चित्त, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग रूप अन्तरंग तप । °परिसा स्त्री [°परिषद्] मित्र आदि समान जनों की सभा । °लद्धि स्त्री [°लब्धि] अवधिज्ञान का एक भेद । °संबुक्का स्त्री [°शम्बूका] भिक्षा की एक चर्या, गतिविशेष । °सगडुद्धिया स्त्री [°शकटोद्धिका] कायोत्सर्ग का एक दोष ।

अब्भंसि वि [अभ्रंशिन्] भ्रष्ट नहीं होनेवाला । अनष्ट ।

अब्भक्खइज्ज देखो अब्भक्खा ।

अब्भक्खण न [दे] अपयश ।

अब्भक्खा सक [अभ्या + ख्या] दोषारोप करना ।

अब्भक्खाण न [अभ्याख्यान] झूठा अभियोग ।

अब्भट्ठ देखो अब्भत्थिय ।

अब्भड अ [दे] पीछे जाकर ।

अब्भणुजाण सक [अभ्यनु + ज्ञा] अनुमति देना, सम्मति देना ।

अब्भणुण्णा [अभ्यनुज्ञा] अनुमति ।

अब्भणुण्णाय वि [अभ्यनुज्ञात] अनुमत, संमत ।

अब्भण्ण न [अभ्यर्ण] निकट । वि. समीपस्थ । °पुर न. नगर-विशेष ।

अब्भत्त वि [अभ्यक्त] तैलादि से मर्दित, मालिश किया हुआ ।

अब्भत्थ वि [अभ्यस्त] पठित । शिक्षित ।

अब्भत्थ सक [अभि+अर्थय्] सत्कार करना । प्रार्थना करना ।

अब्भपडल न [दे] उपधातु-विशेष, अभ्रक ।

अब्भपिसाअ पुं [दे. अभ्रपिशाच] राहु ।

अब्भय पुं [अर्भक] बालक ।

अब्भय पुं [अभ्रक] अबरख ।

अब्भरहिय वि [अभ्यर्हित] सत्कारप्राप्त, गौरवशाली ।

अब्भवहरिय वि [अभ्यवहृत] भुक्त ।

अब्भवहार पुं [अभ्यवहार] भोजन ।

अब्भवालुया स्त्री [दे] अभ्रक का चूर्ण ।

अब्भव्व देखो अभव्व ।

अब्भस सक [अभि + अस्] सीखना, अभ्यास करना ।

अब्भहर पुं [दे] अभ्रक ।

अब्भहिय वि [अभ्यधिक] विशेष, ज्यादा ।

अब्भाअच्छ वि [अभ्या+गम्] संमुख आना ।

अब्भाइक्ख देखो अब्भक्खा ।

अब्भागम पुं [अभ्यागम] संमुखागमन । समीप स्थिति ।

अब्भागमिय, अब्भागय } वि [अभ्यागत] संमुखागत । पुं. आगन्तुक, अतिथि ।

अब्भायत्त, अब्भायत्थ } वि [दे] वापस आया हुआ ।

अब्भास पुं [अभ्यास] गुणकार ।

अब्भास न [अभ्यास] नजदीक । वि. समीपवर्ती । पुं. पढ़ाई, सीख । आवृत्ति । आदत । आवृत्ति से उत्पन्न संस्कार । गणित का संकेत-विशेष ।

अब्भास सक [अभि + अस्] अभ्यास करना, आदत डालना ।

अब्भाहय वि [अभ्याहत] आघात-प्राप्त ।

अब्भिंग देखो **अब्भंग** = अभि + अंज् ।

अब्भिंग देखो **अब्भंग** = अभ्यंग ।

अब्भितर देखो **अब्भंतर** ।

अब्भितरिय वि [आभ्यन्तरिक] भीतर का, अन्तरंग ।

अब्भितरुद्धि पुं [अभ्यन्तरोध्विन्] कायोत्सर्ग का एक दोष, दोनों पैर के अंगूठों को मिलाकर और एड़ियों को बाहर फैलाकर किया जाता ध्यान-विशेष ।

अब्भिट्ठ वि [दे] संगत, सामने आकर भिड़ा हुआ ।

अब्भिड सक [सं + गम्] संगति करना, मिलना ।

अब्भिडिअ वि [दे] सार, मजबूत ।

अब्भिण्ण वि [अभिन्न] भेदरहित ।

अब्भुअ देखो **अब्भुदय** ।

अब्भुक्ख सक [अभि + उक्ष्] सींचन करना ।

अब्भुक्खणीया स्त्री [अभ्युक्षणीया] सीकर, आसार, पवन से गिरता जल ।

अब्भुगम पु [अभ्युद्गम] उदय, उन्नति ।

अब्भुग्गय वि [अभ्युद्गत] उन्नत । उत्पन्न । उठाया हुआ । चारों तरफ फैला हुआ ।

अब्भुग्गय वि [अभ्रोद्गत] ऊंचा, उन्नत ।

अब्भुच्चय पुं [अभ्युच्चय] समुच्चय ।

अब्भुज्जय वि [अभ्युद्यत] उद्यत । तैयार । पुं. एकाकी विहार । जिनकल्पिक मुनि ।

अब्भुट्ठ उभ [अभ्युत् + स्था] आदर करने के लिए खड़ा होना । प्रयत्न करना । तैयारी करना ।

अब्भुट्ठा देखो **अब्भुट्ठ** ।

अब्भुट्ठेत्तु [अभ्युत्थातृ] अभ्युत्थान करनेवाला ।

अब्भुण्णय वि [अभ्युन्नत] उन्नत, ऊंचा । उत्तेजित ।

अब्भुत्त अक [स्ना] स्नान करना ।

अब्भुत्त अक [प्र + दीप्] प्रकाशित होना । उत्तेजित होना ।

अब्भुत्थ वि [अभ्युत्थ] उत्पन्न ।

अब्भुत्थ }
अब्भुत्था } देखो **अब्भुट्ठा** ।

अब्भुदय पु [अभ्युदय] उन्नति, उदय ।

अब्भुद्धर सक [अभ्युद् + धृ] उद्धार करना ।

अब्भुब्भड वि [अभ्युद्भट] अत्युद्भट, विशेष उद्धत ।

अब्भुय न [अद्भुत] आश्चर्य । वि. आश्चर्यकारक । पु. साहित्य शास्त्र प्रसिद्ध रसों में से एक ।

अब्भुवगच्छ सक [अभ्युप + गम्] स्वीकार करना । पास जाना ।

अब्भुवगम पुं [अभ्युपगम] स्वीकार । तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध सिद्धान्त-विशेष ।

अब्भुवगय वि [अभ्युपगत] स्वीकृत । समीप में गया हुआ ।

अब्भुववण्ण वि [अभ्युपपन्न] अनुगृहीत ।

अब्भुववत्ति स्त्री [अभ्युपपत्ति] मेहरबानी ।

अब्भुवे सक [अभ्युप + इ] स्वीकार करना ।

अब्भो देखो **अव्वो** ।

अब्भोक्खिय वि [अभ्युक्षित] सींचा हुआ ।

अब्भोज्ज वि [अभोज्य] भोजन के अयोग्य ।

अब्भोय (अप) देखो आभोग ।

अब्भोवगमिय वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत । °ा स्त्री [°ा] स्वेच्छा से स्वीकृत तपश्चर्यादि की वेदना ।

अब्भिड देखो **अब्भिड** ।

अब्हुत्त देखो **अब्भुत्त** ।

अभग्ग वि [अभग्न] अखण्डित । इस नाम का एक चोर ।

अभत्त वि [अभक्त] भक्ति नहीं करनेवाला । न. भोजन का अभाव । °ट्ठ पु [°ार्थ]

मार्गदर्शक :– आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उपवास। °ट्ठिय वि [°र्थिक] उपोषित, जिसने उपवास किया हो वह।

अभय न. भय का अभाव, धैर्य। जीवित, मरण का अभाव। वि. निर्भीक। पुं. राजा श्रेणिक का एक विख्यात पुत्र और मन्त्री, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी। °कुमार पुं. देखो अनन्तरोक्त अर्थ। °दय वि. भय-विनाशक, जीवित-दाता। °दाण न [°दान] जीवित-दान। °देव पुं. कई एक विख्यात जैनाचार्य और ग्रन्थकारों का नाम। °प्पदाण न [°प्रदान] जीवित का दान। °वत्त न [°वत्त्व] निर्भयता। °सेण पुं [°सेन] एक राजा का नाम।

अभयकरा स्त्री. भगवान् अभिनन्दन की दीक्षा-शिबिका।

अभया स्त्री. हरीतकी। राजा दधिवाहन की स्त्री का नाम।

अभयारिट्ठ न [अभयारिष्ट] मद्य-विशेष।

अभाअ वि [अभाग] अस्थान, अयोग्य स्थान।

अभाइ वि [अभागिन्] अभागा। हत-भाग्य।

अभागधेज्ज वि [अभागधेय] ऊपर देखो।

अभाव पुं. ध्वंस, नाश। अविद्यमानता। असत्व। असम्भव। अशुभ परिणाम।

अभाविय वि [अभावित] अयोग्य, अनुचित।

अभासग }
अभासय } वि [अभाषक] बोलने की शक्ति जिसको उत्पन्न न हुई हो वह। नहीं बोलनेवाला। पुं. केवल त्वगिन्द्रियवाला, एकेन्द्रिय जीव। मुक्त आत्मा।

अभासा स्त्री [अभाषा] असत्य वचन। सत्य-मिश्रित असत्य वचन।

अभि अ. इन अर्थों का सूचक उपसर्ग—संमुख, चारों ओर। बलात्कार। उल्लंघन। अत्यन्त। लक्ष्य। प्रतिकूल। विकल्प। संभावना। निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है।

अभिअण पुं [अभिजन] कुल। जन्मभूमि।

अभिआवण्ण वि [अभ्यापन्न] संमुख-आगत।

अभिइ स्त्री [अभिजित्] नक्षत्र-विशेष।

अभिइ सक [अभि + इ] संमुख जाना।

अभिउंज देखो अभिजुंज।

अभिओअ }
अभिओग } पुं [अभियोग] उद्यम। आज्ञा। बलात्कार। बलात्कार से कोई भी कार्य में लगाना। पराभव। वशीकरण, वश करने का चूर्ण या मन्त्र-तन्त्रादि। अभिमान। आग्रह। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] विद्याविशेष। देखो अहिओय।

अभिओगी स्त्री [आभियोगी] भावना-विशेष, ध्यान-विशेष, जो अभियोगिक देव-गति (नौकर-स्थानीय देव-जाति) में उत्पन्न होने का हेतु है।

अभिओयण न [अभियोजन] देखो अभि-ओग।

अभिग }
अभिज } देखो अब्भंग।

अभिकंख सक [अभि + काङ्क्ष्] चाहना।

अभिकंखा स्त्री [अभिकाङ्क्षा] इच्छा।

अभिक्कंत वि [अभिक्रान्त] गत, अतिक्रान्त। संमुख गत। आरब्ध। उल्लंघित।

अभिक्कम सक [अभि + क्रम्] जाना, गुजरना। सामने जाना। उल्लंघन करना। शुरू करना।

अभिक्ख }
अभिक्खणं } अ [अभीक्ष्ण] बारंबार।

अभिक्खा स्त्री [अभिख्या] नाम।

अभिगच्छ सक [अभि + गम्] प्राप्त करना। सामने जाना।

अभिगज्ज अक [अभि + गर्ज्] गर्जना।

अभिगम देखो अभिगच्छ।

अभिगम पुं [अभिगम] प्राप्ति, स्वीकार। आदर। (गुरु का) उपदेश। ज्ञान, निश्चय। सम्यक्त्व का एक भेद। प्रवेश।

अभिगय वि [अभिगत] प्राप्त। सत्कृत। उपदिष्ट। प्रविष्ट। ज्ञात, निश्चित।

अभिगहिय न [अभिग्रहिक] मिथ्यात्वविशेष।

अभिगिज्झ अक [अभि + गृध्] अति लोभ करना, आसक्त होना।

अभिगिण्ह सक [अभि + ग्रह्] ग्रहण करना, स्वीकारना।

अभिग्गह पुं [अभिग्रह] प्रतिज्ञा। जैन साधुओं का आचारविशेष। प्रत्याख्यान, (नियम विशेष) का एक भेद। हठ। एक प्रकार का शारीरिक विनय।

अभिग्गहणी स्त्री [अभिग्रहणी] भाषा का एक भेद, असत्य-मृषा वचन।

अभिग्गहिय वि [अभिग्रहिक] अभिग्रहवाला।

अभिग्गहिय वि [अभिगृहीत] जिसके विषय में अभिग्रह किया गया हो वह।

अभिघट्ट सक [अभि + घट्ट्] वेग से जाना।

अभिघाय पुं [अभिघात] प्रहार, मार-पीट, हिंसा।

अभिचंद पुं [अभिचन्द्र] यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी। इस नाम का एक कुलकर पुरुष। मुहूर्त-विशेष।

अभिजण देखो अभिअण।

अभिजस न [अभियशस्] इस नाम का एक जैन साधुओं का कुल (एक आचार्य की संतति)।

अभिजाइ स्त्री [अभिजाति] कुलीनता।

अभिजाण सक [अभि+ज्ञा] जानना।

अभिजात पुं. पक्ष का ग्यारहवाँ दिन।

अभिजाय वि [अभिजात] उत्पन्न। कुलीन।

अभिजुंज अक [अभि + युज्] मन्त्रतन्त्रादि से वश करना। कोई कार्य में लगाना। आलिंगन करना। याद दिलाना।

अभिजुत्त वि [अभियुक्त] व्रत-नियम में जिसने दूषण न लगाया हो वह। पण्डित। दुश्मन से घिरा हुआ।

अभिज्झा स्त्री [अभिध्या] लोभ, आसक्ति।

अभिज्झिय वि [अभिध्यित] वांछित।

अभिट्ठिअ वि [अभीष्ट] अभिलषित।

अभिट्ठुय वि [अभिष्टुत] वर्णित, प्रशंसित।

अभिड्डुय देखो अभिद्दुय।

अभिणंद सक [अभि + नन्द्] स्तुति करना। आशीर्वाद देना। प्रीति करना। खुशी मनाना। चाहना, बहुमान करना।

अभिणंदण न [अभिनन्दन] अभिनन्दन। पुं. वर्तमान अवसर्पिणीकाल के चतुर्थ जिनदेव। लोकोत्तर श्रावणमास।

अभिणय पुं [अभिनय] शारीरिक चेष्टा के द्वारा हृदय का भाव प्रकाशित करना, नाट्य-क्रिया।

अभिणव वि [अभिनव] नया।

अभिणिक्खंत वि [अभिनिष्क्रान्त] दीक्षित।

अभिणिगिण्ह सक [अभिनि + ग्रह्] रोकना।

अभिणिचारिया स्त्री [अभिनिचारिका] भिक्षा के लिए गति-विशेष।

अभिणिपया स्त्री [अभिनिप्रजा] अलग-अलग रही हुई प्रजा।

अभिणिबुज्झ सक [अभिनि + बुध्] जानना, इन्द्रिय आदि द्वारा निश्चित रूप से ज्ञान करना।

अभिणिबोह पुं [अभिनिबोध] ज्ञान-विशेष, मति-ज्ञान।

अभिणियट्टण न [अभिनिवर्त्तन] वापस जाना।

अभिणिविट्ठ वि [अभिनिविष्ट] तीव्र रूप से निविष्ट। आग्रही।

अभिणिवेस पुं [अभिनिवेश] आग्रह।

अभिणिवेह पुं [अभिनिवेध] उलटा मापना।

अभिणिव्वागड वि [दे. अभिनिर्व्याकृत] भिन्न परिधि वाला, पृथग्भूत (घर वगैरह)।

अभिणिव्वट्ट सक [अभिनि + वृत्] रोकना, प्रतिषेध करना।

अभिणिव्वट्ट सक [अभिनिर् + वृत्] संपादित करना, निष्पन्न करना। उत्पन्न करना।

अभिणिव्वुड वि [अभिनिर्वृत्त] मुक्त। शान्त,

अकुपित। पाप से निवृत्त।

अभिणिसज्जा स्त्री [अभिनिषद्या] जैन साधुओं के स्वाध्याय करने का स्थान-विशेष।

अभिणिसट्ठ } वि [अभिनिसृष्ट] बाहर
अभिणिसिट्ठ } निकला हुआ।

अभिणिसेहिया स्त्री [अभिनैषेधिकी] जैन साधुओं के स्वाध्याय करने का स्थान-विशेष।

अभिणिस्सव अक [अभिनिर् + स्रु] निकलना।

अभिणी सक [अभि + नी] अभिनय करना।

अभिणूम न [अभिनूम] माया, कपट।

अभिण्ण वि [अभिज्ञ] जानकार, निपुण।

अभिण्ण वि [अभिन्न] अत्रुटित, अविदारित, अखण्डित।

अभिण्णपुड पुं[दे]खाली पुड़िया, लोगों को ठगने के लिए लड़के जिसको रास्ता पर रख देते हैं।

अभिण्णाण न [अभिज्ञान] निशानी।

अभिण्णाय वि [अभिज्ञात] विदित।

अभितज्ज सक [अभि + तर्ज्] तिरस्कार करना, ताड़न करना।

अभितत्त वि [अभितप्त] तपाया हुआ, गरम किया हुआ।

अभितव सक [अभि + तप्] तपाना। पीड़ा करना।

अभिताव सक [अभि + तापय्] तपाना, गरम करना। पीड़ित करना।

अभिताव पुं [अभिताप] दाह। पीड़ा।

अभितास सक [अभि + त्रासय्] त्रास उपजाना, भयभीत करना।

अभित्थु सक [अभि + स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना, वर्णन करना।

अभित्थुय वि [अभिष्टुत] स्तुत, श्लाघित।

अभिथु देखो अभित्थु।

अभिदुग्ग वि [अभिदुर्ग] दुःखोत्पादक स्थान। अतिविषम स्थान।

अभिद्दव सक [अभि + द्रु] दुःख उपजाना, हैरान करना।

अभिद्दविय वि [अभिद्रुत] उपद्रुत, हैरान किया हुआ।

अभिद्दुय देखो अभिद्दविय।

अभिधाइ वि [अभिधायिन्] वाचक, कहनेवाला।

अभिधार सक [अभि + धारय्] चिन्तन करना। स्पष्ट करना। धारण करना।

अभिधेज्ज } पुं [अभिधेय] अर्थ, वाच्य,
अभिधेय } पदार्थ।

अभिनंदि स्त्री [अभिनंदि] आनन्द, खुशी।

अभिनिक्खम अक [अभिनिर् + क्रम्] दीक्षा (संन्यास) लेना, दीक्षा लेने की इच्छा करना।

अभिनिवेस सक [अभिनि + वेशय्] स्थापन करना। करना।

अभिनिवेसिय न [अभिनिवेशिक] मिथ्यात्व का एक प्रकार, सत्य वस्तु का ज्ञान होने पर भी उसे नहीं मानने का दुराग्रह।

अभिनिव्वट्ट अक [अभिनि + वृत्] पृथक् होना।

अभिनिव्वट्ट सक [अभिनिर् + वृत्] खींचना।

अभिनिव्वागड वि [अभिनिर्व्याकृत] विभिन्न द्वार वाला (मकान)।

अभिनिव्विट्ठ वि [अभिनिर्विष्ट] संजात, उत्पन्न।

अभिनिसढ वि [अभिनिःसट] जिसका स्कन्ध प्रदेश बाहर निकल आया हो वह।

अभिनिस्सव अक [अभिनि + स्रु] टपकना, झरना।

अभिपल्लाणिय वि [अभिपर्याणित] अध्यारोपित, ऊपर रखा हुआ।

अभिपवुट्ठ वि [अभिप्रवृष्ट] बरसा हुआ।

अभिपाइय वि [आभिप्रायिक] अभिप्राय सम्बन्धी, मनःकल्पित।

अभिप्पाय पुं [अभिप्राय] आशय, मनपरिणाम।

अभिप्पेय वि [अभिप्रेत] इष्ट, अभिमत।

अभिभव सक [अभि + भू] पराभव करना, परास्त करना।
अभिभास सक [अभि + भाष्] संभाषण करना।
अभिभूइ स्त्री [अभिभूति] पराभव, अभिभव।
अभिभूय वि [अभिभूत] पराभूत, पराजित।
अभिमंत सक [अभि + मन्त्रय्] मंत्रित करना, मन्त्र से संस्कारना।
अभिमन्न सक [अभि + मन्] अभिमान करना। सम्मत करना।
अभिमय वि [अभिमत] इष्ट, अभिप्रेत।
अभिमाण पुं [अभिमान] अभिमान, गर्व।
अभिमार पुं [अभिमार] वृक्ष-विशेष।
अभिमुह वि[अभिमुख]संमुख, सामने स्थित।
अभियागम पुं [अभ्यागम] संमुख आगमन।
अभियावन्न वि [अभ्यापन्न] संमुख प्राप्त।
अभिरइ स्त्री [अभिरति] रति, संभोग। प्रीति, अनुराग।
अभिरम अक [अभि + रम्] क्रीड़ा करना, संभोग करना। प्रीति करना। तल्लीन होना, आसक्ति करना।
अभिरय वि [अभिरत] अनुरक्त। तल्लीन, तत्पर।
अभिराम वि [अभिराम] सुन्दर, मनोहर।
अभिराम सक [अभि + रामय्] तत्परता से कार्य में लगाना।
अभिरुइय वि [अभिरुचित] पसंद, मन का अभिमत।
अभिरुय सक [अभि + रुच्] पसंद पड़ना, रुचना।
अभिरूवंसि वि [अभिरूपिन्] सुन्दर रूप-वाला, मनोहर।
अभिरुह सक [अभि + रुह्] रोकना। ऊपर चढ़ना, आरोहना।
अभिरोहिय वि [अभिरोधित] चारों ओर से निरुद्ध, रोका हुआ।

अभिरोहिय वि [अभिरोहित] ऊपर देखो।
अभिलंघ सक [अभि + लङ्घ्] उल्लंघन करना।
अभिलप्प वि [अभिलाप्य] कथन-योग्य, निर्वचनीय।
अभिलस सक [अभि + लष्] चाहना।
अभिलाअ } पुं [अभिलाप] शब्द, ध्वनि।
अभिलाव } संभाषण।
अभिलास पुं [अभिलाष] इच्छा, चाह।
अभिलासुग वि [अभिलाषुक] अभिलाषी।
अभिलोयण न [अभिलोकन] जहाँ खड़े रह कर दूर की चीज देखी जाय वह स्थान।
अभिलोयण न [अभिलोचन] ऊपर देखो।
अभिवंद सक [अभि + वन्द्] नमस्कार करना, प्रणाम करना।
अभिवंदय वि[अभिवन्दक]प्रणाम करनेवाला।
अभिवड्ढ अक [अभि + वृध्] बढ़ना, बड़ा होना, उन्नत होना।
अभिवड्ढि देखो अभिवुड्ढि।
अभिवड्ढि देखो अहिवड्ढि (इक)।
अभिवड्ढिय वि [अभिवर्धित] बढ़ाया हुआ। अधिक मास। अधिक मासवाला वर्ष।
अभिवड्ढे सक [अभि + वर्धय्] बढ़ाना।
अभिवत्त वि [अभिव्यक्त] आविर्भूत।
अभिवत्ति स्त्री [अभिव्यक्ति] प्रादुर्भाव।
अभिवय सक [अभि + व्रज्] सामने जाना।
अभिवात पुं [अभिवात] सामने का पवन। सामने का पवन। प्रतिकूल (गरम या रूक्ष) पवन।
अभिवाद } सक [अभि + वादय्] प्रणाम
अभिवाय } करना। नमस्कार करना।
अभिवाय देखो अभिवात।
अभिवाहरण न [अभिव्याहरण] बुलाहट, पुकार।
अभिवाहार पुं [अभिव्याहार] प्रश्नोत्तर, सवाल-जवाब।

अभिविहि पुंस्त्री [अभिविधि] मर्यादा, व्याप्ति।
अभिवुट्ठि स्त्री [अभिवृष्टि] वृष्टि, वर्षा।
अभिवुड्ढ देखो अभिवड्ढ।
अभिवुड्ढि स्त्री [अभिवृद्धि] वृद्धि, बढ़ाव। उत्तरभाद्रपद नक्षत्र का अधिष्ठाता देव।
अभिवुड्ढे देखो अभिवड्ढे।
अभिवेदणा स्त्री [अभिवेदना] अत्यन्त पीड़ा।
अभिव्वंजण न [अभिव्यञ्जन] देखो अभि-वत्ति।
अभिव्वाहार देखो अभिवाहार।
अभिसंकण न [अभिशङ्कन] शंका, वहम।
अभिसंका स्त्री [अभिशङ्का] संशय, संदेह।
अभिसंकि वि [अभिशङ्किन्] संदेह करनेवाला। भीरु, डरनेवाला।
अभिसंग पुं [अभिष्वङ्ग] आसक्ति।
अभिसंजाय वि [अभिसंजात] उत्पन्न।
अभिसंथुण सक [अभिसं + स्तु] स्तुति करना, वर्णन करना।
अभिसंधारण न [अभिसंधारण] पर्यालोचन, विचारना।
अभिसंधि पुंस्त्री [अभिसंधि] आशय, अभि-प्राय।
अभिसंधिय वि [अभिसंहित] गृहीत, उपात्त।
अभिसंभूय वि [अभिसंभूत] उत्पन्न, प्रादुर्भूत।
अभिसंबुद्ध वि [अभिसंबुद्ध] ज्ञान-प्राप्त, बोध-प्राप्त।
अभिसंवुड्ढ वि [अभिसंवृद्ध] बढ़ा हुआ, उन्नत अवस्था को प्राप्त।
अभिसमण्णागय वि [अभिसमन्वागत] अच्छी तरह जाना हुआ, सुनिर्णीत। व्यवस्थित। प्राप्त, लब्ध।
अभिसमागम सक [अभिसमा + गम्] सामने जाना। प्राप्त करना। निर्णय करना, ठीक-ठीक जानना।
अभिसमे सक [अभिसमा + इ] देखो अभि-समागम=अभिसमा + गम्।
अभिसर सक [अभि + सृ] प्रिय के पास जाना।
अभिसव पुं [अभिषव] मद्य आदि का अर्क। मद्य-मांस आदि से मिश्रित चीज।
अभिसारिआ देखो अहिसारिआ।
अभिसिंच सक [अभि + सिच्] अभिषेक करना।
अभिसित्त वि [अभिषिक्त] जिसका अभिषेक किया गया हो वह।
अभिसेअ, अभिसेग पुं [अभिषेक] राजा, आचार्य आदि पद पर आरूढ़ करना। स्नान-महोत्सव। स्नान। जहाँ पर अभिषेक किया जाता है वह स्थान। शुक्र-शोणित का संयोग। वि. आचार्य आदि पद के योग्य। अभिषिक्त।
अभिसेगा स्त्री [अभिषेका] संन्यासिनी। साध्वियों की मुखिया, प्रवर्तिनी।
अभिसेज्जा स्त्री [अभिशय्या] देखो अभिणि-सज्जा। भिन्न स्थान।
अभिसेवण न [अभिषेवण] पूजा, सेवा, भक्ति।
अभिसेवि वि [अभिषेविन्] सेवा-कर्ता।
अभिस्संग पुं [अभिष्वङ्ग] आसक्ति।
अभिहट्टु अ [अभिहृत्य] जबरदस्ती करके।
अभिहड वि [अभिहृत] सामने लाया हुआ। जैन साधुओं की भिक्षा का एक दोष।
अभिहण सक [अभि + हन्] मारना, हिंसा करना।
अभिहय वि [अभिहत] मारा हुआ, आहत।
अभिहा स्त्री [अभिधा] नाम।
अभिहाण न [अभिधान] नाम। वाचक, शब्द। कथन, उक्ति। उच्चारण। कोशग्रन्थ।
अभिहिय वि [अभिहित] कथित।
अभिहेअ वि [अभिधेय] वाच्य, पदार्थ।
अभीइ, अभीजि स्त्री [अभिजित्] नक्षत्रविशेष। पुं. एक राजकुमार। राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी।

अभीरु वि. निडर । स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना ।

अभेज्झा देखो अभिज्झा ।

अभोज्ज वि [अभोज्य] भोजन के अयोग्य । °घर न [°गृह] भिक्षा के लिए अयोग्य घर, धोबी आदि नीच जाति का घर ।

अम सक [अम्] जाना । आवाज करना । खाना । पीड़ना । अक. रोगी होना ।

अमग्ग पुं [अमार्ग] खराब रास्ता । मिथ्यात्व, कषाय आदि हेय पदार्थ । कुमत, कुदर्शन ।

अमग्घाय पुं [अमाघात] वध का अटकाव । मारिनिवारण, अभय-घोषणा ।

अमच्च पुं [अमात्य] मन्त्री ।

अमच्च पुं [अमर्त्य] देव ।

अमज्झ वि [अमध्य] मध्यरहित, अखण्ड । परमाणु ।

अमण न [अमन] ज्ञान, निर्णय । अन्त, अवसान ।

अमण } वि [अमनस्क] अप्रीतिकर,
अमणक्ख } अभीष्ट । मनरहित ।

अमणाम वि [अमनआप] अनिष्ट, अमनोहर ।

अमणाम वि [अमनोम] ऊपर देखो ।

अमणाम वि [अवनाम] दुःखोत्पादक ।

अमणुस्स पुं [अमनुष्य] मनुष्य-भिन्न देव आदि । नपुंसक ।

अमत्त न [अमत्र] भाजन ।

अमम वि. ममता-रहित, निःस्पृह । पुं. आगामी काल में होने वाले एक जिनदेव का नाम । युग्म रूप से होने वाले मनुष्यों की एक जाति । दिन के २५ वें मुहूर्त का नाम । °त्त वि [°त्व] निःस्पृह, ममता-रहित ।

अमय वि [अमय] विकार-रहित ।

अमय न [अमृत] अमृत । क्षीर समुद्र का पानी । पुं. मोक्ष । वि. नहीं मरा हुआ । °कर पुं. चन्द्रमा । °किरण पुं. चन्द्र । °कुंड पुं [°कुण्ड] चांद । °घोस पुं [°घोष] एक राजा का नाम । °फल न. अमृतोपम फल । °मइय—°मय वि [°मय] अमृत-पूर्ण । °मऊह पुं [°मयूख] चन्द्र । °वल्लरि, °वल्लरी स्त्री. अमृतलता, बल्ली-विशेष, गुडूची । °वल्लि, °वल्ली स्त्री. बल्ली विशेष, गुडूची । °वास पुं [°वर्ष] सुधा-वृष्टि देखो अमिय = अमृत ।

अमय पुं [दि] चन्द्र । दैत्य ।

अमयघडिअ पुं [दि. अमृतघटित] चन्द्रमा ।

अमयणिग्गम पुं [दि. अमृतनिर्गम] चन्द्रमा ।

अमर वि [आमर] दिव्य, देव-सम्बन्धी ।

अमर पुं. देव । मुक्त आत्मा । भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र । अनन्तवीर्य नामक भावी जिनदेव के पूर्वजन्म का नाम । वि. मरण-रहित । °कंका स्त्री [°कङ्का] एक नगरी का नाम । °केउ पुं [°केतु] एक राजकुमार । °गिरि पुं. मेरु पर्वत । °गेह न. स्वर्ग । °चन्दण न [°चन्दन] हरिचन्दन वृक्ष । एक प्रकार का सुगन्धित काष्ठ । °तरु पुं. कल्प-वृक्ष । °दत्त पुं. एक श्रेष्ठि-पुत्र का नाम । °नाह पुं [°नाथ] इन्द्र । °पुर न. स्वर्ग । °पुरी स्त्री. स्वर्गपुरी, अमरावती । °पभ पुं [°प्रभ] वानर-द्वीप का एक राजा । °वइ पुं [°पति] इन्द्र । °वहू स्त्री [°वधू] देवी । °सामि पुं [°स्वामिन्] इन्द्र । °सेण पुं [°सेन] एक राजा का नाम । एक राजकुमार का नाम । °ालय त्रि. स्वर्ग । °ावई स्त्री [°ावती] देव-नगरी, स्वर्गपुरी । मर्त्यलोक की एक नगरी । राजा श्रीसेन की राजधानी ।

अमरंगणा स्त्री [अमराङ्गना] देवी ।

अमरिंद पुं [अमरेन्द्र] देवों का राजा, इन्द्र ।

अमरिस पुं [अमर्ष] असहिष्णुता । कदाग्रह । क्रोध ।

अमरिसण न [अमर्षण] ऊपर देखो । वि. असहिष्णु, क्रोधी । सहिष्णु, क्षमाशील ।

अमरिसण वि [अमसृण] उद्यमी ।

अमरिसिय वि [अमर्षित] मत्सरी, असहिष्णु।

अमरीस पुं [अमरेश] इन्द्र।

अमल वि. स्वच्छ। पुं. भगवान् ऋषभदेव के एक पुत्र का नाम।

अमला स्त्री. शक्र की एक अग्रमहिषी का नाम।

अमवस्सा देखो अमावस्सा।

अमाइ, अमाइल्ल } वि [अमायिन्] निष्कपट।

अमाघाय देखो अमग्घाय।

अमाण वि [अमान] गर्वरहित। असंख्य।

अमाय वि [अमात] नहीं समाया हुआ।

अमाय वि. निष्कपट।

अमारि स्त्री. हिंसा-निवारण। जीवितदान। °घोस पुं [°घोष] अहिंसा की घोषणा। °पडह पुं [°पटह] हिंसा-निषेध का डिण्डिम।

अमावसा, अमावस्सा, अमावासा } स्त्री [अमावास्या] तिथि विशेष, अमावस।

अमिज्ज वि [अमेय] माप करने के लिए अशक्य, असंख्य।

अमिज्झ न [अमेध्य] अशुचि वस्तु। विष्ठा।

अमित्त पुंन [अमित्र] रिपु, दुश्मन।

अमिय देखो अमय = अमृत। °कुंड न [°कुण्ड] नगर-विशेष का नाम। °गइ स्त्री [°गति] एक छन्द का नाम। °णाणि पुं [°ज्ञानिन्] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव का नाम। °भूय वि [भूत] अमृत-तुल्य। °मेह पुं [°मेघ] अमृतवर्षा। °रुइ पुं [°रुचि] चन्द्रमा।

अमिय वि [अमित] परिमाण-रहित, असंख्य, अनन्त। °गइ पुं [°गति] दक्षिण दिशा के एक इन्द्र का नाम, दिक्कुमारों का इन्द्र। °जस पुं [°यशस्] एक चक्रवर्ती राजा का नाम। °णाणि वि [°ज्ञानिन्] सर्वज्ञ। ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव का नाम। °तेय पुं. [°तेजस्] एक जैन मुनि का नाम। °बल पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम। °वाहण पुं [°वाहन] दिक्कुमार देवों के एक इन्द्र का नाम। °वेग पुं. राक्षस वंश के एक राजा का नाम। °सणिय वि [°सनिक] चंचल।

अमिल न [दे] ऊन का बना हुआ वस्त्र। पुं. मेष, भेड़।

अमिल वि [दे. आमिल] अमिल देश में बना हुआ।

अमिला स्त्री. बीसवें जिनदेव की प्रथम शिष्या। पाड़ी, छोटी भैंस।

अमिलाण, अमिलाय } वि [अम्लान] म्लान-रहित, ताजा, हृष्ट। पुं. कुरण्टक वृक्ष। कुरण्टक वृक्ष का पुष्प।

अमु स [अदस्] वह, अमुक।

अमुअ स [अमुक] वह, कोई।

अमुअ देखो अमय = अमृत।

अमुअ वि[अस्मृत]स्मरण में नहीं आया हुआ।

अमुइ वि [अमोचिन्] नहीं छोड़नेवाला।

अमुग देखो अमुअ = अमुक।

अमुगत्थ वि [अमुत्र] अमुक स्थान में।

अमुण वि [अज्ञ] अजान, मूर्ख।

अमुणिय वि [अज्ञान] मूर्ख, अजान।

अमुदग्ग, अमुयग्ग } न [अमुदग्र] अतीन्द्रिय मिथ्याज्ञान विशेष, जैसे देवताओं के पुद्गलरहित शरीर को देखकर जीव का शरीर पुद्गल से निर्मित नहीं है ऐसा निर्णय।

अमुस वि [अमृष] सत्य।

अमुह वि [अमुख] निरुत्तर।

अमुहरि वि [अमुखरिन्] अवाचाल, मितभाषी।

अमूढ वि. अमुग्ध, विचक्षण। °णाण न [°ज्ञान] सत्य-ज्ञान। °दिट्ठि स्त्री [दृष्टि]

सम्यग्दर्शन। अविचलित बुद्धि। वि. अविच-लित दृष्टिवाला, सम्यग्दृष्टि।

अमूस वि [अमृष] सत्यवादी।

अमेज्ज देखो अमिज्ज।

अमेज्झ देखो अमिज्झ।

अमोल्ल वि [अमूल्य] बहुमूल्य।

अमोसलि न [दे. अमुशलि] वस्त्रादि निरी-क्षण का एक प्रकार।

अमोह वि [अमोघ] अवन्ध्य, सफल। पुं. सूर्य के उदय और अस्त के समय किरणों के विकार से होने वाली रेखा विशेष। एक यक्ष का नाम। °दंसि वि [°दर्शिन्] ठीक-ठीक देखनेवाला। न. उद्यान-विशेष। पुं. यक्ष-विशेष। °पहारि वि [°प्रहारिन्] अचूक प्रहार करनेवाला, निशानबाज। °रह पुं [°रथ] इस नाम का एक रथिक।

अमोह पुं. मोह का अभाव, सत्यग्रह। रुचक पर्वत का एक शिखर। वि. निर्मोह।

अमोह पु [अमोघ] सूर्य-बिम्ब के नीचे कभी-कभी दीखती श्याम आदि वर्णवाली रेखा। पुंन. एक देवविमान।

अमोहा स्त्री [अमोघा] एक जम्बूवृक्ष, जिसके नाम से यह जम्बूद्वीप कहलाता है। एक पुष्करिणी।

अम्म देखो अंब = आम्ल।

अम्मएव पुं [आम्रदेव] एक जैन आचार्य।

अम्मगा देखो अम्मया।

अम्मच्छ वि [दे] असंबद्ध।

अम्मड देखो अंबड।

अम्मडी (अप) स्त्री [अम्बा] माता।

अम्मणुअंचिय न [दे] अनुगमन, अनुसरण।

अम्मधाई देखो अंबधाई।

अम्मया स्त्री [अम्बा] जननी। पांचवें वासुदेव की माता का नाम।

अम्महे (शौ) अ. हर्ष-सूचक अव्यय।

अम्मा स्त्री [दे. अम्बा] माता। °पिइ, °पिउ, °पियर °पीइ पुं. ब. [°पितृ] माँ-बाप। °पेइय वि [°पैतृक] माँ-बाप-सम्बन्धी।

अम्माइआ स्त्री [दे] अनुसरण करने वाली स्त्री।

अम्मो अ. आश्चर्य-सूचक अव्यय। माता का संबोधन, हे माँ।

अम्मोगइया स्त्री [दे] संमुख-गमन, स्वागत करने लिए सामने जाना।

अम्मोस वि [अमर्ष्य] अक्षम्य,।

अम्ह स [अस्मत्] हम, खुद। °केर, °क्केर, °च्चय वि [°ीय] हमारा।

अम्हत्त वि [दे] प्रमृष्ट, प्रमार्जित।

अम्हार (अप) वि [अस्मदीय] हमारा।

अम्हारिच्छ वि [अस्मादृक्ष] हमारे जैसा।

अम्हारिस वि [अस्मादृश] हमारे जैसा।

अम्हेच्चय वि [अस्माकम्] हमारा।

अम्हो अ [अहो] आश्चर्य-सूचक अव्यय।

अय पुं [अग] पहाड़। साँप। सूर्य।

अय पुं [अज] छाग। पूर्वभाद्रपद नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। महादेव। विष्णु। रामचन्द्र। ब्रह्मा। कामदेव। महाग्रह-विशेष। बीजो-त्पादक शक्ति से रहित धान्य। °करक पुं. एक महाग्रह का नाम। °वाल पुं [°पाल] आभीर।

अय पुं [अय] गमन, गति। लाभ। अनुभव। न. पुण्य। भाग्य।

अय न [अक] दुःख। पाप।

अय न [अयस्] लोह। °आगर पुं [°आकर] लोहे की खान। लोहे का कारखाना। °कंत, °क्खंत पुं [°कान्त] लोह-चुम्बक। °कडिल्ल न [दे. °कडिल्ल] कटाह। कुंडी स्त्री [°कुण्डी] लोहे का भाजन-विशेष। °कोट्ठय पुं [°कोष्ठक] लोहे का कुशूल, लोहे का गोला। °गोलय पुं [°गोलक] लोहे का गोला। °दव्वी स्त्री [°दर्वी] लोहे की कड़छी या

करछुल, जिससे दाल, कढ़ी आदि हिलाया जाता है। °पाय न [°पात्र] लोहे का भाजन। °सलागा स्त्री [°शलाका] लोहे की सलाई।

अय सक [अय्] जाना। प्राप्त करना। जानना।

अयंछ सक [कृष्] खींचना। जोतना, चास करना। रेखा करना।

अयंड पुं [अकाण्ड] अनुचित समय। अकस्मात्, हठात्।

अयंतिय वि [अयन्त्रित] अनादरणीय।

अयंपिर वि [अजल्पितृ] मौनी।

अयंपुल पुं [अयंपुल] गोशालक का एक शिष्य।

अयंस पुं [आदर्श] दर्पण। °मुह पुं [°मुख] इस नाम का एक द्वीप। द्वीप विशेष का निवासी।

अयंसंधि वि [इदंसंधि] उपयुक्तकार्य को यथासमय करनेवाला।

अयकरय पुं [अयकरक] एक महाग्रह।

अयक्क } पुं [दे] दानव, असुर।
अयग

अयगर पुं [अजगर] मोटा साँप।

अयड पुं [दे. अवट] कुंआ।

अयण न [अतन] सतत होना।

अयण न [अयन] गमन। प्राप्ति, लाभ। ज्ञान, निर्णय। गृह, मन्दिर। वि. प्रापक। पुन. वर्ष का आधा भाग, जिसमें सूर्य दक्षिण से उत्तर में या उत्तर से दक्षिण में जाता है।

अयण न [अदन] भक्षण। भोजन।

अयणु वि [अज्ञ] अजान।

अयणु वि [अतनु] स्थूल, मोटा, महान्।

अयतंचिअ वि [दे] पुष्ट, उपचित।

अयर वि [अजर] वृद्धावस्थारहित।

अयर पुंन [अतर] समुद्र। समय का मानविशेष। वि. तरने के अशक्य। असमर्थ, बीमार।

अयरामर वि [अजरामर] जरा और मरण से रहित। न. मुक्ति।

अयल देखो अचल = अचल।

अयला देखो अचला।

अयस देखो अजस।

अयसि वि [अयशस्विन्] कीर्ति-शून्य।

अयसि } स्त्री [अतसी] धान्य-विशेष, अलसी,
अयसी } तीसी।

अया स्त्री [अजा] बकरी। माया, अविद्या। कुदरत। °किवाणिज्ज पुं[°कृपाणीय] न्यायविशेष; जैसे बकरी के गले पर अनधारी छुरी पड़ती है उस माफिक अनधारा किसी कार्य का होना। °पाल पुं आभीर। °वय पुं [°व्रज] बकरी का बाड़ा।

अयागर देखो अय-आगर।

अयाण न [अज्ञान] ज्ञान का अभाव। वि [अज्ञ] अजान। मूर्ख।

अयाणुय देखो अजाणुय।

अयार पुं [अकार] 'अ' अक्षर।

अयाल पुं [अकाल] अयोग्य समय।

अयालि पुं [दे] दुर्दिन। मेघाच्छन्न दिवस।

अयालिय वि [अकालिक] आकस्मिक, अकाण्डोत्पन्न।

अयि देखो अइ = अयि।

अयुजरेवइ स्त्री [दे] अचिर-युवति, नवोढा।

अयोमय देखो अओ-मय।

अय्यावत्त (त्ती) पुं [आर्यावर्त] भारत।

अय्युण (मा) देखो अज्जुण।

अर पुं. धुरी, पहिये के बीच का काष्ठ। अठारहवाँ जिनदेव और सातवाँ चक्रवर्ती राजा। समय का एक परिमाण, कालचक्र का बारहवाँ हिस्सा।

°अर पुं [°कर] किरण। हाथ। शुल्क।

अरइ स्त्री [अरति] अर्श, मसा। बेचैनी। °कम्म न [°कर्मन्] अरति का हेतुभूत कर्मविशेष। °परिसह, °परीसह पुं [°परिषह,

°परीषह] अरति को सहन करना। °मोह-णिज्ज न [°मोहनीय] अरति का उत्पादक कर्म-विशेष। °रइ स्त्री [°रति] सुख-दुःख।

°अरंग देखो तरंग।

अरंजर पुंन [अरञ्जर] घड़ा, जल-घट।

°अरक्ख देखो वरक्ख।

अरक्खुरी स्त्री [अरक्षुरी] नगरी-विशेष।

अरज्झिय वि [अरहित] निरन्तर, सतत।

अरडु पुं [अरड्डु] वृक्ष-विशेष।

अरण न. हिंसा।

अरणि पुं. वृक्ष-विशेष। इस वृक्ष की लकड़ी, जिसको घिसने पर अग्नि जल्दी पैदा होती है।

अरणि पुंस्त्री [दि] रास्ता। पंक्ति।

अरणिया स्त्री [अरणिका] वनस्पति-विशेष।

अरणेट्टय पुं [दे. अरणेटक] पत्थरों के टुकड़ों से मिली हुई सफेद मिट्टी।

अरण्ण वि [आरण्य] जंगल में रहने वाला।

अरण्ण न [अरण्य] वन। °वडिंसग न [°ावतंसक] देवविमान विशेष। °साण पुं [°श्वन्] जंगली कुत्ता।

अरबाग पुं [दि] एक अनार्य देश, अरब देश।

अरमंतिया स्त्री [अरमन्तिका] अरमणता, कार्य में अतत्परता।

अरय वि [अरजस्] रजोगुण-रहित। एक महाग्रह का नाम। वि. धूलीरहित, निर्मल। न. पाँचवें देवलोक का एक प्रतर। रजोगुण का अभाव।

अरय पुंन [अरजस्] एक देवविमान।

अरया स्त्री [अरजा] कुमुद नामक विजय की राजधानी।

अरयणि पुं [अरत्नि] परिमाण विशेष, खुली अंगुलीवाला हाथ।

अरर न. युद्ध। ढकना। °कुरि स्त्री. नगरी-विशेष।

अररि पुंन. किवाड़, द्वार।

अरल न [दि] चीरी, कीट-विशेष। मच्छर।

अरलाया स्त्री [दि] चीरी, कीट-विशेष।

अरलु देखो अरडु।

अरविंद न [अरविन्द] कमल।

अरविंदर वि [दि] दीर्घ।

अरस पुं. रसरहित, नीरस।

अरस पुं [अर्शस्] व्याधि-विशेष, बवासीर।

अरस न [अरस] तप-विशेष निर्विकृति तप।

अरह वि [अर्हत्] पूज्य। पुं. जिनदेव, तीर्थंकर। °मित्त पुं [°मित्र] एक व्यापारी का नाम।

अरह देखो अरिह = अर्ह।

अरह वि [अरहस्] प्रकट। जिससे कुछ भी न छिपा हो। पुं. जिनदेव, सर्वज्ञ।

अरह वि [अरथ] परिग्रहरहित।

अरहंत वकृ [अर्हत्] पूजा के योग्य, पूज्य। पुं. जिन भगवान्, तीर्थंकरदेव।

अरहंत वि [अरहोन्तर्] सर्वज्ञ। पूज्य। पुं. जिन भगवान्।

अरहंत वि [अरथान्त] निःस्पृह, निर्मम। पुं. जिनदेव।

अरहंत वकृ [अरहयत्] अपने स्वभाव को नहीं छोड़नेवाला। पुं. जिनेश्वर देव।

अरहट्ट पुं [अरघट्ट] अरहट, पानी निकालने का यन्त्र विशेष।

अरहट्टिय वि [अरघट्टिक] अरहट चलाने वाला।

अरहणा स्त्री [अर्हणा] पूजा। योग्यता।

अरहण्णय पुं [अरहन्नक] एक व्यापारी का नाम।

अरहन्न पुं [अर्हन्न] एक जैन मुनि का नाम।

अराइ पुं [अराति] दुश्मन।

अराइ स्त्री [अरात्रि] दिवस।

अरि देखो अरे।

अरि पुं. रिपु। °छव्वग्ग पुं [°षड्वर्ग] छः आन्तरिक शत्रु—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य। °दमण वि [°दमन] रिपु

विनाशक। पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम। एक जैन मुनि जो भगवान् अजितनाथ के पूर्वजन्म के गुरु थे। °दमणी स्त्री [°दमनी] विद्या-विशेष। विद्धंसी स्त्री [°विध्वंसिनी] रिपु का नाश करनेवाली एक विद्या। °संतास पुं [°संत्रास] राक्षस वंश में उत्पन्न लंका का एक राजा। °हंत वि [°हन्तृ] रिपु-विनाशक। पुं. जिनदेव।

अरिअल्लि पुंस्त्री [दे] व्याघ्र, शेर।

अरिंजय पुं [अरिञ्जय] भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र। न. नगर-विशेष।

अरिट्ठ पुं [अरिष्ट]वृक्ष-विशेष। पनरहवें तीर्थंकर का एक गणधर। पुंन. एक देवविमान। न. माण्डव्य गोत्र की शाखा। रत्न की एक जाति। फल-विशेष, रीठा। अनिष्ट-सूचक उत्पात। °णेमि, °नेमि पुं. वर्तमान काल के बाईसवें जिनदेव।

अरिट्ठा स्त्री [अरिष्टा] कच्छ नामक विजय की राजधानी।

अरित्त न [अरित्र] पतवार, कन्हर।

अरिरिहो अ. पादपूरक अव्यय।

अरिस देखो अरस।

अरिसल्ल } वि [अर्शस्वत्] बवासीर
अरिसिल्ल } रोगवाला।

अरिह वि [अर्ह] योग्य। पुं. जिनदेव।

अरिह सक [अर्ह्] योग्य होना। पूजा के योग्य होना। पूजा करना।

अरिह देखो अरह = अर्हत्। °दत्त, °दिण्ण पुं. जैन मुनि-विशेष का नाम।

अरिहणा देखो अरहणा।

अरिहंत देखो अरहंत = अर्हत्। °चेइय न [°चैत्य]जिनमन्दिर। °सासण न [°शासन] जैन आगम-ग्रन्थ। जिन-आज्ञा।

°अरु देखो तरु।

अरु वि [अरुज्] रोग-रहित।

अरु देखो अरुव।

अरुग न [दे. अरुक] व्रण।

अरुंतुद वि [अरुन्तुद] मर्म-वेधक। मर्म-स्पर्शी।

अरुण पुं. सूर्य। सूर्य का सारथी। संध्याराग। द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। एक ग्रह-देवता का नाम। गन्धावती-पर्वत का अधिष्ठाता देव। देव-विशेष। रक्त रंग। न. विमान-विशेष। वि लाल। °कंत न [°कान्त] देवविमान-विशेष। [°कील] न. देवविमान-विशेष। °गंगा स्त्री [गङ्गा] महाराष्ट्र देश की एक नदी। °गव न. देवविमान-विशेष। °ज्झय न [°ध्वज]एक देवविमान का नाम। °प्पभ, °प्पह न [°प्रभ] इस नाम का एक देवविमान। °भद्द पुं [°भद्र] एक देवता का नाम। °भूय न [°भूत] एक देवविमान। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] देव-विशेष। °महावर पुं. द्वीपविशेष। समुद्र-विशेष। °वडिंसय न [°वतंसक] एक देवविमान। °वर पुं द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °वरोभास पुं.[°वरावभास] द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °सिट्ठ न [°शिष्ट] एक देवविमान। °ाभ न. देवविमान-विशेष।

अरुण न [दे] कमल।

अरुण पुंन. एक देव-विमान। °प्पभ पुं [°प्रभ] अनुवेलन्धर नामक नागराज का एक आवास-पर्वत। उस पर्वत का निवासी देव। °ाभ पुं. कृष्ण पुद्गल-विशेष।

अरुणिम पुंस्त्री [अरुणिमन्] लाली।

अरुणिय वि [अरुणित] रक्त, लाल।

अरुणुत्तरवडिंसग न [अरुणोत्तरावतंसक] इस नाम का एक देवविमान।

अरुणोद पुं. समुद्र-विशेष।

अरुणोदय पुं [अरुणोदक] समुद्र-विशेष।

अरुणोववाय पुं [अरुणोपपात] ग्रन्थ-विशेष का नाम।

अरुय वि [अरुष्] घाव।

अरुय वि [अरुज्] निरोगी ।

अरुह देखो अरह = अर्हत् ।

अरुह वि. जन्मरहित । पुं. मुक्त आत्मा । जिन-देव ।

अरुह देखो अरिह = अर्ह् ।

अरुह वि [अर्ह्] योग्य ।

अरुहंत देखो अरहंत = अर्हत् ।

अरुव वि [अरूप] रूपरहित, अमूर्त्त ।

अरे अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—संभाषण और रतिकलह । आक्षेप । विस्मय । परिहास ।

अरोअ अक [उत् + लस्] उल्लास पाना, विकसित होना ।

अरोअअ पुं [अरोचक] रोग-विशेष, अन्न की अरुचि ।

अरोइ वि [अरोचिन्] अरुचि वाला, रुचि-रहित ।

अरोग वि. रोगरहित । °या स्त्री [°ता] आरोग्य, नीरोगता ।

अरोग्ग } देखो आरोग = आरोग्य ।
अरोय }

अरोस वि [अरोष] गुस्सा-रहित । पुं. एक म्लेच्छ देश और उसमें रहनेवाली म्लेच्छ जाति ।

अल न. बिच्छू के पुच्छ का अग्र भाग । अलादेवी का एक सिंहासन । वि. समर्थ । °पट्ट न. बिच्छू की पूंछ जैसे आकारवाला एक शस्त्र ।

°अल देखो तल ।

अलं अ. [अलम्] पर्याप्त, पूर्ण । प्रतिषेध, निवारण, बस । अलङ्कार ।

अलंकर सक [अलं + कृ] भूषित करना ।

अलंकरण न [अलङ्करण] अलंकार । वि. शोभाकारक ।

अलंकार पुं [अलङ्कार] साहित्यशास्त्र । पुंन. एक देवविमान ।

अलंकार पुं. गहना । शोभा । °सहा स्त्री [°सभा] भूषा-गृह ।

अलंकारिय पुं [अलंकारिक] हजाम । °कम्म न [°कर्मन्] हजामत । °सहा स्त्री [°सभा] हजामत बनाने का स्थान ।

अलंकिय वि [अलंकृत] विभूषित, सुशोभित । न. संगीत का एक गुण ।

अलंकुण देखो अलंकर ।

अलंघ वि [अलङ्घ्य] उल्लंघन करने के अयोग्य । उल्लंघन करने के अशक्य ।

अलंप पुं [दे] कुक्कुट, मुर्गा ।

अलंबुसा स्त्री [अलम्बुषा] एक दिक्कुमारी देवी का नाम । गुल्म-विशेष ।

अलंभि स्त्री [अलाभ] अप्राप्ति ।

अलका स्त्री. नगरी-विशेष, पहले प्रतिवासुदेव की राजधानी । देखो अलया ।

अलक्ख पुं [अलक्ष] इस नाम का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी । न. 'अंतगडदसा' सूत्र के एक अध्ययन का नाम ।

अलक्खमाण वि [अलक्ष्यमाण] जो पहिचाना न जा सकता हो, गुप्त ।

अलग देखो अलय = अलक ।

अलगा देखो अलया ।

अलग्ग न [दे] कलंक देना, दोष का झूठा आरोप ।

अलचपुर न [अचलपुर] नगर-विशेष ।

अलज्ज वि. बेशरम ।

अलट्टपलट्ट न [दे] पार्श्व का परिवर्त्तन ।

अलत्त पुं [अलक्त] आलता ।

अलत्तय पुं [अलक्तक] ऊपर देखो । वि. आलता से रंगा हुआ ।

°अलधोय देखो कलधोय ।

अलमंजुल वि [दे] आलसी, सुस्त ।

अलमंथु वि [अलमस्तु] समर्थ । निषेधक, निवारक ।

अलमल पुं [दे] दुर्दान्त बैल ।

अलमलवसह पुं [दे] उन्मत्त बैल।
अलय न [दे] प्रवाल।
अलय पुं [अलक] बिच्छू का कांटा। केश, घुंघराले बाल।
अलया स्त्री [अलका] कुबेर की नगरी। देखो अलका।
अलव वि [अलप] मौनी।
अलवलवसह पुं [दे] धूर्त बैल।
अलस वि. आलसी। मन्द। पुं. क्षुद्र कीटविशेष, भू-नाग, बर्षाऋतु में साँप सरीखा लाल रंग का जो लम्बा जन्तु उत्पन्न होता है।
अलस वि [दे] मधुर आवाजवाला। कुसुम्भ रंग से रंगा हुआ। न. मोम।
°अलस देखो कलस।
अलसग } पुं [अलसक] विसूचिका रोग। श्वयथु, सूजन।
अलसय }
अलसाइअ वि [अलसायित] जिसने आलसी की तरह आचरण किया हो, मन्द।
अलसाय अक [अलसाय्] आलसी होना, आलसी की तरह काम करना।
अलसी देखो अयसी।
अला स्त्री. इस नाम की एक देवी। एक इन्द्राणी का नाम। °वडिंसग न [°वतंसक] अलादेवी का भवन।
°अला देखो कला।
अलाउ न [अलाबु] तुम्बी फल, लौकी।
अलाऊ } स्त्री [अलाबू] तुम्बी-लता।
अलाबू }
अलाय न [अलात] उल्मुक, जलता हुआ काष्ठ। कोयला।
अलावणी स्त्री [अलाबुवीणा] वीणा-विशेष।
अलाबु देखो अलाउ।
अलाबू देखो अलाऊ।
अलाहि देखो अलं।
अलि पुंस्त्री. वृश्चिक राशि। पुं. भ्रमर। °उल न [°कुल] भ्रमरों का समूह। °विरुय न [°विरुत] भ्रमर का गुञ्जारव।
अलिअल्ली स्त्री [दे] कस्तूरी। व्याघ्र, शेर।
अलिआ स्त्री [दे] सखी।
अलिआर न [दे] दूध।
अलिंजर न [अलिञ्जर] घड़ा, कुम्भ। कुंड, पात्र-विशेष। रंग-पात्र।
अलिंद न [अलिन्द] एक प्रकार का जलपात्र।
अलिंदग पुं [अलिन्दक] द्वार का एक प्रकोष्ठ। घर के बाहर के दरवाजे का चौक। बाहर का अग्रभाग।
अलिंदय पुंन [आलिन्दक] धान्य रखने का पात्र-विशेष।
अलिण पुं [दे] बिच्छू।
अलिणी स्त्री [अलिनी] भ्रमरी।
अलित्त न [अरित्र] नौका खेवने का डांड़, चप्पू।
अलिय न [अलिक] कपाल।
अलिय न [अलीक] असत्य वचन। वि. खोटा। निष्फल, निरर्थक। °वाइ वि [°वादिन्] मृषावादी।
अलिल्ल सक [कथय्] कहना, बोलना।
अलिल्लह न [दे] छन्द विशेष का नाम। वि. अप्रयोजक, नियमरहित।
अलिल्ला स्त्री. इस नाम का एक छन्द।
अलीग } देखो अलिय = अलीक।
अलीय }
अलीवहू स्त्री [अलिवधू] भ्रमरी।
अलीसअ स्त्री पुं [दे] शाक-वृक्ष, साग का पेड़।
अलुक्खि वि [अरूक्षिन्] कोमल।
अलेसि वि [अलेश्यिन्] लेश्यारहित। पुं. मुक्त आत्मा।
अलोग पुं [अलोक] जीव-पुद्गल आदि रहित आकाश।
अलोय देखो अलोग।
अल्ल न [दे] दिवस।

अल्ल देखो अट्ट ।

अल्ल अक [नम्] नीचे झुकना ।

अल्लई स्त्री [आर्द्रकी] आर्द्रकलता ।

अल्लग देखो अल्लय = आर्द्रक ।

अल्लत्थ सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना ।

अल्लत्थ न [दे] जलार्द्रा, गीला पंखा । केयूर, भूषण-विशेष ।

अल्लय न [आर्द्रक] अदरक । °तिय न [°त्रिक] आदी, हल्दी और कचूर ।

अल्लय वि [दे] परिचित, ज्ञात ।

अल्लय पुं [अल्लक] इस नाम का एक विख्यात जैन मुनि और ग्रन्थकार, उद्योतन-सूरि का उपाध्याय-अवस्था का नाम ।

अल्लल्ल पुं [दे] मयूर ।

अल्लविय [अप] देखो आलत्त = आलपित ।

अल्ला स्त्री [दे] माता ।

अल्लि } देखो अल्ली ।
अल्लिअ }

अल्लिअ सक [उप + सृप्] समीप में जाना ।

अल्लिअ वि [आर्द्रित] गीला किया हुआ ।

अल्लियावण न [आलायन] आलीन करना, श्लिष्ट करना, मिलान ।

अल्लिल्ल पुं [दे] भमरा ।

अल्लिव सक [अर्पय्] अर्पण करना ।

अल्ली } सक [आ + ली] आना ।
अल्लीअ } प्रवेश करना । जोड़ना । आश्रय करना । आलिंगन करना । अक, संगत होना ।

अल्लीण वि [आलीन] आश्लिष्ट । आगत । प्रविष्ट । संगत । योजित । थोड़ा लीन । आश्रित । तल्लीन, तत्पर ।

अल्लेस वि [अलेश्य] लेश्यारहित ।

अल्लोग देखो अलोग ।

अल्हाद पुं [आह्लाद] आनन्द ।

अव अ [अप] इन अर्थों का सूचक अव्यय—विपरीतता । वापसी । बुरापन । न्यूनता । रहितपन, वियोग । बाहरपन ।

अव अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—निम्नता । पीछेपन । तिरस्कार, अनादर । बुराई । गमन । अनुभव । हानि, ह्रास । अभाव । मर्यादा । निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है ।

अव सक [अव्] रक्षण करना । जाना, गमन करना । इच्छा करना । जानना । प्रवेश करना । सुनना । माँगना । करना, बनाना । चाहना । प्राप्त करना । आलिङ्गन । हिंसा करना । जलाना । अक. प्रीति करना । तृप्त होना । प्रकाशना । बढ़ना ।

अव पु. आवाज ।

अवअक्ख सक [दृश्] देखना ।

अवअक्खिअ न [दे] मुंडाया हुआ मुंह ।

अवअच्छ न [दे] कक्षा-वस्त्र ।

अवअच्छ अक [ह्लाद्] खुश होना ।

अवअच्छ सक [ह्लादय्] खुश करना ।

अवअच्छिअ [दे] देखो अवअक्खिअ ।

अवअज्झ सक [दृश्] देखना ।

अवअणिअ वि [दे] असंघटित, असंयुक्त ।

अवअण्ण पुं [दे] ऊखल, गूगल ।

अवअत्त वि [अपवृत्त] स्खलित ।

अवआस सक [दृश्] देखना ।

अवइ वि [अव्रतिन्] व्रतशून्य, अविरत, असंयत ।

अवइण्ण वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ, जन्मा हुआ ।

अवइद (शौ) वि [अवचित] एकत्रित ।

अवइद (शौ) वि [अपकृत] जिसका अहित किया गया हो वह । न. अपकार, अहित ।

अवउक्क सक [अवकुब्ज्] नीचे नमना ।

अवउज्झ सक [अप + उज्झ्] परित्याग करना ।

अवउज्झ° देखो अववह ।

अवउडग } देखो अवओडग ।
अवउडय }

अवउंठण न [अवगुण्ठन] ढकना। मुंह ढकने का वस्त्र, घूंघट।

अवऊढ वि [अवगूढ] आलिंगित।

अवऊसण न [अपवसन] तपश्चर्या-विशेष।

अवऊसण न [अपजोषण] ऊपर देखो।

अवऊहण न [अवगूहन] आलिङ्गन।

अवएड पुं [अवएज] तापिका-हस्त, पात्र-विशेष।

अवएस पुं [अपदेश] बहाना, छल।

अवओडग न [अवकोटक] गले को मरोड़ना, कृकाटिका को नीचे ले जाना। °बंधण न [°बन्धन] हाथ और सिर को पृष्ठ भाग से बांधना। वि. रस्सी से गला और हाथ को मोड़कर पृष्ठ भाग के साथ जिसको बांधा जाय वह।

अवंग पुं [अपाङ्ग] नेत्र का प्रान्त भाग।

अवंग पुं [दे] कटाक्ष।

अवंगु, अवंगुय वि [दे. अपावृत] नहीं ढका हुआ।

अवंगुण सक [दे] खोलना।

अवंचिअ वि [अवाञ्चित] अधोमुख, अवाङ्-मुख।

अवंझ वि [अवन्ध्य] सफल, अचूक। °पवाय न [°प्रवाद] ग्यारहवाँ पूर्व, जैन ग्रन्थांश-विशेष।

अवंतर वि [अवान्तर] भीतरी।

अवंति पुं. भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र।

अवंति, अवंती स्त्री. मालव देश। मालव देश की राजधानी, जो आजकल राजपूताना में 'उज्जैन' नाम से प्रसिद्ध है। °गंगा स्त्री [°गङ्गा] आजीविक मत में प्रसिद्ध काल-विशेष। °वद्धण पुं [°वर्धन] इस नाम का एक राजा। °सुकुमाल पुं. एक श्रेष्ठि-पुत्र, जो आर्यसुहस्ति आचार्य के पास दीक्षा लेकर देव-लोक के नलिनीगुल्म विमान में उत्पन्न हुआ है। °सेण पुं [°षेण] एक राजा।

अवंदिम वि [अवन्द्य] प्रणाम के अयोग्य।

अवकंख सक [अव + काङ्क्ष्] चाहना। देखना।

अवकंत देखो अवक्कंत।

अवकप्प सक [अव + कल्पय्] कल्पना करना, मान लेना।

अवकय वि [अपकृत] जिसका अपकार किया गया हो वह। अपकार, अहित।

अवकर सक [अप + कृ] अहित करना।

अवकरिस पुं [अपकर्ष] ह्रास, हानि।

अवकलुसिय वि [अपकलुषित] मलिन।

अवकस सक [अव + कृष्] त्याग करना।

अवकारि वि [अपकारिन्] अहित करने वाला।

अवकिण्ण वि [अवकीर्ण] परित्यक्त।

अवकिण्णग, अवकिण्णय पुं [अपकीर्णक] करकण्डू नामक एक जैन महर्षि का पूर्व नाम।

अवकित्ति स्त्री [अपकीर्त्ति] अपयश।

अवकिदि स्त्री [अपकृत्ति] अपकार, अहित।

अवकीरण न [अवकरण] त्याग, उत्सर्ग।

अवकीरिअ वि [दे. अवकीर्ण] विरहित।

अवकीरियव्व वि [अवकरितव्य] त्याज्य।

अवकूजिय न [अवकूजित] हाथ को ऊँचा-नीचा करना।

अवकेसि पुं [अवकेशिन्] फल-वन्ध्य वन-स्पति।

अवकोडक देखो अवओडग।

अवक्कंत वि [अपक्रान्त] पीछे हटा हुआ, वापस लौटा हुआ। निकृष्ट।

अवक्कंत पुं [अवक्रान्त] प्रथम नरक भूमि का ग्यारहवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष।

अवक्कंति स्त्री [अपक्रान्ति] अपसरण। निर्ग-मन।

अवक्कंति स्त्री [अवक्रान्ति] गमन।

अवक्कम अक [अप + क्रम्] पीछे हटना। बाहर

निकलना । भागना ।
अवक्कम सक [अव + क्रम्] जाना ।
अवक्कमण न [अपक्रमण] अवतरण ।
अवक्कय पुं [अवक्रय] भाड़ा, भाटि ।
अवक्कय वि [अपकृत] जिसका अहित किया गया हो वह ।
अवक्करस पुं [दे] दारु ।
अवक्करिस } पुं [अपकर्ष] हानि, अपचय ।
अवक्कास }
अवक्कास पुं [अवकर्ष] ऊपर देखो ।
अवक्कास पुं [अप्रकाश] अन्धकार ।
अवक्कोस पुं [अवक्रोश] अहंकार ।
अवक्ख सक [दृश्] देखना ।
अवक्खंद पुं [अवस्कन्द] शिविर, सैन्य का पड़ाव । नगर का रिपु-सैन्य द्वारा वेष्टन ।
अवक्खर पुं [अवस्कर] पुरीष, विष्ठा ।
अवक्खारण न [अपक्षारण] निर्भर्त्सना, कठोर वचन । सहानुभूति का अभाव ।
अवक्खेव पुं [अवक्षेप] विघ्न ।
अवक्खेवण न [अवक्षेपण] बाधा, अन्तराय । क्रिया-विशेष, नीचे जाना ।
अवखेर सक [दे] खिन्न करना । तिरस्कार करना ।
अवग पुंन [दे. अवक] जल में होने वाली वनस्पति-विशेष ।
अवगइ स्त्री [अपगति] खराब गति । गोपनीय स्थान ।
अवगंड न [अवगण्ड] सुवर्ण । पानी का फेन ।
अवगच्छ सक [अप + गम्] जानना ।
अवगच्छ अक [अप + गम्] दूर होना, निकल जाना ।
अवगण } सक [अव + गणय्] अनादर करना ।
अवगण्ण }
अवगद वि [दे] विस्तीर्ण, विशाल ।
अवगम पुं [अपगम] अपसरण । विनाश ।
अवगम सक [अव + गम्] जानना । निर्णय करना ।
अवगमिअ } वि [अवगत] ज्ञात, विदित ।
अवगय } निश्चित, अवधारित ।
अवगय वि [अपगत] गुजरा हुआ, विनष्ट ।
अवगर सक [अप + कृ] अपकार करना, अहित करना ।
अवगरिस देखो अवक्करिस ।
अवगल वि [दे] आक्रान्त ।
अवगल्ल वि [अवग्लान] बीमार ।
अवगहण न [अवग्रहण] निश्चय, अवधारण ।
अवगाढ देखो ओगाढ ।
अवगाढु वि [अवगाहितृ] अवगाहन करने-वाला ।
अवगार पुं [अपकार] अपकार, अहित-करण ।
अवगारय वि [अपकारक] अपकार-कारक ।
अवगास पुं [अवकाश] फुरसत । स्थान । अवस्थान ।
अवगाह सक [अव + गाह्] अवगाहन करना ।
अवगाह पुं [अवगाह] अवगाहन । अवकाश ।
अवगाहणा देखो ओगाहणा ।
अवगिंचण न [दे. अवविेचन] पृथक्करण ।
अवगिज्झ देखो ओगिज्झ ।
अवगीय वि [अवगीत] निन्दित ।
अवगुंठण देखो अवउंठण ।
अवगुंठिय वि [अवगुण्ठित] आच्छादित ।
अवगुण पुं [अवगुण] दुर्गुण, दोष ।
अवगुण सक [अव + गुणय्] उद्घाटन करना ।
अवगूढ वि [अवगूढ] आलिंगित । व्याप्त ।
अवगूढ न [दे] व्यलीक, अपराध ।
अवगूहण न [अवगूहन] आलिंगन ।
अवगूहाविय वि [अवगूहित] आश्लेषित ।
अवग्ग वि [अव्यक्त] अस्पष्ट । पुं. अगीतार्थ, शास्त्रानभिज्ञ साधु ।
अवग्गह देखो उग्गह ।

अवग्गहण न [अवग्रहण] देखो उग्गह ।
अवच देखो अवय = अवच ।
अवचइय वि [अपचयिक] अपकर्षप्राप्त, ह्रासवाला ।
अवचय पुं [अपचय] ह्रास ।
अवचय पुं. इकट्ठा करना ।
अवचि अक [अप + चि] हीन होना, कम जाना ।
अवचि } सक [अव + चि] इकट्ठा करना
अवचिण } (फूल आदि को वृक्ष से तोड़कर) ।
अवचिय वि [अवचित] हीन, ह्रासप्राप्त ।
अवचिय वि [अपचित] इकट्ठा किया हुआ ।
अवचुण्णिय वि [अवचूर्णित] तोड़ा हुआ, चूर-चूर किया हुआ ।
अवचुल्ल पुं. चूल्हे का पीछला भाग ।
अवचूल देखो ओऊल ।
अवच्च वि [अवाच्य] बोलने के अयोग्य । बोलने के अशक्य ।
अवच्च न [अपत्य] संतान । °व वि [°वत्] संतानवाला ।
अवच्चिज्ज देखो अवच्चीय ।
अवच्चीय वि [अपत्यीय] संतान-सम्बन्धी ।
अवच्छुण्ण न [दे] क्रोध से कहा जाता मार्मिक वचन ।
अवच्छेय पुं [अवच्छेद] विभाग, अंश ।
अवछंद वि [अपच्छन्दरक] छन्द के लक्षण से रहित, छन्दोदोष-दुष्ट ।
अवजस पुं [अपयशस्] अपकीर्ति ।
अवजाण सक [अप + ज्ञा] अपलाप करना ।
अवजाय पुं [अपजात] पिता की अपेक्षा हीन वैभववाला पुत्र ।
अवजिब्भ पुं [अपजिह्व] दूसरी नरक-पृथिवी का आठवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष ।
अवजीव वि [अपजीव] मृत, अचेतन ।
अवजुय वि [अवयुत] पृथग्भूत ।
अवज्ज न [अवद्य] पाप । वि. निन्दनीय ।
अवज्जस सक [गम्] जाना ।
अवज्ञा स्त्री [अवज्ञा] अनादर ।
अवज्झ सक [दृश्] देखना ।
अवज्झस न [दे] कटि । वि. कठिन ।
अवज्झा स्त्री [अवध्या] अयोध्या नगरी । विदेह वर्ष की एक नगरी ।
अवज्झाण } पुन [अपध्यान] दुर्ध्यान, बुरा
अवझाण } चिन्तन ।
अवज्झाय वि [अपध्यात] दुर्ध्यान का विषय । तिरस्कृत ।
अवज्झाय (अप) देखो उवज्झाय ।
अवट्ट सक [अप + वृत्] घुमाना ।
अवट्ट अक [अप + वृत्] पीछे हटना ।
अवट्ठा स्त्री [आवर्त्ता] राजमार्ग से बाहर को जगह ।
अवट्ठंभ पुं [अवष्टम्भ] अवलम्बन । दृढ़ता, हिम्मत ।
अवट्ठंभ देखो अवठंभ ।
अवट्ठंभण } न [अवष्टम्भन] सहारा ।
अवट्ठहण }
अवट्ठद्ध वि [अवष्टब्ध] रोका हुआ ।
अवट्ठद्ध वि [अवष्टब्ध] अवलम्बित । आक्रान्त ।
अवट्ठव सक [अव + स्तम्भ्] अवलम्बन करना ।
अवट्ठाण न [अवस्थान] अवस्थिति, अवस्था । व्यवस्था ।
अवट्ठिअ वि [अवस्थित] अवगाहन करके स्थित । कर्म-बन्ध विशेष, प्रथम समय में जितनी कर्म-प्रकृतियों का बन्ध हो द्वितीय आदि समयों में भी उतनी ही प्रकृतियों का जो बन्ध हो वह । स्थिर रहनेवाला । नित्य । जो बढ़ता-घटता न हो ।
अवट्ठिइ स्त्री [अवस्थिति] अवस्थान ।
अवठंभ सक [अव + स्तम्भ्] अवलम्बन करना ।
अवठंभ पुं [दे] ताम्बूल ।
अवड पुं [अवट] कुँआ ।

अवड पुं [दे] कूप । बगीचा ।
अवडअ पुं [दे] चञ्चा, घास-फूस का पुतला, तृण-पुरुष ।
अवडंक पुं [अवटङ्क] प्रसिद्धि, ख्याति ।
अवडक्किअ वि [दे] कूप आदि में गिरकर मरा हुआ, जिसने आत्म-हत्या की हो वह ।
अवडाहु सक [उत् + क्रुश्] ऊँचे स्वर से रुदन करना ।
अवडाहिअ न [दे] ऊँचे स्वर से रोदन । वि. उत्कृष्ट ।
अवडिअ वि [दे] खिन्न, परिश्रान्त ।
अवडु पुं [अवटु] कृकाटिका, घंटी या घांटी, कण्ठमणि ।
अवडुअ पुं [दे] उलूखल ।
अवडुल्लिअ वि [दे] कूप आदि में गिरा हुआ ।
अवड्डा स्त्री [दे] कृकाटिका, घट्टी, गर्दन का ऊँचा हिस्सा ।
अवड्ढ वि [अपार्ध] आधा । आधा दिन । आधे से कम । °क्खेत्त न [°क्षेत्र] नक्षत्र-विशेष । मुहूर्त-विशेष ।
अवण पुं [दे] पानी का प्रवाह । घर का फलहक ।
अवण न [अवन] गमन । अनुभव ।
अवणण देखो अवणयण ।
अवणद्ध वि [अवनद्ध] संबद्ध । आच्छादित ।
अवणम अक [अव + नम्] नीचे नमना ।
अवणमिय वि [अवनत] अवनत ।
अवणमिय वि [अवनमित] नीचे किया हुआ, नमाया हुआ ।
अवणय वि [अवनत] नमा हुआ ।
अवणय पुं [अपनय] अपनय, हटाना । निन्दा ।
अवणयण न [अपनयन] हटाना, दूर करना ।
अवणाम पुं [अवनाम] ऊर्ध्वगमन ।
अवणि स्त्री [अवनि] पृथिवी ।
अवणिंद पुं [अवनीन्द्र] राजा ।
अवणिय देखो अवणीय ।
अवणी देखो अवणि । °सर पुं [°श्वर] भूमिपति ।
अवणी सक [अप + नी] दूर करना, हटाना ।
अवणीय वि [अपनीत] दूर किया हुआ ।
अवणीयवयण न [अपनीतवचन] निन्दावचन।
अवणोय पुं [अपनोद] अपनयन ।
अवण्ण न [दे] अवज्ञा ।
अवण्णा स्त्री [अवज्ञा] तिरस्कार ।
अवण्हव पुं [अपह्नव] अपलाप ।
अवण्हवण न [अपह्नवन] अपलाप ।
अवण्हाण न [अवस्नान] साबुन आदि से स्नान करना ।
अवतंस देखो अवयंस = अवतंस ।
अवतंस पुं. मेरुपर्वत ।
अवतंसिय वि [अवतंसित] विभूषित ।
अवतट्ठ वि [अवतष्ट] तनूकृत, छिला हुआ ।
अवतट्ठि देखो अवयट्ठि = अवतष्टि ।
अवतारण न उतारना । योजना करना ।
अवतासण न [अवत्रासन] डराना ।
अवतित्थ न [अपतीर्थ] खराब किनारा ।
अवत्त वि[अव्यक्त] अस्पष्ट । कम उमर वाला । असंस्कृत । पुं. देखो अवग्ग ।
अवत्त वि [अवात] पवनरहित ।
अवत्त वि [अवाप्त] प्राप्त, लब्ध ।
अवत्त न [अवत्र] आसन-विशेष ।
अवत्तय वि [दे] विसंस्थुल, अव्यवस्थित ।
अवत्तव्व वि [अवक्तव्य] अनिर्वचनीय । सप्त-भंगी का चतुर्थ भंग ।
अवत्तिय न [अव्यक्तिक] एक जैनाभास मत, निह्नवप्रचालित एक मत । वि. इस मत का अनुयायी ।
अवत्थंतर न [अवस्थान्तर] भिन्न अवस्था ।
अवत्थग वि [अपार्थक] व्यर्थ । असम्बद्ध अर्थ-वाला ।
अवत्थद्ध वि [अवष्टब्ध] अवलम्बन-प्राप्त ।
अवत्थय वि [अपार्थक] निरर्थक ।

अवत्थरा स्त्री [दे] पाद-प्रहार।

अवत्था स्त्री [अवस्था] दशा, अवस्थिति।

अवत्थाव सक [अव + स्थापय्] स्थिर करना, ठहराना। व्यवस्थित करना।

अवत्थिय देखो अवट्ठिय।

अवत्थिय वि [अवस्तृत] प्रसारित।

अवत्थु न [अवस्तु] अभाव, असत्त्व। वि. निरर्थक, निष्फल।

अवथंभ देखो अवठंभ।

अवदग्ग देखो अवयग्ग।

अवदल वि [अपदल] साररहित। अपक्व।

अवदहण न [अवदहन] दम्भन, गरम लोहे के कोश आदि से चर्म (कोड़े आदि) पर दागना।

अवदाण न [अवदान] शुद्ध कर्म।

अवदाय वि [अवदात] पवित्र, निर्मल। सफेद।

अवदार न [अपद्वार] छोटी खिड़की। गुप्त-द्वार।

अवदाल सक [अव + दलय्] खोलना। विकसित करना। विजृम्भित करना।

अवदिसा स्त्री [अपदिक्] भ्रान्त दिशा।

अवदेस देखो अवएस।

अवद्दार } देखो अवदार।
अवद्दाल }

अवद्दाहणा स्त्री. देखो अवदहण।

अवद्दुस न [दे] उलूखल आदि घर का सामान्य उपकरण।

अवद्धंस पु [अवध्वंस] विनाश।

अवधंसि वि [अपध्वंसिन्] विनाशकारक।

अवधार सक [अव + धारय्] निश्चय करना।

अवधारणा स्त्री. दीर्घकाल तक याद रखने की शक्ति।

अवधाव सक [अप + धाव्] पीछे दौड़ना।

अवधिका स्त्री [दे] उपदेहिका, दीमक।

अवधीरिय वि [अवधीरित] तिरस्कृत, अपमानित।

अवधुण } सक [अव + धू] परित्याग करना।
अवधूण } अवज्ञा करना।

अवधूय वि [अवधूत] अवज्ञात, तिरस्कृत। विक्षिप्त।

अवनिद्दय पुं [अपनिद्रक] निद्रा का अभाव।

अवपंगुण } सक [दे] खोलना।
अवपंगुर }

अवपक्का स्त्री [अवपाक्या] छोटा तवा।

अवपुट्ठ वि [अवस्पृष्ट] जिसका स्पर्श किया गया हो वह।

अवपुसिय वि [दे] संघटित, संयुक्त।

अवपूर सक [अव + पूरय्] पूर्ण करना।

अवपेक्ख सक [अवप्र + ईक्ष्] अवलोकन करना।

अवप्पओग पुं [अपप्रयोग] उलटा प्रयोग, विरुद्ध औषधियों का मिश्रण।

अवप्फार पुं [अवस्फार] विस्तार, फैलाव।

अवबंध पुं [अवबन्ध] बन्ध, बन्धन।

अवबद्ध वि. बँधा हुआ, नियन्त्रित।

अवबाण वि [अपबाण] बाणरहित।

अवबुज्झ सक [अव + बुध्] जानना। समझना।

अवबोह पुं [अवबोध] ज्ञान, बोध। विकास। जागरण। स्मरण।

अवबोहि पुं [अवबोधि] ज्ञान। निश्चय, निर्णय।

अवभास अक [अव + भास्] चमकना, प्रकाशित होना।

अवभास पुं. प्रकाश। ज्ञान।

अवभासण वि [अवभासन] प्रकाश-कर्ता।

अवभासय वि [अवभासक] प्रकाशक।

अवभासिय वि [अपभाषित] आकृष्ट, अभिशप्त।

अवम देखो ओम।

अवमग्ग पुं [अपमार्ग] खराब रास्ता।

अवमग्ग पुं [अपामार्ग] वृक्ष-विशेष, चिचड़ा,

लटजीरा ।
अवमच्चु पुं [अपमृत्यु] अकाल मृत्यु ।
अवमज्ज सक [अव + मृज्] पोंछना, झाड़ना, साफ करना ।
अवमण्ण सक [अव + मन्] तिरस्कार करना । निरादर करना । अवज्ञा करना ।
अवमद्द पुं [अवमर्द] मर्दन, विनाश ।
अवमद्दग वि [अवमर्दक] मर्दन करने वाला ।
अवमन्निय } वि [अवमत] अवज्ञात, अव-
अवमय } गणित ।
अवमाण पुं [अपमान] तिरस्कार ।
अवमाण पुंन [अवमान] अवज्ञा । परिमाण ।
अवमाण सक [अव + मानय्] अवगणना करना ।
अवमाणिय वि [अवमानित] अवज्ञात, अनादृत । अपूरित ।
अवमार पुं [अपस्मार] भयंकर रोग-विशेष, पागलपन ।
अवमारिय वि [अपस्मारित, °रिक] अपस्मार रोग वाला ।
अवमारुय पुं [अवमारुत] नीचे चलता पवन ।
अवमिच्चु देखो अवमच्चु ।
अवमिय वि[दे]जिसको घाव हो गया हो वह ।
अवमुक्क वि [अवमुक्त] परित्यक्त ।
अवमेह वि [अपमेघ] मेघ-रहित ।
अवय देखो अपय = अपद ।
अवय न [अब्ज] कमल ।
अवय वि [अवच] नीचा । जघन्य । प्रतिकूल ।
अवयंस पुं [अवतंस] शिरोभूषण विशेष । कान का आभूषण ।
अवयंस सक [अवतंसय्] भूषित करना ।
अवयक्ख सक [अप + ईक्ष्] अपेक्षा करना, राह देखना ।
अवयक्ख सक [अव + ईक्ष्] देखना । पीछे से देखना ।
अवयक्खा स्त्री [अपेक्षा] अपेक्षा ।
अवयग्ग न [दे] अन्त, अवसान ।
अवयच्छ सक [अव + गम्] जानना ।
अवयच्छ सक [दृश्] देखना ।
अवयच्छिय वि [दे] प्रसारित ।
अवयज्झ सक [दृश्] देखना ।
अवयट्ठि स्त्री [अवतष्टि] पतला करना ।
अवयट्ठि वि [अवस्थायिन्]स्थिर रहनेवाला ।
अवयट्ठि स्त्री [अवकृष्टि] आकर्षण ।
अवयड्ढिअ वि [दे] युद्ध में पकड़ा हुआ ।
अवयण न [अवचन] कुत्सित वचन, दूषित भाषा ।
अवयर सक [अव + तॄ] नीचे उतरना । जन्म ग्रहण करना ।
अवयरिअ पुं [दे] वियोग ।
अवयरिअ वि [अपकृत] जिसका अपकार किया गया हो वह । न. अपकार, अहित-करण ।
अवयव पुं. अंश, विभाग । अनुमान-प्रयोग का वाक्यांश ।
अवयाढ देखो ओगाढ ।
अवयाण न [दे] खींचने की डोरी, लगाम ।
अवयाय पुं [अववाय] अपराध, दोष ।
अवयाय वि [अवदात] निर्मल ।
अवयार पुं [अपकार] अहित-करण ।
अवयार पुं [अवतार] उतरना । देहान्तर-धारण, जन्म-ग्रहण । मनुष्य रूप में देवता का प्रकाशित होना । संगति, योजना । प्रवेश । समावेश ।
अवयार पुं [दे] माघ-पूर्णिमा का एक उत्सव, जिसमें ईख से दतवन आदि किया जाता है ।
अवयारण न [अवतारण] उतारना ।
आहोहिय } ज्ञानी का एक भेद, नियत क्षेत्र को अवधिज्ञान से देखनेवाला ।

इ

इ पुं. प्राकृत वर्णमाला का तृतीय स्वरवर्ण । वाक्यालङ्कार और पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ।

इ देखो इइ ।

इ सक. जाना। जानना।

इअहरा देखो इयरहा।

इइ अ [इति] इन अर्थों का सूचक अव्यय—समाप्ति। अवधि। परिमाण। निश्चय। हेतु। एवम्, इस तरह। देखो इति।

इओ अ [इतस्] इससे, इस कारण। इस तरफ। इस (लोक) में।

इओअ अ [इतश्च] प्रसंगान्तर-सूचक अव्यय।

इंखिणिया स्त्री [दे. इङ्खिनिका] निन्दा।

इंखिणी स्त्री [दे. इङ्खिनी] ऊपर देखो।

इंगार } देखो अंगार। °कम्म न [°कर्मन्]
इंगाल } कोयला आदि उत्पन्न करने का और बेचने का व्यापार। °सगडिया स्त्री [°शकटिका] अंगीठी, आग रखने का बर्तन।

इंगारडाह पुंन [अङ्गारदाह] आवा, मिट्टी के पात्र पकाने का स्थान।

इंगाल वि [आङ्गार] अङ्गार-सम्बन्धी।

इंगालग देखो अंगारग।

इंगालय देखो इंगालग।

इंगाली स्त्री [दे] ईख का टुकड़ा, गंडेरी।

इंगाली स्त्री [आङ्गारी] देखो इंगाल-कम्म।

इंगिअ न [इङ्गित] इशारा, अभिप्राय के अनुरूप चेष्टा। °ज्ञ, °ण्ण, °ण्णु वि [°ज्ञ] इशारे से समझनेवाला। °मरण न. मरण-विशेष।

इंगिअजाणुअ देखो इंगिअज्ञ।

इंगिणी स्त्री [इङ्गिनी] मरण-विशेष, अनशन-क्रिया-विशेष।

इंगुअ न [इङ्गुद] इंगुदी वृक्ष का फल।

इंगुई } स्त्री [इङ्गुदी] वृक्ष-विशेष।
इंगुदी }

इंघिअ वि [दे] सूँघा हुआ।

°इंणर देखो किण्णर।

इंद पुं [इन्द्र] देवराज। श्रेष्ठ, प्रधान। परमेश्वर। जीव, आत्मा। ऐश्वर्य-शाली। विद्याधरों का प्रसिद्ध राजा। पृथ्वीकाय का एक अधिष्ठायक देव। ज्येष्ठा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। उन्नीसवें तीर्थंकर के एक स्वनामख्यात गणधर। सप्तमी तिथि। मेघ, वर्षा। न. देव-विमान-विशेष। °इ पुं [°जित्] इस नाम का राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश। रावण के एक पुत्र का नाम। °ओव देखो °गोव। °काइय पुं. [°कायिक] त्रीन्द्रिय जीव-विशेष। °कील पुं. दरवाजा का एक अवयव। °कुंभ पुं [°कुम्भ] बड़ा कलश। उद्यानविशेष। °केउ पुं [°केतु] इन्द्र-ध्वज, इन्द्र-यष्टि। °खील देखो °कील। °गाइय देखो °काइय। °गाह पुं [°ग्रह] इन्द्रावेश, किसी के शरीर में इन्द्र का अधिष्ठान, जो पागलपन का कारण होता है। °गोव पुं [°गोप] वर्षा ऋतु में होनेवाला रक्त वर्ण का क्षुद्र जन्तु-विशेष। °ग्गह पुं [°ग्रह] ग्रह-विशेष। °ग्गि पुं [°ग्नि] विशाखा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। महाग्रह-विशेष। °ग्गीव पुं [°ग्रीव] ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। °जसा स्त्री [°यशस्] काम्पिल्य नगर के ब्रह्मराज की एक पत्नी। °जाल न. माया-कर्म, कपट। °जालि वि [°जालिन्] मायावी, बाजीगर। °जुइण्ण पुं [°द्युतिज्ञ] स्वनाम-ख्यात इक्ष्वाकुवंश का एक राजा। °ज्झय पुं [ध्वज] बड़ी ध्वजा। °ज्झया स्त्री [ध्वजा] इन्द्र द्वारा भरतराज को दिखाई हुई अपनी दिव्य अङ्गुलि के उपलक्ष में राजा भरत से उस अङ्गुलि के समान आकृति की की हुई स्थापना और उसके उपलक्ष में किया गया उत्सव। °णील पुंन [°नील] नीलम, नीलमणि, रत्न-विशेष। °तरु पुं. वृक्षविशेष, जिसके नीचे भगवान् सम्भवनाथ को केवल-ज्ञान हुआ था। °त्त न [°त्व] स्वर्ग का आधिपत्य, इन्द्र का असाधारण धर्म। राजत्व। प्राधान्य। °दत्त पुं. इस नाम का एक प्रसिद्ध राजा। एक जैन मुनि। °दिण्ण पुं [दिन्न] स्वनाम-ख्यात एक

जैन आचार्य । °धणु न [°धनुष्] शक्र-धनु, सूर्य की किरण मेघों पर पड़ने से आकाश में जो धनुष का आकार दीख पड़ता है वह । विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम । °पाडिवया स्त्री [°प्रतिपत्] कार्तिक (गुजराती आश्विन) मास के कृष्णपक्ष की पहली तिथि । °पुर न. इन्द्र का नगर, अमरावती । नगर-विशेष, राजा इन्द्रदत्त की राजधानी । °पुरग न [°पुरक] जैनीय वेशवाटिक गण के चौथे कुल का नाम । °प्पभ पुं [°प्रभ] राक्षस वंश के एक राजा का नाम, जो लङ्का का राजा था । °भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर का प्रथम—मुख्य शिष्य, गौतमस्वामी । °मह पुं. इन्द्र की आराधना के लिए किया जाता एक उत्सव । आश्विन पूर्णिमा । °मालो स्त्री. राजा आदित्य की पत्नी । °मुद्धाभिसित्त पुं [°मूर्द्धाभिषिक्त] पक्ष की सातवी तिथि, सप्तमी । °मेह पुं [°मेघ] राक्षस वंश में उत्पन्न एक राजा । °य पुं [°क] देखो इन्द्र । नरक-विशेष । द्वीप-विशेष । न. विमान-विशेष । °याल देखो °जाल । °रह पुं [°रथ] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम । °राय पु [°राज] इन्द्र । °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] इन्द्र-ध्वज । °लेहा स्त्री [°लेखा] राजा त्रिकसंयत की पत्नी । °वज्जा स्त्री. [°वज्रा] छन्द-विशेष का नाम, जिसके एक पाद में ग्यारह अक्षर होते है । °वसु स्त्री. ब्रह्मराज की एक पत्नी । °वाय पुं [°वात] एक माण्डलिक राजा । °वारण पुं. इन्द्र का हाथी । °सम्म पुं [°शर्मन्] स्वनाम-ख्यात एक ब्राह्मण । °सामणिय पुं [°सामानिक] इन्द्र के समान ऋद्धिवाला देव । °सिरी स्त्री [°श्री] राजा ब्रह्मदत्त की एक पत्नी । °सुअ पुं [°सुत] इन्द्र का लड़का, जयन्त । °सेणा स्त्री[°सेना] इन्द्र का सैन्य । एक महानदी । °हणु देखो °धणु । °ाउह न [°ायुध] इन्द्रधनु । °ाउहप्पभ पुं [°ायुधप्रभ] वानरद्वीप का एक राजा । °ामअ पुं [°ामय] राजा इन्द्रायुधप्रभ का पुत्र, वानरद्वीप का एक राजा ।

इंद पुंन [इन्द्र] एक देवविमान ।

इंद वि [ऐन्द्र] इन्द्र-सम्बन्धी । न. संस्कृत का एक प्राचीन व्याकरण ।

इंदगाइ पुं [दे] साथ में संलग्न रहनेवाले कीट-विशेष ।

इंदग्गि पुं [दे] बर्फ ।

इंदग्गिधूम न [दे] हिम ।

इंदड्ढलअ पुं [दे] इन्द्र का उत्थापन ।

इंदमह वि [दे]कुमारी में उत्पन्न । न. यौवन ।

इंदमहकामुअ पुं [दे. इन्द्रमहकामुक] श्वान ।

इंदा स्त्री [इन्द्रा] एक महानदी । धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी ।

इंदा स्त्री [ऐन्द्री] पूर्व-दिशा ।

इंदाणी स्त्री [इन्द्राणी] इन्द्र की पत्नी । एक राज-पत्नी ।

इंदासणि पुं [इन्द्राशनि] एक नरक-स्थान ।

इंदिदिर पुं [इन्दिन्दिर] भ्रमर ।

इंदिय पुंन [इन्द्रिय] आत्मा का चिह्न, ज्ञान के साधन-भूत इन्द्रिय—श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, जिह्वा, त्वक् और मन । शरीर के अवयव । °अवाय पुं [°ापाय] इन्द्रियों द्वारा होनेवाला वस्तु का निश्चयात्मक ज्ञान-विशेष । °ओगाहणा स्त्री [°ावग्रहणा] इन्द्रियों द्वारा उत्पन्न होनेवाला ज्ञान-विशेष । °जय पुं. इन्द्रियों का निग्रह । तपो-विशेष । °ट्ठाण न [°स्थान] इन्द्रियों का उपादान कारण । °णिव्वत्तणा स्त्री [°निर्वर्त्तना] इन्द्रियों के आकार की निष्पत्ति । °णाण न [°ज्ञान] इन्द्रिय-द्वारा उत्पन्न ज्ञान, प्रत्यक्ष ज्ञान । °त्थ पुं [°ार्थ] इन्द्रिय से जानने योग्य वस्तु, रूप-रस-गन्ध वगैरह । °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] शक्ति-विशेष, जिसके द्वारा जीव धातुओं के

रूप में बदले हुए आहार को इन्द्रियों के रूप में परिणत करता है। °विजय पुं. देखो °जय। °विसय पुं [°विषय] देखो °त्थ।

इंदिय न [इन्द्रिय] लिंग, पुरुष-चिह्न।

इंदियाल देखो इंद-जाल।

इंदियाल } देखो इंद-जालि।
इंदियालि }

इंदिर पुं [इन्दिर] भ्रमर।

इंदिरा स्त्री [इन्दिरा] लक्ष्मी।

इंदीवर न [इन्दीवर] कमल।

इंदु पुं [इन्दु] चन्द्रमा।

इंदुत्तरवडिंसग न [इन्द्रोत्तरावतंसक] देव-विमान-विशेष।

इंदुर पुंस्त्री [उन्दुर] चूहा।

इंदोकंत न [इन्दुकान्त] विमान-विशेष।

इंदोव देखो इंद-गोव।

इंदोवत्त पुं [दे] इन्द्रगोप, कीट-विशेष।

इंद्र देखो इंद = इन्द्र।

इंध न [चिह्न] निशानी।

इंधण न [इन्धन] ईंधन, लकड़ी वगैरह दाह्य-वस्तु। अस्त्र-विशेष। उद्दीपन। पलाल, तृण वगैरह, जिससे फल पकाये जाते हैं। °साला स्त्री [°शाला] वह घर, जिसमें जलावन रक्खे जाते हैं।

इंधिय वि [इन्धित] उद्दीपित, प्रज्ज्वलित।

इक न [दे] प्रवेश।

इक्क देखो एक्क।

इक्कड पुं. तृण-विशेष।

इक्कड वि [ऐक्कड] इक्कड़ तृण का बना हुआ।

इक्कण वि [दे] चोर।

इक्कार देखो एक्कारह।

इक्किक्क वि [एकैक] प्रत्येक।

इक्किल स्त्रीन [एकचत्वारिंशत्] एकचालीस।

इक्कुस न [दे] नीलोत्पल।

इक्ख सक [ईक्ष्] देखना।

इक्खअ वि [ईक्षक] देखनेवाला।

इक्खाउ देखो इक्खागु।

इक्खाग वि [ऐक्ष्वाक] इक्ष्वाकु नामक प्रसिद्ध क्षत्रियवंश में उत्पन्न।

इक्खाग } पुं. [इक्ष्वाकु] एक प्रसिद्ध क्षत्रिय
इक्खागु } राजवंश, भगवान् ऋषभदेव का वंश। उस वंश में उत्पन्न। कोशल देश। °भूमि स्त्री. अयोध्या नगरी।

इक्खु पुं [°इक्षु] ईख। धान्य-विशेष, 'बरट्टिका' नाम का धान्य। °गंडिया स्त्री [°गण्डिका] ईख का टुकड़ा। °घर न [°गृह] उद्यान-विशेष। °चोयग न [दे] ईख का कुच्चा। °डालग न [दे] ईख की शाखा का एक भाग। ईख का छेद। °पेसिया स्त्री [°पेशिका] गण्डेरी। °भित्ति स्त्री [दे] ईख का टुकड़ा। °मेरग न [°मेरक] गण्डेरी। °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] इक्षु-दण्ड। °वाड पुं [°वाट] ईख का खेत। °सालग न [दे] ईख की लम्बी शाखा। ईख की बाहर की छाल। देखो उच्छु।

इग देखो एक्क।

इगयाल स्त्रीन [एकचत्वारिंशत्] ४१—एक-चालीस।

इगवीसइम वि [एकविंश] एक्कीसवाँ।

इगुचाल वि [एकचत्वारिंशत्] चालिस और एक।

इगुणवीस वि [एकोनविंश] उन्नीसवाँ।

इगुणीस } स्त्री [एकोनविंशति] उन्नीस।
इगुवीस }

इगुसट्ठि स्त्री [एकोनषष्टि] उनसठ।

इग्ग वि [दे] डरा हुआ।

इग्ग देखो एक्क।

इग्घिअ वि [दे] तिरस्कृत।

इच्चाइ पुंन [इत्यादि] प्रभृति।

इच्चेवं अ [इत्येवम्] इस प्रकार।

इच्छ सक [इष्] इच्छा करना।

इच्छ सक [आप् + स् = ईप्स्] प्राप्त करने को

चाहना ।

इच्छकार देखो इच्छा-कार ।

इच्छक्कार पुं [इच्छाकार] 'इच्छा' शब्द ।

इच्छा स्त्री. पक्ष की ग्यारहवीं रात्रि । अभिलाषा, चाह । °कार पुं. स्वकीय-इच्छा । °छंद वि [°च्छन्द] इच्छा के अनुकूल । °णुलोम वि [°नुलोम] इच्छा के अनुकूल । °णुलोमिय वि [°नुलोमिक] इच्छा के अनुकूल । °पणिय वि [°प्रणीत] इच्छानुसार किया हुआ । °परिमाण न. परिग्राह्य वस्तुओं के विषय की इच्छा का परिमाण करना, श्रावक का पांचवाँ व्रत । °मुच्छा स्त्री [°मूर्च्छा] अत्यासक्ति, प्रबल इच्छा । °लोभ पुं. प्रबल लोभ । °लोभिय वि [°लोभिक] महालोभी । °लोल पुं. महान् लोभ । वि. महालोभी ।

°इच्छा स्त्री [दित्सा] देने की इच्छा ।

इच्छु देखो इक्खु ।

इच्छु वि [इच्छु] अभिलाषी ।

इज्ज सक [आ + इ] आना, आगमन करना ।

इज्ज पुंन [इज्या] यज्ञ ।

इज्जा स्त्री [इज्या] याग । ब्राह्मणों का सन्ध्यार्चन ।

इज्जा स्त्री [दे] जननी ।

इज्जिसिय वि [इज्यैषिक] पूजा का अभिलाषी ।

इज्झ अक [इन्ध्] चमकना ।

इट्टग [दे] सेवई ।

इट्टगा स्त्री [दे] खाद्य-विशेष, सेव ।

इट्टगा स्त्री [इष्टका] नीचे देखो इट्टा ।

इट्टवाय देखो इट्टा-वाय ।

इट्टा स्त्री [इष्टका] ईंट । °पाय, °वाय पुं [°पाक] ईंटों का पकना । जहाँ पर ईंटें पकाई जाती हैं वह स्थान ।

इट्टाल न. ईंट का टुकड़ा ।

इट्ठ वि [इष्ट] अभिलषित, अभिप्रेत, पूजित, सत्कृत । आगमोक्त, सिद्धान्त से अविरुद्ध । न. स्व-सिद्धान्त । न. निर्विकृति-तप । याग-क्रिया ।

इट्ठि स्त्री [इष्टि] इच्छा । याग-विशेष ।

°इट्ठि स्त्री [कृष्टि] खिंचाव, खींचना ।

इडा स्त्री. शरीर के बाएँ भाग में स्थित नाड़ी ।

इड्डर न [दे] गाड़ी ।

इड्डरग } न [दे] रसोई ढकने का बड़ा
इड्डरय } पात्र ।

इड्डरिया स्त्री [दे] मिष्ठान्न-विशेष ।

इड्ढ वि [ऋद्ध] ऋद्धि-सम्पन्न ।

इड्ढि स्त्री [ऋद्धि] ऐश्वर्य । लब्धि, शक्ति, सामर्थ्य । पदवी । °गारव न [°गौरव] सम्पत्ति या पदवी आदि प्राप्त होने पर अभिमान और प्राप्त न होने पर उसकी लालसा । °पत्त वि [°प्राप्त] ऋद्धिशाली । °म, °मंत वि [°मत्] ऋद्धिवाला ।

इड्डि[illegible] [illegible] [दे] [illegible] की एक जाति ।

इणं } अ [एतत्] यह ।
इणमो }

°इण्ण देखो दिण्ण ।

°इण्ण देखो किण्ण ।

इण्ह न [चिह्न] निशान ।

°इण्हा स्त्री [तृष्णा] प्यास, स्पृहा ।

इण्हिं अ [इदानीम्] इस समय ।

इतरेतरासय पुं [इतरेतराश्रय] तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध एक दोष, परस्पर एक दूसरे की अपेक्षा ।

इति देखो इइ । °हास पुं. पूर्ववृत्तान्त, पुरावृत्त । पुराणशास्त्र ।

इत्तर वि [इत्वर] थोड़ा । अल्प-कालिक । °परिग्गहा स्त्री [°परिग्रहा] थोड़े समय के के लिए रक्खी हुई वेश्या आदि । °परिग्गहिया स्त्री [°परिगृहीता] देखो °परिग्गहा ।

इत्तरिय वि [इत्वरिक] ऊपर देखो ।

इत्तरिय देखो इयर ।

इत्तरी स्त्री [इत्वरी] थोड़े काल के लिए रखी हुई वेश्या आदि।
इत्तहे (अप) अ [अत्र] यहाँ पर।
इत्ताहे अ [इदानीम्] अधुना।
इत्ति देखो इइ।
इत्तिय वि [इयत्, एतावत्] इतना।
इत्तिरिय वि [इत्वरिक] अल्पकालिक।
इत्तिल देखो इत्तिय।
इत्तो देखो इओ।
इत्तोअ देखो इओअ।
इत्तोप्पं [दे] इतःप्रभृति।
इत्थ अ [अत्र] यहाँ, इसमें।
इत्थं अ [इत्थम्] इस प्रकार। °त्थ वि [°स्थ] नियत आकारवाला, नियमित।
इत्थंथ वि [इत्थंस्थ] इस तरह रहा हुआ।
इत्थत्थ पुं [इत्यर्थ] वह अर्थ।
इत्थत्थ पुं [स्त्र्यर्थ] स्त्री-विषय।
इत्थयं देखो इत्थ।
इत्थि स्त्रीन [स्त्री] महिला।
इत्थि, इत्थी स्त्री [स्त्री] औरत। °कला स्त्री. स्त्री के गुण, स्त्री को सीखने योग्य कला। °कहा स्त्री [°कथा] स्त्री-विषयक वार्तालाप। °णपुंसग पुंन [°नपुंसक] एक प्रकार का नपुंसक। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके उदय से स्त्रीत्व की प्राप्ति होती है। °परिसह पुं [परिषह] ब्रह्मचर्य। °विप्पजह वि [°विप्रजह] स्त्री का परित्याग करनेवाला। पुं. मुनि। °वेद, °वेय पुं [°वेद] स्त्री को पुरुष-संग की इच्छा। कर्म-विशेप, जिसके उदय से स्त्री को पुरुष के साथ भोग करने की इच्छा होती है।
इत्थेण त्रि [स्त्रैण] स्त्रियों का समूह।
इदाणिं देखो इयाणि।
इदाणि (शौ) देखो इयाणि।
इदाणीं, इदाणी देखो इदाणिं।
इदिवित्त (शौ) न [इतिवृत्त] इतिहास।
इदुर न [दे] धान्य रखने का एक तरह का पात्र।
इद्दंड पुं [दे] भौंरा।
इद्धग्गिघूम न [दे] हिम।
इद्धि देखो इड्ढि।
इध (शौ) देखो इह।
इब्भ पुं [इभ्य] धनी।
इब्भ पुं [दे] व्यापारी।
इभ पुं. हाथी।
इभपाल पुं. महावत।
इम स [इदम्] यह।
इमेरिस वि [एतादृश] ऐसा।
इय देखो इम।
इय देखो इइ।
इय न [दे] प्रवेश।
इय वि [इत] गत। प्राप्त। ज्ञात।
इयण्हिं अ [इदानीम्] हाल में।
इयर वि [इतर] अन्य, दूसरा। हीन।
इयरहा अ [इतरथा] अन्यथा, नहीं तो।
इयरेयर वि [इतरेतर] अन्योन्य।
इयाणिं, इयाणि अ [इदानीम्] इस समय।
इर देखो किल।
इरमंदिर पुं [दे] ऊँट।
इराव पुं [दे] हाथी।
इरावदी (शौ) स्त्री [इरावती] नदी-विशेष।
°इरि देखो गिरि।
इरिण न [ऋण] करजा।
इरिण न [दे] सुवर्ण।
इरिय सक [ईर्] गति करना।
इरिया स्त्री [दे] कुटिया।
इरिया स्त्री [ईर्या] गमन। °वह पुं [°पथ] मार्ग में जाना। रास्ता। केवल शरीर से होनेवाली क्रिया। °वहिय न [°पथिक] केवल शरीर की चेष्टा से होनेवाला कर्म-

बन्ध, कर्म-विशेष । °वहिया स्त्री [°पथिकी] कषाय-रहित केवल कायिक क्रिया । °समिइ स्त्री [°समिति] दूसरे जीव को किसी प्रकार की हानि न हो ऐसा उपयोग-पूर्वक चलना । °समिय वि [°समित] विवेक-पूर्वक चलनेवाला ।

इल पुं. वाराणसी का वास्तव्य स्वनाम-ख्यात एक गृहपति– गृहस्थ । न. इलादेवी के सिंहासन का नाम । °सिरी स्त्री [°श्री] इल नामक गृहस्थ की स्त्री ।

°इलंतअ देखो किलंत ।

इला स्त्री. पृथिवी, भूमि । धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी । इल नामक गृहस्थ की पुत्री । रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी । राजा जनक की माता । इलावर्धन नगर में स्थित एक देवता । °कूड न [°कूट] इलादेवी के निवास-भूत एक शिखर । °पुत्त पुं [°पुत्र] इलादेवी के प्रसाद से उत्पन्न एक श्रेष्ठि-पुत्र । °वइ पुं [°पति] एलापत्य गोत्र का आदि पुरुष । °वडंसय न [°वतंसक] इलादेवी का प्रासाद ।

इलाइपुत्त देखो इला-पुत्त ।

इलिया स्त्री [इलिका] चीनी और चावल में उत्पन्न होनेवाला कीटविशेष ।

इली स्त्री. एक जाति की तलवार की तरह का हथियार ।

इल्ल पुं [दे] चपरासी । दाँती । वि. दरिद्र । कोमल । काला ।

इल्लपुलिंद पुं [दे] व्याघ्र, शेर ।

इल्लि पुं [दे] शार्दूल । सिंह । छाता ।

इल्लिय वि [दे] आसिक्त ।

इल्लिया स्त्री [इल्लिका] अन्न में उत्पन्न होनेवाला कीट-विशेष ।

इल्लीर न [दे] आसन-विशेष । छाता । दरवाजा, गृह-द्वार ।

इव अ. इन अर्थों का द्योतक अव्यय— उपमा । सादृश्य । उत्प्रेक्षा ।

इसअ वि [दे] विस्तीर्ण ।

इसणा देखो एसणा ।

इसाणी स्त्री [ऐशानी] ईशानकोण ।

इसि पुं [ऋषि] मुनि, साधु, ज्ञानी, महात्मा । ऋषिवादि-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र । °गुत्त पुं [°गुप्त] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि । न. जैन मुनियों का एक कुल । °गुत्तिय न [°गुप्तीय] जैन मुनियों का एक कुल । °दास पुं. इस नाम का एक सेठ, जिसने जैन दीक्षा ली थी । 'अनुत्तरोववाइदसा' सूत्र का एक अध्ययन । °दत्त, °दिण्ण पुं [°दत्त] एक जैन मुनि । °पालिय पुं [°पालित] ऐरवत क्षेत्र के पाँचवें तीर्थंकर का नाम । °पालिया स्त्री [°पालिता] जैन मुनियों की एक शाखा । °भद्दपुत्त पुं [°भद्रपुत्र] एक जैन श्रावक । °भासिय न [°भाषित] अंगग्रन्थों के अतिरिक्त जैन आचार्यों के बनाये हुए उत्तराध्ययन आदि शास्त्र । 'प्रश्नव्याकरण' सूत्र का तृतीय अध्ययन । °वाइ, °वाइय, °वादिय पुं [°वादिन्] व्यन्तरों की एक जाति । °वाल पुं [°पाल] ऋषिवादिव्यन्तरों का उत्तर दिशा का इन्द्र । पाँचवें वासुदेव का पूर्वभवीय नाम । °वालिय पुं [°पालित] ऋषिवादिव्यन्तरों के एक इन्द्र का नाम ।

इसिण पुं [इसिन] अनार्य देश-विशेष ।

इसिणय वि [इसिनक] इसिन-नामक अनार्य देश में उत्पन्न ।

इसिया स्त्री [इषिका] शलाका ।

इसु पुं [इषु] बाण ।

इस्स वि [एष्यत्] भविष्यकाल । होनेवाला ।

इस्सर देखो ईसर ।

इस्सरिय देखो ईसरिय ।

इस्सा स्त्री [ईर्ष्या] द्रोह, असूया ।

इस्सास पुं [इष्वास] धनुष । तीरंदाज ।

इह पुं [इभ] हाथी ।

इहं अ [इदानीम्] इस समय, अधुना ।

इह अ. यहाँ, इस जगह। °पारलोइय वि [ऐहिकपारलौकिक] इस और परलोक से सम्बन्ध रखनेवाला। °भविय वि [ऐह-भविक] इस जन्म-सम्बन्धी। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] वर्तमान जन्म, मनुष्य-लोक। °लोय, °लोइय वि[ऐहलौकिक] इस जन्म-सम्बन्धी, वर्तमान-जन्म-सम्बन्धी।

इहअ, इहइं } ऊपर देखो।

इहइं अ [इदानीम्] सम्प्रति, इस समय।

इहं, इहयं } देखो इह = इह।

इहरहा, इहरा } देखो इयर-हा।

इहरा देखो इहइं = इदानीम्।

इहामिय देखो ईहामिय।

इहि अ [इह] यहाँ।

ई

ई पुं. प्राकृत वर्णमाला का चतुर्थ वर्ण, स्वर-विशेष।

ईअ स [एतत्, इदम्] यह।

ईअ अ [इति] इस तरह।

ईइ पुंस्त्री [ईति] धान्य वगैरह को नुकसान पहुँचानेवाला चूहा आदि प्राणि-गण।

ईइस वि [ईदृश] ऐसा, इसके समान।

ईजिह अक [घ्रा] तृप्त होना।

°ईड देखो कीड = कीट।

ईडा स्त्री. स्तुति।

ईण वि [ईन] प्रार्थी, अभिलाषी।

°ईण देखो दीण।

ईति देखो ईइ।

ईदिस देखो ईइस।

ईर सक. प्रेरणा करना। कहना। गमन करना। फेंकना।

ईरिया देखो इरिया।

ईरिस देखो ईइस।

ईस न [दे] खूंटा, खीला।

ईस सक [ईर्ष्] द्वेष करना।

ईस पुं [ईश] देखो ईसर = ईश्वर। न. ऐश्वर्य, प्रभुता।

ईस देखो ईसि।

ईसअ पुं [दे] रोझ, हरिण की एक जाति।

ईसत्थ न [इष्वस्त्रशास्त्र] धनुर्वेद, बाणविद्या।

ईसर पुं [दे] कामदेव।

ईसर पुं [ईश्वर] प्रभु। महादेव। पति। मुखिया। वेलंधर-देवों का आवास-विशेष। एक पाताल-कलश। आढ्य। ऐश्वर्य-शाली। युवराज। माण्डलिक, सामन्त-राजा। मन्त्री। भूतवादि-निकाय का इन्द्र। पाताल-विशेष। एक राजा का नाम। एक जैन मुनि। यक्ष-विशेष।

ईसर पुं [ईश्वर] अणिमा आदि आठ प्रकार के ऐश्वर्य से सम्पन्न।

ईसरिय न [ऐश्वर्य] वैभव, ईश्वरपन।

ईसा स्त्री [ईषा] लोकपालों की अग्रमहिषियों की एक पार्षदा। पिशाचेन्द्र की एक परिषद्। हल का एक काष्ठ।

ईसा स्त्री [ईर्षा] ईर्ष्या, द्रोह। °रोस पुं [°रोष] क्रोध।

ईसाण पुं [ईशान] दूसरा देवलोक। दूसरे देवलोक का इन्द्र। ईशान-कोण। मुहूर्त-विशेष। दूसरे देवलोक के निवासी देव। प्रभु, स्वामी। °वडिंसग न [°ावतंसक] विमान-विशेष का नाम।

ईसाण पुं [ईशान] अहोरात्र का ग्यारहवाँ मुहूर्त।

ईसाणा स्त्री [ऐशानी] ईशान-कोण।

ईसाणी स्त्री [ऐशानी] ईशान-कोण। विद्या-विशेष।

ईसालु वि [ईर्ष्यालु] असहिष्णु, द्वेषी।

ईसास देखो इस्सास।
ईसि अ [ईषत्] अल्प। पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र, मुक्तभूमि। °पब्भार वि [°प्राग्भार] थोड़ा अवनत। °पब्भारा स्त्री [°प्राग्भारा] पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र।
ईसिअ न [ईर्ष्यित] ईर्ष्या, द्वेष। वि. जिसपर ईर्ष्या की गई हो वह।
ईसिअ न [दे] भील के सिर पर का पत्रपुट या पगड़ी। वि. वशीकृत।
ईसि, ईसी } देखो ईसि।
ईह सक [ईक्ष्, ईह्] देखना। विचारना। चेष्टा करना।
ईहा स्त्री. विचार, ऊहापोह, विमर्श। चेष्टा, प्रयत्न। मति-ज्ञान का एक भेद। °मिग, °मिय पुं [°मृग] वृक, भेड़िया। नाटक का एक भेद।
ईहा स्त्री [ईक्षा] अवलोकन, विलोकन।

उ

उ पुं, प्राकृत वर्णमाला का पञ्चम अक्षर, स्वर-विशेष। उपयोग रखना, ख्याल करना। गति-क्रिया।
उ अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—सम्बोधन, आमन्त्रण। कोप-वचन। अनुकम्पा। नियोग, हुकुम। आश्चर्य। स्वीकार। पृच्छा।
उ अ [तु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—विशेषण। कारण। समुच्चय, और। निश्चय। किन्तु। आज्ञा। प्रशंसा। विनिग्रह। शंका की निवृत्ति। पादपूर्ति के लिए भी इसका प्रयोग होता है।
उ देखो उव।
उ° अ [उत्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—ऊर्ध्व। विपरीत। अभाव। ज्यादा, विशेष।
उअ अ [दे] विलोकन करो, देखो।
उअ अ [उत] इन अर्थों का सूचक अव्यय—विकल्प। वितर्क, विमर्श। प्रश्न। समुच्चय। अतिशय।
उअ अ [दे] ऋजु।
उअ देखो उव।
उअ न [उद] पानी। °सिंधु पुं [°सिन्धु] समुद्र।
उअ वि [उदञ्च्] उत्तर, उत्तर दिशा में स्थित। °महिहर पुं [°महिधर] हिमाचलपर्वत।
उअअ न [उदक] पानी।
उअअ देखो उदय।
उअअ न [उदर] पेट।
उअअ वि [दे] सरल, सीधा।
उअअद (शौ) देखो उवगय।
उअआरअ वि [उपकारक] उपकार करनेवाला।
उअआरि वि [उपकारिन्] ऊपर देखो।
उअइव्व वि [उपजीव्य] आश्रय करने योग्य, सेवा करने योग्य।
उअऊह सक [उप + गूह्] आलिंगन करना।
उअएस देखो उवएस।
उअंचण न [उदञ्चन] ऊँचा फेंकना या उठाना, ढकने का पात्र।
उअंचिद (शौ) वि [उदञ्चित] ऊँचा उठाया हुआ, ऊँचा फेंका हुआ।
उअंत पुं [उदन्त] हकीकत, वृतान्त।
उअकिद (शौ) वि [उपकृत] जिसपर उपकार किया गया हो वह।
उअक्किअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ।
उअगअ देखो उवगय।
उअचित्त वि [दे] अपगत, निवृत्त।
उअजीवि वि [उपजीविन्] आश्रित।
उअज्झाअ देखो उवज्झाय।
उअट्टी स्त्री [दे] नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की

नाडी।
उअट्ठिअ देखो उवट्ठिय।
उअणिअ } देखो उवणीय।
उअणीअ }
उअण्णास देखो उवण्णास।
उअत्तंत देखो उव्वट्ट = उद् + वृत्।
उअत्थाण देखो उवट्ठाण।
उअत्थिअ देखो उवट्ठिय।
उअदिट्ठ देखो उवइट्ठ।
उअभुत्त देखो उवभुत्त।
उअभोग देखो उवभोग।
उअमिज्जंत वकृ [उपमीयमान] जिसकी तुलना की जाती हो वह।
उअर न [उदर] पेट।
उअरि } देखो उवरि।
उअरिं }
उअरी स्त्री [दे] शाकिनी देवी।
उअरुज्झ देखो उवरुज्झ।
उअरोअ } देखो उवरोह।
उअरोह }
उअलद्ध देखो उवलद्ध।
उअविट्ठअ न [औपविष्टक] आसन।
उअविय वि [दे] उच्छिष्ट।
उअसप्प देखो उवसप्प।
उअसम } देखो उवसम = उप + शम्।
उअसम्म }
उअह अ [दे] देखिए।
उअहस देखो उवहस।
उअहार देखो उवहार।
उअहारी स्त्री [दे] दोहनेवाली स्त्री।
उअहि पुं [उदधि] सागर। स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजकुमार। काल परिमाण, सागरोपम। स्वनामख्यात एक जैन मुनि। देखो उदहि।
उअहि देखो उवहि = उपधि।
उअहुंज देखो उवभुंज।
उअहोअ देखो उवभोग।
उआअ देखो उवाय।
उआअण देखो उवायण।
उआर देखो उराल।
उआर देखो उवयार।
उआलंभ देखो उवालंभ = उपा + लभ्।
उआलंभ देखो उवालंभ = उपालम्भ।
उआलभ देखो उआलंभ = उपा + लभ्।
उआलि स्त्री [दे] शिरोभूषण।
उआस वि [उदास] नीचे देखो।
उआस देखो उवास = उपा + आस्।
उआसीण वि [उदासीन] उदासी, दिलगीर। मध्यस्थ।
उआहरण देखो उदाहरण।
उइ सक [उप + इ] समीप जाना।
उइ अक [उद् + इ] उदित होना।
उइ देखो उउ। °राय पुं [°राज] बसन्त ऋतु।
उइअ वि [उदित] उदय-प्राप्त, उद्गत। कथित। °परक्कम पुं [°पराक्रम] इक्ष्वाकुवंश के एक राजा का नाम।
उइअ वि [उचित] योग्य।
उइंतण न [दे] उत्तरीय वस्त्र, चादर।
उइंद पुं [उपेन्द्र] इन्द्र का छोटा भाई, विष्णु का वामन अवतार, जो अदिति के गर्भ से हुआ था।
उइट्ठ वि [अपकृष्ट] हीन, संकुचित।
उइण्ण देखो उदिण्ण।
उइण्ण वि [उदीच्य] उत्तर दिशा-सम्बन्धी, उत्तर दिशा में उत्पन्न।
उइन्न देखो ओइण्ण।
उईण देखो उदीण।
उईर देखो उदीर।
उईरण देखो उदीरण।
उईरणया } देखो उदीरणा।
उईरणा }
उईरिय देखो उदीरिय।

उउ त्रि [ऋतु] ऋतु, दो मास का काल-विशेष, वसन्त आदि छः प्रकार का काल। स्त्री-कुसुम, रजो-दर्शन, स्त्री-धर्म। °बद्ध पुं. शीत और उष्णकाल। °मास पुं. श्रावण मास। दीर्घ दिनवाला मास। °य वि [°ज] ऋतु में उत्पन्न, समय पर उत्पन्न होनेवाला। °संधि पुंस्त्री. ऋतु का सन्धि-काल, ऋतु का अन्त समय। °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष। देखो उइ = उउ।

उउंबर देखो उंबर = उदुम्बर।

उउवद्दिय न [ऋतुबद्ध] मास-कल्प, एक मास तक एक स्थान में साधु का निवासानुष्ठान।

उऊखल } पुंन [उदूखल] उलूखल, गूगल।
उऊहल }

उएट्ठ पुं [दे] शिल्प-विशेष।

उओग्गिअ वि [दे] सम्बद्ध, संयुक्त।

उं अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—क्षेप, निन्दा। विस्मय। खेद। वितर्क। सूचन।

उंघ अक [नि + द्रा] नींद लेना।

उंचहिआ स्त्री [दे] चक्रधारा।

उंछ पुंन [उञ्छ] भिक्षा। पू. माधुकरी।

उंछअ पुं [दे] वस्त्र छापने का काम करनेवाला शिल्पी।

उंज सक [सिच्] छिड़कना।

उंज सक [युज्] प्रयोग करना, जोड़ना।

उंजायण न [उञ्जायन] गोत्र-विशेष, जो वशिष्ठ-गोत्र की एक शाखा है।

उंड } वि [दे] गभीर, गहरा। पुं. पिण्ड।
उंडग } चलते समय पाँव में पिण्ड रूप से लग
उंडय } जाय उतना गहरा कीचड़, कर्दम। शरीर का एक भाग, मांस-पिण्ड।

उंडग } न [दे] स्थण्डिल, स्थान, जगह।
उंडुअ }

उंडल न [दे] मञ्च, मचान, उच्चासन। समूह।

उंडिया स्त्री [दे] मुद्रा-विशेष।

उंडी स्त्री [दे] पिण्ड, गोलाकार वस्तु।

उंदर } पुंस्त्री [उन्दुर] चूहा।
उंदुर }

उंदु न [दे] मुख। °रुक्क न [दे] मुंह से वृषभ आदि की उच्च आवाज करना।

उंदुरअ पुं [दे] लम्बा दिवस।

उंदुरु पुंस्त्री [उन्दुरु] मूषक।

उंब पुं [उम्ब] वृक्ष-विशेष।

उंबर पुं [उदुम्बर] गूलर का पेड़। न. गूलर का फल। देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी। °दत्त पुं. यक्ष-विशेष। एक सार्थवाह का पुत्र। °पंचग, °पणग न [°पञ्चक] बड़, पीपल, गूलर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी इन पांच वृक्षों के फल। °पुप्फ न [°पुष्प] गूलर का फूल।

उंबर वि [दे] प्रचुर।

उंबरउप्फ न [दे] नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति।

उंबरय पुं. [दे] कुष्ठ रोग का एक भेद।

उंबा स्त्री [दे] बन्धन।

उंबी स्त्री [दे] पका हुआ गेहूँ।

उंबेभरिया स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष।

उंभ सक [दे] पूर्ति करना, पूरा करना।

उकिट्ठ देखो उक्किट्ठ।

उकुरुडिया [दे] देखो उक्कुरुडिया।

उक्क वि [उत्क] उत्सुक, उत्कण्ठित। एक विद्याधर राजा का नाम।

उक्क वि [उक्त] कथित।

उक्क न [दे] पाद-पतन, पांव पर गिर कर नमस्कार करना।

उक्कअ वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ।

उक्कंचण } न [दे] खुशामद। उठाना।
उक्कंचणया } झाड़ निकालना। रिश्वत। मूर्ख पुरुष को ठगनेवाले धूर्त्त का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए निश्चेष्ट रहना। °दीव पुं [°दीप] ऊँचा दंडवाला प्रदीप।

उक्कंछण न [दे] देखो उक्कंचण।

उक्कंठ अक [उत् + कण्ठ्] उत्कण्ठा करना, उत्सुक होना।
उक्कंठुलय वि [उत्कण्ठित] उत्सुक।
उक्कंड वि [उत्कण्डित] खूब छटा हुआ।
उक्कंडय सक [उत्कण्टय्] पुलकित करना।
उक्कंडय वि [उत्कण्टक] रोमाञ्चित।
उक्कंडा स्त्री [दे] रिश्वत।
उक्कंडिअ वि [दे] आरोपित। खण्डित।
उक्कंत वि [उत्क्रान्त] ऊँचा गया हुआ।
उक्कंति, उक्कंती स्त्री [दे] देखो उक्कंदि।
उक्कंद वि [दे] विप्रलब्ध, ठगा हुआ।
उक्कंदल वि [उत्कन्दल] अंकुरित।
उक्कंदि, उक्कंदी स्त्री [दे] कूपतुला।
उक्कंप अक [उत् + कम्प्] कांपना, हिलना। चञ्चल होना।
उक्कंपिय वि [दे] धवलित।
उक्कंबण न [दे. अवकम्बन] काठ पर काठ के हाते से घर की छत बाँधना, घर का संस्कार-विशेष।
उक्कंबिय वि [दे. अवकम्बित] काठ से बाँधा हुआ।
उक्कच्छ वि [उत्कच्छ] स्फुट, स्पष्ट।
उक्कच्छा स्त्री [उत्कच्छा] छन्द-विशेष।
उक्कच्छिआ स्त्री [औपकक्षिकी] जैन साध्वियों को पहनने का वस्त्र-विशेष।
उक्कज्ज वि [दे] अनवस्थित, चञ्चल।
उक्कट्टि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हानि।
उक्कट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष। देखो उक्किट्ठि।
उक्कड वि [उत्कट] तीव्र, प्रचण्ड। विशाल। प्रबल। °उक्कड देखो दुक्कड।
उक्कडिय वि [दे] तोड़ा हुआ, छिन्न।
उक्कडिय देखो उक्कुड्डुय।
उक्कड्ढ सक [उत् + कर्षय्] उत्कृष्ट करना, बढ़ाना।
उक्कड्ढग पुं [अपकर्षक] चोर की एक-जाति–जो घर से धन आदि ले जाते हैं। जो चोरों को बुलाकर चोरी कराते हैं। चोर के सहायक।
उक्कड्ढिय वि [उत्कर्षित] उत्पाटित, उठाया हुआ। एक स्थान से उठाकर अन्यत्र स्थापित।
उक्कण्ण वि [उत्कर्ण] सुनने के लिए उत्सुक।
उक्कत्त सक [उत् + कृत्] काटना, कतरना।
उक्कत्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ, छिन्न।
उक्कत्थण न [उत्कत्थन] उखाड़ना।
उक्कप्प पुं [उत्कल्प] शास्त्र-निषिद्ध आचरण।
उक्कनाह पुं [दे] उत्तम अश्व की एक जाति।
उक्कम सक [उत् + क्रम्] ऊँचा जाना। उलटे क्रम से रखना।
उक्कम पुं [उत्क्रम] उलटा क्रम, विपरीत क्रम।
उक्कमण न [उत्क्रमण] ऊर्ध्वगमन। बाहर जाना।
उक्कमित वि [उपक्रान्त] प्रारब्ध। क्षीण।
उक्कर सक [उत् + कृ] खोदना।
उक्कर पुं [उत्कर] समूह, संघात। कर-रहित, राज-देय शुल्क से रहित।
उक्करड देखो उक्कर = उत्कर।
उक्करड पुं [दे] अशुचि-राशि। जहाँ मैला इकट्ठा किया जाता है वह स्थान।
उक्करिअ वि [दे] विस्तीर्ण, आयत। आरोपित। खण्डित।
उक्करिद (शौ) वि [उत्कृत] ऊँचा किया हुआ।
उक्करिया स्त्री [उत्करिका] जैसे एरण्ड के बीज से उसका छिलका अलग होता है उस तरह अलग होना, भेद-विशेष।
उक्करिस सक [उत् + कृष्] खींचना। गर्व करना, बड़ाई करना। उन्मूलन करना।
उक्करिस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष।
उक्करिसण न [उत्कर्षण] उत्कर्ष, बड़ाई,

महत्त्व। स्थापन, आधान।

उक्कल देखो उक्कड।

उक्कल अक [उत्+कल्] उत्कट रूप से बरतना।

उक्कल वि [उत्कल] धर्म-रहित। न. चोरी। पुं. देश-विशेष।

उक्कलंब सक [उत्+लम्बय्]फांसी लटकाना।

उक्कला देखो उक्कलिया।

उक्कलिय वि [दे] उबला हुआ।

उक्कलिया स्त्री [उत्कलिका] लूता, मकड़ी। नीचे की तरफ बहनेवाला वायु। छोटा समुदाय, समूह-विशेष। लहरी, तरंग। ठहर-ठहर कर तरंग की तरह चलनेवाला वायु।

उक्कस सक [गम्] जाना, गमन करना।

उक्कस देखो ओकस।

उक्कस देखो उक्कुस।

उक्कस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष।

उक्कसण न [उत्कर्षण] अभिमान करना। ऊँचा जाना। निवर्तन, निवृत्ति। प्रेरणा।

उक्कसाइ वि [उत्कशायिन्] सत्कारादि के लिए उत्कण्ठित।

उक्कसाइ वि [उत्कषायिन्] प्रबल कषायवाला।

उक्कस्स अक [अप+कृष्] ह्रास प्राप्त होना। फिसलना, गिरना।

उक्कस्स पुं [उत्कर्ष] गर्व। अतिशय।

उक्कस्स वि [उत्कर्षवत्] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा। अभिमानी।

उक्का स्त्री [उल्का] लूका, आकाश से जो एक प्रकार का अंगार सा गिरता है। छिन्न-मूल दिग्दाह। अग्नि-पिण्ड। °मुह पुं [°मुख] अन्तर्द्वीप-विशेष। उसके निवासी लोक। °वाय पुं [°पात] तारा का गिरना, लूका गिरना।

उक्का स्त्री [दे] कूप-तुला।

उक्काम सक [उत्+कामय्] दूर करना, पीछे हटाना।

उक्कारिया देखो उक्करिया।

उक्कालिय वि [उत्कालिक] वह शास्त्र, जिसका अमुक समय में ही पढ़ने का विधान न हो।

उक्कास देखो उक्कस्स = उत्कर्ष।

उक्कास वि [दे] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा।

उक्कासिअ वि [दे] उत्थित, उठा हुआ।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] ज्यादा। पुंन. इमली आदि के पत्तों का समूह। लगातार दो दिन का उपवास।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] उत्तम। फल का शस्त्र द्वारा किया हुआ टुकड़ा।

उक्किट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] हर्षध्वनि। देखो उक्कुट्ठि।

उक्किण्ण वि [उत्कीर्ण] खोदा हुआ। नष्ट। चर्चित उपलिप्त।

उक्कित्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ।

उक्कित्तण न [उत्कीर्त्तन] कथन। प्रशंसा।

उक्कित्तिय वि [उत्कीर्त्तित] कथित, कहा हुआ।

उक्किर सक [उत्+कृ] खोदना, पत्थर आदि पर अक्षर वगैरह का शस्त्र से लिखना।

उक्किरणग न [उत्करणक] अक्षत आदि से बढ़ाना, बधावा, वर्धापन।

उक्कीर देखो उक्किर।

उक्कीलिय न [उत्क्रीडित] उत्तम क्रीड़ा।

उक्कीलिय वि [उत्कीलित] कीलक से नियंत्रित।

उक्कुंचण न [उत्कुञ्चन] ऊँचे चढ़ाना।

उक्कुंड वि [दे] मत्त, उन्मत्त।

उक्कुक्कुर अक [उत्+स्था] उठना, खड़ा होना।

उक्कुज्ज अक [उत्+कुब्ज] ऊँचा होकर नीचा होना।

उक्कुज्जिय न [उत्कूजित] अव्यक्त शब्द।

उक्कुट्ठ न [उत्कुष्ट] वनस्पति का कूटा हुआ चूर्ण।

उक्कुट्ठ वि [उत्क्रुष्ट] ऊँचे स्वर से आक्रुष्ट।

उक्कुडुग } वि [उत्कुटुक] आसन-विशेष,
उक्कुडुय } निषद्या-विशेष। °आसणिय वि [°आसनिक] उत्कुटुक-आसन से स्थित।

उक्कुद्द अक [उत् + कुर्द्] कूदना, उछलना।

उक्कुरुआ देखो उक्कुरुडिया।

उक्कुरुड पुं. देखो उक्कुरुडी।

उक्कुरुड पुं [दे] राशि, ढेर।

उक्कुरुडिगा } स्त्री [दे] घूरा, कूड़ा डालने
उक्कुरुडिया } की जगह।
उक्कुरुडी }

उक्कुस सक [गम्] जाना, गमन करना।

उक्कुस वि [उत्कृष्ट] उत्तम, श्रेष्ठ।

उक्कूइय न [उत्कूजित] अव्यक्त महा-ध्वनि।

उक्कूल वि [उत्कूल] सन्मार्ग से भ्रष्ट करने वाला। किनारे से बाहर का। न. चोरी।

उक्कूव अक [उत् + कूज्] चिल्लाना।

उक्केर पुं [उत्कर] राशि, ढेर। करण-विशेष, कर्मों की स्थित्यादि को बढ़ाना। भिन्न, एरण्ड के बीज की तरह जो अलग किया गया हो वह।

उक्केर पुं [दे] उपहार।

उक्केल्लाविय वि [दे] उकेलाया हुआ, खुलवाया हुआ।

उक्कोट्टिय वि [दे] अवरोध-रहित किया हुआ, घेरा उठाया हुआ।

उक्कोड न [दे] राजा आदि को दिया जाता उपहार।

उक्कोडा स्त्री [दे] रिश्वत।

उक्कोडिय वि [दे] घूसखोर।

उक्कोडी स्त्री [दे] प्रतिध्वनि।

उक्कोय वि [उत्कोप] प्रखर, उत्कट।

उक्कोयण देखो उक्कोवण।

उक्कोया स्त्री [उत्कोचा] रिश्वत। मूर्ख को ठगने में प्रवृत्त धूर्त पुरुष का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए अपने कार्य को स्थगित करना।

उक्कोल पुं [दे] धूप, गरमी।

उक्कोवण न [उत्कोपन] उद्दीपन, उत्तेजन।

उक्कोविअ वि [उत्कोपित] अत्यन्त क्रुद्ध किया हुआ।

उक्कोस सक [उत् + क्रुश्] रोना, चिल्लाना। तिरस्कार करना।

उक्कोस वि [उत्कर्ष] उत्कृष्ट, मुख्य।

उक्कोस पुं [उत्कर्ष] प्रकर्ष, अतिशय। गर्व।

उक्कोस वि [उत्कृष्ट] उत्कृष्ट, अधिक से अधिक।

उक्कोस पुं [उत्क्रोश] कुरर। वि. जोर से चिल्लानेवाला।

उक्कोसण न [उत्क्रोशन] क्रन्दन। निर्भर्त्सन, तिरस्कार।

उक्कोसा स्त्री [उत्कोशा] कोशानामक एक प्रसिद्ध वेश्या।

उक्कोसिअ पुं [उत्कौशिक] गोत्र-विशेष का प्रवर्तक एक ऋषि। न. गोत्र-विशेष।

उक्कोसिअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ।

उक्कोसिया स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, आधिक्य।

उक्कोस्स देखो उक्कोस = उत्कृष्ट।

उक्ख सक [उक्ष्] सींचना।

उक्ख [उक्ष] सम्बन्ध। जैन साध्वियों के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश।

उक्ख देखो उच्छ = उक्षन्।

उक्खइअ वि [उत्खचित] व्याप्त, भरा हुआ।

उक्खंड सक [उत् + खण्डय्] तोड़ना, टुकड़ा करना।

उक्खंड पुं [दे] सङ्घात, समूह। स्फुट, विषमोन्नत प्रदेश।

उक्खंडण न [उत्खण्डन] उत्कर्त्तन, विच्छेदन।

उक्खंडिअ वि [दे] आक्रान्त, दबाया हुआ।

उक्खंद पुं. [अवस्कन्द] घेरा डालना। छल से शत्रु-सैन्य को मारना।

उक्खंभ पुं [उत्तम्भ] अवलम्ब, सहारा।

उक्खंभिय देखो उत्थंभिय।

उक्खंभिय न [औत्तम्भिक] अवलम्ब, सहारा।
उक्खडमड्डा अ [दे] पुनः-पुनः।
उक्खण सक [उत् + खन्] उखाड़ना, उच्छेदन करना, काटना।
उक्खण सक [दे] खाँड़ना, मुसल वगैरह से व्रीहि आदि का छिलका दूर करना।
उक्खण वि [दे] अवकीर्ण, चूर्णित।
उक्खत्त देखो उक्खय।
उक्खम्म° देखो उक्खण = उत् + खन्।
उक्खय वि [उत्खात] उखाड़ा हुआ, उन्मूलित। खुला हुआ, उद्घाटित।
उक्खल देखो उऊखल।
उक्खलिय वि [दे. उत्खण्डित] उन्मूलित, उत्पाटित।
उक्खलिया, उक्खली स्त्री [दे] थाली।
उक्खा स्त्री [ऊखा] स्थाली।
उक्खाइद (शौ) वि [उत्खातित] उद्धृत।
उक्खाय देखो उक्खय।
उक्खाल सक [उत् + खन्, खालय्] उखाड़ना, उन्मूलन करना।
उक्खिण देखो उक्खण = उत् + खन्।
उक्खिण्ण वि [दे] अवकीर्ण, ध्वस्त, चूर्णित। आच्छन्न, गुप्त। एक तरफ से ढीला।
उक्खित्त, उक्खित्तय वि [उत्क्षिप्त] फेंका हुआ। ऊँचा उड़ाया हुआ। ऊँचा किया हुआ। उन्मूलित, उत्पाटित। बाहर निकाला हुआ। उत्थित। न. गेय-विशेष। °चरय वि [°चरक] पाक पात्र से बाहर निकाले हुए भोजन को ही ग्रहण करने का नियमवाला (साधु)।
उक्खिप्प देखो उक्खिव = उत् + क्षिप्।
उक्खिय वि [उक्षित] सींचा हुआ।
उक्खिल्ल सक [दे] उखाड़ना।
उक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना।
उक्खिव सक [उत् + क्षिप्] फेंकना। ऊँचा फेंकना। उड़ाना। बाहर करना। काटना। उठाना।
उक्खुंड पुं [दे] उल्मुक, अलात, मशाल। समूह। अञ्चल।
उक्खुड सक [तुड्] तोड़ना, टुकड़ा करना।
उक्खुडिअ वि [तुडित] खण्डित, छिन्न, भिन्न। व्यय किया हुआ।
उक्खुत्त वि [दे. उत्कृत्त] काटा हुआ।
उक्खुब्भ अक [उत् + क्षुभ्] क्षुब्ध होना।
उक्खुरुहुंचिअ वि [दे] उत्क्षिप्त।
उक्खुलंप सक [दे] खुजवाना।
उक्खुहिअ वि [उत्क्षुब्ध] क्षोभ-प्राप्त।
उक्खेव पुं [उत्क्षेप] उत्पाटन, उन्मूलन। ऊँचा करना। फेंकना। जो उठाया जाय वह।
उक्खेव पुं [उपक्षेप] उपोद्घात, भूमिका।
उक्खेवग वि [उत्क्षेपक] ऊँचा फेंकनेवाला। पुं. एक जाति का पंखा।
उक्खेविअ अ [उत्क्षेपित] जलाया हुआ (धूप)।
उक्खोडिअ वि [उत्खोटित] उत्क्षिप्त, उड़ाया हुआ। छिन्न, उखाड़ा हुआ।
उग अक [उत् + गम्] उदित होना।
उग (अप) वि [उद्गत] उदित।
उगाहिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ।
उगुणपण्ण स्त्रीन [एकोनपञ्चाशत्] ऊनपचास।
उगुणवीसा स्त्री [एकोनविंशति] उन्नीस।
उगुणुत्तर न [एकोनसप्तति] उनहत्तर।
उगुणउइ स्त्री [एकोननवति] नवासी।
उगुसीइ स्त्री [एकोनाशीति] उनासी।
उग्ग अक [उद् + गम्] उदित होना।
उग्ग सक [उद् + घाटय्] खोलना।
उग्ग वि [उग्र] तेज, तीव्र, प्रबल। पुं. क्षत्रिय की एक जाति, जिसको भगवान् आदिदेव ने आरक्षक-पद पर नियुक्त किया था। °वई स्त्री [°वती] ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध नन्दा-तिथि की रात। °सिरि पुं [°श्रीक] राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लंकेश।

°सेण पुं [°सेन] मथुरा नगरी का एक यदु-वंशीय राजा ।

उग्गंठ सक [उद्+ग्रन्थ्] खोलना, गाँठ खोलना ।

उग्गंध वि [उद्गन्ध] अत्यन्त सुगन्धित ।

उग्गच्छ } अक [उद्+गम्] उदय होना ।
उग्गम }

उग्गम पुं [उद्गम] उत्पत्ति, उद्भव । उदय । उत्पत्ति से सम्बन्ध रखनेवाला एक भिक्षा-दोष ।

उग्गमिय वि [उद्गमित] उपार्जित ।

उग्गय वि [उद्गत] उत्पन्न । उदय-प्राप्त । व्यवस्थित ।

उग्गह सक [रचय्] बनाना, निर्माण करना । करना ।

उग्गह सक [उद्+ग्रह्] ग्रहण करना ।

उग्गह पुं [अवग्रह] इन्द्रिय द्वारा होनेवाला सामान्य ज्ञान-विशेष । अवधारण, निश्चय । प्राप्ति । भाजन । साध्वियों का एक उपकरण । योनिद्वार । ग्रहण करने योग्य वस्तु । आश्रय, बसति । वस्तु, जिसपर अपना प्रभुत्व हो । मर्यादित भू-भाग, गुर्वादि की चारों तरफ की शरीर-प्रमाण जमीन । °णंत न [°ानन्त] जैन साध्वियों का एक गुह्याच्छादक वस्त्र, जाँघिया । °पट्ट पुंन [°पट्ट] देखो पूर्वोक्त अर्थ ।

उग्गह पुं [अवग्रह] परोसने के लिए उठाया हुआ भोजन ।

उग्गहण न [अवग्रहण] इन्द्रिय द्वारा होने वाला सामान्य ज्ञान ।

उग्गहिअ वि [अवगृहीत] सामान्य रूप से ज्ञात । परोसने के लिए उठाया हुआ । गृहीत । आनीत । मुख में प्रक्षिप्त ।

उग्गहिअ वि [दे] अच्छी तरह लिया हुआ ।

उग्गा सक [उद्+गै] ऊँचे स्वर से गान करना । वर्णन करना । श्लाघा करना ।

उग्गाढ वि [उद्गाढ] अति गाढ़, प्रबल । स्वस्थ ।

उग्गामिय वि [उद्गमित] ऊपर उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ ।

उग्गार } पुं [उद्गार] उक्ति । आवाज,
उग्गाल } ध्वनि । डकार । वमन । जल का छोटा प्रवाह । रोमन्थ, पगुराना ।

उग्गाल पुं [दे. उद्गाल] पान की पिचकारी ।

उग्गाल पुं [उद्गार] बाहर निकलना ।

उग्गाह सक [उद्+ग्रह्] ग्रहण करना ।

उग्गाह सक [अव+गाह्] अवगाहन करना ।

उग्गाह सक [उद्+ग्राहय्] तगादा करना । ऊँचे से चलना ।

उग्गाह पुं. देखो उग्गाहा ।

उग्गाहा स्त्री [उद्गाथा] छन्द-विशेष ।

उग्गाहिअ वि [दे. उद्ग्राहित] गृहीत । फेंका हुआ । प्रवर्तित । ऊँचे से चलाया हुआ ।

उग्गाहिम वि [अवगाहिम] तली हुई वस्तु ।

उग्गिण्ण वि [उद्गीर्ण] कथित । वान्त । ऊपर किया हुआ ।

उग्गिर देखो उग्गिल ।

उग्गिल सक [उद्+गॄ] कहना, बोलना । डकार करना । उलटी करना । उठाना ।

उग्गीय वि [उद्गीत] उच्च स्वर से गाया हुआ । न. सङ्गीत गीत ।

उग्गीर देखो उग्गिर ।

उग्गीव वि [उद्ग्रीव] उत्कण्ठित, उत्सुक । °किय वि [°कृत] उत्कण्ठित किया हुआ ।

उग्गुलुंछिआ स्त्री [दे] भावोद्रेक ।

उग्गोव सक [उद्+गोपय्] खोजना । प्रकट करना । विमुग्ध करना । भ्रान्त होना ।

उग्घ देखो उंघ ।

उग्घट्टि } स्त्री [दे] अवतंस, शिरोभूषण ।
उग्घट्टी }

उग्घड सक [उद्+घाटय्] खोलना ।

उग्घड अक [उद्+घट्] खुलना ।

उग्घडिअ वि [उद्घाटित] खुला हुआ। छिन्न, नष्ट किया हुआ।
उग्घर वि[उद्गृह]गृह-त्यागी, संन्यासी, साधु।
उग्घव देखो अग्घव।
उग्घसिय न [अवघर्षित] घर्षण।
उग्घाअ पुं [दे] समूह, सङ्घात। स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश।
उग्घाअ पुं [उद्घात] आरम्भ। प्रतिघात ठोकर लगना। लघूकरण, भाग-पात। उपोद्घात। ह्रास। न. प्रायश्चित्त-विशेष। निशीथ सूत्र का एक अंश, जिसमें उक्त प्रायश्चित्त का वर्णन है।
उग्घाअ सक [उद् + घातय्] विनाश करना।
उग्घाइम वि [उद्घातिम] लघु, छोटा। न. लघु प्रायश्चित्त।
उग्घाइय वि [उद्घातित] विनाशित। न. लघु प्रायश्चित्त। लघु प्रायश्चित्त वाला।
उग्घाइय न [उद्घातिक] लघु प्रायश्चित्त।
उग्घाड सक [उद् + घाटय्] खोलना। प्रकट करना। बाहर करना।
उग्घाड पुं[उद्घाट]प्रकट। वि. अनाच्छादित। थोड़ा बन्द किया हुआ। परिपूर्ण, अन्यून।
उग्घायण न [उद्घातन] नाश, विनाश। पूज्य-स्थान, उत्तम जगह। सरोवर में जाने का मार्ग।
उग्घार पुं [उद्घार] सिञ्चन।
उग्घिट्ठ } वि [उद्घृष्ट] संघृष्ट।
उग्घुट्ठ }
उग्घुट्ठ वि [उद्घुष्ट] घोषित, उद्घोषित।
उग्घुट्ठ वि [दे] उत्प्रोञ्छित, लुप्त, दूरीकृत, विनाशित।
उग्घुस सक [मृज्] साफ करना।
उग्घुस सक [उद् + घुष्] देखो उग्घोस।
उग्घोस सक [उद् + घोषय्] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना, जाहिर करना।
उग्घोसणा स्त्री [उद्घोषणा] ढिंढोरा पिटवा-कर जाहिर करना।
उग्घोसिय वि [मार्जित] साफ किया हुआ।
उघूण वि [दे] पूर्ण, भरपूर।
उचिय वि [उचित] योग्य, अनुरूप। °ण्णु वि [°ज्ञ] विवेकी।
उच्च न [दे] नाभि-तल।
उच्च वि [उच्च, उच्चैस्] ऊँचा। उत्तम, उत्कृष्ट। °च्छंद वि [°च्छन्दस्] स्वेच्छा-चारी। °त्त न [°त्व] ऊँचाई। उत्तमता। °त्तभयग, °त्तभयय पुं [°त्वभृतक] जिससे समय और वेतन का इकरार कर यथासमय नियत काम लिया जाय वह नौकर। °त्तरिया स्त्री [°त्तरिका] लिपि-विशेष। °त्थवणय न [°स्थापनक] लम्बगोलाकार वस्तु-विशेष। °वच्चिआ स्त्री [°ावचिका] ऊँचा-नीचा करना, जैसे-तैसे रखना। °वाय पुं [°वाद] श्लाघा। देखो उच्चा।
उच्चइअ वि [उच्चयित] एकत्रीकृत।
उच्चंडिय वि [दे] ऊँचा चढ़ाया हुआ।
उच्चंतय पुं [उच्चन्तग] दन्त-रोग।
उच्चंपिअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा। आक्रान्त, दबाया हुआ, रौंदा हुआ।
उच्चड्डिअ वि [दे] ऊँचा फेंका हुआ।
उच्चत्त वि [उत्यक्त] पतित, त्यक्त।
उच्चत्तवरत्त न [दे] दोनों तरफ का स्थूल भाग। अनियमित भ्रमण, अव्यवस्थित विवर्तन। दोनों तरफ से ऊँचा-नीचा करना।
उच्चरथ वि [दे] दृढ़, मजबूत।
उच्चदिअ वि [दे] चुराया हुआ।
उच्चप्प वि [दे] आरूढ़।
उच्चय सक [उत् + त्यज्] छोड़ देना।
उच्चय पुं. समूह, राशि। ऊँचा ढेर करना। नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाड़ी। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष, ऊपर-ऊपर रख कर चीजों को बाँधना।
उच्चय पुं [अवचय] इकट्ठा करना।

उच्चर सक [उत् + चर्] पार जाना, उत्तीर्ण होना। बोलना। अक. समर्थ होना, पहुँच सकना। बाहर निकलना।

उच्चलण न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीड़न।

उच्चलिय वि [उच्चलित] चलित, गत।

उच्चल्ल वि [दे] अध्यासित, आरूढ़। विदारित।

उच्चल्ल सक [उत् + चल्] चलना, जाना। समीप में आना।

उच्चा अ [उच्चैस्] ऊँचा। उत्तम, श्रेष्ठ। °गोत्त, °गोय न [°गोत्र] उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ-वंश। कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माने-जाते कुल में उत्पन्न होता है। °वय न [°व्रत] महाव्रत। वि. महाव्रतधारी।

उच्चाअ वि [दे] श्रान्त। पुं. आलिङ्गन।

उच्चाइय वि [दे. उत्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ।

उच्चाग पुं. हिमाचल पर्वत। °य वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न।

उच्चाड वि [दे] विपुल, विशाल।

उच्चाड सक [दे] रोकना। अक. अफसोस करना।

उच्चाडण न [उच्चाटन] एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना। मन्त्र-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है।

उच्चाडणी स्त्री [उच्चाटनी] विद्या विशेष जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है।

उच्चार सक [उत् + चारय्] बोलना। मलोत्सर्ग करना।

उच्चार वि [दे] स्वच्छ।

उच्चारण न. कथन।

उच्चारिअ वि [दे] गृहीत, उपात्त।

उच्चाल सक [उत् + चालय्] ऊँचा फेंकना। दूर करना।

उच्चालइय वि [उच्चालयितृ] दूर करनेवाला, त्यागनेवाला।

उच्चाव सक [उच्चय्] ऊँचा करना, उठाना।

उच्चावय वि [उच्चावच] ऊँचा और नीचा। उत्तम और अधम। अनुकूल और प्रतिकूल। असमञ्जस, अव्यवस्थित। नानाविध। विशेष उत्तम।

उच्चिट्ठ अक [उत् + स्था] खड़ा होना।

उच्चिडिम वि [दे] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज।

उच्चिण सक [उत् + चि] फूल वगैरह को तोड़ कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना।

उच्चिय देखो उचिय।

उच्चिवलय न [दे] कलुषित जल।

उच्चुंर वि [दे] दृप्त, अभिमानी।

उच्चुग वि [दे] अनवस्थित।

उच्चुड अक [उत् + चुड्] अपसरण करना।

उच्चुप्प सक [चट्] आरूढ़ होना।

उच्चुरण [दे] उच्छिष्ट।

उच्चुलउलिअ न [दे] कुतूहल से शीघ्र-शीघ्र जाना।

उच्चुल्ल वि [दे] उद्विग्न। अधिरूढ। भीत।

उच्चूड पुं. निशान का नीचे लटकता हुआ शृंगारित वस्त्रांश।

उच्चूर वि [दे] बहुविध।

उच्चूल पुं [अवचूल] निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्रांश। औंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर—खड़ा किया हुआ।

उच्चे देखो उच्चिण।

उच्चेय वि [उच्चेतस्] चिन्तातुर मनवाला।

उच्चेल्लर न [दे] ऊसर भूमि। जघनस्थानीय केश।

उच्चेव वि [दे] प्रकट, व्यक्त।

उच्चोड पुं. [दे] शोषण ।

उच्चोदय पुं. चक्रवर्ती का एक देवकृत प्रासाद ।

उच्चोल पुं [दे] खेद, उद्वेग । नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की नाड़ी ।

उच्छ पुं [उक्षन्] वृषभ ।

उच्छ पुं [दे] आँत का आवरण । वि. न्यून, हीन ।

उच्छअ पुं [उत्सव] क्षण, उत्सव ।

°उच्छअ वि [पृच्छक] प्रश्न-कर्ता ।

उच्छइअ वि [उच्छदित] आच्छादित ।

उच्छंखल वि [उच्छृङ्खल] शृङ्खला-रहित, अवरोध-वर्जित, बन्धन-शून्य । उद्धत ।

उच्छंग पुं [उत्सङ्ग] मध्य भाग । गोद । पृष्ठ देश ।

उच्छंगिअ वि [उत्सङ्गित] कोरा, कोली या गोद में लिया हुआ ।

उच्छंगिअ वि [दे] आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ ।

उच्छंध देखो उत्थंघ ।

उच्छंट पुं [दे] झड़प से की हुई चोरी ।

उच्छट्ठ पुं [दे] चोर, डाकू ।

उच्छडिअ वि [दे] चोरी का माल ।

°उच्छण न [प्रच्छन] प्रश्न, पूछना ।

उच्छण्ण वि [उत्सन्न] छिन्न, खण्डित, नष्ट ।

उच्छत्त न [अपच्छत्र] अपने दोष को ढकने का व्यर्थ प्रयत्न । मृषावाद ।

उच्छप्प सक [उत् + सर्पय्] उन्नत करना, प्रभावित करना ।

उच्छल अक [उत् + शल्] उछलना, ऊँचा जाना । कूदना । पसरना, फैलना ।

उच्छल्ल देखो उच्छल ।

उच्छल्ल वि [उच्छल] उछलनेवाला ।

उच्छल्लणा स्त्री [दे] अपवर्त्तना, अपप्रेरणा ।

उच्छलिअ वि [दे] जिसकी छाल काटी गई हो वह ।

उच्छव देखो उच्छअ । उत्सेक ।

उच्छविअ न [दे] शय्या, बिछौना ।

उच्छह सक [उत् + सह्] उद्यम करना । अक. उत्साहित होना ।

उच्छाइअ वि [अवच्छादित] आच्छादित, ढका हुआ ।

उच्छाडिअ (अप) वि [अवच्छादित] ढका हुआ ।

उच्छाण देखो उच्छ = उक्षन् ।

उच्छाय पुं [उच्छ्राय] उत्सेध, ऊंचाई ।

उच्छाय सक [अव + छादय्] ढकना ।

उच्छायण वि [उच्छादन] नाशक ।

उच्छादणा } स्त्री [उच्छादना] उच्छेद,
उच्छायणा } विनाश । व्यवच्छेद, व्यावृत्ति ।

उच्छार देखो उत्थार = आ + क्रम् ।

उच्छाल सक [उत् + शालय्] उछालना, ऊँचा फेंकना ।

उच्छास देखो ऊसास ।

उच्छाह सक [उत् + साहय्] उत्साह दिखाना, उत्तेजित करना ।

उच्छाह पुं [उत्साह] उत्साह । दृढ़ उद्यम, स्थिर प्रयत्न । उत्कण्ठा, उत्सुकता । पराक्रम । शक्ति ।

उच्छाह पुं [दे] सूत का डोरा ।

उच्छिंद सक [उत् + छिद्] उन्मूलन करना, उखाड़ना ।

उच्छिंदण न [दे] उधार लेना ।

उच्छिंपग वि [अवच्छिम्पक] चोरों को खान-पान वगैरह की सहायता देनेवाला ।

उच्छिंपण न [उत्क्षेपण] ऊपर फेंकना । बाहर निकालना ।

उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] जूठा । अशिष्ट, असभ्य ।

उच्छिण्ण वि [उच्छिन्न] उच्छिन्न, उन्मूलित ।

उच्छित्त वि [दे] विक्षिप्त । पागल ।

उच्छित्त वि [उत्क्षिप्त] फेंका हुआ ।

उच्छित्त देखो उद्दिय ।

उच्छित्त वि [उत्सिक्त] सींचा हुआ।
उच्छिप्प देखो उक्खिव।
उच्छिय वि [उच्छ्रित] उन्नत, ऊँचा।
उच्छिरण वि [दे] उच्छिष्ट, जूठा।
उच्छिल्ल न [दे] विवर। वि. अवजीर्ण।
उच्छु देखो इक्खु। °जंत न [°यंत्र] ईख पेरने का सांचा।
उच्छु पुं [दे] वायु।
उच्छुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित।
उच्छुअ न [दे] डरते-डरते की हुई चोरी।
उच्छुअरण न [दे] ईख का खेत।
उच्छुआर वि [दे] संछन्न, ढका हुआ।
उच्छुंडिअ वि [दे] बाण वगैरह से आहत। छीना हुआ।
उच्छुच्छु वि [दे] अभिमानी।
उच्छुण्ण वि [उत्क्षुण्ण] खण्डित, तोड़ा हुआ। आक्रान्त।
उच्छुद्ध वि [दे] विक्षिप्त। पतित।
उच्छुभ सक [अप + क्षिप्] आक्रोश करना, गाली देना।
उच्छुभण न [उत्क्षेपण] ऊँचा फेंकना।
उच्छुर वि [दे] अविनश्वर, स्थायी।
उच्छुरण न [दे] ईख का खेत। ईख।
उच्छुल्ल पुं [दे] अनुवाद। खेद, उद्वेग।
उच्छूढ वि [दे] आरूढ, ऊपर बैठा हुआ।
उच्छूढ वि [उत्क्षिप्त] उज्झित। चुराया हुआ। निष्कासित।
उच्छूढ वि [उत्क्षुब्ध] त्यक्त।
उच्छूर देखो उल्लूर = तुड़।
उच्छूल देखो उच्चूल।
उच्छेअ पुं [उच्छेद] नाश, उन्मूलन।
उच्छेर अक [उत् + श्रि] ऊँचा होना, उन्नत होना। अधिक होना, अतिरिक्त होना।
उच्छेव पुं [उत्क्षेप] ऊँचा करना, उठाना। फेंकना।
उच्छेव पुं [उत्क्षेप] प्रक्षेप।

उच्छेवण न [दे] घी।
उच्छेह पुं [उत्सेध] ऊँचाई।
उच्छोडिय वि [उच्छोटित] मुक्त किया हुआ।
उच्छोभ वि शोभा-रहित। न. चुगली।
उच्छोल सक [उत् + मूलय्] उखाड़ना।
उच्छोल सक [उत् + क्षालय्] प्रक्षालन करना।
उच्छोला स्त्री [दे] प्रभूत जल।
उच्छोलित्तु वि [उत्क्षालयितृ] डुबोनेवाला।
उजु देखो उज्जु।
उज्ज देखो ओय = ओजस्।
उज्ज न [ऊर्ज] तेज, प्रताप। बल।
उज्जअणी } स्त्री [उज्जयनी, °यिनि] नगरी-विशेष।
उज्जइणी }
उज्जंगल न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती। वि. दीर्घ, लम्बा।
उज्जगरय पुं [उज्जागरक] जागरण।
उज्जग्गिर न [उज्जागर] निद्रा का अभाव।
उज्जग्गुज्ज वि [दे] निर्मल।
उज्जड वि [दे] उजाड़, बसति-रहित।
उज्जणिअ वि [दे] वक्र, टेढ़ा।
उज्जम अक [उद् + यम्] उद्यम करना, प्रयत्न करना।
उज्जमण (अप) न [उद्यापन] उद्यापन, व्रत-समाप्ति कार्य।
उज्जमिय (अप) वि [उद्यापित] समापित (व्रत)।
उज्जम्ह अक [उत् + जृम्भ्] जोर से जंभाई लेना।
उज्जय हि [उद्यत] उद्योगी, प्रयत्नशील। °मरण न. मरण-विशेष।
उज्जयंत पुं [उज्जयन्त] गिरनार पर्वत।
उज्जर वि [दे] मध्य-गत, भीतर का। पुं. निर्जरण, क्षय।
उज्जल अक [उद् + ज्वल्] जलना। प्रकाशित होना।
उज्जल वि [उज्ज्वल] निर्मल। चमकीला।

उज्जल वि [दे] देखो उज्जल्ल ।

उज्जलिअ पुं [उज्ज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक ।

उज्जलिअ वि [उज्ज्वलित] उद्दीप्त, प्रकाशित । ऊँची ज्वालाओं से युक्त । न. उद्दीपन ।

उज्जल्ल वि [दे] पसीनावाला, मलिन, बलवान ।

उज्जल्ल न [औज्ज्वल्य] उज्ज्वलता ।

उज्जल्ला स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती ।

उज्जव अक [उद् + यत्] प्रयत्न करना ।

उज्जवण देखो उज्जावण ।

उज्जह सक [उद् + हा] प्रेरणा करना ।

उज्जाअर, उज्जागर पुं [उज्जागर] जागरण, निद्रा का अभाव ।

उज्जाडिअ वि [दे] उजाड़ किया हुआ ।

उज्जाण न [उद्यान] उपवन । °जत्ता स्त्री [°यात्रा] गोष्ठी । °पालअ, °वाल वि [°पालक, °पाल] माली ।

उज्जाणिअ वि [औद्यानिक] उद्यान-सम्बन्धी, बगीचा का ।

उज्जाणिअ वि [दे] निम्नीकृत ।

उज्जाणिआ, उज्जाणिगा स्त्री [औद्यानिका] गोष्ठी, गोठ ।

उज्जाणी स्त्री [औद्यानी] गोष्ठी ।

उज्जायण न [उद्यायन] गोत्र-विशेष ।

उज्जाल सक [उत् + ज्वालय्] उज्ज्वल करना, विशेष निर्मल करना ।

उज्जाल सक [उद् + ज्वालय्] उजाला करना । जलाना ।

उज्जालय वि [उज्ज्वालक] आग सुलगानेवाला ।

उज्जावण न [उद्यापन] व्रत का समाप्तिकार्य ।

उज्जाविय वि [दे] विकासित ।

उज्जित देखो उज्जयंत ।

उज्जीरिअ वि [दे] अपमानित, तिरस्कृत ।

उज्जीवण न [उज्जीवन] पुनर्जीवन, जिलाना । उद्दीपन ।

उज्जीविय वि [उज्जीवित] पुनर्जीवित, जिलाया हुआ ।

उज्जु वि [ऋजु] निष्कपट, सीधा । °कड वि [°कृत] निष्कपट तपस्वी । °कड वि [°कृत्] माया-रहित आचरणवाला । °जड, °जड्ड वि [°जड] सरल किन्तु मूर्ख, तात्पर्य को नहीं समझनेवाला । °मइ स्त्री [°मति] मनःपर्यव ज्ञान का एक भेद, सामान्य रीति से दूसरों के मनोभाव को जानना । वि. उक्त मनोज्ञानवाला । °वालिया स्त्री [°वालिका] नदी-विशेष, जिसके किनारे भगवान् महावीर को केवल-ज्ञान उत्पन्न हुआ था । °सुत्त पुं [°सूत्र] वर्तमान वस्तु को ही माननेवाला नय-विशेष । सुय पुं [°श्रुत] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °हत्थ पुं [°हस्त] दाहिना हाथ ।

उज्जु पुं [ऋजु] संयम ।

उज्जुआइअ वि [ऋजुकारित] सरल किया हुआ ।

उज्जुत्त वि [उद्युक्त] उद्यमी, प्रयत्नशील ।

उज्जुरिअ वि [दे] क्षीण, शुष्क, सूखा ।

उज्जूढ वि [उद्व्यूढ] धारण किया हुआ ।

उज्जेणग पुं [उज्जयनक] श्रावक-विशेष, एक उपासक का नाम ।

उज्जेणी देखो उज्जइणी ।

उज्जोअ सक [उद् + द्योतय्] प्रकाश करना, उद्योत करना ।

उज्जोअ पुं [उद्योग] प्रयत्न, उद्यम ।

उज्जोअ पुं [उद्द्योत] प्रकाश, उजेला । °गर वि [°कर] प्रकाशक । उद्द्योत का कारण-भूत कर्मविशेष । °त्थ न [°अस्त्र] शस्त्र-विशेष ।

उज्जोअग वि [उद्द्योतक] प्रकाशक ।

उज्जोअण न [उद्द्योतन] प्रकाशन, अवभासन । वि. प्रकाश करनेवाला । पुं. सूर्य । एक प्रसिद्ध जैनाचार्य ।

उज्जोअय वि [उद्द्योतक] प्रकाशक । प्रभावक, उन्नति करनेवाला ।

उज्जोमिआ स्त्री [दे] रश्मि, रस्सी ।
उज्जोव देखो उज्जोअ = उद् + द्योतय् ।
उज्झ सक [उज्झ्] त्याग करना, छोड़ देना ।
उज्झ पुं [उज्झ, उद्ध्य] उपाध्याय, पाठक ।
उज्झअ } वि [उज्झक] त्याग करनेवाला,
उज्झग } छोड़नेवाला ।
उज्झणिअ वि [दे] विक्रीत, निम्नीकृत ।
उज्झमण न [दे] पलायन, भागना ।
उज्झमाण वि [दे] पलायित, भागा हुआ ।
उज्झर पुं [निर्झर] पहाड़ का झरना । °वण्णी स्त्री [°पर्णी] जल-प्रपात ।
उज्झरिअ वि [दे] टेढ़ी नजर से देखा हुआ । विक्षिप्त । फेंका हुआ । परित्यक्त ।
उज्झल वि [दे] प्रबल, बलिष्ठ ।
उज्झलिअ वि [दे] प्रक्षिप्त । विक्षिप्त ।
उज्झस पुं [दे] उद्यम, उद्योग, प्रयत्न ।
उज्झसिअ वि [दे] उत्कृष्ट, उत्तम ।
°उज्झा देखो अउज्झा ।
उज्झाय पुं [उपाध्याय] विद्या-दाता गुरु, शिक्षक ।
उज्झासि वि [उद्भासिन्] देदीप्यमान ।
उज्झिखिअ न [दे] लोकापवाद । वि. निन्दनीय । कथनीय ।
उज्झिय वि [उज्झित] विमुक्त । भिन्न । न. परित्याग । °य पुं [°क] एक सार्थवाह का पुत्र ।
उज्झिय वि [दे] शुष्क । निम्नीकृत ।
उज्झिया स्त्री [उज्झिता] एक सार्थवाह-पत्नी ।
उट्ट पुंस्त्री [उष्ट्र] ऊँट ।
उट्टार पुं [अवतार] तीर्थ, जलाशय का तट ।
उट्टिगा देखो उट्टिया ।
उट्टिय } वि [औष्ट्रिक] ऊँट-सम्बन्धी ।
उट्टियय } ऊँट के रोओं का बना हुआ । पुं. भृत्य । घड़ा ।
उट्टिया स्त्री [उष्ट्रिका] घड़ा, कुम्भ । °समण पुं [°श्रमण] आजीविक-मत का साधु, जो बड़े घड़े में बैठ कर तपस्या करता है ।
उट्ठ अक [उत् + स्था] उठना, खड़ा होना ।
उट्ठ वि [उत्थ] उठा हुआ । °वइस अप [°प्रवेश] उठ-बैठ ।
उट्ठ पुं [ओष्ठ] ओठ ।
उट्ठ पुं [उष्ट्र] जलचर जन्तु-विशेष ।
उट्ठण देखो उट्ठाण ।
उट्ठंभ सक [अव + स्तम्भ्] सहारा देना । आक्रमण करना ।
उट्ठवण न [उत्थापन] ऊँचा करना, उठाना ।
उट्ठा देखो उट्ठ = उत् + स्था ।
उट्ठा स्त्री [उत्था] उत्थान, उठान ।
उट्ठाइअ वि [उत्थित] जो तैयार हुआ हो, प्रगुण । उत्पन्न, उत्थित ।
उट्ठाण न [उत्थान] उठान, ऊँचा होना । उद्भव, उत्पत्ति । आरम्भ । उद्वसन, बाहर निकलना । °सुय न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष ।
उट्ठाय देखो उट्ठ = उत् + स्था ।
उट्ठाव सक [उत् + स्थापय्] उठाना ।
उट्ठावण देखो उट्ठवण ।
उट्ठावण देखो उवट्ठावणा ।
उट्ठावणा देखो उवट्ठावणा ।
उट्ठाविअ वि [उत्थापित] उठाया हुआ, खड़ा किया हुआ । उत्पादित ।
उट्ठिय वि [उत्थित] खड़ा हुआ । उत्पन्न, उद्भूत । उदित । उद्यत, उद्युक्त । उद्वसित, बाहर निकला हुआ ।
उट्ठिसिय वि [उद्धुषित] पुलकित ।
उट्ठीअ (अप) देखो उट्ठिय ।
उट्ठुभ } अक [अव + ष्ठीव्] थूकना ।
उट्ठुह }
उठिअ (अप) देखो उट्ठिय ।
°उड पुंन [कुट] कुम्भ ।
°उड पुं [कूट] समूह, राशि ।
°उड देखो पुड ।
उडंक पुं [उटङ्क] तापस-विशेष ।

उडंब वि [दे] लिपा हुआ।

उडज, उडय, उडव पुं [उटज] ऋषि-आश्रम, पर्ण-शाला।

उडाहिअ वि [दे] फेंका हुआ।

उडिअ वि [दे] खोजा हुआ।

उडिउ पुं [दे] उरद, धान्य-विशेष।

उडु पुं. एक देव-विमान। °प्पभ पुंन [°प्रभ] उडु नामक विमान के पूर्व तरफ स्थित एक देव-विमान। °मज्झ पुंन [°मध्य] उडु-विमान के दक्षिण तरफ का एक देव-विमान। °पावत्त पुंन [°कावर्त] उडुविमान के पश्चिम तरफ का एक देव-विमान। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] उडुविमान के उत्तर तरफ का एक देव-विमान।

उडु न. नक्षत्र। विमान-विशेष। °प, °व पुं [°प] चन्द्रमा। जहाज, नौका। एक की संख्या। °वइ पुं [°पति] चन्द्र। °वर पुं. सूर्य।

उडु देखो उउ।

उडुंबरिज्जिया स्त्री [उदुम्बरीया] जैन मुनियों की एक शाखा।

उडुहिअ न [दे] विवाहिता स्त्री का कोप। वि. जूठा।

उडूहल पुंन [उडूखल] उलूखल।

उड्ड पुं [उड्र] उत्कल, ओड्, ओड्र नामों से प्रसिद्ध देश, जिसको आजकल उड़ीसा कहते हैं। इस देश का निवासी, उड़िया।

उड्ड वि [दे] कुँआ आदि को खोदनेवाला, खनक।

उड्डण पुं [दे] बैल, साँड़। वि. लम्बा।

उड्डंस देखो उद्दंस।

उड्डस पुं [दे] खटमल, खटकीरा, उड़िस।

उड्डहण पुं [दे] चोर, डाकू।

उड्डाअ पुं [दे] उद्गम, उद्भव।

उड्डाण न [उड्डयन] उड़ान, उड़ना।

उड्डाण पुं [दे] प्रतिशब्द, कुरर। पक्षि-विशेष। विष्ठा। मनोरथ। वि. गर्विष्ठ।

उड्डाभर वि. उद्भट, प्रबल। भीति। आडम्बर-वाला, टीपटापवाला।

उड्डाव सक [उद् + डायय्] उड़ाना।

उड्डाव वि [उड्डायक] उड़ानेवाला।

उड्डावण न [उड्डायन] उड़ाना। आकर्षण।

उड्डास पुं [दे] सन्ताप, परिताप।

उड्डाह पुं [उद्दाह] भयङ्कर दाह, जला देना। मालिन्य, निन्दा, उपघात।

उड्डिअ वि [औड्र] उड़ीसा देश का निवासी।

उड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ।

उड्डिआहरण न [दे] छुरी पर रक्खे हुए फूल को पाँव की दो उँगलियों से लेते हुए चल जाना।

उड्डिय वि [उड्डीन] उड़ा हुआ।

उड्डिहिअ वि [दे] ऊपर फेंका हुआ।

उड्डी अक [उद् + डी] उड़ना।

उड्डी स्त्री [औड्री] उत्कल देश की लिपि।

उड्डीण वि [उड्डीन] उड़ा हुआ।

उड्डुअ पुं [दे] डकार, उद्गार।

उड्डुइय, उड्डोअ पुं [दे] देखो। उड्डुअ।

उड्डुवाडिय पुं [उड्डुवाटिक] भगवान् महावीर के एक गण का नाम।

उड्डुहिअ देखो उडुहिअ।

उड्डोय देखो उड्डुअ।

उड्ढ न [ऊर्ध्व] ऊपर, ऊँचा। वमन। वि. उत्तम, मुख्य। खड़ा, दण्डायमान। उपरितन। °कंडुयग पुं [°कण्डूयक] तापसों का एक सम्प्रदाय जो नाभि के ऊपर भाग में ही खुज-लाते हैं। °काय पुं. शरीर का उपरितन भाग। °काय पुं [°काक] काक। °गम वि ऊपर जानेवाला। °चर वि. ऊपर चलनेवाला, आकाश में उड़नेवाला (गृध्रादि)। °दिसा स्त्री [°दिश्] ऊर्ध्व दिशा। °रेणु पुं. परिमाण-

विशेष, आठ। °लोग, °लोय पुं [°लोक] स्वर्ग, देव-लोक। °वाय पुं [°वात] ऊँचा गया हुआ वायु।

उड्ढं ऊपर देखो।

उड्ढंक न [दे] मार्ग का उन्नत भू-भाग।

उड्ढल }
उड्ढल्ल } पुं [दे] उल्लास, विकास।

उड्ढविय वि [ऊर्ध्वित] ऊँचा किया हुआ।

उड्ढा स्त्री [ऊर्ध्वा] ऊर्ध्व-दिशा।

उड्ढि [दे] देखो उद्धि।

उड्ढि देखो वुड्ढि।

उड्ढि देखो इड्ढि।

उड्ढिय देखो उद्धरिअ = उद्धृत।

उड्ढिया स्त्री [दे] पात्र-विशेष। कम्बल वगैरह ओढ़ने का वस्त्र।

उणं देखो पुण = पुनर्।

उण न [ऋण] करजा।

उण }
उणा } देखो पुण।
उणाइ }

उणपन्न स्त्रीन [एकोनपञ्चाशत्] उनचास।

उणाइ पुं [उणादि] व्याकरण का एक प्रकरण।

उणाइ पुं [दे] प्रिय, पति, नायक।

उणो देखो पुण।

उण्ण न [ऊर्ण] भेड़ या बकरी के रोम, रोआँ। °कप्पास पुं [°कापास] ऊन। °णाभ पुं [°नाभ] मकड़ी।

°उण्ण देखो पुण्ण = पूर्ण।

उण्णअ सक [उद् + नद्] पुकारना, आह्वान करना।

उण्णइ स्त्री [उन्नति] अभ्युदय।

उण्णम अक [उत् + नम्] ऊँचा होना, उन्नत होना।

उण्णम वि [दे] समुन्नत, ऊँचा।

उण्णय वि [उन्नत] ऊँचा। गुणवान्। अभिमानी। गर्व।

उण्णय पुं [उन्नय] नीति का अभाव।

उण्णा स्त्री [ऊर्णा] ऊन, भेड़ के रोम। °पिपीलिया स्त्री [°पिपीलिका] चींटी।

उण्णाअक वि [उन्नायक] उन्नति-कारक। पुंन. छन्दःशास्त्र प्रसिद्ध मध्य-गुरु चतुष्कल की संज्ञा।

उण्णाग पुं [उन्नाक] ग्राम-विशेष।

उण्णाम पुं [उन्नाम] उन्नति, ऊँचाई। अभिमान। गर्व का कारण-भूत कर्म।

उण्णाम सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना।

उण्णाल सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना।

उण्णालिय वि [दे] कृश। उन्नमित।

उण्णिअ वि [उन्नीत] वितर्कित, विचारित।

उण्णिअ वि [और्णिक] ऊन का बना हुआ।

उण्णिद्द वि [उन्निद्र] विकसित, उल्लसित। निद्रा-रहित।

उण्णी सक [उद् + नी] ऊँचा ले जाना। कहना।

उण्णुइअ पुं [दे] हुंकार। आकाश की तरफ मुँह किए हुए कुत्ते की आवाज। वि. गर्वित।

उण्ह पुं [उष्ण] गरमी। वि. तप्त।

उण्हवण न [उष्णन] गरम करना।

उण्हिआ स्त्री [दे] कृसर, खिचड़ी।

उण्हीस पुंन [उष्णीष] पगड़ी, मुकुट।

उण्होदयभंड पुं [दे] भमरा।

उण्होला स्त्री [दे] कीट-विशेष।

उताहो अ [उताहो] अथवा।

उत्त वि [उक्त] कथित।

उत्त वि [उप्त] बोया हुआ। निष्पादित, उत्पादित।

उत्त पुं [दे] वनस्पति-विशेष।

°उत्त वि [गुप्त] रक्षित।

उत्त देखो पुत्त।

उत्तइय }
उत्तुइय } वि [उत्तेजित]।

उत्तंघ देखो उत्थंघ = रुध् ।
उत्तंघ देखो उत्तंभ ।
उत्तंत देखो वुत्तंत ।
उत्तंपिअ वि [दे] खिन्न, उद्विग्न ।
उत्तंभ सक [उत् + स्तम्भ्] रोकना । सहारा देना ।
उत्तंभय वि [उत्तम्भक] रोकनेवाला । अवलम्बन देनेवाला, सहायक ।
उत्तंस पुं [अवतंस] शिरो-भूषण ।
उत्तंस पुं [उत्तंस] कर्णपूरक, कर्णभूषण ।
उत्तइय वि [दे] उत्तेजित अधिक दीपित ।
उत्तण वि [दे] गर्वित । देखो उत्तुण ।
उत्तण वि [उत्तृण] तृणवाली जमीन ।
उत्तणुअ वि [उत्तनुक] अभिमानी ।
उत्तत्त वि [उत्तप्त] बहुत गरम ।
उत्तत्त वि [दे] अध्यासित, आरूढ़ ।
उत्तत्थ वि [उत्त्रस्त] भय-भीत, त्रास-प्राप्त ।
उत्तद्ध देखो उत्तरद्ध ।
उत्तप्प वि [दे] अभिमानी । अधिक गुणवाला ।
उत्तप्प वि [उत्तप्त] देदीप्यमान ।
उत्तम पुं. एक दिन का उपवास । वि. श्रेष्ठ, सुन्दर । मुख्य । परम, उत्कृष्ट । अन्तिम । पुं. मेरुपर्वत । संयम, त्याग । राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लङ्केश । °ट्ठ पुं. [°र्थ] श्रेष्ठ वस्तु । मोक्ष । मोक्षमार्ग । अनशन, मरण । °ण्ण वि [°र्ण] लेनदार ।
उत्तम वि [उत्तमस्] अज्ञान-रहित ।
उत्तमंग न [उत्तमाङ्ग] मस्तक ।
उत्तमा स्त्री 'णायाधम्मकहा' का एक अध्ययन । इन्द्राणी । पक्ष की प्रथम रात्रि ।
उत्तम्म अक [उत् + तम्] खिन्न होना, उद्विग्न होना । दिलगीर होना ।
उत्तर अक [उत् + तृ] उतरना, नीचे आना । बाहर निकलना । सक. पार करना ।
उत्तर अक [अव + तृ] उतरना, नीचे आना ।
उत्तर वि. श्रेष्ठ, प्रशस्त । प्रधान । उत्तर-दिशा में रहा हुआ । उपरि-वर्त्ती । अधिक, अतिरिक्त । अवान्तर, भेद, शाखा । ऊन का बना हुआ वस्त्र, कम्बल वगैरह । न. प्रत्युत्तर । वृद्धि । पुं. ऐरवत क्षेत्र के बाईसवें भावी जिनदेव का नाम । वर्षा-कल्प । आर्य-महागिरि के प्रथम शिष्य । °कंचुय पुं [°कञ्चुक] बख्तर-विशेष । °करण न. उपस्कार, संस्कार, विशेष-गुणाधान । °कुरा स्त्री [°कुरु] स्वनाम-ख्यात क्षेत्र-विशेष । °कुरु पुं. वर्ष-विशेष । देव-विशेष । °कुरुकूड न [°कुरुकूट] माल्यवन्त पर्वत का एक शिखर । देव-विशेष । °कोडि स्त्री [°कोटि] सङ्गीतशास्त्रप्रसिद्ध गान्धार-ग्राम की एक मूर्च्छना । °गंधारा स्त्री [°गान्धारा] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °गुण पुं. शाखा गुण, अवान्तर गुण । °चावाला स्त्री. नगरी-विशेष । °चूल [°चूड] गुरु वन्दन का एक दोष, गुरु को वन्दन कर बड़े आवाज से 'मत्थएण वंदामि' कहना । °चूलिया स्त्री [°चूलिका] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ । °ड्ढ न [°र्धं] पिछला आधा भाग, उत्तरार्धं । °दिसा स्त्री [°दिश्] उत्तर-दिशा । °द्ध न [°र्ध] पिछला आधा भाग । °पगइ, °पयडि स्त्री [°प्रकृति] कर्मों के अवान्तर भेद । °पच्चत्थिमिल्ल पुं [°पाश्चात्य] वायव्य कोण । °पट्ट पुं. बिछौना के ऊपर का वस्त्र । °पारणग न [°पारणक] उपवासादि व्रत की समाप्ति, पारण । °पुरच्छिम, °पुरत्थिम पुं [°पौरस्त्य] ईशान कोण । °पोट्ठवया स्त्री [°प्रौष्ठपदा] उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र । °फग्गुणी स्त्री [°फाल्गुनी] उत्तर-फाल्गुनी नक्षत्र । °बलिस्सह पुं. एक प्रसिद्ध जैन साधु । उत्तर बलिस्सह-नामक स्थविर से निकाला हुआ एक गण, भगवान् महावीर का द्वितीय गण—साधु-सम्प्रदाय । °भद्दवया स्त्री [भाद्रपदा] नक्षत्र-विशेष । °मंदा स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना । °महुरा स्त्री [°मथुरा] नगरी-विशेष । °वाय पुं [°वाद] उत्तरवाद ।

°विक्किय, °वेउव्विय वि [°वैक्रिय] स्वाभाविक-भिन्न वैक्रिय, बनावटी वैक्रिय। °साला स्त्री [°शाला] क्रीडा-गृह। पीछे से बनाया हुआ घर। वाहन-गृह, हाथी-घोड़ा आदि बाँधने का स्थान, तबेला। °साहग, °साहय वि [°साधक] विद्या, मन्त्र वगैरह का साधन करनेवाले का सहायक। देखो उत्तरा°।

उत्तरंग न [उत्तरङ्ग] दरवाजे का ऊपर का काष्ठ। वि. चञ्चल।

उत्तरकुरु पुं.ब. देव-भूमि, स्वर्ग। स्त्री. भगवान् नेमिनाथ की दीक्षाशिबिका।

उत्तरणवरंडिया स्त्री [दे] उडुप, जहाज।

उत्तरविउव्विय वि [उत्तरवैक्रियिक] उत्तर-वैक्रिय नामक लब्धि से सम्पन्न।

उत्तरसंग देखो उत्तरा-संग।

उत्तरा स्त्री. उत्तर-दिशा। मध्यम ग्राम की की एक मूर्च्छना। एक दिशा-कुमारी देवी। दिगम्बर-मत प्रवर्तक आचार्य शिवभूति की स्वनामख्यात भगिनी। अहिच्छत्रा नगरी की एक वापी का नाम। °णंदा स्त्री [°नन्दा] एक दिक्कुमारी देवी। °पह पुं [°पथ] उत्तरदिशा-स्थित देश। °फग्गुणी देखो उत्तरफग्गुणी। °भद्दवया देखो उत्तर-भद्दवया। °यण न. सूर्य का उत्तर दिशा में गमन, माघ से लेकर छः महीना। °यया स्त्री [°यता] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना। °वह देखो °पह। °संग पुं. उत्तरीय वस्त्र का शरीर में न्यास-विशेष, उत्तरासण। °समा स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना। °साढा स्त्री [°षाढा] नक्षत्र-विशेष। °हुत्त न [°भिमुख] उत्तर की तरफ। वि. उत्तर दिशा की तरफ मुँह किया हुआ।

उत्तरिज्ज, उत्तरिय न [उत्तरीय] चादर, दुपट्टा।

उत्तरिय वि [औत्तरिक, औत्तराह] देखो उत्तर।

उत्तरिल्ल वि [औत्तराह] उत्तर-दिशा या काल में उत्पन्न या स्थित, उत्तर-सम्बन्धी, उत्तरीय।

उत्तरीअ देखो उत्तरिय = उत्तरीय।

उत्तरीकरण न. उत्कृष्ट बनाना, विशेष शुद्ध करना।

उत्तरोट्ठ पुं [उत्तरोष्ठ] ऊपर का ओठ। मूँछ।

उत्तलहअ पुं [दे] विटप, अङ्कुर।

उत्तव वि [उक्तवत्] जिसने कहा हो वह।

उत्तस अक [उत् + त्रस्] त्रास पाना, पीड़ित होना। भयभीत होना।

उत्ताड सक [उत् + ताडय्] ताड़न करना। वाद्य बजाना।

उत्ताण वि [उत्तान] उन्मुख, ऊर्ध्वमुख। चित्त। विस्फारित। अनिपुण। °साइय वि [°शायिन्] चित्त सोनेवाला।

उत्ताणपत्तय वि [दे] एरण्ड-सम्बन्धी (पत्ती वगैरह)।

उत्ताणिअ वि [उत्तानित] चित्त किया हुआ। चित्त सोनेवाला।

उत्तार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना।

उत्तार सक [उत् + तारय्] पार पहुँचाना। बाहर निकालना। दूर करना।

उत्तार पुं [उत्तार] उतरना, पार करना। परित्याग। उतारनेवाला, पार करानेवाला।

उत्तार पुं [दे] आवास-स्थान।

उत्तारय वि [उत्तारक] पार उतारनेवाला।

उत्ताल वि [उत्ताल] महान्, बड़ा। उतावला। उद्धत। बेताल, ताल-विरुद्ध गान का एक दोष।

उत्ताल न [दे] लगातार रुदन।

उत्ताल देखो उत्ताड।

उत्तावल न [दे] उतावल, शीघ्रता। वि. शीघ्रकारी, आकुल।

उत्तास सक [उत् + त्रासय्] भयभीत करना।

पीड़ना।

उत्तासइत्तु वि [उत्त्रासयितृ] भय-भीत करनेवाला। हैरान करनेवाला।

उत्तासणअ, **उत्तासणग** } वि [उत्त्रासनक] भयंकर, उद्वेगजनक। हैरान करनेवाला।

उत्ताहिय वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ।

उत्ति स्त्री [उक्ति] वचन, वाणी।

उत्तिग पुं [उत्तिङ्ग] गर्दभाकार कीट-विशेष। चीटियों का बिल। चीटियों की सन्तान। तृण के अग्रभाग पर स्थित जल-बिन्दु। वनस्पति-विशेष, सर्पच्छत्रा। न. छिद्र। °लोण न [°लयन] कीट-विशेष का गृह—बिल।

उत्तिगपणग पुंन [उत्तिङ्गपनक] कीटिका-नगर, चीटियों का बिल।

उत्तिट्ठ अक [उत्+स्था] उठाना। उदित होना।

उत्तिण वि [उत्तृण] तृण-शून्य।

उत्तिण्ण वि [उत्तीर्ण] बाहर निकला हुआ। पार पहुँचा हुआ। जो कम हुआ हो। रहित। निपटा हुआ, जिसने कार्य समाप्त किया हो वह। उल्लंघित, अतिक्रान्त।

उत्तिण्ण वि [अवतीर्ण] नीचे उतरा हुआ।

उत्तित्थ पुंन [उत्तीर्थ] अपमार्ग।

उत्तिम देखो उत्तम।

उत्तिमंग देखो उत्तमंग।

उत्तिरिविडि, **उत्तिवडा** } स्त्री [दे] भाजन वगैरह का ऊँचा ढेर।

उत्तुंग वि [उत्तुङ्ग] ऊँचा, उन्नत।

उत्तुंड वि [उत्तुण्ड] उन्मुख, ऊर्ध्व-मुख।

उत्तुण वि [दे] अभिमानी।

उत्तुप्पिय वि [दे] स्निग्ध, चिकना।

उत्तुय सक [उत्+तुद्] पीड़ा करना, हैरान करना।

उत्तुरिद्धि स्त्री [दे] गर्व। वि. अभिमानी।

उत्तुर्व वि [दे] दृप्त।

उत्तुहिअ वि [दे] उत्खाटित, छिन्न, नष्ट।

उत्तूह पुं [दे] तटशून्य कूप।

उत्तेअ वि [उत्तेजस्] तेजस्वी, प्रखर। पुं. मात्रावृत्त का एक भेद।

उत्तेअण न [उत्तेजन] उत्तेजन।

उत्तेइअ, **उत्तेजिअ** } वि [उत्तेजित] उद्दीपित, प्रोत्साहित, प्रेरित।

उत्तेड पुं [दे] बिन्दु।

उत्थ न [उक्थ] स्तोत्र-विशेष। योगविशेष।

उत्थ वि. उत्पन्न, उत्थित।

उत्थ (शौ) देखो उट्ठ = उत्+स्था।

उत्थइय वि [अवस्तृत] व्याप्त। प्रसारित। आच्छादित।

उत्थंगिअ देखो उत्थंघिअ = उत्तम्भित।

उत्थंघ सक [उद्+नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना।

उत्थंघ सक [उत्+स्तम्भ्] उठाना। अवलम्बन देना। रोकना।

उत्थंघ सक [उत्+क्षिप्] ऊँचा फेंकना।

उत्थंघ सक [रुध्] रोकना।

उत्थंघ पुं [उत्तम्भ] ऊर्ध्व-प्रसरण, ऊँचा फैलाना।

उत्थंघिअ वि [उत्तम्भित] उत्थापित, उठाया हुआ।

उत्थंभि वि [उत्तम्भिन्] आघात-प्राप्त, अवलम्बन करनेवाला।

उत्थंभिअ वि [उत्तम्भित] अवलम्बित। रुका हुआ। बन्धन-मुक्त किया हुआ।

उत्थग्घ पुं [दे] सम्मर्द, उपमर्द।

उत्थप्पण देखो उट्ठपण।

उत्थय देखो उत्थइय।

उत्थर सक [आ+क्रम्] आक्रमण करना। दबाना।

उत्थर सक [अव+स्तृ] आच्छादन करना। पराभव करना।

उत्थर, **उत्थल्ल** } सक [उत्+स्तृ] आच्छादन करना (?)।

उत्थरिय वि [दे] निस्सृत, निर्गत। उठा हुआ।

उत्थल न [उत्स्थल] ऊँची धूल-राशि। उन्मार्ग, कुपथ।

उत्थलिअ न [दे] घर। वि. उन्मुख-गत।

उत्थल्ल अक [उत् + शल्] उछलना, कूदना।

उत्थल्लपत्थल्ला स्त्री [दे] दोनों पार्श्वों से परिवर्तन, उथल-पुथल।

उत्थल्ला स्त्री [दे] परिवर्त्तन। उद्वर्त्तन।

उत्थाइ वि [उत्थायिन्] उठनेवाला।

उत्थाइय वि [उत्थापित] उठाया हुआ।

उत्थाण न [उत्थान] वीर्य, बल, पराक्रम। उत्पत्ति।

उत्थामिय (अप) वि [उत्थापित] उठाया हुआ।

उत्थार सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना, दबाना।

उत्थार देखो उच्छाह = उत्साह।

उत्थिय देखो उत्थइअ।

°उत्थिय वि [°तीर्थिक] मतानुयायी, दर्शनानुयायी।

°उत्थिय वि [°यूथिक] यूथ-प्रविष्ट।

उत्थुभण न [अवस्तोभन] अनिष्ट की शान्ति के लिए किया जाता एक प्रकार का कौतुक, थू-थू आवाज करना।

उद न. जल। °उल्ल, °ओल्ल वि [°आर्द्र] पानी से गीला। °गत्ताभ न [°गर्त्ताभ] गोत्र-विशेष।

उदइय देखो ओदइय।

उदइल्ल वि [उदयिन्] उदयवान्, उन्नतिशील।

उदंक पुं. जल का पात्र-विशेष, जिससे जल ऊँचा छिड़का जाता है।

उदंच सक [उद् + अञ्च्] ऊँचा जाना।

उदंचण पुं. ऊँचा फेंकना। वि. ऊँचा फेंकनेवाला।

उदंत पुं. हकीकत, वृत्तान्त।

उदंप पुं [उद्दृप्त] कृष्णराज पुत्र उदय।

उदग पुंन [उदक] पानी। वनस्पति-विशेष। जलाशय। पुं. स्वनाम-ख्यात एक जैन साधु। सातवें भावी जिनदेव। °गब्भ पुं [°गर्भ] बादल। °दोणि स्त्री [°द्रोणि] जल रखने का पात्र-विशेष, ठंडा करने के लिए गरम लोहा जिसमें डाला जाता है वह। जो अरघट्ट में लगाया जाता है वह छोटा घड़ा। °पोग्गल न [°पौद्गल] मेघ। °मच्छ पुं [°मत्स्य] इन्द्र-धनुष का खण्ड, उत्पात-विशेष। °माल पुंस्त्री. जल का ऊपर चढ़ता तरङ्ग, उदकशिखा, वेला। °वत्थि स्त्री [°वस्ति] पानी भरने का मशक। °सिहा स्त्री [°शिखा] वेला। °सीम पुं [°सीमन्] पर्वत-विशेष।

उदग्ग वि [उदग्र] सुन्दर। उत्कट, प्रखर। मुख्य।

उदड्ढ पुं [उदग्घ] एक नरक-स्थान।

उदत्त वि [उदात्त] उदार।

उदत्त वि [उदात्त] जो उच्च स्वर से बोला जाय वह स्वर।

उदन्ना स्त्री [उदन्या] तृषा।

उदय देखो उदग।

उदय पुं. लाभ। उन्नति। उत्पत्ति। कर्म-परिणाम। प्रादुर्भाव। भरतक्षेत्र के भावी सातवें जिनदेव। भरतक्षेत्र में होनेवाले तीसरे जिनदेव का पूर्व-भवीय नाम। स्वनाम-ख्यात एक राजकुमार। °चल पुं [°ाचल] पर्वत-विशेष, जहाँ सूर्य उदित होता है।

उदयण पुं [उदयन] राजा सिद्धराज का प्रसिद्ध मन्त्री। कौशाम्बी नगरी के राजा शतानीक का पुत्र। एक विख्यात जैन राजा। न. उन्नति। वि. उन्नत होनेवाला, प्रवर्धमान।

उदर न. पेट। पेट की बीमारी।

उदरंभरि वि. स्वार्थी, अकेलपेटू।

उदरि वि [उदरिन्] पेट की बीमारीवाला।

उदरिय वि [उदरिक] ऊपर देखो।

उदवाह् वि. जल-वाहक। पुं. छोटा प्रवाह ।

उदसी [दे. उदश्वित् ?] तक ।

उदहि पुं [उदधि] समुद्र । भवनपति देवों की एक जाति, उदधिकुमार । °कुमार पुं. देवों की एक जाति । देखो उअहि ।

उदाइ पुं [उदायिन्] एक जैन राजा, महाराजा कोणिक का पुत्र, जिसको एक दुष्ट ने जैन साधु बनकर धर्म-छल से मारा था और जो भविष्य में तीसरा जिनदेव होगा । पुं. राजा कूणिक का पट्टहस्ती ।

उदाइण देखो उदायण ।

उदात्त देखो उदत्त ।

उदायण पुं [उदायन] सिन्धु-देश का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी ।

उदार देखो उराल ।

उदासि वि [उदासिन्] उदास, उदासीन । °व न [°त्व] औदासीन्य ।

उदासीण वि [उदासीन] मध्यस्थ । उपेक्षा करनेवाला ।

उदाहड वि [उदाहृत] कथित, दृष्टान्तित ।

उदाहर सक [उदा+हृ] कहना । प्रतिपादन करना ।

उदाहिय वि [उदाहृत] कथित, प्रतिपादित । दृष्टान्तित ।

उदाहिय वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका गया ।

उदाहु देखो उदाहर ।

उदाहु अ [उताहो] अथवा ।

उदाहू देखो उदाहर ।

उदाहो देखो उदाहु = उताहो ।

उदि अक [उद्+इ] उन्नत होना । उत्पन्न होना ।

उदिक्खिअ वि [उदीक्षित] अवलोकित ।

उदिण्ण वि [उदीच्य] उत्तर-दिशा में उत्पन्न ।

उदिण्ण वि [उदीर्ण] उदित । फलोन्मुख (कर्म) । उत्पन्न । उत्कट, प्रबल ।

उदिय वि [उदित] उद्गत । उन्नत । उक्त ।

उदीण वि [उदीचीन] उत्तर दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला, उत्तर दिशा में उत्पन्न । °पाईणा स्त्री [°प्राचीना] ईशान-कोण ।

उदीणा स्त्री [उदीचीना] उत्तर-दिशा ।

उदीर सक [उद्+ईरय्] प्रेरणा करना । कहना, प्रतिपादन करना । जो कर्म उदय-प्राप्त न हो उसको प्रयत्न-विशेष से फलोन्मुख करना ।

उदीरग देखो उदीरय ।

उदीरय न [उदीरण] कथन, प्रतिपादन । प्रेरणा । काल-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से किया जाता कर्म-फल का अनुभव ।

उदीरय वि [उदीरक] कथक, प्रतिपादक । प्रेरक, प्रवर्तक । उदीरणा करनेवाला, काल-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से कर्मफल का अनुभव करनेवाला ।

उदीरिद } वि [उदीरित] प्रेरित, कथित,
उदीरिय } प्रतिपादित । जनित, कृत । समय-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से खींच कर जिसके फल का अनुभव किया जाय वह ।

उदु देखो उउ ।

उदुंबर देखो उंबर ।

उदुरुह सक [उद्+रुह्] ऊपर चढ़ना ।

उदूखल देखो उऊखल ।

उदूग पुंन [दे] पृथिवी-शिला ।

उदूलिय वि [दे] अवनत ।

उदूहल देखो उऊहल ।

उद्द न [दे] जल-मानुष । बैल के कंधे का कूबड़ । मत्स्य-विशेष । उसके चर्म का बना हुआ वस्त्र ।

उद्द वि [आर्द्र] गीला ।

उद्दअ वि [मद्यत] उद्यम-युक्त ।

उद्दंड } वि [उद्दण्ड] प्रचण्ड, उद्धत । पुं.
उद्दंडग } हाथ में दण्ड को ऊँचा रखकर

चलनेवाले तापसों की एक जाति ।

उद्दंतुर वि. जिसका दाँत बाहर आया हो वह । ऊँचा ।

उद्दंभ पुं. छन्द का एक भेद ।

उद्दंस पुं. मधुमक्षिका, मत्कुण आदि छोटा कीट ।

उद्दड्ढ पुं [उद्दग्ध] रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का एक नरकावास । °मज्झिम पुं [°मध्यम] रत्नप्रभा पृथिवी का एक नरकावास । °वत्त पुं [°वर्त्त] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °विसिट्ठ पुं [°विशिष्ट] देखो पूर्वोक्त अर्थ ।

उद्दद्दर न [दे. ऊर्ध्वदर] सुभिक्ष, सुकाल ।

उद्दम पुंन देखो उज्जम = उद्यम ।

उद्दरिअ वि [दे] उखाड़ा हुआ । स्फुटित, विकसित ।

उद्दरिअ वि [उद् + दृप्त] गर्वित, उद्धत ।

उद्दलण न [उद्दलन] विदारण ।

उद्दव सक [उद्, उप + द्रु] उपद्रव करना, पीड़ा करना । मारना, विनाश करना, हिंसा करना ।

उद्दवअ पुं [उद्द्रव, उपद्रव] उपद्रव । हरकत । पीड़ा । विनाश, हिंसा ।

उद्दवइत्तु वि [उद्द्रोतृ उपद्रोतृ] उपद्रव करनेवाला । हिंसक, विनाशक ।

उद्दवण न [अपद्रावण] मृत्यु को छोड़कर सब प्रकार का दुःख ।

उद्दवाइअ देखो उद्दुवाइय ।

उद्दवेत्तु देखो उद्दवइत्तु ।

उद्दा सक [उद् + दा] बनाना, निर्माण करना ।

उद्दा अक [अव + द्रा] मरना ।

उद्दाइआ स्त्री [उद्द्रोत्री, उपद्रोत्री] उपद्रव करनेवाली स्त्री ।

उद्दाइ देखो उद्दाय ।

उद्दाण स्त्री [दे] चूल्हा ।

उद्दाण वि [अवद्रात] मृत ।

उद्दाम वि. स्वच्छन्द । प्रचण्ड, प्रखर । अव्यवस्थित ।

उद्दाम पुं [दे] संघात । स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश ।

उद्दामिय वि [उद्दामित] लटकता हुआ, प्रलम्बित ।

उद्दाय अक [शुभ्] शोभित होना, अच्छा मालूम देना ।

उद्दार देखो उराल = उदार ।

उद्दारिअ वि [दे] युद्ध से पलायित । उत्खात, उन्मूलित ।

उद्दाल सक [आ + छिद्] खींच लेना, हाथ से छीन लेना ।

उद्दाल पुं [अवदाल] दबाव, अवदलन । वृक्ष-विशेष । अवसर्पिणी काल का प्रथम आरा—समय-विशेष ।

उद्दालिय वि [आच्छिन्न] छीना हुआ, खींच लिया गया ।

उद्दावणया स्त्री [उपद्रावणा] उपद्रव, हैरानी ।

उद्दाह पुं. प्रखर-दाह । आग ।

उद्दाहग वि [उद्दाहक] आग लगानेवाला ।

उद्दिट्ठ वि [उद्दिष्ट] कथित, प्रतिपादित । निर्दिष्ट । दान के लिए संकल्पित (अन्न, पानादि) । लक्षित । न. उद्देश्य । °कड वि [°कृत] साधु के उद्देश्य से बनाया हुआ, साधु के निमित्त किया हुआ (भोजनादि) ।

उद्दिट्ठा स्त्री [दे. उद्दिष्टा] अमावस्या ।

उद्दित्त वि [उदीप्त] प्रज्ज्वलित ।

उद्दिस सक [उद् + दिश्] आज्ञा करना ।

उद्दिस सक [उद् + दिश्] नाम-निर्देश-पूर्वक वस्तु का निरूपण करना । देखना । संकल्प करना । लक्ष्य करना । अंगीकार करना । सम्मति लेना । समाप्त करना । उपदेश देना ।

उद्दिसिअ देखो उद्दिट्ठ ।

उद्दिसिअ वि [दे] उत्प्रेक्षित, वितर्कित।
उद्दीरणा देखो उदीरणा।
उद्दीवण न [उद्दीपन] उत्तेजन। वि. उत्तेजक। उद्दीपक।
उद्दीविअ वि [उद्दीपित] प्रदीपित, प्रज्ज्वालित।
उद्दुय वि [उद्द्रुत] पलायित।
उद्दुय वि [उपद्रुत] हैरान किया हुआ।
उद्देस देखो उद्दिस।
उद्देस पुं [उद्देश] पठन-विषयक गुर्वाज्ञा। नाम उच्चारण। वाचन, सूत्र-प्रदान, सूत्रों के मूल पाठ का अध्यापन।
उद्देस पुं [उद्देश] नाम-निर्देशपूर्वक वस्तु-निरूपण। शिक्षा, उपदेश। व्यपदेश, व्यवहार। लक्ष्य। अभिप्राय, मतलब। ग्रन्थ का एक अंश। प्रदेश। गुरुप्रतिज्ञा, गुरु-वचन। जगह, स्थान।
उद्देस वि [औद्देश] देखो उद्देसिय = औद्देशिक।
उद्देसण न [उद्देशन] पाठन, बाचना, अध्यापन। अधिकारिता, योग्यता।
उद्देसणकाल पुं [उद्देशनकाल] मूलसूत्र के अध्यापन का समय।
उद्देसिय न [औद्देशिक] भिक्षा का एक दोष, साधु के लिए भोजन-निर्माण। वि. साधु निमित्त बनाया हुआ (भोजन)।
उद्देसिय वि [औद्देशिक] उद्देश-सम्बन्धी उद्देश से किया हुआ। विवाह आदि के उपलक्ष्य में किये गये जीमन में निमन्त्रितों के भोजन की समाप्ति के अनन्तर बचे हुए वे खाद्य द्रव्य जिनको सर्वजातीय भिक्षुओं को देने का संकल्प किया गया हो।
उद्देह पुं. भगवान् महावीर का एक गण—साधु समुदाय।
उद्देहलिया स्त्री [उद्देहलिका] वनस्पति-विशेष।
उद्देहिया, उद्देही } स्त्री [दे] दीमक, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष।
उद्दोहग वि [उद्द्रोहक] घातक।
उद्ध देखो उड्ढ।
उद्धअ वि [उद्धत] उन्मत्त। अभिमानी। उत्पाटित। अतिप्रबल।
उद्धअ देखो उद्धरिअ = उद्धृत।
उद्धअ वि [दे] शान्त, ठण्ढा।
उद्धंस सक [उत् + घृष्] मारना। आक्रोश करना, गाली देना। बध करना।
उद्धंस सक [उद् + ध्वंस्] विनाश करना।
उद्धच्छवि वि [दे] विसम्वादित, अप्रमाणित।
उद्धच्छविअ वि [दे] सज्जित।
उद्धच्छिअ वि [दे] निषिद्ध।
उद्धड वि [उद्धृत] उठा कर रखा हुआ।
उद्धण वि [दे] अविनीत।
उद्धत्थ वि [दे] वञ्चित।
उद्धदेहिय न [और्ध्वदेहिक] अग्नि-संस्कार आदि अन्त्येष्टि क्रिया।
उद्धम सक [उद् + ध्मा] शङ्ख वगैरह फूंकना, वायु भरना। ऊँचा फेंकना, उड़ाना।
उद्धर सक [उद् + हृ] फंसे हुए को निकालना। उन्मूलन करना। दूर करना। खींचना। जीर्ण मन्दिर वगैरह का परिष्कार-संस्कार करना। किसी ग्रन्थ या लेख के अंश-विशेष को दूसरी पुस्तक या लेख में अविकल नकल करना।
उद्धर (अप) देखो उद्धुर।
उद्धरण वि [दे] उच्छिष्ट।
उद्धरिअ वि [उद्धृत] उत्पाटित, उल्लिस। किसी ग्रन्थ या लेख के अंश-विशेष को दूसरे पुस्तक या लेख में अविकल नकल कर देना। आकृष्ट। निष्कासित। जीर्ण वस्तु का परिष्कार करना।
उद्धरिअ वि [दे] अर्दित, विनाशित।
उद्धल पुं [दे] दोनों तरफ की अप्रवृत्ति।
उद्धव पुं. ऊधो, श्रीकृष्ण का चाचा, मित्र और भक्त।

उद्धवअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ।

उद्धविअ वि [दे] अर्चित, पूजित।

उद्धा } सक [उद्+धाव्] दौड़ना। बेग
उद्धाअ } से जाना। ऊँचे जाना। फैलना।

उद्धाअ अक [ऊर्ध्वाय्] ऊँचा होना।

उद्धाअ पुं [दे] विषमोन्नत-प्रदेश। समूह। वि. थका हुआ।

उद्धार पुं. रक्षण। ऋण देना, उधार देना। अपहरण। अपवाद। धारणा, पढ़े हुए पाठ को नहीं भूलना। °पलिओवम न[°पल्योपम] समय का परिमाण। °समय पुं. समय-विशेष। °सागरोवम न [°सागरोपम] समय का एक दीर्घ परिमाण।

उद्धरय वि [उद्धारक] उद्धार-कारक।

उद्धाव देखो उद्धा।

उद्धवण न [उद्धावन] नीचे देखो।

उद्धावणा स्त्री [उद्धावना] प्रबल-प्रवृत्ति। दूर-गमन। कार्य की शीघ्र सिद्धि।

°उद्धि देखो बुद्धि।

उद्धि स्त्री [दे] गाड़ी का एक अवयव।

उद्धिअ देखो उद्धरिअ = उद्धृत।

उद्धीमुह वि [ऊर्ध्वीमुख] मुंह ऊँचा किया हुआ।

उद्धुंधलिय वि [दे] धुंधलाया हुआ।

उद्धुणिय देखो उद्धुय।

उद्धुम सक [पृ] पूर्ण करना।

उद्धुमा सक [उद्+ध्मा] आवाज करना। जोर से धमनी को चलाना।

उद्धुमाइअ वि [उद्ध्मापित] ठण्ढा किया हुआ, निर्वापित।

उद्धुमाय वि [दे] परिपूर्ण। उन्मत्त।

उद्धुय वि [उद्धूत] पवन से उड़ा हुआ। प्रसूत, फैला हुआ। प्रकम्पित। उत्कट, प्रबल। प्रकट।

उद्धुर वि [उद्धुर] ऊँचा। प्रबल।

उद्धुसिय वि [उद्धुषित] रोमाञ्च। रोमाञ्चित।

उद्धू सक [उद्+धू] कँपाना, चलाना। पंखा करना।

उद्धूणिय देखो उद्धुय।

उद्धूद (शौ) देखो उद्धुय।

उद्धूल सक [उद्+धूलय्] व्याप्त करना। धूलि लगाना।

उद्धूवणिया स्त्री [उद्धूपनिका] धूप देना।

उद्धूविअ वि [उद्धूपित] जिसको धूप किया गया हो वह।

उद्धोस पुं [उद्धर्ष] उल्लास, ऊँचा होना।

उन्न न [ऊर्ण] ऊन। °मय वि [°मय] ऊन का बना हुआ।

उन्न (अप) वि [विषण्ण] विषाद-प्राप्त।

उन्नइय वि [उन्नीत] ऊँचा लिया हुआ।

उन्नंद सक [मद्+नन्द्] अभिनन्दन करना।

उन्ना देखो उण्णा। °मय वि [°मय] ऊन का बना हुआ।

उन्नाडिय न [उन्नाटित] हर्ष-द्योतक आवाज।

उन्नाह पुं. ऊँचाई।

उन्निक्ख सक [उन्नि+खन्] उन्मूलन करना।

उन्निक्खमण न [उन्निष्क्रमण] दीक्षा छोड़ कर फिर गृहस्थ होना।

उन्हाल (अप) पुं [उष्णकाल] ग्रीष्म ऋतु।

उपक्खर न [उपस्कर] घर का उपकरण।

उपंत न [उपान्त] पीछे का भाग। वि. समीपस्थ।

उपरिं } देखो उवरि।
उपरि }

उपरिल्ल देखो उवरिल्ल।

उपवाय देखो उववाय = उप+वादय्।

उपसप्प देखो उवसप्प।

उपाणहिय पुंस्त्री [उपानह्] जूता।

उप्प देखो ओप्प = अर्पय्।

उप्पइअ वि [उत्पतित] ऊँचा गया हुआ, उड़ा हुआ। उन्नत, उत्पन्न। न. उत्पतन, उड़ना।

उप्पइअ वि [उत्पादित] उत्थापित। उठाया हुआ।

उप्पंक वि [दे] अत्यन्त। पुं. कीचड़। उन्नति। समूह।

उप्पंग पुं [दे] समूह।

उप्पज्ज अक [उत् + पद्] उत्पन्न होना।

उप्पड सक [उत् + पत्] उड़ना, ऊँचा जाना, कूदना।

उप्पड पुं [उत्पट] क्षुद्र कीट-विशेष।

उप्पडिअ देखो उप्पइअ।

उप्पण सक [उत् + पू] धान्य वगैरह को सूप आदि से साफ-सुथरा करना।

उप्पण्ण वि [उत्पन्न] उत्पन्न।

उप्पत्त वि [दे] गलित। विरक्त।

उप्पत्ति वि [उत्पत्ति] उत्पत्ति।

उप्पत्तिया स्त्री [औत्पत्तिकी] बुद्धि-विशेष, बिना शास्त्राभ्यासादि के ही होनेवाली बुद्धि।

उप्पय सक [उत् + पत्] उड़ना, कूदना।

उप्पय देखो उप्पव।

उप्पय पुं [उत्पात] ऊँचे जाना, कूदना, उड्डयन। उत्पत्ति। °निवय पुं [°निपात] ऊँचा-नीचा होना। नाट्य-विधि का एक प्रकार।

उप्पयण न [उत्प्लवन] तैरना।

उप्पयणी स्त्री [उत्पतनी] विद्या-विशेष।

उप्परि (अप) देखो उवरि।

उप्परिवाडि, °डी स्त्री [उत्परिपाटि, °टी] उलटा क्रम।

उप्परोप्पर अ [उपर्युपरि] ऊपर-ऊपर।

उप्पल न [उत्पल] कमल। विमान-विशेष। संख्या-विशेष। सुगन्धि-द्रव्य-विशेष। पुं. परिव्राजक-विशेष। द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °वेंटग पुं [°वृन्तक] आजीविक मत का एक साधु-समाज।

उप्पलंग न [उत्पलाङ्ग] संख्या-विशेष, 'हुहुय' (समय की माप-विशेष) को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

उप्पला स्त्री [उत्पला] एक इन्द्राणी। इस नाम का 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन। स्वनामख्यात एक श्राविका। एक पुष्करिणी।

उप्पलिणी स्त्री [उत्पलिनी] कमलिनी।

उप्पल्ल वि [दे] अध्यासित, आरूढ़।

उप्पव सक [उत् + प्लु] लाँघना, तैरना। ऊँचा जाना, उड़ना।

उप्पवइय वि [उत्प्रव्रजित] जिसने दीक्षा छोड़ दी हो वह।

उप्पह पुं [उत्पथ] उन्मार्ग, कुमार्ग। °जाइ वि [°यायिन्] उलटे रास्ते जानेवाला।

उप्पा स्त्री देखो उप्पाय = उत्पाद।

उप्पाइत्तु वि [उत्पादयितृ] उत्पादक।

उप्पाइय न [औत्पातिक] भूकम्प आदि उत्पातों का सूचक शास्त्र। अस्वाभाविक। आकस्मिक। उत्पात।

उप्पाड सक [उत् + पाटय्] ऊपर उठाना। उन्मूलन करना। उत्खनन करना। उत्थापन करना।

उप्पाड सक [उत् + पादय्] उत्पन्न करना।

उप्पादअ वि [उत्पादक] उत्पन्नकर्त्ता।

उप्पाय सक [उत् + पादय्] उत्पन्न करना, बनाना। उपार्जन करना।

उप्पाय पुंन [उत्पात] उत्पतन, ऊर्ध्व-गमन। आकस्मिक उपद्रव। निमित्त-शास्त्र-विशेष। °निवाय पुं [°निपात] चढ़ना और उतरना।

उप्पाय पुं [उत्पाद] उत्पत्ति। °पव्वय पुं [पर्वत] एक प्रकार के पर्वत जहाँ आकर कई व्यन्तर-जातीय देव-देवियाँ क्रीड़ा के लिए विचित्र प्रकार के शरीर बनाते हैं। °पुव्व न [°पूर्व] प्रथमपूर्व, बारहवें जैन अङ्ग-ग्रन्थ का एक भाग।

उप्पायग वि [उत्पादक] उत्पन्न करने-वाला। कीट-विशेष।

उप्पायण न [उत्पादन] उत्पादन, उपार्जन।

उप्पायणया } उप्पायणा } स्त्री [उत्पादना] उपार्जन, उत्पन्न करना। जैन साधु की

भिक्षा का एक दोष ।

उप्पाल सक [कथ्] कहना, बोलना ।

उप्पाव सक [उत् + प्लावय्] लँघाना, तैराना । कुदाना, उड़ाना ।

उप्पास सक [उत्प्र + अस्] हँसी करना ।

उप्पाहल न [दे] उत्कण्ठा ।

उप्पि सक [अर्पय्] देना ।

उप्पिं अ [उपरि] ऊपर ।

उप्पिंगलिआ स्त्री [दे] हाथ का मध्य भाग, करोत्संग ।

उप्पिंजल न [दे] सुरत, सम्भोग । रज । अपयश ।

उप्पिंजल अक [उत्पिञ्जलय्] आकुल की तरह आचरण करना ।

उप्पिच्छ [दे] देखो उप्पित्थ ।

उप्पिण देखो उप्पण ।

उप्पित्थ वि [दे] त्रस्त, भीत । क्रुद्ध । विधुर, आकुल ।

उप्पित्थ वि [दे] श्वास-युक्त ।

उप्पिय सक [उत् + पा] आस्वादन करना । फिर-फिर श्वास लेना ।

उप्पियण न [उत्पान] फिर-फिर श्वास लेना ।

उप्पिलण न [उत्प्लावन] लाँघना ।

उप्पिलाव देखो उप्पाव ।

उप्पीड देखो उप्पील ।

उप्पील सक [उत् + पीडय्] कस कर बाँधना, उठवाना, दबाना । पीड़ा करना, उपद्रव करना ।

उप्पील पुं [दे] समूह, राशि । स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश ।

उप्पुअ वि [उत्प्लुत] उच्छलित, कूदा हुआ ।

उप्पुंसिअ देखो उप्पुसिअ ।

उप्पुणिअ वि [उत्पूत] सूप से साफ-सुथरा किया हुआ ।

उप्पुण्ण वि [उत्पूर्ण] पूर्ण, व्याप्त ।

उप्पुलइअ वि [उत्पुलकित] रोमाञ्चित ।

उप्पुसिअ वि [उत्प्रोञ्छित] लुप्त, प्रोञ्छित ।

उप्पूर पुं [उत्पूर] प्राचुर्य । प्रकृष्ट-प्रवाह ।

उप्पेक्ख (अप) देखो उविक्ख ।

उप्पेक्ख सक [उत्प्र + ईक्ष्] सम्भावना करना ।

उप्पेक्खा स्त्री [उत्प्रेक्षा] अलङ्कार-विशेष । सम्भावना ।

उप्पेय न [दे] अभ्यङ्ग, तैलादि की मालिश ।

उप्पेल सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना ।

उप्पेल्ल पुं [उन्नमन] ऊँचा करना ।

उप्पेस पुं [उत्पेष] त्रास, भय ।

उप्पेहड वि [दे] उद्भट, आडम्बरवाला ।

°उप्फ देखो पुप्फ ।

उप्फण सक [उत् + फण्] छाँटना, पवन में धान्य आदि का छिलका दूर करना ।

उप्फंदोल वि [दे] चल, अस्थिर ।

उप्फाल पुं [दे] दुर्जन ।

उप्फाल सक [उत् + पाटय्] उठाना । उखाड़ना ।

उप्फाल सक [कथ्] कहना, बोलना ।

उप्फाल वि [कथक] कहनेवाला, सूचक ।

उप्फिड अक [उत् + स्फिट्] कुण्ठित होना, असमर्थ होना ।

उप्फिड अक [उत् + स्फिट्] मण्डूक की तरह कूदना, उड़ना ।

उप्फिडण न [उत्स्फेटन] कुण्ठित होना ।

उप्फिडिय वि [उत्स्फिटित] कुण्ठित । बाहर निकला हुआ ।

उप्फुंकिआ स्त्री [दे] धोबिन ।

उप्फुंडिअ वि [दे] बिछाया हुआ ।

उप्फुण्ण वि [दे] आपूर्ण । व्याप्त ।

उप्फुन्न वि [दे] स्पृष्ट ।

उप्फुल्ल वि [उत्फुल्ल] विकसित ।

उप्फुल्लिआ स्त्री [उत्फुल्लिका] क्रीड़ा-विशेष । पाँव पर बैठ कर बारम्बार ऊँचा-नीचा होना ।

उप्फुस सक [उत् + स्पृश्] सिंचना, छिड़कना ।

उप्फेणउप्फेणिय क्रिवि [दे] क्रोध-युक्त प्रबल वचन से।

उप्फेस पुं [दे] त्रास, भय। मुकुट, पगड़ी, शिरोवेष्टन।

उप्फोअ पुं [दे] उद्गम, उदय।

उबुस सक [मृज्] शुद्धि करना, साफ करना।

उब्बंध सक [उद् + बन्ध्] फाँसी लगाना। वेष्टन करना।

उब्बण वि [उल्बण] उत्कट।

उब्बद्ध वि [उद्बद्ध] जिसने फाँसी लगाई हो वह। वेष्टित। शिक्षक के साथ शर्तों से बँधा हुआ।

उब्बिब वि [दे] खिन्न। शून्य। क्रान्त। प्रकट वेष वाला। डरा हुआ। उद्भट।

उब्बिबल वि [दे] कलुष जलवाला। न. मैला पानी।

उब्बुक्क सक [उद् + बुक्क्] बोलना, कहना।

उब्बुक्क न [दे] प्रलपित, प्रलाप। सङ्कट। बलात्कार।

उब्बुड अक [उद् + ब्रुड्] तैरना।

उब्बुड, उब्बुड्ड } पुं [उद्ब्रुड] तैरना। °निबुड, °निब्बुड्डण न [निब्रुड, °ण] उमचुभ करना।

उब्बुड्ड वि [उद्ब्रुडित] उन्मग्न, तीर्ण।

उब्बुड्डण न [उद्ब्रुडन] उन्मज्जन।

उब्बुह अक [उत् + क्षुभ्] संक्षुब्ध होना।

उब्बूर वि [दे] अधिक। पुं. समूह। स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश।

उब्भ सक [ऊर्ध्वय्] ऊँचा करना, खड़ा करना।

उब्भ देखो उड्ढ।

उब्भंड पुं [उद्भाण्ड] उत्कट भाँड़, बहुरूपा, निर्लज्ज हुंडा, उग्र विदूषक। न. गाली।

उब्भंत वि [दे] ग्लान, बीमार।

उब्भंत वि [उद्भ्रान्त] आकुल, खिन्न। मूर्च्छित। भ्रान्तियुक्त, भौचक्का, चकित।

उब्भंत पुं [उद्भ्रान्त] प्रथम नरक-पृथिवी का चौथा नरकेन्द्रक।

उब्भग्ग वि [दे] गुण्ठित, व्याप्त।

उब्भज्जि स्त्री [दे] कोद्रव-समूह।

उब्भड वि [उद्भट] प्रबल, प्रचण्ड। भयंकर। उद्धत, आडम्बरी।

उब्भम पुं [उद्भ्रम] उद्वेग। परिभ्रमण।

उब्भव अक [उद् + भू] उत्पन्न होना।

उब्भव अक [ऊर्ध्वय्] ऊँचा करना, खड़ा करना।

उब्भाअ वि [दे] शान्त, ठण्ढा।

उब्भाम सक [उद् + भ्रामय्] घुमाना।

उब्भाम पुं [उद्भ्राम] परिभ्रमण। वि. परिभ्रमण करनेवाला।

उब्भामइल्ला स्त्री [उद्भ्रामिणी] स्वैरिणी, कुलटा स्त्री।

उब्भामय पुं [उद्भ्रामक] जार, उपपति।

उब्भामग पुं [उद्भ्रामक] पारदारिक, पर-स्त्री-लम्पट। वायु-विशेष। वि. परिभ्रमण करनेवाला।

उब्भामिगा, उब्भामिया } स्त्री [उद्भ्रामिका] कुलटा स्त्री, स्वैरिणी।

उब्भालण न [दे] सूप आदि से साफ-सुथरा करना, उत्पवन। वि. अपूर्व, अद्वितीय।

उब्भालिअ वि [दे] सूप आदि से साफ किया हुआ।

उब्भाव अक [रम्] क्रीडा करना, खेलना।

उब्भावणया, उब्भावणा } स्त्री [उद्भावना] प्रभावना, गौरव, उन्नति। उत्प्रेक्षा, वितर्कणा। प्रकाशन।

उब्भाविअ न [रमण] सुरत, क्रीड़ा, सम्भोग।

उब्भास सक [उद् + भासय्] प्रकाशित करना।

उब्भासुअ वि [दे] शोभाहीन।

उब्भि देखो उब्भिय = उद्भिद।

उब्भिउडि वि [उद्भ्रुकुटि] भौंह चढ़ाया हुआ।

उब्भिज्जा स्त्री [उद्भेद्या] एक तरह का शाक।

उब्भिद सक [उद् + भिद्] ऊँचा करना, खड़ा करना। विकसित करना। अङ्कुरित करना। खोलना।

उब्भिग देखो उब्भिय = उद्भिद्।

उब्भिडण न. [उद्भेदन] लग कर अलग होना, आघात कर पीछे हटना।

उब्भिण्ण वि [उद्भिन्न] अङ्कुरित। खोला हुआ। न. जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष, मिट्टी वगैरह से लिप्त पात्र को खोलकर उसमें से दी जाती भिक्षा। वि ऊँचा हुआ, खड़ा हुआ।

उब्भिय वि [उद्भिद्] पृथ्वी को फाड़कर उगनेवाली वनस्पति।

उब्भिय न [उद्भिद्] लवण-विशेष। खंजरीट, शलभ आदि प्राणी।

उब्भीकय वि [ऊर्ध्वीकृत] ऊँचा किया हुआ।

उब्भुअ अक [उद् + भू] उत्पन्न होना।

उब्भुआण वि [दे] उबलता हुआ।

उब्भुग्ग वि [दे] चल, अस्थिर।

उब्भुत्त सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना।

उब्भुत्तिअ वि [दे] उद्दीपित।

उब्भूअ वि [उद्भूत] उत्पन्न। आगन्तुक कारण।

उब्भूइआ स्त्री [औद्भूतिकी] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी जो किसी आगन्तुक प्रयोजन के उपस्थित होने पर बजाई जाती थी।

उब्भेअ पुं [उद्भेद] उद्गम।

उब्भेइम वि [उद्भेदिम] स्वयं उत्पन्न होनेवाला।

उभ पुं. दोनों।

उभओ अ [उभयतस्] द्विधा, दोनों तरह से।

उभज्जायण देखो ओमज्जायण।

उभय वि. दोनों। °त्थ अ [°त्र] दोनों जगह। °लोग पुं [°लोक] यह और पर जन्म। °हा अ [°धा] दोनों तरफ से, द्विधा।

उमच्छ सक [वञ्च्] ठगना।

उमच्छ सक [अभ्या + गम्] सामने आना।

उमा स्त्री. गौरी, पार्वती। द्वितीय वासुदेव की माता। देव-गणिका-विशेष। स्त्री-विशेष। °साइ [°स्वाति] स्वनामधन्य एक प्राचीन जैनाचार्य और विख्यात ग्रन्थकार।

उमाण न [दे] प्रवेश।

°उमार देखो कुमार।

उमीस वि [उन्मिश्र] मिश्रित।

उमुय सक [उद् + मुच्] छोड़ना।

उम्मइअ वि [दे] मूर्ख। उन्मत्त।

उम्मऊह वि [उन्मयूख] प्रभाशाली।

उम्मंड पुं [दे] हठ।

उम्मंथिय वि [दे] जला हुआ।

उम्मग्ग वि [उन्मग्न] पानी के ऊपर आया हुआ, तीर्ण। न. उन्मज्जन, तैरना। °जला स्त्री. नदी-विशेष।

उम्मग्ग पुं [उन्मार्ग] कुपथ, उलटा रास्ता। छिद्र। अकार्य करना।

उम्मच्छ न [दे] क्रोध। वि. असम्बद्ध। प्रकारान्तर से कथित।

उम्मच्छर वि [उन्मत्सर] ईर्ष्यालु। उद्भट।

उम्मच्छविअ वि [दे] उद्भट।

उम्मच्छिअ वि [दे] कुपित। आकुल।

उम्मज्ज न[उन्मज्जन] तरण। °णिमज्जिया स्त्री [°निमज्जिका] पानी में ऊँचा-नीचा होना।

उम्मज्जग वि [उन्मज्जक] उन्मज्जन करनेवाला, गोता लगानेवाला। उन्मज्जन से ही स्नान करनेवाले तापसों की एक जाति।

उम्मड्डा स्त्री [दे] जबरदस्ती। निषेध।

उम्मण वि [उन्मनस्] उत्कण्ठित-उत्सुक।

उम्मत्त पुं [दे] धतूरा। एरण्ड, वृक्ष-विशेष।

उम्मत्त वि [उन्मत्त] उद्धत, उन्माद-युक्त। पागल, भूताविष्ट। °जला स्त्री. नदी-विशेष।

उम्मत्थ सक [अभ्या + गम्] सामने आना।

उम्मत्थ वि [दे] अधो-मुख, विपरीत।

उम्मर पुं [दे] देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी।

उम्मरिअ वि [दे] उत्खात, उन्मूलित।

उम्मल वि [दे] स्त्यान, कठिन, घट्ट।

उम्मलण न [उन्मर्दन] मसलना।

उम्मल्ल पुं [दे] राजा। मेघ, बारिश। बलात्कार। वि. पीवर, पुष्ट।

उम्मल्ला स्त्री [दे] तृष्णा।

उम्महण वि [उन्मथन] नाशक।

उम्माइअ वि[उन्मादित] उन्मत्त किया हुआ।

उम्माडिय न [दे] उल्मुक, जलता काष्ठ।

उम्माण न [उन्मान] माप। जो तौला जाता है वह।

उम्माद देखो उम्माय।

उन्मादइत्तअ (शौ) वि [उन्मादयितृ] उन्माद करानेवाला।

उम्माय अक [उद् + मद्] उन्माद करना।

उम्माय पुं [उन्माद] चित्त-विभ्रम। कामाधीनता। आलिङ्गन।

उम्माल देखो ओमाल।

उम्मालिय व [उन्मालित] सुशोभित।

उम्माह पुं [उन्माथ] विनाश।

उम्माहय वि [उन्मायक] विनाशक।

उम्मि पुंस्त्री [ऊर्मि] कल्लोल, तरङ्ग। भीड़। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] नदी-विशेष।

उम्मिंठ वि [दे] महावतरहित, निरङ्कुश।

उम्मिण सक [उद् + मी] तौलना।

उम्मिय वि [उन्मित] प्रमित।

उम्मिलिर वि [उन्मीलितृ] विकासी।

उम्मिल्ल अक [उद् + मील्] विकसित होना। प्रकाशित होना। उल्लसित होना।

उम्मिल्लिय वि [उन्मीलित] विकसित उल्लसित। खुला हुआ। प्रकाशित, बहिष्कृत, न. विकास।

उम्मिस अक[उद् + मिष्] खुलना, विकसना।

उम्मिसिय वि [उन्मिषित] विकसित,प्रफुल्ल। न. विकास, उन्मेष।

उम्मिस्स देखो उम्मीस।

उम्मीलण देखो उम्मिल्लण।

उम्मीलणा स्त्री [उन्मीलना] प्रभव, उत्पत्ति।

उम्मीलिय देखो उम्मिल्लिय।

उम्मीस वि [उन्मिश्र] मिश्रित, युक्त।

उम्मुअ देखो उमुय।

उम्मुअ न [उल्मुक] अलात, लूका।

उम्मुंच सक [उद् + मुच्] परित्याग करना।

उम्मुक्क वि [उन्मुक्त] विमुक्त, रहित। उत्क्षिप्त। परित्यक्त।

उम्मुग्ग वि [उन्मग्न] जल के ऊपर तैरा हुआ। न. तैरना। °निमुग्गिया स्त्री [°निमग्नता] उभचुभ करना।

उम्मुग्गा } उम्मुज्जा } स्त्री. देखो उम्मग्ग = उन्मग्न।

उम्मुट्ठ वि [उन्मृष्ट] स्पृष्ट।

उम्मुद्दिअ वि [उन्मुद्रित] विकसित, प्रफुल्ल। उद्घाटित।

उम्मुयण व [उन्मोचन] परित्याग।

उम्मुयणा स्त्री [उन्मोचना] त्याग, उज्झन।

उम्मुह वि [दे] दृप्त, अभिमानी।

उम्मुह वि [उन्मुख] सम्मुख। ऊर्ध्व-मुख।

उम्मूढ वि [उन्मूढ] अत्यन्त मुग्ध। °विसूइया स्त्री [°विसूचिका] रोग-विशेष, हैजा।

उम्मूल वि [उन्मूल] उन्मूलन करनेवाला, विनाशक।

उम्मूल सक [उद् + मूलय्] मूल से उखाड़ फेंकना।

उम्मेंठ [दे] देखो उम्मिंठ।

उम्मेस पुं [उन्मेष] उन्मीलन, विकास।

उम्मोयणी स्त्री [उन्मोचनी] विद्या-विशेष।

उम्ह पुंस्त्री [ऊष्मन्] सन्ताप, गरमी।

उम्हइअ } उम्हविय } वि [ऊष्मायित] सन्तप्त, गरम किया हुआ।

उम्हाअ अक [ऊष्माय्] गरम होना। भाप

निकालना ।
उम्हाल वि [ऊष्मवत्] गरम, परितप्त। बाष्प-युक्त ।
उम्हाविअ न [दे] सुरत, सम्भोग ।
उयचिय वि [दे] देखो उविअ = परिकर्मित ।
उयट्ट देखो उव्वट्ट = उद् + वृत् । उद्वृत्त ।
उयत्त अक [अप + वृत्] हटना ।
उयर वि [उदार] श्रेष्ठ ।
उयरिया स्त्री [अपवरिका] छोटा कमरा ।
उयविय देखो उविअ = (दे) ।
उयाइय न [उपयाचित] मनौती ।
उयाय वि [उ[illegible]] [illegible] ।
उयारण न [अवतारण] निछावर, उतारा, हर्षदान ।
उयाहु देखो उदाहु ।
उय्यकिअ वि [दे] इकट्ठा किया हुआ ।
उय्यल वि [दे] अध्यासित, आरूढ़ ।
उर पुंन [उरस्] छाती । °अ, °ग पुंस्त्री [°ग] सर्प । °तव पुं [°तपस्] तप-विशेष । °त्थ न [°अस्त्र] अस्त्र-विशेष, जिसके फेंकने से शत्रु सर्पों से वेष्टित होता है । °परिसप्प पुंस्त्री [°परिसर्प] पेट से चलनेवाला प्राणी । °सुत्तिया स्त्री [°सूत्रिका] मोतियों की हार ।
उर न [दे] आरम्भ ।
उरनरेण अ [दे] साक्षात् ।
उरत्त वि [दे] खण्डित ।
उरत्थ वि [उरःस्थ] छाती में स्थित । छाती में पहनने का आभूषण ।
उरत्थय न [दे] वर्म, बख्तर, कवच ।
उरब्भ पुंस्त्री [उरभ्र] मेष, भेड़ ।
उरब्भिअ वि [औरभ्रिक] भेड़ चरानेवाला ।
उरब्भिज्ज / उरब्भिय } वि [उरभ्रीय] मेष-सम्बन्धी । उत्तराध्ययन सूत्र का एक अध्ययन ।
उरय पुं [उरज] वनस्पति-विशेष ।
उर्रर पुं [दे] पशु, बकरा ।

उरल देखो उराल ।
उरविय वि [दे] आरोपित । खण्डित, छिन्न ।
उरसिज पुं [उरसिज] स्तन ।
उरस्स वि [उरस्य] सन्तान । हार्दिक आभ्यन्तर ।
उराल वि [उदार] प्रबल । मुख्य । सुन्दर, श्रेष्ठ । अद्भुत । विशाल, विस्तीर्ण । न. शरीर-विशेष, मनुष्य और तिर्यञ्च (पशु-पक्षी) इन दोनों का शरीर ।
उराल वि [उदार] स्थूल, मोटा ।
उराल वि [दे] भयंकर ।
उरालिअ न [औदारिक] शरीर-विशेष ।
उरिआ स्त्री [उड्डिका] लिपि-विशेष ।
उरित्तिय न [दे. उरसि-त्रिक] तीन सरवाला हार ।
°उरिस देखो पुरिस ।
उरु वि [उरु] विशाल, विस्तीर्ण ।
उरुपुल्ल पुं [दे] अपूप, पूआ । खिचड़ी ।
उरुमल्ल / उरुमिल्ल / उरुसोल्ल } वि [दे] प्रेरित ।
उरोरुह पुं. स्तन । न. जैन साध्वियों का उपकरण-विशेष ।
°उल देखो कुल ।
उलय / उलव } पुंन [उलप] तृण-विशेष ।
उलवी स्त्री [उलपी] तृण-विशेष ।
उलिअ वि [दे] असङ्कुचित नजरवाला ।
उलित्त न [दे] ऊँचा कुँआ ।
°उलीण देखो कुलीण ।
उलुउंडिअ वि [दे] प्रलुठित, विरेचित ।
उलुओसिअ वि [दे] रोमाञ्चित ।
उलुकसिअ वि [दे] ऊपर देखो ।
उलुखंड पुं [दे] उल्मुक, अलात, लूका ।
उलुग पुं [उलूक] उल्लू, पेचक। देश-विशेष ।
उलुगी स्त्री [औलूकी] विद्या-विशेष ।

उलुग्ग वि [अवरुग्ण] बीमार।

उलुग्ग वि [दे] देखो ओलुग्ग।

उलुफुंटिअ वि [दे] विनिपातित, विनाशित। प्रशान्त।

उलुय देखो उलूअ।

उलुहंत पुं [दे] कौआ।

उलुहलिअ वि [दे] अतृप्त।

उलुहुलअ वि [दे] तृप्तिरहित।

उलूअ पुं [उलूक] उल्लू, पेचक। वैशेषिक मत का प्रवर्तक कणाद मुनि।

उलूखल देखो उऊखल।

उलूलु पुं [उलूलु] मङ्गल-ध्वनि।

उलूहल देखो उऊखल।

उल्ल सक [आर्द्रय्] गीला करना, आर्द्र करना। अक. आर्द्र होना। °गच्छ पुं [°गच्छ] जैन मुनियों का गण-विशेष।

उल्ल न [दे] ऋण।

उल्लअण न [उल्लयन] अर्पण, समर्पण।

उल्लंक पुं [उल्लङ्क] काष्ठ-मय वारक।

उल्लंघ सक [उत् + लङ्घ्] उल्लङ्घन करना।

उल्लंघण न [उल्लङ्घन] अतिक्रमण, उल्लङ्घन। वि. अतिक्रमण करनेवाला।

उल्लंठ वि [उल्लण्ठ] उद्धत।

उल्लंडग पुं [उल्लण्डक] छोटा मृदङ्ग।

उल्लंडिअ वि [दे] बहिष्कृत।

उल्लंबण न [उल्लम्बन] उद्बन्धन, फाँसी लगाकर लटकना।

उल्लक्क वि [दे] भग्न। स्तब्ध।

°उल्लट्ट देखो उव्वट्ट=उद्-वृत्।

उल्लट्ट वि [दे] उल्लुण्ठित, खाली किया हुआ।

उल्लण वि [उल्बण] उत्कट।

उल्लण न [दे] खाद्य वस्तु-विशेष, ओसामन।

उल्लणिया स्त्री [आर्द्रयणिका] जल पोंछने का गमछा, टोपिया।

उल्लट्टिय वि [दे] भाराक्रान्त, जिसपर बोझा लादा गया हो वह।

उल्लरय न [दे] कौड़ियों का आभूषण।

उल्लल अक [उत् + लल्] चञ्चल होना। ऊँचा चलना। उत्पन्न होना।

उल्ललिअ वि [दे] शिथिल।

उल्लव सक [उत् + लप्] कहना। बकवाद करना, खराब शब्द बोलना।

उल्लव सक [उद् + लू] उन्मूलन करना।

उल्लविय वि [उल्लपित] कथित, उक्त। न. उक्ति-वचन।

उल्लस अक [उत् + लस्] विकसित होना। खुश होना।

उल्लस देखो उल्लास।

उल्लसिअ वि [दे. उल्लसित] पुलकित, रोमाञ्चित।

उल्लाय वि [दे] लात मारना।

उल्लाय वि [उल्लाप] वक्र-वचन। कथन।

उल्लाल सक [उत् + नमय्] ऊँचा करना। ऊपर फेंकना।

उल्लाल सक [उत् + लालय्] ताडन करना, बजाना।

उल्लाल पुंन [उल्लाल] छन्द-विशेष।

उल्लाव सक [उत् + लप्, लापय्] कहना, बोलना। बकवाद करना। बुलवाना। बकवाद कराना।

उल्लाव पुं [उल्लाप] शब्द, आवाज। उत्तर। बकवाद, विकृत-वचन। उक्ति, कथन। सम्भाषण।

उल्लासग वि [उल्लासक] विकसित होनेवाला। आनन्दजनक।

उल्लासण न [उल्लासन] विकास।

उल्लाह सक [उत् + लाघय्] कम करना, हीन करना।

उल्लिअ वि [दे] उपसर्पित, उपागत।

उल्लिअ वि [दे] चीरा हुआ, फाड़ा हुआ। उपालब्ध, उलाहना दिया हुआ।

उल्लिंच सक [उद् + रिच्] खाली करना।

उल्लिक्क न [दे] खराब चेष्टा ।

उल्लिगण वि [उल्लिङ्गन] उपदर्शक ।

उल्लिपण न [उपलेपन] उपलेप ।

उल्लिया स्त्री [दे] राधा-वेध का निशाना ।

उल्लिर वि [आर्द्र] गीला ।

उल्लिह सक [उद्+लिह्] चाटना । भक्षण करना ।

उल्लिह सक [उद् + लिख्] रेखा करना । लिखना । घिसना । छिलना ।

उल्ली स्त्री [दे] चूल्हा । दाँत का मैल ।

उल्लीण वि [उपलीन] प्रच्छन्न, गुप्त ।

उल्लुअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ । रंगा हुआ ।

उल्लुअ वि [दे. उद्गत] उदय-प्राप्त ।

उल्लुअ वि [उल्लून] उन्मूलित । न. उन्मूलन ।

उल्लुंचिअ वि [उल्लुञ्चित] उखाड़ा हुआ, उन्मूलित ।

उल्लुंटिअ वि [दे] संचूर्णित, टुकड़ा-टुकड़ा किया हुआ ।

उल्लुंठ वि [उल्लुण्ठ] उल्लण्ठ, उद्धत ।

उल्लुंड अक [वि + रेचय्] झरना, बाहर निकलना ।

उल्लुक्क वि [दे] टूटा हुआ ।

उल्लुक्क सक [तुड्] तोड़ना ।

उल्लुग° } स्त्री [उल्लुका] नदी-विशेष ।
उल्लुगा } उल्लुका नदी के किनारे का प्रदेश । °तीर न. उल्लुका नदी के किनारे बसा हुआ एक नगर ।

उल्लुट्ठाण न [दे] पुनरुत्थान, कटे हुए हाथ पाँव की फिर से उत्पत्ति ।

उल्लुट्ट अक [उत् + लुट्] नष्ट होना ।

उल्लुट्ट वि [दे] मिथ्या, असत्य ।

उल्लुण्ह पुं [दे] छोटा शङ्ख ।

उल्लुलिअ वि [उल्लुलित] चलित ।

उल्लुव देखो उल्लव = उद् + लू ।

उल्लुह अक [निस् + सृ] निकलना ।

उल्लुहुंडिअ वि [दे] उन्नत, उच्छ्रित ।

उल्लूढ वि [दे] आरूढ़ । अङ्कुरित ।

उल्लूढ सक [आ + रुह्] चढ़ना ।

उल्लूर सक [तुड्] तोड़ना । नाश करना ।

उल्लूरण न [illegible] छेदन, खण्डन ।

उल्लूह वि [दे] शुष्क ।

उल्लेव पुं [दे] हास्य ।

उल्लेहड वि [दे] लम्पट, लुब्ध ।

उल्लोइय न [दे] पोतना । वि. पोता हुआ ।

उल्लोक वि [दे] त्रुटित, छिन्न ।

उल्लोच पुं [दे. उल्लोच] चाँदनी ।

उल्लोढ सक [उल्लोध्रय्] लोध्र आदि से घिसना ।

उल्लोय पुं [उल्लोक] अगासी, छत । थोड़ी देर ।

उल्लोय देखो उल्लोच ।

उल्लोल अक [उत् + लुल्] लुठना, लेटना । पुं. शोकाकुल-स्त्री-रुदन-शब्द ।

उल्लोल सक [उद् + लोलय्] पोंछना ।

उल्लोल पुं [दे] शत्रु । कोलाहल ।

उल्लोल पुं. प्रबन्ध । वि. उद्भट, उद्धत । वि. उत्सुक ।

उल्लोव (अप) देखो उल्लोच ।

उल्हव सक [वि + ध्मापय्] ठण्ढा करना, आग को बुझाना । शान्त करना ।

उल्हसिअ वि [दे] उद्भट, उद्धत ।

उल्हा अक [वि + ध्मा] बुझ जाना ।

उव अ [उप] इन अर्थों का सूचक अव्यय—समीपता । सदृशता । समस्तपन । एकवार । भीतर ।

उव न [उद] पानी ।

उवअंठ वि [उपकण्ठ] समीप का ।

उवइट्ठ वि [उपदिष्ट] कथित, प्रतिपादित, शिक्षित ।

उवइण्ण वि [उपचीर्ण] सेवित ।

उवइय वि [उपचित] मांसल। उन्नत।

उवइय पुंस्त्री [दे] त्रीन्द्रिय जीव-विशेष, देखो ओवइय।

उवइस सक [उप+दिश्] उपदेश देना, सिखाना। प्रतिपादन करना

उवउंज सक [उप + युज्] उपयोग करना।

उवउज्ज पुं [दे] उपकार। वि. उपकारक।

उवउत्त वि [उपयुक्त] न्याय्य। अप्रमत्त।

उवऊढ वि [उपगूढ] आलिङ्गित।

उवऊह सक [उप + गूह्] आलिङ्गन करना।

उवएइआ स्त्री [दे] शराब परोसने का पात्र।

उवएस पुं [उपदेश] बोध। कथन, प्रतिपादन। शास्त्र, सिद्धान्त। उपदेश्य।

उवएसग वि [उपदेशक] उपदेश देने वाला।

उवओग पुं [उपयोग] ज्ञान, चैतन्य। ध्यान, सावधानी। प्रयोजन, आवश्यकता।

उवओगि वि [उपयोगिन्] उपयुक्त, योग्य, प्रयोजनीय।

उवंग पुंन [उपाङ्ग] छोटा अवयव, क्षुद्र भाग। मूल-ग्रन्थ के अंश-विशेष को लेकर उसका विस्तार से वर्णन करनेवाला ग्रन्थ, टीका। 'औपपातिक' सूत्र वगैरह बारह जैन ग्रन्थ।

उवंजण न [उपाञ्जन] मालिश।

उवकंठ देखो उवअंठ।

उवकंठ न [उपकण्ठ] समीप।

उवकदुअ (शौ) अ [उपकृत्य] उपकार। करके।

उवकप्प सक [उप + क्लृ] उपस्थित करना। करना।

उवकप्प पुं [उपकल्प] साधु को दी जाने-वाली भिक्षा, अन्नपान वगैरह।

उवकय वि [उपकृत] अनुगृहीत।

उवकय वि [दे] सज्जित, प्रगुण, तैयार।

उवकर देखो उवयर = उप + कृ।

उवकर सक [अव + कृ] व्याप्त करना।

उवकरण देखो उवगरण।

उवकस सक [उप + कष्] प्राप्त होना।

उवकसिअ वि [दे] सन्निहित। परिसेवित। सज्जित, उत्पादित।

उवकार देखो उवगार।

उवकारिया देखो उवगारिया।

उवकिइ } स्त्री [उपकृति] उपकार।
उवकिदि }

उवकुल न [उपकुल] नक्षत्र-विशेष, श्रवण आदि बारह।

उवकुल पुंन [उपकुल] कुल नक्षत्र के पास का नक्षत्र।

उवकोसा स्त्री [उपकोशा] एक गणिका, कोशा वेश्या की छोटी बहन।

उवक्कंत वि [उपकान्त] समीप में आनीत। प्रारब्ध, प्रस्तावित।

उवक्कम सक [उप + क्रम्] शुरू करना। प्राप्त करना। जानना। समीप में लाना। संस्कार करना। अनुसरण करना।

उवक्कम पुं [उपक्रम] आरम्भ। प्राप्ति का प्रयत्न। कर्मों के फल का अनुभव। कर्मों की परिणति का कारण-भूत जीव का प्रयत्न-विशेष। मरण, विनाश। दूरस्थित को समीप में लाना। आयुष्य-विघातक वस्तु। शस्त्र। उपचार। ज्ञान, निश्चय। अनुवर्त्तन, अनुकूल-प्रवृत्ति। संस्कार, परिकर्म।

उवक्कम पुं [उपक्रम] अनुदित कर्मों को उदय में लाना।

उवक्कमिय वि [औपक्रमिक] उपक्रम से सम्बन्ध रखनेवाला।

उवक्काम सक [उप + क्रम्] दीर्घकाल में भोगने योग्य कर्मों को अल्प समय में ही भोगना।

उवक्कामण न [उपक्रमण] उपक्रम कराना।

उवक्केस पुं [उपक्लेश] बाधा। शोक।

उवक्खड सक [उप + स्कृ] पकाना, रसोई करना। पाक को मसाले से संस्कारित करना।

उवक्खड } वि [उपस्कृत] पकाया हुआ।
उवक्खडिय } मसाला वगैरह से संस्कार-युक्त

पकाया हुआ। पुंन. रसोई, पाक। °म वि [°म] पकाने पर भी जो कच्चा रह जाता है वह, मूँग वगैरह अन्न-विशेष।

उवक्खर पुं [उपस्कर] संस्कार। जिससे संस्कार किया जाय वह।

उवक्खर पुं [उपस्कर] घर का उपकरण। साधन।

उवक्खरण न [उपस्करण] ऊपर देखो। °साला स्त्री [°शाला] रसोई-घर।

उवक्खा सक [उपा + ख्या] कहना।

उवक्खा स्त्री [उपाख्या] उपनाम।

उवक्खाइत्तु वि [उपख्यापयितृ] प्रसिद्धि करानेवाला।

उवक्खाइया स्त्री [उपाख्यायिका] उपकथा।

उवक्खाण न [उपाख्यान] कथा।

उवक्खित्त वि [उपक्षिप्त] प्रारब्ध, शुरू किया हुआ।

उवक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना। प्रयत्न करना। प्रारम्भ करना।

उवक्खीण वि [उपक्षीण] क्षय-प्राप्त।

उवक्खेअ पुं [उपक्षेप] प्रयत्न। उपाय।

उवक्खेव पुं [दि. उपक्षेप] मुण्डन।

उवग वि [उपग] अनुसरण करनेवाला। समीप में जानेवाला।

उवगच्छ सक [उप + गम्] समीप में आना। प्राप्त करना। जानना। स्वीकार करना।

उवगणिय वि [उपगणित] गिना हुआ।

उवगप्पिय वि [उपकल्पित] विरचित।

उवगम देखो उवगच्छ।

उवगय वि [उपगत] पास आया हुआ। ज्ञात। युक्त। प्राप्त। प्रकर्ष-प्राप्त। स्वीकृत। अन्तर्भूत।

उवगय वि [उपकृत] जिसपर उपकार किया गया हो वह।

उवगर सक [उप + कृ] हित करना।

उवगरण न [उपकरण] साधन, साधक वस्तु। बाह्य इन्द्रियविशेष।

उवगस सक [उप + कस्] समीप आना।

उवगा सक [उप + गै] वर्णन करना। गुणगान करना।

उवगार देखो उवयार = उपकार।

उवगारग वि [उपकारक] उपकार करनेवाला।

उवगारिया स्त्री [उपकारिका] प्रासाद आदि की पीठिका।

उवगिअ न [उपकृत] उपकार। वि. जिसपर उपकार किया गया हो वह।

उवगिण्ह सक [उप + ग्रह्] उपकार करना। पुष्टि करना। ग्रहण करना।

उवगीय वि [उपगीत] वर्णित, श्लाघित। न. संगीत, गीत।

उवगूढ वि [उपगूढ] आलिङ्गित। न. आलिङ्गन।

उवगूह सक [उप + गुह्] आलिङ्गन करना। गुप्त रीति से रक्षण करना। रचना करना।

उवग्ग न [उपाग्र] अग्र के समीप। आषाढ़ मास।

उवग्गह पुं [उपग्रह] पुष्टि। उपकार। ग्रहण, उत्पादन। उपधि, उपकरण।

उवग्गह पुं [उपग्रह] सामीप्य-सम्बन्ध।

उवग्गहिअ न [उपगृहीत] उपकार।

उवग्गहिअ वि [उपगृहित] उपस्थापित। आलिंगनादि चेष्टा। उपकृत। उपष्टम्भित।

उवग्गहिअ देखो ओवग्गहिअ।

उवग्गाहि वि [उपग्राहिन्] सम्बन्धी, सम्बन्ध रखनेवाला।

उवग्घाय पुं [उपोद्घात] ग्रन्थ के आरम्भ का वक्तव्य।

उवघाइ वि [उपघातिन्] उपघात करनेवाला।

उवघाइय वि [उपघातिक] उपघातकारक। हिंसा से सम्बन्ध रखनेवाला।

उवघाय पुं [उपघात] विराधना, आघात। अशुद्धता। विनाश। उपद्रव। दूसरे का अशुभ चिन्तन। °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष।

उवघायग वि [उपघातक] विनाशक ।

उवचय पुं [उपचय] वृद्धि । समूह । शरीर । इन्द्रिय-पर्याप्ति । पुष्टि ।

उवचर सक [उप + चर्] सेवा करना । समीप में घूमना-फिरना । आरोप करना । समीप में खाना । उपद्रव करना । उपासना करना, उपचार करना ।

उवचर सक [उप + चर्] व्यवहार करना ।

उवचरय वि [उपचरक] सेवा के बहाने से दूसरे का अहित करने का मौका देखनेवाला । पुं. जासूस ।

उवचरिय वि [उपचरित] कल्पित ।

उवचि सक [उप + चि] इकट्ठा करना । पुष्ट करना ।

उवचिट्ठ सक [उप + स्था] उपस्थित होना, समीप आना ।

उवचिणिय } वि [उपचित] पुष्ट, पीन ।
उवचिय } स्थापित, निवेशित । उन्नति । व्याप्त । बढ़ा हुआ ।

उवच्चया स्त्री [उपत्यका] पर्वत के पास की नीची जमीन ।

उवच्छंदिद (शौ) वि [उपच्छन्दित] अभ्यर्थित ।

उवजंगल वि [दे] दीर्घ ।

उवजा अक [उप + जन्] उत्पन्न होना ।

उवजाइ स्त्री [उपजाति] छन्द-विशेष ।

उवजाइय देखो उववाइय ।

उवजाय वि [उपजात] उत्पन्न ।

उवजीव सक [उप + जीव्] आश्रय लेना ।

उवजीवग वि [उपजीवक] आश्रित ।

उवजीवि वि [उपजीविन्] आश्रय लेनेवाला । उपकारक ।

उवजोइय वि [उपज्योतिष्क] अग्नि के समीप में रहनेवाला । पाक-स्थान में स्थित ।

उवज्ज अक [उत् + पद्] उत्पन्न होना ।

उवज्जण न [उपार्जन] कमाना ।

उवज्जिण सक [उप+अर्ज्] उपार्जन करना ।

उवज्झय } पुं [उपाध्याय] अध्यापक ।
उवज्झाय } सूत्राध्यापक जैन मुनि को दी जाती एक पदवी ।

उवज्झिय वि [दे] आकारित, बुलाया हुआ ।

उवझाय देखो उवज्झाय ।

उवट्टण देखो उव्वट्टण ।

उवट्टणा देखो उव्वट्टणा ।

उवट्ठ वि [उपस्थ] एक स्थान में सतत अवस्थित । °काल पुं. आने की वेला ।

उवट्ठंभ पुं [उपष्टम्भ] अवस्थान । अनुकम्पा ।

उवट्ठप्प वि [उपस्थाप्य] उपस्थित करने योग्य । व्रत—दीक्षा के योग्य ।

उवट्ठव सक [उप + स्थापय्] युक्ति से संस्थापित करना । उपस्थित करना । व्रतों का आरोपण करना, दीक्षा देना ।

उवट्ठवणा स्त्री [उपस्थापना] चारित्र-विशेष, एक प्रकार की जैन दीक्षा । शिष्य में व्रत की स्थापना ।

उवट्ठवणीय वि [उपस्थापनीय] देखो उवट्ठप्प ।

उवट्ठा सक [उप+स्था] उपस्थित होना ।

उवट्ठाण न [उपस्थान] बैठना, व्रत-स्थापन । एक ही स्थान में विशेष काल तक रहना, अनुष्ठान, आचार । °दोस पुं [°दोष] नित्यवास दोष । °साला स्त्री [°शाला] सभा-स्थान ।

उवट्ठाणा स्त्री [उपस्थाना] जिसमें जैन साधु-लोग एक बार ठहर कर फिर भी शास्त्र-निषिद्ध-अवधि के पहले ही आकर ठहरें वह स्थान ।

उवट्ठाव देखो उवट्ठव ।

उवट्ठावणा देखो उवट्ठवणा ।

उवट्ठिय वि [उपस्थित] प्राप्त । समीप-स्थित तैयार । आश्रित । मुमुक्षु ।

उवठावणा देखो उवट्ठवणा ।

उवडहित्तु वि [उपदहितृ] जलानेवाला।

उवडिअ वि [दे] अवनत।

उवणगर न [उपनगर] शाखा-नगर।

उवणच्च सक [उप+नर्त्तय्] नचाना।

उवणद्ध वि [उपनद्ध] घटित।

उवणम सक [उप+नम्] उपस्थित करना, ला रखना, प्राप्त करना।

उवणय वि [उपनत] उपस्थित।

उवणय पुं [उपनय] उपसंहार, दृष्टान्त से अर्थ को प्रकृत में जोड़ना, हेतु का पक्ष में उपसंहार। स्तुति, श्लाघा। अवान्तर नय। यज्ञोपवीत संस्कार, उपहार, भेंट।

उवणयण न [उपनयन] उपवीत-संस्कार, यज्ञ-सूत्र-धारण-संस्कार।

उवणिअ देखो उवणीय।

उवणिक्खित्त वि [उपनिक्षिप्त] व्यवस्थापित।

उवणिक्खेव पुं [उपनिक्षेप] धरोहर, रक्षा के लिए दूसरे के पास रखा धन।

उवणिग्गम पुं [उपनिर्गम] द्वार। उपवन।

उवणिग्गय वि [उपनिर्गत] समीप में निकला हुआ।

उवणिमंत सक [उपनि+मन्त्रय्] निमन्त्रण देना।

उवणिवाय पुं [उपनिपात] सम्बन्ध।

उवणिविट्ठ वि [उपनिविष्ट] समीप-स्थित।

उवणिसआ स्त्री [उपनिषत्] वेदान्त-शास्त्र।

उवणिहा स्त्री [उपनिधा] मार्गण, मार्गणा।

उवणिहि पुंस्त्री [उपनिधि] समीप में आनीत। विरचना। उपस्थापन, अमानत।

उवणिहिअ वि [औपनिधिक] उपनिधि-सम्बन्धी। °आ स्त्री [°की] क्रम-विशेष।

उवणिहिय वि [उपनिहित] समीप में स्थापित। आसन्न-स्थित। °य पुं [°क] नियम-विशेष को धारण करनेवाला भिक्षु।

उवणी सक [उप+नी] समीप में लाना। अर्पण करना। इकट्ठा करना।

उवणीअ न [उपनीत] उपनयन। °वयण न [°वचन] प्रशंसा-वचन।

उवणीय वि [उपनीत] समीप में लाया हुआ। अर्पित, उपढौकित। उपनययुक्त, उपसंहृत। प्रशस्त, श्लाघित। °चरय पुं [°चरक] अभिग्रह-विशेष को धारण करनेवाला साधु।

उवण्णत्थ वि [उपन्यस्त] उपन्यस्त, उपढौकित।

उवण्णास पुं [उपन्यास] वाक्योपक्रम, प्रस्तावना। दृष्टान्त-विशेष। रचना। छल-प्रयोग।

उवतल न [उतपल] हस्त-तल की चारों ओर का पार्श्वभाग।

उवताव पुं [उपताप] सन्ताप, गरम।

उवत्त वि [उपात्त] गृहीत।

उवत्थड वि [उपस्तृत] ऊपर-ऊपर आच्छादित।

उवत्थाण देखो उवट्ठाण।

उवत्थाणा देखो उवट्ठाणा।

उवत्थिय देखो उवट्ठिय।

उवत्थु सक [उप+स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना।

उवदंस सक [उप+दर्शय्] दिखलाना।

उवदंस पुं [उपदंश] रोग-विशेष, गर्मी, सुजाक। चाटना।

उवदंसण न [उपदर्शन] दिखलाना। °कूड पुं [°कूट] नीलवन्त नामक पर्वत का एक शिखर।

उवदंसेत्तु वि [उपदर्शयितृ] दिखलानेवाला।

उवदव पुं [उपद्रव] ऊधम, उपसर्ग।

उवदा स्त्री [उपदा] भेंट।

उवदाई स्त्री [उदकदायिका] पानी देने-वाली।

उवदिस सक [उप+दिश्] उपदेश देना।

उवदीव न [दे] द्वीपान्तर।

उवदेसग वि [उपदेशक] व्याख्याता।

उवदेसि वि [उपदेशिन्] उपदेशक ।

उवदेही स्त्री [उपदेहिका] क्षुद्र जन्तु-विशेष, दीमक ।

उवद्दव सक [उप + द्रु] पीडित करना । उपद्रव करना, ऊधम मचाना ।

उवद्दव देखो उवदव ।

उवद्दुअ वि [उपद्रुत] हैरान किया हुआ ।

उवधाउ पुं [उपधातु] निकृष्ट धातु ।

उवधारणया स्त्री [उपधारणा] अवग्रह-ज्ञान । धारण करना ।

उवधारिय वि [उपधारित] धारण किया हुआ ।

उवनंद पुं [उपनन्द] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि ।

उवनंद सक [उप + नन्द्] अभिनन्दन करना ।

उवनिक्खेव सक [उपनि + क्षेपय्] धरोहर रखना । स्थापन करना ।

उवनिबंधण न [उपनिबन्धन] सम्बन्ध । वि. सम्बन्ध-हेतु ।

उवनिविट्ठ वि [उपनिविष्ट] समीपस्थित ।

उवनिहिय वि [औपनिधिक] देखो उवणिहिय ।

उवन्नत्थ वि [उपन्यस्त] स्थापित ।

उवन्नास पुं [उपन्यास] निवेदन ।

उवप्पदाण } न [उपप्रदान] नीति-विशेष,
उवप्पयाण } दान-नीति, अभिमत अर्थ का दान ।

उवप्पुय वि [उपप्लुत] उपद्रुत, भय से व्याप्त ।

उवभुंज सक [उप + भुज्] उपभोग करना, काम में लाना ।

उवभुत्त वि [उपभुक्त] जिसका उपभोग किया हो वह । अधिकृत ।

उवभोअ } पुं [उपभोग] भोजनातिरिक्त
उवभोग } भोग, जिसका फिर-फिर भोग किया जाय जैसे—वस्त्र, गृहादि । जिसका एक बार भोग किया जाय वह—अशन, पान वगैरह । एक बार भोग, आसेवन । अन्तरङ्ग भोग । धारण करना ।

उवभोग्ग } वि [उपभोग्य] उपभोग-योग्य ।
उवभोज्ज }

उवमा स्त्री [उपमा] सादृश्य, दृष्टान्त । सत्य । खाद्य-पदार्थ-विशेष । 'प्रश्नव्याकरण' सूत्र का एक लुप्त अध्ययन । अलङ्कार-विशेष । प्रमाण-विशेष, उपमान-प्रमाण ।

उवमाण न [उपमान] दृष्टान्त, सादृश्य । जिस पदार्थ से उपमा दी जाय वह । प्रमाण-विशेष ।

उवमालिय वि [उपमालित] विभूषित ।

उवमिय वि [उपमित] जिसको उपमा दी गई हो वह । न. उपमा, सादृश्य ।

उवमेअ वि [उपमेय] उपमा के योग्य ।

उवय पुं [दे] हाथी को पकड़ने का गड्ढा ।

उवय देखो ओवय ।

उवय (अप) देखो उदय ।

उवयर सक [उप + कृ] उपकार करना ।

उवयर सक [उप + चर्] आरोप करना । भक्ति करना । कल्पना करना । चिकित्सा करना ।

उवयरण न [उपकरण] साधन । उपकार ।

उवयरिया स्त्री [उपचारिका] दासी ।

उवया सक [उप + या] समीप में जाना ।

उवयाइय वि [उपयाचित] प्रार्थित । मनौती ।

उवयार पुं [उपकार] भलाई ।

उवयार पुं [उपचार] पूजा, आदर । चिकित्सा । शब्द-शक्ति-विशेष, अध्यारोप । व्यवहार । कल्पना । आदेश ।

उवयारग वि [उपचारक] सेवा-शुश्रूषा करने वाला ।

उवयारण न [उपकारण] अन्य-द्वारा उपकार करना ।

उवयारय वि [उपकारक] उपकार करने वाला ।

उवयारिअ वि [औपचारिक] उपचार से

सम्बन्ध रखनेवाला ।

उवयालि पुं [उपजालि] एक अन्तकृद् मुनि, जो वसुदेव का पुत्र था और जिसने भगवान् श्रीनेमिनाथजी के पास दीक्षा लेकर शत्रुञ्जय पर मुक्ति पाई थी। राजा श्रेणिक का इस नाम का एक पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर-विमान में देव-गति प्राप्त की थी।

उवरइ स्त्री [उपरति] विराम।

उवरंज सक [उप + रञ्ज्] ग्रस्त करना।

उवरग देखो ओअरय।

उवरत्त वि [उपरक्त] अनुरक्त। राहु से ग्रसित। म्लान।

उवरम अक [उप + रम्] निवृत्त होना, विरत होना। नाश होना।

उवरय वि [उपरत] विरत, निवृत्त। मृत।

उवरय देखो उवरग।

उवरल (अप) देखो उव्वरिय [दे]।

उवराग } पुं [उपराग] सूर्य या चन्द्र का
उवराय } ग्रहण, राहु-ग्रहण।

उवराय पुं [उपरात्र] दिन।

उवरि अ [उपरि] ऊपर। °भासा स्त्री [°भाषा] गुरु के बोलने के अनन्तर ही विशेष बोलना। °म, °मग, °मय, ल्ल वि [°तन] ऊपर का। °हुत्त वि [°अभिमुख] ऊपर की तरफ।

उवरिं ऊपर देखो।

उवरितण देखो उवरि—म।

उवरुंध सक [उप + रुध्] अड़चन डालना। रोकना।

उवरुद्द पुं [उपरुद्र] नरक के जीवों को दुःख देनेवाले परमाधार्मिक देवों की एक जाति।

उवरुद्ध वि [उपरुद्ध] रक्षित। प्रतिषिद्ध।

उवरोह सक [उप + रोधय्] अड़चन डालना।

उवरोह पुं [उपरोध] बाधा। प्रतिबन्ध। नगर आदि का सैन्य द्वारा वेष्टन। निर्बन्ध, आग्रह।

उवल पुं [उपल] पत्थर। टाँकी वगैरह को संस्कृत करनेवाला पाषाण-विशेष।

उवलम्बण पुं [उपलम्बन] साँकल वाला एक प्रकार का दीपक।

उवलंभ सक [उप + लभ्] प्राप्त करना। जानना। उलाहना देना।

उवलंभ पुं [उपलम्भ] लाभ। ज्ञान। उलाहना।

उवलंभ देखो उवालंभ = उपालम्भ।

उवलक्ख सक [उप + लक्षय्] जानना, पहिचानना।

उवलक्खण न [उपलक्षण] पहिचान। अन्यार्थ-बोधक सङ्केत।

उवलग्ग वि [उपलग्न] लगा हुआ।

उवलद्ध वि [उपलब्ध] प्राप्त। विज्ञात। उपालब्ध।

उवलद्धि स्त्री [उपलब्धि] प्राप्ति, लाभ। ज्ञान।

उवलद्धु वि [उपलब्धृ] ग्रहण करनेवाला, जाननेवाला।

उवलभ देखो उवलंभ = उप + लभ्।

उवलभत्ता } स्त्री [दे] कङ्कन।
उवलयभग्गा }

उवलल अक [उप + लल्] क्रीडा करना, विलास करना।

उवलल्लय न [दे] सुरत, मैथुन।

उवलह देखो उवलंभ = उप + लभ्।

उवला सक [उप + ला] ग्रहण करना। आश्रय करना।

उवलि देखो उवल्लि।

उवलिंप सक [उप + लिप्] लीपना, पोतना। चुम्बन करना।

उवलित्त वि [उपलिप्त] लीपा हुआ, पोता हुआ।

उवलीण देखो उवल्लीण।

उवलुअ वि [दे] लज्जा-युक्त ।
उवलेव पुं [उपलेप] लेपना । कर्मबन्ध । संश्लेष । आश्लेष ।
उवलोभ सक [उप + लोभय्] लालच देना ।
उवलोहिय वि [उपलोभित] जिसको लालच दी गई हो वह ।
उवल्लि सक [उप + ली] रहना । आश्रय करना ।
उवल्लीण वि [उपलीन] स्थित । प्रच्छन्न-स्थित ।
उववइ पुं [उपपति] जार ।
उववज्ज अक [उप + पद्] उत्पन्न होना । सङ्गत होना ।
उववज्जण न [उपवर्जन] त्याग ।
उववज्झ वि [उपवाह्य] राजा आदि का वल्लभ —प्रधान, सेनापति आदि ।
उववज्झ वि [औपवाह्य] प्रधान आदि का, प्रधान आदि को बैठने योग्य ।
उववट्ट अक [उप + वृत्] च्युत होना, मरना, एक गति से दूसरी गति में जाना ।
उववण न [उपवन] बगीचा ।
कंड न [दे] ऊख पेरने का जीर्ण काण्ड, जो बाँस का बना हुआ होता है।
कुंडग पुंन [कुण्डक] अन्न का छिलका। चावल से मिश्रित भूसा।
कुंडभी स्त्री [दे कुटभी] छोटी पताका।
कुंडमोअ पुंन [कुण्डमोद] हाथी के पैर की आकृतिवाला मिट्टी का एक तरह का पात्र।
कुंडल पुंन [कुण्डल] एक देव-विमान। तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' या निर्विकृतिक तप। कान का आभूषण। पुं. विदर्भ देश के एक राजा का नाम। द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। देव-विशेष। पर्वत-विशेष। गोल आकार। °भद्द पुं [°भद्र] कुण्डल द्वीप का एक अधिष्ठायक देव। °मंडिअ वि [°मण्डित] कुण्डल से विभूषित। विदर्भ देश का इस नाम का एक राजा। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] देव-विशेष। °महावर पुं. कुण्डलवर समुद्र का अधिष्ठाता देव। °वर पुं. द्वीप-विशेष। समुद्र विशेष। पर्वत-विशेष। °वरभद्द पुं [°वर-भद्र] कुण्डलवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव। °वरमहाभद्द पुं [°वरमहाभद्र] कुण्डलवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव।

°वरोभास पुं [°वरावभास] द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °वरोभासभद्द पुं [°वरावभासभद्र] कुण्डलवरावभास द्वीप का अधिष्ठाता देव। °वरोभासमहाभद्द पुं [°वरावभासमहाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °वरोभासमहावर पुं [°वरावभासमहावर] कुण्डलवरावभास समुद्र का अधिष्ठायक देव-विशेष। °वरोभासवर पुं [°वरावभासवर] समुद्र-विशेष का अधिपति देव-विशेष।

कुंडला स्त्री [कुण्डला] विदेहवर्ष-स्थित नगरी विशेष।

कुंडलिआ वि [कुण्डलिका] छन्द-विशेष।

कुंडलोद पुं [कुण्डलोद] इस नाम का एक समुद्र।

कुंडाग पुं [कुण्डाक] सन्निवेश-विशेष, ग्राम-विशेष।

कुंडि देखो कुंडी।

कुंडिअ पुं [दे] गाँव का मुखिया।

कुंडिअपेसण न [दे] ब्राह्मण विष्टि, ब्राह्मण की नौकरी, ब्राह्मण की सेवा।

कुंडिगा } स्त्री [कुण्डिका] नीचे देखो।
कुंडिया }

कुंडिण न [कुण्डिन] विदर्भ देश का एक नगर।

कुंडी स्त्री [कुण्डी] कुण्डा, पात्र-विशेष।

कुंढ देखो कुंठ।

कुंढय न [दे] चूल्हा। छोटा बरतन।

कुंत पुं [दे] तोता।

कुंत पुं [कुन्त] भाला। राम के एक सुभट का नाम।

कुंतल पुं [कुन्तल] केश। देश-विशेष। °हार पुं. धम्मिल, बाँधे हुए बाल।

कुंतल पुं [दे] सातवाहन। नृप-विशेष।

कुंतला स्त्री [कुन्तला] एक रानी।

कुंतली स्त्री [दे] करोटिका।

कुंतली स्त्री [कुन्तली] कुन्तल देश की रहने-वाली स्त्री।

कुंताकुंति न [कुन्ताकुन्ति] बर्छी की लड़ाई।

कुंती स्त्री [दे] मंजरी, बौर।

कुंती स्त्री [कुन्ती] पाण्डवों की माता का नाम। °विहार पुं. नासिक-नगर का एक जैन मन्दिर।

कुंतीपोट्टलय वि [दे] चतुष्कोण, चारकोण-वाला, चौकोर।

कुंथु पुं [कुन्थु] एक जिन-देव, इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न सत्तरहवाँ तीर्थङ्कर और छठवाँ चक्रवर्ती राजा। हरिवंश का एक राजा। चमरेन्द्र की हस्ति-सेना का अधिपति देव-विशेष। एक क्षुद्र जन्तु, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति।

कुंद पुं [कुन्द] पुष्प-वृक्ष-विशेष। न. पुष्प-विशेष, कुन्द का फूल। विद्याधरों का एक नगर। पुंन. छन्द-विशेष।

कुंदय वि [दे] कृश, दुर्बल।

कुंदा स्त्री [कुन्दा] माणिभद्र इन्द्र की पट-रानी।

कुंदीर न [दे] बिम्बी-फल, कुन्दरुल का फल।

कुंदुक्क पुं [कुन्दुक्क] वनस्पति-विशेष।

कुन्दुरुक्क पुं [कुन्दुरुक्क] सुगन्धि पदार्थ विशेष।

कुंदुल्लुअ पुं [दे] उलूक।

कुंधर पुं [दे] छोटी मछली।

कुंपय पुंन [कूपक] तैल वगैरह रखने का-पात्र-विशेष।

कुंपल पुंन [कुट्मल, कुड्मल] इस नाम का एक नरक। कली।

कुंबर [दे] देखो कुंधर।

कुंभ पुं. साठ, अस्सी और एक सौ आढ़क की नाप। ज्योतिष-प्रसिद्ध एक राशि। एक बाजा। भगवान् मल्लिनाथ का पिता। स्वनाम-ख्यात जैन महर्षि, अठारहवें तीर्थङ्कर के प्रथम शिष्य। कुम्भकर्ण का एक पुत्र। एक विद्याधर सुभट का नाम। परमाधार्मिक देवों की एक जाति। कलश। हाथी का गण्ड-स्थल। धान्य मापने

का एक परिमाण । तरने का उपकरण । ललाट । °अण्ण पुं [°कर्ण] रावण के छोटे भाई का नाम । °आर पुं [°कार] कुम्हार । °उर न [°पुर] नगर-विशेष । °गार देखो [°आर] । °ग्ग न [°ग्र] मगध-देश-प्रसिद्ध एक परिमाण । °सेण पुं [°सेन] उत्सर्पिणी काल के प्रथम तीर्थङ्कर के प्रथम शिष्य का नाम।

कुंभंड न[कूष्माण्ड]कोहँड़ा, कुम्हड़े का फल ।

कुंभार पुं [कुम्भकार] कुम्हार । °पाग पुं [°पाक]कुम्हार का बरतन पकाने का स्थान।

कुंभि पुं [कुम्भिन्] हाथी । नपुसक-विशेष ।

कुंभिक्क देखो कुंभिय ।

कुंभिणी स्त्री [दे] जल का गर्त ।

कुंभिय वि [कुम्भिक] कुम्भ-परिमाणवाला ।

कुंभिल पुं [दे. कुम्भिल] चोर। दुर्जन ।

कुंभिल्ल वि [दे] खोदने-योग्य ।

कुंभी स्त्री [कुम्भी] घड़े के आकारवाला छोटा कोष्ठ । घड़ा । °पाग पुं [°पाक] कुम्भी में पकना । नरक की एक प्रकार की यातना ।

कुंभी स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँड़ा का गाछ ।

कुंभी स्त्री [दे] केश-रचना, केश-संयम ।

कुंभील पुं [कुम्भील] मगर ।

कुंभुब्भव पुं [कुम्भोद्भव] अगस्त्य ऋषि ।

कुकम्मि वि [कुकर्मिन्] खराब कर्म करने वाला ।

कुकुला स्त्री [दे] नवोढ़ा ।

कुकुस [दे] देखो कुक्कुस ।

कुकुहाइय न [कुकुहायित] चलते समय का शब्द-विशेष ।

कुकूल पुं. कण्डे की आग ।

कुक्क देखो कोक्क ।

कुक्क पुं [दे] कुत्ता, कुक्कुर ।

कुक्कयय न [दे] आभरण-विशेष । देखो कुक्कुडय ।

कुक्की स्त्री [दे] कुत्ती, कुक्कुरी ।

कुक्कुअ वि [कुत्कुच] भांड की तरह शरीर के अवयवों की कुचेष्टा करनेवाला ।

कुक्कुअ न [कौकुच्य] कुचेष्टा, कामोत्पादक अङ्ग-विकार ।

कुक्कुअ वि [कुकूज] आक्रन्दन करनेवाला ।

कुक्कुआ स्त्री [कुचकुचा] अवस्यन्दन, रस-रस कर चूना ।

कुक्कुइअ वि [कौकुचिक] भांड़ की तरह कुचेष्टा करनेवाला, काम-चेष्टा करनेवाला ।

कुक्कुइअ न [कौकुच्य] काय-कुचेष्टा ।

कुक्कुड पुं [कुर्कुट] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति ।

कुक्कुड पुं [कुक्कुट] मुर्गा । वनस्पति-विशेष । विद्या द्वारा किया जाता हस्त-प्रयाग-विशेष । °मंसय न [°मांसक] मुर्गा का मांस । बीज-पूरक वनस्पति का गुदा ।

कुक्कुड वि [दे] मत्त, उन्मत्त ।

कुक्कुडय न [कुक्कुटक] देखो कुक्कयय ।

कुक्कुडिया स्त्री [कुक्कुटिका] मुर्गी ।

कुक्कुडी स्त्री [कुक्कुटी] कपट ।

कुक्कुडेसर न [कुक्कुटेश्वर] तीर्थ विशेष ।

कुक्कुर पुं. श्वान ।

कुक्कुरुड पुं [दे] समूह ।

कुक्कुस पुं [दे] धान्य आदि का छिलका ।

कुक्कुह पुं [कुक्कुभ] पक्षि-विशेष ।

कुक्कुहाइअ न [दे] चलते समय का अश्व का शब्द-विशेष ।

कुक्खि [दे. कुक्षि] देखो कुच्छि ।

कुक्खिंभरि देखो कुच्छिंभरि ।

कुक्खेअअ देखो कुच्छेअय ।

कुग्गाह पुं [कुग्राह] हठ । जलजन्तु-विशेष ।

कुच पुं. स्तन ।

कुचोज्ज न [कुचोद्य] कुतर्क ।

कुच्च पुं [कूर्च] कँघी ।

कुच्च न [कूर्च] दाढ़ी-मूंछ । तृण-विशेष देखो कुच्चग ।

कुच्चंधरा स्त्री [कूर्चधरा] दाढ़ी-मूंछ धारण

करनेवाली ।

कुच्चग वि [कौर्चक] शर-नामक गाछ का बना हुआ ।

कुच्चग } देखो कुच्च । कूँची, तृण-निर्मित
कुच्चय } तूलिका ।

कुच्चिय वि [कूर्चिक] दाढ़ी-मूँछवाला ।

कुच्छ सक [कुत्स्] निन्दा करना, धिक्कारना ।

कुच्छ पुं [कुत्स] ऋषि-विशेष । गोत्र-विशेष ।

कुच्छग पुं [कुत्सक] वनस्पति-विशेष ।

कुच्छा स्त्री [कुत्सा] निन्दा, घृणा ।

कुच्छि पुंस्त्री [कुक्षि] पेट । अड़तालीस अंगुल का मान । °किमि पुं [°कृमि] उदर में उत्पन्न होनेवाला कीड़ा द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष । °धार पुं जहाज का काम करनेवाला नौकर । एक प्रकार का जहाज का व्यापारी । °पूर पुं. उदर-पूर्ति । °वेयणा स्त्री [°वेदना] उदर का रोग-विशेष । °सूल पुंन [°शूल] रोग-विशेष ।

कुच्छिंभरि वि [कुक्षिम्भरि] पेटू, स्वार्थी ।

कुच्छिमई स्त्री [दे. कुक्षिमती] गर्भिणी ।

कुच्छिमट्टिका (मा) देखो कुच्छिमई ।

कुच्छिय वि [कुत्सित] खराब, निन्दित ।

कुच्छिल्ल न [दे] बाड़ का छिद्र । विवर ।

कुच्छेअय पुं [कौक्षेयक] तलवार ।

कुज पुं. वृक्ष ।

कुजय पुं. जुआरी ।

कुज्ज वि [कुब्ज] कुब्ज, वामन । पुंन. पुष्प-विशेष ।

कुज्जय पुं [कुब्जक] शतपत्रिका वृक्ष । न. उस वृक्ष का पुष्प ।

कुज्झ सक [क्रुध्] गुस्सा करना ।

कुट्ट सक [कुट्ट्] कूटना, पीटना । काटना, छेदना । गरम करना । उपालम्भ देना ।

कुट्ट पुं [कुट] घड़ा ।

कुट्ट पुंन [दे] कोट, किला । नगर । °वाल पुं [°पाल] कोतवाल ।

कुट्टणा स्त्री [कुट्टना] शारीरिक पीड़ा ।

कुट्टणी स्त्री [कुट्टनी] मूसल । दूती ।

कुट्टयरी स्त्री [दे] चण्डी, पार्वती ।

कुट्टा स्त्री [दे] पार्वती ।

कुट्टाय पुं [दे] मोची ।

कुट्टितिया देखो कोट्टितिया ।

कुट्टिब [दे] देखो कोट्टिब ।

कुट्टिणी स्त्री [कुट्टिनी] दूती ।

कुट्टिम देखो कोट्टिम = कुट्टिम ।

कुट्ठ पुंन [कुष्ठ] पंसारी के यहाँ बेची जाती कूठ । कोढ़ ।

कुट्ठ पुं [कोष्ठ] उदर । कोठा, कुशूल, धान्य भरने का बड़ा भाजन । °बुद्धि वि. एक बार जानने पर नहीं भूलनेवाला । देखो कोट्ठ, कोट्ठग ।

कुट्ठ वि [क्रुष्ट]अभिशप्त । न. अभिशाप-शब्द ।

कुट्ठग पुंन [कोष्ठक] शून्य घर ।

कुट्ठा स्त्री [कुष्ठा] इमली ।

कुड पुं [कुट] घड़ा, कलश । पर्वत । हाथी वगैरह का बन्धन-स्थान । पेड़ । कंठ पुं. घड़ा के जैसा पात्र । °दोहिणी स्त्री [°दोहिनी] घड़ा भर दूध देनेवाली ।

कुडंग पुंन [कुटङ्क] कुञ्ज । वन । बाँस की जाली, बाँस की बनी हुई छत । कोटर । वंशगहन ।

कुडंग पुंन [दे. कुटङ्क] लता-गृह ।

कुडंगा स्त्री [कुटङ्का] लता-विशेष ।

कुडंगी स्त्री [दे. कुटङ्की] बाँस की जाली ।

कुडंब देखो कुडुंब ।

कुडभी स्त्री [कुटभी] छोटी पताका ।

कुडय न [दे] लता-गृह, कुटीर ।

कुडय पुंन [कुटज] कुरैया वृक्ष ।

कुडव पुं [कुडव] अनाज या अन्न नापने का एक माप ।

कुडाल देखो कुड्डाल ।

कुडिअ वि [दे] वामन ।

कुडिआ स्त्री [दे] बाड़ का विवर।
कुडिच्छ न [दे] बाड़ का छिद्र। झोंपड़ी। वि. गुप्त, छिन्न।
कुडिल वि [कुटिल] टेढ़ा।
कुडिलविडल न [दे. कुटिलविटल] हस्त-शिक्षा।
कुडिल्ल न [दे] विवर। वि. कुब्ज।
कुडिल्लय वि [दे. कुटिलक] कुटिल, टेढ़ा।
कुडिव्वय देखो कुलिव्वय।
कुडी स्त्री [कुटी] कुटीर।
कुडीर न [कुटीर] कुटी।
कुडीर न [दे] बाड़ का छिद्र।
कुडुंग पुं [दे] लतागृह।
कुडुंब न [कुटुम्ब] परिजन, परिवार।
कुडुंबय पुं [कुस्तुम्बक] धनियाँ। कन्द-विशेष।
कुडुंबि वि [कुटुम्बिन्] गृहस्थ। कर्षक। सम्बन्धी।
कुडुंबीअ न [दे] मैथुन।
कुडुंभग पुं [दे] पानी का मेढक।
कुडुक्क पुं [दे] लता-गृह।
कुडुच्चिअ न [दे] संभोग।
कुडुल्ली (अप) स्त्री [कुटी] कुटिया।
कुड्ड पुंन [कुड्य] भित्ति।
कुड्ड न [दे] आश्चर्य।
कुड्डगिलोई [दे] छिपकली।
कुड्डलेवणी स्त्री [दे. कुड्यलेपनी] सुधा, चूना।
कुड्डाल न [दे] हल के ऊपर का विस्तृत अंश।
कुढ पुंन [दे] चुराई हुई वस्तु की खोज में जाना। छीनी हुई चीज को छुड़ानेवाला, वापस लेनेवाला।
कुढार पुं [कुठार] फरसा।
कुढावय न [दे] अनुगमन।
कुढिय वि [दे] मूर्ख, जिसके माल की चोरी हो गई हो वह।
कुण सक [कृ] करना, बनाना।
कुणक्क पुं [कुणक] वनस्पति-विशेष।
कुणव न [कुणप] मृत-शरीर। वि. दुर्गन्धी।
कुणाल पुं. ब. देश-विशेष। प्रसिद्ध महाराज अशोक का एक पुत्र। °नयर न [°नगर] उज्जैन।
कुणाला स्त्री. इस नाम की एक नगरी।
कुणि } पुं [कुणि] हाथ-कटा मनुष्य।
कुणिअ } जन्म से ही जिसका एक पाँव छोटा हो वह। जिसका एक पाँव छोटा हो वह, खञ्ज।
कुणिआ स्त्री [दे] बाड़ का छिद्र।
कुणिम पुंन [दे. कुणप] मुरदा। मांस। नरकावास-विशेष। शव का रुधिर, वसा वगैरह।
कुणुकुण अक [कुणुकुणाय्] शीत से कम्प होने पर 'कड़कड़' आवाज करना।
कुण्हरिया स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष।
कुतत्ती स्त्री [दे] मनोरथ।
कुतुंब पुं [कुस्तुम्ब] वाद्य-विशेष।
कुतुंबर पुं [कुस्तुम्बर] वाद्य-विशेष।
कुतुव पुंन [कुतुप] तेल वगैरह भरने का चमड़े का पात्र। देखो कुउअ।
कुत्त पुं [दे] कुत्ता।
कुत्त न [दे. कुतक] ठेका, इजारा।
कुत्तार वि [कुतार] अयोग्य तारक।
कुत्तिय पुंस्त्री [दे] एक तरह का कीड़ा, चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष।
कुत्थ अ [कुत्र] कहाँ?
कुत्थ सक [कोथय्] सड़ाना।
कुत्थ देखो कढ।
कुत्थर न [दे] विज्ञान। कोटर। साँप वगैरह का बिल।
कुत्थल देखो कोत्थल।
कुत्थुंब पुं [कुस्तुम्ब] वाद्य-विशेष।
कुत्थुंभरी स्त्री [कुस्तुम्बरी] वनस्पति-विशेष।
कुत्थुह पुंन [कौस्तुभ] मणि-विशेष, जो विष्णु

की छाती पर रहती है।

कुत्थुहवत्थ न [दे] नीवी, इजारबन्द।

कुदो देखो कुओ।

कुद्द वि [दे] प्रभूत।

कुद्दण पुं [दे] रासक।

कुद्दव पुं [कोद्रव] धान्य-विशेष, कोदों, कोदव।

कुद्दाल पुं. कुदारी। वृक्ष-विशेष।

कुद्ध वि [क्रुद्ध] कुपित।

कुपचि (पै) अ [क्वचित्] किसी जगह में।

कुप्प सक [कुप्] गुस्सा करना।

कुप्प सक [भाष्] कहना।

कुप्प न [कुप्य] सुवर्ण और चाँदी को छोड़ कर अन्य धातु और मिट्टी वगैरह के बने हुए गृह-उपकरण।

कुप्पढ पुं [दे] घर का रिवाज।

कुप्पर न [दे] सुरत के समय किया जाता हृदय-ताड़न-विशेष। समुदाचार। नर्म, ठट्ठा।

कुप्पर पुं [कूर्पर] हाथ का मध्य भाग। जानु। रथ का अवयव-विशेष।

कुप्पर पुं [कर्पर] देखो कप्पर। भीत का जीर्ण-शीर्ण घर।

कुप्पल देखो कुंपल।

कुप्पास पुं [कूर्पास] कञ्चुक, जनानी कुरती।

कुप्पिस देखो कुप्पास।

कुबर पुं [कूबर] भगवान् मल्लिनाथ का शासनाधिष्ठायक यक्ष।

कुबेर पुं.भगवान् कुन्थुनाथ के प्रथम श्रावक का नाम। यक्ष-राज, धनेश। भगवान् मल्लिनाथ का शासनाधिष्ठाता यक्ष-विशेष। काञ्चनपुर के एक राजा का नाम। इस नाम का एक श्रेष्ठी। एक जैन मुनि। °दिसा पुं [°दिश्] उत्तर दिशा। °नयरी स्त्री [°नगरी] कुबेर की राजधानी, अलका।

कुबेरा स्त्री. जैन साधु-गण की एक शाखा।

कुब्बड वि [दे] कुबड़ा।

कुब्बर पुं [कूबर] वैश्रमण के एक पुत्र का नाम।

कुभंड पुं [कुभाण्ड] देव-विशेष की जाति।

कुभंडिद पुं [कुभाण्डेन्द्र] इन्द्र-विशेष, कुभाण्ड देवों का स्वामी।

कुमर देखो कुमार।

कुमार पुं. प्रथम-वय का बालक, पाँच वर्ष तक का लड़का। युवराज, राज्यार्ह पुरुष। भगवान् वासुपूज्य का शासनाधिष्ठाता यक्ष। लोहार। कार्त्तिकेय। शुक। घुड़सवार। सिन्धु नद। वरुण-वृक्ष। अविवाहित। °ग्गाम पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष। °णंदि पुं [°नन्दिन्] इस नाम का एक सोनार। °धम्म पुं [°धर्म] एक जैन साधु। °वाल पुं [°पाल] विक्रम की बारहवीं शताब्दी का गुजरात का एक सुप्रसिद्ध जैन राजा।

कुमार पुं [दे] कुआर का महीना, आश्विन मास।

कुमारा स्त्री. एक सन्निवेश।

कुमारिय पुं [कुमारिक] कसाई, सौनिक।

कुमारिया स्त्री [कुमारिका] देखो कुमारी।

कुमारी स्त्री. प्रथम वय की लड़की। अविवाहित कन्या। घीकुआरी वनस्पति। नवमल्लिका। नदी-विशेष। जम्बु-द्वीप का एक भाग। अप-राजिता। सीता। बड़ी इलाची। वन्ध्या ककड़ी की लता। पक्षि-विशेष।

कुमारी स्त्री [दे. कुमारी] पार्वती।

कुमुअ पुं [कुमुद] एक वानर। महाविदेह-वर्ष का एक विजय-युगल, भूमि प्रदेश-विशेष। न. चन्द्र-विकासी कमल। कुमुदाङ्ग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह। शिखर-विशेष। वि. पृथ्वी में आनन्द पानेवाला। खराब प्रीतिवाला। देखो कुमुद।

कुमुअ पुं [कुमुद] देव-विशेष। °चंद पुं [°चन्द्र] आचार्य सिद्धसेन दिवाकर की मुनि

अवस्था का नाम।

कुमुअंग न [कुमुदाङ्ग] 'महाकाल' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह संख्या।

कुमुआ स्त्री [कुमुदा] इस नाम की एक पुष्करिणी। एक नगरी।

कुमुइणी स्त्री [कुमुदिनी] चन्द्र-विकासी कमल का खेत। इस नाम की एक रानी।

कुमुद देखो कुमुअ। देव-विमान-विशेष। °गुम्म न [°गुल्म] देव-विमान-विशेष। °पुर न. नगर-विशेष। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] इस नाम की एक पुष्करिणी। °वण न [°वन] मथुरा नगरी के समीप का एक जङ्गल। °ागर पुं [°ाकर] कुमुद-षण्ड, कुमुदों से भरा हुआ वन।

कुमुदंग देखो कुमुअंग।

कुमुदग न [कुमुदक] तृण-विशेष।

कुमुली स्त्री [दे] चूल्हा।

कुम्म पुं [कूर्म] कच्छप। °ग्गाम पुं [°ग्राम] मगध देश के एक गाँव का नाम।

कुम्मण वि [दे] म्लान, शुष्क।

कुम्मार पुं [कूर्मार] मगध देश के एक गाँव का नाम।

कुम्मास पुं [कुल्माष] अन्न-विशेष, उरद। थोड़ा भीजा हुआ मूँग वगैरह धान्य।

कुम्मी स्त्री [कूर्मी] कछुई, कच्छपी। नारद की माता का नाम। °पुत्त पुं [°पुत्र] दो हाथ ऊँचा इस नाम का एक पुरुष, जिसने मुक्ति पाई थी।

कुम्ह पुंब. [कुश्मन्] देश-विशेष।

कुम्हंड देखो कोहंड।

कुम्हंडी देखो कोहंडी।

कुय पुं [कुच] स्तन। वि. शिथिल। अस्थिर।

कुयवा स्त्री [दे] वल्ली-विशेष।

कुरंग पुं. मृग की एक जाति। हरिण। °च्छी स्त्री [°ाक्षी] मृगनयनी स्त्री।

कुरंटय पुं [कुरण्टक] वृक्ष-विशेष, पियाबाँसा।

कुरकुर देखो कुरुकुरु।

कुरय पुं. [कुरक] वनस्पति-विशेष।

कुरय न [कुरबक] पुष्प-विशेष।

कुरर पुं. कुरर-पक्षी, उत्क्रोश।

कुररी स्त्री [दे] पशु।

कुररी स्त्री. कुरर पक्षी की मादा। गाथा छन्द का एक भेद। भेड़ी।

कुरल पुं. केश। पक्षि-विशेष।

कुरली स्त्री. केशों की वक्र सटा। कुरल-पक्षिणी।

कुरवय पुं [कुरबक] वृक्ष-विशेष, कटसरैया।

कुरा स्त्री. वर्ष-विशेष, अकर्म भूमि-विशेष।

कुरिण न [दे] बड़ा जंगल, भयंकर अटवी।

कुरु पुं. ब. आर्य देश-विशेष। भगवान् आदिनाथ का इस नाम का एक पुत्र। अकर्म-भूमि विशेष। इस नाम का एक वंश। पुंस्त्री. कुरु वंश में उत्पन्न। °अरा, °अरी देखो नीचे °चरा, °चरी। °खेत्त °क्खेत्त न [°क्षेत्र] दिल्ली के पास का एक मैदान, जहाँ कौरव और पाण्डवों की लड़ाई हुई थी। कुरु देश की राजधानी, हस्तिनापुर नगर। °चंद पुं [°चन्द्र] इस नाम का एक राजा। °चर वि. कुरु देश का रहनेवाला। स्त्री. °चरा, °चरी। °जंगल न [°जङ्गल] कुरु-भूमि। °णाह पुं [°नाथ] दुर्योधन। °दत्त पुं. इस नाम का एक श्रेष्ठी और जैन महर्षि। °मई स्त्री [°मती] ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की पटरानी। °राय पु [°राज] कुरु देश का राजा। °वइ पुं [°पति] कुरु देश का राजा।

कुरुकुया स्त्री [कुरुकुचा] पाँव का प्रक्षालन।

कुरुकुरु अक [कुरुकुराय्] 'कुर-कुर' आवाज करना, कुलकुलाना, बड़बड़ाना।

कुरुकुरिअ न [दे] रणरणक, औत्सुक्य।

कुरुगुर देखो कुरुकुरु।

कुरुचिल्ल पुं [दे] कुलीर, जल-जन्तु-विशेष।

न. ग्रहण, उपादान। देखो कुरुविल्ल।

कुरुच्च वि [दे] अप्रिय।

कुरुड वि [दे] निर्दय। निपुण, चतुर।

कुरुण न [दे] राजा का या दूसरे का धन।

कुरुमाल सक [दे] टटोलना, धीरे-धीरे हाथ फेरना।

कुरुय न [दे. कुरुक] कपट।

कुरुया स्त्री [दे. कुरुका] स्नान।

कुरुर देखो कुरर।

कुरुल पुं [दे] कुटिल केश। वि. निर्दय। निपुण, चतुर।

कुरुल अक [कु] आवाज करना, कौए का बोलना।

कुरुव देखो कुरु।

कुरुवग देखो कुरवय।

कुरुविंद पुं. मणि-विशेष, रत्न की एक जाति। तृण-विशेष। कुटिलिक-नामक रोग, एक प्रकार का जंघा रोग। °वत्त पुंन [°ावर्त्त] भूषण-विशेष।

कुरुविंदा स्त्री [कुरुविन्दा] इस नाम की एक वणिग्भार्या।

कुरुविल्ल [दे] देखो कुरुचिल्ल।

कुल पुंन. वंश, जाति। पैतृक वंश। कुटुम्ब। सजातीय समूह। गोत्र। एक आचार्य की सन्तति। घर। सान्निध्य, सामीप्य। ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध नक्षत्र-संज्ञा। °उव्व पुं [°पूर्व] पूर्वज। °कम पुं [°क्रम] कुलाचार। °कर देखो नीचे °गर। °कोडि स्त्री [°कोटि] जाति-विशेष। °क्कम देखो कम। °गर पुं [°कर] कुल की स्थापना करनेवाला, युग के प्रारम्भ में नीति वगैरह की व्यवस्था करनेवाला महापुरुष। °गेह न [°गृह] पितृ-गृह। °घर न [°गृह] पितृ-गृह। °ज वि [°ज] कुलीन। °जाय वि [°जात] खानदानी कुल का। °जुअ वि [°युत] कुलीन। °णाम न [°नामन्] कुल के अनुसार किया जाता नाम। °तंतु पुं [°तन्तु] कुल-सन्तति। °तिलग पुंन [°तिलक] कुल में श्रेष्ठ। °त्थ वि [°स्थ] कुलीन। °त्थेर पुं [°स्थविर] श्रेष्ठ साधु। °दिणयर पुं [°दिनकर] कुल में श्रेष्ठ। °दीव पुं [°दीप] कुल प्रकाशक। °देव पुं [°देव] गोत्र-देवता। °देवया स्त्री [°देवता] गोत्र-देवता। °देवी स्त्री. गोत्र-देवी। °धम्म पुं [°धर्म] कुलाचार। °पव्वय पुं [°पर्वत] पर्वत-विशेष। °पुत्त पुं [°पुत्र] वंश-रक्षक पुत्र। °बालिया स्त्री [°बालिका] कुलीन कन्या। °भूसण न [°भूषण] वंश को दिपाने या चमकाने वाला। पुं. एक केवली भगवान्। °मय पुं [°मद] कुल का अभिमान। °महत्तरिया, °महुत्तरिआ स्त्री [°महत्तरिका] कुटुम्ब की मुखिया। °य देखो °ज। °रोग पुं. कुल व्यापक रोग। °वइ पुं [°पति] प्रधान संन्यासी। °वंस पुं [°वंश] कुल रूप वंश। °वंस पुं [°वंश्य] कुल में उत्पन्न। °वडिंसय पुं [°ावतंसक] कुल-भूषण, कुल-दीपक। °वहू स्त्री [°वधू] कुलीन स्त्री। °संपण्ण वि [°सम्पन्न] कुलीन। °समय पुं. कुलाचार। °सेल पुं [°शैल] कुल-पर्वत। °सेलया स्त्री [°शैलजा] कुल-पर्वत से निकली हुई नदी। °हर न [°गृह] पितृगृह। °ाजीव वि. अपने कुल की बड़ाई बतला कर आजीविका प्राप्त करनेवाला। °ाय न. नीड़। °ायार पुं [°ाचार] वंश-परम्परा से चला आता रिवाज। °ारिय पुं [°ार्य] पितृ-पक्ष की अपेक्षा से आर्य। °ालय वि. गृहस्थों के घर भीख माँगनेवाला।

कुलंकर पुं [कुलङ्कर] इस नाम का एक राजा।

कुलंप पुं [कुलम्प] इस नाम का एक अनार्य देश। उसमें रहनेवाली जाति।

कुलकुल देखो कुरकुर।

कुलक्ख पुं [कुलक्ष] एक म्लेच्छ देश। उसमें

रहनेवाली जाति ।
कुलाग्घ पुं [कुलार्घ] एक अनार्य देश ।
कुलडा स्त्री [कुलटा] व्यभिचारिणी स्त्री ।
कुलत्थ पुंस्त्री. कुलथी ।
कुलफंसण पुं [दे] कुल का दाग ।
कुलध देखो कुडव ।
कुलय न [कुलक] तीन या चार से ज्यादा परस्पर सापेक्ष पद्य ।
कुलल पुं. गृद्ध पक्षी । कुरर पक्षी । मार्जार ।
कुललय पुंन [दे] गंडूष ।
कुलव देखो कुडव ।
कुलसंतइ स्त्री [दे] चुल्हा ।
कुलाअल पुं [कुलाचल] कुलपर्वत ।
कुलाण देखो कुणाल ।
कुलाल पुं. कुम्भकार ।
कुलाल पुं [कुलाट] बिलाड़ । ब्राह्मण ।
कुलिंगाल पुं [कुलाङ्गार] कुल में कलंक लगानेवाला, दुराचारी ।
कुलिअ न [कुलिक] खेत में घास काटने का छोटा काष्ठ-विशेष ।
कुलिक } पुं [कुलिक] ज्योतिष-शास्त्र में प्रसिद्ध एक कुयोग । न. एक प्रकार का हल ।
कुलिय
कुलिय न [कुड्य] भित्ति । मिट्टी की बनाई हुई भीत ।
कुलिया स्त्री [कुलिका] भींत ।
कुलिर पुं. मेष वगैरह बारह राशि में चतुर्थ राशि ।
कुलिव्वय पुं [कुटिव्रत] परिव्राजक का एक भेद, तापस-विशेष, घर में ही रहकर क्रोधादि का विजय करनेवाला ।
कुलिस पुंन [कुलिश] वज्र । °णिणाय पुं [°निनाद] रावण का इस नाम का एक सुभट । °मज्झ न [°मध्य] एक प्रकार की तपश्चर्या ।
कुलीकोस पुं [कुटीक्रोश] पक्षि-विशेष ।

कुलीण वि [कुलीन] उत्तम कुल में उत्पन्न ।
कुलीर पुं. जन्तु-विशेष ।
कुलुंच सक [दह्, म्लै] जलाना । म्लान करना ।
कुलुक्किय वि [दे] जला हुआ ।
कुलोवकुल पुं [कुलोपकुल] ये चार नक्षत्र—अभिजित्, शतभिषा, आर्द्रा और अनुराधा ।
कुल्ल पुं [दे] ग्रीवा, कण्ठ । वि. असमर्थ । छिन्नपुच्छ ।
कुल्ल पुंन [दे] चुतड़ ।
कुल्ल अक [कूर्द्] कूदना ।
कुल्लउर न [कुल्यपुर] नगर-विशेष ।
कुल्लड न [दे] चुल्ली । छोटा पात्र, पुड़वा ।
कुल्लरिअ पुं [दे] हलवाई ।
कुल्लरिया स्त्री [दे] हलवाई की दुकान ।
कुल्ला स्त्री [कुल्या] जल की नाली । कृत्रिम नदी ।
कुल्लाग पुं [कुल्याक] मगध देश का एक गाँव ।
कुल्ली देखो कुल्ला ।
कुल्लुडिया स्त्री [कुल्लुडिका] घड़ी ।
कुल्लुरी स्त्री [दे] खाद्य-विशेष ।
कुल्लूरिअ [दे] देखो कुल्लरिअ ।
कुल्ह पुं [दे] शृगाल ।
कुवणय न. [दे] यष्टि, छड़ी ।
कुवलय न. नीलोत्पल, हरा रंग का कमल ।
कुवली स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष ।
कुविंद पुं [कुविन्द] कपड़ा बुनने वाला । °वल्ली स्त्री. वल्ली-विशेष ।
कुविय वि [कुपित] क्रुद्ध ।
कुविय देखो कुप्प = कुप्य । °साला स्त्री [°शाला] बिछौना आदि गृहोपकरण रखने की कुटिया ।
कुवेणी स्त्री. एक प्रकार का हथियार ।
कुवेर देखो कुबेर ।
कुव्व सक [कृ, कुर्व] करना, बनाना ।

कुस पुंन [कुश] दर्भ। पुं. दाशरथी राम के एक पुत्र का नाम। °ग्ग [°ाग्र] दर्भ का अग्र-भाग। °ग्गनयर न [°ाग्रनगर] राज-गृह, नगर। °ग्गपुर न [°ाग्रपुर] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °ट्ट पुं [°ावर्त्त] आर्य देश-विशेष। °ट्ट पुं [°ार्य] आर्य देश-विशेष। °त्त न [°क्त, °ावत] आस्तरण-विशेष। °त्थलपुर न [°स्थलपुर] नगर-विशेष। °मट्टिया स्त्री [°मृत्तिका] डाभ के साथ कूटी जाती मिट्टी। °वर पुं. द्वीप-विशेष।

कुस वि [कौश] दर्भ का बना हुआ।

कुसण न [दे] आर्द्र करना। गोरस।

कुसणिय वि [दे] गोरस से बना हुआ करम्बा आदि खाद्य।

कुसल वि [कुशल] निपुण, चतुर, अभिज्ञ। न. सुख, हित। पुण्य।

कुसला स्त्री [कुशला] अयोध्या।

कुसार देखो कूसार।

कुसी स्त्री [कुशी] लोहे का बना हुआ एक हथियार।

कुसीलव पुं [कुशीलव] अभिनयकर्ता नट।

कुसुंभ पुंन [कुसुम्भ] वृक्ष-विशेष, कुसुम, बरें। एक-पुष्प। रंग-विशेष।

कुसुंभिल पुं [दे] दुर्जन, चुगलखोर।

कुसुंभी स्त्री. कुसुम का पेड़।

कुसुम अक [कुसुमय्] फूल आना।

कुसुम न. फूल। पुं. इस नाम का भगवान् पद्मनाभ का शासनाधिष्ठायक यक्ष। °केउ पुं [°केतु] अरुणवर द्वीप का अधिष्ठायक देव। °चाय, °चाव पुं [°चाप] कामदेव। °ज्झय पुं [°ध्वज]वसन्त ऋतु। °णयर न[°नगर] पाटलिपुत्र। °दंत पुं [°दन्त] एक तीर्थङ्कर देव का नाम, इस अवसर्पिणी काल के नववें जिनदेव, श्री सुविधिनाथ। °दाम न[°दामन्] फूलों की माला। °धणु न [°धनुष्]कामदेव। °पुर न. देखो ऊपर °णयर। °बाण पुं. कामदेव। °रअ पुं [°रजस्] मकरन्द। °रद पुं. देखो °दंत। °लया स्त्री [°लता] छन्द-विशेष। °संभव पुं. मधुमास। °सर पुं [°शर] कामदेव। °ाअर पुं. [°ाकर] इस नाम का एक छन्द। °ाउह पुं [°ायुध] कामदेव। °ावई स्त्री [°ावती] इस नाम की एक नगरी। °ासव पुं. पराग।

कुसुमसंभव पुं [कुसुमसम्भव] वैशाख मास का लोकोत्तर नाम।

कुसुमाल वि [कुसुमवत्] फूलवाला।

कुसुमाल पुं [दे] चोर।

कुसुमालिअ वि [दे] शून्य-मनस्क।

कुसुमिल्ल वि [कुसुमवत्] ऊपर देखो।

कुसुर [दि] देखो झसुर।

कुसूल पुं [कुशूल] कोष्ठ।

कुस्सुमिण पुं [कुस्वप्न] दुष्ट स्वप्न।

कुह अक [कुथ्] सड़ जाना, दुर्गन्धी होना।

कुह पुं. वृक्ष।

कुह देखो कहं।

कुहंड पुं [कूष्माण्ड] व्यन्तर देवों की एक जाति। न. कुम्हड़ा, पेठा।

कुहंडिया स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँड़ा का गाछ।

कुहक } देखो कुहय।
कुहग }

कुहग पुं [कुहक] कन्द-विशेष।

कुहड वि [दे] कुबड़ा।

कुहण पुं [कुहन] वृक्षों की एक जाति। वनस्पति-विशेष। भूमि-स्फोट। देश-विशेष। इसमें रहनेवाली जाति।

कुहण वि [क्रोधन] क्रोधी।

कुहणी स्त्री [दे] हाथ का मध्य-भाग।

कुहय पुंन [कुहक] दौड़ते हुये अश्व के उदर-प्रदेश के समीप उत्पन्न होता एक प्रकार की वायु। इन्द्रजालादि कौतुक।

कुहर न. पर्वत का अन्तराल। विवर। पुं. देश-विशेष।

कुहाड पुं [कुठार] फरसा ।

कुहाडी स्त्री [कुठारी] कुल्हाड़ी ।

कुहावणा स्त्री [कुहना] आश्चर्य-जनक, दम्भ-क्रिया । लोगों से द्रव्य हासिल करने के लिए किया हुआ कपट-भेष ।

कुहिअ वि [दे] लिप्त ।

कुहिअ वि [कुथित] थोड़ी दुर्गन्धवाला । सड़ा हुआ । विनष्ट । °पूइअ वि [°पूतिक] अत्यन्त सड़ा हुआ ।

कुहिणी स्त्री [दे] कूर्पर । रथ्या, महल्ला ।

कुहिल पुंस्त्री [कुहुमत्] कोयल पक्षी ।

कुहु स्त्री. कोकिल पक्षी की आवाज ।

कुहुण देखो कुहण = कुहन ।

कुहुव्वय पुं [कुहुव्रत] कन्द-विशेष ।

कुहेड पुं [दे] ओषधी-विशेष, गुरेटक, एक प्रकार का हरे का गाछ ।

कुहेड, कुहेडअ पुं [कुहेट, °क] चमत्कार उपजानेवाला मन्त्र-तन्त्रादि ज्ञान । आभाणक ।

कुहेडग पुंन [दे] अजमा ।

कुहेडगा स्त्री [कुहेटका] पिण्डालु ।

कूअ देखो कूव = कूप ।

कूअण न [कूजन] अव्यक्त शब्द । वि. ऐसी आवाज करनेवाला ।

कूइआ स्त्री [कूपिका] छोटा कूप ।

कूइय न [कूजित] अव्यक्त आवाज ।

कूइया स्त्री [कूजिका] किवाड़ आदि का अव्यक्त आवाज ।

कूचिआ स्त्री [कूर्चिका] दाढ़ी-मूंछ का बाल ।

कूचिया स्त्री [कूचिका] बुदबुद, बुलबुला ।

कूज अक [कूज्] अव्यक्त शब्द करना ।

कूड सक [कूटय्] झूठा ठहराना । अन्यथा । करना ।

कूड पुं [दे. कूट] फाँसी, जाल ।

कूड पुंन [कूट] असत्य, छल-युक्त । भ्रान्ति-जनक वस्तु । कपट । धोखा । नरक । पीड़ा-जनक स्थान । शिखर । पर्वत का मध्य भाग । पाषाणमय यन्त्र-विशेष । समूह । °कारि वि [°कारिन्] दगाखोर । °ग्गाह पुं [°ग्राह] धोखे से जीवों को फँसानेवाला । °जाल न. धोखे का जाल, फाँसी । °तुला स्त्री. झूठी नाप । °पास न [°पाश] एक प्रकार की मछली पकड़ने का जाल । °प्पओग पुं [°प्रयोग] प्रच्छन्न पाप । °लेह पुं [°लेख] दूसरे के हस्ताक्षर-तुल्य अक्षर बना कर धोखेबाजी करना । दूसरे के नाम से झूठी चिट्ठी वगैरह लिखना । °वाहि पुं [°वाहिन्] बैल । °सक्ख न [°साक्ष्य] झूठी गवाही । °सक्खि वि [°साक्षिन्] झूठी साक्षी देनेवाला । °सक्खिज्ज न [°साक्ष्य] झूठी गवाही । °सामलि स्त्री [°शाल्मलि] वृक्ष-विशेष के आकार का एक स्थान, जहाँ गरुड-जातीय देवों का निवास है । नरक-स्थित वृक्ष-विशेष । °ागार न. शिखर के आकारवाला घर । पर्वत पर बना हुआ घर । पर्वत में खुदा हुआ घर । हिंसा-स्थान । °ागारसाला स्त्री [°ागारशाला] षड्यन्त्र वाला घर, षड्यन्त्र करने के लिए बनाया हुआ घर । °ाहच्च न [°ाहत्य] पाषाण-मय यन्त्र की तरह मारना, कुचल डालना ।

कूड न [कूट] पाश । लगातार २७ दिन का उपवास ।

कूडग देखो कूड ।

कूण अक [कूणय्] संकुचित होना ।

कूणिअ वि [दे] ईषद् विकसित ।

कूणिअ पुं [कूणिक] राजा श्रेणिक का पुत्र ।

कूणिय वि [कूणित] सड़ा हुआ ।

कूय अक [कूज्] अव्यक्त आवाज करना ।

कूय पुं [कूप] कुंआ । घी, तेल वगैरह रखने का पात्र । °दद्दुर पुं [°दर्दुर] कूप का मेढ़क । वह मनुष्य जो अपना घर छोड़ बाहर न गया हो, अल्पज्ञ । देखो कूव ।

कूर वि [क्रूर] निर्दय, हिंसक । भयंकर । पुं रावण का इस नाम का एक सुभट ।

कूर पुंन. वनस्पति-विशेष । न. ओदन । °गड्डुअ, °गड्डुअ पुं [°गड्डुक] एक जैन महर्षि ।

कूर° अ [ईषत्] अल्प ।

कूरपिउड न [दे] खाद्य-विशेष ।

कूरि वि [क्रूरिन्] निर्दयी । निर्दय परिवार-वाला ।

कूल न [दे] सैन्य का पिछला भाग ।

कूल न तट । °धमग पुं [°ध्मायक] एक प्रकार का वानप्रस्थ जो किनारे पर खड़ा हो आवाज कर भोजन करता है । °वालग, °वालय पुं [°बालक] एक जैन मुनि ।

कूलकंसा स्त्री [कूलङ्कषा] तीर को तोड़ने-वाली नदी ।

कूव पुंन [दे] चुराई चीज की खोज में जाना । चुराई चीज को छुड़ानेवाला ।

कूव, कूवग, कूवय पुं [कूप, °क] कुँआ, गर्त्त । स्नेह-पात्र । जहाज का मध्य स्तम्भ । °तुला स्त्री. ढेंकुवा । °मंडुक्क पुं [°मण्डूक] कूप का मेढक । अल्पज्ञ मनुष्य, जो अपना घर छोड़ बाहर न जाता हो ।

कूवय पुं [कूपक] देखो कूव = कूप । स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन मुनि ।

कूवर पुंन. जहाज का मुख-भाग । रथ या गाड़ी वगैरह का एक अवयव, युगन्धर ।

कूवल न [दे] जवन-वस्त्र ।

कूविय न [कूजित] अव्यक्त शब्द ।

कूविय पुं [कूपिक] इस नाम का एक सन्निवेश —गाँव ।

कूविय वि [दे] चुराई हुई चीज की खोज कर उसे लानेवाला । चोर की खोज करनेवाला ।

कूविया स्त्री [कूपिका] छोटा कूप । छोटा स्नेह-पात्र ।

कूवी स्त्री [कूपी] ऊपर देखो ।

कूसार पुं [दे] गर्त्त जैसा स्थान, खड्डा ।

कूहंड पुं [कूष्माण्ड] व्यन्तर देवों की एक जाति ।

के सक [क्री] खरीदना ।

केत्ति° वि [कियत्] कितना ? °चिरेण अ. कितने समय में ? °च्चिरं अ. कितने समय तक । °च्चिरेण देखो °चिरेण । °दूर न. कितना दूर ? °महालय वि. कितना बड़ा ? °महालिय वि [°महत्] कितना बड़ा ? °महिड्ढिय वि [°महर्द्धिक] कितनी बड़ी ऋद्धि-वाला ।

केअइ पुं [केकय] देश-विशेष ।

केअई स्त्री [केतकी] केवड़ा का वृक्ष ।

केअग, केअय पुं [केतक] केवड़ा का गाछ । न. केतकी-पुष्प । चिह्न ।

केअगी स्त्री [केतकी] केवड़ा का गाछ या फूल ।

केअल देखो केवल ।

केअव देखो कइअव = कैतव ।

केआ स्त्री [दे] रज्जु ।

केआर पुं [केदार] खेत । क्यारी ।

केआरवाण पुं [दे] पलाश का पेड़ ।

केआरिआ स्त्री [केदारिका] घासवाली जमीन, गोचर भूमि ।

केउ पुं [केतु] पताका । ग्रह-विशेष । निशान । रूई का सूता । °खेत्त न [°क्षेत्र] मेघ-वृष्टि से ही जिसमें अन्न पैदा हो सकता हो ऐसा क्षेत्र-विशेष । °मई स्त्री [°मती] किन्नरेन्द्र और किंपुरुषेन्द्र की अग्र-महिषी का नाम । °माल न. वैताढ्य पर्वत पर स्थित इस नाम का एक विद्याधर-नगर ।

केउ पुं [दे] कांदा ।

केउ पुंन [केतु] एक देवविमान ।

केउग, केउय पुं [केतुक] पाताल-कलश-विशेष ।

केऊर पुंन [केयूर] अङ्गद, बाजूबन्द । दक्षिण समुद्र का पाताल-कलश ।

केऊरपुत्त पुं [दि] गाय तथा भैंस का बच्चा।

केऊव पुं [केयूप] दक्षिण समुद्र का एक पाताल-कलश।

कँकाय अक [केङ्काय्] 'कें-कें' आवाज करना।

कँसुअ देखो किंसुअ।

केकई स्त्री [कैकयी] राजा दशरथ की एक रानी, केकय देश के राजा की कन्या। आठवें वासुदेव की माता। अपर-विदेह के विभीषण-वासुदेव की माता।

केकय पुं. देश-विशेष। इस देश का रहनेवाला। केकय देश का राजा।

केकसिया स्त्री [कैकसिका] रावण की माता का नाम।

केका स्त्री. मयूर-वाणी। °रव पुं. मयूर की आवाज।

केकाइय न [केकायित] मयूर का शब्द।

केक्कई देखो केकई।

केक्कय देखो केकय।

केक्कसी स्त्री [कैकसी] रावण की माता।

केक्काइय देखो केकाइय।

केगई देखो केकई।

केगाइय देखो केकाइय।

केज्ज वि [क्रेय] बेचने की चीज।

केढ } पुं [कैटभ] इस नाम का एक प्रति-
केढव } वासुदेव राजा। दैत्य-विशेष। °रिउ पुं [°रिपु] श्रीकृष्ण।

केत्त देखो केत्तिअ।

केत्तिअ } वि [कियत्] कितना ?
केत्तिल }

केत्तुल (अप) ऊपर देखो।

केत्थु (अप) अ [कुत्र] कहाँ।

केद्दह देखो केत्तिअ।

केम } (अप) देखो कहं।
केम्व }

केय न [केत] गृह। निशानी।

केयण न [केतन] वक्र-वस्तु। चंगेरी का हाथा। संकेत, संकेत-स्थान। धनुष की मूठ। मछली पकड़ने का जाल। जगह।

केयय देखो केकय।

केयव्व वि [क्रेतव्य] खरीदने योग्य वस्तु।

केर } वि [दे. सम्बन्धिन्] सम्बन्धी वस्तु।
केरय }

केरव न [कैरव] सफेद कमल। कपट।

केरिच्छ वि [कीदृक्ष] कैसा, किस तरह का ?

केरिस वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का ?

केरी स्त्री [क्रकटी] करीर का गाछ।

केल देखो कयल = कदल।

केलाइय वि [समारचित] साफसुथरा किया हुआ।

केलाय सक [समा + रचय्] साफ कर ठीक करना।

केलास पुं [कैलास] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष। स्वनाम-प्रसिद्ध पर्वतविशेष। इस नाम का एक नाग-राज। इस नागराज का आवास पर्वत। मिट्टी का एक तरह का पात्र। देखो कइलास।

केलि देखो कयलि।

केलि स्त्री [दि] कन्द-विशेष।

केलि } स्त्री [केलि, °ली] खेल, मजाक।
केली } परिहास, कामक्रीड़ा। °आर वि [°कार] क्रीड़ा करनेवाला, विनोदी। °काणण न [°कानन] क्रीड़ोद्यान। °किल, °गिल वि [°किल] विनोदी, क्रीड़ा-प्रिय। पुं. व्यन्तर-जातीय देवविशेष। पुंन. स्थान-विशेष। °भवण न [°भवन] क्रीड़ा-गृह। °विमाण न [°विमान] विलास-महल। °सअण न [°शयन] काम-शय्या। °सेज्जा स्त्री [°शय्या] काम-शय्या।

केली देखो कयली।

केली स्त्री [दे] कुलटा।

केलीगिल वि [कैलीकिल] केलीकिल स्थान में

उत्पन्न ।

केव° देखो के° ।

केवँ (अप) देखो कहं ।

केवइय वि [कियत्] कितना ?

केवट्ट पुं [कैवर्त्त] मछलीमार ।

केवड (अप) देखो केविअ ।

केवल वि. अकेला, असहाय । अद्वितीय । शुद्ध । सम्पूर्ण । अनन्त । न. सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, सर्वज्ञता । °कप्प वि [°कल्प] परिपूर्ण । °णाण न [°ज्ञान] सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, सम्पूर्ण ज्ञान । °णाणि वि [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानवाला, सर्वज्ञ । पुं. इस नाम के एक अर्हन् देव, अतीत उत्सर्पिणी-काल के प्रथम तीर्थंकर । °ण्णाण, °नाण देखो °णाण । °दंसण न [°दर्शन] परिपूर्ण सामान्य बोध ।

केवलं अ [केवलम्] सिर्फ ।

केवलाअ सक [समा + रभ्] शुरू करना ।

केवलि वि [केवलिन्] केवल ज्ञानवाला, सर्वज्ञ । °पक्खिय वि [°पाक्षिक] स्वयंबुद्ध । पुं. जिनदेव, तीर्थंकर ।

केवलिअ वि [केवलिक] केवलज्ञानवाला । सम्पूर्ण ।

केवलिअ वि [कैवलिक] केवल-ज्ञान से सम्बन्ध रखनेवाला । केवलिप्रोक्त । केवल-ज्ञान-सम्बन्धी । न. केवल ज्ञान, सम्पूर्ण ज्ञान ।

केवलिअ न [कैवल्य] केवल ज्ञान ।

केवली स्त्री. ज्योतिष विद्या-विशेष ।

केस पुं [केश] बाल । °पुर न. वैताढ्य पर स्थित एक विद्याधर-नगर । °लोअ पुं [°लोच] केशों का उन्मूलन । °वाणिज्ज न [°वाणिज्य] केशवाले जीवों का व्यापार । °हत्थ पुं [°हस्त] केशपाश, समारचित केश ।

केस देखो केरिस ।

केस देखो किलेस ।

केसर पुं [कवीश्वर] श्रेष्ठ कवि ।

केसर पुंन. एक देवविमान । पराग । सिंह वगैरह के कंधा का बाल । पुं. बकुल वृक्ष । न. काम्पिल्य नगर का एक उपवन । फल-विशेष । सुवर्ण । छन्द-विशेष । पुष्प-विशेष ।

केसरा स्त्री. सिंह वगैरह के स्कन्ध पर के बालों की छटा ।

केसरि पुं [केसरिन्] सिंह, कण्ठीरव । नीलवन्त पर्वत पर स्थित एक ह्रद । नृप-विशेष, भरत-क्षेत्र के चतुर्थ प्रतिवासुदेव । °द्दह पुं [°द्रह] द्रह-विशेष ।

केसरिआ स्त्री [केसरिका] साफ करने का कपड़े का टुकड़ा ।

केसरिल्ल वि [केसरवत्] केसरवाला ।

केसरी स्त्री [केसरी] देखो केसरिआ ।

केसव पुं [केशव] अर्द्ध-चक्रवर्ती राजा । श्री-कृष्ण वासुदेव ।

केसि वि [क्लेशिन्] क्लेश-युक्त, क्लिष्ट ।

केसि पुं [केशि] एक जैन मुनि, भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्य । अश्व के रूप को धारण करनेवाला एक दैत्य ।

केसि पुं [केशिन्] देखो केसव ।

केसिअ वि [केशिक] केशवाला ।

केसी स्त्री [केशी] सातवें वासुदेव की माता ।

°केसी स्त्री [°केशी] केशवाली स्त्री ।

केसुअ देखो किंसुअ ।

केहु (अप) वि [कीदृश्] कैसा, किस तरह का ?

केहि (अप) अ. वास्ते ।

कैअव न [कैतव] कपट, दम्भ ।

कोअ देखो कोक ।

कोअ देखो कोव ।

कोअंड देखो कोदंड ।

कोआस अक [वि + कस्] विकसना, खिलना ।

कोइल पुं [कोकिल] कोयल । छन्द का एक भेद । °च्छय पुं [°च्छद] तलकण्टक ।

कोइला स्त्री [कोकिला] स्त्री-कोयल ।

कोइला स्त्री [दे] कोयला, काष्ठ के अंगार।
कोउआ स्त्री [दे] गोइठा की अग्नि, करीषाग्नि।
कोउग } न [कौतुक] कुतूहल, अपूर्व वस्तु
कोउय } देखने का अभिलाष। आश्चर्य। उत्सव। उत्सुकता, उत्कण्ठा। दृष्टि-दोषादि से रक्षा के लिए किया जाता काजल का तिलक, रक्षा-बन्धनादि प्रयोग। सौभाग्य आदि के लिए किया जाता स्नपन, विस्मापन, धूप, होम वगैरह कर्म।
कोउण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम।
कोउहल } देखो कुऊहल।
कोउहल्ल }
कोऊहल } देखो कुऊहल।
कोऊहल्ल }
कोंकण पुं [कोङ्कण] देश-विशेष। अनार्य देश-विशेष। वि. उस देश में रहनेवाला।
कोंच पुं [क्रौञ्च] इस नाम का एक अनार्य देश। पक्षि-विशेष। द्वीप-विशेष। इस नाम का एक असुर। वि. क्रौञ्च देश का निवासी। °रिवु पुं [°रिपु] कार्त्तिकेय। °वर पुं. इस नाम का एक द्वीप। °वीरग पुंन [°वीरक] एक प्रकार का जहाज। देखो कुंच।
कोंचिगा स्त्री [कुञ्चिका] ताली, कुंजी।
कोंचिय वि [कुञ्चित] आकुञ्चित, संकुचित।
कोंटलय न [दे] ज्योतिष-सम्बन्धी सूचना। शकुनादि निमित्त-सम्बन्धी सूचना।
कोंठ देखो कुंठ।
कोंड देखो कुंड।
कोंड पुं [कौण्ड, गौड] देश-विशेष।
कोंडल देखो कुंडल। °मेत्तग पुं [°मित्रक] एक व्यन्तर देव का नाम।
कोंडलग पुं [कुण्डलक] पक्षि-विशेष।
कोंडलिआ स्त्री [दे] श्वापद जन्तु-विशेष, साही, श्वावित्। क्रीड़ा, कीट।
कोंडिअ पुं [दे] ग्राम-निवासी लोगों में फूट कराकर छल से गाँव का मालिक बन बैठनेवाला।
कोंडिणपुर न [कौण्डिनपुर] नगर-विशेष।
कोंडिण्ण देखो कोडिण्ण।
कोंडिया देखो कुंडिया।
कोंढ देखो कुंढ।
कोंढुल्लु पुं [दे] उलूक।
कोंत देखो कुंत।
कोंतल देखो कुंतल = कुन्तल।
कोंती देखो कुंती।
कोंभी देखो कुंभी।
कोक पुं. चक्रवाक पक्षी। भेड़िया।
कोकंतिय पुंस्त्री [दे] जन्तु-विशेष, लोमड़ी, लोखरिआ।
कोकणद देखो कोकणय।
कोकणय न [कोकनद] लाल कमल।
कोकासिय [दे] देखो कोक्कासिय।
कोकुइय देखो कुक्कुइअ।
कोक्क सक [व्या + ह्वे] बुलाना, आह्वान करना।
कोक्कास पुं. इस नाम का एक वर्धकि, बढ़ई।
कोक्कासिय [दे] विकसित।
कोक्कुइय देखो कक्कुइअ।
कोखुब्भ देखो खोखुब्भ।
कोच्चप्प न [दे] झूठी भलाई।
कोच्चिय पुंस्त्री [दे] नया शिष्य।
कोच्छ न [कौत्स] गोत्र-विशेष। पुंस्त्री कौत्स गोत्र में उत्पन्न।
कोच्छ वि [कौक्ष] कुक्षि सम्बन्धी। न. उदर-प्रदेश।
कोच्छभास पुं [दे.कुत्सभाष] कौआ।
कोच्छेअय देखो कुच्छेअय।
कोज्ज देखो कुज्ज।
कोज्जप्प न [दे] स्त्री-रहस्य।
कोज्जय देखो कुज्जय।
कोज्जरिअ वि [दे] पूर्ण किया हुआ, भरा

हुआ ।

कोज्झरिअ वि [दे] [illegible] देखो ।

कोटर देखो कोट्टर ।

कोटिंब पुं [दे] गो ।

कोटुंभ पुंन [दे] हाथ से आहत जल । देखो कोट्टुंभ ।

कोटीवरिस न [कोटीवर्ष] लाट देश की प्राचीन राजधानी ।

कोट्ट देखो कुट्ट = कुट्ट् ।

कोट्ट न [दे] नगर । दुर्ग । °वाल पुं [°पाल] नगर-रक्षक ।

कोट्टंतिया स्त्री [कुट्टयन्तिका] तिल वगैरह को चूरने का उपकरण ।

कोट्टकिरिया स्त्री [कोट्टक्रिया] देवी-विशेष, दुर्गा आदि रुद्र रूपवाली देवी ।

कोट्टण देखो कुट्टण ।

कोट्टर देखो कोडर ।

कोट्टवीर पुं. इस नाम का एक मुनि, आचार्य शिवभूति का एक शिष्य ।

कोट्टा स्त्री [दे] पार्वती । गर्दन ।

कोट्टाग पुं [कोट्टाक] बढ़ई । न. हरे फलों को सुखाने का स्थान-विशेष ।

कोट्टिंब पुं [दे] द्रोणी, नौका, जहाज ।

कोट्टिम पुंन [कुट्टिम] रत्नमय भूमि । फरस-बन्ध जमीन । भूमि-तल । एक या अनेक तलावाला घर । मढ़ी । रत्न की खान । अनार का पेड़ ।

कोट्टिम वि [कृत्रिम] बनावटी, बनाया हुआ ।

कोट्टिल } पुं [कौट्टिक] मुग्दर, मुगरी,
कोट्टिल्ल } मुगरा, जोड़ी ।

कोट्टी स्त्री [दे] दोहन । विषम स्खलना ।

कोट्टुंभ पुंन [दे] हाथ से आहत जल ।

कोट्टुम अक [रम्] क्रीडा करना ।

कोट्टुवाणी स्त्री [कोट्टुवाणी] जैन मुनिगण की एक शाखा ।

कोट्ठ देखो कुट्ठ = कुष्ठ ।

कोट्ठ पुं [कोष्ठ] धारणा, अवधारित अर्थ का कालान्तर में स्मरण-योग्य अवस्थान । सुगन्धी द्रव्य-विशेष ।

कोट्ठ } देखो कुट्ठ = कोष्ठ । आश्रय-विशेष,
कोट्ठग } आवास-विशेष । अपवरक, कोठरी ।
कोट्ठय } चैत्य-विशेष ।°गार न. धान्य भरने का घर । भण्डार ।

कोट्ठार पुंन [कोष्ठागार] भाण्डागार ।

कोट्ठिया स्त्री [कोष्ठिका] छोटा कोष्ठ, लघु कुशूल ।

कोट्ठु पुं [क्रोष्टृ] सियार ।

कोडंड देखो कोदंड ।

कोडंडिय देखो कोदंडिय ।

कोडंब न [दे] कार्य ।

कोडय [दे] देखो कोडिअ ।

कोडर न [कोटर] गह्वर, वृक्ष का पोल भाग, विवर ।

कोडल पुं [कोटर] पक्षि-विशेष ।

कोडाकोडि स्त्री [कोटाकोटि] करोड़ को करोड़ से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

कोडाल पुं. गोत्र-विशेष का प्रवर्त्तक पुरुष । न. गोत्र-विशेष ।

कोडि स्त्री [कोटि] धनुष का अग्र भाग । प्रकार । संख्या-विशेष, करोड़ । अग्र-भाग । अंश, विभाग । °कोडि देखो कोडा-कोडि । °बद्ध वि. करोड़ संख्यावाला । °भूमि स्त्री. एक जैन तीर्थ । °सिला स्त्री [°शिला] एक जैन तीर्थ । °सो अ [°शस्] अनेक करोड़ । देखो कोडी ।

कोडिअ न [दे] सकोरा । पुं. दुर्जन, चुगल-खोर ।

कोडिअ पुं. [कोटिक] एक जैन मुनि । एक जैन-मुनि-गण ।

कोडिअ वि [कोटित] संकोचित ।

कोडिण्ण न [कौडिन्य] इस नाम का एक नगर । वाशिष्ठ गोत्र की शाखा रूप एक

गोत्र। पुं. कौडिन्य गोत्र का प्रवर्त्तक पुरुष। वि. कौडिन्य-गोत्रीय। पुं. एक मुनि जो शिवभूति का शिष्य था। महागिरि-सूरि का शिष्य। गोतम-स्वामी के पास दीक्षा लेनेवाले पाँच सौ तापसों का गुरु।

कोडिन्ना स्त्री [कौण्डिन्या] कौडिन्य-गोत्रीय स्त्री।

कोडिल्ल पुं [दे] पिशुन।

कोडिल्ल देखो कोट्टिल्ल।

कोडिल्ल पुं [कौटिल्य] इस नाम का एक ऋषि, चाणक्य मुनि।

कोडिल्लय न [कौटिल्यक] चाणक्य-प्रणीत नीति-शास्त्र।

कोडिसाहिय न [कोटिसहित] प्रत्याख्यान विशेष, पहले दिन उपवास करके दूसरे दिन भी उपवास की ली जाती प्रतिज्ञा।

कोडी देखो कोडि। °करण न. विभाग। °णार न [°नार] इस नाम का सोरठ देश का एक नगर। °मातसा स्त्री. गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना। °वरिस न [°वर्ष] लाट देश की राजधानी, नगर-विशेष। °वरिसिया स्त्री [°वर्षिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा। °सर पुं [°श्वर] करोड़पति।

कोडीण न [कोडीन] इस नाम का एक गोत्र, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा रूप है। वि. इस गोत्र में उत्पन्न।

कोडुंब न [दे] कार्य।

कोडुंबि देखो कुडुंबि।

कोडुंबिय पुं [कौटुम्बिक] कुटुम्ब का स्वामी। ग्राम-प्रधान, गाँव का आदमी। वि. कुटुम्ब में उत्पन्न, कुटुम्ब-सम्बन्धी।

कोडूसग पुं [कोदूषक] अन्न-विशेष, कोदों की एक जाति।

कोड्ड [दे] देखो कुड्ड।

कोड्डुम देखो कोट्टुम।

कोड्डमिअ न [रत] रति-क्रीड़ा-विशेष।

कोड्डिय वि [दे] विनोद-शील, उत्कण्ठित।

कोड्ढ, कोढ वि [कुष्ठि] कुष्ठ-रोग।

कोण वि [दे] श्याम वर्णवाला। पुं. लकड़ी। वीणा वगैरह बजाने की लकड़ी।

कोण, कोणग पुंन [कोण] कोन, अस्त्र, घर का एक भाग।

कोणव पुं [कौणप] राक्षस।

कोणायल पुं [कोणाचल] भगवान् शान्तिनाथ के प्रथम श्रावक का नाम।

कोणालग पुं [कोनालक] जलचर पक्षि-विशेष।

कोणाली स्त्री [दे] गोष्ठी, गोठ।

कोणिअ, कोणिग पुं [कोणिक] राजा श्रेणिक का पुत्र।

कोणु स्त्री [दे] रेखा।

कोणोट्टिया स्त्री [दे] गुञ्जा देखो, चणोट्टिया।

कोण्ण पुं [दे. कोण] घर का एक भाग, कोना।

कोतव न [कौतव] मूषक के रोम से निष्पन्न सूता।

कोतुहल देखो कुऊहल।

कोत्तलंका स्त्री [दे] दारू परोसने का भाण्ड।

कोत्तिअ वि [कौतुकिक] कुतूहली।

कोत्तिअ पुं [कोत्रिक] भूमि-शयन करनेवाला वानप्रस्थ। न. एक प्रकार का मधु।

कोत्थ देखो कोच्छ = कौक्ष।

कोत्थर न [दे] विज्ञान। कोटर।

कोत्थल पुं [दे] कुशूल। कोथली, थैला। °कारा स्त्री [°कारी] भौंरी।

कोत्थुभ, कोत्थुह, कोथुभ पुं [कौस्तुभ] वासुदेव के वक्षःस्थल की मणि।

कोदंड पुं. धनुष।

कोदंडिम, कोदंडिय देखो कु-दंडिम।

कोदूसग देखो कोडूसग ।
कोद्दव देखो कुद्दव ।
कोद्दविया स्त्री [दे] मातृवाहा, क्षुद्र कीट-विशेष ।
कोद्दाल देखो कुद्दाल ।
कोद्दालिया स्त्री [कुद्दालिका] कुदारी ।
कोध पुं. इस नाम का एक राजा ।
कोप्प देखो कुप्प = कुप् ।
कोप्प पुं [दे] अपराध ।
कोप्प वि [कोप्य] द्वेष्य, अप्रीतिकर ।
कोप्पर पुं [कूर्पर] हाथ का मध्य भाग । नदी का तट ।
कोबेरी स्त्री [कौबेरी] विद्या-विशेष ।
कोभग पुं [कोभक] पक्षि-विशेष ।
कोमल वि. मृदु ।
कोमार वि [कौमार] कुमार-सम्बन्धी । कुमारी-सम्बन्धी । कुमारी में उत्पन्न । स्त्री. °रिया, °री । °भिच्च न [°भृत्य] वैद्यक शास्त्र-विशेष ।
कोमारी स्त्री [कौमारी] विद्या-विशेष ।
कोमुइया स्त्री [कौमुदिका] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी ।
कोमुई स्त्री [दे] पूर्णिमा ।
कोमुई स्त्री [कौमुदी] शरद् ऋतु की पूर्णिमा । चाँदनी । इस नाम की एक नगरी । कार्तिक की पूर्णिमा । °नाह पुं [°नाथ] चन्द्रमा । °महूसव पुं [°महोत्सव] उत्सव-विशेष ।
कोमुदिया देखो कोमुइया ।
कोमुदी देखो कोमुई = कौमुदी ।
कोयव वि [कौतव] चूहे के रोमों से बना हुआ (वस्त्र) ।
कोयव वि [कौयव] 'कोयव' देश में निष्पन्न । देखो कोयवग ।
कोयवग } पुं [दे] रजाई ।
कोयवय }
कोयवी स्त्री [दे] रूई से भरा हुआ कपड़ा ।

कोरंग पुं [कोरङ्ग] पक्षि-विशेष ।
कोरंट } पुं [कोरण्ट, °क] वृक्ष-विशेष ।
कोरंटग } न. इस नाम का भृगुकच्छ (भड़ौंच) शहर का एक उपवन । कोरण्टक वृक्ष का पुष्प ।
कोरअ (शौ) देखो कउरव ।
कोरय } पुंन [कोरक] फलोत्पादक मुकुल,
कोरव } फल की कली ।
कोरव देखो कउरव ।
कोरविआ स्त्री [कौरव्या] देखो कोरव्वीया ।
कोरव्व पुंस्त्री [कौरव्य] कुरु-वंश में उत्पन्न । कौरव्य-गोत्रीय । पुं. आठवाँ चक्रवर्ती राजा ब्रह्मदत्त ।
कोरव्वीया स्त्री [कौरवीया] इस नाम की षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना ।
कोरिंट }
कोरिंटय } देखो कोरंट ।
कोरेंट }
कोल पुं [दे] ग्रीवा ।
कोल पुं [क्रोड] सूअर । गोद ।
कोल पुं. देश-विशेष । काष्ठ-कीट । शूकर । मूषिक के आकार का एक जन्तु । अस्त्र-विशेष । मनुष्य की एक नीच जाति । बदरी-वृक्ष । न. बदरी-फल । °पाग न [°पाक] नगर-विशेष जहाँ श्रीऋषभदेव भगवान् का मन्दिर है, यह नगर दक्षिण में है । °पाल पुं. धरणेन्द्र का लोकपाल । °सुणय, °सुणह पुंस्त्री [°शुनक] बड़ा शूकर, सूअर की एक जाति, जङ्गली वराह । शिकारी कुत्ता । स्त्री. °णिया । °वास पुंन. काष्ठ ।
कोल वि [कौल] शक्ति का उपासक, तान्त्रिक मत का अनुयायी । तान्त्रिक मत से सम्बन्ध रखनेवाला । न. बदर-फलसम्बन्धी । °चुण्ण न [°चूर्ण] बेर का चूर्ण । °ट्ठिय न [°अस्थिक] बेर की गुठिया या गुठली ।
कोलंब पुं [दे] स्थाली । घर ।

कोलंब पुं [कोलम्ब] वृक्ष की शाखा का नमा हुआ अग्रभाग ।

कोलगिणी स्त्री [कोली, कोलकी] कोल-जातीय स्त्री ।

कोलघरिय वि [कौलगृहिक]कुलगृह-सम्बन्धी, पितृगृह-सम्बन्धी ।

कोलञ्जा स्त्री [दे] धान्य रखने का एक तरह का गर्त्त ।

कोलर देखो कोटर ।

कोलव न [कौलव] ज्योतिष-शास्त्र में प्रसिद्ध एक करण ।

कोलाल वि [कौलाल] कुम्भकार-सम्बन्धी । न. मिट्टी का पात्र ।

कोलालिय पुं [कौलालिक] मिट्टी का पात्र बेचनेवाला ।

कोलाह पुं [कोलाभ] साँप की एक जाति ।

कोलाहल पुं [दे] पक्षी की आवाज ।

कोलाहल पुं. शोरगुल, हल्ला ।

कोलाहलिय वि [कोलाहलिक] कोलाहल-वाला, शोरगुलवाला ।

कोलिअ पुं [दे] एक अधम मनुष्य-जाति ।

कोलिअ पुं [दे] कोली, जुलाहा । जाल का कीड़ा, मकड़ा ।

कोलित्त न [दे] उल्मुक, लूका ।

कोलिन्न न [कौलीन्य] कुलीनता ।

कोलीकय वि [क्रोडीकृत] स्वीकृत ।

कोलीण न [कौलीन] जन-श्रुति । वि. वंश-परम्परागत । उत्तम कुल में उत्पन्न । तान्त्रिक मत का अनुयायी ।

कोलीर न [दे] लाल रंग का एक पदार्थ, कुरुविन्द ।

कोलुण्ण न [कारुण्य] दया । °पडिया, °वडिया स्त्री [°प्रतिज्ञा] अनुकम्पा की प्रतिज्ञा ।

कोलेज्ज पुं [दे] नीचे गोल और ऊपर खाई के आकार का धान्य आदि भरने का कोठा ।

कोलेय पुं [कौलेयक] श्वान ।

कोल्ल पुंन [दे] कोयला ।

कोल्लइर न [कोल्लकिर] नगर-विशेष ।

कोल्लपाग न [कोल्लपाक] दक्षिण देश का एक नगर, जहाँ श्रीऋषभदेव का मन्दिर है ।

कोल्लर पुं [दे] थाली, थरिया ।

कोल्ला देखो कुल्ला ।

कोल्लाग देखो कुल्लाग ।

कोल्लापुर न [कोल्लापुर] दक्षिण देश का एक नगर, महालक्ष्मी का स्थान ।

कोल्लासुर पुं [कोल्लासुर] इस नाम का एक दैत्य ।

कोल्लुग [दे] देखो कोल्हुअ ।

कोल्हाहल न [दे] बिम्बी-फल ।

कोल्हुअ पुं [दे] शृगाल । चरखी, ऊख से रस निकालने का कल ।

कोव सक [कोपय्] दूषित करना । कुपित करना ।

कोव पुं [कोप] गुस्सा ।

कोवण वि [कोपन] क्रोधी ।

कोवाय पुं [कोपक] अनार्य देश-विशेष ।

कोवास देखो कोआस ।

कोविअ वि [कोविद] निपुण, विद्वान् ।

कोविआ स्त्री [दे] सियारिन ।

कोविआर पुं [कोविदार] वृक्ष-विशेष ।

कोविणी स्त्री [कोपिनी] कोप-युक्त स्त्री ।

कोशण (मा) वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम ।

कोस पुं [दे] कुसुम्भ रंग से रंगा हुआ रक्त वस्त्र । समुद्र ।

कोस पुं [क्रोश] मार्ग की लम्बाई का परि-माण, दो मील ।

कोस पुं [कोश, ष] खजाना । तलवार की म्यान । कुड्मल । गोल । दिव्य-भेद, तप्त लोहे का स्पर्श वगैरह शपथ । अभिधानशास्त्र । पुंन. चषक । न. नगर-विशेष । °पाण न [°पान] शपथ । °ाहिव पुं [°ाधिप]

भण्डारी। कोसंब पुं [कोशाम्र] फल-वृक्ष-विशेष। °गंडिया स्त्री [°गण्डिका] खड्ग-विशेष।

कोसंबिया स्त्री [कौशाम्बिका] जैनमुनिगण की एक शाखा।

कोसंबी स्त्री [कौशाम्बी] वत्स देश की मुख्य-नगरी।

कोसग पुं [कोशक] साधुओं का एक चर्ममय उपकरण, चमड़े की एक प्रकार की थैली।

कोसट्टइरिआ स्त्री[दे] चण्डी, पार्वती।

कोसय न [दे. कोशक] छोटा पान-पात्र।

कोसल न [कौशल] निपुणता, चातुरी।

कोसल न [दे] नीवी।

कोसल, कोसलग } पुं [कोसल, °क] देश-विशेष। एक जैन महर्षि। कोसल देश का राजा। वि. कोशल देश में उत्पन्न। °पुर न. अयोध्या नगरी।

कोसला स्त्री. अयोध्या-नगरी। कोसल-देश।

कोसलिअ न [दे. कौशलिक] उपहार।

कोसलिआ स्त्री[दे. कौशलिका] ऊपर देखो।

कोसल्ल न [कौशल्य] निपुणता।

कोसल्ल न [दे] भेंट।

कोसल्लया स्त्री [कौशल्य] चतुराई।

कोसल्ला स्त्री [कौशल्या] दाशरथि राम की माता।

कोसल्लिअ न [दे. कौशलिक] भेंट।

कोसा स्त्री [कोशा] इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या।

कोसिण वि [कोष्ण] थोड़ा गरम।

कोसिय न [कौशिक]मनुष्य का गोत्र-विशेष। बीसवें नक्षत्र का गोत्र। पुं. उल्लू। चण्ड-कोशिक-नामक दृष्टि-विष सर्प जिसको भगवान् श्रीमहावीर ने प्रबोधित किया था। वृक्ष-विशेष। इन्द्र। नकुल। खजानची, अनुराग। इस नाम का एक राजा। इस नाम का एक असुर। सपेरा। मज्जा। शृंगाररस। इस नाम का एक तापस। पुंस्त्री. कौशिक-गोत्रीय।

कोसिया स्त्री [कोशिका] भारतवर्ष की एक नदी। इस नाम की एक विद्याधर राजकन्या। चमड़े का जूता। देखो कोसी।

कोसियार पुं [कोशिकार] रेशम का कीड़ा। न. रेशमी वस्त्र।

कोसी स्त्री [कोशी] छीमी, फली। तलवार की म्यान। देखो कोसिया। गोलाकार एक वस्तु।

कोसुम्भ वि[कौसुम्भ] कुसुम्भ-सम्बन्धी(रंग)।

कोसुंम वि [कौसुम] फूल-सम्बन्धी, फूल का बना हुआ।

कोसुम्ह देखो कुसुंभ।

कोसेअ, कोसेज्ज } न [कौशेय] रेशमी वस्त्र। तसर का बना हुआ वस्त्र।

कोह पुं [क्रोध] गुस्सा।°मुंड वि. क्रोधरहित।

कोह पुं [कोथ] शीर्णता।

कोह पुं [दे. कोथ] कोथली, थैला।

कोह वि [कोधवत्] क्रोध-युक्त।

कोहंगक पुं [कोभङ्गक] पक्षि-विशेष।

कोहज्झाण न [क्रोधध्यान] क्रोध-युक्त चिन्तन।

कोहंड न [कूष्माण्ड] कुष्माण्डी-फल। न. देव-विमान-विशेष। पुं. व्यन्तरश्रेणीय देव-जाति-विशेष।

कोहंडी स्त्री [कूष्माण्डी] कोहंडे का गाछ।

कोहण वि [क्रोधन] क्रोधी। पुं. इस नाम का रावण का एक सुभट।

कोहल देखो कुऊहल।

कोहलिअ वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कुतूहल-प्रेमी।

कोहलिआ स्त्री [कूष्माण्डिका] कोहँड़ा का गाछ।

कोहली देखो कोहंडी।

कोहल्ल देखो कोहल।

कोहल्ली स्त्री [दे] तवा।

कोहल्ली देखो कोहंडी ।

कोहि } वि [क्रोधिन्] गुस्साखोर ।
कोहिल्ल }

कौरव } देखो कउरव ।
कौलव }

°क्किसिय देखो किसिय = कृशित ।

°क्कूर देखो कूर = क्रूर ।

°क्केर देखो °केर ।

°क्खंड देखो खंड ।

°क्खंभ देखो खंभ ।

°क्खम देखो खम ।

°क्खलण देखो खलण ।

°क्खिंसा देखो खिंसा ।

°क्खु देखो खु ।

°क्खुत्त देखो खुत्त ।

°क्खेड्ड देखो खेड्ड ।

°क्खेव देखो खेव ।

°क्खोडी देखो खोडी ।

ख

ख पुं. व्यंजन-वर्ण-विशेष । न. आकाश । इन्द्रिय । °ग पुं [°ग] पक्षी । मनुष्य की एक जाति जो विद्या के बल से आकाश में गमन करती है, विद्याधर लोक । देखो खय = खग । °गइ स्त्री [°गति] आकाश गति । कर्म-विशेष । °गामिणी स्त्री [°गामिनी] विद्या-विशेष । °पुप्फ न [°पुष्प] आकाश-कुसुम, असम्भावित वस्तु ।

खअ } सक [खव्] सम्पत्ति-युक्त करना ।
खउर }

खइ वि [क्षयिन्] नाशवाला । क्षय-रोगी ।

खइअ वि [क्षपित] नाशित ।

खइअ वि [खचित] व्याप्त । विभूषित ।

खइअ वि [खादित] भुक्त, ग्रस्त । आक्रान्त ।

खइअ वि [क्षयित] क्षीण ।

खइअ पुं [दे] हेवाक, स्वभाव ।

खइअ } पुं [क्षायिक] विनाश । वि. क्षय से उत्पन्न, क्षय-सम्बन्धी । कर्म-नाश से उत्पन्न ।
खइग }

खइत्त न [क्षेत्र] खेतों का समूह ।

खइया स्त्री [खदिका] सेका हुआ व्रीहि–धान ।

खइर पुं [खदिर] खैर का गाछ ।

खइर वि [खादिर] खदिर-वृक्ष-सम्बन्धी ।

खइव [दे] देखो खइअ ।

खउड पुं [खपुट] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य ।

खउर अक [क्षुभ्] डर से विह्वल होना । सक. कलुषित करना ।

खउर वि [दे] कलुषित ।

खउर न [क्षौर] हजामत ।

खउर पुंन [खपुर] खैर वगैरह का चिकना रस, गोंद । °कढिणय न [°कठिनक] तापसों का एक प्रकार का पात्र ।

खउरिअ वि [क्षुब्ध] कलुषित ।

खउरिअ वि [क्षौरित] मुण्डित लुञ्चित, केश-रहित किया हुआ ।

खउरिअ वि [खपुरित] खरण्टित, चिपकाया हुआ ।

खउरीकय वि [खपुरीकृत] गोंद वगैरह की तरह चिकना किया हुआ ।

खओवसम पुं [क्षयोपशम] कुछ भाग का विनाश और कुछ का दबना ।

खओवसमिय वि [क्षयोपशमिक] क्षयोपशम से उत्पन्न । पुंन. क्षयोपशम ।

खंखर पुं [दे] पलाश-वृक्ष ।

खंगार पुं [खङ्गार] राजा खेंगार, सौराष्ट्र देश का एक भूपति । °गढ पुं. सौराष्ट्र का एक नगर, जूनागढ़ ।

खंच सक [कृष्] खींचना । वश में करना ।
खंज अक [खञ्ज्] लंगड़ा होना ।
खंज वि [खञ्ज] पंगु, लूला । न. गाड़ी में लोहे के डंडे के पास बाँधा जाता सण आदि का गोल कपड़ा ।
खंजण पुं [खञ्जन] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष । खञ्जरीट । वृक्ष-विशेष ।
खंजण पुं [दे] कीचड़ । काजल । गाड़ी के पहिए के भीतर का काला कीच ।
खंजर पुं [दे] सूखा हुआ पेड़ ।
खंजा स्त्री. छन्द-विशेष ।
खंड सक [खण्डय्] तोड़ना, टुकड़ा करना, विच्छेद करना ।
खंड पुं [खण्ड] एक नरक-स्थान । °कव्व न [°काव्य] छोटा काव्यग्रन्थ ।
खंड (अप) देखो खग्ग ।
खंड पुंन [खण्ड] टुकड़ा, अंश । चीनी । पृथ्वी का एक हिस्सा । °घडग पुं [°घटक] भिक्षुक का जल-पात्र । °प्पवाया स्त्री [°प्रपाता] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा । °भेय पुं [°भेद] विच्छेद-विशेष, पदार्थ का एक तरह का पृथक्करण, फटके हुए घड़े की तरह पृथग्भाव । °मल्लय पुंन [°मल्लक] भिक्षापात्र । °सो अ [°शस्] टुकड़ा-टुकड़ा । °भेय देखो °भेय ।
खंड न [दे] मस्तक । दारू का बरतन ।
खंडई स्त्री [दे] कुलटा ।
खंडग पुंन [खण्डक] चौथा हिस्सा । खंडग न. शिखर-विशेष ।
खंडण न [खण्डन] विच्छेद, भञ्जन, नाश । कण्डन, धान्य वगैरह का छिलका अलग करना । वि. नाशक ।
खंडपट्ट पुं [खण्डपट्ट] जूआरी । धूर्त्त । अन्याय से व्यवहार करनेवाला ।
खंडरक्ख पुं [खण्डरक्ष] कोतवाल । चुङ्गी वसूल करनेवाला ।

खंडव न [खाण्डव] इन्द्र का वन-विशेष ।
खंडा स्त्री. [खण्ड] शक्कर ।
खंडा स्त्री. इस नाम की एक विद्याधर-कन्या ।
खंडाखंडि अ [खण्डशस्] टुकड़ा-टुकड़ा । °डीकय वि [कृत] टुकड़ा-टुकड़ा किया हुआ ।
खंडामणिकंचण न [खण्डामणिकाञ्चन] इस नाम का एक विद्याधर-नगर ।
खंडावत्त न [खण्डावर्त्त] इस नाम का एक विद्याधरनगर ।
खंडाहंड वि [खण्डखण्ड] टुकड़-टुकड़ा किया हुआ ।
खंडिअ पुं [खण्डिक] विद्यार्थी ।
खंडिअ पुं [दे] भाट । वि. अनिवार्य ।
खंडिआ स्त्री [खण्डिका] खण्ड, टुकड़ा ।
खंडिआ स्त्री [दे] बीस मन की नाप ।
खंडी स्त्री [दे] छोटा गुप्त द्वार । किले का छिद्र ।
खंडु (अप) देखो खग्ग ।
खंडुअ न [दे] बाजूबन्द ।
खंडुय देखो खंडग ।
खंत पुं [दे] पिता ।
खंत वि [क्षान्त] क्षमा-शील ।
खंतव्व वि [क्षन्तव्य] क्षमा-योग्य ।
खंति स्त्री [क्षान्ति[क्षमा, क्रोध का अभाव ।
खंतिया } स्त्री [दे] माता ।
खंती }
खंद पुं [स्कन्द] कार्त्तिकेय । राम का स्कन्द नाम का एक सुभट । °कुमार पुं. एक जैन मुनि । °ग्गह पुं [°ग्रह] स्कन्दकृत उपद्रव । ज्वर-विशेष । °मह पुं. स्कन्द का उत्सव । °सिरी स्त्री [°श्री] एक चोर-सेनापति की भार्या का नाम ।
खंदग } पुं [स्कन्दक] ऊपर देखो । एक जैन
खंदय } मुनि । एक परिव्राजक, जिसने भगवान् महावीर के पास पीछे से जैन दीक्षा

ली थी।

खंदरुद्द न [स्कन्दरुद्र] शास्त्र-विशेष।

खंदिल पुं [स्कन्दिल] एक प्रख्यात जैनाचार्य, जिसने मथुरा में जैनागमों को लिपि-बद्ध किया।

खंध पुं [स्कन्ध] भीत। पुद्गलों का पिण्ड। समूह। कन्धा। पेड़ का धड़। छन्द-विशेष। °करणी स्त्री. साध्वियों को पहनने का उपकरण-विशेष। °मंत वि [°मत्] स्कन्धवाला। °बीय पुं [°बीज] स्कन्ध ही जिसका बीज होता है ऐसा कदली वगैरह का गाछ। °सालि पुं [°शालिन्] व्यन्तर देवों की एक जाति।

खंधग्गि पुं [दे. स्कन्धाग्नि] स्थूल काष्ठों की आग।

खंधमंस पुं [दे] हाथ। बाहु।

खंधमसी स्त्री [दे] स्कन्द-यष्टि, हाथ।

खंधय देखो खंध।

खंधयट्ठि स्त्री [दे. स्कन्धयष्टि] हाथ।

खंधर पुं [कन्धर] गरदन।

खंधलट्ठि स्त्री [दे. स्कन्धयष्टि] हाथ।

खंधवार देखो खंधावार।

खंधाआर देखो खंधावार।

खंधार पुं ब. [स्कन्धार] देश-विशेष।

खंधार देखो खंधावार।

खंधाल वि [स्कन्धवत्] स्कन्धवाला।

खंधावार पुं [स्कन्धावार] सैन्य का पड़ाव। शिविर।

खंधीधार पुं [दे] बहुत गरम पानी की धारा।

खंप सक [सिच्] छिड़कना।

खंपणय न [दे] कपड़ा।

खंभ पुं [स्तम्भ] थम्भा।

खंभ सक [स्कभ्] क्षुब्ध होना।

खंभतित्थ न [स्तम्भतीर्थ] एक जैन तीर्थ, गुजरात का प्राचीन 'खंभणा' गाँव।

खंभल्लिअ वि [स्तम्भि]थम्भे से बाँधा हुआ।

खंभाइत्त न [स्तम्भादित्य] गूर्जर देश का प्राचीन नगर खम्भात।

खंभालण न [स्तम्भालगन] खम्भे से बांधना।

खक्खरग पुंन [दे] सूखी रोटी।

खग्ग पुं [खड्ग] गेंडा। पुंन. तलवार। °धेणुआ स्त्री [°धेनु] छूरी। °पुरा स्त्री. विदेह-वर्ष की स्वनाम-प्रसिद्ध नगरी। °पुरो स्त्री. पूर्वोक्त ही अर्थ।

खग्गाखग्गि न [खड्गाखड्गि] तलवार की लड़ाई।

खग्गि पुं [खड्गिन्] गेंडा।

खग्गिअ पुं [दे] गाँव का मुखिया।

खग्गी स्त्री [खड्गी] विदेह वर्ष की नगरी-विशेष।

खग्गूड वि [दे] धूर्त्त-सदृश। धर्मरहित, नास्तिकप्राय। निद्रालु। रसलम्पट।

खच सक [खच्] पावन करना। कसकर बाँधना।

खचिअ देखो खइअ = खचित। पिञ्जरित।

खच्चल पुं [दे] भालू।

खच्चोल पुं [दे] व्याघ्र।

खज्ज पुं [खर्ज] वृक्ष-विशेष।

खज्ज वि [खाद्य] खाने योग्य वस्तु। न. खाद्य-विशेष।

खज्ज वि [क्षय्य] जिसका क्षय किया जा सके वह।

खज्जिअ वि [दे] जीर्ण, सड़ा हुआ। उपालब्ध।

खज्जिर (अप) वि [खाद्यमान] जो खाया गया हो वह।

खज्जू स्त्री [खर्जू] खुजली।

खज्जूर पुं [खर्जूर] खजूर का पेड़। न. खजूर का फल।

खज्जूरी स्त्री [खर्जूरी] खजूर का गाछ।

खज्जोअ पुं [दे] नक्षत्र।

खज्जोअ पुं [खद्योत] जुगनू।

खट्ट न [दे] कढ़ी। वि. अम्ल। °मेह पुं

[°मेघ] खट्टे जल की वर्षा।

खट्टंग न [दे] छाया।

खट्टंग न [खट्वाङ्ग] शिव का एक आयुध। चारपाई का पाया या पाटी। प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा माँगने का एक पात्र। तान्त्रिक मुद्रा-विशेष।

खट्टक्खड पुं [खट्वाक्षक] रत्नप्रभा नामक पृथिवी का एक नरकावास।

खट्टा स्त्री [खट्वा] पलंग। °मल्ल पुं. बीमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह।

खट्टिअ } खट्टिक्क } [दे. खट्टिक] कसाई।

दंसणि वि [दर्शनिन्] किसी धर्म का अनुयायी। दार्शनिक, दर्शन-शास्त्र का जानकार। तत्त्व-श्रद्धालु।

दंसणिआ स्त्री [दर्शनिका] दर्शन, अवलोकन।

दंसाव सक [दर्शय्] दिखलाना।

दंसि वि [दर्शिन्] देखनेवाला।

दक्क वि [दष्ट] जो दाँत से काटा गया हो वह।

दक्ख सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना।

दक्ख सक [दर्शय्] दिखलाना।

दक्ख वि [दक्ष] निपुण, चतुर। पुं. भूतानन्द नामक इन्द्र के पदाति-सैन्य का अधिपति देव। भगवान् मुनिसुव्रत-स्वामी का एक पौत्र।

दक्ख° देखो दक्खा।

दक्खज्ज पुं [दे] गीध।

दक्खण न [दर्शन] अवलोकन, निरीक्षण।

वि. देखनेवाला, निरीक्षक ।

दक्खव सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना ।

दक्खा स्त्री [द्राक्षा] दाख, अंगूर ।

दक्खायणी स्त्री [दाक्षायणी] शिव-पत्नी ।

दक्खिण वि [दक्षिण] दक्षिण दिशा में स्थित । निपुण, चतुर । हितकर, अनुकूल । दाहिना । °पच्छिमा स्त्री [°पश्चिमा] दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा, नैर्ऋत कोण । °पुव्वा स्त्री [°पूर्वा] अग्नि-कोण । देखो दाहिण ।

दक्खिणत्त वि [दाक्षिणात्य] दक्षिण दिशा में उत्पन्न ।

दक्खिणा स्त्री [दक्षिणा] दक्षिण दिशा । दक्षिण देश । धर्म-कर्म का पारितोषिक, दान, भेंट । °कंखि वि [°काङ्क्षिन्] दक्षिणा का अभिलाषी । °यण न [°यन] सूर्य का दक्षिण दिशा में गमन । कर्क की संक्रान्ति से धन की संक्रान्ति तक के छः मास का काल । °वध, °वह पुं [°पथ] दक्षिण देश ।

दक्खिणापुव्वा देखो दक्खिण-पुव्वा ।

दक्खिणिल्ल वि [दाक्षिणात्य] दक्षिण दिशा में उत्पन्न या स्थित ।

दक्खिणेय वि [दाक्षिणेय] जिसको दक्षिणा दी जाती हो वह ।

दक्खिण्ण न [दाक्षिण्य] मुलाहजा, मुरव्वत । उदारता । सरलता, मार्दव । अनुकूलता ।

दक्खु देखो दक्ख = दृश् ।

दक्खु देखो दक्ख = दक्ष ।

दक्खु वि [पश्य, द्रष्टृ] देखनेवाला । पुं. सर्वज्ञ, जिन-देव ।

दक्खु वि [दृष्ट] विलोकित । पुं. सर्वज्ञ, जिन-देव ।

दग न [दक] पानी । पुं. ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष । लवण-समुद्र में स्थित एक आवास पर्वत । °गब्भ पुं [°गर्भ] बादल । °तुंड पुं [°तुण्ड] पक्षि-विशेष । °पचवन्न पुं [°पञ्चवर्ण] ज्योतिष्क देव-विशेष, एक ग्रह का नाम । °पासाय पुं [°प्रासाद] स्फटिक रत्न का बना हुआ महल । °पिप्पली स्त्री. वनस्पति-विशेष । °भास पुं वेलन्धर नागराज का एक आवास-पर्वत । °मंचग पुं [°मञ्चक] स्फटिक रत्न का मञ्च । °मंडव पुं [°मण्डप] मण्डप-विशेष जिसमें पानी टपकता हो । स्फटिक रत्न का बनाया हुआ मण्डप । °मट्टिया, °मट्टी स्त्री [°मृत्तिका] पानीवाली मिट्टी । कला-विशेष । °रक्खस पुं [°राक्षस] जल मानुष के आकार का जन्तु-विशेष । °रय पुंन [°रजस्] उदक-बिन्दु, जल-कणिका । °वण्ण पुं [°वर्ण] ज्योतिष्क ग्रह-विशेष । °वारग, °वारय पुं [°वारक] पानी का छोटा घड़ा । °सीम पुं [°सीमन्] वेलन्धर नागराज का एक आवास-पर्वत ।

दग न [दक] स्फटिक रत्न । °सोयरिअ वि [°शौकरिक] सांख्य मत का अनुयायी ।

दच्चा देखो दा का संकृ. ।

दच्छ देखो दक्ख = दृश् ।

दच्छ देखो दक्ख = दक्ष ।

दच्छ वि [दे] तीक्ष्ण, तेज ।

दज्झंत, दज्झमाण } दह = दह का कवकृ. ।

दट्ठ वि [दष्ट] जिसको दाँत से काटा गया हो वह ।

दट्ठ वि [दृष्ट] देखा हुआ, विलोकित ।

दट्ठंतिय वि [दार्ष्टान्तिक] जिसपर दृष्टान्त दिया गया हो वह अर्थ ।

दट्ठु देखो दक्ख = दृश् का संकृ. ।

दट्ठु वि [द्रष्टृ] दर्शक ।

दट्ठुआण, दट्ठुं, दट्ठूण, दट्ठूणं } दक्ख = दृश् का संकृ. ।

दडवड पुं [दे] धाटी, दर्रा, अवस्कन्द । जल्दी ।

दडि स्त्री [दे] वाद्य-विशेष।

दड्ढ वि [दग्ध] जला हुआ।

दड्ढालि स्त्री [दे] देव-मार्ग।

दढ वि [दृढ] मजबूत, बलवान्, पोढ़। निश्चल, निष्कम्प। समर्थ। अति-निबिड, प्रगाढ़। कठोर, कठिन। क्रिवि. अतिशय, अत्यन्त। °केउ पुं [°केतु] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव का नाम। °णेमि देखो °नेमि। °धणु [°धनुष] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी कुलकर का नाम। भरत-क्षेत्र के एक भावी कुलकर का नाम। °धम्म वि [°धर्मन्] जो धर्म में निश्चल हो। देव-विशेष का नाम। °धिइय वि [°धृतिक] अतिशय धैर्यवाला। °नेमि पुं. राजा समुद्रविजय का एक पुत्र जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा ली थी और सिद्धाचल पर्वत पर मुक्ति पाई थी। °पइण्ण वि [°प्रतिज्ञ] स्थिर-प्रतिज्ञ, सत्य-प्रतिज्ञ। पुं. सूर्याभ देव का आगामी जन्म में होनेवाला नाम। °प्पहारि वि [°प्रहारिन्] मजबूत प्रहार करने वाला। पुं. जैनमुनि-विशेष जो पहले चोरों का नायक था और पीछे से दीक्षा लेकर मुक्त हुआ था। °भूमि स्त्री. एक गाँव का नाम। °मूढ वि. नितान्त मूर्ख। °रह पुं [°रथ] एक कुलकर पुरुष का नाम। भगवान् श्री शीतलनाथजी के पिता का नाम। °रहा स्त्री [°रथा] लोकपाल आदि देवों के अग्र-महिषियों की बाह्य परिषद्। °राउ पुं [°रायुष्] भगवान् महावीर के समय में तीर्थंकर-नामकर्म उपार्जन करनेवाला एक मनुष्य। भरत-क्षेत्र के एक भावी कुलकर पुरुष का नाम।

दढगालि स्त्री [दे] धोया हुआ सदश वस्त्र। देखो दाढगालि।

दणु, दणुअ पुं [दनुज] दैत्य। °इंद, °एंद पुं [°इन्द्र] दानवों का अधिपति। रावण, लंकापति। °वइ पुं [°पति] देखो °इंद।

दत्त वि. दिया हुआ, दान किया हुआ, वितीर्ण। न्यस्त, स्थापित। पुं. एक श्रेष्ठि-पुत्र। भरत-वर्ष के एक भावी कुलकर पुरुष। चतुर्थ बलदेव के पूर्व-जन्म का नाम। भरत-क्षेत्र में उत्पन्न एक अर्ध-चक्रवर्ती राजा, एक वासुदेव। भरत-क्षेत्र में अतीत उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न एक जिन-देव। एक जैनमुनि। नृप-विशेष। एक जैन आचार्य। न. दान, उत्सर्ग।

दत्त न [दात्र] दाँती, घास काटने का हँसिया।

दत्ति स्त्री. एक बार में जितना दान दिया जाय वह, अविच्छिन्न रूप से जितनी भिक्षा दी जाय वह।

दत्तिय पुंस्त्री [दत्तिका] ऊपर देखो।

दत्तिय पुं [दत्रिक] वायु-पूर्ण चर्म।

दत्तिया स्त्री [दात्रिका] छोटी दाँती, घास काटने का शस्त्र-विशेष। दान करनेवाली स्त्री।

दत्थर पुं [दे] हस्त-शाटक।

दद्दर पुं [दे. दर्दर] कुतुप आदि के मुँह पर बाँधा जाता कपड़ा। वि. घना, प्रचुर, अत्यन्त। पुं. चपेटा, हस्त-तल का आघात। प्रहार। वचनाटोप। सीढ़ी। वाद्य-विशेष।

दद्दरिगा देखो दद्दरिया।

दद्दरिया स्त्री [दे. दर्दरिका] प्रहार, आघात। वाद्य-विशेष।

दद्दु पुं [दद्रु] दाद, क्षुद्र कुष्ठ-रोग।

दद्दुर पुं [दर्दुर] प्रहार, आघात। मेढ़क। चमड़े से अवनद्ध मुँहवाला कलश। देव-विशेष। राहु, ग्रह-विशेष। पर्वत-विशेष। वाद्य-विशेष। न. दर्दुर देव का सिंहासन। °वडिंसय न [°वतंसक] देव-विशेष, सौधर्म देवलोक का एक विमान।

दद्दुल वि [दद्रुमत्] दाद-रोगवाला।

दद्ध देखो दड्ढ।

दधि देखो दहि।

दप्प पुं [दर्प] अहंकार। पराक्रम, जोर।

धृष्टता। अरुचि से काम का आसेवन।

दप्पण पुं [दर्पण] कांच। वि. दर्पजनक।

दप्पणिज्ज वि [दर्पणीय] बल-जनक, पुष्टि-कारक।

दप्पिअ वि [दर्पिक] दर्प-जनित।

दप्पिअ वि [दर्पित] अभिमानी, गर्वित।

दप्पिट्ठ वि [दर्पिष्ठ] अत्यन्त अहंकारी।

दप्पुल्ल वि [दर्पवत्] अहंकारवाला।

दब्भ पुं [दर्भ] तृण-विशेष। °पुप्फ पुं [°पुष्प] साँप की एक जाति।

दब्भायण, दब्भियायण } न [दार्भायन, दार्भ्यायन] चित्रा नक्षत्र का गोत्र।

दब्भिय न [दार्भिक] गोत्र-विशेष।

दम सक [दमय्] दमन करना, रोकना।

दम पुं. दमन। इन्द्रिय-निग्रह, बाह्य वृत्ति का निरोध। °घोस पुं [°घोष] चेदि देश के एक राजा का नाम। °दंत पुं [°दन्त] हस्ति-शीर्षक नगर का एक राजा। एक जैन-मुनि। °धर पुं. एक जैन-मुनि।

दमग देखो दमय।

दमग वि [दमक] दमन करनेवाला।

दमण देखो दमणक।

दमण न [दमन] निग्रह, दान्ति। वश में करना। उपताप, पीड़ा। पशुओं को दी जाती शिक्षा।

दमणक, दमणग, दमणय } पुंन [दमनक] दौना, सुगन्धित पत्रवाली वनस्पति-विशेष। छन्द-विशेष। गन्ध-द्रव्य-विशेष।

दमदमा अक [दमदमाय्] आडम्बर करना।

दमय वि [दे. द्रमक] गरीब।

दमयंती स्त्री [दमयन्ती] राजा नल की पत्नी।

दमि वि [दमिन्] जितेन्द्रिय।

दमिल पुं [द्रविड] एक भारतीय देश। पुंस्त्री. द्राविड़।

दम्म पुं [द्रम्म] सोने का सिक्का।

दय सक [दय्] रक्षण करना। कृपा करना। चाहना। देना।

दय न [दे. दक] जल। °सीम पुं [°सीमन्] लवण-समुद्र में स्थित एक आवास-पर्वत।

दय न [दे] अफसोस।

दय देखो दव = दव।

°दय वि. देनेवाला।

दया स्त्री. करुणा, कृपा। °वर वि [°पर] दयालु।

दयाइअ वि [दे] रक्षित।

दयालु वि. दयावाला, करुण।

दयावण, दयावन्न } वि [दे] दीन।

दर सक [दृ] आदर करना।

दर पुंन. डर। गुफा। गर्त, गड्ढा, दरार। अ. अल्प।

दर न [दे] आधा।

दरंदर पुं [दे] उल्लास।

दरमत्ता स्त्री [दे] जबरदस्ती।

दरमल सक [मर्दय्] चूर्ण करना, विदारना। आघात करना।

दरवलिअ वि [दे] उपभुक्त।

दरवल्ल पुं [दे] गाँव का मुखिया। °णिहेल्लण न [दे] खाली घर। °वल्लह पुं [°वल्लभ] प्रिय। डरपोक। °विंदर वि [दे] दीर्घ। विरल।

दरस (शौ) देखो दरिस।

दरि न [दरी] कन्दरा।

दरि° देखो दरी। °अर पुं [°चर] किंनर।

दरिअ वि [दृप्त] गर्विष्ठ।

दरिअ वि [दीर्ण] भीत। विदारित।

दरिअ (अप) पुं [दरिद्र] छन्द-विशेष।

दरिआ स्त्री [दरिका] कन्दरा।

दरिद्द वि [दरिद्र] निःस्व, धन-रहित।

दरिद्दिय वि [दरिद्रित] दुःस्थित, जो धन-रहित हुआ हो।

दरिद्दीहूय वि [दरिद्रीभूत] जो निर्धन हुआ हो।

दरिस सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना।

दरिसण देखो दंसण = दर्शन। °पुर न. नगर-विशेष। °आवरणी स्त्री [°वरणी] विद्या-विशेष।

दरिसणिज्ज न [दर्शनीय] आकृति, रूप। अवलोकन।

दरिसणिज्ज } न. उपहार।
दरिसणीय }

दरिसाव देखो दरिस।

दरिसाव पुं [दर्शन] दर्शन, साक्षात्कार। दिखावा।

दरिसावण न [दर्शन]दर्शन, साक्षात्कार। वि. दर्शक, दिखलानेवाला।

दरी स्त्री. गुफा।

दरुम्मिल्ल वि [दे] निबिड।

दल सक [दा] देना, दान करना, अर्पण करना।

दल अक [दल्] विकसना। फटना, खण्डित होना, द्विधा होना।

दल सक [दलय्] चूर्ण करना, टुकड़े-टुकड़े करना, विदारना।

दल न. सैन्य। पत्ता, पँखुड़ी। सम्पत्ति। समुदाय। खण्ड, भाग, अंश।

दलण न [दलन] पीसना, चूर्णन। वि. चूर्ण करनेवाला।

दलमल देखो दरमल।

दलय देखो दल = दा।

दलय सक [दापय्] दिलाना।

दलवट्ट देखो दरमल।

दलवट्टिय देखो दलमलिय।

दलाव सक [दापय्] दिलाना।

दलिअ वि [दलित] विकसित, खिला हुआ। पीसा हुआ। विदारित, खण्डित।

दलिअ न [दलिक] वस्तु, द्रव्य। पण्डित।

दलिअ वि [दे] जिसने टेढ़ी नजर की हो वह। न. उंगली। काष्ठ।

दलिद्द देखो दरिद्द।

दलिद्दा अक [दरिद्रा] दुर्गत होना, दरिद्र होना।

दलिल्ल वि [दलवत्] दलवाला।

दव सक [द्रु] गति करना। छोड़ना।

दव पुं. जंगल की अग्नि। वन। °ग्गि पुं. [°ाग्नि] जंगल की अग्नि।

दव पुं [द्रव] परिहास। जल। पनीली वस्तु, रसीली चीज। वेग। संयम, विरति। °कर वि. परिहासकारक। °कारी, °गारी स्त्री [°कारी] एक प्रकार की दासी जिसका काम परिहासजनक बातें कर जी बहलाना होता है।

दवण न [दवन] यान, वाहन।

दवणय देखो दमणय।

दवदव } अ [द्रवद्रवम्] शीघ्र।
दवदवस्स }

दवदवा स्त्री [द्रवद्रवा] वेगवाली गति।

दवर पुं [दे] तन्तु, धागा।

दवरिया स्त्री [दे] छोटी रस्सी।

दव्वुत्त न [दे] [illegible] प्रारम्भ।

दवाव सक [दापय्] दिलाना।

दविअ पुंन [द्रव्य] अन्वयी वस्तु, जीव आदि मौलिक पदार्थ, मूल वस्तु। वस्तु, गुणाधार पदार्थ। वि. भव्य, मुक्ति के योग्य। भव्य, सुन्दर, शुद्ध। राग-द्वेष से विरहित। °णु-ओग पुं [°ानुयोग] पदार्थ-विचार, वस्तु की मीमांसा। देखो दव्व।

दविअ वि [द्रविक] संयमी।

दविअ वि [द्रवित] द्रव-युक्त, पनीली वस्तु।

दविड देखो दविल।

दविडी स्त्री [द्राविडी] लिपि-विशेष, तमिल भाषा।

दविण न [द्रविण] सम्पत्ति।

दविय न [द्रव्य] घास का जंगल, वन में घास के लिए सरकार से अवरुद्ध भूमि। तृण आदि द्रव्य-समुदाय।

दविल पुं [द्रविड] मद्रास प्रान्त। पुंस्त्री. द्रविड़ देश का निवासी मनुष्य, द्राविड़।

दव्व देखो दविअ = द्रव्य। धन। भूत या भविष्य पदार्थ का कारण। गौण। बाह्य, अतथ्य। °ट्ठिय पुं [°र्थिक, °स्थित, °स्तिक] द्रव्य को ही प्रधान माननेवाला पक्ष, नय-विशेष। °लिंग न [°लिङ्ग] बाह्य वेष। °लिंगि वि [°लिङ्गिन्] भेषधारी साधु। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] शरीर आदि पौद्गलिक वस्तु का रंग, रूप। °वेय पुं [°वेद] पुरुष आदि का बाह्य आकार। °यरिय पुं. [°चार्य] अप्रधान आचार्य, आचार्य के गुणों से रहित आचार्य।

दव्व न [द्रव्य] योग्यता।

दव्वहलिया स्त्री [द्रव्यहलिका] वनस्पति-विशेष।

दव्वि° देखो दव्वी।

दव्विंदिअ न [द्रव्येन्द्रिय] स्थूल इन्द्रिय।

दव्वी स्त्री [दर्वी] कर्छी, कलछी, चमची, डोई। साँप का फन। °अर, °कर पुं [°कर] सर्प।

दव्वी स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष।

दस त्रि. ब. [दशन्] दस की संख्या। °उर न [°पुर] नगर-विशेष। °कंठ पुं [°कण्ठ] रावण, एक लंका-पति। °कंधर पुं [°कन्धर] राजा रावण। °कालिय न [°कालिक] एक जैन आगम-ग्रन्थ। °ग न [°क] दश का समूह। °गुण वि. दसगुना। °गुणिअ वि [°गुणित] दस-गुना। °गीव पुं [°ग्रीव] रावण। °दसमिया स्त्री [°दशमिका] जैनसाधु का एक धार्मिक अनुष्ठान, प्रतिमा-विशेष। °दिवसिय वि [°दिवसिक] दस दिन का। °द्ध पुंन [°र्ध] पाँच। °धणु पुं [°धनुष्] ऐरवत क्षेत्र के एक भावी कुलकर पुरुष। °पएसिय वि [°प्रादेशिक] दस अवयववाला। °पुर देखो °उर। °पुव्वि वि [°पूर्विन्] दस पूर्व-ग्रन्थों का अभ्यासी। °बल पुं. भगवान् बुद्ध। °म वि. दसवाँ। चार दिनों का लगातार उपवास। °मभत्तिय वि [°मभक्तिक] चार दिनों का लगातार उपवास करनेवाला। °मासिअ वि [°मासिक] दस मासे की तौलवाला, दस मासे का परिमाण-वाला। °मी स्त्री. दसवीं। तिथि-विशेष। °मुद्दियाणंतग न [°मुद्रिकानन्तक] हाथ की उँगलियों की दस अंगूठियाँ। °मुह पुं [°मुख] रावण, राक्षस-पति। °मुहसुअ पुं [°मुखसुत] रावण का पुत्र, मेघनाद आदि। °य देखो °ग। °रत्त न [°रात्र] दस रात। °रह पुं [°रथ] रामचन्द्रजी के पिता का नाम। अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न एक कुलकर पुरुष। °रहसुय पुं [°रथसुत] राजा दशरथ के पुत्र—राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न। °वअण पुं [°वदन] राजा रावण। °वल देखो °बल। °विह वि [°विध] दस प्रकार का। °वेआलिअ न [°वैकालिक] जैन आगम-ग्रन्थ-विशेष। °हा अ [°धा] दस प्रकार से। °णण पुं [°नन] राक्षसेश्वर रावण। °हिया स्त्री [°हिका] पुत्र-जन्म के उपलक्ष्य में किया जाता दस दिनों का एक उत्सव।

दसग वि [दशक] दस वर्ष की उम्र का।

दसण पुं [दशन] दाँत। न. दंश, काटना। °च्छय पुं [°च्छद] होठ।

दसण्ण पुं [दशार्ण] देश-विशेष। °कूड न [°कूट] शिखर-विशेष। °पुर न. नगर-विशेष। °भद्द पुं [°भद्र] दशार्णपुर का एक विख्यात राजा जो अद्वितीय आडम्बर से भगवान् महावीर को वन्दन करने गया था और जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी। °वइ पुं [°पति] दशार्ण देश का राजा।

दसतीण न [दे] धान्य-विशेष।

दसा स्त्री [दशा] स्थिति। सौ वर्ष के प्राणी की दस-दस वर्ष की अवस्था। सूत या ऊन का छोटा और पतला धागा। जैन आगम-

ग्रन्थ-विशेष ।
दसार पुं [दशार्ह] समुद्रविजय आदि दस यादव । श्रीकृष्ण । बलदेव । वासुदेव की सन्तति । °णेउ पुं [°नेतृ] श्रीकृष्ण । °नाह पुं [°नाथ] श्रीकृष्ण । °वइ पुं [°पति] श्रीकृष्ण ।
दसिया देखो दसा ।
दसु पुं [दे] शोक, दिलगीरी ।
दसुत्तरसय न [दशोत्तरशत] एक सौ दस । वि. ११० वाँ ।
दसुय पुं [दस्यु] लुटेरा, चोर ।
दसेर पुं [दे] सूत्र-कनक ।
दस्स देखो दंस = दर्शय् ।
देखो दंसण ।
दस्सु पुं [दस्यु] तस्कर ।
दह सक [दह्] जलना, भस्म करना ।
दह पुं [द्रह] ह्रद, सरोवर । °फुल्लिया स्त्री [°फुल्लिका] वल्ली-विशेष । °वई, °वई स्त्री [°वती] नदी-विशेष ।
दह देखो दस ।
दहण न [दहन] दाह, भस्मीकरण । पुं.अग्नि ।
दहणी स्त्री [दहनी] विद्या-विशेष ।
दहबोल्ली स्त्री [दे] स्थाली, थलिया ।
दहावण वि [दाहक] जलानेवाला ।
दहि न [दधि] दही । °घण पुं [°घन]अतिशय जमा हुआ दही । °मुह पुं [°मुख] द्वीप-विशेष । एक नगर । पर्वत-विशेष । °वण्ण पुं [°पर्ण] एक राजा । वृक्ष-विशेष । °वासुया स्त्री [°वासुका] वनस्पति-विशेष । °वाहण पुं [°वाहन] नृप-विशेष । °सर पुं. खाद्य-द्रव्य-विशेष, मलाई ।
दहि त्रि [दधि] दही । तेला, लगातार तीन दिन का उपवास ।
दहिउप्फ न [दे] मक्खन ।
दहिट्ठ पुं [दे] कपित्थ ।
दहिण देखो दाहिण ।

दहित्थर, दहित्थार } पुं [दे] दही पर की मलाई, खाद्य-विशेष ।
दहिमुह पुं [दे] वानर ।
दहिय पुं [दे] पक्षि-विशेष ।
दा सक. देना, उत्सर्ग करना ।
दा देखो ता = तावत् ।
दा° देखो दग । °थालग न [°स्थालक] जल से गीला थाल । °कलस पुं [°कलश] पानी का छोटा घड़ा । °कुंभ [°कुम्भ] जल का घड़ा । °वरग पुं [°वरक] जल का पात्र-विशेष ।
दाअ देखो दाव = दर्शय् ।
दाअ पुं [दे] प्रतिभू, जामिनदार ।
दाअ पुं [दाय] दान, उत्सर्ग ।
दाइ वि [दायिन्] दाता ।
दाइअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ ।
दाइअ पुं [दायिक] पैतृक सम्पत्ति का हिस्सेदार । समान-गोत्रीय ।
दाइज्जय न [देयक] पाणिग्रहण के समय वर-वधू को दिया जाता द्रव्य ।
दाउ वि [दातृ] दाता ।
दाओयरिय वि [दाकोदरिक] जलोदर रोग-वाला ।
दाक्खव (अप) देखो दक्खव ।
दाघ देखो दाह ।
दाडिम न. अनार का फल ।
दाडिमी स्त्री. अनार का पेड़ ।
दाढगालि देखो दढगालि ।
दाढा स्त्री [दंष्ट्रा] बड़ा दाँत, दन्त-विशेष, चौभड़, चहू, दाढ़ ।
दाढि वि [दंष्ट्रिन्] दाढ़वाला । पुं. हिंसक पशु । सूअर, वराह ।
दाढिआ स्त्री [दे] दाढ़ी, मुख के नीचे का भाग, श्मश्रु ।
दाढिआलि, दाढिगालि } स्त्री [दंष्ट्रिकावलि] दाढ़ा की पंक्ति । वस्त्र-विशेष ।

दाण पुंन [दान] दान, उत्सर्ग, त्याग। हाथी का मद। जो दिया जाय वह। °विरय पुं [°विरत] एक राजा। °साला स्त्री [°शाला] सत्रागार।

दाणंतराय न [दानान्तराय] कर्म-विशेष जिसके उदय से दान देने की इच्छा नहीं होती है।

दाणपारमिया स्त्री [दानपारमिता] दान, उत्सर्ग, समर्पण।

दाणव पुं [दानव] असुर।

दाणविंद पुं [दानवेन्द्र] असुरों का स्वामी।

दाणि स्त्री [दे] चुंगी।

दाणि | दाणिं | दाणीं } अ [इदानीम्] इस समय, अभी।

दाथ वि [द्वाःस्थ] द्वार पर स्थित। पुं. प्रतीहार, द्वारपाल, चपरासी।

दादलिआ स्त्री [दे] अंगुली।

दापण न [दापन] दिलाना।

दाम न [दामन्] माला। रस्सी। पुं. वेलन्धर नागराज का एक आवास-पर्वत। °वंत वि [°वत्] मालावाला।

दामट्ठि पुं [दामस्थि] सौधर्म देवलोक के इन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति देव।

दामड्ढि पुं [दामर्द्धि] ऊपर देखो।

दामण न [दामन] बन्धन, पशुओं का रस्सी से नियन्त्रण।

दामण स्त्रीन [दामनी] पशु को बाँधने की डोरी—रस्सी, पगहा।

दामणा स्त्री [दे] प्रसूति। आँख।

दामणी स्त्री [दामनी] पशुओं को बाँधने की रस्सी। भगवान् कुन्थुनाथ की मुख्य शिष्या। स्त्री और पुरुष का रज्जु के आकारवाला एक शुभ-लक्षण।

दामिय वि [दामित] संयमित, नियन्त्रित।

दामिली स्त्री [द्राविडी] द्रविड़ देश की लिपि में निबद्ध एक मन्त्र-विद्या।

दामी स्त्री. लिपि-विशेष।

दामोअर पुं [दामोदर] श्रीकृष्ण वासुदेव। अतीत उत्सर्पिणी काल में भरत-क्षेत्र में उत्पन्न नववाँ जिनदेव।

दायग वि [दायक] दाता।

दायण न [दान] देना।

दायणा स्त्री [दापना] पृष्ट अर्थ की व्याख्या।

दायय देखो दायग।

दायाद पुं [दायाद] पैतृक सम्पत्ति का भागीदार, पुत्र, सपिंड कुटुम्बी।

दायार वि [दायार] याचक, प्रार्थी।

दार सक [दारय्] विदारना, तोड़ना, चूर्ण करना।

दार पुं [दे] कटी-सूत्र, काँची।

दार पुंन. महिला।

दार न [द्वार] दरवाजा, निकलने का मार्ग। °ग्गला स्त्री [°र्गला] दरवाजे का आगल। °ट्ठ, °त्थ वि [°स्थ] द्वार पर स्थित। पुं. दरवान। °पाल, °वाल पुं [°पाल] द्वार-रक्षक। °वालय, °वालिय पुं. [°पालक, °पालिक] प्रतीहार।

दार | दारग } पुं [दारक] बच्चा। देखो दारय।

दारद्धंता स्त्री [दे] पेटी।

दारय वि [दारक] करनेवाला, विध्वंसक। देखो दारग।

दारिअ वि [दारित] विदारित, फाड़ा हुआ।

दारिआ स्त्री [दारिका] लड़की।

दारिआ स्त्री [दे] वेश्या।

दारिद्द न [दारिद्र्य] निर्धनता। दीनता। आलस्य।

दारु न. काष्ठ। °ग्गाम पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष। °दंडय पुंन [दण्डक] काष्ठ-दण्ड, साधुओं का एक उपकरण। °पव्वय पुं [°पर्वत] पर्वत-विशेष। °पाय न [°पात्र]

काष्ठ का बना हुआ भाजन। °पुत्तय पुं [°पुत्रक] कठपुतला। °मड पुं. भरत-क्षेत्र के एक भावी जिन-देव के पूर्वजन्म का नाम। °संकम पुं [°संक्रम] काष्ठ का बना हुआ पुल सेतु।

दारुअ पुं [दारुक] श्रीकृष्ण वासुदेव का एक पुत्र जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर उत्तम गति प्राप्त की थी। श्रीकृष्ण का एक सारथि। न. लकड़ी।

दारुइज्ज वि [दारुकीय] काष्ठ-निर्मित, लकड़ी का बना हुआ। °पव्वय पुं [°पर्वत] काष्ठ का बना हुआ मालूम पड़ता पर्वत।

दारुण वि. विषम, भयंकर, भीषण। क्रोध-युक्त, रौद्र। न. कष्ट, दुःख। दुर्भिक्ष।

दारुणी स्त्री. विद्यादेवी-विशेष।

दालण न [दारण] विदारण, खण्डन।

दालि स्त्री [दे. दालि] दाल, दला हुआ चना, अरहर, मूंग आदि अन्न। राजि, रेखा, लकीर।

दालिअ न [दे] नेत्र।

दालिद्द देखो दारिद्द।

दालिद्दिय देखो दारिद्दिय।

दालिम देखो दाडिम।

दालियंब न [दालिकाम्ल] दाल का बना हुआ खाद्य-विशेष।

दालिया स्त्री [दालिका] देखो दालि।

दाली देखो दालि।

दाव सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना।

दाव सक [दापय्] दिलाना, दान करवाना।

दाव देखो ताव = तावत्।

दाव पुं. जंगल। देव। जंगल की अग्नि। °ग्गि पुं [°ाग्नि] जंगल की आग। °णल पुं [°ानल] जंगल की आग।

दावण न [दामन] छान, पशुओं के पैर में बाँधने की रस्सी।

दावण न [दापन] दिलाना।

दावणया स्त्री [दापना] दिलाना।

दावद्दव पुं [दावद्रव] वृक्ष-विशेष।

दावर पुं [द्वापर] तीसरा युग। न. द्विक, दो। °जुम्म पुं [°युग्म] राशि-विशेष।

दावाव सक [दापय्] दिलाना।

दाविअ वि [द्रावित] झराया हुआ, टपकाया हुआ। नरम किया हुआ।

दास पुं. [दर्श] दर्शन, अवलोकन।

दास पुं. नौकर। धीवर। °चेड, °चेटग पुं [°चेट] छोटी उम्र का नौकर। नौकर का लड़का। °सच्च पुं [°सत्य] श्रीकृष्ण।

दासरहि पुं [दाशरथि] राजा दशरथ का पुत्र, रामचन्द्र।

दासीखब्बडिया स्त्री [दासीकर्वटिका] जैन मुनियों की एक शाखा।

दाह पुं. ताप, जलन। दहन, भस्मीकरण। रोग-विशेष। °जर पुं [°ज्वर] ज्वर-विशेष। °वक्कंतिय वि [°व्युत्क्रान्तिक] जिसको दाह उत्पन्न हुआ हो वह।

दाहग वि [दाहक] जलानेवाला।

दाहण न [दाहन] जलाना, भस्म कराना।

दाहविय वि [दाहित] जलवाया हुआ। आग लगवाया हुआ।

दाहिण देखो दक्खिण। °दारिय वि [°द्वारिक] दक्षिण दिशा में जिसका द्वार हो वह। न. अश्विनी-प्रमुख सात नक्षत्र। °पच्चत्थिम वि [°पश्चिमीय] दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच का भाग, नैर्ऋत कोण। °पह पुं [°पथ] दक्षिण देश की ओर का रास्ता। दक्षिण देश। °पुरत्थिम वि [°पूर्वीय] दक्षिण और पूर्व दिशा के बीच का भाग, अग्नि-कोण। °वत्त वि [°ावर्त] दक्षिण में आवर्तवाला (शंख आदि)।

दाहिणी स्त्री [दक्षिणा] दक्षिण-दिशा।

दि वि. [द्वि] दो, दो की संख्यावाला।

दि° देखो दिसा। °क्करि पुं [°करिन्] दिग्-

हस्ती। °ग्गइंद पुं [°गजेन्द्र] दिग्-हस्ती। °ग्गय पुं [°गज] दिग्-हस्ती। °चक्कसार न [°चक्रसार] विद्याधरों का एक नगर। °म्मोह पुं [°मोह] दिशा-भ्रम। देखो दिसा।

दिअ पुंन [दे] दिवस, दिन।

दिअ पुं [द्विज] ब्राह्मण। दांत। ब्राह्मण आदि तीन वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य। अण्डज। पक्षी। टिंबरू का पेड़। °राय पुं [°राज] उत्तम द्विज। चन्द्रमा।

दिअ पुं [द्विक] कौआ।

दिअ पुं [द्विप] हाथी।

दिअ न [दिव] स्वर्ग। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] देवलोक।

दिअ वि [दित] छिन्न, काटा हुआ।

दिअ वि [दृत] हत, मार डाला हुआ।

दिअंत पुं [दिगन्त] दिशा का प्रान्त भाग।

दिअंबर वि [दिगम्बर] वस्त्र-रहित। पुं. एक जैन सम्प्रदाय।

दिअज्झ पुं [दे] सुवर्णकार।

दिअधुत्त पुं [दे] काक।

दिअर पुं [देवर] पति का छोटा भाई।

दिअलिअ वि [दे] मूर्ख, अज्ञानी।

दिअली स्त्री [दे] स्थूणा, खम्भा, खूंटी।

दिअस पुंन [दिवस] दिन। °कर पुं. सूर्य। °नाह पुं [°नाथ] सूरज। °यर देखो °कर। देखो दिवस।

दिअसिअ न [दे] सदा-भोजन। प्रतिदिन।

दिअह देखो दिअस।

दिअहुत्त न [दे] पूर्वाह्ण का भोजन, दुपहर का भोजन।

दिआ अ [दिवा] दिवस। °णिस न [°निश] दिन-रात। °राअ न [°रात्र] सर्वदा। देखो दिवा।

दिआइ देखो दुआइ।

दिआहम पुं [दे] भास पक्षी।

दिइ स्त्री [दृति] मशक, चमड़े का जल-पात्र।

दिउण वि [द्विगुण] दूना, दुगुना।

दिक्काण पुं [द्रेष्काण] मेष आदि लग्नों का दसवाँ हिस्सा।

दिक्ख सक [दीक्ष्] दीक्षा देना, प्रव्रज्या देना, संन्यास देना, शिष्य करना।

दिक्ख देखो देक्ख।

दिक्खा स्त्री [दीक्षा] प्रव्रज्या देना, दीक्षण। प्रव्रज्या, संन्यास।

दिक्खिअ वि [दीक्षित] जिसको प्रव्रज्या दी गई हो वह, जो साधु बनाया गया हो वह।

दिगंछा देखो दिगिंछा।

दिगंबर देखो दिअंबर।

दिगिंछा स्त्री [जिघत्सा] भूख।

दिगिच्छ सक [जिघत्स्] खाने को चाहना।

दिगु पुं [द्विगु] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास।

दिग्गु देखो दिगु।

दिग्घ देखो दीह। °णंगूल, °लंगूल वि [°लाङ्गूल] लम्बी पूँछवाला। पुं. वानर।

दिग्घिआ स्त्री [दीर्घिका] वापी, सीढ़ीवाला कूप-विशेष।

दिच्छा स्त्री [दित्सा] देने की इच्छा।

दिज देखो दिअ = द्विज।

दिज्ज वि [देय] देने-योग्य। जो दिया जा सके। पुंन. कर-विशेष।

दिट्ठ वि [दिष्ट] कथित, प्रतिपादित।

दिट्ठ वि [दृष्ट] विलोकित। अभिमत। ज्ञात, प्रमाण से जाना हुआ। न. दर्शन, विलोकन। °पाढि वि [°पाठिन्] चरक-सुश्रुतादि का जानकार। °लाभिय पुं [°लाभिक] दृष्ट वस्तु को ही ग्रहण करनेवाला जैन साधु।

दिट्ठ न [दृष्ट] प्रत्यक्ष या अनुमान प्रमाण से जानने-योग्य वस्तु। °साहम्मव न [°साधर्म्यवत्] अनुमान का एक भेद।

दिट्ठंत पुं [दृष्टान्त] उदाहरण।

दिट्ठंतिअ वि [द्राष्टान्तिक] जिस पर उदा-

हरण किया गया हो वह। न. अभिनय-विशेष।

दिट्ठि स्त्री [दृष्टि] आँख, नजर। दर्शन, मत। दर्शन, अवलोकन, निरीक्षण। बुद्धि, मति। विवेक, विचार। °कीव पुं [°क्लीब] नपुंसक-विशेष। °जुद्ध न [°युद्ध] युद्ध-विशेष, आँख की स्थिरता की लड़ाई। °बंध पुं [°बन्ध] नजर बाँधना। °म, °मंत वि [°मत्] प्रशस्त दृष्टिवाला, सम्यग्-दर्शी। °राय पुं [°राग] दर्शन-राग, अपने धर्म पर अनुराग। चाक्षुष-स्नेह। °ल्ल वि [°मत्] प्रशस्त दृष्टिवाला। °वाय पुं [°पात] नजर डालना। बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ। °वाय पुं [°वाद] बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ। °विपरिआसिआ स्त्री [°विपर्यासिका, °सिता] मति-भ्रम। °विस पुं [°विष] जिसकी दृष्टि में विष हो ऐसा सर्प। °सूल न [°शूल] नेत्र का रोग-विशेष।

दिट्ठि स्त्री [दृष्टि] तारा, मित्रा आदि योग-दृष्टि।

दिट्ठिआ अ [दिष्ट्या] इन अर्थों का सूचक अव्यय—मंगल। हर्ष। भाग्य से।

दिट्ठिआ स्त्री [दृष्टिका, °जा] क्रिया-विशेष—दर्शन के लिए गमन। दर्शन से कर्म का उदय होना।

दिट्ठीआ स्त्री [दृष्टीया] ऊपर देखो।

दिट्ठीवाओवएसिआ स्त्री [दृष्टिवादोपदेशिकी] संज्ञा-विशेष।

दिट्ठेल्लय वि [दृष्ट] देखा हुआ, निरीक्षित।

दिड्ड }
दिढ } देखो दढ।

दिण पुंन [दिन] दिवस। °इंद पुं [°इन्द्र] सूर्य। °कय पुं [°कृत्] रवि। °कर पुं. सूरज। °नाह पुं [°नाथ] सूर्य। °बंधु पुं [°बन्धु] रवि। °मणि पुं. सूर्य। °मुह न [°मुख] प्रातःकाल। °यर देखो °कर। °रयणिकरि स्त्री [°रजनिकरी] विद्या-विशेष। °वइ पुं [°पति] सूर्य।

दिणिंद पुं [दिनेन्द्र] रवि।

दिणेस पुं [दिनेश] सूरज। बारह की संख्या।

दिण्ण वि [दत्त] दिया हुआ, वितीर्ण। निवेशित, स्थापित। पुं. भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम गणधर। भगवान् श्रेयांसनाथ का पूर्वजन्मीय नाम। भगवान् चन्द्रप्रभ का प्रथम गणधर। भगवान् नमिनाथ को प्रथम भिक्षा देनेवाला एक गृहस्थ। देखो दिन्न।

दिण्ण देखो दइन्न।

दिण्णेल्लय वि [दत्त] दिया हुआ।

दित्त वि [दीप्त] ज्वलित, प्रकाशित। कान्ति-युक्त। तीक्ष्णभूत, निशित। उज्ज्वल, चमकीला। पुष्ट, परिवृद्ध। प्रसिद्ध। मारनेवाला। °चित्त वि. हर्ष के अतिरेक से जिसको चित्त-भ्रम हो गया हो वह।

दित्त वि [दृप्त] गर्वित। [illegible]। हानि-कारक। °इत्त वि [°चित्त] जिसके मन में गर्व हो। हर्ष के अतिरेक से जो पागल हो वह।

दित्ति स्त्री [दीप्ति] कान्ति, तेज, प्रकाश। °म वि [°मत्] कान्ति-युक्त।

दित्ति स्त्री [दीप्ति] उद्दीपन। °ल्ल वि [°मत्] प्रकाशवाला।

दिदिक्खा }
दिदिच्छा } स्त्री [दिदृक्षा] देखने की इच्छा।

दिद्ध वि [दिग्ध] लिप्त।

दिन्न देखो दिण्ण। श्री गौतम स्वामी के पास पाँच सौ तापसों के साथ जैन-दीक्षा लेनेवाला एक तापस। एक जैन आचार्य।

दिन्नय पुं [दत्तक] गोद लिया हुआ पुत्र।

दिप्प अक [दीप्] चमकना। तेज होना। जलना।

दिप्प अक [तृप्] तृप्त होना, सन्तुष्ट होना।

दिप्प वि [दीप्र] चमकनेवाला, तेजस्वी।

दिप्प (अप) पुं [दीप] दीपक । छन्द-विशेष ।
दिप्पंत पुं [दे] अनर्थ ।
दिप्पिर देखो दिप्प = दीप्त ।
दियाव सक [दा] देना ।
दिरय पुं [द्विरद] हस्ती ।
दिलंदिलिअ [दे] देखो दिल्लिदिलिअ ।
दिलिदिल अक [दिलदिलाय्] 'दिल् दिल्' आवाज करना ।
दिलिवेढय पुं [दिलिवेष्टक] एक प्रकार का ग्राह, जल-जन्तु की एक जाति ।
दिल्लिदिलिअ पुं [दे] बालक, लड़का ।
दिव उभ [दिव्] क्रीड़ा करना । जीतने की इच्छा करना । लेन-देन करना । चाहना, वांछना । आज्ञा करना ।
दिव न [दिव्] स्वर्ग ।
दिवड्ढ वि [द्व्यपार्ध] डेढ़ ।
दिवस, दिवह } देखो दिअस । °पुहुत्त न [°पृथक्त्व] दो से लेकर नव दिन तक का समय ।
दिवा देखो दिआ । °इत्ति पुं [°कीर्त्ति] चाण्डाल, भंगी । °कर पुं. सूर्य । °कित्ति पुं [°कीर्त्ति] हजाम । °गर देखो °कर । °मुह न [°मुख] प्रभात । °यर देखो °कर । °यरत्थ न [°करास्त्र] प्रकाश-कारक अस्त्र-विशेष ।
दिवायर पुं [दिवाकर] सिद्धसेन नामक विख्यात जैन कवि और तार्किक । पूर्वधर मुनि ।
दिवि देखो देव ।
दिविअ पुं [द्विविद] वानर-विशेष ।
दिविज वि [दिविज] स्वर्ग में उत्पन्न । पुं. देवता ।
दिविट्ठु देखो दुविट्ठु ।
दिवे (अप) देखो दिवा ।
दिव्व वि [दिव्य] स्वर्ग-सम्बन्धी, स्वर्गीय । उत्तम, सुन्दर, मनोहर । मुख्य । देव-सम्बन्धी । न. शपथ-विशेष, आरोप की शुद्धि के लिए किया जाता अग्नि-प्रवेश आदि । प्राचीन काल में अपुत्रक राजा की मृत्यु हो जाने पर जिस चमत्कार-जनक घटना से राजगद्दी के लिए किसी मनुष्य का निर्वाचन होता था वह हस्ति-गर्जन, अश्व-हेषा आदि अलौकिक प्रमाण । °माणुस न [°मानुष] देव और मनुष्य सम्बन्धी हकीकतों का जिसमें वर्णन हो ऐसी कथा-वस्तु ।
दिव्व न [दिव्य] तेला, तीन दिन का लगातार उपवास । वि. देव-सम्बन्धी ।
दिव्व देखो दइव ।
दिव्व देखो देव ।
दिव्वाग पुं [दिव्याक] सर्प की एक जाति ।
दिव्वासा स्त्री [दे] चामुण्डा देवी ।
दिस सक [दिश्] कहना । प्रतिपादन करना ।
दिस पुं [दिश] एक देव-विमान ।
दिस वि [दिश्य] दिशा में उत्पन्न ।
दिसआ स्त्री [दृषद्] पत्थर ।
दिसा, दिसि, दिसी° } स्त्री [दिश्] दिशा, पूर्व आदि दस दिशाएँ । प्रौढ़ा स्त्री । °अक्क न [°चक्र] दिशाओं का समूह । °कुमरी स्त्री [°कुमारी] देवी-विशेष । °कुमार पुं. भवनपति देवों की एक जाति । °कुमारी देखो °कुमरी । °गअ पुं [°गज] दिग्-हस्ती । °गइंद पुं [°गजेन्द्र] दिग्-हस्ती । °चक्क देखो °अक्क । °चक्कवाल न [°चक्रवाल] दिशाओं का समूह । तप-विशेष । °चर पुं. देशाटन करनेवाला भक्त । °जत्ता देखो °यत्ता । °जत्तिय देखो °यत्तिय । °डाह पुं [°दाह] दिशाओं में होनेवाला एक तरह का प्रकाश जिसमें नीचे अन्धकार और ऊपर प्रकाश दीखता है यह भावी उपद्रवों का सूचक है । °णुवाय पुं [°अनुपात] दिशा का अनुसरण । °दंति पुं [°दन्तिन्] दिग्-हस्ती । °दाह देखो °डाह । °दि पुं [°आदि] मेरु-पर्वत । °देवया स्त्री [°देवता]

दिशा की अधिष्ठात्री देवी। °पोक्खि पुं [°प्रोक्षिन्] एक प्रकार का वानप्रस्थ। °भाअ पुं [°भाग] दिग्भाग। °मत्त न [°मात्र] अत्यल्प, संक्षिप्त। °मोह पुं. दिशा का भ्रम। °यत्ता स्त्री [°यात्रा] देशाटन, मुसाफिरी। °यत्तिय वि [°यात्रिक] दिशाओं में फिरने वाला। °लोय पुं [°आलोक] दिशा का प्रकाश। °वह पुं [°पथ] दिशा-रूप मार्ग। °वाल पुं [°पाल] दिक्पाल, दिशा का अधिपति। °वेरमण न [°विर-मण] जैन गृहस्थ को पालने का एक नियम—दिशा में जाने-आने का परिमाण करना। °व्वय न [°व्रत] देखो °वेरमण। °सोत्थिय पुं [°स्वस्तिक] स्वस्तिक-विशेष। °सोवत्थिय पुं [°सौवस्तिक] स्वस्तिक-विशेष, दक्षिणावर्त्त स्वस्तिक। न. एक देव-विमान। रुचक पर्वत का एक शिखर। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] दिग्गज, दिशाओं में स्थित ऐरवत आदि आठ हस्ती। °हत्थिकूड पुंन [°हस्तिकूट] दिशा में स्थित हस्ती के आकारवाला शिखर-विशेष, वे आठ हैं—पद्मोत्तर, नीलवन्त, सुहस्ती, अञ्जनगिरि, कुमुद, पलाश, अवतंस और रोचनगिरि।

दिसाइ देखो दिसा-दि।

दिसेभ पुं [दिगिभ] दिग्गज।

दिस्स वि [दृश्य] देखने-योग्य, प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय।

दिस्सा देखो दक्ख = दृश्।

दिहा अ [द्विधा] दो प्रकार।

दिहि स्त्री [धृति] धैर्य। °म वि [°मत्] धीर।

दीअ देखो दीव = दीप।

दीअअ देखो दीवय।

दीण वि [दीन] गरीब। दुःखित। हीन, न्यून। शोकातुर।

दीणार पुं [दीनार] सोने का एक सिक्का।

दीपक } दीपक्क } (अप) पुंन [दीपक] छन्द-विशेष।

दीव देखो दिव = दिव्।

दीव सक [दीपय्] दीपाना, शोभाना। जलाना। तेज करना। प्रकट करना। निवेदन करना।

दीव पुं [दीप] प्रदीप, आलोक। कल्पवृक्ष की एक जाति, प्रदीप का कार्य करनेवाला कल्पवृक्ष। °चंपय न [°चम्पक] दिया का ढकना, दीप-पिधान। °ाली स्त्री. दीप-पंक्ति। दीवाली, पर्व-विशेष, कार्तिक वदी अमावस। °ावली स्त्री. पूर्वोक्त ही अर्थ।

दीव पुं [द्वीप] जिसके चारों ओर जल भरा हो ऐसा भूमि-भाग। भवनपति देवों की एक जाति, द्वीपकुमार देव। व्याघ्र। °कुमार पुं. एक देव-जाति। °ण्णु वि [°ज्ञ] द्वीप के मार्ग का जानकार। °सागरपन्नत्ति स्त्री [°सागरप्रज्ञप्ति] जैन ग्रन्थ-विशेष, जिसमें द्वीपों और समुद्रों का वर्णन है।

दीव पुं [द्वीप] सौराष्ट्र का एक नगर।

दीवअ पुं [दे] कृकलास, गिरगिट।

दीवअ पुं [दीपक] प्रदीप। आलोक। वि. प्रकाशक, शोभा-कारक। न. छन्द-विशेष।

दीवंग पुं [दीपाङ्ग] प्रदीप का काम देनेवाले कल्पवृक्ष की एक जाति।

दीवग देखो दीवअ = दीपक।

दीवड पुं [दे] जलजन्तु-विशेष।

दीवणिज्ज वि [दीपनीय] जठराग्नि को बढ़ानेवाला। शोभायमान, देदीप्यमान।

दीवायण पुं [द्वीपायन, द्वैपायन] एक प्राचीन ऋषि।

दीवि } दीविअ } पुं [द्वीपिन्] व्याघ्र की एक जाति, चीता।

दीविअंग पुं [दीपिकाङ्ग] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो अन्धकार को दूर करता है।

दीविआ स्त्री [दे] उपदेहिका, क्षुद्र कीट-

विशेष। व्याध की हरिणी जो दूसरे हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी जाती है। व्याध-सम्बन्धी पिंजड़े में रखा हुआ तितिर पक्षी।

दीविआ स्त्री [दीपिका] लघु प्रदीप।

दीविच्चग वि [द्वैप्य] द्वीप में पैदा हुआ।

दीवी (अप) देखो देवी।

दीवी स्त्री [दीपिका] छोटा दिया।

दीवूसव पुं [दीपोत्सव] कार्तिक बदी अमावस, दीपावली।

दीह वि [दीर्घ] लम्बा। पुं. दो मात्रावाला स्वर। कोशल देश का एक राजा। °काय अग्निकाय। °कालिगी स्त्री [°कालिकी] संज्ञा-विशेष, बुद्धि-विशेष जिससे सुदीर्घ भूत-काल की बातों का स्मरण और सुदीर्घ भविष्य का विचार किया जा सकता है। °कालिय वि [°कालिक] दीर्घकाल से उत्पन्न, चिरन्तन। दीर्घकाल-सम्बन्धी। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] लम्बा सफर। मौत। °डक्क वि [°दष्ट] जिसको साँप ने काटा हो वह। °णिद्दा स्त्री [°निद्रा] मरण। °दंत पुं [°दन्त] भारत वर्ष का एक भावी चक्रवर्ती राजा। एक जैनमुनि। °दंसि वि [°दर्शिन्] दूरदर्शी, दूरन्देशी। °दसा स्त्री. ब. [°दशा] जैन ग्रन्थ-विशेष। °दिट्ठि वि [°दृष्टि] दूरदर्शी, दूरन्देशी। स्त्री. दीर्घ-दर्शिता। °पट्ठ पुं [°पृष्ठ] साँप। यवराज का एक मन्त्री। °पास पुं [°पार्श्व] ऐरवत क्षेत्र के सोलहवें भावी जिनदेव। °पेहि वि [°प्रेक्षिन्] दूर-दर्शी। °बाहु पु. भरत-क्षेत्र में होनेवाला तीसरा वासुदेव। भगवान् चन्द्रप्रभ का पूर्व जन्मीय नाम। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि। °मद्ध वि [°ध्व] लम्बा रास्तावाला। °मद्ध वि [°द्ध] दीर्घकाल से गम्य। °माउ न [°युष्] लम्बा आयुष्य। °रत्त, °राय पुंन [°रात्र] लम्बी रात। बहु रात्रिवाला, चिर-काल। °राय पुं [°राज] एक राजा। °लोग पुं [°लोक] वनस्पति का जीव। °लोगसत्थ न [°लोकशस्त्र] अग्नि। °वेयड्ढ पुं [°वैताढ्य] स्वनाम-ख्यात पर्वत। °सुत्त न [°सूत्र] बड़ा सूता। आलस्य। °सेण पुं [°सेन] अनुत्तर-देवलोक-गामी मुनि-विशेष। इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न ऐरवत क्षेत्र के आठवें जिन-देव। °ाउ, °ाउय वि [°ायुष्, °ायुष्क] लम्बी उम्रवाला, चिरंजीवी। °ासण न [°ासन] शय्या।

दीह देखो दिअह।

दीहंध वि [दिवसान्ध] दिन को देखने में असमर्थ।

दीहजीह पुं [दे] शंख।

दीहपिट्ठ देखो दीह-पट्ठ।

दीहर देखो दीह = दीर्घ। °च्छ वि [°ाक्ष] लम्बी आँखवाला।

दीहरिय वि [दीर्घित] लम्बा किया हुआ।

दीहिया स्त्री [दीर्घिका] वापी, जलाशय-विशेष।

दीहीकर सक [दीर्घी + कृ] लम्बा करना।

दु देखो तु।

दु देखो दव = द्रु।

दु वि. ब. [द्वि] दो, संख्या-विशेषवाला।

दु पुं [द्रु] वृक्ष। सत्ता, सामान्य।

दु ब [द्विस्] दो दफा।

दु अ [दुर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय— अभाव। दुष्टता, खराबी। मुश्किल। निन्दा।

दुअ न [द्रुत] अभिनय-विशेष। वि. पीड़ित, हैरान किया हुआ। वेग-युक्त। °विलंबिअ न [विलम्बित] छन्द-विशेष। अभिनय-विशेष।

दुअ न [द्विक] युग्म।

दुअक्खर पुं [दे] नपुंसक।

दुअक्खर वि [द्वयक्षर] अज्ञान, मूर्ख, अल्पज्ञ। पुस्त्री. दास, नौकर।

दुअणुअ पुं [द्व्यणुक] दो परमाणुओं का स्कन्ध।

दुअर वि [दुष्कर] मुश्किल।

दुअल्ल न [दुकूल] वस्त्र। सूक्ष्मवस्त्र। देखो दुकूल।

दुआइ पुं [द्विजाति] ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य—ये तीन वर्ण।

दुआइक्ख वि [दुराख्येय] दुःख से कहने-योग्य।

दुआर न [द्वार] दरवाजा, प्रवेश-मार्ग।

दुआराह वि [दुराराध] जिसका आराधन कठिनाई से हो सके वह।

दुआरिआ स्त्री [द्वारिका] छोटा द्वार। गुप्त द्वार, अपद्वार।

दुआवत्त न [द्व्यावर्त] दृष्टिवाद का एक सूत्र।

दुइअ, दुइज्ज, दुईअ वि [द्वितीय] दूसरा।

दुइल्ल (अप) वि [द्विचतुर] दो चार, दो या चार

दुउंछ, दुउच्छ सक [जुगुप्स्] निन्दा करना, घृणा करना।

दुउण वि [द्विगुण] दुगुना। °अर वि [°तर] दूने से भी विशेष, अत्यन्त।

दुऊल देखो दुअल्ल।

दुंदुह, दुंदुभ पुं [दुन्दुभ] सर्प की एक जाति। ज्योतिष्क-विशेष, एक महाग्रह।

दुंदुभि देखो दुंदुहि।

दुंदुमिअ न [दे] गले की आवाज।

दुंदुमिणी स्त्री [दे] रूपवाली स्त्री।

दुंदुहि पुंस्त्री [दुन्दुभि] वाद्य-विशेष।

दुंबवती स्त्री [दे] नदी।

दुकड देखो दुक्कड।

दुकप्प देखो दुक्कप्प।

दुकम्म न [दुष्कर्मन्] पाप, निन्दित काज या काम।

दुकाल पुं [दुष्काल] दुर्भिक्ष।

दुकिय देखो दुक्कय।

दुकूल पुं. वृक्ष-विशेष। वि. दुकूल वृक्ष की छाल से बना हुआ वस्त्र आदि।

दुक्कंदिर वि [दुष्कन्दिन्] अत्यन्त आक्रन्द करनेवाला।

दुक्कड न [दुष्कृत] पाप कर्म, निन्द्य आचरण।

दुक्कप्प पुं [दुष्कल्प] शिथिल साधु का आचरण, पतित साधु का आचार।

दुक्कम्म न [दुष्कर्मन्] दुष्ट कर्म, असदाचरण।

दुक्कय न [दुष्कृत] पाप-कर्म।

दुक्कर वि [दुष्कर] कष्ट-साध्य। °आरअ वि [°कारक] मुश्किल कार्य को करनेवाला। °करण न. कठिन कार्य को करना। °कारि वि [°कारिन्] देखो °आरअ।

दुक्कर न [दे] माघ मास में रात्रि के चारों प्रहर में किया जाता स्नान।

दुक्करकरण न [दुष्करकरण] पाँच दिन का लगातार उपवास।

दुक्कह वि [दे] अरुचिवाला।

दुक्काल पुं [दुष्काल] अकाल।

दुक्किय देखो दुक्कय।

दुक्कुक्किणिआ स्त्री [दे] पीकदानी।

दुक्कुल न [दुष्कुल] निन्दित कुल।

दुक्कुह वि [दे] असहिष्णु, चिड़चिड़ा। रुचि-रहित।

दुक्ख पुंन [दुःख] असुख, कष्ट, पीड़ा, क्लेश, मन का क्षोभ। वि. दुःखयुक्त। कर° वि. दुःख-जनक। °त्त वि [°र्त्त] दुःख से पीड़ित। °त्तगवेसण न [°र्त्तगवेषण] आर्त्त शुश्रूषा। °मज्जिय वि [अर्जितदुःख] जिसने दुःख उपार्जन किया हो वह। °राह वि [°राध्य] दुःख से आराधन-योग्य। °विह वि. दुःख-प्रद। °सिया स्त्री [°सिका] वेदना, पीड़ा। देखो दुह = दुःख।

दुक्ख न [दे] जघन, स्त्री के कमर के पीछे का

भाग चूतड़ ।

दुक्ख अक [दुःखाय्] दुखना, दर्द होना । सक. दुःखी करना ।

दुक्खड देखो दुक्कर ।

दुक्खम वि [दुःक्षम] असमर्थ । अशक्य ।

दुक्खर देखो दुक्कर ।

दुक्खरिय पुं [दुष्करिक] नौकर ।

दुक्खरिया स्त्री [दुष्करिका] दासी । वाराङ्गना ।

दुक्खत्तिअ (अप) वि [दुःखित] दुःख-युक्त ।

दुक्खविअ वि [दुःखित] दुःखी किया हुआ ।

दुक्खाव सक [दुःखय्] दुःख उपजाना । दुःखी करना ।

दुक्खिअ वि [दुःखित] दुःख-युक्त, दुखिया ।

दुक्खुत्तर वि [दुःखोत्तार] जिसको पार करने में कठिनाई हो ।

दुक्खुत्तो अ [द्विस्] दो बार ।

दुक्खुर देखो दुखुर ।

दुक्खुल देखो दुक्कुल ।

दुक्खोह पुं [दुःखौघ] दुःख-राशि ।

दुक्खोह वि [दुःक्षोभ] कष्ट-क्षोभ्य सुस्थिर ।

दुखंड वि [द्विखण्ड] दो टुकड़ेवाला ।

दुखुत्तो देखो दुक्खुत्तो ।

दुखुर पुं [द्विखुर] दो खुरवाला प्राणी, गौ, भैंस आदि ।

दुग न [द्विक] युग्म, युगल, जोड़ा ।

दुगंछ देखो दुगुंछ ।

दुगंछा स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, निन्दा । देखो दुगुंछा ।

दुगंध देखो दुग्गंध ।

दुगच्छ, दुगुंछ सक [जुगुप्स्] घृणा करना, नफरत करना । निन्दा करना ।

दुगसंपुण्ण न [द्विगसंपूर्ण] लगातार बीस दिन का उपवास ।

दुगुंछग वि [जुगुप्सक] घृणा करनेवाला ।

दुगुंछा देखो दुगंछा । °कम्म न [°कर्मन्] देखो पीछे का अर्थ । °मोहणीय न [°मोहनीय] कर्म-विशष जिसके उदय से जीव को अशुभ वस्तु पर घृणा होती है ।

दुगुंदुग पुं [दौगुन्दुक] एक समृद्धिशाली देव ।

दुगुच्छ देखो दुगुंछ ।

दुगुण देखो दुउण ।

दुगुण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना ।

दुगुणिअ देखो दुउणिअ ।

दुगुल्ल, दुगूल देखो दुअल्ल ।

दुगोत्ता स्त्री [द्विगोत्रा] वल्ली-विशेष ।

दुग्ग न [दे] दुःख । कमर ।

दुग्ग वि [दुर्ग] जहाँ दुःख से प्रवेश किया जा सके वह, दुर्गम स्थान । जो दुःख से जाना जा सके । पुंन. किला, गढ़, कोट । °नायग पुं [°नायक] किले का मालिक ।

दुग्गइ स्त्री [दुर्गति] कुगति, नरक आदि कुत्सित योनि । विपत्ति, दुःख । दुर्दशा, बुरी अवस्था । दरिद्रता ।

दुग्गंठि स्त्री [दुर्ग्रन्थि] दुष्टग्रन्थि, गिरह, कठिन गाँठ ।

दुग्गंध पुं [दुर्गन्ध]खराब गन्ध । वि. दुर्गन्धि ।

दुग्गम वि [दुर्गम] जो कठिनाई से जाना जा सके वह ।

दुग्गम, दुग्गम्म वि [दुर्गम] जहाँ दुःख से प्रवेश किया जा सके वह । न. कठिनाई, मुश्किल ।

दुग्गय वि [दुर्गत] धन-हीन । दुःखी, विपत्ति-ग्रस्त ।

दुग्गय न [दुर्गत] दरिद्रता । दुःख ।

दुग्गह वि [दुर्ग्रह] जिनका ग्रहण दुःख से हो सके वह ।

दुग्गा स्त्री [दुर्गा] पार्वती । देवी-विशेष । पक्षि-विशेष ।

दुग्गाई, दुग्गाएवी स्त्री [दुर्गादेवी] शिव-पत्नी ।

दुग्गादेई } देवी-विशेष। °रमण पुं. महादेव।
दुग्गावी }

दुग्गास न [दुर्ग्रास] अकाल।

दुग्गिज्झ वि [दुर्ग्राह्य, दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह।

दुग्गूढ वि [दुर्गूढ] अत्यन्त गुप्त।

दुग्गेज्झ देखो दुग्गिज्झ।

दुग्घट्ट वि [दुर्घट्ट] जिसका आच्छादन दुःख से हो सके वह।

दुग्घट्ट } पुं [दे] हाथी।
दुग्घोट्ट }

दुग्घड वि [दुर्घट] कष्ट-साध्य।

दुग्घड वि [दुर्घट] असंगत।

दुग्घडिअ वि [दुर्घटित] दुःख से संयुक्त। खराब रीति से बना हुआ।

दुग्घर न [दुर्गृह] दुष्ट घर।

दुग्घास पुं [दुर्ग्रास] दुर्भिक्ष।

दुघण पुं. एक प्रकार का मुद्गर, मोंगरी।

दुचक्क न [द्विचक्र] शकट। °वइ पुं [°पति] गाड़ी का अधिपति या मालिक।

दुचिण्ण देखो दुच्चिण्ण।

दुच्च न [दौत्य] दूत-कर्म।

दुच्च देखो दोच्च = द्वितीय, द्विस्।

दुच्चंडिअ वि [दे] दुर्ललित। दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित।

दुच्चंबाल वि [दे] झगड़ाखोर। दुश्चरित। परुष-भाषी।

दुच्चज्ज } वि [दुस्त्यज] दुःख से त्यागने-योग्य।
दुच्चय }

दुच्चर } वि [दुश्चर] जिसमें दुःख से जाया जाय वह। दुःख से जो किया जाय वह। °लाढ पुं. ऐसा ग्राम या देश जिसमें दुःख से जाया जा सके।
दुच्चरिअ }

दुच्चरिअ न [दुश्चरित] खराब आचरण, दुष्ट वर्तन। वि. दुराचारी।

दुच्चार वि [दुश्चार] दुराचारी।

दुच्चिंतिय वि [दुश्चिन्तित] दुष्ट चिन्तित। न. खराब चिन्तन।

दुच्चिगिच्छ वि [दुश्चिकित्स] जिसका प्रतीकार मुश्किल से हो वह।

दुच्चिण्ण न [दुश्चीर्ण] दुष्ट आचरण, दुश्चरित। दुष्ट कर्म—हिंसा आदि। वि. दुष्ट संचित, एकत्रित की हुई दुष्ट वस्तु।

दुच्चेट्ठिय न [दुश्चेष्टित] खराब चेष्टा, शारीरिक दुष्ट आचरण।

दुच्छक्क वि [द्विषट्क] बारह प्रकार का।

दुच्छड्ड वि [दुश्छर्द] दुस्त्यज।

दुच्छेज्ज वि [दुश्छेद] जिसका छेदन दुःख से हो सके वह।

दुछक्क देखो दुच्छक्क।

दुजडि पुं [द्विजटिन्] ज्योतिष्क देव-विशेष, एक महाग्रह।

दुजय देखो दुज्जय।

दुजीह पुं [द्विजिह्व] साँप। खल पुरुष।

दुज्जंत देखो दुज्जित।

दुज्जण पुं [दुर्जन] खल, दुष्ट मनुष्य।

दुज्जय वि [दुर्जय] जो कष्ट से जीता जा सके।

दुज्जाय न [दे] व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव।

दुज्जाय वि [दुर्जात] दुःख से निकलने-योग्य।

दुज्जाय न [दुर्यात] दुष्ट गमन, कुत्सित गति।

दुज्जित पुं [दुर्यन्त] एक प्राचीन जैनमुनि।

दुज्जीव न [दुर्जीव] आजीविका का भय।

दुज्जीह देखो दुजीह।

दुज्जेअ वि [दुर्जेय] दुःख से जीतने योग्य।

दुज्जोहण पुं [दुर्योधन] धृतराष्ट्र का पहला पुत्र।

दुज्झ वि [दोह्य] दोहने-योग्य।

दुज्झाण न [दुर्ध्यान] दुष्ट चिन्तन।

दुज्झाय वि [दुर्ध्यात] जिसके विषय में दुष्ट चिन्तन किया गया हो वह।

दुज्झोसय वि [दुर्जोष] जिसकी सेवा कष्ट से

हो सके ऐसा ।
दुज्झोसय वि [दु:क्षप] जिसका नाश कष्ट-साध्य हो वह ।
दुज्झोसिअ वि [दुर्जोषित] दुःख से सेवित ।
दुज्झोसिअ वि [दुःक्षपित] कष्ट से नाशित ।
दुट्ठ वि [दुष्ट] दोष-युक्त, दूषित । °प्प पुं [°त्मन्] दुष्ट जीव, पापी प्राणी ।
दुट्ठ वि [दे. द्विष्ट] द्वेष-युक्त ।
दुट्ठाण न [दु:स्थान] दुष्ट जगह ।
दुट्ठु अ [दुष्ठु] असुन्दर ।
दुण्णाम न [दुर्नामन्] अपकीर्ति । दुष्ट नाम । एक प्रकार का गर्व ।
दुण्णिअ वि [दून] पीड़ित, दुःखित ।
दुण्णिअत्थ न [दे] जघन पर स्थित वस्त्र । जघन ।
दुण्णिक्क वि [दे] दुराचारी ।
दुण्णिक्कम वि [दुर्निष्क्रम] जहाँ से निकलना कष्ट-साध्य हो वह ।
दुण्णिक्खित्त वि [दे] दुराचारी । कष्ट से जो देखा जा सके ।
दुण्णिक्खेव वि [दुर्निक्षेप] दुःख से स्थापन करने-योग्य ।
दुण्णिमिअ वि [दुर्नियोजित] दुःख से जोड़ा हुआ ।
दुण्णिमित्त न [दुर्निमित्त] अपशकुन ।
दुण्णिविट्ठ वि [दुर्निविष्ट] दुराग्रही ।
दुण्णिसीहिया स्त्री [दुर्निषद्या] कष्ट-जनक स्वाध्याय-स्थान ।
दुण्णेय वि [दुर्ज्ञेय] जिसका ज्ञान कष्ट-साध्य हो वह ।
दुतितिक्ख वि [दुस्तितिक्ष] दुस्सह ।
दुत्तडी स्त्री [दुस्तटी] नदी । खराब किनारा वाली नदी ।
दुत्तर वि [दुस्तर] दुस्तरणीय ।
दुत्तव वि [दुस्तप] कष्ट से तपने-योग्य, दुःख से करने-योग्य (तप) ।

दुत्तार वि [दुस्तार] दुःख से पार करने-योग्य ।
दुत्ति अ [दे] शीघ्र ।
दुत्तिइक्ख } दुत्तितिक्ख } देखो दुतितिक्ख ।
दुत्तुंड पुं [दुस्तुण्ड] दुर्मुख, दुर्जन ।
दुत्तोस वि [दुस्तोष] जिसको सन्तुष्ट करना कठिन हो वह ।
दुत्थ न [दे] जघन ।
दुत्थ वि [दु:स्थ] दुर्गत, दुःस्थित ।
दुत्थ न [दौःस्थ्य] दुर्गति ।
दुत्थिअ वि [दु:स्थित] विपत्ति-ग्रस्त । निर्धन ।
दुत्थुरुहुंड पुंस्त्री [दे] कलह-शील ।
दुत्थोअ पुं [दे] अभागा ।
दुद्दंत वि [दुर्दान्त] उद्धत, दुर्दम ।
दुद्दंस वि [दुर्दर्श] जो कठिनाई से देखा जा सके ।
दुद्दंसण वि [दुर्दर्शन] जिसका दर्शन दुर्लभ हो वह ।
दुद्दम वि [दुर्दम] दुर्जय, दुर्निवार । पुं. राजा अश्वग्रीव का एक दूत ।
दुद्दम पुं [दे] देवर ।
दुद्दिट्ठ वि [दुर्दृष्ट] बुरी तरह से देखा हुआ । वि. दुष्ट दर्शनवाला ।
दुद्दिण न [दुर्दिन] बादलों से व्याप्त दिवस ।
दुद्देय वि [दुर्देय] दुःख से देने-योग्य ।
दुद्दोलना स्त्री [दे] गौ ।
दुद्दोली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति ।
दुद्ध न [दुग्ध] दूध । °जाइ स्त्री [°जाति] मदिरा-विशेष जिसका स्वाद दूध के जैसा होता है । °समुद्द पुं [°समुद्र] क्षीर-समुद्र ।
दुद्धंस वि [दुर्ध्वंस] जिसका नाश मुश्किल से हो ।
दुद्धगंधिअमुह पुं [दे] शिशु, छोटा लड़का ।
दुद्धट्टी } दुद्धट्ठी } स्त्री [दे] प्रसूति के बाद तीन दिन तक का गो-दुग्ध । खट्टी छाछ से

मिश्रित दूध।

दुद्धर वि [दुर्धर] जिसका निर्वाह मुश्किल से हो सके वह। गहन, विषम। दुर्जय। पुं. रावण का एक सुभट।

दुद्धरिस वि [दुर्धर्ष] जिसका सामना कठिनता से हो सके, जीतने को अशक्य।

दुद्धवलेही स्त्री [दि] चावल का आटा डालकर पकाया जाता दूध।

दुद्धसाडी स्त्री [दि] द्राक्षा मिलाकर पकाया जाता दूध।

दुद्धिअ न [दि] कद्दू।

दुद्धिणिआ, दुद्धिणी } स्त्री [दि] तैल आदि रखने का भाजन। तुम्बी।

दुद्धोअहि, दुद्धोदहि } पुं [दुग्धोदधि] क्षीरसमुद्र।

दुद्धोलणी स्त्री [दि] कामधेनु।

दुधा देखो दुहा।

दुन्नय पुं [दुर्नय] कुनीति। अनेक धर्मवाली वस्तु में किसी एक ही धर्म को मानकर अन्य धर्म का प्रतिवाद करनेवाला पक्ष। वि. दुष्टनीति, अन्यायकारी। °कारि वि [°कारिन्] अन्याय करनेवाला।

दुन्निकम देखो दोनिक्कम।

दुन्निग्गह वि [दुर्निग्रह] अनिवार्य।

दुन्निबोह वि [दुर्निबोध] दुःख से जानने-योग्य। दुर्लभ।

दुन्निय न [दुर्नीत] दुष्ट कर्म।

दुन्नियत्थ वि [दि] विट का भेषवाला, निन्द-नीय वेष को धारण करनेवाला, केवल जघन पर ही वस्त्र-पहिना हुआ।

दुन्निरिक्ख वि [दुर्निरीक्ष्य] जो कठिनाई से देखा जा सके वह।

दुन्निवार वि[दुर्निवार]रोकने के लिए अशक्य, जिसका निवारण मुश्किल से हो सके वह।

दुन्निवारणीअ वि [दुर्निवारणीय, दुर्निवार] ऊपर देखो।

दुन्निसण्ण वि [दुर्निषण्ण] खराब रीति से बैठा हुआ।

दुप देखो दिअ = द्विप।

दुपएस वि [द्विप्रदेश] दो अवयववाला, पुं. द्व्यणुक।

दुपएसिय वि [द्विप्रदेशिक] दो प्रदेशवाला।

दुपक्ख पुं [दुष्पक्ष] दुष्ट पक्ष।

दुपक्ख न. [द्विपक्ष] दो पक्ष। वि. दो पक्ष-वाला।

दुपडिग्गह न [द्विप्रतिग्रह] दृष्टिवाद का एक सूत्र।

दुपडोआर वि [द्विपदावतार] दो स्थानों में जिसका समावेश हो सके वह।

दुपडोआर वि [द्विप्रत्यवतार] ऊपर देखो।

दुपमज्जिय देखो दुप्पमज्जिय।

दुपय वि [द्विपद] दो पैरवाला। पुं. मनुष्य। न. गाड़ी।

दुपय पुं [द्रुपद] कांपिल्यपुर का एक राजा।

दुपरिच्चय वि [दुष्परित्यज] दुस्त्यज।

दुपरिच्चयणीय वि [दुष्परित्यजनीय, दुष्परित्यज] ऊपर देखो।

दुपस्स देखो दुप्पस्स।

दुपुत्त पुं [दुष्पुत्र] कुपुत्र।

दुपेच्छ वि [दुष्प्रेक्ष] दुर्दर्श, अदर्शनीय।

दुप्पइ पुं [दुष्पति] दुष्ट स्वामी।

दुप्पउत्त वि [दुष्प्रयुक्त] दुरुपयोग करनेवाला। जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह।

दुप्पउलिय, दुप्पउल्ल } वि [दुष्प्रज्वलित] अधपका।

दुप्पओग पुं [दुष्प्रयोग] दुरुपयोग।

दुप्पक्क वि [दुष्पक्व] देखो दुप्पउल्ल।

दुप्पक्खाल वि [दुष्प्रक्षाल] जिसका प्रक्षालन कष्टसाध्य हो वह।

दुप्पच्चुप्पेक्खिय वि [दुष्प्रत्युत्प्रेक्षित] ठीक-ठीक नहीं देखा हुआ।

दुप्पजीवि वि [दुष्प्रजीविन्] दुःख से जीने-

वाला।

दुप्पडिक्कंत वि [दुष्प्रतिक्रान्त] जिसका प्रायश्चित्त ठीक-ठीक न किया गया हो वह।

दुप्पडिगर वि [दुष्प्रतिकर] जिसका प्रतीकार दुःख से किया जा सके।

दुप्पडिपूर वि [दुष्प्रतिपूर] पूरने के लिए अशक्य।

दुप्पडियाणंद वि [दुष्प्रत्यानन्द] जो किसी तरह सन्तुष्ट न किया जा सके। अति कष्ट से तोषणीय।

दुप्पडियार वि [दुष्प्रतिकार] जिसका प्रतीकार दुःख से हो सके वह।

दुप्पडिलेह वि [दुष्प्रतिलेख] जो ठीक-ठीक न देखा जा सके वह।

दुप्पडिवूह वि [दुष्प्रतिबृंह] बढ़ाने को अशक्य। पालने को अशक्य।

दुप्पणिहाण न [दुष्प्रणिधान] अशुभ प्रयोग, दुरुपयोग।

दुप्पणिहिय वि [दुष्प्रणिहित] दुष्प्रयुक्त।

दुप्पणीहाण देखो दुप्पणिहाण।

दुप्पणोल्लिय वि [दुष्प्रणोद्य] दुस्त्यज।

दुप्पण्णवणिज्ज वि [दुष्प्रज्ञापनीय] कष्ट से प्रबोधनीय।

दुप्पतर वि [दुष्प्रतर] दुस्तर।

दुप्पधंस वि [दुष्प्रधर्ष] दुर्धर्ष, दुर्जय।

दुप्पमज्जण न [दुष्प्रमार्जन] ठीक-ठीक साफ नहीं करना।

दुप्पमज्जिय वि [दुष्प्रमार्जित] अच्छी तरह से साफ नहीं किया हुआ।

दुप्पय देखो दुपय = द्विपद।

दुप्पयार वि [दुष्प्रचार] जिसका प्रचार दुष्ट माना जाता है वह, अन्याय-युक्त।

दुप्परक्कंत वि [दुष्पराक्रान्त] बुरी तरह से आक्रान्त।

दुप्परिअल्ल वि [दे] अशक्य। दुगुना। अनभ्यस्त।

दुप्परिइअ वि [दुष्परिचित] अपरिचित।

दुप्परिच्चय देखो दुपरिच्चय।

दुप्परिणाम वि [दुष्परिणाम] जिसका परिणाम खराब हो, दुर्विपाक।

दुप्परिमास वि [दुष्परिमर्ष] कष्ट-साध्य स्पर्शवाला।

दुप्परियत्तण देखो दुप्परिवत्तण।

दुप्परिल्ल वि [दे] दुराकर्ष।

दुप्परिवत्तण वि [दुष्परिवर्त्तन] जिसका परिवर्तन दुःख से हो सके वह। न. दुःख से पीछे लौटना।

दुप्पवंच पुं [दुष्प्रपञ्च] दुष्ट प्रपञ्च।

दुप्पवण पुं [दुष्पवन] दुष्ट वायु।

दुप्पवेस वि [दुष्प्रवेश] जहाँ कष्ट से प्रवेश हो सके वह। °तर वि. प्रवेश करने को अशक्य।

दुप्पसह पुं [दुष्प्रसह] पंचम आरे के अन्त में होनेवाला एक जैन आचार्य, एक भावी जैन सूरि।

दुप्पस्स वि [दुर्दर्श] जो मुश्किल से दिखलाया जा सके वह।

दुप्पह वि [दुष्प्रभ] जो दुःख से सूझ सके वह, दुर्गम।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रध्वंस्य] जिसका नाश कठिनाई से हो सके वह।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रधृष्य] अजेय, दुर्जय।

दुप्पाय न [दुष्प्राप] आयंबिल तप।

दुप्पिउ पुं [दुष्पितृ] दुष्ट पिता।

दुप्पिच्छ देखो दुपेच्छ।

दुप्पिय वि [दुष्प्रिय] अप्रिय। °भासि वि [°भाषिन्] अप्रिय-वक्ता।

दुप्पुत्त देखो दुपुत्त।

दुप्पूर वि [दुष्पूर] जो कठिनाई से पूरा किया जा सके।

दुप्पेक्ख देखो दुपेच्छ।

दुप्पेक्खणिज्ज वि [दुष्प्रेक्षणीय] कष्ट से दर्शनीय।

दुप्पेच्छ देखो दुपेच्छ ।

दुप्पोलिय देखो दुप्पउलिअ ।

दुप्फड वि [दुष्फट्] मुश्किल से फटने-योग्य ।

दुप्फरिस } वि [दुःस्पर्श] जिसका स्पर्श
दुप्फास } खराब हो वह ।
दुफास }

दुफास वि [द्विस्पर्श] स्निग्ध और शीत आदि अविरुद्ध दो स्पर्शों से युक्त ।

दुब्बद्ध वि [दुर्बद्ध] खराब रीति से बँधा हुआ ।

दुब्बल वि [दुर्बल] निर्बल । °पच्चवमित्त पुं न [°प्रत्यवमित्र] दुर्बल की मदद करनेवाला ।

दुब्बलिय वि [दुर्बलिक] निर्बल । °पूसमित्त पुं [°पुष्यमित्र] एक जैन आचार्य ।

दुब्बलिय न [दौर्बल्य] श्रम, थाक ।

दुब्बुद्धि वि [दुर्बुद्धि] दुष्ट बुद्धिवाला, खराब नियतवाला । स्त्री. खराब बुद्धि, दुष्ट नियत ।

दुब्बोल्ल पुं [दे] उपालम्भ ।

दुब्भ वि [दुग्ध] दोहा हुआ । न. दोहन ।

दुब्भ° देखो दुह = दुह् का कर्म ।

दुब्भग वि [दुर्भग] कमनसीब । अप्रिय, अनिष्ट । °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष जिसके उदय से उपकार करनेवाला भी लोगों को अप्रिय होता है । °करा स्त्री. दुर्भग बनानेवाली विद्या-विशेष ।

दुब्भग्ग न [दौर्भाग्य] दुर्भगता, लोक में अप्रियता ।

दुब्भरणि स्त्री [दुर्भरणि] दुःख से निर्वाह ।

दुब्भाव पुं [दुर्भाव] हेय पदार्थ । असद्-भाव, खराब-असर ।

दुब्भाव पुं [द्विभाव] विभाग, जुदाई ।

दुब्भाव पुं [द्विर्भाव] द्वित्व, दुगुनापन ।

दुब्भासिय न [दुर्भाषित] खराब वचन ।

दुब्भि पुंन [दुरभि] खराब गन्ध । वि. अशुभ, असुन्दर । वि. दुर्गन्धि । °गंध [°गन्ध] पूर्वोक्त अर्थ । °सद्द पुंन [°शब्द] खराब शब्द ।

दब्भिक्ख पुंन [दुर्भिक्ष] अकाल । भिक्षा का अभाव । वि. जहाँ पर भिक्षा न मिल सके वह देश आदि ।

दुब्भिज्ज देखो दुब्भेज्ज ।

दुब्भूइ स्त्री [दुर्भूति] अमंगल ।

दुब्भूय पुंन [दुर्भूत] नुकसान करनेवाला जन्तु—टिड्डी वगैरह । न. अशिव ।

दुब्भूय वि [दुर्भूत] दुराचारी ।

दुब्भेज्ज वि [दुर्भेद्य] तोड़ने को अशक्य ।

दुब्भेय वि [दुर्भेद] ऊपर देखो ।

दुभग देखो दुब्भग ।

दुभव न [द्विभव] वर्तमान और आगामी जन्म ।

दुभाग पुं [द्विभाग] आधा ।

दुम सक [धवलय्] सफेद करना । चूना आदि से पोतना ।

दुम पुं [द्रुम] वृक्ष । चमरेन्द्र के पदातिसैन्य का एक अधिपति । राजा श्रेणिक का एक पुत्र । न. एक देव-विमान । °कंत न[°कान्त] एक विद्याधरनगर । °पत्त न [°पत्र] वृक्ष का पत्ता । 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन । °पुप्फिया स्त्री [°पुष्पिका] 'दशवैकालिक' सूत्र का पहला अध्ययन । °राय पुं [°राज] उत्तम वृक्ष । °सेण पुं [सेन] राजा श्रेणिक का एक पुत्र । नववें बलदेव और वासुदेव के पूर्व-जन्म के धर्म-गुरु ।

दुमंतय पुं [दे] केश-बन्ध, धम्मिल्ल—बँधी चोटी, जूड़ा ।

दुमण न [धवलन] चूना आदि से लेपन, सफेद करना ।

दुमणी स्त्री [दे] सुधा । चूना ।

दुमत्त वि [द्विमात्र] दो मात्रावाला स्वरवर्ण ।

दुमासिय वि [द्वैमासिक] दो मास का, दो मास-सम्बन्धी ।

दुमिल देखो दुम्मिल ।

दुमुह पुं [द्विमुख] एक राजर्षि ।
दुमुह देखो दुम्मुह = दुर्मुख ।
दुमुहुत्त पुंन [दुर्मुहूर्त] खराब मुहूर्त ।
दुमोक्ख वि [दुर्मोक्ष] जो दुःख से छोड़ा जा सके ।
दुम्म देखो दूम = दावय् ।
दुम्मइ वि [दुर्मति] दुष्ट बुद्धिवाला ।
दुम्मइणी स्त्री [दे] झगड़ाखोर स्त्री ।
दुम्मण वि [दुर्मनस्] खिन्नमनस्क, उद्विग्न-चित्त, उदास । दीनतायुक्त । द्वेष-युक्त ।
दुम्मण अक [दुर्मनाय्] उद्विग्न होना, उदास होना ।
दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] उदासी, उद्वेग, चिन्ता, बेचैनी ।
दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] दुष्ट मनो-भाव, मन का दुष्ट विकार, दुर्जनता ।
दुम्मय पुं [द्रमक] भिखारी ।
दुम्महिला स्त्री [दुर्महिला] दुष्ट स्त्री ।
दुम्माण पुं [दुर्मान] झूठा अभिमान, निन्दित गर्व ।
दुम्मार पुं [दुर्मार] भयंकर ताड़न ।
दुम्मारि स्त्री [दुर्मारि] उत्कट मारी-रोग ।
दुम्मारुय पुं [दुर्मारुत] दुष्ट पवन ।
दुम्मिअ वि [दून] उपतापित, पीड़ित ।
दुम्मिल स्त्रीन [दुर्मिल] छन्द-विशेष ।
दुम्मुह देखो [दुमुह] = द्विमुख ।
दुम्मुह पुं [दुर्मुख] बलदेव का धारणी-देवी से उत्पन्न एक पुत्र ।
दुम्मुह पुं [दे] वानर ।
दुम्मेह वि [दुर्मेधस्] दुर्बुद्धि ।
दुम्मोअ वि [दुर्मोक] दुःख से छोड़ाने-योग्य ।
दुयणु देखो दुअणुअ ।
दुरइक्कम वि [दुरतिक्रम] दुर्लंघ्य ।
दुरइक्कमणिज्ज वि [दुरतिक्रमणीय] ऊपर देखो ।
दुरंत वि [दुरन्त] जिसका परिणाम—विपाक खराब हो वह । जिसका विनाश कष्ट-साध्य हो वह ।
दुरंदर वि [दे] दुःख से उत्तीर्ण ।
दुरक्ख वि [दुरक्ष] जिसकी रक्षा करना कठिन हो वह ।
दुरक्खर वि [दुरक्षर] परुष, कठोर, कड़ा (वचन) ।
दुरग्गह पुं [दुराग्रह] कदाग्रह ।
दुरज्झवसिय न [दुरध्यवसित] दुष्ट चिन्तन ।
दुरणुचर वि [दुरनुचर] दुष्कर ।
दुरणुपाल वि [दुरनुपाल] जिसका पालन कष्ट-साध्य हो ।
दुरप्प पुं [दुरात्मन्] दुर्जन ।
दुरब्भास पुं [दुरभ्यास] खराब आदत ।
दुरभि देखो दुब्भि ।
दुरभिगम वि. कष्ट-गम्य । दुर्बोध ।
दुरमच्च पुं [दुरमात्य] दुष्ट मन्त्री ।
दुरवगम वि. दुर्बोध ।
दुरवगम्म देखो दुरवगम ।
दुरवगाह वि. जहाँ प्रवेश करना कठिन हो वह ।
दुरस वि [दुरस] खराब स्वादवाला ।
दुरसण पुं [द्विरसन] सर्प । दुर्जन ।
दुरहि देखो दुरभि ।
दुरहिगम देखो दुरभिगम ।
दुरहिगम्म वि [दुरभिगम्य] दुर्बोध ।
दुरहियास वि [दुरध्यास, दुरधिसह] दुस्सह ।
दुराणण पुं [दुरानन] विद्याधर वंश का एक राजा ।
दुराणुवत्त वि [दुरनुवर्त] जिसका अनुवर्तन कष्ट-साध्य हो वह ।
दुराय न [द्विरात्र] दो रात ।
दुरायार वि [दुराचार] दुराचारी । पुं. दुष्ट आचरण ।
दुराराह वि [दुराराध] दुःख से आराध्य ।
दुरारोह वि. जिस पर दुःख से चढ़ा जा सके वह, दुरध्यास ।

दुरालोअ पुं [दे] अन्धकार ।
दुरालोअ वि [दुरालोक] जो दुःख से देखा जा सके, देखने को अशक्य ।
दुरालोयण वि [दुरालोकन] ऊपर देखो ।
दुरावह वि. दुर्धर, दुर्वह ।
दुरास वि [दुराश] दुष्ट आशावाला । खराब इच्छावाला ।
दुरासय वि [दुराशय] दुष्ट आशयवाला ।
दुरासय वि [दुराश्रय] दुःख से जिसका आश्रय किया जा सके वह आश्रय करने को अशक्य ।
दुरासय वि [दुरासद] दुर्लभ । दुर्जय । दुःसह ।
दुरिअ न [दुरित] पाप ।
दुरिअ न [दे] शीघ्र ।
दुरिआरि स्त्री [दुरितारि] भगवान् सम्भवनाथ की शासनदेवी ।
दुरिक्ख वि [दुरीक्ष] देखने को अशक्य ।
दुरिट्ठ न [दुरिष्ट] खराब नक्षत्र । खराब यजन—याग ।
दुरुक्क वि [दे] थोड़ा पीसा हुआ, ठीक-ठीक नहीं पीसा हुआ ।
दुरुढुल्ल सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना । गँवाई हुई चीज की खोज में घूमना ।
दुरुत्त न [दुरुक्त] दुष्ट वचन ।
दुरुत्त वि [द्विरुक्त] पुनरुक्त । दो बार कहने-योग्य ।
दुरुत्तर वि. दुस्तर, दुर्लंघ्य । न. दुष्ट उत्तर, अयोग्य जवाब ।
दुरुत्तर वि [द्वि-उत्तर] दो से अधिक । °सय वि [°शततम] एक सौ दो वाँ ।
दुरुत्तार वि. दुःख से पार करने-योग्य ।
दुरुद्धर वि. जिसका उद्धार कठिनाई से हो वह ।
दुरुवणीय वि [दुरुपनीत] जिसका उपनय दूषित हो ऐसा (उदाहरण) ।
दुरुवयार वि [दुरुपचार] जिसका उपचार कष्ट-साध्य हो वह ।

दुरुव्वा स्त्री [दूर्वा] तृण-विशेष, दूब ।
दुरुह सक [आ+रुह्] आरूढ़ होना, चढ़ना ।
दुरूढ वि [आरूढ] अधिरूढ़ ।
दुरूव वि [दूरूप] कुरूप । मलमूत्र का कर्दम । अशुचि आदि खराब वस्तु ।
दुरूह देखो दुरुह ।
दुरेह पुं [द्विरेफ] भौंरा ।
दुरोअर न [दुरोदर] द्यूत ।
दुरोदर देखो दुरोअर ।
दुलंघ देखो दुल्लंघ ।
दुलंभ देखो दुल्लंभ ।
दुलह वि [दुर्लभ] जिसकी प्राप्ति दुःख से हो सके वह । पुं. एक वणिक्-पुत्र । देखो दुल्लह ।
दुलि पुंस्त्री [दे] कच्छप ।
दुल्ल न [दे] वस्त्र ।
दुल्लंघ वि [दुर्लङ्घ] जिसका उल्लंघन कठिनाई से हो सके वह, अलंघनीय ।
पडिंसुद वि [प्रतिश्रुत] स्वीकृत ।

पडिकंटय वि [प्रतिकण्टक] प्रतिस्पर्धी ।

पडिकंत देखो पडिक्कंत ।

पडिकत्तु वि [प्रतिकर्तृ] इलाज करनेवाला ।

पडिकप्प सक [प्रति + कृप्] सजावट करना ।

पडिकम देखो पडिक्कम ।

पडिकमय न. देखो पडिक्कमय ।

पडिकम्म न [प्रतिकर्मन्, परिकर्मन्] देखो परिकम्म ।

पडिकय वि [प्रतिकृत] जिसका बदला चुकाया गया हो वह । न. प्रतीकार, बदला ।

पडिकाउं } पडिअर = प्रति + कृ के
पडिकाऊण } कृदन्त ।

पडिकामणा देखो पडिक्कामणा ।

पडिकाय पुं [प्रतिकाय] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा ।

पडिकिदि स्त्री [प्रतिकृति] इलाज । बदला । प्रतिबिम्ब, मूर्त्ति ।

पडिकिय न [प्रतिकृत] ऊपर देखो ।

पडिकिरिया स्त्री [प्रतिक्रिया] प्रतीकार, बदला ।

पडिकुट्ठ } वि [प्रतिकुष्ट] निषिद्ध ।
पडिकुट्ठिल्लग } प्रतिकूल ।

पडिकुट्ठेल्लग देखो पडिकुट्ठिल्लग ।

पडिकूड देखो पडिकूल = प्रतिकूल ।

पडिकूल सक [प्रतिकूलय्] प्रतिकूल आचरण करना ।

पडिकूल वि [प्रतिकूल] विपरीत । अनभिमत । विपक्ष ।

पडिकूवग पुं [प्रतिकूपक] कूप के समीप का छोटा कूप ।

पडिकेसव पुं [प्रतिकेशव] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव ।

पडिकोस सक [प्रति + कुश्] आक्रोश करना, कोसना, शाप या गाली देना ।

पडिकोह पुं [प्रतिक्रोध] गुस्सा ।

पडिक्क न [प्रत्येक] हर एक ।

पडिक्कंत वि [प्रतिक्रान्त] पीछे हटा हुआ । निवृत्त ।

पडिक्कम अक [प्रति + क्रम्] निवृत्त होना, पीछे हटना ।

पडिक्कम पुं [प्रतिक्रम] देखो पडिक्कमण ।

पडिक्कमण न [प्रतिक्रमण] निवृत्ति, व्यावर्त्तन । प्रमाद-वश शुभ योग से गिर कर अशुभ योग को प्राप्त करने के बाद फिर से शुभ योग को प्राप्त करना । अशुभ व्यापार से निवृत्त होकर उत्तरोत्तर शुद्ध योग में वर्तन । मिथ्या-दुष्कृत-प्रदान किए हुए पाप का पश्चात्ताप । जैन साधु और गृहस्थों का सुबह और शाम को करने का एक आवश्यक अनुष्ठान ।

पडिक्कमय वि [प्रतिक्रामक] प्रतिक्रमण करनेवाला ।

पडिक्कमिउं देखो पडिक्कम । °काम वि. प्रतिक्रमण करने की इच्छावाला ।

पडिक्कय पुं [दे] प्रतिक्रिया, प्रतीकार ।

पडिक्कामणा स्त्री [प्रतिक्रमणा] देखो पडिक्कमण ।

पडिक्कूल देखो पडिकूल ।

पडिक्ख सक [प्रति + ईक्ष्] प्रतीक्षा करना । अक. स्थिति करना ।

पडिक्खअ वि [प्रतीक्षक] बाट जोहनेवाला ।

पडिक्खंभ पुं [प्रतिस्तम्भ] आगल ।

पडिक्खण न [प्रतीक्षण] प्रतीक्षा ।

पडिक्खर वि [दे] क्रूर । प्रतिकूल ।

पडिक्खल अक [प्रति + स्खल्] हटना । गिरना । रुकना । सक. रोकना ।

पडिक्खलण न [प्रतिस्खलन] पतन । अवरोध ।

पडिक्खलिअ वि [प्रतिस्खलित] परावृत्त, पीछे हटा हुआ । रुका हुआ । देखो पडिखलिअ ।

पडिक्खाविअ वि [प्रतीक्षित] स्थापित ।

पडिक्खित्त वि [परिक्षिप्त] विस्तारित ।

पडिखंध न [दे] जल-वहन, जल भरने का दृति आदि पात्र ।

पडिखंधी स्त्री [दे] ऊपर देखो ।

पडिखद्ध वि [दे] हत, मारा हुआ ।

पडिखल देखो पडिक्खल ।

पडिखिज्ज अक [परि + खिद्] खिन्न होना, क्लान्त होना ।

पडिगमण न [प्रतिगमन] व्यावर्तन, पीछे लौटना ।

पडिगय पुं [प्रतिगज] प्रतिपक्षी हाथी।
पडिगय पुं [प्रतिगत] पीछे लौटा हुआ।
पडिगह देखो पडिग्गह।
पडिगाह सक [प्रति + ग्रह्] ग्रहण करना, स्वीकार करना।
पडिगाहग वि [प्रतिग्राहक] ग्रहण करनेवाला।
पडिग्गह पुं [पतद्ग्रह, प्रतिग्रह] पात्र, भाजन। वह प्रकृति जिसमें दूसरी प्रकृति का कर्म-दल परिणत होता है। °धारि वि [°धारिन्] पात्र रखनेवाला।
पडिग्गहिअ वि [प्रतिग्रहिन्, पतद्ग्रहिन्] पात्रवाला।
पडिग्गहिद (शौ) वि [प्रतिगृहित, परिगृहीत] स्वीकृत।
पडिग्गाह देखो पडिगाह।
पडिग्गाह सक [प्रति + ग्राहय्] ग्रहण कराना।
पडिग्गाहय वि [प्रतिग्राहक] वापस लेनेवाला।
पडिग्घाय पुं [प्रतिघात] निरोध, अटकाव। विनाश।
पडिघाय पुं [प्रतिघात] नाश, विनाश। निराकरण, निरसन।
पडिघायग वि [प्रतिघातक] प्रतिघात करनेवाला।
पडिघोलिर वि [प्रतिघूर्णितृ] डोलनेवाला, हिलनेवाला।
पडिचंद पुं [प्रतिचन्द्र] द्वितीय चन्द्र जो उत्पात आदि का सूचक है।
पडिचक्क न [प्रतिचक्र] अनुरूप चक्र-समुदाय। देखो पडियक्क = प्रतिचक्र।
पडिचर देखो पडिअर = प्रति = चर्।
पडिचर सक [प्रति + चर्] परिभ्रमण करना।
पडिचरग पुं [प्रतिचरक] जासूस।
पडिचरणा देखो पडिअरणा।
पडिचार पुं [प्रतिचार] कला-विशेष। ग्रह आदि की गति का परिज्ञान। रोगी की सेवा-शुश्रूषा का ज्ञान।
पडिचारय पुंस्त्री [प्रतिचारक] नौकर।
पडिचोइय वि [प्रतिचोदित] प्रेरित। प्रतिभणित, जिसको उत्तर दिया गया हो वह।
पडिचोएत्तु वि [प्रतिचोदयितृ] प्रेरक।
प्रतिचोय सक [प्रति + चोदय्] प्रेरणा करना।
पडिचोयणा स्त्री [प्रतिचोदना] प्रेरणा। निर्भर्त्सना, निष्ठुरता से प्रेरणा।
पडिच्चारग देखो पडिचारय।
पडिच्छ देखो पडिक्ख।
पडिच्छ सक [प्रति + इष्] ग्रहण करना।
पडिच्छंद पुंन [प्रतिच्छन्द] मूर्ति, प्रतिबिम्ब। तुल्य, समान। °किय वि [°कृत] समान किया हुआ।
पडिच्छंद पुं [दे] मुख।
पडिच्छग वि [प्रत्येषक] ग्रहण करनेवाला।
पडिच्छण न [प्रतीक्षण] प्रतीक्षा, बाट।
पडिच्छण न [प्रत्येषण] आदान। उत्तारण, विनिवारण।
पडिच्छण्ण वि [प्रतिच्छन्न] आच्छादित, ढका हुआ।
पडिच्छय पुं [दे] समय, काल।
पडिच्छय देखो पडिच्छग।
पडिच्छयण न [प्रतिच्छदन] देखो पडिच्छायण।
पडिच्छा स्त्री [प्रतीच्छा] ग्रहण, अंगीकार।
पडिच्छायण न [प्रतिच्छादन] आच्छादन-वस्त्र। आच्छादन, आवरण।
पडिच्छाया स्त्री [प्रतिच्छाया] परछाई।
पडिच्छिअ वि [प्रतीष्ट, प्रतीप्सित] गृहीत, स्वीकृत। विशेष रूप से वाञ्छित।
पडिच्छिआ स्त्री [दे] प्रतिहारी। चिरकाल से

ब्यायी हुई भैंस।
पडिच्छिर वि [प्रतीक्षितृ] बाट देखनेवाला।
पडिच्छिय वि [प्रातीच्छिक] अपने दीक्षा-गुरु की आज्ञा लेकर दूसरे गच्छ के आचार्य के पास उनकी अनुमति से शास्त्र पढ़नेवाला मुनि।
पडिच्छिर वि [दे] सदृश।
पडिछंद देखो पडिच्छंद।
पडिछा स्त्री [प्रतीक्षा] प्रतीक्षण, बाट।
पडिछाया देखो पडिच्छाया।
पडिजंप सक [प्रति + जल्प्] उत्तर देना।
पडिजग्ग देखो पडिजागर = प्रति + जागृ।
पडिजग्गय वि [प्रतिजागरक] सेवा-शुश्रूषा करनेवाला।
पडिजग्गिय वि [प्रतिजागृत] जिसकी सेवा-शुश्रूषा की गई हो वह।
पडिजागर सक [प्रति + जागृ] सेवा-शुश्रूषा करना, निर्वाह करना, निभाना। गवेषणा करना। चिकित्सा करना।
पडिजागर पुं [प्रतिजागर] सेवा-शुश्रूषा। चिकित्सा।
पडिजायणा स्त्री [प्रतियातना] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा।
पडिजुवइ स्त्री [प्रतियुवति] स्व-समान अन्य युवति।
पडिजोग पुं [प्रतियोग] कार्मण आदि योग का प्रतिघातक योग, चूर्ण-विशेष।
पडिट्ठ वि [पटिष्ठ] अत्यन्त निपुण।
पडिट्ठविअ वि [परिस्थापित] संस्थापित।
पडिट्ठविअ वि [प्रतिष्ठापित] जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो वह।
पडिट्ठा देखो पइट्ठा।
पडिट्ठाव सक [प्रति + स्थापय्] प्रतिष्ठित करना।
पडिट्ठावअ देखो पइट्ठावय।
पडिट्ठाविद (शौ) देखो पइट्ठाविय।
पडिट्ठिअ देखो पइट्ठिय।
पडिठाण न [प्रतिस्थान] हर जगह।
पडिण देखो पडीण।
पडिणव वि [प्रतिनव] नया, नूतन।
पडिणिअंसण न [दे] रात में पहनने का वस्त्र।
पडिणिअत्त अक [प्रतिनि + वृत्] पीछे लौटना।
पडिणिअत्त, पडिणिउत्त } वि [प्रतिनिवृत्त] पीछे लौटा हुआ।
पडिणिकास वि [प्रतिनिकाश] तुल्य।
पडिणिक्खम अक [प्रतिनिर् + क्रम्] बाहर निकलना।
पडिणिग्गच्छ अक [प्रतिनिर् + गम्] बाहर निकलना।
पडिणिज्जाय सक [प्रतिनिर् + यापय्] अर्पण करना।
पडिणिभ वि [प्रतिनिभ] सदृश, बराबर। वादी की प्रतिज्ञा का खण्डन करने के लिये प्रतिवादी की तरफ से प्रयुक्त समान हेतु—युक्ति।
पडिणिवत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनि + वृत्।
पडिणिवत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनिवृत्त।
पडिणिविट्ठ वि [प्रतिनिविष्ट] द्विष्ट, द्वेष-युक्त।
पडिणिवुत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनि + वृत्।
पडिणिवुत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनिवृत्त।
पडिणिव्वत्त देखो पडिणिअत्त = प्रतिनि + वृत्।
पडिणिसंत वि [प्रतिनिश्रान्त] विश्रान्त। निलीन।
पडिणीय न [प्रत्यनीक] प्रतिपक्ष की सेना। वि. प्रतिकूल, विपक्षी, विपरीत आचरण करनेवाला।
पडिण्णत्त वि [प्रतिज्ञप्त] उक्त, कथित।
पडिण्णा देखो पइण्णा।
पडिण्णाद देखो पइण्णाद।

पडितंतवि[प्रतितन्त्र]स्व-शास्त्र में प्रसिद्ध अर्थ।
पडितणु स्त्री [प्रतितनु] प्रतिमा, प्रतिबिम्ब।
पडितप्प सक [प्रतितर्पय्] भोजनादि से तृप्त करना।
पडितप्प अक [प्रति + तप्] चिन्ता करना। खबर रखना।
पडितुट्ठ देखो परितुट्ठ।
पडितुल्ल वि [प्रतितुल्य] समान।
पडित्त देखो पलित्त = प्रदीप्त।
पडित्ताण देखो परित्ताण।
पडित्थिर वि [दे] सदृश।
पडित्थिर वि [परिस्थिर] स्थिर।
पडिथद्ध वि [प्रतिस्तब्ध] गर्वित।
पडिदंड पुं [प्रतिदण्ड] मुख्य दण्ड के समान दूसरा दण्ड।
पडिदंस सक [प्रति + दर्शय्] दिखलाना।
पडिदा सक [प्रति + दा] पीछे देना, दान का बदला देना।
पडिदासिया स्त्री [प्रतिदासिका] दासी।
पडिदिसा } स्त्री [प्रतिदिश्] विदिशा
पडिदिसि } विदिक्।
पडिदुगंछि वि [प्रतिजुगुप्सिन्] निन्दा करनेवाला। परिहार करनेवाला।
पडिदुवार न [प्रतिद्वार] हर एक द्वार। छोटा द्वार।
पडिधि देखो परिहि।
पडिनमुक्कार पुं [प्रतिनमस्कार] नमस्कार के बदले में नमस्कार—प्रणाम।
पडिनिक्खंत वि [प्रतिनिष्क्रान्त] बाहर निकला हुवा।
पडिनियत्ति स्त्री [प्रतिनिवृत्ति] वापस लौटना, प्रत्यावर्त्तन।
पडिनिवेस पुं [प्रतिनिवेश] आग्रह, कदाग्रह। गाढ़ अनुशय, पश्चात्ताप।
पडिनिसिद्ध वि [प्रतिनिषिद्ध] निवारित, हटाया हुआ।
पडिन्नव सक [प्रति + ज्ञपय्] कहना।
पडिन्नव सक [प्रति + ज्ञापय्] प्रतिज्ञा कराना। नियम दिलाना।
पडिपंथपुं[प्रतिपथ]विपरीत मार्ग। प्रतिकूलता।
पडिपंथि वि [प्रतिपन्थिन्]प्रतिकूल, विरोधी।
पडिपक्ख देखो पडिवक्ख।
पडिपडिय वि[प्रतिपतित]फिर से गिरा हुआ।
पडिपत्ति } देखो पडिवत्ति।
पडिपद्दि }
पडिपह पुं [प्रतिपथ] उन्मार्ग, विपरीत रास्ता। न. अभिमुख, सम्मुख।
पडिपाअ सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, कथन करना।
पडिपाय पुं [प्रतिपाद] मुख्य पाद को सहायता पहुँचानेवाला पाद।
पडिपाहुड न [प्रतिप्राभृत] बदले की भेंट।
पडिपिडिअ वि [दे] बढ़ा हुआ।
पडिपिल्ल सक [प्रति + क्षिप,प्रतिप्र + ईरय्] प्रेरणा करना।
पडिपिल्लण न [प्रतिप्रेरण] प्रेरणा। ढक्कन, पिधान। वि. प्रेरणा करनेवाला।
पडिपिहा देखो पडिपेहा।
पडिपीलण न [प्रतिपीडन] विशेष पीडन, अधिक दबाव।
पडिपुच्छ सक [प्रति + प्रच्छ्] पृच्छा करना। फिर से पूछना। प्रश्न का जवाब देना।
पडिपुच्छण न [प्रतिप्रच्छन] नीचे देखो।
पडिपुच्छिअ वि [प्रतिपृष्ट] जिससे प्रश्न किया गया हो वह।
पडिपुज्जिय वि [प्रतिपूजित] पूजित, अर्चित।
पडिपुत्त पुं. [प्रतिपुत्र] पोता। देखो पडिपोत्तय।
पडिपुन्न वि [प्रतिपूर्ण] परिपूर्ण, सम्पूर्ण।
पडिपूइय देखो पडिपुज्जिय।
पडिपूयग } वि [प्रतिपूजक] पूजा करने-
पडिपूयय } वाला।
पडिपूयय वि [प्रतिपूजक] प्रत्युपकार-कर्ता।

पडिपूरिय वि [प्रतिपूरित] पूर्ण किया हुआ।

पडिपेल्लण देखो पडिपिल्लण।

पडिपेल्लण न [परिप्रेरण] देखो पडिपिल्लण।

पडिपेल्लिय वि [प्रतिप्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह।

पडिपेहा सक [प्रतिपि + धा] ढकना, आच्छादन करना।

पडिपोत्तय पुं [प्रतिपुत्रक] नप्ता, नाती। देखो पडिपुत्तय।

पडिप्पह देखो पडिपह।

पडिप्फद्धि वि [प्रतिस्पर्धिन्] स्पर्धा करनेवाला।

पडिप्फलणा स्त्री [प्रतिफलना] स्खलना। संक्रमण।

पडिप्फलिअ } वि [प्रतिफलित] प्रतिबिम्बित, संक्रान्त।
पडिफलिअ }

पडिबंध सक [प्रति + बन्ध्] रोकना, अटकाना। वेष्टन करना। सेकना।

पडिबंध पुं [प्रतिबन्ध] व्याप्ति, नियम। रुकावट। विघ्न, अन्तराय। बहुमान। स्नेह, प्रीति। आसक्ति। वेष्टन।

पडिबंधअ } वि [प्रतिबन्धक] रोकनेवाला।
पडिबंधग }

पडिबद्ध वि [प्रतिबद्ध] संरुद्ध। उपजनित, उत्पादित। संसक्त, संबद्ध, संलग्न, आसक्त। सामने बँधा हुआ। व्यवस्थित। वेष्टित। समीप में स्थित। नियत, व्याप्त।

पडिबाह सक [प्रति + बाध्] रोकना।

पडिबाहिर न [प्रतिबाह्य] अनधिकारी, अयोग्य।

पडिबिंब न [प्रतिबिम्ब] परछाँही। प्रतिमा, प्रतिमूर्ति।

पडिबुज्झ अक [प्रति + बुध्] बोध पाना। जागृत होना।

पडिबुद्ध वि [प्रतिबुद्ध] बोध-प्राप्त। जागृत। न. प्रतिबोध। पुं. एक राजा का नाम।

पडिबूहणया स्त्री [प्रतिबृंहणा] उपचय, पुष्टि।

पडिबोध देखो पडिबोह = प्रतिबोध।

पडिबोह सक [प्रति + बोधय्] जगाना। बोध देना, समझाना, ज्ञान प्राप्त कराना।

पडिबोहग वि [प्रतिबोधक] बोध देनेवाला। जगानेवाला।

पडिभंग पुं [प्रतिभंग] भंग, विनाश।

पडिभंज अक [प्रति + भञ्ज्] भाँगना, टूटना।

पडिभंड न [प्रतिभाण्ड] एक वस्तु को बेचकर उसके बदले खरीदी जाती चीज।

पडिभंस सक [प्रति + भ्रंशय्] भ्रष्ट करना। च्युत करना।

पडिभग्ग वि [प्रतिभग्न] पलायित।

पडिभड पुं [प्रतिभट] प्रतिपक्षी योद्धा।

पडिभण सक [प्रति + भण्] उत्तर देना।

पडिभणिय वि [प्रतिभणित] निराकृत। न. प्रत्युत्तर, निराकरण।

पडिभम सक [प्रति, परि + भ्रम्] घूमना, पर्यटन करना।

पडिभय न [प्रतिभय] भय, डर।

पडिभा अक [प्रति‍भा] मालूम होना।

पडिभाग पुं [प्रतिभाग] अंश, भाग। प्रतिबिम्ब।

पडिभास अक [प्रति + भास्] मालूम होना।

पडिभास सक [प्रति + भाष्] उत्तर देना। बोलना, कहना।

पडिभिण्ण वि [प्रतिभिन्न] सम्बद्ध, संलग्न।

पडिभिन्न वि [प्रतिभिन्न] भेद-प्राप्त।

पडिभुअंग पुं [प्रतिभुजङ्ग] प्रतिपक्षी भुजंग—वेश्या लम्पट।

पडिभू पुं [प्रतिभू] जामिनदार।

पडिभेअ पुं [दे. प्रतिभेद] उपालम्भ, निन्दा।

पडिभोइ वि [प्रतिभोगिन्] परिभोग करनेवाला।

पडिम वि [प्रतिम] समान, तुल्य।

पडिम° देखो पडिमा। °ट्ठाइ वि [°स्थायिन्] कायोत्सर्ग में रहनेवाला। नियम-विशेष में स्थित।

पडिमंत सक [प्रति + मन्त्रय्] उत्तर देना।

पडिमल्ल पुं [प्रतिमल्ल] प्रतिपक्षी मल्ल।

पडिमा स्त्री [प्रतिमा] मूर्ति, प्रतिबिम्ब। कायोत्सर्ग। जैन-शास्त्रोक्त नियम-विशेष। °गिह न [°गृह] मन्दिर। देखो पडिम°।

पडिमाण न [प्रतिमान] जिससे सुवर्ण आदि का तौल किया जाता है वह रत्ती, मासा आदि परिमाण।

पडिमाण न [प्रतिमान] प्रतिमा, प्रतिबिम्ब।

पडिमि, पडिमिण } सक [प्रति + मा] तौल करना, माप करना। गिनती करना।

पडिमुंच सक [प्रति + मुच्] छोड़ना।

पडिमुंडणा स्त्री [प्रतिमुण्डना] निषेध, निवारण।

पडिमुक्क वि [प्रतिमुक्त] छोड़ा हुआ।

पडिमोअणा स्त्री [प्रतिमोचना] छुटकारा।

पडिमोक्खण न [प्रतिमोचन] छुटकारा।

पडिमोयग वि [प्रतिमोचक] छुटकारा करनेवाला।

पडिमोयण देखो पडिमोक्खण।

पडियक्क देखो पडिक्क।

पडियक्क न [प्रतिचक्र] युद्धकला-विशेष।

पडियग्गण न [प्रतिजागरण] सम्हाल, खबर।

पडियच्च देखो पत्तिअ = प्रति + इ।

पडियरण न [प्रतिकरण] प्रतीकार, इलाज।

पडियरिअ वि [प्रतिचरित] सेवित, सेवा किया हुआ।

पडिया स्त्री [प्रतिज्ञा] उद्देश्य। अभिप्राय।

पडिया स्त्री [पटिका] वस्त्र-विशेष।

पडियाइक्ख सक [प्रत्या + ख्या] त्याग करना।

पडियाणंद पुं [प्रत्यानन्द] बहुत आनन्द।

पडियाणय न [दे. पर्याणक] पर्याण के नीचे दिया जाता चर्म आदि का एक उपकरण।

पडियाणय न [दे. पटतानक, पर्याणक] पर्याण के नीचे रखा जाता वस्त्र आदि का एक घुड़सवारी का उपकरण।

पडियारणा स्त्री [प्रतिवारणा] निषेध।

पडियासूर अक [दे] चिढ़ना, गुस्सा होना।

पडिरअ देखो पडिरव।

पडिरंजिअ वि [दे] भग्न, टूटा हुआ।

पडिरक्खिय वि [प्रतिरक्षित] जिसकी रक्षा की गयी हो वह।

पडिरव पुं [प्रतिरव] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द।

पडिराय पुं [प्रतिराग] रक्तपन।

पडिरिग्गअ [दे] देखो पडिरंजिअ।

पडिरु अक [प्रति + रु] प्रतिध्वनि करना।

पडिरुंध, पडिरुंभ } सक [प्रति + रुध्] रोकना। व्याप्त करना।

पडिरुद्ध वि [प्रतिरुद्ध] अटकाया हुआ।

पडिरूअ, पडिरूव } वि [प्रतिरूप] मनोहर। प्रशस्त रूपवाला, श्रेष्ठ आकृतिवाला। नूतन रूपवाला। योग्य। सदृश, समान। समान रूपवाला। न. प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्ति। समान आकृति। पुं. भूत-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र। विनय का एक भेद।

पडिरूवंसि वि [प्रतिरूपिन्] रमणीय।

पडिरूवग पुंन [प्रतिरूपक] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा।

पडिरूवणया स्त्री [प्रतिरूपणता] सादृश्य। समान वेष-धारण।

पडिरूवा स्त्री [प्रतिरूपा] एक कुलकर पुरुष की पत्नी का नाम।

पडिरोव पुं [प्रतिरोप] पुनरारोपण।

पडिरोह पुं [प्रतिरोध] रुकावट, रोकना।

पडिलंभ सक [प्रति + लभ्] प्राप्त करना, लाभ होना।

पडिलग्ग वि [प्रतिलग्न] लगा हुआ, सम्बद्ध।

पडिलग्गल न [दे] वल्मीक।

पडिलभ सक [प्रति + लभ्] प्राप्त करना।

पडिलाभ, पडिलाह } सक [प्रति + लाभय्, लम्भय्] साधु आदि को दान देना।

पडिलिहिअ वि [प्रतिलिखित] लिखा हुआ।

पडिलीण वि [प्रतिलीन] अत्यन्त लीन।
पडिलेह सक [प्रति+लेखय्] निरीक्षण करना, देखना। विचार करना। निरूपण करना। अवलोकन करना।
पडिलेहग देखो पडिलेहय।
पडिलेहणी स्त्री [प्रतिलेखनी] साधु का एक उपकरण।
पडिलेहय वि [प्रतिलेखक] निरीक्षक, देखनेवाला।
पडिलोम वि [प्रतिलोम] प्रतिकूल। विपरीत। न. पश्चादानुपूर्वी, उलटा-क्रम। उदाहरण का एक दोष। अपवाद।
पडिलोमइत्ता अ [प्रतिलोमयित्वा] वाद-विशेष, वादसभा के सदस्य या प्रतिवादी को प्रतिकूल बनाकर किया जाता वाद—शास्त्रार्थ।
पडिल्ली स्त्री [दे] वृति, बाड़। यवनिका।
पडिव देखो पलीव = प्र = दीपय्।
पडिवइर न [प्रतिवैर] वैर का बदला।
पडिवई देखो पडिवया।
पडिवंचण न [प्रतिवञ्चन] बदला।
पडिवंथ देखो पडिपंथ।
पडिवंध देखो पडिबंध।
पडिवंस पुं [प्रतिवंश] छोटा बाँस।
पडिवक्क सक [प्रति+वच्] प्रत्युत्तर देना।
पडिवक्ख पुं [प्रतिपक्ष] दुश्मन; विरोधी। छन्द-विशेष। विपर्यय, वैपरीत्य।
पडिवक्खिय वि [प्रतिपक्षिक] विरुद्ध-पक्षवाला, विरोधी।
पडिवच्च सक [प्रति+व्रज्] वापस जाना।
पडिवच्छ देखो पडिवक्ख।
पडिवज्ज सक [प्रति+पद्] स्वीकार करना। प्रतिपादन करना।
पडिवज्जण न [प्रतिपादन] स्वीकार करवाना।
पडिवज्जय वि [प्रतिपादक] स्वीकार करनेवाला।
पडिवज्जावण न[प्रतिपादन]स्वीकार कराना।
पडिवट्टअ न [प्रतिपट्टक] एक प्रकार का रेशमी कपड़ा।
पडिवड्ढावअ वि [प्रतिवर्धापक] बधाई देने पर उसे स्वीकार कर धन्यवाद देनेवाला। बधाई के बदले में बधाई देनेवाला।
पडिवण्ण वि [प्रतिपन्न] प्राप्त। अंगीकृत। आश्रित। जिसने स्वीकार किया हो वह।
पडिवत्त पुं [परिवर्त्त] परिवर्त्तन।
पडिवत्तण देखो पडिअत्तण।
पडिवत्ति स्त्री [प्रतिपत्ति] परिच्छित्ति। प्रकृति, प्रकार। प्रवृत्ति, खबर। ज्ञान। आदर, गौरव। स्वीकार। प्राप्ति। मतान्तर। अभिग्रह-विशेष। भक्ति, सेवा। परिपाटी, क्रम। श्रुत-विशेष, गति, इन्द्रिय आदि द्वारों में से किसी एक द्वार के जरिये समस्त संसार के जीवों को जानना। °समास पुं. श्रुत-ज्ञान-विशेष—गति आदि दो चार द्वारों के जरिये जीवों का ज्ञान।
पडिवत्तुं पडिवज्ज का हेकृ.।
पडिवद्दि देखो पडिवत्ति।
पडिवद्धावअ देखो पडिवड्ढावअ।
पडिवन्निय (अप) देखो पडिवण्ण।
पडिवय अक [प्रति+पत्] ऊँचे जाकर गिरना।
पडिवय सक [प्रति+वच्] उत्तर देना।
पडिवयण न [प्रतिवचन] प्रत्युत्तर, जवाब। आदेश, आज्ञा। पुं. हरिवंश के एक राजा का नाम।
पडिवया स्त्री[प्रतिपत्]पक्ष की पहली तिथि।
पडिवविय वि [प्रत्युप्त] फिर से बोया हुआ।
पडिवस अक [प्रति+वस्] निवास करना।
पडिवसभ पुं [प्रतिवृषभ] मूल स्थान से दो कोस की दूरी पर स्थित गाँव।
पडिवह सक [प्रति+वह्] वहन करना,

ढोना।
पडिवह देखो पडिपह।
पडिवह पुं [प्रतिवध, परिवध] वध, हत्या।
पडिवा देखो पडिवया।
पडिवाइ वि [प्रतिवादिन्] प्रतिवाद करनेवाला, वादी का विपक्षी।
पडिवाइ वि [प्रतिपादिन्] प्रतिपादन करनेवाला।
पडिवाइ वि [प्रतिपातिन्] विनश्वर। फूंक से दीपक के प्रकाश के समान एकाएक नष्ट होनेवाला अवधिज्ञान।
पडिवाइय देखो पडिवाइ = प्रतिपातिन्।
पडिवाडि देखो परिवाडि।
पडिवाद (शौ) सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, निरूपण करना।
पडिवादय वि [प्रतिपादक] प्रतिपादन करनेवाला।
पडिवाय सक [प्रति + वाचय्] लिखने के बाद उसे पढ़ लेना। फिर से पढ़ लेना।
पडिवाय सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, निरूपण करना।
पडिवाय पु. [प्रतिपात] पुनः-पतन, फिर से गिरना। नाश।
पडिवाय पुं [प्रतिवाद] विरोध।
पडिवाय पुं [प्रतिवात] प्रतिकूल पवन।
पडिवारय देखो परिवार।
पडिवाल सक [प्रति + पालय्] प्रतीक्षा करना। रक्षण करना।
पडिवास पुं [प्रतिवास] औषध आदि को विशेष उत्कृष्ट बनानेवाला चूर्ण आदि।
पडिवासर न [प्रतिवासर] हर रोज।
पडिवासुदेव पुं [प्रतिवासुदेव] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा।
पडिविक्किण सक [प्रतिवि + क्री] बेचना।
पडिविज्जा स्त्री [प्रतिविद्या] विरोधी विद्या।
पडिवित्थर पुं [प्रतिविस्तर] परिकर, विस्तार।

पडिविद्धंसण न [प्रतिविध्वंसन] विनाश।
पडिविप्पिय न [प्रतिविप्रिय] अपकार का बदला, बदले के रूप में किया जाता अनिष्ट।
पडिविरइ स्त्री [प्रतिविरति] निवृत्ति।
पडिविरय वि [प्रतिविरत] निवृत्त।
पडिविसज्ज सक [प्रतिवि + सर्जय्] विसर्जन करना, विदा करना।
पडिविहाण न [प्रतिविधान] प्रतीकार।
पडिवुज्झमाण पडिवह = प्रति + वह् का कवकृ.।
पडिवुत्त वि [प्रत्युक्त] न. प्रत्युत्तर।
पडिवुद (शौ) वि [परिवृत्त] परिकरित।
पडिवूद पुं [प्रतिव्यूह] व्यूह का प्रतिपक्षी व्यूह, सैन्य-रचना-विशेष।
पडिवूहण वि [प्रतिबृंहण] बढ़नेवाला। न. वृद्धि, पुष्टि।
पडिवेस पुं [दे] विक्षेप, फेंकना।
पडिवेसिअ वि [प्रतिवेश्मिक] पड़ोसी।
पडिवोह देखो पडिवोह।
पडिसंका स्त्री [प्रतिशङ्का] भय, शंका।
पडिसंखा सक [प्रतिसं + ख्या] व्यवहार करना, व्यपदेश करना।
पडिसंखिव सक [प्रतिसं + क्षिप्] संक्षेप करना।
पडिसंखेव सक [प्रतिसं + क्षेपय्] सकेलना, समेटना।
पडिसंचिक्ख सक [प्रतिसम् + ईक्ष्] चिन्तन करना।
पडिसंजल सक [प्रतिसं + ज्वालय्] उद्दीपित करना।
पडिसंत वि [परिशान्त] शान्त, उपशान्त।
पडिसंत वि [प्रतिश्रान्त] विश्रान्त।
पडिसंत वि [दे] प्रतिकूल। अस्तमित।
पडिसंध, पडिसंधया } सक [प्रतिसं + धा] फिर से साँधना। उत्तर देना। अनुकूल करना।

पडिसंध, पडिसंधा } सक [प्रतिसं+धा] आदर करना। स्वीकार करना।

पडिसंमुह न [प्रतिसम्मुख] सम्मुख।

पडिसंलाव पुं [प्रतिसंलाप] प्रत्युत्तर, जवाब।

पडिसंलीण वि [प्रतिसंलीन] सम्यक् लीन, अच्छी तरह लीन। निरोध करनेवाला संयत।

°पडिया स्त्री [°प्रतिमा] क्रोध आदि का निरोध करने की प्रतिज्ञा।

पडिसंविक्ख सक [प्रतिसंवि+ईक्ष्] विचार करना।

पडिसंवेद, पडिसंवेय } सक [प्रतिसं+वेदय्] अनुभव करना।

पडिसंसाहणया स्त्री [प्रतिसंसाधना] अनुगमन।

पडिसंहर सक [प्रतिसं+हृ] निवृत्त करना। निरोध करना।

पडिसक्क देखो परिसक्क।

पडिसडण न [प्रतिशदन,परिशदन] सड़ जाना। विनाश।

पडिसडिय वि [परिशटित] जो सड़ गया हो, जो विशेष जीर्ण हुआ हो वह।

पडिसत्तु पुं [प्रतिशत्रु] प्रतिपक्षी, दुश्मन।

पडिसत्थ पुं [प्रतिसार्थ] प्रतिकूल यूथ।

पडिसद्द पुं [प्रतिशब्द] प्रतिध्वनि। प्रत्युत्तर।

पडिसद्दिय वि [प्रतिशब्दित] प्रतिध्वनियुक्त।

पडिसम अक [प्रति+शम्] विरत होना।

पडिसमाहर सक [प्रतिसमा+हृ] पीछे खींच लेना।

पडिसय पुं [प्रतिश्रय] उपाश्रय, साधु का निवास-स्थान।

पडिसर पुं [प्रतिसर] सैन्य का पश्चाद्भाग। हस्त-सूत्र, वह धागा जो विवाह से पहले वर-वधू के हाथ में रक्षार्थ बाँधते हैं, कंकण।

पडिसरीर न [प्रतिशरीर] प्रतिमूर्ति।

पडिसलागा स्त्री [प्रतिशलाका] पल्य-विशेष।

पडिसव सक [प्रति+शप्] शाप के बदले में शाप देना।

पडिसव सक [प्रति+श्रु] प्रतिज्ञा करना। स्वीकार करना। आदर करना।

पडिसवत्त वि [प्रतिसपत्न] विरोधी शत्रु।

पडिसा अक [शम्] शान्त होना।

पडिसा अक [नश्] भागना, पलायन होना।

पडिसाइल्ल वि [दे] जिसका गला बैठ गया हो, घर्घर कण्ठवाला।

पडिसाड सक [प्रति+शादय्, परिशाटय्] सड़ाना। पलटाना। नाश करना।

पडिसाडणा स्त्री [परिशाटना] च्युत करना, भ्रष्ट करना।

पडिसाम अक [शम्] शान्त होना।

पडिसाय वि [शान्त] शम-प्राप्त।

पडिसाय पुं [दे] घर्घर कण्ठ।

पडिसार सक [प्रतिस्मारय्] याद दिलाना।

पडिसार सक [प्रति+सारय्] सजाना।

पडिसार सक [प्रति+सारय्] खिसकाना, हटाना, अन्य स्थान में ले जाना।

पडिसार पुं [दे] पटुता। वि. निपुण, चतुर।

पडिसार पुं [प्रतिसार] सजावट। अपसरण। विनाश। पराङ्मुखता। अपसारण।

पडिसारी स्त्री [दे] परदा।

पडिसाह सक [प्रति+कथय्] उत्तर देना।

पडिसाहर सक [प्रतिसं+हृ] निवृत्त करना। विनाश करना। सकेलना, समेटना। वापस ले लेना। ऊँचे ले जाना।

पडिसिद्ध वि [दे] डरा हुआ। भग्न, त्रुटित।

पडिसिद्ध वि [प्रतिषिद्ध] निषिद्ध, निवारित।

पडिसिद्धि स्त्री [दे] प्रतिस्पर्धा।

पडिसिद्धि स्त्री [प्रतिसिद्धि] अनुरूप सिद्धि। प्रतिकूल सिद्धि।

पडिसिद्धि देखो पडिप्फद्धि।

पडिसिलोग पुं [प्रतिश्लोक] श्लोक के उत्तर में कहा गया श्लोक।

पडिसिविणअ पुं [प्रतिस्वप्नक] स्वप्न का प्रतिकूल स्वप्न।

पडिसीसअ } न [प्रतिशीर्षक] शिरोवेष्टन। पडिसीसक } सिर के प्रतिरूप सिर, पिसान (आटा) आदि का बनाया हुआ सिर।

पडिसुइ पुं [प्रतिश्रुति] ऐरवत वर्ष के एक भावी कुलकर। भरतक्षेत्र में उत्पन्न एक कुलकर पुरुष का नाम।

पडिसुण सक [प्रति+श्रु] प्रतिज्ञा करना। स्वीकार करना।

पडिसुणण स्त्रीन [प्रतिश्रवण] सुनाना, सुनकर उसका जवाब देना, प्रत्युत्तर। श्रवण।

पडिसुणणा स्त्री [प्रतिश्रवण] अंगीकार, स्वीकार। मुनि-भिक्षा का एक दोष, आधा-कर्म-दोषवाली भिक्षा लाने पर उसका स्वीकार और अनुमोदन।

पडिसुण्ण वि [प्रतिशून्य] खाली।

पडिसुत्ति वि [दे] प्रतिकूल।

पडिसुद्ध वि [परिशुद्ध] अत्यन्त शुद्ध।

पडिसुय वि[प्रतिश्रुत]अंगीकृत। न. स्वीकार। देखो पडिस्सुय।

पडिसुया देखो पडंसुआ = प्रतिश्रुत।

पडिसुया स्त्री [प्रतिश्रुता] प्रव्रज्या-विशेष, एक प्रकार की दीक्षा।

पडिसुहड पुं [प्रतिसुभट] प्रतिपक्षी योद्धा।

पडिसूयग पुं [प्रतिसूचक] नगर-द्वार पर रहनेवाला जासूस।

पडिसूर वि [दे] प्रतिकूल।

पडिसूर पुं [प्रतिसूर्य] सूर्य के सामने देखा जाता उत्पातादि-सूचक द्वितीय सूर्य। इन्द्र-धनुष।

पडिसेग पुं [प्रतिषेक] नख के नीचे का भाग।

पडिसेज्जा स्त्री [प्रतिशय्या] उत्तर-शय्या।

पडिसेव सक [प्रति+सेव्] प्रतिकूल सेवा करना, निषिद्ध वस्तु की सेवा करना। सहन करना। सेवा करना।

पडिसेवग देखो पडिसेवय।

पडिसेवय वि [प्रतिषेवक] प्रतिकूल सेवा करनेवाला, निषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला।

पडिसेवि वि [प्रतिषेविन्] शास्त्र-प्रतिषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला।

पडिसेवेत्तु वि [प्रतिषेवितृ] प्रतिषिद्ध वस्तु की सेवा करनेवाला।

पडिसेह सक [प्रति+सिध्] निषेध करना, निवारण करना।

पडिसेह पुं [प्रतिषेध] निषेध, निवारण।

पडिसेहग वि [प्रतिषेधक] निषेध-कर्ता।

पडिसोअ } पुं [प्रतिस्रोतस्] उलटा प्रवाह। पडिसोत्त }

पडिसोत्त वि [दे] प्रतिकूल।

पडिस्संत देखो परिस्संत।

पडिस्संति स्त्री [परिश्रान्ति] परिश्रम।

पडिस्सय पुं [प्रतिश्रय] जैन साधुओं को रहने का स्थान, उपाश्रय।

पडिस्सर देखो पडिसर।

पडिस्साव सक [प्रति+श्रावय्] प्रतिज्ञा कराना। स्वीकार कराना।

पडिस्सावि वि [प्रतिस्राविन्] झरनेवाला, टपकनेवाला।

पडिस्सुण सक [प्रति+श्रु] सुनना। अंगीकार करना।

पडिस्सुय वि [प्रतिश्रुत] प्रतिज्ञात। स्वीकृत। देखो पडिसुय।

पडिस्सुया देखो पडंसुआ।

पडिस्सुया देखो पडिसुया = प्रतिश्रुता।

पडिहच्छ वि [दे] पूर्ण। देखो पडिहत्थ।

पडिहट्टु अ [प्रतिहृत्य] अर्पण करके।

पडिहड पुं [प्रतिभट] प्रतिपक्षी योद्धा।

पडिहण सक [प्रति+हन्] प्रतिघात करना, प्रतिहिंसा करना।

पडिहणिय देखो पडिभणिय।

पडिहत्थ वि [दे] पूर्ण, भरा हुआ। प्रतिक्रिया,

प्रतिकार, बदला। वचन, वाणी। अतिप्रभूत। अपूर्व, अद्वितीय।

पडिहत्थ सक [दे] प्रत्युपकार करना।

पडिहत्थ वि [प्रतिहस्त] तिरस्कृत।

पडिहत्थी स्त्री [दे] वृद्धि।

पडिहम्म देखो पडिहण।

पडिहय वि [प्रतिहत] प्रतिघात-प्राप्त।

पडिहर सक [प्रति+हृ] फिर से पूर्ण करना।

पडिहा अक [प्रति+भा] मालूम होना, लगना।

पडिहा स्त्री [प्रतिभा] नूतन-नूतन उल्लेख करने में समर्थ बुद्धि।

पडिहा देखो पडिहाय = प्रतिघात।

पडिहाण देखो पणिहाण।

पडिहाण न [प्रतिभान] प्रतिभा, बुद्धि-विशेष। °व वि [°वत्] प्रतिभावाला।

पडिहाय देखो पडिहा = प्रति + भा।

पडिहाय पुं [प्रतिघात] घात का बदला। निरोध।

पडिहार पुं [प्रतिहार] इन्द्र-नियुक्त देव। पुंस्त्री. दरवान।

पडिहारिय देखो पाडिहारिय।

पडिहारिय वि [प्रतिहारित] अवरुद्ध।

पडिहास अक [प्रति+भास्] मालूम होना, लगना।

पडिहास पुं [प्रतिभास] प्रतिभास, प्रतिभान।

पडिहुअ, पडिहू } पुं [प्रतिभू] जामीन, जामीनदार।

पडिहू अक [परि+भू] पराभव करना।

पडी स्त्री [पटी] वस्त्र।

पडीआर पुं [प्रतीकार] देखो पडिआर।

पडीकर सक [प्रति+कृ] प्रतिकार करना।

पडीकार देखो पडिआर।

पडीछ देखो पडिच्छ = प्रति = इष्।

पडीण वि [प्रतीचीन] पश्चिम दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला। °वाय पुं [°वात] पश्चिम की वायु।

पडीणा स्त्री [प्रतीची] पश्चिम दिशा।

पडीर पुं [दे] चोर-समूह।

पडीव वि [प्रतीप] प्रतिकूल, प्रतिपक्षी।

पडु वि [पटु] निपुण, कुशल।

पडु (अप) देखो पडिअ = पतित।

पडुआलिअ वि [दे] निपुण बनाया हुआ। ताड़ित, पिटा हुआ। धारित।

पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्क्षेप] वाद्य-ध्वनि। उत्थापन, उठान।

पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्क्षेप, प्रतिक्षेप] वाद्य-ध्वनि। क्षेप, फेंकना।

पडुच्च, पडुच्चा } अ [प्रतीत्य] आश्रय करके। अपेक्षा करके। अधिकार करके। °करण न. किसी की अपेक्षा से जो कुछ करना, आपेक्षिक कृति। °भाव पुं. सप्रतियोगिक पदार्थ, आपेक्षिक वस्तु। °वयण न [°वचन] आपेक्षिक वचन। °सच्चा स्त्री [°सत्या] सत्य भाषा का एक भेद, अपेक्षा-कृत सत्य वचन।

पडुजुवइ स्त्री [दे] युवति।

पडुत्तिया स्त्री [प्रत्युक्ति] प्रत्युत्तर, जवाब।

पडुप्पण्ण पुं [प्रत्युत्पन्न] वर्तमान काल। वि. वर्तमान काल में विद्यमान। प्राप्त। उत्पन्न।

पडुल्ल न [दे] छोटी थाली। वि. चिरप्रसूत।

पडुवइअ वि [दे] तीक्ष्ण, तेज।

पडुवत्ती स्त्री [दे] जवनिका।

पडुह देखो पड्डुह।

पडोअ वि [दे] बाल, लघु, छोटा।

पडोच्छन्न वि [प्रत्यवच्छन्न] आच्छादित।

पडोयार सक [प्रत्युप+चारय्] प्रतिकूल उपचार करना।

पडोयार पुं [दे] उपकरण।

पडोयार पुं [प्रत्युपचार] प्रतिकूल उपचार।

पडोयार पुं [प्रत्यवतार] अवतरण। आविर्भाव।

पडोयार पुं [पदावतार] किसी वस्तु का पदों में विचार के लिए अवतरण।

पडोयार पुं [प्रत्युपकार] उपकार का उपकार।

पडोयार पुं [दे] सामग्री। परिकर।

पडोल पुस्त्री [पटोल] लता-विशेष, परवल का गाछ।

पडोहर न [दे] घर का पीछला आँगन।

पड्ड वि [दे] धवल, सफेद।

पड्डंस पुं [दे] पहाड़ की गुफा।

पड्डच्छी स्त्री [दे] भैंस।

पड्डत्थी स्त्री [दे] बहुत दूधवाली। दोहनेवाली।

पड्डय पुं [दे] भैंसा, पाड़ा।

पड्डला स्त्री [दे] पाद-प्रहार।

पड्डस वि [दे] सुसंयमित।

पड्डाविअ वि [दे] समापित।

पड्डिया स्त्री [दे] छोटी भैंस, पाड़ी। छोटी गौ, बछिया। प्रथमप्रसूता गौ। नव-प्रसूता महिषी। पड्डी स्त्री [दे] प्रथम-प्रसूता।

पड्डुआ स्त्री [दे] चरण-घात।

पड्डुह अक [क्षुभ्] क्षुब्ध होना।

पढ सक [पठ्] पढ़ना, अभ्यास करना। बोलना, कहना।

पढ पुं. भारतीय देश-विशेष।

पढग वि [पाठक] पढ़नेवाला।

पढम वि [प्रथम] पहला, आद्य। नूतन। प्रधान, मुख्य। °करण न. आत्मा का परिणाम-विशेष। °कसाय पुं [°कषाय] अनन्तानुबन्धी कषाय। °ट्ठाणि, °ठाणि वि [°स्थानिन्] अव्युत्पन्न-बुद्धि, अनिष्णात। °पाउस पुं [°प्रावृष्] आषाढ़ मास। °समोसरण न [°समवसरण] वर्षा-काल। °सरय पुं [°शरत्] मार्गशीर्ष मास। °सुरा स्त्री. नयी दारू, शराब।

पढमा स्त्री [प्रथमा] प्रतिपदा तिथि, पड़वा। व्याकरण-प्रसिद्ध पहली विभक्ति।

पढमालिआ स्त्री [दे. प्रथमालिका] प्रथम भाजन।

पढाइद [शौ] नीचे देखो।

पढाव सक [पाठय्] पढ़ाना।

पढावअ वि [पाठक] अध्यापक।

पढाविअवंत वि [पाठितवत्] जिसने पढ़ाया हो वह।

पढाविउ वि [पाठयितृ] अध्यापक।

पढुक्क वि [प्रढौकित] भेंट के लिए उपस्थापित।

पढुम देखो पढम।

पढे देखो पढाव।

पण देखो पंच। °णउइ स्त्री [°नवति] पंचानबे। °तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] पैंतीस। °नुवइ देखो °णउइ। °रस त्रि. ब. [°दशन्] पनरह। °वन्निय वि [°वर्णिक] पाँच रंग का। °वीस स्त्रीन [°विंशति] पचीस। °वीसइ स्त्री [विंशति] वही अर्थ। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] पैंसठ। °सय न [°शत] पाँच सौ। °सीइ स्त्री [°शीति] पचासी। °सुन्न न [°सून] पाँच हिंसा-स्थान।

पण पुं. शर्त, होड़। प्रतिज्ञा। धन। विक्रेय वस्तु।

पण पुं [प्रण] प्रतिज्ञा।

पण } न [पञ्चक] पाँच का समूह। नीवी
पणग } तप।

पणअत्तिअ वि [दे] प्रकटित, व्यक्त किया हुआ।

पणअन्न देखो पणपन्न।

पणइ स्त्री [प्रणति] प्रणाम।

पणइ वि [प्रणयिन्] प्रणयवाला, स्नेही, प्रेमी। पुं. पति। याचक, प्रार्थी। भृत्य, दास।

पणइणी स्त्री [प्रणयिनी] पत्नी, प्रिया।

पणइय वि [प्रणयिक, प्रणयिन्] देखो पणइ = प्रणयिन्।

पणंगणा स्त्री [पणाङ्गना] वेश्या, वारांगना।

पणग न [पञ्चक] पाँच का समूह।

पणग पुं [दे. पनक] शैवाल। काई, वर्षा-काल में भूमि, काष्ठ आदि में उत्पन्न होनेवाला

एक प्रकार का जल-मैल। सूक्ष्म पंक। देखो पणय (दे)। °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] नदी आदि के पूर के खतम होने पर रह जाती कोमल चिकनी मिट्टी।

पणच्च अक [प्र + नृत्] नृत्य करना।

पणच्चिअ वि [प्रनृत्तित] नाचा हुआ, जिसका नाच हुआ हो वह।

पणच्चिअ वि [प्रनर्त्तित] नचाया हुआ।

पणट्ठ वि [प्रनष्ट] प्रकर्ष से नाश को प्राप्त।

पणद्ध वि [प्रणद्ध] परिगत।

पणपन्न स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन।

पणपन्नइम वि [दे. पञ्चपञ्चाश] पचपनवाँ।

पणपन्निय देखो पणवन्निय।

पणपन्निय पुं [पंचप्रज्ञप्तिक] व्यन्तर देवों की एक जाति।

पणम सक [प्र + नम्] प्रणाम करना, नमन करना।

पणमिअ वि [प्रणत] नमा हुआ। जिसने नमने का प्रारम्भ किया हो वह। जिसको नमन किया गया हो वह। [प्रणमित] नमाया हुआ।

पणय सक [प्र + णी] स्नेह करना, प्रेम करना। प्रार्थना करना।

पणय वि [प्रणत] जिसको प्रणाम किया गया हो वह। जिसने नमस्कार किया हो वह। प्राप्त। निम्न, नीचा।

पणय पुं [प्रणय] स्नेह, प्रेम। प्रार्थना। °वंत वि [°वत्] स्नेहवाला, प्रेमी।

पणय पुं [दे] पंक।

पणय पुं [दे. पनक] सेवार, तृण-विशेष। काई, जल-मैल। सूक्ष्म कर्दम।

पणयाल वि [दे. पञ्चचत्वारिंश] पैंतालीसवाँ।

पणयाल } स्त्रीन [दे. पञ्चचत्वारिंशत्] पैंतालीस।
पणयालीस }

पणव देखो पणम।

पणव पुं [प्रणव] ओंकार।

पणव पुं. पटह, ढोल, वाद्य-विशेष।

पणवणिय देखो पणवन्निय।

पणवण्ण देखो पणपन्न।

पणवन्निय पुं [पणपन्निक] व्यन्तर देवों की एक जाति।

पणमिय देखो पणमिअ = प्रणत।

पणवीसी स्त्री [पञ्चविंशतिका] पचीस का समूह।

पणस पुं [पनस] वृक्ष-विशेष, कटहल या कटहर।

पणसुंदरी स्त्री [पणसुन्दरी] वेश्या।

पणाम सक [अर्पय्] अर्पण करना, देने के लिए उपस्थित करना।

पणाम सक [प्र+नमय्] नमाना।

पणाम सक [उप+नी] उपस्थित करना।

पणाम पुं [प्रणाम] नमस्कार।

पणामणिआ स्त्री [दे] स्त्रीविषयक प्रणय।

पणामय वि [अर्पक] देनेवाला।

पणामय वि [प्रणामक] नमानेवाला। शब्द आदि विषय।

पणायक } वि [प्रणायक] ले जानेवाला।
पणायग }

पणाल पुं [प्रणाल] मोरी।

पणालिआ स्त्री [प्रणालिका] परम्परा। पानी जाने का रास्ता।

पणाली स्त्री [प्रणाली]पानी जाने का रास्ता।

पणाली स्त्री [प्रनाली] शरीर-प्रमाण लम्बी लाठी।

पणास सक [प्र+नाशय्] विनाश करना।

पणासण वि [प्रणाशन] विनाशकारक।

पणिअ वि [दे] प्रकट, व्यक्त।

पणिअ वि [प्रणीत] रचित।

पणिअ न [पणित] बेचने-योग्य वस्तु। व्यवहार। क्रय-विक्रय। शर्त, एक तरह का जुआ। °भूमि, °भूमी स्त्री. अनार्य देश-विशेष। विक्रेय वस्तु रखने का स्थान। °साला स्त्री [°शाला] हाट।

पणिअ न [पण्य] विक्रेय वस्तु। °गिह,

°घर न [°गृह] दूकान। °साला स्त्री. [°शाला] °हाट। °वण पुं [°पण] दूकान।

पणिअ वि [प्रणीत] सुन्दर। °भूमि स्त्री. मनोज्ञ भूमि।

पणिअट्ठ वि [पणितार्थ] चोर।

पणिअसाला स्त्री [पण्यशाला] गोदाम।

पणिआ स्त्री [दे] करोटिका। खोपड़ी।

पणिंदि, पणिंदिय वि [पञ्चेन्द्रिय] त्वक्, जीभ, नाक, आँख और कान—इन पाँचों इन्द्रियों वाला प्राणी।

पणिद्ध वि [प्रस्निग्ध] विशेष स्निग्ध।

पणिधाण देखो पडिहाण।

पणिधि पुंस्त्री [प्रणिधि] माया, छल। देखो पणिहि।

पणियत्थ वि [प्रणिवसित] पहना हुआ।

पणिलिअ वि [दे] हत, मारा हुआ।

पणिवइअ वि [प्रणिपतित] नत, नमा हुआ। जिसको नमस्कार किया गया हो वह।

पणिवय सक [प्रण+पत्] नमन करना, वन्दन करना।

पणिवाय पुं [प्रणिपात] वन्दन, नमस्कार।

पणिहा सक [प्रणि+धा] एकाग्र चिन्तन करना ध्यान करना। अपेक्षा करना। अवधान करना। अभिलाषा करना। चेष्टा करना, प्रयत्न करना। प्रयोग करना।

पणिहि पुंस्त्री [प्रणिधि] एकाग्रता, अवधान। कामना। पुं. चरपुरुष, दूत। चेष्टा, व्यापार। माया, कपट। व्यवस्थापन। बड़ा निधि।

पणिहिय वि [प्रणिहित] प्रयुक्त व्यापृत। व्यवस्थित।

पणीय वि [प्रणीत] निर्मित, कृत। स्निग्ध, घृत आदि स्नेह की प्रचुरतावाला। निरूपित, प्ररूपित, आख्यात। सुन्दर। सम्यग् आचरित।

पणीहाण देखो पणिहाण।

पणुल्ल देखो पणोल्ल।

पणुवीस स्त्रीन [पञ्चविंशति] पचीस की संख्या। जिनकी संख्या पचीस हो वे।

पणुवीसइम वि [पञ्चविंशतितम] पच्चीसवाँ।

पणोल्ल सक [प्र+णुद्] प्रेरणा करना। फेंकना। नाश करना।

पणोल्लय वि [प्रणोदक] प्रेरक।

पणोल्लि वि [प्रणोदिन्] प्रेरणा करनेवाला। पुं. प्राजन दण्ड, बैल इत्यादि हाँकने की लकड़ी।

पण्ण वि [प्रज्ञ] जानकार, दक्ष, निपुण।

पण्ण वि [प्राज्ञ] प्रज्ञावाला, बुद्धिमान्, दक्ष। वि. प्राज्ञ-सम्बन्धी।

पण्ण न [पर्ण] पत्ता, पत्ती।

पण्ण देखो पणिअ = पण्य।

पण्ण स्त्रीन [दे] पचास।

पण्ण देखो पंच, पण °र। °रस त्रि. ब. [°दशन्] पनरह। °रसम वि [°दश] पनरहवाँ। °रसी स्त्री [°दशी] पनरहवीं। तिथि-विशेष। °रह देखो °रस। °रह वि [°दश] पनरहवाँ। देखो पन्न = पंच।

पण्ण वि [पार्ण] पर्ण-सम्बन्धी, पत्ते का।

पण्ण° देखो पण्णा°। °व वि [°वत्] प्रज्ञा-वाला।

पण्णई [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथ की शासन-देवी।

पण्णग पुं [पन्नग] सर्प। °ासन पुं [°ाशन] गरुड़ पक्षी। °रिउ पुं [°रिपु] गरुड़ पक्षी।

पण्णग वि [दे. पन्नक] दुर्गन्धी। °तिल पुं. दुर्गन्धी तिल।

पण्णट्ठि स्त्री [पञ्चषष्टि] पैंसठ।

पण्णत्त वि [प्रज्ञप्त] निरूपित, उपदिष्ट, कथित। प्रणीत, रचित। आसेवित।

पण्णत्ति स्त्री [प्रज्ञप्ति] विद्यादेवी-विशेष। प्रकृष्ट ज्ञान। जिससे प्ररूपण किया जाय वह।

पाँचवाँ अंग-ग्रन्थ, भगवती सूत्र। सूर्य-प्रज्ञप्ति आदि उपांग-ग्रन्थ। विद्या-विशेष। प्ररूपण, प्रतिपादन। °क्खेवणी स्त्री [°क्षेपणी] कथा का एक भेद। °पक्खेवणी स्त्री [°प्रक्षेपणी] कथा का एक भेद।

पण्णपण्णिय पुं [पण्णपर्णि] व्यन्तर देवों की एक जाति।

पण्णय देखो पण्णग।

पण्णव सक [प्र+ज्ञापय्] प्ररूपण करना, उपदेश करना, प्रतिपादन करना।

पण्णवग वि [प्रज्ञापक] प्ररूपक, प्रतिपादक।

पण्णवण न [प्रज्ञापन] प्ररूपण, प्रतिपादन। शास्त्र, सिद्धान्त। वि. ज्ञापक, निरूपक।

पण्णवणा स्त्री [प्रज्ञापना] प्ररूपणा, प्रतिपादन। एक जैन आगम ग्रन्थ 'प्रज्ञापना' सूत्र।

पण्णवणी स्त्री [प्रज्ञापनी] अर्थबोधक भाषा।

पण्णवण्ण स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन।

पण्णवय देखो पण्णवग।

पण्णवेत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] प्रतिपादक, प्ररूपण करनेवाला।

पण्णा सक [प्र+ज्ञा] प्रकर्ष से जानना। अच्छी तरह जानना।

पण्णा स्त्री [प्रज्ञा] मनुष्य की दस अवस्थाओं में पाँचवीं अवस्था। बुद्धि। ज्ञान। °परिसह, °परीसह पुं [°परिषह, °परीषह] बुद्धि का गर्व न करना। बुद्धि के अभाव में खेद न करना। °मय पुं [°मद] बुद्धि का अभिमान। °वंत वि [°वत्] ज्ञानवान्।

पण्णाग वि [प्रज्ञ] विद्वान्।

पण्णाण न [प्रज्ञान] प्रकृष्ट ज्ञान। सम्यग् ज्ञान। आगम। °व वि [°वत्] ज्ञानवान्। शास्त्रज्ञ।

पण्णाराह (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह।

पण्णावीसा स्त्री [पञ्चविंशति] पचीस।

पण्णास स्त्रीन [दे. पञ्चाशत्] पचास।

पण्णासग वि [पञ्चाशक] पचास वर्ष की उम्र का।

पण्णुवीस देखो पणुवीस।

पण्ह पुंस्त्री [प्रश्न] पृच्छा। °वाहण न [°वाहन] जैन मुनि-गण का एक कुल। °वागरण न [°व्याकरण] ग्यारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ। देखो [illegible]।

पण्हुअ अक [प्र+स्नु] झरना, टपकना।

पण्हअ } पुं [दे. प्रस्नव] स्तन से दूध का
पण्हव } झरना। झरना, टपकना।

पण्हव पुं [पह्लव] अनार्य देश-विशेष। वि. उस देश का निवासी।

पण्हुविअ देखो पण्हुअ।

पण्हि पुंस्त्री [पार्ष्णि] कोली का अधोभाग, गुल्फ का नीचला हिस्सा, एड़ी।

पण्हिया स्त्री [प्रश्निका] एड़ी, गुल्फ का अधोभाग।

पण्हुअ वि [प्रस्नुत] क्षरित, झरा हुआ। जिसने झरने का प्रारम्भ किया हो वह।

पण्हुइर वि [प्रस्नोतृ] झरनेवाला।

पण्होत्तर न [प्रश्नोत्तर] सवाल-जवाब।

पतणु देखो पयणु।

पतार सक [प्र+तारय्] ठगना।

पतारग वि [प्रतारक] वञ्चक।

पतिण्ण वि [प्रतीर्ण] पार पहुँचा हुआ, निस्तीर्ण।

पतुण्ण न [प्रतुन्न] वल्कल का बना हुआ वस्त्र।

पतेरस } वि [प्रत्रयोदश] प्रकृष्ट तेरहवाँ।
पतेलस } °वास न [°वर्ष] प्रकृत तेरहवाँ वर्ष। प्रकृत तेरहवाँ वर्ष। प्रस्थित तेरहवाँ वर्ष।

पत्त वि [प्राप्त] मिला हुआ, पाया हुआ। °काल, °याल न [°काल] चैत्य-विशेष। वि. अवसरोचित।

पत्त न [पत्र] पत्ती, पत्ता, दल। पाँख।

कागज। °च्छेज्ज न [°च्छेद्य] कला-विशेष। °मंत वि [°वत्] पत्रवाला। °रह पुं [°रथ] पक्षी। °लेहा स्त्री [°लेखा] चन्दनादि से पत्र के आकृतिवाली रचना-विशेष, भूषा का एक प्रकार। °वल्ली स्त्री. पत्रवाली लता। मुँह पर चन्दन आदि से की जाती पत्र-श्रेणी-तुल्य रचना। °विंट न [°वृन्त] पत्र का बन्धन। °विंटिय वि [°वृन्तक, °वृन्तीय] पत्र वृन्त में उत्पन्न होता एक प्रकार का त्रीन्द्रिय जन्तु। °विच्छुय पुं [वृश्चिक] एक तरह का वृश्चिक, चतुरिन्द्रिय जीवों की एक जाति। °वेंट देखो °विंट। °सगडिआ स्त्री [°शकटिका] पत्तों से भरी हुई गाड़ी। °समिद्ध वि [°समृद्ध] प्रभूत पत्तेवाला। °हार पुं. त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष। °हार पुं. पत्ती पर निर्वाह करनेवाला वानप्रस्थ।

पत्त न [पात्र] भाजन। आधार, आश्रय स्थान। दान देने योग्य गुणी लोक। लगातार बत्तीस उपवास। °बंध पुं [°बन्ध] पात्रों को बाँधने का कपड़ा। देखो पाय = पात्र।

पत्त वि [प्रात्त] प्रसारित।

पत्तइअ वि [प्रत्ययित] विश्वस्त।

पत्तइअ वि [पत्रकित] अल्प पत्रवाला। कुत्सित पत्रवाला।

पत्तउर पुं [दि] वनस्पति-विशेष, एक प्रकार का गाछ।

पत्तच्छेज्ज न [पत्रच्छेद्य] बाण से पत्ती बेधने की कला। नक्काशी का काम, खोदने का काम।

पत्तट्ठ वि [दे. प्राप्तार्थ] बहु-शिक्षित, विद्वान्, अति कुशल।

पत्तट्ठ वि [दे] मनोहर।

पत्तण देखो पट्टण।

पत्तण न [दे. पत्त्रण] बाण का फलक। पुंख, बाण का मूल भाग।

पत्तणा स्त्री [दे. पत्त्रणा] ऊपर देखो। पुंख में की जाती रचना-विशेष।

पत्तणा स्त्री [प्रापणा] प्राप्ति।

पत्तपसाइआ स्त्री [दि] पत्तियों की एक तरह की पगड़ी, जिसे भील लोग पहनते हैं।

पत्तपिसालस न [दि] ऊपर देखो।

पत्तय न [पत्रक] एक प्रकार का गेय।

पत्तरक न [दि. प्रतरक] आभूषण-विशेष।

पत्तल वि [दि] तीक्ष्ण, तेज। पतला।

पत्तल वि [पत्रल] बहुत पत्तीवाला। पक्ष्मवाला।

पत्तल न [पत्र] पर्ण।

पत्तली स्त्री [दि] एक प्रकार का राज-देय।

पत्तहारय वि [पत्रहारक] पत्तों को बेचने का काम करनेवाला।

पत्ताण सक [दि] पताना, मिटाना।

पत्तामोड पुंन [आमोटपत्र] तोड़ा हुआ पत्र।

पत्ति स्त्री [प्राप्ति] लाभ।

पत्ति पुं. सेना-विशेष, जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोड़े और पाँच पैदल हों। पैदल चलनेवाली सेना।

पत्ति } सक [प्रति+इ] जानना।
पत्तिअ } विश्वास करना। आश्रय करना।

पत्तिअ वि [पत्रित] जिसमें पत्र उत्पन्न हुए हों वह।

पत्तिअ वि [प्रतीति, प्रत्ययित] प्रतीतिवाला, विश्वस्त।

पत्तिअ न [प्रीतिक] प्रीति, स्नेह।

पत्तिअ पुंन [प्रत्यय] विश्वास।

पत्तिअ न [पत्रिक] मरकत-पत्र।

पत्तिआ स्त्री [पत्रिका] पर्ण।

पत्तिआअ देखो पत्तिअ = प्रति + इ।

पत्तिआव सक [प्रति + आयय्] विश्वास कराना, प्रतीति कराना।

पत्तिग देखो पत्तिअ = प्रीतिक।

पत्तिज्ज देखो पत्तिअ = प्रति + इ।

पत्तिज्जाव देखो पत्तिआव।

पत्तिसमिद्ध वि [दे] तीक्ष्ण।

पत्ती स्त्री [दे] देखो पत्तपसाइआ ।
पत्ती स्त्री [पत्नी] भार्या ।
पत्ती स्त्री [पात्री] भाजन ।
पत्तुं पाव = प्र + आप् का हेकृ. ।
पत्तुवगद (शौ) वि [प्रत्युपगत] सामने गया हुआ । वापस गया हुआ ।
पत्तेअ } न [प्रत्येक] हर एक । एक के
पत्तेग } सामने । न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक अलग शरीर होता है । पृथक्-पृथक् । पुं. वह जीव जिसका शरीर अलग हो । °णाम न [°नामन्] देखो ऊपर का तीसरा अर्थ । °निगोयय पुं [°निगोदक] जीव-विशेष । °बुद्ध पुं. अनित्यतादि भावना के कारणभूत किसी एक वस्तु से परमार्थ का ज्ञान जिसको उत्पन्न हुआ हो ऐसा जैन मुनि । °बुद्धसिद्ध पुं. प्रत्येकबुद्ध होकर मुक्ति को प्राप्त जीव । °रस वि. विभिन्न रसवाला । °सरीर वि [°शरीर] विभिन्न शरीरवाला । न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक विभिन्न शरीर होता है । °सरीरनाम न [°शरीरनामन्] वही पूर्वोक्त अर्थ ।
पत्तेय वि [प्रत्येक] बाह्य कारण ।
पत्थ सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना । अभिलाषा करना । रोकना ।
पत्थ पुं [पार्थ] मध्यम पाण्डव अर्जुन । पाञ्चाल देश के एक राजा का नाम । भद्दिलपुर नगर का एक राजा ।
पत्थ पुं [प्रार्थ] प्रार्थन, प्रार्थना । दो दिनों का उपवास ।
पत्थ देखो पच्छ = पथ्य ।
पत्थ पुं [प्रस्थ] कुडव का एक परिमाण । सेतिका, एक कुडव का परिमाण ।
पत्थग देखो पत्थय ।
पत्थड पुं [प्रस्तर] रचना-विशेषवाला समूह । भवनों के बीच का अन्तराल भाग ।
पत्थड वि [प्रस्तृत] बिछाया हुआ, फैला हुआ ।
पत्थणया } स्त्री [प्रार्थना] वाञ्छा ।
पत्थणा } याचना । विज्ञप्ति, निवेदन ।
पत्थय वि [प्रार्थक] अभिलाषा करनेवाला ।
पत्थयण न [पथ्यदन] शम्बल, पाथेय, कलेवा ।
पत्थर सक [प्र + स्तृ] बिछाना । फैलाना ।
पत्थर पुं [प्रस्तर] पत्थर ।
पत्थर न [दे] पाद-ताडन, लात ।
पत्थर देखो पत्थार ।
पत्थरण न [प्रस्तरण] बिछौना ।
पत्थरभल्लिअ न [दे] कोलाहल करना ।
पत्थरा स्त्री [दे] चरण-घात, लात ।
पत्थरिअ पुं [दे] पल्लव, कोपल ।
पत्थव देखो पत्थाव ।
पत्था अक [प्र + स्था] प्रस्थान करना, प्रवास करना ।
पत्थार पुं [प्रस्तार] विस्तार । तृणवन । पल्लवादि-निर्मित शय्या । पिंगल-प्रसिद्ध प्रक्रिया-विशेष । प्रायश्चित्त की रचना-विशेष । विनाश ।
पत्थारी स्त्री [दे] समूह । शय्या ।
पत्थाव सक [प्र + स्तावय्] प्रारम्भ करना ।
पत्थाव पुं [प्रस्ताव] अवसर । प्रसंग, प्रकरण ।
पत्थिअ वि [प्रस्थित] जिसने प्रयाण किया हो वह । न. प्रस्थान, गति, चाल ।
पत्थिअ वि [प्रार्थित] जिसके पास प्रार्थना की गई हो वह । जिस चीज की प्रार्थना की गई हो वह ।
पत्थिअ वि [दे] शीघ्र, जल्दी करनेवाला ।
पत्थिअ वि [प्रार्थिक] प्रार्थी ।
पत्थिअ वि [प्रास्थित] प्रकृष्ट श्रद्धावाला ।
पत्थिअ° } स्त्री [दे] बाँस का बना हुआ
पत्थिआ } भाजन-विशेष । °पिडग, °पिडय न [°पिटक] वही अर्थ ।
पत्थिद देखो पत्थिअ = प्रस्थित, प्रार्थित ।

पत्थिव पुं [पार्थिव] राजा। वि. पृथिवी का विकार।
पत्थी स्त्री [दे. पात्री] पात्र, भाजन।
पत्थीण न [दे] मोटा कपड़ा। वि. स्थूल।
पत्थुय वि [प्रस्तुत] प्रकरण-प्राप्त, प्राकरणिक। प्राप्त, लब्ध।
पत्थुर देखो पत्थर = प्र + स्तृ।
पत्थे = देखो पत्थ = प्र+अर्थय्।
पत्थोउ वि [प्रस्तोतृ] प्रस्ताव करनेवाला। प्रवर्त्तक।
पथम (पै) देखो पढम।
पदअ सक [गम्] जाना, गमन करना।
पदंसिअ वि [प्रदर्शित] दिखलाया हुआ।
पदक्खिण वि [प्रदक्षिण] जिसने दक्षिण की तरफ से लेकर मण्डलाकार भ्रमण किया हो वह। न. दक्षिणावर्त्त भ्रमण।
पदक्खिण सक [प्रदक्षिणय्] प्रदक्षिणा करना।
पदण न [पदन] प्रतीति कराना।
पदण (शौ) न [पतन] गिरना।
पदम (शौ) देखो पउम।
पदय देखो पयय = पतंग।
पदरिसिय देखो पदंसिअ।
पदहण न [प्रदहन] संताप, गरमी।
पदाइ वि [प्रदायिन्] देनेवाला।
पदाण न [प्रदान] दान, वितरण।
पदादि (शौ) पुं [पदाति] पैदल सैनिक।
पदायग वि [प्रदायक] देनेवाला।
पदाव देखो पयाव।
पदाहिण वि [प्रदक्षिण] प्रकृष्ट दक्षिण, प्रकर्ष से दक्षिण दिशा में स्थित।
पदिकिदि (शौ) देखो पडिकिदि।
पदित्त देखो पलित्त।
पदिस° स्त्री [प्रदिश्] विदिशा, ईशान आदि।
पदिस्सा देखो पदेक्ख।
पदीव सक [प्र + दीपय्] जलाना। प्रकाश करना।
पदीव देखो पईव + प्रदीप।
पदीविआ स्त्री [प्रदीपिका] छोटा दिया।
पदुग्ग पुंन [प्रदुर्ग] कोट, किला।
पदुट्ठ वि [प्रद्विष्ट, प्रदुष्ट] विशेष द्वेष को प्राप्त।
पदुब्भेइय न [पदोद्भेदक] पद-विभाग और शब्दार्थ मात्र का पारायण।
पदूमिय वि [प्रदावित, प्रदून] अत्यन्त पीड़ित।
पदूस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना।
पदूसणया स्त्री [प्रद्वेषणा, प्रदूषणा] द्वेष, मात्सर्य।
पदेक्ख सक [प्र + दृश्] प्रकर्ष से देखना।
पदेस देखो पएस = प्रदेश।
पदेस पुं [प्रद्वेष] द्वेष।
पदेसिअ वि [प्रदेशित] प्ररूपित, प्रतिपादित।
पदोस देखो पओस = दे, प्रद्वेष।
पदोस देखो पओस = प्रदोष।
पद्द न [दे] ग्राम-स्थान। छोटा गाँव।
पद्द न [पद्य] श्लोक, वृत्त, काव्य।
पद्देस देखो पदेस = प्रद्वेष।
पद्धइ स्त्री [पद्धति] रास्ता। पंक्ति, श्रेणी। परिपाटी। प्रक्रिया, प्रकरण।
पद्धंस पुं [प्रध्वंस] ध्वंस, नाश। °भाव पुं. अभाव-विशेष, वस्तु के नाश होने पर उसका जो अभाव होता है वह।
पद्धर वि [दे] ऋजु, सीधा। शीघ्र।
पद्धल वि [दे] दोनों पार्श्वों में अप्रवृत्त।
पद्धार वि [दे] जिसका पूँछ कट गया हो वह।
पधाइय देखो पधाविय।
पधाण देखो पहाण।
पधार देखो पहार = प्र + धारय्।
पधाव सक [प्र + धाव्] दौड़ना, अधिक वेग

से जाना।

पधावण न [प्रधावन] दौड़, वेग से गमन। कार्य की शीघ्र सिद्धि। प्रक्षालन।

पधूवण न [प्रधूपन] धूप देना। एक प्रकार का आलेपन द्रव्य।

पधूविय वि [प्रधूपित] जिसको धूप दिया गया हो वह।

पधोअ सक [प्र + धाव्] धोना।

पधोअ वि [प्रधौत] धोया हुआ।

पधोव सक [प्र + धाव्] धोना।

पन देखो पंच। °र, °रस त्रि. ब. [°दशन्] पनरह।

पन्नंगणा स्त्री [पण्याङ्गना] वेश्या।

पन्नत्तरि स्त्री [पञ्चसप्तति] पचहत्तर।

पन्नत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] आख्याता, प्रतिपादक।

पन्नपत्तिया स्त्री [प्रज्ञप्रत्यया] देखो पुन्न-पत्तिया।

पन्नपन्नइम देखो पणपन्नइ।

पन्नया स्त्री [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथजी की शासन-देवी।

पन्नवग वि [प्रज्ञापक] प्रतिपादक, प्ररूपक।

पन्नाड सक [मृद्] मर्दन करना।

पन्नारस (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह।

पन्नास देखो पण्णास। °इम वि [°तम] पचासवाँ।

पन्हु (अप) देखो पण्हुअ = दे. प्रस्नव।

पपंच देखो पवंच।

पपलीण वि [प्रपलायित] भागा हुआ।

पपिआमह पुं [प्रपितामह] ब्रह्मा, विधाता। परदादा।

पपुत्त पुं [प्रपुत्र] पौत्र।

पपुत्त, पपोत्त पुं [प्रपौत्र] पौत्र का पुत्र।

पप्प सक [प्र + आप्] प्राप्त करना।

पप्पग न [दि. पर्पक] वनस्पति-विशेष।

पप्पड, पप्पडग पुंस्त्री [पर्पट] पापड़। पापड़ के आकारवाला शुष्क मृत्खण्ड। °पायय पुं [°पाचक] नरकावास-विशेष। °मोदय पुं [°मोदक] एक प्रकार की मिष्ट वस्तु।

पप्पडिया स्त्री [पर्पटिका] तिल आदि की बनी हुई एक प्रकार की खाद्य वस्तु।

पप्पल देखो पप्पड।

पप्पीअ पु [दे] चातक पक्षी, पपीहा।

पप्पुअ वि [प्रप्लुत] जलार्द्र। व्याप्त। न. कूदना, लाँघना।

पप्फंदण न [प्रस्पन्दन] प्रचलन, फरकना।

पप्फाड पुं [दे] अग्नि-विशेष।

पप्फिडिअ वि [दे] प्रतिफलित।

पप्फुअ वि [दे] दीर्घ। उड़ता।

पप्फुट्ट अक [प्र + स्फुट्] खिलना। फूटना।

पप्फुडिअ पुं [प्रस्फुटित] नरकावास-विशेष।

पप्फुय देखो पप्पुअ।

पप्फुर अक [प्र + स्फुर्] फरकना, हिलना। काँपना।

पप्फुल्ल अक [प्र + फुल्ल्] विकसना।

पप्फुल्ल वि [प्रफुल्ल] विकसित, खिला हुआ।

पप्फुल्लिआ स्त्री [प्रफुल्लिका] देखो उप्फुल्लिआ।

पप्फुसिय न [प्रस्पृष्ट] उत्तम स्पर्श।

पप्फोड देखो पप्फुट्ट।

पप्फोड सक [प्र + स्फोटय्] झाड़ना। झाड़-कर गिराना। आस्फालन करना। प्रक्षेपण करना। प्रकृष्ट धूनन करना। तोड़ना।

पफुल्ल देखो पप्फुल्ल।

पबंध सक [प्र + बन्ध्] प्रबन्ध रूप से कहना। विस्तार से कहना।

पबंध पुं [प्रबन्ध] सन्दर्भ, ग्रन्थ, परस्पर अन्वित वाक्य-समूह। निरन्तरता।

पबंधण न [प्रबन्धन] प्रबन्ध, सन्दर्भ, अन्वित वाक्य-समूह की रचना।

पबल वि [प्रबल] बलिष्ठ, प्रचण्ड, प्रखर ।
पबाहा स्त्री [प्रबाधा] विशेष पीड़ा ।
पबुद्ध वि [प्रबुद्ध] प्रवीण, निपुण । जागा हुआ । जिसने अच्छी तरह जानकारी प्राप्त की हो वह ।
पबोध सक [प्र + बोधय्] जागृत करना । ज्ञान कराना ।
पबोहय देखो पबोध ।
पबोहय वि [प्रबोधक] प्रबोध-कर्त्ता ।
पब्बल देखो पबल ।
पब्वाल देखो पव्वाल = छादय् ।
पब्वाल देखो पव्वाल = प्लावय् ।
पब्बुद्ध देखो पबुद्ध ।
पब्भ वि [प्रह्व] नम्र ।
पब्भट्ठ, पब्भसिअ } वि [प्रभ्रष्ट] परिभ्रष्ट, प्रस्खलित, चूका हुआ । विस्मृत । पुं. नरकावास-विशेष ।
पब्भार पुं [दे. प्राग्भार] संघात, समूह ।
पब्भार पुं [दे] पर्वत-कन्दरा ।
पब्भार पुं [प्राग्भार] प्रकृष्ट भार । ऊपर का भाग । थोड़ा नमा हुआ पर्वत का भाग । एक देश, एक भाग । उत्कर्ष, परभाग । पुंन. पर्वत के ऊपर का भाग । वि. थोड़ा नमा हुआ ।
पब्भारा स्त्री [प्राग्भारा] दशा-विशेष, पुरुष की सत्तर से अस्सी वर्ष तक की अवस्था ।
पब्भूअ वि [प्रभूत] उत्पन्न ।
पब्भोअ पुं [दे. प्रभोग] भोग, विलास ।
पभ पुं [प्रभ] हरिकान्त नामक इन्द्र का एक लोकपाल । द्वीप-विशेष और समुद्र-विशेष का अधिपति देव ।
°पभ वि [प्रभ] सदृश, तुल्य ।
°पभइ देखो °पभिइ ।
पभंकर पुं [प्रभङ्कर] ग्रह-विशेष, ज्योतिष-देव-विशेष । पुंन. देव-विमान ।
पभंकर वि [प्रभाकर] प्रकाशक ।
पभंकरा स्त्री [प्रभङ्करा] विदेह-वर्ष की एक नगरी का नाम । चन्द्र की एक अग्रमहिषी का नाम । सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम ।
पभंकरावई स्त्री [प्रभङ्करावती] विदेह वर्ष की एक नगरी ।
पभंगुर वि [प्रभङ्गुर] अति विनश्वर ।
पभंजण पुं [प्रभञ्जन] वायुकुमार-निकाय के उत्तर दिशा का इन्द्र । लवण-समुद्र के एक पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव । मानुषोत्तर पर्वत के एक शिखर का अधिपति देव । °तणअ पुं [°तनय] हनूमान् ।
पभंसण न [प्रभ्रंशन] स्खलना ।
पभकंत पुं [प्रभकान्त] विद्युत्कुमार देवों के हरिकान्त और हरिस्सह नामक दोनों इन्द्रों के लोकपालों के नाम ।
पभण सक [प्र + भण्] कहना, बोलना ।
पभम सक [प्र + भ्रम्] भ्रमण करना, भटकना ।
पभव अक [प्र + भू] समर्थ होना, पहुँचना । होना, उत्पन्न होना ।
पभव पुं [प्रभव] उत्पत्ति, जन्म, प्रसूति, प्रसव । प्रथम उत्पत्ति का कारण । एक जैन-मुनि, जम्बु-स्वामी का शिष्य ।
पभवा स्त्री [प्रभवा] तृतीय वासुदेव की पटरानी ।
पभा स्त्री [प्रभा] कान्ति, तेज । प्रभाव ।
पभाइअ, पभाय } पुंन [प्रभात] सुबह । वि. प्रकाशित । °तणय वि [°संबन्धिन्] प्रभात-सम्बन्धी ।
पभार पुं [प्रभार] प्रकृष्ट भार ।
पभाव देखो पहाव = प्र + भावय् ।
पभावई स्त्री [प्रभावती] उन्नीसवें जिनदेव की माता का नाम । रावण की एक पत्नी का नाम । उदायन राजर्षि की पटरानी और चेड़ा नरेश की पुत्री का नाम । बलदेव के पुत्र निषध की भार्या । राजा बल की पत्नी ।
पभावग वि [प्रभावक] प्रभाव बढ़ानेवाला,

शोभा की वृद्धि करनेवाला। उन्नति-कारक। गौरव जनक।

पभावय वि [प्रभावक] गौरव बढ़ानेवाला।

पभावाल पुं [प्रभावाल] वृक्ष-विशेष।

पभास सक [प्र + भाष्] बोलना, भाषण करना।

पभास अक [प्र + भास्] प्रकाशित होना।

पभास सक [प्र + भासय्] प्रकाशित करना।

पभास पुं [प्रभास] भगवान् महावीर के एक गणधर का नाम। एक विकटापाती पर्वत का अधिष्ठाता देव। एक जैन मुनि का नाम। एक चित्रकार का नाम। न. तीर्थ-विशेष। देव-विमान-विशेष। °तित्थ न [°तीर्थ] तीर्थ-विशेष, भारतवर्ष की पश्चिम दशा में स्थित एक तीर्थ।

पभासा स्त्री [प्रभासा] अहिंसा, दया।

पभिइ देखो पभिइं।

°पभिइ वि. ब. [°प्रभृति] इत्यादि, वगैरह।

पभिइं, पभिई, पभीइ, पभीइं } अ [प्रभृति] प्रारम्भ कर, (वहाँ से) शुरू कर लेकर।

पभीय वि [प्रभीत] अत्यन्त डरा हुआ।

पभु पुं [प्रभु] इक्ष्वाकुवंश के एक राजा का नाम। स्वामी, मालिक। राजा। वि. समर्थ। योग्य, लायक।

पभुंज सक [प्र + भुज्] भोग करना।

पभुति (पै) देखो पभिइं।

पभुत्त वि [प्रभुक्त] जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो वह। जिसने भोजन किया हो वह।

पभूइ, पभूइं } देखो पभिइं।

पभूय वि [प्रभूत] प्रचुर, बहुत।

पभोय (अप) देखो उवभोग।

पमइल वि [प्रमलिन] अति मलिन।

पमक्खण न [प्रम्रक्षण] अभ्यञ्जन, विलेपन। विवाह के समय किया जाता एक तरह का उबटन।

पमक्खिअ वि [प्रम्रक्षित] विलिप्त। विवाह के समय जिसको उबटन किया गया हो वह।

पमज्ज सक [प्र + मृज्, मार्ज्] मार्जन करना, साफ-सुथरा करना, झाड़ू आदि से धूलि वगैरह को दूर करना।

पमज्जणिया, पमज्जणी } स्त्री [प्रमार्जनी] झाड़ू।

पमज्जय वि [प्रमार्जक] प्रमार्जन करनेवाला।

पमत्त वि [प्रमत्त] असावधान, प्रमादी। न. छठवाँ गुण-स्थानक। प्रमाद। °जोग पुं [°योग] प्रमाद-युक्त चेष्टा। °संजय पुं [°संयत] प्रमादी साधु।

पमद देखो पमय।

पमदा देखो पमया।

पमद्द सक [प्र + मृद्] मर्दन करना। विनाश करना। कम करना। चूर्ण करना। रुई की पूणी—पूनी बनाना।

पमद्द पुं [प्रमर्द] ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक योग। संघर्ष, संमर्द। वि. मर्दन करने-वाला। विनाशक।

पमद्दय वि [प्रमर्दक] प्रमर्दन-कर्ता।

पमय पुं [प्रमद] आनन्द। न. धतूरे का फल। °च्छी स्त्री [°ाक्षी] महिला। °वण न [°वन] राजा का अन्तःपुर-स्थित वह वन जहाँ राजा रानियों के साथ क्रीड़ा करे।

पमया स्त्री [प्रमदा] उत्तम स्त्री।

पमह पुं [प्रमथ] शिव का अनुचर। °णाह पुं [°नाथ] महादेव। °ाहिव पुं [°ाधिप] शिव।

पमा सक [प्र + मा] सत्य-सत्य ज्ञान करना।

पमा स्त्री [प्रमा] प्रमाण, परिमाण, न्याय।

पमा° देखो पमाय = प्रमाद।

पमाइ वि [प्रमादिन्] प्रमादी, बेदरकार।

पमाण सक [प्र + मानय्] विशेष रीति से

मानना, आदर करना।

पमाण न [प्रमाण] यथार्थ ज्ञान। सत्य ज्ञान का साधन। जिससे नाप किया जाय वह। परिमाण। संख्या। न्याय-शास्त्र। पुंन. सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय वह। माननीय, आदरणीय। सच्चा, ठीक-ठीक। °वाय पुं [°वाद] न्याय-शास्त्र, तर्क-शास्त्र। °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष।

पमाण सक [प्रमाणय्] प्रमाण रूप से स्वीकार करना।

पमाणिआ, पमाणी } स्त्री [प्रमाणिका, प्रमाणी] छन्द-विशेष।

पमाणीकर अक [प्रमाणी+कृ] प्रमाण करना, सत्य रूप से स्वीकार करना।

पमाद देखो पमाय = प्र+मद्।

पमाद देखो पमाय = प्रमाद।

पमाय अक [प्र + मद्] प्रमाद करना।

पमार पुं [प्रमार] मरण का प्रारम्भ। बुरी तरह मारना।

पमिय वि [प्रमित] परिमित, नापा हुआ।

पमिलाण वि [प्रम्लान] अतिशय मुरझाया हुआ।

पमिलाय अक [प्र + म्लै] मुरझाना।

पमिल्ल अक [प्र + मील्] विशेष संकोच करना, सकुचना।

पमीय° देखो पमा = प्र + मा का कर्म.।

पमील देखो पमिल्ल।

पमुइअ वि [प्रमुदित] हर्ष-प्राप्त।

पमुंच सक [प्र + मुच्] परित्याग करना।

पमुक्क वि [प्रमुक्त] परित्यक्त।

°पमुक्ख देखो °पमुह।

पमुच्छिय पुं [प्रमूच्छित] नरकावास।

पमुत्त देखो पमुक्क।

पमुदिय देखो पमुइअ।

पमुद्ध वि [प्रमुग्ध] अत्यन्त मुग्ध।

पमुह वि [प्रमुख] तल्लीन दृष्टिवाला। पुं. ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष। न. प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात।

°पमुह वि. ब. [°प्रमुख] वगैरह, आदि। प्रधान, श्रेष्ठ मुख्य।

पमुहर वि [प्रमुखर] वाचाल।

पमेइल वि [प्रमेदस्विन्] जिसके शरीर में चर्बी बहुत हो वह।

पमेय वि [प्रमेय] प्रमाण-विषय, सत्य-पदार्थ।

पमेह पुं [प्रमेह] मेह रोग, मूत्र-दोष, बहु-मूत्रता।

पमोअ पुं [प्रमोद] आनन्द। राक्षस-वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति।

पमोक्ख° देखो पमुंच।

पमोक्ख पुंन [प्रमोक्ष] मुक्ति, निर्वाण। प्रत्युत्तर।

पम्मलाअ अक [प्र+म्लै] अधिक म्लान होना।

पम्माअ, पम्माइअ } वि [प्रम्लान] विशेष म्लान, अत्यन्त मुरझाया हुआ। शुष्क।

पम्माण वि [प्रम्लान] निस्तेज, मुरझाया हुआ। न. फीकापन, मुरझाना।

पम्मि पुं [दे] हाथ।

पम्मुक्क देखो पमुक्क।

पम्मुह वि [प्राङ्मुख] पूर्व की ओर जिसका मुँह हो वह।

पम्ह पुंन [पक्ष्मन्] आँख के बाल। पद्म आदि का केसर। सूत्र आदि का अत्यल्प भाग। पाँख। केश का अग्र-भाग। अग्र-भाग। महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रदेश। न. एक देव-विमान। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान का नाम। °कूड पुं [°कूट] पर्वत-विशेष। न. ब्रह्मलोक नामक देवलोक का एक देव-विमान। पर्वत-विशेष का एक शिखर। °ज्झय न [°ध्वज] देव-विमान-विशेष। °प्पभ न [°प्रभ] ब्रह्मलोक का एक

देवविमान। °लेस, °लेस्स न [°लेश्य] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान। °वण्ण न [°वर्ण] वही पूर्वोक्त अर्थ। °सिंग न [°शृङ्ग] वही अर्थ। °सिट्ठ न [°सृष्ट] वही पूर्वोक्त अर्थ। °वत्त न [°वर्त्त] वही अर्थ।

पम्ह देखो पउम। °गंध वि [°गन्ध] कमल की गन्ध। वि. कमल के समान गन्धवाला। °लेस वि [°लेश्य] पद्मा नामक लेश्या-वाला। °लेसा स्त्री[°लेश्या] पाँचवीं लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष। °लेस्स देखो °लेस।

पम्हअ सक [प्र + स्मृ] विस्मरण होना।

पम्हगावई स्त्री [पक्ष्मकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रदेश-विशेष।

पम्हट्ठ वि [प्रस्मृत] विस्मृत। जिसको विस्मरण हुआ हो।

पम्हट्ठ वि [दे] प्रभ्रष्ट, विलुप्त। प्रक्षिप्त।

पम्हय वि [पक्ष्मज] पक्ष्म से उत्पन्न। न. एक प्रकार का सूता।

पम्हर पुं [दे] अपमृत्यु, अकाल-मरण।

पम्हल वि [पक्ष्मल] सुन्दर पक्ष्म-युक्त।

पम्हल पुं [दे] किंजल्क, पद्म आदि का केसर।

पलियंत पुं [पर्यन्त] अन्त भाग । वि. अव-सानवाला, अन्तवाला ।

पलियंत न [पल्यान्तर] पल्योपम के भीतर ।

पलियस्स न [परिपार्श्व] समीप ।

पलिल देखो पलिअ = पलित ।

पलिव देखो पलीव ।

पलिवग देखो पलीवग ।

पलिविअ वि [प्रदीपित] जलाया हुआ ।

पलिविद्धंस अक [परिवि + ध्वंस्] नष्ट होना ।

पलिसय, पलिस्सय } सक [परि + स्वञ्ज्] आलिंगन करना, स्पर्श करना, छूना ।

पलिह देखो परिह = परिघ ।

पलिहअ वि [दे] मूर्ख, बेवकूफ ।

पलिहइ स्त्री [दे] क्षेत्र, खेत ।

पलिहस्स न [दे] ऊर्ध्व दारु, काष्ठ-विशेष ।

पलिहाय पुं [दे] देखो पलिहअ ।

पली सक [परि + इ] पर्यटन करना ।

पली अक [प्र + ली] लीन होना, आसक्ति करना ।

पलीण वि [प्रलीन] अति लीन । सम्बद्ध । प्रलय-प्राप्त, नष्ट । छिपा हुआ ।

पलीमंथ देखो पलिमंथ ।

पलीव अक [प्र + दीप्] जलना ।

पलीव सक [प्र + दीपय्] जलाना ।

पलीव पुं [प्रदीप] दीपक ।

पलीवग वि [प्रदीपक] आग लगानेवाला ।

पलुंपण न [प्रलोपन] प्रलोप ।

पलुट्ट वि [प्रलुठित] लेटा हुआ ।

पलुट्ट देखो पलोट्ट = पर्यस्त ।

पलुट्ठ वि [प्लुष्ट] दग्ध, जला हुआ ।

पलेमाण पली = प्र + ली का वकृ ।

पलेव पुं [प्रलेप] पाषाण-विशेष ।

पलोअ सक [प्र + लोक्, लोकय्] देखना, निरीक्षण करना ।

पलोइ वि [प्रलोकिन्] प्रेक्षक ।

पलोइर वि [प्रलोकितृ] प्रेक्षक ।

पलोएंत, पलोएमाण } पलोअ का वकृ. ।

पलोघर [दे] देखो परोहड ।

पलोट्ट सक [प्रत्या + गम्] वापस आना ।

पलोट्ट सक [परि + अस्] फेंकना । मार गिराना । अक. पलटना । प्रवृत्ति करना । गिरना ।

पलोट्ट अक [प्र + लुठ्] जमीन पर लोटना ।

पलोट्ट वि [पर्यस्त] फेंका हुआ । हत । विक्षिप्त । पतित । प्रवृत्त ।

पलोट्टजीह वि [दे] रहस्य-भेदी ।

पलोट्टण न [प्रलोठन] लुढ़काना, लुढ़काना, गिराना ।

पलोभ सक [प्र + लोभय्] लालच देना ।

पलोव (अप) देखो पलोअ ।

पलोह (शौ) देखो पलो ।

पलोहर [दे] देखो परोहड ।

पल्ल पुंन [पल्य] गोल आकार का एक धान्य रखने का पात्र । काल-परिमाण-विशेष, पल्योपम । संस्थान-विशेष, पल्यंक संस्थान ।

पल्ल पुं [पल्ल] धान्य भरने का बड़ा कोठा ।

पल्लंक देखो पलिअंक ।

पल्लंक पुं [पल्यङ्क] शाक-विशेष, कन्द विशेष ।

पल्लंघण न [प्रलङ्घन] अतिक्रमण । गति ।

पल्लट्ट देखो पलट्ट = परि + अस् ।

पल्लट्ट पुं [दे] पर्वत-विशेष ।

पल्लट्ट पुं [दे. परिवर्त] अनन्त काल चक्रों का समय ।

पल्लट्ट, पल्लत्थ } देखो पलोट्ट = पर्यस्त ।

पल्लत्थि स्त्री [पर्यस्ति] आसन-विशेष, पलथी ।

पल्लल न [पल्वल] छोटा तलाव ।

पल्लव पुं. अंकुर । पत्र, पत्ता । देश-विशेष । विस्तार ।

पल्लव देखो पज्जव ।

पल्लवाय न [दे] क्षेत्र, खेत ।

पल्लविअ वि [दे] लाक्षा-रक्त ।

पल्लविअ वि [पल्लवित] पल्लवाकार । अंकुरित, प्रादुर्भूत, उत्पन्न । पल्लव-युक्त ।

पल्लविल्ल वि [पल्लववत्] पल्लव-युक्त ।

पल्लस्स देखो पलोट्ट = परि + अस् ।

पल्लाण न [पर्याण] अश्व आदि का साज ।

पल्लाण सक [पर्याणय्] अश्व आदि को सजाना ।

पल्लि स्त्री. छोटा गाँव । चोरों के निवास का गहन स्थान । °नाह पुं [°नाथ] पल्ली का स्वामी । °वइ पुं [°पति] वही अर्थ ।

पल्लिअ वि [दे] आक्रान्त । ग्रस्त । प्रेरित ।

पल्लित्त वि [दे] पर्यस्त ।

पल्ली देखो पल्लि ।

पल्लीण वि [प्रलीन] विशेष लीन ।

पल्लोट्टजीह [दे] देखो पलोट्टजीह ।

पल्हत्थ देखो पलोट्ट = परि + अस् ।

पल्हत्थ सक [वि + रेचय्] बाहर निकालना ।

पल्हत्थ देखो पलोट्ट = पर्यस्त ।

पल्हत्थरण देखो पच्चत्थरण ।

पल्हत्थिया स्त्री [पर्यस्तिका] आसन-विशेष—दोनों जानु खड़ा कर पीठ के साथ चादर लपेटकर बैठना । जंघा पर वस्त्र लपेटकर बैठना । °पट्ट पुं. योग-पट्ट ।

पल्हय } पुं [पह्लव] अनार्य देश । पुंस्त्री.
पल्हव } पह्लव देश का निवासी ।

पल्हवि पुंस्त्री. [दे. पह्लवि] हाथी की पीठ पर बिछाया जाता एक तरह का कपड़ा ।

पल्हाय सक [प्र + ह्लाद्] आनन्दित करना, खुशी करना ।

पल्हाय पुं [प्रह्लाद] आनन्द, खुशी । हिरण्यकशिपु नामक दैत्य का पुत्र । आठवाँ प्रतिवासुदेव राजा । एक विद्याधर नरेश ।

पल्हायण न [प्रह्लादन] चित्त-प्रसन्नता, खुशी । वि. आनन्ददायक । पुं. रावण का एक सुभट ।

पल्हीय पुं.ब. [प्रह्लीक] देश-विशेष ।

पव सक [पा] पीना ।

पव अक [प्लु] फरकना । सक. उछल कर जाना । तैरना ।

पव पुं [प्लव]पूर । उच्छलन, कूदना । तैरना । मेढ़क । वानर । चाण्डाल, डोम । जल-काक । पाकुड़ का पेड़ । कारण्डव पक्षी । शब्द, आवाज । दुश्मन । मेंढा । जल-कुक्कुट । जल । जलचर पक्षी । नौका ।

पव स्त्रीन [प्रपा] पानीयशाला, प्याऊ ।

पवंग पुं [प्लवङ्ग] वानर । वानर-वंशीय मनुष्य । °नाह पुं [°नाथ] वानर-वंशीय राजा, बाली । °वइ पुं [°पति] वानरराज ।

पवंगम पुं [प्लवंगम] वानर । छन्द-विशेष ।

पवंच पुं [प्रपञ्च] विस्तार । संसार । ठगाई ।

पवंचा स्त्री [प्रपञ्चा] मनुष्य की दश दशाओं में सातवीं दशा—६० से ७० वर्ष की अवस्था ।

पवंछ सक [प्र + वाञ्छ्] वाञ्छना ।

पवंपुल पुंन [दे] मच्छी पकड़ने का जाल ।

पवक वि [प्लवक] उछल-कूद करनेवाला । तैरनेवाला । पुं. पक्षी । सुपर्णकुमार नामक देव-जाति ।

पवक्खमाण पवय = प्र + वच् का वकृ. ।

पवग देखो पवक ।

पवज्ज सक [प्र + पद्] स्वीकार करना ।

पवज्जा देखो पव्वज्जा ।

पवज्जिय वि [प्रवादित] जो बजने लगा हो ।

पवट्ट अक [प + वृत्] प्रवृत्ति करना ।

पवट्ट वि [प्रवृत्त] जिसने प्रवृत्ति की हो वह ।

पवट्टय वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करानेवाला।

पवट्टि स्त्री [प्रवृत्ति] प्रवर्त्तन।

पवट्ठ देखो पउट्ठ = प्रकोष्ठ।

पवड अक [प्र + पत्] पड़ना, गिरना।

पवडण न [प्रपतन] अधःपात।

पवड्ढ अक [दे] पोढ़ना, सोना।

पवड्ढ अक [प्र + वृध्] बढ़ना।

पवड्ढ वि [प्रवृद्ध] बढ़ा हुआ।

पवण वि [प्रवण] तत्पर।

पवण न [प्लवन] उछल कर गमन। तरण। °किच्च पुं [°कृत्य] नाव, डोंगी।

पवण पुं [पवन] वायु। भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति, पवनकुमार। हनूमान् का पिता। °गइ पुं [°गति] हनूमान् का पिता। वानरद्वीप के राजा मन्दर का पुत्र। °चंड पुं [°चण्ड] व्यक्ति-वाचक नाम। °तणअ पुं [°तनय] हनूमान्। °नंदण पुं [°नन्दन] हनूमान्। °पुत्त पुं [°पुत्र] हनूमान्। °वेग पुं. हनूमान् का पिता। एक जैन मुनि। °सुअ पुं [°सुत] हनूमान्। °णंद पुं [°नन्द] हनूमान्।

पवणंजअ पुं [पवनञ्जय] हनूमान् का पिता। एक श्रेष्ठि-पुत्र।

पवत्त देखो पवट्ट = प्र + वत्।

पवत्त सक [प्र + वर्त्तय्] प्रवृत्त करना।

पवत्त देखो पवट्ट = प्रवृत्त।

पवत्तग वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करानेवाला।

पवत्तण न [प्रवर्त्तन] प्रवृत्ति। वि. प्रवृत्ति करानेवाला।

पवत्तय वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करनेवाला। वि. प्रवृत्त करानेवाला।

पवत्ति स्त्री [°प्रवृत्ति] प्रवर्त्तन। °वाउय वि [°व्यापृत] प्रवृत्ति में लगा हुआ।

पवत्तिणी स्त्री [प्रवर्त्तिनी] साध्वियों की अध्यक्षा, मुख्य जैन साध्वी।

पवत्तिया स्त्री [दे] संन्यासी का एक उपकरण।

पवद देखो पवय = प्र + वद्।

पवदि स्त्री [प्रवृति] ढकना, आच्छादन।

पवद्ध देखो पवड्ढ = प्र + वृध्।

पवद्ध पुं [दे] घन, हथौड़ा।

पवन्न वि [प्रपन्न] अंगीकृत।

पवमाण पुं [पवमान] पवन।

पवय सक [प्र + वद्] बकवाद करना। वाद-विवाद करना।

पवय सक [प्र + वच्] बोलना, कहना।

पवय देखो पवक = प्लवक।

पवय पुं [प्लवग] वानर। °वइ पुं [°पति] वानरों का राजा सुग्रीव। °हिव पुं [°धिप] वही पूर्वोक्त अर्थ।

पवयण पुं [प्राजन] कोड़ा, चाबुक।

पवयण न [प्रवचन] जिनदेव-प्रणीत सिद्धान्त, जैन शास्त्र। जैन संघ। आगम-ज्ञान। °माया स्त्री [°माता] पाँच समिति और तीन गुप्ति रूप धर्म।

पवर वि [प्रवर] श्रेष्ठ, उत्तम।

पवरंग न [दे. प्रवराङ्ग] मस्तक।

पवरपुंडरीय पुंन [प्रवरपुण्डरीक] एक देव-विमान।

पवरा स्त्री [प्रवरा] भगवान् वासुपूज्य की शासनदेवी।

पवरिस सक [प्र + वृष्] बरसना।

पवल देखो पबल।

पवस अक [प्र + वस्] प्रयाण करना, विदेश जाना।

पवह अक [प्र + वह्] बहना। सक. टपकना, क्षरना।

पवह सक [प्र + हन्] मार डालना।

पवह वि [प्रवह] बहनेवाला। टपकनेवाला, चूनेवाला।

पवह पुं [प्रवाह] स्रोत, बहाव, जल-धारा। प्रवृत्ति। व्यवहार। उत्तम अश्व। प्रभाव।

पवहण पुंन [प्रवहण] नौका, जहाज। गाड़ी आदि वाहन।

पवहाइअ वि [दे] प्रवृत्त।

पवा स्त्री [प्रपा] प्याऊ।

पवाइ वि [प्रवादिन्] वादी। दार्शनिक।

पवाइअ वि [प्रवात] बहा हुआ।

पवाइअ वि [प्रवादित] बजाया हुआ।

पवाड सक [प्र + पातय्] गिराना।

पवाण (अप) देखो पमाण = प्रमाण।

पवादि देखो पवाइ।

पवाय अक [प्र + वा] सुख पाना। बहना (हवा का)। सक. गमन करना। हिंसा करना।

पवाय पुं [प्रवाद] जनश्रुति। परम्परा-प्राप्त उपदेश। मत, दर्शन।

पवाय पुं [प्रपात] गर्त्त, गड्ढा। ऊँचे स्थान से गिरता जल-समूह। तट-रहित निराधार पर्वत-स्थान। रात में पड़नेवाली धाड़, धारा। पतन। °द्दह पुं [°द्रह] वह कुण्ड जहाँ पर्वत पर से नदी गिरती हो।

पवाय पुं [प्रवात] प्रकृष्ट पवन। वि. बहा हुआ (पवन)। पवन-रहित।

पवायग वि [प्रवाचक] पाठक, अध्यापक।

पवायण न [प्रवाचन] प्रपठन, अध्ययन।

पवायय देखो पवायग।

पवाल पुंन [प्रवाल] नवांकुर, किसलय। मूँगा, विद्रुम। °मंत, °वंत वि [°वत्] प्रवाल-वाला।

पवालिअ वि [प्रपालित] जो पालने लगा हो।

पवास पुं [प्रवास] विदेश-गमन।

पवासि } वि [प्रवासिन्] मुसाफिर।
पवासु }

पवाह सक [प्र + वाहय्] बहाना, चलाना।

पवाह देखो पवह = प्रवाह।

पवाह पुं [प्रबाध] प्रकृष्ट पीड़ा।

पवाहण न [प्रवाहण] जल। बहाना

पवि पुं [पवि] वज्र।

पविअंभिअ वि [प्रविजृम्भित] प्रोल्लसित, समुत्पन्न।

पविआ स्त्री [दे] पक्षी का पान-पात्र।

पविइण्ण वि [प्रवितीर्ण] दिया हुआ।

पविइण्ण वि [प्रविकीर्ण] व्याप्त। विक्षिप्त, निरस्त।

पविकत्थ सक [प्रवि + कत्थ्] आत्म-श्लाघा करना।

पविकसिय वि [प्रविकसित] प्रकर्ष से विकसित।

पविकिर सक [प्रवि + कृ] फेंकना।

पविक्खिअ वि [प्रवीक्षित] निरीक्षित, अवलोकित।

पविक्खिर देखो पविकिर।

पविग्घ वि [दे] विस्मृत।

पविचरिय वि [प्रविचरित] गमन-द्वारा सर्वत्र व्याप्त।

पविज्जल वि [प्रविज्वल] प्रज्वलित। रुधिरादि से व्याप्त।

पविट्ठ वि [प्रविष्ट] घुसा हुआ।

पविणी सक [प्रवि + णी] दूर करना।

पवित्त पुं [पवित्र] दर्भ, कुश। वि. निर्दोष, शुद्ध, स्वच्छ।

पवित्त देखो पवट्ट = प्रवृत्त।

पवित्त सक [पवित्रय्] पवित्र करना।

पवित्तय न [पवित्रक] अंगूठी।

पवित्ताविय वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ।

पवित्ति देखो पवत्ति = प्रवृत्ति।

पवित्तिणी देखो पवत्तिणी।

पवित्थर अक [प्रवि + स्तृ] फैलाना।

पवित्थरिल्ल वि [प्रविस्तरिन्] विस्तारवाला। देखो पविरल्लिय।

पविद्ध देखो पव्विद्ध।

पविद्धंस अक [प्रवि + ध्वंस्] विनाशाभिमुख

होना। विनष्ट होना।

पविद्धत्थ वि [प्रविध्वस्त] विनष्ट।

पविभत्ति स्त्री [प्रविभक्ति] पृथक्-पृथक् विभाग।

पविभाग पुं [प्रविभाग] ऊपर देखो।

पविमुक्क वि [प्रविमुक्त] परित्यक्त।

पविमोयण न [प्रविमोचन] परित्याग।

पविय वि [प्राप्त] प्राप्त।

पवियंभिर वि [प्रविजृम्भितृ] उल्लसित होनेवाला। उत्पन्न होनेवाला।

पवियक्किअ न [प्रवितर्कित] विकल्प, वितर्क।

पवियक्खण वि [प्रविचक्षण] विशेष प्रवीण।

पवियार पुं [प्रवीचार] काया और वचन की चेष्टा-विशेष। काम-क्रीड़ा।

पवियारण न [प्रविचारण] संचार।

पवियास सक [प्रवि+काशय्] फाड़ना, खोलना।

पवियासिय वि [प्रविकासित] विकसित किया हुआ।

पविरइअ वि [दे] त्वरित, शीघ्रता-युक्त।

पविरंज सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना।

पविरंजव वि [दे] स्निग्ध, स्नेह-युक्त।

पविरंजिअ वि [दे] स्निग्ध, स्नेह-युक्त। कृत-निषेध, निवारित।

पविरल वि [प्रविरल] अनिबिड। विच्छिन्न। अत्यन्त थोड़ा।

पविरल्लिय वि [दे] विस्तारवाला। देखो पवित्थरिल्ल।

पविरिक्क वि [प्रविरिक्त] एकदम शून्य।

पविरेल्लिय [दे] देखो पविरल्लिय।

पविलुंप सक [प्रवि+लुप्] बिलकुल नष्ट करना।

पविलुत्त वि [प्रविलुप्त] बिलकुल नष्ट।

पविस सक [प्र+विश्] प्रवेश करना, घुसना।

पविसू सक [प्रवि+सू] उत्पन्न करना।

पविस्स देखो पविस।

पविहर सक [प्रवि+हृ] विहार करना।

पविहस अक [प्रवि+हस्] हसना।

पवीइय वि [प्रवीजित] हवा के लिए चलाया हुआ।

पवीण वि [प्रवीण] निपुण, दक्ष।

पवीणी देखो पविणी।

पवील सक [प्र+पीडय्] दमन करना।

पवुच्च° देखो पवय = प्र+वच्।

पवुट्ठ वि [प्रवृष्ट] खूब बरसा हुआ, जिसने प्रभूत वृष्टि की हो वह।

पवुड्ढ वि [प्रवृद्ध] बढ़ा हुआ, विशेष वृद्ध।

पवुड्ढि स्त्री [प्रवृद्धि] बढ़ाव।

पवुत्त वि [प्रोक्त] जिसने बोलना आरम्भ किया हो वह।

पवुत्थ [दे] देखो पउत्थ।

पवुद वि [प्रवृत] प्रकर्ष से आच्छादित।

पवूढ वि [प्रव्यूढ] धारण किया हुआ। निर्गत।

पवेइय वि [प्रवेदित] निवेदित, प्रतिपादित। विज्ञात। भेंट किया हुआ।

पवेइय वि [प्रवेपित] कम्पित।

पवेज्ज सक [प्र+वेदय्] विदित करना। भेंट करना। अनुभव करना।

पवेढिय वि [प्रवेष्टित] घिरा हुआ, बेढ़ा हुआ।

पवेय देखो पवेज्ज।

पवेयण न [प्रवेदन] प्ररूपण, प्रतिपादन। ज्ञान, निर्णय। अनुभावन।

पवेविय वि [प्रवेपित] प्रकम्पित।

पवेविर वि [प्रवेपितृ] काँपनेवाला।

पवेस सक [प्र+वेशय्] घुसाना।

पवेस पुं [प्रवेश] भीत की स्थूलता। पैठ, घुसना। नाटक का एक हिस्सा।

पवेस पुं [प्रद्वेष] अधिक द्वेष।

पवेसण, पवेसणग, पवेसणय } पुंन [प्रवेशन,°क] प्रवेश, पैठ। विजातीय जन्मान्तर में उत्पत्ति, विजातीय योनि में प्रवेश।

पवोत्त पुं [प्रपौत्र] पौत्र का पुत्र।
पव्व पुंन [पर्वन्] ग्रन्थि, गाँठ। उत्सव। पूर्णिमा और अमावास्या तिथि। पूर्णिमा और अमावास्यावाला पक्ष। अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा और अमावास्या का दिन। मेखला, गिरिमेखला। दंष्ट्रा-पर्वत। संख्या-विशेष। °बीय पुं [°बीज] इक्षु-आदि वृक्ष, जिसका पर्व—ग्रन्थि—ही उत्पत्ति का कारण होता है। °राहु पुं. राहु-विशेष, जो पूर्णिमा और अमावास्या में क्रमशः चन्द्र और सूर्य का ग्रहण करता है।
पव्वइ न [पर्वतिन्] गोत्र-विशेष, काश्यप गोत्र की एक शाखा। पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न। देखो पव्वपेच्छइ।
पव्वइ° देखो पव्वई।
पव्वइअ वि [प्रव्रजित] दीक्षित, संन्यस्त। गत, प्राप्त।
पव्वइंद पुं [पर्वतेन्द्र] मेरु पर्वत।
पव्वइग देखो पव्वइअ।
पव्वइसेल्ल न [दे] बाल-मय कंडक—तावीज।
पव्वई स्त्री [पार्वती] शिव-पत्नी।
पव्वंग पुंन [पर्वाङ्ग] संख्या-विशेष।
पव्वक } **पव्वग** } पुंन [पर्वक] वाद्य-विशेष। ईख जैसी ग्रन्थिवाली वनस्पति। तृण-विशेष।
पव्वग वि [पार्वक] पर्व—ग्रन्थि—गाँठ का बना हुआ।
पव्वज्ज पुं [दे] नख। बाण। बाल-मृग।
पव्वज्जा स्त्री [प्रव्रज्या] गमन, गति। दीक्षा, संन्यास।
पव्वणी स्त्री [पर्वणी] कार्तिकी आदि पर्व-तिथि।
पव्वपेच्छइ न [पर्वप्रेक्षकिन्] देखो पव्वइ।
पव्वय सक [प्र + व्रज्] जाना, गति करना। दीक्षा लेना, संन्यास लेना।
पव्वय देखो पव्वग।
पव्वय देखो पव्वइअ।
पव्वय } **पव्वयय** } पुंन [पर्वत, °क] पहाड़। पुं. द्वितीय वासुदेव का पूर्व-भवीय नाम। एक ब्राह्मण-पुत्र का नाम। एक राजा। एक राज-कुमार। °राय पुं [°राज] मेरु पर्वत। °विदुग्ग पुंन [°विदुर्ग] पहाड़-वाला प्रदेश।
पव्वयगिह न [पर्वतगृह] पर्वत की गुफा।
पव्वह सक [प्र + व्यथ्] पीड़ना, दुःख देना।
पव्वा स्त्री [पर्वा] लोकपालों की एक बाह्य पारषद्।
पव्वाइअ वि [प्रव्राजित] जिसको दीक्षा दी गई हो वह। न. दीक्षा देना।
पव्वाइअ वि [म्लान] विच्छाय, शुष्क।
पव्वाइआ स्त्री [प्रव्राजिका] संन्यासिनी।
पव्वाडि देखो पव्वालि।
पव्वाण वि [म्लान] सूखा।
पव्वाय देखो पवाय = प्र + वा।
पव्वाय सक [प्र + व्राजय्] दीक्षित करना।
पव्वाय अक [म्लै] सूखना।
पव्वाय वि [म्लान, प्रवाण] शुष्क, सूखा।
पव्वाय पुं [प्रवात] प्रकृष्ट पवन।
पव्वाल सक [छादय्] ढकना।
पव्वाल सक [प्लावय्] खूब भिजाना।
पव्वाव सक [प्र + व्राजय्] दीक्षित करना।
पव्वावण न [दे] प्रयोजन।
पव्वाह सक [प्र + वाहय्] बहाना।
पव्विद्ध वि [दे] प्रेरित।
पव्विद्ध वि [प्रवृद्ध] महान्, बड़ा।
पव्विद्ध न [प्रविद्ध] गुरु-वन्दन का एक दोष, वन्दन को समाप्त किये बिना ही भागना।
पव्वीसग न [दे.पव्वीसग] वाद्य-विशेष।
पसइ स्त्री [प्रसृति] दो प्रसृति—पसर का एक परिमाण। पूर्ण अञ्जलि, दो हस्त-तल—अँजुरी मिला कर भरी हुई चीज।
पसंग पुंन [प्रसङ्ग] परिचय, उपलक्ष। संगति,

सम्बन्ध। आपत्ति, अनिष्ट-प्राप्ति। मैथुन। आसक्ति। प्रस्ताव, अधिकार।
पसंज अक [प्र + सञ्ज्] आसक्ति करना। आपत्ति होना अनिष्ट-प्राप्ति होना।
पसंडि न [दे] सुवर्ण।
पसंत वि [प्रशान्त] शम-प्राप्त। साहित्य-शास्त्र-प्रसिद्ध शान्त रस।
पसंति स्त्री [प्रशान्ति] नाश, विनाश।
पसंधण न [प्रसन्धान] सतत प्रवर्त्तन।
पसंस सक [प्रशंस्] श्लाघा करना।
पसंस वि [प्रशस्य] प्रशंसा-योग्य। पुं. लोभ।
पसंसय वि [प्रशंसक] प्रशंसा करनेवाला।
पसंसा स्त्री [प्रशंसा] श्लाघा, स्तुति, वर्णन।
पसज्ज° देखो पसंज।
पसज्झ } अ [प्रसह्य] खुले तौर से, प्रकट
पसज्झं } रीति से। बलात्कार।
पसज्झचेय न [प्रसह्यचेतस्] धर्म-निरपेक्ष चित्त, कदाग्रही मन।
पसढ वि [प्रसह्य] अनेक दिन रखकर खुला किया हुआ।
पसढ वि [प्रशठ] अत्यन्त शठ।
पसढं देखो पसज्झ।
पसढिल वि [प्रशिथिल] विशेष ढीला।
पसण्ण वि [प्रसन्न] खुश, स्वस्थ। निर्मल। °चंद पुं [°चन्द्र] भगवान् महावीर के समय का एक राजर्षि।
पसण्णा स्त्री [प्रसन्ना] मदिरा।
पसत्त वि [प्रसक्त] चिपका हुआ। आसक्त। आपत्ति ग्रस्त, अनिष्ट-प्राप्ति के दोष से युक्त।
पसत्थ वि [प्रशस्त] प्रशंसनीय। श्रेष्ठ।
पसत्थि स्त्री [प्रशस्ति] वंशवर्णन।
पसत्थु पुं [प्रशास्तृ] लेखाचार्य, गणित का अध्यापक। धर्म-शास्त्र का पाठक। मन्त्री।
पसप्प पुं [प्रसर्प] विस्तार, फैलाव।
पसप्पग वि [प्रसर्पक] प्रकर्ष से जानेवाला, मुसाफिरी करनेवाला। विस्तार को प्राप्त करनेवाला।
पसम अक [प्र + शम्] अच्छी तरह शान्त होना।
पसम पुं [प्रशम] प्रशान्ति, शान्ति। लगातार दो उपवास।
पसम पुं [प्रश्रम] विशेष मेहनत—खेद।
पसमण न [प्रशमन] प्रकृष्ट शमन। वि. प्रशान्त करनेवाला।
पसमिक्ख सक [प्रसम् + ईक्ष्] प्रकर्ष से देखना।
पसमिण वि [प्रशमिन्] प्रशान्त करनेवाला, नाश करनेवाला।
पसम्म देखो पसम = प्र + शम्।
पसय पुं [दे] मृग-विशेष। मृग-शिशु।
पसय वि [प्रसृत] फैला हुआ।
पसर अक [प्र + सृ] फैलना।
पसर पुं [प्रसर] विस्तार, फैलाव।
पसरेह पुं [दे] किंजल्क।
पसल्लिअ वि [दे] प्रेरित।
पसव सक [प्र + सू] जन्म देना,
पसव (अप) सक [प्र + विश्] प्रवेश करना। न. फूल।
पसव [दे] देखो पसय। °नाह पुं [°नाथ] सिंह। °राय पुं [°राज] सिंह।
पसवडक्क न [दे] विलोकन।
पसवण न [प्रसवन] प्रसूति।
पसविय वि [प्रसूत] जिसने जन्म दिया हो वह। देखो पसूअ = प्रसूत।
पसविर वि [प्रसवितृ] जन्म देनेवाला।
पसस्स देखो पसंस।
पसस्स वि [प्रशस्य] प्रभूत शस्यवाला।
पसाइअ वि [प्रसादित] प्रसन्न किया हुआ। प्रसन्न होने के कारण दिया हुआ।
पसाइआ स्त्री [दे] भिल्ल के सिर पर का पर्ण-पुट, भिल्लों की पगड़ी।
पसाम वि [प्रशाम्] शान्त होनेवाला।

पसाय सक [प्र + सादय्] प्रसन्न करना।

पसाय पुं [प्रसाद] प्रसन्नता, खुशी। कृपा, मेहरबानी। प्रणय।

पसार सक [प्र + सारय्] पसारना, फैलाना।

पसास सक [प्र + शासय्] शासन करना। शिक्षा देना। पालन करना।

पसाह सक [प्र + साधय्] वस में करना। सिद्ध करना।

पसाहग वि [प्रसाधक] साधक, सिद्ध करनेवाला। °तम वि. उत्कृष्ट साधक। न. करण-कारक। देखो पसाहय।

पसाहण न [प्रसाधन] सिद्ध करना, साधना। उत्कृष्ट साधन। अलंकार। भूषण आदि की सजावट।

पसाहय देखो पसाहग। सजानेवाला।

पसाहा स्त्री [प्रशाखा] शाखा की शाखा, छोटी शाखा।

पसाहिल्ल वि [प्रशाखिन्] प्रशाखा-युक्त।

पसिअ अक [प्र + सद्] प्रसन्न होना।

पसिअ अक [प्र + सद्] प्रसन्न होना।

पसिअ वि [प्रसृत] फैला हुआ, विस्तीर्ण।

पसिअ न [दे] पूग-फल, सुपारी।

पसिच सक [प्र + सिच्] सेचन करना।

पसिडि (दे) देखो पसंडि।

पसिक्खअ वि [प्रशिक्षक] सीखनेवाला।

पसिज्जण न [प्रसदन] प्रसन्न होना।

पसिढिल देखो पसढिल।

पसिण पुंन [प्रश्न] पृच्छा। दर्पण आदि में देवता का आह्वान, मन्त्रविद्या-विशेष। °विज्जा स्त्री [°विद्या] मन्त्रविद्या-विशेष। °पसिण न [°प्रश्न] मन्त्रविद्या के बल से स्वप्न आदि में देवता के आह्वान द्वारा जाना हुआ शुभाशुभ फल का कथन।

पसिणिय वि [प्रश्नित] पूछा हुआ।

पसिद्ध वि [प्रसिद्ध] विख्यात, विश्रुत। प्रकर्ष से मुक्ति को प्राप्त, मुक्त।

पसिद्धि स्त्री [प्रसिद्धि] ख्याति। शंका का समाधान, आक्षेप का परिहार।

पसिस्स देखो पसीस।

पसीअ देखो पसिअ = प्र + सद्।

पसीस पुं [प्रशिष्य] शिष्य का शिष्य।

पसु पुं [पशु] जन्तु-विशेष, सींग पूँछवाला प्राणी, चतुष्पाद प्राणि-मात्र। बकरा। °भूय वि [°भूत] पशु-तुल्य। °मेह पुं [°मेध] जिसमें पशु का भोग दिया जाता हो वह यज्ञ। °वइ पुं [°पति] महादेव।

पसुत्त वि [प्रसुप्त] सोया हुआ।

पसुत्ति स्त्री [प्रसुप्ति] कुष्ठ रोग। नखादि-विदारण होने पर भी अचेतनता।

पसुव (अप) देखो पसु।

पसुहत्त पुं [दे] वृक्ष।

पसू सक [प्र + सू] जन्म देना, प्रसव करना।

पसू वि [प्रसू] प्रसव-कर्ता, जन्म-दाता।

पसूअ न [दे] फूल।

पसूअ वि [प्रसूत] उत्पन्न।

पसूअण न [प्रसवन] जन्म-दान।

पसूइ स्त्री [प्रसूति] प्रसव, उत्पत्ति। एक कुष्ठ रोग, नखादि से विदारण करने पर भी दुःख का असंवेदन, चमड़ी का मर जाना। °रोग पुं. रोग-विशेष।

पसूइय पुं [प्रसूतिक] वातरोग-विशेष।

पसूण न [प्रसून] पुष्प।

पसेअ पुं [प्रस्वेद] पसीना।

पसेढि स्त्री [प्रश्रेणि] अवान्तर श्रेणि—पंक्ति।

पसेण पुं [प्रसेन] भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम श्रावक का नाम।

पसेणइ पुं [प्रसेनजित्] कुलकर-पुरुष। यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र।

पसेणि स्त्री [प्रश्रेणि] अवान्तर जाति।

पसेयग देखो पसेवय।

पसेव सक [प्र + सेव्] विशेष सेवा करना।

पसेवय पुं [प्रसेवक] कोथला, थैला।

पसेविआ स्त्री [प्रसेविका] थैली, कोथली।

पस्स सक [दृश्] देखना।

पस्स (शौ) देखो पास = पार्श्व।

पस्सओहर वि [पश्यतोहर] देखते हुए चोरी करनेवाला, सुनार, उचक्का।

पस्सेय देखो पसेअ।

पह वि [प्रह्व] नम्र। विनीत। आसक्त।

पह पुं [पथिन्] मार्ग। °देसय वि [°देशक] मार्ग-दर्शक।

पहएल्ल पुं [दे] अपूप, पुआ, खाद्य-विशेष।

पहंकर देखो पभंकर।

पहंकरा देखो पभंकरा।

पहंजण पुं [प्रभञ्जन] वायु। देव-जाति-विशेष, भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति। एक राजा।

पहकर [दे] देखो पहयर।

पहट्ठ वि [दे] दृप्त, उद्धत। थोड़े ही समय के पूर्व देखा हुआ।

पहट्ठ वि [प्रहृष्ट] आनन्दित, हर्ष-प्राप्त।

पहण सक [प्र + हन्] मार डालना।

पहण न [दे] कुल, वंश।

पहणि स्त्री [दे]सामने आए हुए का अटकाव।

पहत्थ पुं [प्रहस्त] रावण का मामा।

पहद वि [दे] सदा दृष्ट।

पहम्म सक [प्र + हम्म्] प्रकर्ष से गति करना।

पहम्म न [दे] देव-कुण्ड। खात-जल, कुण्ड। छिद्र।

पहम्मंत } देखो पहण = प्र + हन् का
पहम्ममाण } कवक.।

पहय वि [प्रहत] घिसा हुआ। मार डाला गया, निहत।

पहयर पुं [दे] समूह।

पहर सक [प्र + हृ] प्रहार करना।

पहर पुं [प्रहार] मार, प्रहार। जहाँ पर प्रहार किया हो वह स्थान।

पहर पुं [प्रहर] तीन घंटे का समय।

पहरण न [प्रहरण] आयुध। प्रहार-क्रिया।

पहरावणा देखो पहारावणा।

पहराय पुं [प्रभराज] भरतक्षेत्र का छठवाँ प्रतिवासुदेव।

पहरिअ वि [प्रहृत] प्रहार करने के लिए उद्यत। जिस पर प्रहार किया गया हो वह।

पहरिस पुं [प्रहर्ष] आनन्द, खुशी।

पहलादिद (शौ) [प्रह्लादित] आनन्दित।

पहल्ल अक [घूर्ण्] घूमना, काँपना, डोलना।

पहल्लिर वि [प्रघूर्णितृ] घूमनेवाला, डोलता।

पहव अक [प्र + भू]उत्पन्न होना। समर्थ होना।

पहव पुं [प्रभव] उत्पत्ति-स्थान।

पहव देखो पहाव = प्रभाव।

पहव देखो पह = प्रह्व।

पहव पुं [प्रभव] एक जैन महर्षि।

पहस अक [प्र + हस्] हँसना। उपहास करना।

पहसण न [प्रहसन] उपहास, परिहास। नाटक का एक भेद, हास्य-रस प्रधान नाटक, रूपक-विशेष।

पहसिय वि [प्रहसित] जो हँसने लगा हो। जिसका उपहास किया हो वह। न. हास्य। पु. पवनञ्जय का एक विद्याधर-मित्र।

पहा सक [प्र + हा] त्याग करना। अक. कम होना, क्षीण होना।

पहा स्त्री [प्रथा] रीति, व्यवहार। ख्याति, प्रसिद्धि।

पहा स्त्री [प्रभा] कान्ति, तेज, आलोक, दीप्ति। °मंडल देखो भामंडल। °यर पुं [°कर] सूर्य। रामचन्द्र के भाई भरत के साथ दीक्षा लेनेवाला एक राजर्षि। °वई स्त्री [°वती] आठवें वासुदेव की पटरानी।

पहाड सक [प्र + भ्राटय्] इधर-उधर भमाना, घुमाना।

पहाण वि [प्रधान] नायक, मुखिया, मुख्य। उत्तम, प्रशस्त, श्रेष्ठ, शोभन। स्त्रीन.

प्रकृति—सत्व, रज और तमोगुण की साम्या-वस्था । पुं. सचिव, मन्त्री ।
पहाण पुं [पाषाण] पत्थर ।
पहाण न [प्रहाण] अपगम, विनाश ।
पहाम सक [प्र + भ्रमय्] फिराना, घुमाना ।
पहाय देखो पहा = प्र + हा का संकृ. ।
पहाय न [प्रभात] सवेरा । वि. प्रभायुक्त ।
पहाय देखो पहाव = प्रभाव ।
पहाया देखो वाहाया ।
पहार सक [प्र + धारय्] चिन्तन करना, विचार करना । निश्चय करना ।
पहार देखो पहर = प्रहार ।
पहाराइया स्त्री [प्रहारातिगा] लिपि-विशेष ।
पहारेत्तु वि [प्रधारयितृ] चिन्तन करनेवाला ।
पहाव सक [प्र + भावय्] प्रभाव-युक्त करना, गौरवित करना । प्रसिद्धि करना ।
पहाव (अप) अक [प्र + भू] समर्थ होना ।
पहाव पुं [प्रभाव] शक्ति, सामर्थ्य । कोष और दण्ड का तेज । माहात्म्य ।
पहाविअ वि [प्रधावित] दौड़ा हुआ ।
पहाविर वि [प्रधावितृ] दौड़नेवाला ।
पहास सक [प्र + भाष्] बोलना ।
पहास अक [प्र + भास्] चमकना, प्रकाशना ।
पहास पुं [प्रहास] अट्टहास आदि हास्य ।
पहासा स्त्री [प्रहासा] देवी-विशेष ।
पहिअ वि [पान्थ, पथिक] मुसाफिर । °साला स्त्री [°शाला] धर्मशाला ।
पहिअ वि [प्रथित] विस्तृत । प्रसिद्ध । राक्षस वंश का एक लंका-पति ।
पहिअ वि [प्रहित] भेजा हुआ, प्रेषित ।
पहिअ वि [दे] मथित, विलोडित ।
पहिंसय वि [प्रहिंसक] हिंसा करनेवाला ।
पहिज्जमाण पहा = प्र + हा का वकृ. ।
पहिट्ठ देखो पहट्ठ = प्रहृष्ट ।
पहिर सक [परि + धा] पहनना ।
पहिरावण न [परिधापन] पहिराना । पहि-रावन, भेंट में—इनाम में दिया जाता वस्त्रादि ।
पहिल वि [दे] प्रथम ।
पहिल्ल अक [दे] पहल करना, आगे करना ।
पहिल्लिर वि [प्रघूर्णितृ] खूब हिलनेवाला ।
पहिवी देखो पुहवी = पृथिवी ।
पहीण वि [प्रहीण] परिक्षीण । भ्रष्ट, स्खलित ।
पहु पुं [प्रभु] परमेश्वर । जयपुर के विन्ध्यराज का एक पुत्र । स्वामी । वि. समर्थ । अधिपति, नायक ।
°पहुइ देखो °पभिइ ।
पहुई देखो पहुवी ।
पहुंक पुं [पृथुक] खाद्य पदार्थ-विशेष, चिउड़ा ।
पहुच्च अक [प्र + भू] पहुँचना ।
पहुट्ट देखो पप्फुट्ट ।
पहुडि देखो पभिइ ।
पहुण पुं [प्राघुण] अतिथि ।
पहुणाइय न [प्राघुण्य] आतिथ्य, ।
पहुत्त वि [प्रभूत] पर्याप्त, काफी । समर्थ । पहुँचा हुआ ।
पहुदि देखो पभिइ ।
पहुप्प } अक [प्र + भू] समर्थ होना, सकना ।
पहुव } पहुँचना ।
पहुवी स्त्री [पृथिवी] भूमि । °पहु पुं [°प्रभु] राजा । °वइ पुं [°पति] वही अर्थ ।
पहुव्वंत देखो पहुव का वकृ. ।
पहूअ वि [प्रभूत] बहुत, प्रचुर । उद्गत । भूत । उन्नत ।
पहेज्जमाण देखो पहा = प्र + हा का वकृ. ।
पहेण न [दे] वधू को ले जाने पर पिता के घर दी जाती जमीन ।
पहेण न [दे] खाद्य वस्तु की भेंट । उत्सव ।
पहेरक न [प्रहेरक] आभरण-विशेष ।
पहेलिया स्त्री [प्रहेलिका] गूढ़ आशयवाली कविता ।
पहोअ सक [प्र + धाव्] प्रक्षालन करना ।

पहोइ वि [प्रधाविन्] धोनेवाला ।
पहोइअ वि [दे] प्रवर्त्तित । प्रभुत्व ।
पहोड सक [वि + लुल्] अन्दोलना ।
पहोलिर वि [प्रघूर्णितृ] हिलनेवाला, डोलता ।
पहोव देखो पधोव ।
पा सक. पीना, पान करना । रक्षण करना ।
पा सक [घ्रा] सूंघना ।
पाइ वि [पातिन्] गिरनेवाला ।
पाइ वि [पायिन्] पीनेवाला ।
पाइअ न [दे] मुँह का फैलाव ।
पाइअ देखो पागय = प्रकृत ।
पाइंत पाए = पायय् का वकृ. ।
पाइक्क पुं [पदाति] प्यादा, पैर से चलनेवाला सैनिक ।
पाइडि स्त्री [प्रावृति] प्रावरण, वस्त्र ।
पाइण देखो पाईण ।
पाइत्ता (अप) स्त्री [पवित्रा] छन्द-विशेष ।
पाइद (शौ) वि [पाचित] पकवाया हुआ ।
पाइन्न देखो पाईण ।
पाइभ न [प्रातिभ] प्रतिभा, बुद्धि-विशेष ।
पाइम वि [पाक्य] पकाने-योग्य । काल-प्राप्त, मृत ।
पाइम वि [पात्य] गिराने-योग्य ।
पाई स्त्री [पात्री] भाजन-विशेष । छोटा पात्र।
पाईण वि [प्राचीन] पूर्वदिशा-सम्बन्धी । न. गोत्र-विशेष । पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न ।
पाईणा स्त्री [प्राचीना] पूर्व दिशा ।
पाउ देखो पाउं = प्रादुस् ।
पाउ पुं [पायु] गुदा ।
पाउ पुंस्त्री [दे] भात, भोजन । इक्षु ।
पाउअ न [दे] हिम । भक्त । इक्षु ।
पाउअ देखो पाउड = प्रावृत ।
पाउअ देखो पागय ।
पाउआ स्त्री [पादुका] खड़ाऊँ, काष्ठ का जूता । पगरखी ।
पाउं अ [प्रादुस्] प्रकट, व्यक्त ।

पाउंछण न [प्रादप्रोञ्छन] जैन मुनि का एक उपकरण, रजोहरण ।
पाउकर सक [प्रादुस् + कृ] प्रकट करना ।
पाउकर वि [प्रादुष्कर] प्रादुर्भावक ।
पाउकरण न [प्रादुष्करण]प्रादुर्भाव । वि. जो प्रकाशित किया जाय वह । जैन मुनि के लिए एक भिक्षा-दोष, प्रकाश कर दी हुई भिक्षा ।
पाउक्क वि [दे] मार्गीकृत, मार्गित ।
पाउक्करण देखो पाउकरण ।
पाउक्खालय न [दे. पायुक्षालक] पाखाना । मलोत्सर्ग-क्रिया ।
पाउग्ग वि [दे] सभासद ।
पाउग्ग वि [प्रायोग्य] उचित, लायक ।
पाउग्गह पुं [पतद्ग्रह] पात्र ।
पाउग्गिअ वि [दे] जुआ खेलनेवाला । सहन किया हुआ ।
पाउड देखो पागय ।
पाउड वि [प्रावृत] आच्छादित । वस्त्र ।
पाउण सक [प्रा + वृ] पहिरना ।
पाउण सक [प्र + आप्] प्राप्त करना ।
पाउण (अप) देखो पावण = पावन ।
पाउत्त देखो पउत्त = प्रयुक्त ।
पाउप्पभाय वि [प्रादुष्प्रभात] प्रभा-युक्त, प्रकाश-युक्त ।
पाउब्भव अक [प्रादुस्+भू] प्रकट होना ।
पाउब्भव वि [पापोद्भव] पाप से उत्पन्न ।
पाउब्भुय } वि [प्रादुर्भूत] उत्पन्न, संजात ।
पाउब्भूय } प्रकटित ।
पाउरण न [प्रावरण] वस्त्र ।
पाउरण न [दे] कवच, वर्म ।
पाउरिअ देखो पाउड = प्रावृत ।
पाउल वि [पापकुल] जघन्य कुल में उत्पन्न ।
पाउल्ल न. देखो पाउआ ।
पाउव न [पादोद] पाद-प्रक्षालन-जल ।
पाउस पुं [प्रावृष्] वर्षा ऋतु । °कीड पुं [°कीट] वर्षा ऋतु में उत्पन्न होनेवाला कीट-

विशेष । °गम पुं. वर्षा-प्रारम्भ ।

पाउसिअ वि [प्रावृषिक] वर्षा-सम्बन्धी ।

पाउसिअ वि [प्रोषित, प्रवासिन्] प्रवास में गया हुआ ।

पाउसिआ स्त्री [प्राद्वेषिकी] द्वेष—मत्सर से होने वाला कर्म-बन्ध ।

पाउहारी स्त्री [दे. पाकहारी] भात-पानी ले आनेवाली ।

पाए अ [दे] प्रभृति, (वहां से) शुरू करके ।

पाए सक [पायय्] पिलाना ।

पाए सक [पादय्] गति कराना ।

पाए सक [पाचय्] पकवाना ।

पाओ अ [प्रातस्] प्रभात ।

पाओकरण देखो पाउकरण ।

पाओग देखो पाउग्ग ।

पाओगिय वि [प्रायोगिक] प्रयत्न-जनित, अस्वाभाविक ।

पाओग्ग देखो पाउग्ग ।

पाओपगम न [पादपोपगम] देखो पाओवगमण ।

पाओयर पुं [प्रादुष्कार] देखो पाउकरण ।

पाओवगमण न [पादपोपगमन] अनशन-विशेष, मरण-विशेष ।

पाओवगय वि [पादपोपगत] अनशन-विशेष से मृत ।

पाओस पुं [दे. प्रद्वेष] मत्सर, द्वेष ।

पाओसिय देखो पादोसिय ।

पाओसिया देखो पाउसिआ ।

पांडविअ वि [दे] जलार्द्र ।

पांडु देखो पंडु । °सुअ पुं [°सुत] अभिनय का एक भेद ।

पाक देखो पाग ।

पाकम्म न [प्राकाम्य] योग की आठ सिद्धियों में एक सिद्धि ।

पाकार पुं [प्राकार] दुर्ग ।

पाकिद (शौ) देखो पागय ।

पाखंड देखो पासंड ।

पाग पुं [पाक] पचन-क्रिया । दैत्य-विशेष । विपाक । बलवान् दुश्मन । °सासण पुं [°शासन] इन्द्र, देव-पति । °सासणी स्त्री [°शासनी] इन्द्रजाल-विद्या ।

पागइअ वि [प्राकृतिक] स्वाभाविक । पुं. साधारण मनुष्य, प्राकृत लोक ।

पागड सक [प्र + कटय्] प्रकट करना, व्यक्त करना ।

पागड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला ।

पागड्ढि } वि [प्राकर्षिन्, °क] अग्र-
पागड्ढिक } गामी । प्रवर्त्तक ।

पागब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता ।

पागय वि [प्राकृत] स्वाभाविक । आर्यावर्त्त की प्राचीन लोक-भाषा । पुं. साधारण बुद्धि-वाला मनुष्य, सामान्य लोग । °भासा स्त्री [°भाषा] प्राकृत भाषा । °वागरण न [°व्याकरण] प्राकृत भाषा का व्याकरण ।

पागार पुं [प्राकार] दुर्ग ।

पाजावच्च पुं [प्राजापत्य] वनस्पति का अधिष्ठाता देव । वनस्पति ।

पाटप (चूपै) देखो वाडव ।

पाठीण देखो पाढीण ।

पाड देखो फाड = पाट्य ।

पाड सक [पातय्] गिराना ।

पाड देखो पाडय = पाटक ।

पाडच्चर वि [दे] आसक्त चित्तवाला ।

पाडच्चर पुं [पाटच्चर] चोर ।

पाडण न [पाटन] विदारण ।

पाडण न [पातन] गिराना । परिभ्रमण ।

पाडय पुं [पाटक] मुहल्ला ।

पाडय वि [पातक] गिरानेवाला ।

पाडल पुं [पाटल] श्वेत और रक्त वर्ण, गुलाबी रंग । वि. श्वेत-रक्त वर्णवाला । न. पाटलिका-पुष्प, गुलाब का फूल । पाडल का फूल ।

पाडल पुं [दे] हंस । बैल । कमल ।

पाडलसउण पुं [दे] हंस ।

पाडला स्त्री [पाटला] पाडल का पेड़, पाडरि ।

पाडलि स्त्री [पाटलि] ऊपर देखो । °उत्त, °पुत्त न [°पुत्र] पटना नगर । °पुत्त वि [°पुत्र] पाटलिपुत्र-सम्बन्धी । °संड [°षण्ड] नगर-विशेष ।

पाडली देखो पाडलि । °पुर न., °वुत्त [°पुत्र] पटना नगर ।

पाडव न [पाटव] पटुता ।

पाडवण न [दे] पाद-पतन, प्रणाम-विशेष ।

पाडहिग वि [पाटहिक] ढोल बजानेवाला ।

पाडहुक वि [दे] प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार ।

पाडिअग्ग पुं [दे] विश्राम ।

पाडिअज्झ पुं [दे] पिता के घर से वधू को पति के घर ले जानेवाला ।

पाडिआ देखो पाडय = पातक ।

पाडिएक्क } न [प्रत्येक] हर एक ।
पाडिक्क }

पाडिंतिय न [प्रात्यन्तिक] अभिनय-विशेष ।

पाडिच्चरण न [प्रतिचरण] सेवा, उपासना ।

पाडिच्छय वि [प्रतीप्सक] ग्रहण करनेवाला ।

पाडिपह न [प्रतिपथ] अभिमुख ।

पाडिपहिअ देखो पडिपहिअ ।

पाडिपिद्धि स्त्री [दे] प्रतिस्पर्धा ।

पाडिप्पवग पुं [पारिप्लवक] पक्षि-विशेष ।

पाडिप्फद्धि वि [प्रतिस्पर्धिन्] स्पर्धा-कर्ता ।

पाडियंतिय न [प्रात्यन्तिक] अभिनय-विशेष ।

पाडियक्क देखो पाडिएक्क ।

पाडिवय वि [प्रातिपद] पड़वा तिथि का । पुं. एक भावी जैन आचार्य ।

पाडिवया स्त्री [प्रतिपत्] पक्ष की पहली तिथि ।

पाडिवेसिय वि [प्रातिवेश्मिक] पड़ोसी ।

पाडिसार पुं [दे] निपुणता । वि. पटु ।

पाडिसिद्धि देखो पडिसिद्धि = प्रतिसिद्धि ।

पाडिसिद्धि स्त्री [दे] स्पर्धा । समुदाचार । वि सदृश ।

पाडिसिरा स्त्री [दे] खलीन-युक्तता ।

पाडिस्सुइय न [प्रातिश्रुतिक] अभिनय का दृश्य भेद ।

पाडिहच्छी } स्त्री [दे] शिरो-माल्य ।
पाडिहत्थी }

पाडिहारिय वि [प्रातिहारिक] वापस देने योग्य वस्तु ।

पाडिहेर न [प्रातिहार्य] देवता-कृत प्रतीहार-कर्म, देवकृत पूजा-विशेष । देव-सान्निध्य ।

पाडी स्त्री [दे] भैंस की बछिया ।

पाडुंकी स्त्री [दे] जखमवाले की पालकी ।

पाडुंगोरि वि [दे] गुण-रहित । मद्य में आसक्त । स्त्री. मजबूत वेष्टन-वाली बाड़ ।

पाडुक्क पुं [दे] समालम्भन, चन्दन आदि का शरीर में उपलेप । वि. पटु, निपुण ।

पाडुच्चिय वि [प्रातीतिक] किसी के आश्रय से होनेवाला, आपेक्षिक ।

पाडुच्ची स्त्री [दे] घोड़े का सिंगार ।

पाडुहुअ वि [दे] मनौतिया, जामिनदार ।

पाडेक्क देखो पाडिक्क ।

पाडोस पुं [दे] पड़ोस ।

पाडोसिअ वि [दे] पड़ोसी ।

पाढ सक [पाठय्] पढ़ाना, अध्ययन कराना ।

पाढ पुं [पाठ] अध्ययन, पठन । शास्त्र, आगम । शास्त्र का उल्लेख । अध्यापन, शिक्षा ।

पाढ देखो पाडय = पाटक ।

पाढंतर न [पाठान्तर] भिन्न पाठ ।

पाढग वि [पाठक] उच्चारण करनेवाला । अभ्यासी, अध्ययन करनेवाला । अध्यापक ।

पाढय देखो पाढग ।

पाढव वि [पार्थिव] पृथिवी का विकार,

पृथिवी का ।

पाढा स्त्री [पाठा] पाढ, पाठ का गाछ ।

पाढाव सक [पाठय्] पढ़ाना ।

पाढावअ वि [पाठक] अध्यापक ।

पाढाविउ वि [पाठयितृ] पढ़ानेवाला ।

पाढिआ स्त्री [पाठिका] पढ़नेवाली स्त्री ।

पाढिउ वि [पाठयितृ] अध्यापक, पढ़ानेवाला ।

पाढीण पुं [पाठीन] 'पोठिया' मछली ।

पाढोआमास पुं [पृथगामर्श] बारहवें अंगग्रन्थ का एक भाग ।

पाण सक [प्र+आनय्] जिलाना ।

पाण पुंस्त्री [दे] चाण्डाल । °उडी स्त्री [°कुटी] चाण्डाल की झोंपड़ी । °विलया स्त्री [°वनिता] चाण्डाली । °डंबर पुं [°डम्बर] यक्ष-विशेष । °हिवइ पुं [°धिपति] चाण्डाल-नायक ।

पाण न [पान] पीने की क्रिया । पीने की चीज, पानी आदि । पुं. गुच्छ-विशेष । °पत्त न [°पात्र] पीने का भाजन, प्याला । °गार न [°गार] मद्य-गृह । °हार पुं. एकाशन तप ।

पाण पुंन [प्राण] जीवन के आधार-भूत ये दश पदार्थ—पाँच इन्द्रियाँ, मन, वचन और शरीर का बल, उच्छ्वास तथा निःश्वास । समय-परिमाण-विशेष, उच्छ्वास-निःश्वास-परिमित काल । जन्तु, जीव । जीवन । °इत्त वि [°वत्] प्राणवाला । °च्चय पुं [°त्यय] प्राण-नाश । °च्चाय पुं [°त्याग] मौत । °जाइय वि [°जातिक] प्राणी, जन्तु । °नाह पुं [°नाथ] पति, स्वामी । °प्पिया स्त्री [°प्रिया] पत्नी । °वह पुं [°वध] हिंसा । °वित्ति स्त्री [°वृत्ति] जीवन-निर्वाह । °सम पुं [°सम] पति, स्वामी । °सुहुम न [°सूक्ष्म] सूक्ष्म जन्तु । °हिय वि [°हृत्] प्राण-नाशक । °इंत वि [°वत्] प्राणी । °इवाइया स्त्री [°तिपातिकी] क्रिया-विशेष, हिंसा से होनेवाला कर्म-बन्ध । °इवाय पुं [°तिपात] हिंसा । °उ पुंन [°युस्] बारहवाँ पूर्व ग्रन्थ । °पाण, °पाणु पुंन [°पान] उच्छ्वास और निःश्वास । °याम पुं. योगाङ्ग, रेचक, कुम्भक और पूरक नामक प्राणों को दमने का उपाय ।

पाणंतकर वि [प्राणान्तकर] प्राण-नाशक ।

पाणंतिय वि [प्राणान्तिक] प्राण-नाशवाला ।

पाणग पुंन [पानक] पेय-द्रव्य-विशेष । वि. पान करनेवाला ।

पाणद्धि स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला ।

पाणम अक [प्र+अण्] निःश्वास लेना ।

पाणय पुं [प्राणत] दसवाँ देव-लोक । विमानेन्द्रक, देवविमान-विशेष । प्राणत स्वर्ग का इन्द्र । प्राणत देवलोक में रहनेवाला देव ।

पाणहा स्त्री [उपानह्] जूता ।

पाणाअअ पुं [दे] चाण्डाल ।

पाणाम पुं [प्राण] निःश्वास ।

पाणामा स्त्री [प्राणामी] दीक्षा-विशेष ।

पाणाली स्त्री [दे] दो हाथों का प्रहार ।

पाणि पुं [प्राणिन्] जीव, आत्मा, चेतन ।

पाणि पुं. हस्त । °गहण देखो °ग्गहण । °ग्गह पुं [°ग्रह] विवाह । °ग्गहण न [°ग्रहण] विवाह ।

पाणिअ न [पानीय] पानी । °धारिया स्त्री [°धरिका] [°धरी] । °हारी पनिहारी ।

पाणिणि पुं [पाणिनि] एक प्रसिद्ध व्याकरण-कार ऋषि ।

पाणिणीअ वि [पाणिनीय] पाणिनि-सम्बन्धी, पाणिनि का ।

पाणी देखो पाण = (दे) ।

पाणी स्त्री [पानी] वल्ली-विशेष ।

पाणीअ देखो पाणिअ ।

पाणु पुंन [प्राण] प्राण-वायु । श्वासोच्छ्वास । समय-परिमाण-विशेष ।

पात } देखो पाय = पात्र । °बंधण न
पाद } [°बन्धन] पात्र बाँधने का वस्त्र-खण्ड, जैनमुनि का एक उपकरण ।

पाद देखो पाय = पाद । °सम वि. गेय-विशेष । °ट्ठिपय न [°ष्ठिपद] बारहवें जैन आगम-ग्रन्थ का एक प्रतिपाद्य विषय ।

पादव देखो पायव ।

पादु° देखो पाउं = प्रादुस् ।

पादो देखो पाओ = प्रातस् ।

पादोसिय वि [प्रादोषिक] प्रदोष-काल का ।

पाधन्न देखो पाहुण्ण ।

पाधार सक [पाद + धारय्] पधारना ।

पाबद्ध वि [प्राबद्ध] विशेष बँधा हुआ ।

पाभाइय } वि[प्राभातिक] प्रभात-सम्बन्धी ।
पाभातिय }

पाम सक [प्र + आप्] प्राप्त करना ।

पामण्ण न [प्रामाण्य] प्रमाणता ।

पामद्दा स्त्री [दे] दोनों पैर से धान्य-मर्दन ।

पामर पुं. खेती करनेवाला । हलकी जाति का मनुष्य । मूर्ख, अज्ञानी ।

पामा स्त्री. खुजली ।

पामाड पुं [पद्माट] पमाड़, पमार, पवाड़, चकवड़ वृक्ष ।

पामिच्च न [दे. अपमित्य] उधार लेना ।

पामुक्क वि [प्रमुक्त] परित्यक्त ।

पामूल न [पादमूल] पैर का मूल भाग ।

पामोक्ख देखो पमुह = प्रमुख ।

पामोक्ख पुं [प्रमोक्ष] मुक्ति ।

पाय पुं [दे] रथ का पहिया । साँप ।

पाय पुं [पाक] पाचन-क्रिया । रसोई ।

पाय वि [पाक्य] पाक-योग्य ।

पाय देखो पाद ।

पाय पुं [पात] पतन । सम्बन्ध ।

पाय पुं. पान, पीने की क्रिया ।

पाय पुं [पाद] गमन, गति । पैर । पद्य का चौथा हिस्सा । किरण । पर्वत का कटक । एकाधन तप । छः अंगुलों का एक नाप । °कंचणिया स्त्री [°काञ्चनिका] पैर प्रक्षालन का एक सुवर्ण-पात्र । °कंबल पुंन [°कम्बल] पैर पोंछने का वस्त्रखण्ड । °कुक्कुड पुं [°कुक्कुट] कुक्कुट-विशेष । °दाद पुं [°दात] चरण-प्रहार । °चार पुं. पैर से गमन । [°जाल] न [°जाल] पैर का आभूषण-विशेष । °त्ताण न [°त्राण] जूता । °पलंब पुं [°प्रलम्ब] पैर तक लटकनेवाला एक आभूषण । °पीढ देखो °वीढ । °पुंछण न [°प्रोञ्छन] रजो-हरण, जैन साधु का एक उपकरण । °प्पडण न [°पतन] प्रणाम-विशेष । °मूल न. देखो पामूल । मनुष्यों की एक साधारण जाति, नर्तकों की एक जाति । °लेहणिआ स्त्री [°लेखनिका] पैर पोंछने का जैन साधु का एक काष्ठमय उपकरण । °वंदय वि [°वन्दक] पैर पर गिरकर प्रणाम करनेवाला । °वडण न [°पतन] प्रणाम-विशेष । °वडिया स्त्री [°वृत्ति] पैर छूना, प्रणाम-विशेष । °विहार पुं. पैर से गति । °वीढ न [°पीठ] पैर रखने का आसन । °सीसग न [°शीर्षक] पैर के ऊपर का भाग । °ाउलअ न [°ाकुलक] छन्द-विशेष ।

पाय देखो पत्त = पात्र । °केसरिआ स्त्री [°केसरिका] जैन साधुओं का एक उपकरण, पात्रप्रमार्जन का कपड़ा । °ट्ठवण, °ठवण न [स्थापन] जैन मुनियों का एक उपकरण, पात्र रखने का वस्त्र-खण्ड । °णिज्जोग, °निज्जोग पुं [°निर्योग] जैन साधु का यह उपकरण-समूह—पात्र, पात्रबन्ध, पात्र-स्थापन, पात्रकेशरिका, पटल, रजस्त्राण और गुच्छक । °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] पात्र-सम्बन्धी अभिग्रह—प्रतिज्ञा-विशेष । देखो पाद = पात्र ।

पाय (अप) देखो पत्त = प्राप्त ।

पाय° अ [प्रायस्] प्रायः, बहुत करके ।

°पाय पुं. ब. [°पाद] पूज्य।
पायए पा = पा का हेकृ.।
पायं° देखो पाय°।
पायं अ [प्रातस्] प्रभात।
पायंगुट्ठ पुं [पादाङ्गुष्ठ] पैर का अंगूठा।
पायंजलि पुं [पातञ्जल] पातञ्जल योग-सूत्र।
पायंत न [पादान्त] गीत का एक भेद, पाद-वृद्धगीत।
पायंदुय पुं [पादान्दुक] पैर बाँधने का काष्ठ-मय उपकरण।
पायक देखो पायय = पातक।
पायक्क देखो पाइक्क।
पायक्खिण्ण न [प्रादक्षिण्य] प्रदक्षिणा।
पायग न [पातक] पाप।
पायच्छित्त पुंन [प्रायश्चित्त] पाप-नाशन कर्म।
पायड देखो पागड = प्र + कटय्।
पायड न [दे] आँगन।
पायड देखो पागड = प्रकट।
पायड देखो पागड = प्राकृत।
पायड वि [प्रावृत] आच्छादित।
पायण न [पायन] पिलाना, पान कराना।
पायत्त न [पादात] पदाति-समूह। °णिय न [°नीक] पदाति सैन्य।
पायपुंछण न [पादपुञ्छन] सकोरा।
पायप्पहण पुं [दे] कुक्कुट।
पायय न [पातक] पाप।
पायय देखो पाव = पाप।
पायय देखो पागय।
पायय देखो पायव।
पायय देखो पावय = पावक।
पायय देखो पाय = पाद।
पायरास पुं [प्रातराश] प्रातःकाल का भोजन।
पायल न [दे] आँख।
पायव पुं [पादप] वृक्ष।
पायस पुंन. दूध का मिष्टान्न, खीर।
पायार पुं [प्राकार] कोट।
पायाल न [पाताल] रसा-तल, अधो भुवन। °कलश पुं. समुद्र के मध्य में स्थित कलशाकार वस्तु। °पुर न. नगर-विशेष। °मंदिर न [°मन्दिर]। °हर न [°गृह] पाताल-स्थित गृह।
पायाल न [पाददल] पादात्य, पैदल सैन्य।
पायालंकारपुर न [पातालल‌ङ्कापुर] पाताल-लंका, रावण की राजधानी।
पायावच्च न [प्राजापत्य] अहोरात्र का चौदहवाँ मुहूर्त्त।
पायाविय वि [पायित] पिलाया हुआ।
पायाहिण न [प्रादक्षिण्य] वेष्टन, दक्षिण की ओर।
पायाहिणा देखो पयाहिणा।
पार अक [शक्] करने में समर्थ होना।
पार सक [पारय्] पार पहुँचना।
पार पुंन [पार] तट, पर्ला, किनारा। परलोक, आगामी जन्म। मनुष्य-लोकभिन्न नरक आदि। मोक्ष। °ग वि. पार जानेवाला। °गय वि [°गत] पार-प्राप्त। पुं. जिन-देव, भगवान् अर्हन्। °गामि वि [°गामिन्] पार पहुँचनेवाला। °पाणग न[°पानक] पेय द्रव्य। °विउ वि [°विद्] पार को जाननेवाला। °भोय वि [°भोग] पार-प्रापक।
पार देखो पायार।
पारंक न [दे] मदिरा नापने का पात्र।
पारंगम वि [पारगम] पार जानेवाला।
पारंगय वि [पारंगत] पार-प्राप्त।
पारंचि } पारंचिय } वि [पाराञ्चि]। न [पाराञ्चिक] सर्वोत्कृष्ट प्रायश्चित्त, तप-विशेष से अतिचारों की पारप्राप्ति। वि. सर्वोत्कृष्ट प्रायश्चित्त करनेवाला।
पारंपज्ज } पारंपर } न [पारम्पर्य] परम्परा।

पारंपर पुं [दे] राक्षस।

पारंभ सक [प्रा + रभ्]आरम्भ करना। हिंसा करना, मारना। पीड़ा करना।

पारंभ पुं [प्रारम्भ] शुरू, उपक्रम।

पारकेर } वि [परकीय] पर का, अन्यदीय।
पारक्क }

पारज्झमाण देखो पारंभ = प्रा + रभ् का कवकृ.।

पारण } न [पारण] व्रत या तप की
पारणग } समाप्ति के अनन्तर का भोजन।

पारणा स्त्री. ऊपर देखो। °इत्त वि [°वत्] पारणावाला।

पारतंत न [पारतन्त्र्य] पराधीनता।

पारत्त अ[परत्र]परलोक या आगामी जन्म में।

पारत्त वि [पारत्र, पारत्रिक] पारलौकिक, आगामी जन्म से सम्बन्ध रखनेवाला।

पारत्ति स्त्री [दे] कुसुम-विशेष।

पारदारिय वि [पारदारिक] परस्त्री-लम्पट।

पारद्ध वि [प्रारब्ध] जिसका प्रारम्भ किया गया हो। जो प्रारम्भ करने लगा हो।

पारद्ध न [दे] पूर्व-कृत कर्म का परिणाम, प्रारब्ध। वि. शिकारी। पीड़ित।

पारद्धि स्त्री [पापर्द्धि] शिकार।

पारद्धिअ वि [पापर्द्धिक] शिकारी।

पारमिया स्त्री [पारमिता] बौद्ध-शास्त्र-परिभाषित प्राणातिपात-विरमणादि शिक्षा-व्रत।

पारम्म न [पारम्य] परमता, उत्कृष्टता।

पारय वि [पारग] समर्थ।

पारय पुं [पारद] पारा। °मद्दण न [°मर्दन] आयुर्वेद-विहित रीति से पारा का मारण, रसायन-विशेष। वि. पार-प्रापक।

पारय न [दे] दारू रखने का पात्र।

पारय देखो पार-ग।

पारय पुं [प्रावारक] पट। वि. आच्छादक।

पारलोइअ वि [पारलौकिक]परलोक-सम्बन्धी, आगामी जन्म से सम्बन्ध रखनेवाला।

पारवस्स न [पारवश्य] परवशता।

पारस पुं. अनार्य, फारस देश, ईरान। मणि-विशेष, जिसके स्पर्श से लोहा सुवर्ण हो जाता है। पारस देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति। °उल न [°कुल] ईरान देश। वि. पारस देश का, ईरान का निवासी।°कूल न. ईरान का किनारा या सीमा।

पारसिय वि [पारसिक] फारस देश का।

पारसी स्त्री. पारस देश की स्त्री। फारसी लिपि।

पारसीअ वि [पारसीक] फारस-निवासी।

पाराई स्त्री [दे] लोह-कुशी-विशेष, लोहे की दंडाकार छोटी वस्तु।

पाराय देखो पारावय।

पारायण न. पार-प्राप्ति। पुराण-पाठ-विशेष।

पारावय देखो पारेवय।

पारावर पुं [दे] गवाक्ष।

पारावार पुं. सागर।

पाराविअ वि [पारित] जिसको पारण कराया।

पारासर पुं [पाराशर] ऋषि-विशेष। न. गोत्र, वशिष्ठ गोत्र की शाखा। वि. उस गोत्र में उत्पन्न। पुं.भिक्षुक। कर्म-त्यागी संन्यासी।

पारिओसिय वि [पारितोषिक] पुरस्कार।

पारिच्छा देखो परिच्छा।

पारिच्छेज्ज देखो परिच्छेज्ज।

पारिजाय देखो पारिय = पारिजात।

पारिट्ठावणिया स्त्री [पारिष्ठापनिकी] समिति-विशेष, मल आदि के उत्सर्ग में सम्यक् प्रवृत्ति।

पारिडि स्त्री [प्रावृति] प्रावरण, कपड़ा।

पारिणामिअ देखो परिणामिअ = पारिणामिक।

पारिणामिआ } देखो पारिणामिआ।
पारिणामिगी }

पारितावणिया स्त्री [पारितापनिकी] दूसरे को दुःख उपजाने से होनेवाला कर्म-बन्ध।

पारितावणी स्त्री [पारितापनी] ऊपर देखो।
पारितोसिअ देखो पारिओसिय।
पारित्त देखो पारत्त = परत्र।
पारिप्पव पुं [पारिप्लव] पक्षि-विशेष।
पारिभद्द पुं [पारिभद्र] फरहद का पेड़।
पारिय वि [पारित] पूर्ण किया हुआ।
पारिय पुं [पारिजात] देव-वृक्ष, कल्पतरु। फरहद का पेड़। न. फरहद का फूल जो रक्त वर्ण का और अत्यन्त शोभायमान होता है।
पारियत्त पुं [पारियात्र] देश-विशेष।
पारियल्ल न [दे. परिवर्त] पहिए के पृष्ठ भाग की बाह्य परिधि।
पारियाय देखो पारिय = पारिजात।
पारियावणिया देखो पारितावणिया।
पारियावणिया देखो परियावणिया।
पारियासिय वि [पारिवासित] बासी रखा हुआ।
पारिव्वज्ज न [पारिव्राज्य] संन्यास।
पारिव्वाई स्त्री [पारिव्राजी] संन्यासिनी।
पारिव्वाय वि [पारिव्राज] संन्यासी-सम्बन्धी।
पारिसज्ज वि [पारिषद्य] सभासद।
पारिसाडणिया स्त्री [पारिशाटनिकी] परिशाटन—परित्याग से होनेवाला कर्म-बन्ध।
पारिहच्छी स्त्री [दे] माला।
पारिहट्टी स्त्री [दे] प्रतिहारी। आकर्षण। बहुत देर से ब्यायी हुई भैंस।
पारिहत्थिय सि [पारिहस्तिक] निपुण।
पारिहारिय वि [पारिहारिक] परिहार नामक व्रत करनेवाला तपस्वी।
पारिहासय न [पारिहासक] जैन मुनियों के एक कुल का नाम।
पारी स्त्री [दे] दोहन-भाण्ड।
पारीण वि. पार-प्राप्त।
पारुअग्ग पुं [दे] विश्राम।
पारुअल्ल पुं [दे] पृथुक, चिउड़ा।
पारुसिय देखो फारुसिय।
पारुहल्ल वि [दे] मालीकृत, श्रेणी रूप से स्थापित।
पारेवय पुं [पारापत] कबूतर। वृक्ष-विशेष। न. फल-विशेष।
पारोक्ख वि [पारोक्ष] परोक्ष-सम्बन्धी।
पारोह देखो परोह।
पाल सक [पालय्] पालन-रक्षण करना।
पाल देखो पार = पारय्।
पाल पुं [दे] कलवार, शराब बेचनेवाला। वि. जीर्ण, फटा-टूटा।
पाल पुंन. आभूषण-विशेष, वि. पालन-कर्ता।
पालंक न [पालङ्क्य] पालक का शाक।
पालंगा स्त्री [पालङ्क्या] ऊपर देखो।
पालंब पुं [प्रालम्ब] अवलम्बन, सहारा। गले का आभूषण-विशेष। दीर्घ। पुंन. ध्वजा के नीचे लटकता वस्त्राञ्चल।
पालक्का स्त्री [पालक्या] देखो पालंगा।
पालग देखो पालय।
पालण न [पालन] रक्षण। वि. रक्षक।
पालद्दुह पुं [दे] वृक्ष-विशेष।
पालप्प पुं [दे] प्रतिसार। वि. विप्लुत।
पालय वि [पालक] रक्षक। पुं सौधर्मेन्द्र का एक आभियौगिक देव। श्रीकृष्ण का एक पुत्र। भगवान् महावीर के निर्वाण के दिन अभिषिक्त अवन्ती का एक राजा। देव-विमान-विशेष।
पालास पुं [पालाश] पलाश-सम्बन्धी। न. किंशुक-फल।
पालि स्त्री. तालाव आदि का बन्ध। प्रान्त भाग। देखो पाली = पाली।
पालि स्त्री [दे] धान्य मापने की नाप। पल्योपम, समय का सुदीर्घ परिमाण-विशेष।
पालिआ स्त्री [दे] तलवार की मूठ।
पालिआ देखो पाली = पाली।
पालित्त पुं [पादलिप्त] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य।
पालित्ताण न [पादलिप्तीय] सौराष्ट्र देश का

प्राचीन नगर पालिताणा ।

पालित्तिआ स्त्री [दे] राजधानी । मूलनीवी । भण्डार । भंगी, प्रकार ।

पालियाय देखो पारिय = पारिजात ।

पाली स्त्री. श्रेणि । देखो पालि ।

पाली स्त्री [दे] दिशा ।

पालीबंध पुं [दे] तालाब, सरोवर ।

पालीहम्म न [दे] वृति, बाड़ ।

पालेव पुं [पादलेप] पैर में किया हुआ लेप ।

पाव सक [प्र + आप्] प्राप्त करना ।

पाव देखो पव्वाल = प्लावय् ।

पाव पुंन [पाप] अशुभ कर्म-पुद्गल, कुकर्म । पापी, अधर्मी । °कम्म न [°कर्मन्] अशुभ कर्म । °कम्मि वि [°कर्मिन्] कुकर्म करनेवाला । °दंड पुं [°दण्ड] नरकावास-विशेष । °पगइ स्त्री [°प्रकृति] अशुभ कर्म-प्रकृति । °यारि वि [°कारिन्] दुराचारी । °समण पुं [°श्रमण] दुष्ट साधु । °सुमिण पुंन [°स्वप्न] दुष्ट स्वप्न । °सुय न [°श्रुत] दुष्ट शास्त्र ।

पाव पुं [दे] सर्प ।

पाव (अप) देखो पत्त = प्राप्त ।

पावंस वि [पापीयस्] पापी, कुकर्मी ।

पावक्खालय न [दे. पापक्षालक] देखो पाउक्खालय ।

पावग वि [पावक] पवित्र करनेवाला । पुं. अग्नि ।

पावग वि [प्रापक] पहुँचानेवाला ।

पावग देखो पाव = पाप ।

पावज्जा (अप) देखो पव्वज्जा ।

पावडण देखो पाय-वडण = पाद-पतन ।

पावड्ढि देखो पारद्धि ।

पावण वि [पावन] पवित्र करनेवाला ।

पावण न [प्लावन] पानी का प्रवाह । सराबोर करना ।

पावण न [प्रापण] प्राप्ति, लाभ । योग की एक सिद्धि ।

पावद्धि देखो पारद्धि ।

पावय देखो पाव = पाप ।

पावय वि [प्रावृत] आच्छादित ।

पावय पुंन [दे] वाद्य-विशेष ।

पावय देखो पावग = पावक ।

पावयण देखो पवयण ।

पावरअ देखो पावारय ।

पावरण पुं [प्रावरण] एक म्लेच्छ जाति । न. वस्त्र ।

पावरिय वि [प्रावृत] आच्छादित ।

पावस देखो पाउस ।

पावा स्त्री [पापा] नगरी-विशेष ।

पावाइ वि [प्रवादिन्] वाचाट, दार्शनिक ।

पावाइअ वि [प्राव्राजिक] संन्यासी ।

पावाइअ वि [प्रावादिक] देखो पावाइ ।

पावाइअ } वि [प्रावादुक] वाचाट, दार्शनिक ।
पावादुय }

पावार पुं [प्रावार] रुँछावाला । मोटा कम्बल ।

पावारय देखो पारय = प्रावारक ।

पावालिआ स्त्री [प्रपापालिका] प्याऊ पर नियुक्त स्त्री ।

पावासु वि [प्रवासिन्] प्रवास करनेवाला ।

पाविअ वि [प्राप्त] लब्ध, मिला हुआ ।

पाविअ वि [प्रापित] प्राप्त करवाया हुआ ।

पाविअ वि [प्लावित] सराबोर किया हुआ ।

पाविट्ठ वि [पापिष्ठ] अत्यन्त पापी ।

पावीढ देखो पाय-वीढ ।

पावीयंस देखो पावंस ।

पावुअ वि [प्रावृत] आच्छादित ।

पावेस वि [प्रावेश्य] प्रवेश के लायक ।

पावेस पुं [प्रावेश] वस्त्र के दोनों तरफ लटकता रुँछा ।

पास सक [दृश्] देखना । जानना ।

पास पुं [पार्श्व] वर्तमान अवसर्पिणी-काल के

तेईसवें जिन-देव। भगवान् पार्श्वनाथ का अधिष्ठायक यक्ष। न. कन्धे के नीचे का भाग, पाँजर। निकट। °वच्चिज्ज वि [°ापत्यीय] भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा में संजात।

पास पुं [पाश] फाँसा।

पास न [दे] आँख। दाँत। कुन्त, प्रास। वि. विशोभ, कुडौल। पुंन. अन्य वस्तु का अल्प-मिश्रण।

°पास वि [°पाश] निकृष्ट, जघन्य, कुत्सित।

पासंगिअ वि [प्रासङ्गिक] आनुषंगिक।

पासंड न [पासण्ड]पाखण्ड, असत्य धर्म। व्रत।

पासंदण न [प्रस्यन्दन] झरन, टपकना।

पासग वि [दर्शक] देखनेवाला।

पासग पुं [पाशक] फाँसा। पासा, जुआ खेलने का उपकरण-विशेष।

पासग न [प्राशक] कला-विशेष।

पासणिअ वि [दे] साक्षी।

पासणिअ वि [प्राश्निक] प्रश्न-कर्ता।

पासत्थ वि [पार्श्वस्थ] निकट-स्थित। शिथिलाचारी साधु।

पासत्थ वि [पाशस्थ] पाश में फँसा हुआ।

पासल्ल न [दे] द्वार। वि. तिर्यक्, वक्र।

पासल्ल अक [तिर्यञ्च्, पार्श्वाय्] वक्र। पार्श्व घुमाना।

पासल्लइअ देखो पासल्लिअ।

पासल्लि वि [पार्श्विन्] पार्श्व-शयित।

पासल्लिअ वि [पार्श्वित, तिर्यक्त] पार्श्व में किया हुआ। टेढ़ा किया हुआ।

पासवण न [प्रस्रवण] मूत्र।

पासाईय देखो पासादीय।

पासाकुसुम न [पाशाकुसुम] पुष्प-विशेष।

पासाण पुं [पाषाण] पत्थर।

पासाणिअ वि [दे] साक्षी।

पासाद देखो पासाय।

पासादिय वि [प्रसादित] प्रसन्न किया हुआ। न. प्रसन्न करना।

पासादीय वि [प्रासादीय] प्रसन्नता-जनक।

पासादीय वि [प्रासादित] महलवाला।

पासाय पुंन [प्रासाद] महल। °वडिंसय पुं [°ावतंसक] श्रेष्ठ महल।

पासायवडेंसग पुं [प्रासादावतंसक] श्रेष्ठतम महल, प्रासाद-विशेष।

पासाव पुं [दे] गवाक्ष। झरोखा।

पासासा स्त्री [दे] छोटा भाला।

पासि वि [पार्श्विन्] पार्श्वस्थ, शिथिलाचारी साधु।

पासिद्धि देखो पसिद्धि।

पासिम वि [दृश्य] दर्शनीय, ज्ञेय।

पासिद वि [पाशित] फाँसे में फँसाया हुआ।

पासिय वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ।

पासिय वि [पाशित] पाश-युक्त।

पासिया स्त्री [पाशिका] छोटा पाश।

पासिया देखो पास = दृश्।

पासिल्ल वि [पार्श्विक] पास में रहनेवाला। पार्श्वशायी।

पासी स्त्री [दे] चूड़ा, चोटी।

पासु देखो पंसु।

पासुत्त देखो पसुत्त।

पासेइय वि [प्रस्वेदित] प्रस्वेद-युक्त।

पासेल्लिय वि [पार्श्ववत्] पार्श्व-शायी।

पासोअल्ल देखो पासल्ल = तिर्यञ्च्।

पाह (अप) सक [प्र+अर्थय्] प्रार्थना करना।

पाहंड देखो पासंड।

पाहण देखो पाहाण।

पाहणा देखो पाणहा।

पाहण्ण न [प्राधान्य] प्रधानता।

पाहर सक [पा + हृ] प्रकर्ष से लाना।

पाहरिय वि [प्राहरिक] पहरेदार।

पाहाउय देखो पाभाइय।

पाहाण पुं [पाषाण] पत्थर।

पाहिज्ज देखो पाहेज्ज।

पाहुड न [प्राभृत] उपहार। जैन ग्रन्थांश-

विशेष, परिच्छेद, अध्ययन। प्राभृत का ज्ञान। °पाहुड न [°प्राभृत] ग्रन्थांश-विशेष, प्राभृत का भी एक अंश। प्राभृत-प्राभृत का ज्ञान। °पाहुडसमास पुंन [°प्राभृतसमास] अनेक प्राभृत-प्राभृतों का ज्ञान। °समास पुंन. अनेक प्राभृतों का ज्ञान।

पाहुड न [प्राभृत] कलह। दृष्टिवाद के पूर्वों का अध्याय-विशेष। सावद्य कर्म। °छेय पुं [°च्छेद] बारहवें अंग-ग्रन्थ के पूर्वों का प्रकरण विशेष। °पाहुडिआ स्त्री [°प्राभृतिका] दृष्टिवाद का प्रकरण-विशेष।

पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] दृष्टिवाद का छोटा अध्याय। अर्चनिका, विलेपन आदि।

पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] भेंट। जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, विशिष्ट समय से पहले—मन में संकल्पित भिक्षा, उपहार रूप से दी जाती भिक्षा।

पाहुण वि [दे] बेचने की वस्तु।

पाहुण पुं [प्राघुण] अतिथि।

पाहुणिअ पुं [प्राघुणिक] मेहमान।

पाहुणिअ पुं [प्राघुनिक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष।

पाहुणिज्ज वि [प्राहवनीय] प्रकृष्ट संप्रदान, जिसको दान दिया जाय वह।

पाहुण्ण न [प्राघुण्य] आतिथ्य।

पाहेअ, पाहेज्ज न [पाथेय] रास्ते में व्यय करने की सामग्री या भोजन।

पाहेणग (दे) देखो पहेण।

पि देखो अवि।

पिअ सक [पा] पीना।

पिअ पुं [प्रिय] पति। वि. इष्ट। °अम पुं [°तम] कान्त। °अमा स्त्री [°तमा] पत्नी। °अर वि [°कर] प्रीति-जनक। °कारिणी स्त्री. भगवान् महावीर की माता का नाम, त्रिशला देवी। °गंथ पुं [°ग्रन्थ] एक प्राचीन जैन मुनि, आचार्य सुस्थित और सुप्रतिबद्ध का एक शिष्य। °जाअ वि [°जाय] जिसको पत्नी प्रिय हो वह। °जाआ स्त्री [°जाया] प्रेम-पात्र पत्नी। °दंसण वि [°दर्शन] जिसका दर्शन प्रीतिकर हो। पुं. देव-विशेष। °दंसणा स्त्री [°दर्शना] भगवान् महावीर की पुत्री। °धम्म वि [°धर्मन्] धर्म की श्रद्धावाला। पुं. श्री रामचन्द्र के साथ जैन दीक्षा लेनेवाला राजा। °भाउग पुं [°भ्रातृ] पति का भाई। °भासि वि [°भाषिन्] प्रिय-वक्ता। °मित्त पुं [°मित्र] एक जैन मुनि, जो अपने पीछले भव में पाँचवाँ वासुदेव हुआ था। °मेलय वि [°मेलक] प्रिय का मेल—संयोग करानेवाला। न. एक तीर्थ। °ाउय वि [°ायुष्क] जीवित-प्रिय। °ायग वि [°ायत, °ात्मक] आत्म-प्रिय।

पिअ देखो पीअ।

पिअ° देखो पिउ। °हर न [°गृह] पिता का घर, पीहर।

पिअआ देखो पिआ।

पिअइउ (अप) वि [प्रीणयितृ] प्रीतिकर।

पिअउल्लिय (अप) देखो पिआ।

पिअंकर वि [प्रियंकर] अभीष्ट-कर्ता। पुं. एक चक्रवर्ती राजा। रामचन्द्र के पुत्र लव का पूर्व जन्म का नाम।

पिअंगु पुं [प्रियङ्गु] प्रियंगु का वृक्ष। कर्कूंदनी का पेड़। कंगु, मालकाँगनी का पेड़। स्त्री. एक स्त्री का नाम। °लइया स्त्री [°लतिका] एक स्त्री का नाम।

पिअंवय, पिअंवाइ वि [प्रियंवद] [प्रियवादिन्] मधुर-भाषी।

पिअण न [दे] दूध।

पिअण न [पान] पीना।

पिअणा स्त्री [पृतना] जिसमें २४३ हाथी, २४३ रथ, ७२९ घोड़े और १२१५ प्यादें हों वह लश्कर।

पिअमा स्त्री [दे] प्रियंगु वृक्ष।

पिअमाहवी स्त्री [दे] कोकिला ।
पिअय पुं [प्रियक] विजयसार का पेड़ ।
पिअर पुंन [पितृ] माता-पिता । पुं. पिता ।
पिअरंज सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना ।
पिअल (अप) देखो पिअ = प्रिय ।
पिआ स्त्री [प्रिया] पत्नी ।
पिआमह पुं [पितामह] ब्रह्मा । दादा । °तणअ पुं [°तनय] जाम्बवान्, वानर-विशेष । °त्थ न [°स्त्र] ब्रह्मास्त्र ।
पिआमही स्त्री [पितामही] दादी ।
पिआर (अप) वि [प्रियतर] प्यारा ।
पिआरी (अप) स्त्री [प्रियतरा] प्रिया, पत्नी ।
पिआल पुं [प्रियाल] पियाल, चिरौंजी ।
पिआलु पुं [प्रियालु] खिरनी का गाछ ।
पिआसा देखो पिवासा ।
पिइ देखो °इ ।
पिइ पुं [पितृ] पिता । मघा-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव । °मेह पुं [°मेघ] जिसमें बाप का होम किया जाय वह यज्ञ । °वण न [°वन] श्मशान । °हर न [°गृह] पिता का घर ।
पिइज्ज पुं [पितृव्य] चाचा ।
पिइय वि [पैतृक] पिता का, पितृ-सम्बन्धी ।
पिउ पुं [पितृ] पिता । पुंन. माँ बाप । °कम्म पुं [°कर्म] पितृ-कुल । °कुल न. पिता का वंश । °घर न [°गृह] पीहर । °च्छा, °च्छी स्त्री [°ष्वसृ] पिता की बहिन । °पिंड पुं [°पिण्ड] मृतक-भोजन, श्राद्ध में दिया जाता भोजन । °भगिणी स्त्री [°भगिनी] फूफी । °वइ पुं [°पति] यमराज । °वण न [°वन] श्मशान । °सिआ स्त्री [°ष्वसृ] फूफी । °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी । °स्सिया देखो °सिआ । °हर देखो °घर ।
पिउअ देखो पिइय ।
पिउच्चा स्त्री [दे. पितृष्वसृ] फूफी ।
पिउच्चा } स्त्री [दे] सखी ।
पिउच्छा }
पिउली स्त्री [दे] कपास । रूई की पूनी ।
पिकार पुं [अपिकार] 'अपि' शब्द । अपि शब्द की व्याख्या ।
पिंखा स्त्री [प्रेङ्खा] हिंडोला ।
पिंखोल सक [प्रेङ्खोलय्] झूलना ।
पिंग देखो पंग = ग्रह् ।
पिंग पुं [पिङ्ग] कपिश वर्ण । वि. पीला । पुंस्त्री. कपिंजल पक्षी ।
पिंगंग पुं [दे] मर्कट ।
पिंगल पुं [पिङ्गल] नील-पीत वर्ण । वि. नील-मिश्रित पीत-वर्णवाला । पुं. ग्रह-विशेष । एक यक्ष । चक्रवर्त्ती का एक निधि, आभूषणों की पूर्ति करने-वाला एक निधान । कृष्ण पुद्गल-विशेष । प्राकृत-पिंगल का कवि । जैन उपासक । न. प्राकृत का छन्द-ग्रन्थ । °कुमार पुं. राजकुमार, जिसने भगवान् सुपार्श्वनाथ से दीक्षा ली थी । °क्ख वि [°ाक्ष] नीली-पीली आँखवाला । पुं. पक्षि-विशेष ।
पिंगलायण न [पिङ्गलायन] कौत्स गोत्र की शाखा । पुंस्त्री. उस में उत्पन्न ।
पिंगलिअ वि [पैङ्गलिक] पिंगल-सम्बन्धी ।
पिंगा देखो पिंग ।
पिंगायण न [पिङ्गायन] मघा-नक्षत्र का गोत्र ।
पिंगिअ वि [गृहीत] ग्रहण किया हुआ ।
पिंगिम पुंस्त्री. [पिङ्गिमन्] पीलापन ।
पिंगीकय वि [पिङ्गीकृत] पीला किया हुआ ।
पिंगुल पुं [पिङ्गुल] पक्षि-विशेष ।
पिचु पुंस्त्री [दे] पक्व करीर ।
पिंछ } देखो पिच्छ ।
पिंछड }
पिंछी स्त्री [पिच्छी] साधु का एक उपकरण ।
पिंछोली स्त्री [दे] मुंह के पवन से बजाया जाता तृण-मय वाद्य-विशेष ।

पिंज सक [पिञ्ज्] पीजना, रूई का धुनना।

पिंजर पुं [पिञ्जर] पीत-रक्त वर्ण। वि. रक्त-पीत वर्णवाला।

पिंजर सक [पिञ्जरय्] रक्त-मिश्रित पीतवर्ण-युक्त करना।

पिंजरुड पुं [दे] भारुण्ड पक्षी।

पिंजिअ वि [पिञ्जित] पीजा हुआ।

पिंजिअ वि [दे] विधुत।

पिंड सक [पिण्डय्] एकत्रित करना, संश्लिष्ट करना। अक मिलना।

लाव सक [लापय्] बुलवाना, कहलाना।

लाव देखो लावग।

लावंज न [दे] सुगन्धी तृण, उशीर, खस।

लावक, लावग पुं. पक्षि-विशेष। वि. काटनेवाला।

लावणिअ वि [लावणिक] लवण से संस्कृत।

लावण्ण देखो लायण्ण।

लाविय (अप) वि [लात] लाया हुआ।

लाविआ स्त्री [दे] उपलोभन।

लास सक [लासय्] नाचना।

लास न [लास्य] भरतशास्त्र-प्रसिद्ध गेयपद आदि। नृत्य। स्त्री का नाच। वाद्य, नृत्य और गीत का समुदाय।

लासक, लासग पुं. रास गानेवाला। जय शब्द बोलनेवाला।

लासय पुं [लासक, ह्रासक] अनार्य देश-विशेष। पुंस्त्री. वहाँ का रहनेवाला। स्त्री. °सिया। देखो ल्हासिय।

लासयविहय पुं [दे. लासकविहग] मयूर।

लाह सक [श्लाघ्] प्रशंसा करना।

लाह देखो लाभ।

लाहण न [दे] भोज्य-भेद, खाद्य-वस्तु की भेंट।

लाहल देखो णाहल।

लाहव देखो लाघव।

लिअ सक [लिप्] लीपना।

लिअ वि [लिप्त] लीपा हुआ। न. लेप।

लिआर पुं [ऌकार] 'ऌ' वर्ण।

लिंक पुं [दे] बाल, लड़का।

लिंकिअ वि [दे] आश्लिष्ट। लीन।

लिंखय देखो लंख।

लिंग सक [लिङ्ग्] जानना। गति करना। आलिंगन करना।

लिंग न [लिङ्ग] चिह्न। दार्शनिक और साधु का अपने धर्म के अनुसार वेष। अनुमान प्रमाण का साधक हेतु। पुंश्चिह्न। पुंलिंग आदि शब्द। °द्धय पुं [°ध्वज]। °जीव पुं. वेषधारी साधु।

लिंगि वि [लिङ्गिन्] साध्य हेतु से जानी जाती वस्तु। किसी धर्म के वेष को धारण करने-वाला साधु।

लिंगिय वि [लैंगिक] अनुमान प्रमाण।

लिछ न [दे] चुल्ली-स्थान। अग्नि-विशेष। देखो लिच्छ।
लिंड न [दे] हाथी आदि की विष्ठा। शैवल-रहित पुराना पानी।
लिंडिया स्त्री [दे] बकरा आदि की विष्ठा।
लिंत ले = ला का. वकृ.।
लिंप सक [लिप्] लीपना।
लिंपाविय वि [लेपित] लेप कराया हुआ।
लिंब पुं [निम्ब] नीम का पेड़।
लिंब वि [दे] कोमल। नम्र।
लिंब पुं [दे. लिम्ब] आस्तरण-विशेष।
लिंबड (अप) देखो लिंब = निम्ब।
लिंबोहली स्त्री [दे] निम्ब-फल।
लिकार देखो लिआर।
लिक्क अक [नि + ली] छिपाना।
लिक्ख न [लेख्य] हिसाब। देखो लेक्ख।
लिक्ख स्त्रीन [दे] छोटा स्रोत। स्त्री. °क्खा।
लिक्खा स्त्री [लिक्षा] लघु यूका। परिणाम-विशेष।
लिखाप (अशो) सक [लेखय्] लिखवाना।
लिच्छ सक [लिप्स्] प्राप्त करने को चाहना।
लिच्छ देखो लिछ।
लिच्छवि देखो लेच्छइ = लेच्छकि।
लिच्छु वि [लिप्सु] लाभ की चाहवाला।
लिज्जिअ (अप) वि [लात] गृहीत।
लिट्टिअ न [दे] चाटु, खुशामद। वि. लम्पट।
लिट्ठु देखो लेट्ठु।
लित्त वि [लिप्त] लेप-युक्त। संवेष्टित।
लित्ति पुंस्त्री [दे] खड्ग आदि का दोष।
लिप्प देखो लित्त।
लिप्प देखो लेप्प।
लिप्पासण न [लिप्यासन] मसी-भाजन।
लिब्भंत लिह = लिह् का कवकृ.।
लिल्लिर वि [दे] आर्द्र। हरा ग्वाला।
लिवि } स्त्री [लिपि, पी] अक्षर-लेखन-
लिवी } प्रक्रिया।
लिस अक [स्वप्] सोना।
लिस सक [श्लिष्] आलिंगन करना।
लिसय वि [दे] क्षीण।
लिस्स देखो लिस = श्लिष्।
लिह सक [लिख्] लिखना। रेखा करना।
लिह सक [लिह्] चाटना।
लिहण न [लेखन] लेख लिखवाना।
लिहा स्त्री [लेखा] देखो रेहा = रेखा।
लिहिअ वि[लिखित]लिखा हुआ। उल्लिखित। चित्रित।
लिहुअ (अप) वि [लात] लिया हुआ।
लीढ वि. चाटा हुआ। स्पृष्ट। युक्त।
लीण वि [लीन] लय-युक्त।
लील पुं [दे] यज्ञ।
लीला स्त्री विलास। क्रीड़ा। छन्द-विशेष। °वई स्त्री [°वती] विलासवती स्त्री। छन्द-विशेष। °वह वि. लीला-वाहक।
लीलाइअ न [लीलायित] क्रीड़ा। प्रभाव।
लीलाय सक [लीलाय्] लीला करना।
लीव पुं [दे] बाल।
लीहा देखो लिहा।
लुअ सक [लू] छेदना, काटना।
लुअ देखो लुंप।
लुअ वि [लून] काटा हुआ, छिन्न।
लुअ वि [लुप्त] जिसका लोप किया गया हो वह। न. लोप।
लुअंत वि [लूनवत्] जिसने छेदन किया हो वह।
लुंक वि [दे] सुप्त।
लुंकणी स्त्री [दे] छिपना।
लुंख पुं [दे] नियम।
लुंखाय पुं [दे] निर्णय।
लुंखिअ वि [दे] कलुष, मलिन।
लुंच सक [लुञ्च] बाल उखाड़ना। अपनयन करना।
लुंछ सक [मृज्, प्र + उञ्छ्] मार्जन करना।

पोंछना ।

लुंट सक [लुण्ट्] लूटना ।

लुंटाक वि [लुण्टाक] लुटेरा ।

लुंठग वि [लुण्ठक] खल ।

लुंठिअ वि [लुण्ठित] बलाद् गृहीत ।

लुंप सक [लुप्] लोप करना, विनाश करना, उत्पीड़न करना । अदृष्ट करना ।

लुंपइत्तु वि [लोपयितृ] लोप करनेवाला ।

लुंपणा स्त्री [लोपना] विनाश ।

लुंपित्तु वि [लोप्तृ] लोप करनेवाला ।

लुंबी स्त्री [दे. लुम्बी] फलों का गुच्छा । लता ।

लुक्क अक [नि + ली] छिपना ।

लुक्क अक [तुड्] टूटना ।

लुक्क वि [दे] सुप्त ।

लुक्क वि [निलीन] छिपा हुआ ।

लुक्क वि [रुग्ण] भग्न । रोगी ।

लुक्क वि [लुञ्चित] मुण्डित ।

लुक्ख पुं [रूक्ष] सूखा स्पर्श । वि. रूक्ष स्पर्श-वाला, स्नेह-रहित । देखो लूह = रूक्ष ।

लुग्ग वि [दे. रुग्ण] भग्न, रोगी ।

लुच्छ देखो लुंछ = मृज् ।

लुट्ट सक [लुण्ट्] लूटना ।

लुट्ट देखो लोट्ट = स्वप् ।

लुट्ट वि [लुण्टित] लूटा गया ।

लुट्ठ पुं [लोष्ट] रोड़ा, ईंट आदि का टुकड़ा ।

लुड्ढ देखो लुद्ध ।

लुढ अक [लुठ्] लुढ़कना, लेटना ।

लुण देखो लुअ = लू ।

लुत्त वि [लुप्त] लोप-प्राप्त ।

लुत्त न [लोप्त्र] चोरी का माल ।

लुद्ध पुं [लुब्ध] व्याध । वि. लोलुप । न. लोभ ।

लुद्ध न [लोध्र] गन्ध-द्रव्य-विशेष । देखो लोद्ध = लोध्र ।

लुद्ध पुंन [लोध्र] क्षार-विशेष ।

लुब्भ } अक [लुभ्] लोभ करना । आसक्ति करना ।
लुभ

लुभ देखो लुह = मृज् ।

लुरणी स्त्री [दे] वाद्य-विशेष ।

लुल देखो लुढ ।

लुलिअ वि [लुलित] घुर्णित, चलित ।

लुव देखो लुअ = लू ।

लुव्व° लुण का कर्मणि प्रयोग ।

लुह सक [मृज्] मार्जन करना, पोंछना ।

लूअ देखो लुअ = लून ।

लूआ स्त्री [दे] मृग-तृष्णा ।

लूआ स्त्री [लूता] एक वात-रोग मकड़ी ।

लूड [लुण्ट्] लूटना, चोरी करना ।

लूड वि [लुण्ट] लूटनेवाला । स्त्री, °डी ।

लूण देखो लूअ = लून ।

लूण न [लवण] नमक । पुं. वनस्पति-विशेष । देखो लवण ।

लूण न [लवण] लावण्य, सुन्दरता ।

लूर सक [छिद्] काटना ।

लूस सक [लूषय्] वध करना । पीड़ना । दूषित करना । चोरी करना । विनाश करना । अनादर करना । तोड़ना । छोटे को बड़ा और बड़े को छोटा करना ।

लूसअ } वि [लूषक] हिंसक । विनाशक ।
लूसग } प्रकृति-क्रूर । भक्षक । दूषित करने-वाला । विराधक । हेतु-विशेष ।

लूसण वि [लूषण] ऊपर देखो ।

लूसय वि [लषक] परिताप-कर्ता । चोर ।

लूह सक [मृज्, रूक्षय्] पोंछना ।

लूह पुं [रूक्ष] मुनि, साधु, श्रमण ।

लूह वि [रूक्ष] सूखा, स्नेह-रहित । पुं. संयम, चारित्र । न. निर्विकृतिक तप । देखो लुक्ख ।

ले सक [ला] लेना । ग्रहण करना ।

लेक्ख न [लेख्य] व्यवहार, व्यापार । हिसाब ।

लेक्खा देखो लिहा।

लेख देखो लेह = लेख।

लेच्छइ पुं [लेच्छकि] क्षत्रिय-विशेष। एक प्रसिद्ध राज-वंश।

लेच्छइ पुं [लिप्सुक, लेच्छकि] वणिक्। एक वणिग्-जाति।

लेच्छारिय वि [दे] खरण्टित, लिप्त।

लेज्झ लिह = लिह् का कृ.।

लेट्ठु, लेडु, लेडुअ } पुंन [लेष्टु] रोड़ा, ईंट, पत्थर आदि का टुकड़ा।

लेडुक्क पुं [दे] रोड़ा। वि. लम्पट।

लेढिअ न [दे] स्मरण।

लेढुक्क पुं [दे] रोड़ा।

लेण न [लयन] गिरि-वर्ती पाषाण-गृह। बिल, जन्तुगृह। °विहि पुंस्त्री [°विधि] कला-विशेष। देखो लयण = लयन।

लेप्प न [लेप्य] भित्ति।

लेप्पकार पुं [लेप्यकार] राजगीर, शिल्पी।

लेप्पा स्त्री [लेप्या] लेपन-क्रिया।

लेलु देखो लेडु।

लेव पुं [लेप] लेपन। नाभि-प्रमाण जल। पुं. भ० महावीर के समय का नालंदानिवासी गृहस्थ। °कड, °ड वि [°कृत] लेप-मिश्रित।

लेवाड वि [लेपकृत्] लेपकारक।

लेस पुं [लेश] अल्प। संक्षेप।

लेस वि [दे] लिखित। आश्वस्त। निःशब्द। पुं. निद्रा।

लेस पुं [श्लेष] संश्लेष, सम्बन्ध। मिलान।

लेसणी स्त्री [श्लेषणी] विद्या-विशेष।

लेसा स्त्री [लेश्या] तेज, ज्वाला। मंडल। किरण। देहसौन्दर्य। आत्मा का परिणाम-विशेष, कृष्णादि द्रव्यों के सान्निध्य से उत्पन्न होनेवाला आत्मा का शुभ या अशुभ परि-णाम। उसकी उत्पत्ति का निमित्त द्रव्य।

लेसुरुडयतरु पुं [दि] लसोड़ा।

लेस्सा देखो लेसा।

लेह देखो लिह = लिख्।

लेह देखो लिह = लिह्।

लेह (अप) देखो लह = लभ्।

लेह पुं [लेख] लिखना। पत्र। देव। लिपि। वि. लेख्य। लेखक। °वाह वि.। °वाहग, °वाहय वि [°वाहक] पत्र-वाहक। °साला स्त्री [°शाला] पाठशाला। °ारिय पुं [°ाचार्य] उपाध्याय।

लेहड वि [दे] लम्पट।

लेहणी स्त्री [लेखनी] कलम।

लेहल देखो लेहड।

लेहा देखो लिहा।

लेहुड पुं [दे] लोष्ठ, रोड़ा, ढेला।

लोअ देखो रोअ = रोचय्।

लोअ सक [लोक्, लोकय्] देखना।

लोअ पुं [लोक] धर्मास्तिकाय आदि द्रव्यों का आधार-भूत आकाश-क्षेत्र, जगत्, भुवन। जीव, अजीव आदि द्रव्य। समय, आवलिका आदि काल। गुण, पर्याय, धर्म। प्राणिवर्ग। आलोक, प्रकाश। ग्ग° न [°ाग्र] ईषत्प्राग्भारा पृथिवी, मुक्त-स्थान। मुक्ति। °ग्गथूभिआ स्त्री [°ाग्रस्तूपिका] ईषत्प्राग्-भारा। °ग्गपडिबुज्झणा स्त्री [°ाग्रप्रति-बोधना] ईषत्प्राग्भारा पृथिवी। °णाभि पुं [°नाभि] मेरु पर्वत। °प्पवाय पुं [°प्रवाद] जन-श्रुति। °मज्झ पुं [°मध्य] मेरु पर्वत। °वाय पुं [°वाद] जन-श्रुति। °ागास पुं [°ाकाश] लोक-क्षेत्र, अलोक-भिन्न आकाश। °ाहाणय न [°ाभाणक] कहावत। देखो लोग।

लोअ पुं [लोच] केशों का उत्पाटन।

लोअ पुं [लोप] अदर्शन, विध्वंस।

लोअंतिय पुं [लोकान्तिक] एक देव-जाति।

लोअग न [दे. लोचक] खराब अन्न।

लोअडी (अप) स्त्री [लोमपटी] कम्बल।

लोअण पुंन [लोचन] आँख। °वत्त न [°पत्र] अक्षि-लोम।
लोअणिल्ल वि [लोचनवत्] आँखवाला।
लोआणी स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष।
लोइअ वि [लोकित] निरीक्षित, दृष्ट।
लोइअ वि [लौकिक] लोक-सम्बन्धी।
लोउत्तर } वि [लोकोत्तर] लोक-प्रधान।
लोउत्तरिय } देखो लोगुत्तर। वि [लोकोत्तरिक]।
लोंक वि [दे] सुप्त।
लोग पुं [लोक] मान-विशेष, श्रेणी से गुणित प्रतर। °ायत देखो °यय।
लोग देखो लोअ = लोक। न. एक देव-विमान। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान। °कूड न [°कूट] एक देव-विमान। °ग्गचूलिआ स्त्री [°ाग्रचूलिका] सिद्धि-शिला। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] लोक-व्यवहार, रोजी। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] लोक-व्यवस्था। °दव्व न[°द्रव्य]जीव, अजीव आदि पदार्थ-समूह। °नाभि पुं. मेरु पर्वत। °नाह पुं [°नाथ] परमेश्वर। °परिपूरणा स्त्री. ईषत्प्राग्भारा पृथिवी। °पाल पुं. इन्द्रों के दिक्पाल। °प्पभ पुं [°प्रभ] एक देव-विमान। बिंदुसार पुंन [बिन्दुसार] चौदहवाँ पूर्व-ग्रन्थ। °मज्झावसिअ पुंन [मध्यावसित]। °मज्जावसाणिअ पुंन [°मध्यावसानिक] अभिनय-विशेष। °रूव न [°रूप]। °लेस न [°लेश्य]। °वण्ण न [°वर्ण] देव-विमान-विशेष। °वाल देखो °पाल। °वीर पुं. भगवान् महावीर। °सिंग न [°शृङ्ग]। °सिट्ठ न [°सृष्ट]। °हिअ न [°हित] देव-विमान-विशेष। °ायय न [°ायत] चार्वाक-दर्शन। °ालोग पुंन [°ालोक] परिपूर्ण आकाश-क्षेत्र, सम्पूर्ण जगत्। °ावत्त न [°ावर्त्त] एक देव-विमान। °ाहाण न [°ाख्यान] लोकोक्ति।

लोगंतिय देखो लोअंतिय।
लोगिग देखो लोइअ = लौकिक।
लोगुत्तर देखो लोउत्तर। °वडिंसय न [°ावतंसक] एक देव-विमान।
लोगुत्तर पुं [लोकोत्तर] मुनि। जिन-शासन, जैन-सिद्धान्त।
लोगुत्तरिअ वि [लोकोत्तरिक] साधु का। जिन शासन का।
लोगुत्तरिय देखो लोउत्तरिय।
लोट्ट अक [स्वप्] लोटना, सोना।
लोट्ट अक [लुट्] लुटना। प्रवृत्त होना।
लोट्ट } पुं [दे] कच्चा चावल। पुंस्त्री.
लोट्टय } हाथी का छोटा बच्चा। स्त्री. °ट्टिया।
लोट्टिअ वि [दे] उपविष्ट।
लोट्ठु वि [दे] स्मृत।
लोट्ठु पुं [लोष्ट] रोड़ा, ढेला।
लोडाविअ वि [लोटित] घुमाया हुआ।
लोढ सक [दे] कपास निकालना।
लोढ पुं [दे] लोढ़ा, शिलापुत्रक, पीसने का पत्थर। ओषधि-विशेष, पद्मिनीकन्द। वि. स्मृत। शयित।
लोढय पुं [दे. लोठक] कपास के बीज निकालने का यन्त्र।
लोढिअ वि [लोठित] सुलाया हुआ।
लोण्ण न [लवण] नमक। लावण्य। पुं. वृक्ष-विशेष। देखो लवण।
लोणिय वि [लावणिक] लवण-युक्त, लवण-सम्बन्धी।
लोण्ण न [लावण्य] शरीर-कान्ति।
लोत्त न [लोप्त्र] चोरी का माल।
लोद्ध पुं [लोध्र] वृक्ष-विशेष। देखो लुद्ध = लोध्र।
लोद्ध देखो लुद्ध = लुब्ध।
लोप्प देखो लुंप।
लोभ सक [लोभय्] लालच देना।

लोभ पुं. लालच, तृष्णा । वि. लोभयुक्त ।

लोभणय } वि [लोभनक] लोभी । वि
लोभि } [लोभिन्] लोभवाला ।
लोभिल्ल }

लोम पुंन. रोम । °पक्खि पुं [पक्षिन्] रोम के पँखवाला पक्षी । °स वि [°श] लोम-युक्त । °हत्थ पुं [°हस्त] चोटी, [illegible] । °हरिस पुं [°हर्ष] नरकावास-विशेष । रोमाञ्च । °हार पुं. मार कर धन लूटनेवाला चोर । °हार पुं. रूँगटों से लिया जाता आहार ।

लोमंथिअ पुं [दे] नट ।

लोमसी स्त्री [दे] खीरा । ककड़ी का गाछ ।

लोय न [दे] सुन्दर भोजन, मिष्टान्न ।

लोर पुंन [दे] नेत्र । अश्रु ।

लोल अक [लुठ्] लेटना । सक. विलोडन करना ।

लोल सक [लोठय्] लेटाना ।

लोल वि. लम्पट, आसक्त । पुं. रत्न-प्रभा का नरकावास । शर्कराप्रभा का नववाँ नरकेन्द्रक। °मज्झ पुं [°मध्य] । °सिट्ठ पुं [°शिष्ट] । °वत्त पुं [°वर्त्त] नरकावास-विशेष ।

लोलंठिअ न [दे] चाटु, खुशामद ।

लोलपच्छ पुं [लोलपाक्ष] नरक-स्थान-विशेष ।

लोलिक्क } न [लौल्य] लम्पटता । पुंस्त्री
लोलिम } [लोलत्व] ।

लोलुअ वि [लोलुप] लम्पट । पुं. रत्नप्रभा का नरकावास । °च्चुअ पुं [°च्युत] रत्नप्रभा का नरकस्थान ।

लोलुंचाविअ वि [दे] जिसने तृष्णा की हो ।

लोलुव देखो लोलुअ ।

लोव सक [लोपय्] लोप, विध्वंस या विनाश करना ।

लोह देखो लोभ = लोभ ।

लोह पुंन. लोहा । कोई भी धातु । °कार पुं. लोहार । °जंघ पुं [°जङ्घ] भारत का द्वितीय प्रतिवासुदेव । राजा चण्डप्रद्योत का दूत । °जंघवण न [°जङ्घवन] मथुरा के समीप का एक वन ।

लोह वि [लौह] लोहे का, लोह-निर्मित ।

लोहंगिणी स्त्री [लोहाङ्गिनी] छन्द-विशेष ।

लोहल पुं. अव्यक्त शब्द ।

लोहार पुं [लोहकार] लोहार ।

लोहि° } देखो लोही ।
लोहिअ° }

लोहिअ पुं [लोहित] लाल । वि. रक्त वर्ण-वाला । न. रुधिर । कौशिक गोत्र की एक शाखा ।

लोहिअंक पुं [लोहितयक, लोहिताङ्क] अठासी महाग्रहों में तीसरा महाग्रह ।

लोहिअक्ख पुं [लोहिताक्ष] एक महाग्रह । चमरेन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति । रत्न-जाति । एक देव-विमान । रत्नप्रभा पृथिवी का एक काण्ड । एक पर्वत-कूट ।

लोहिआ } अक [लोहिताय्] लाल
लोहिआअ } होना ।

लोहिआमुह पुं [लोहितामुख] रत्नप्रभा का एक नरकावास ।

लोहिच्च पुं [लोहित्य] आचार्य भूतदिन्न के शिष्य एक जैन मुनि ।

लोहिच्च } न [लौहित्यायन] गोत्र-विशेष ।
लोहिच्चायण }

लोहिणी } स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष,
लोहिणीहू } कन्द-विशेष ।

लोहिल्ल वि [दे. लोभिन्] लम्पट ।

लोही स्त्री [लौही] कराह, लोहे का भाजन ।

ल्हस देखो लस = लस् ।

ल्हस अक [स्रंस्] खिसकना, गिर पड़ना ।

ल्हसिअ वि [दे] हर्षित ।

ल्हसुण देखो लसुण ।

ल्हादि } स्त्री [ह्लादि] आह्लाद, खुशी।
ल्हाय } पुं [ह्लाद] ऊपर देखो।

ल्हासिय पुं [ल्हासिक] एक अनार्य जाति।

ल्हिक्क अक [नि + ली] छिपना।

ल्हिक्क वि [दे] नष्ट। गत।

व

व पुं. अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण-विशेष, जिसका उच्चारणस्थान दन्त और ओष्ठ है। पुंन. वरुण।

व अ. देखो इव।

व देखो वा = अ।

व° देखो वाया = वाच्। °क्खेवअ वि [°क्षेपक] वचन का निरसन। °प्पइराय पुं [°पतिराज] 'गउडवहो' काव्य का कर्त्ता।

वअणीआ स्त्री [दे] उन्मत्त या दुःशील स्त्री।

वअल अक [प्र + सृ] फैलना।

वआड देखो वायाड = वाचाट।

वइ अ [वै] इन अर्थों का सूचक अव्यय—निश्चय। अनुनय। सम्बोधन। पादपूर्त्ति।

वइ अ [दे] वदी, कृष्ण पक्ष।

वइ वि [व्रतिन्] व्रती, संयमी। स्त्री. °णी।

वइ स्त्री[वाच्]वाणी। °गुत्त वि [°गुप्त]वाणी का संयमी। °गुत्ति स्त्री [°गुप्ति] वाणी का संयम। °जोअ, °जोग पुं [°योग] वचन-व्यापार। °मंत वि [°मत्] वचनवाला। °मेत्त न [°मात्र] निरर्थक वचन। देखो वई।

वइ स्त्री [वृति] वाड़, घेरा।

°वइ देखो पइ = पति।

वइ° देखो वय = वद्।

वइ° देखो वय = व्रज्।

वइअ वि [दे] जिसका पान किया गया हो। आच्छादित।

वइअ वि [व्ययित] व्यय किया हुआ।

वइअब्भ पुं [वैदर्भ] विदर्भ देश का राजा। वि. विदर्भ देश में उत्पन्न।

वइअर पुं [व्यतिकर] प्रसङ्ग, प्रस्ताव।

वइअव्व वय = व्रज् का कृ.।

वइआ स्त्री [व्रजिका] छोटा गोकुल।

वइआलिअ वि [वैतालिक] मंगल-स्तुति आदि से राजा को जगानेवाला मागध आदि।

वइआलीअ पुंन [वैतालीय] छन्द-विशेष।

वइएस वि [वैदेश] परदेशी।

वइएह पुं [वैदेह] वणिक्। शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न जाति-विशेष। राजा जनक। वि. देह-रहित से सम्बन्ध रखने-वाला। मिथिला देश का।

वइंगण न [दे] बैंगन, वृन्ताक, भंटा।

वइकच्छ पुं [वैकक्ष] उत्तरासंग।

वइकल्लिअ न [वैकल्य] विकलता।

वइकुंठ पुं [वैकुण्ठ] विष्णु। विष्णु का धाम।

वइक्कंत वि [व्यतिक्रान्त] व्यतीत।

वइक्कम पुं [व्यतिक्रम] विशेष उल्लंघन, व्रत-दोष-विशेष।

वइगरणिय पुं [वैकरणिक] राज-कर्मचारी-विशेष।

वइगा देखो वइआ।

वइगुण्ण न [वैगुण्य] वैकल्य, अपरिपूर्णता। विपरीतपन, विपर्यय।

वइचित्त न [वैचित्र्य] विचित्रता।

वइजवण वि [वैजवन] गोत्र-विशेष में उत्पन्न।

वइणी वइ = व्रतिन् का स्त्री.।

वइतुलिय वि [वैतुलिक] तुल्यता-रहित।

वइत्तए वय = वद् का हेकृ.।

वइत्ता वय = वद् का संकृ.।

वइत्ता वय = वच् का संकृ. ।
वइत्तु वि [वदितृ] बोलनेवाला ।
वइदब्भ देखो वइअब्भ ।
वइदिस पुं [वैदिश] अवन्ती-मालव देश । वि. विदिशा-सम्बन्धी ।
वइदेस देखो वइएस ।
वइदेसिअ वि [वैदेशिक] विदेशीय, परदेशी ।
वइदेह देखो वइएह ।
वइदेही स्त्री [वैदेही] राजा जनक की स्त्री, सीता की माता । सीता । हल्दी । पीपल । वणिक्-स्त्री ।
वइधम्म न [वैधर्म्य] विरुद्धधर्मता ।
वइमिस्स वि [व्यतिमिश्र] संमिलित ।
वइर देखो वेर = वैर ।
वइर पुंन [वज्र] रत्न-विशेष, हीरा । इन्द्र का अस्त्र । एक देव-विमान । बिजली । पुं. एक जैन महर्षि । कोकिलाक्ष वृक्ष । श्वेत कुश । श्रीकृष्ण का प्रपौत्र । न. बालक । धात्री । काँजी । वज्रपुष्प । एक प्रकार का लोहा । अभ्र-विशेष । ज्योतिष का एक योग । कीलिका । °कंड न [°काण्ड] रत्नप्रभा का एक वज्ररत्न-मय काण्ड । °कंत न [°कान्त] । °कूड न [°कूट] देव-विमान । देवी-विशेष का आवासभूत एक शिखर । °जंघ पुं [°जङ्घ] भरतक्षेत्र में उत्पन्न तृतीय प्रतिवासुदेव । पुष्कलावती विजय के लोहार्गल नगर का एक राजा । °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान । °मज्झा स्त्री [°मध्या] प्रतिमा-विशेष, एक प्रकार का व्रत । °रूव न [°रूप] । °लेस न [°लेश्य] । °वण्ण न [°वर्ण] । °सिंग न [°शृङ्ग] सब देव-विमान । °सिंह पुं. एक राजा । °सिट्ठ न [°सृष्ट] एक देव-विमान । °सीह देखो सिंह । °सेण पुं [°सेन] एक जैन महर्षि, वज्रस्वामी के शिष्य । °सेणा स्त्री [°सेना] इन्द्राणी, दाक्षिणात्य वानव्यतरेन्द्र की अग्र-महिषी । एक दिक्कुमारी देवी । °हर पुं [°धर] इन्द्र । °मय वि [°मय] वज्र रत्नों का बना हुआ । स्त्री. °मई, °मती । °वत्त न [°वर्त्त] एक देव-विमान । °रिसभनाराय न [ऋषभनाराच] संहनन-विशेष । देखो वज्ज = वज्र ।
वइरा स्त्री [वज्रा] एक जैन मुनि-शाखा ।
वइराग न [वैराग्य] विरक्ति, उदासीनता ।
वइराड पुं [वैराट] एक आर्य देश । न. प्राचीन मत्स्य देश की राजधानी ।
वइराय देखो वइराग ।
वइरि } वि [वैरिन्] दुश्मन, रिपु ।
वइरिअ }
वइरिक्क न [दे] विजन, एकान्त । देखो पइरिक्क ।
वइरित्त वि [व्यतिरिक्त] भिन्न, अलग ।
वइरी स्त्री [वज्रा] एक जैन मुनि-शाखा ।
वइरुट्टा स्त्री [वैरोट्या] एक विद्या-देवी । मल्लिनाथ की शासन-देवी ।
वइरुत्तरवडिंसग न [वज्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान ।
वइरेअ } पुं [व्यतिरेक] अभाव । साध्य के
वइरेग } अभाव में हेतु का नितान्त अभाव ।
वइरोअण पुं [वैरोचन] अग्नि । बलि नामक इन्द्र । उत्तर दिशा में रहनेवाले असुर-निकाय के देव । पुंन. एक लोकान्तिक देव-विमान ।
वइरोअण पुं [दे] बुद्ध देव ।
वइरोड पुं [दे] जार, उपपति ।
वइवलय पुं [दे] दुन्दुभ सर्प, उसकी जाति ।
वइवाय पुं [व्यतीपात] ज्योतिष का एक योग ।
वइवेला स्त्री [दे] सीमा ।
वइस देखो वइस्स = वैश्य ।
वइसइअ वि [वैषयिक] विषय-सम्बन्धी ।
वइसंपायण पुं [वैशम्पायन] एक ऋषि, जो व्यास का शिष्य था ।
वइसम्म पुंन [वैषम्य] विषमता ।

वइसवण पुं [वैश्रवण] कुबेर ।

वइसस न [वैशस] रोमाञ्चकारी पाप-कृत्य ।

वइसानर देखो वइस्साणर ।

वइसाल देखो [वैशाल] विशाला में उत्पन्न ।

वइसाह पुं [वैशाख] मास-विशेष । मन्थन-दण्ड । पुंन. योद्धा का स्थान-विशेष ।

वइसाही देखो वेसाही ।

वइसिअ वि [वैशिक] वेष से जीविका उपार्जन करनेवाला ।

वइसिट्ठ न [वैशिष्ट्य] विशिष्टता, भेद ।

वइसेसिअ न [वैशेषिक] कणाद-दर्शन । विशेष ।

वइस्स पुंस्त्री [वैश्य] वर्ण-विशेष, वणिक् । महाजन ।

वइस्स वि [द्वेष्य] अप्रीतिकर ।

वइस्सदेव पुं [वैश्वदेव] अग्नि ।

वइस्साणर पुं [वैश्वानर] अग्नि । चित्रक वृक्ष । सामदेव का अवयव-विशेष ।

वई देखो वइ = वाच् । °मय वि. वचनात्मक ।

वईअ वि [व्यतीत]अतीत ।°सोग पुं [°शोक] एक जैन मुनि ।

वईवय सक [व्यति + व्रज्] जाना ।

वईवाय देखो वइवाय ।

वउ पुंस्त्री [दे] लावण्य ।

वउ न [वपुष्] शरीर ।

वउलिअ वि [दे] शूल-प्रोत ।

वएमाण वय = वद् का कवकृ. ।

वओ° देखो वय = वचस् । °मय न. वाङ्मय, शास्त्र ।

वओ वय = वयस् ।

वओवउप्फ, वओवत्थ पुंन [दे] विषुवत् । समान रात और दिन वाला काल ।

वं° देखो वाया = वाच् । °नियम पुं. वाणी की मर्यादा ।

वंक वि [वङ्क, वक्र] बाँका, कुटिल । नदी का बाँक ।

वंक पुं [दे] कलंक, दाग ।

°वंक देखो पंक ।

वंकचूल, वंकचूलि पुं [वङ्कचूल] एक प्रसिद्ध राज-कुमार । पुं [वंकचूलि] ।

वंकण न [वङ्कन, वक्रण] वक्रीकरण, कुटिल बनाना ।

वंकिअ वि [वक्रित] बांका किया हुआ ।

वंकिअ वि [पङ्कित] पंक-युक्त ।

वंकिम पुंस्त्री [वक्रिमन्] वक्रता, कुटिलता ।

वंकुड, वंकुण देखो वंक = वंक ।

वंकुभ (शौ) ऊपर देखो ।

वंग न [दे] वृन्ताक ।

वंग वि [व्यङ्ग] विकृत अंग ।

वंगच्छ पुं [दे] प्रथम, शिव का अनुचर-विशेष ।

वंगण न [व्यङ्गन] क्षत ।

वंगिय वि [व्यङ्गित] विकृत शरीरवाला ।

वंगेवड्ड पुं [दे] सूकर ।

वंच सक [वञ्च्] ठगना ।

वंच (अप) देखो वच्च = व्रज् ।

वंच सक [उद् + नमय्] ऊँचा उठाना ।

वंच वि [वञ्च] धूर्त ।

वंचण न [वञ्चन]प्रतारण । वि. ठग । °चण वि. ठगने में चतुर ।

वंचिअ वि [वञ्चित] प्रतारित । रहित ।

वंछा स्त्री [वाञ्छा] इच्छा, चाह ।

वंज सक [वि + अञ्ज्] व्यक्त करना ।

वंज देखो वंच = उद् + नमय् ।

वंज देखो वंद = वन्द् ।

वंजग देखो वंजय ।

वंजण न [व्यञ्जन] वर्ण, अक्षर । क से ह तक वर्ण । शब्द । तरकारी, कढ़ी आदि रस-व्यञ्जक वस्तु । वीर्य । शरीर का मसा आदि चिह्न । उनके फल का उपदेशक शास्त्र । कक्षा आदि के बाल । प्रकाशन । श्रोत्रादि इन्द्रिय । शब्द आदि द्रव्य । द्रव्य और इंद्रिय

का सम्बन्ध । °वग्गह, °ग्गह पुं [°विग्रह] चक्षु और मन को छोड़ कर अन्य इन्द्रियों से होनेवाला ज्ञान-विशेष ।

वंजय वि [व्यञ्जक] व्यक्त करनेवाला ।

वंजर पुं [मार्जार] बिल्ला ।

वंजर न [दे] नीवी, कटी-वस्त्र ।

वंजुल पुं [वञ्जुल] अशोक वृक्ष । वेतस वृक्ष । पक्षि-विशेष ।

वंजुलि वि [वञ्जुलिन्] वेतस वृक्षवाला । स्त्री. °णी ।

वंझ वि [वन्ध्य] शून्य, वर्जित ।

वंझा स्त्री [वन्ध्या] अपुत्रवती स्त्री ।

वंट न [वृन्त] फल या पत्तों का बन्धन ।

वंटग पुं [वण्टक] बाँट, विभाग ।

वंठ पुं [दे] अविवाहित । खण्ड, टुकड़ा । गण्ड । भृत्य । वि. निःस्नेह । मूर्ख ।

वंठ वि [वण्ठ] खर्व, वामन, बौना ।

वंठण (अप) न [वण्टन] बाँटना, विभाजन ।

वंडइअ वि [दे] पीडित ।

°वंडु देखो पंडु ।

वंडुअ न [दे] राज्य ।

वंडुर देखो पंडुर ।

वंढ पुं [दे] बन्ध ।

वंत वि [वान्त] पतित, गिरा हुआ ।

वंत पुं [वान्त] जिसका वमन किया गया हो । पुंन. वमन ।

वंतर } पुं [व्यन्तर] एक देव-जाति ।
वंतरिणी } स्त्री [व्यन्तरी] व्यन्तर-जातीय देवी ।

वंता वम का संकृ. ।

°वंति देखो पन्ति ।

°वंथ देखो पन्थ ।

वंद सक [वन्द्] प्रणाम करना । स्तवन करना ।

वंद न [वृन्द] समूह ।

वंदअ } वि [वन्दक] वन्दन करनेवाला ।
वंदग }

वंदण न [वन्दन] प्रणाम । स्तवन । °कलस पुं [°कलश] । °घड पुं [°घट] मांगलिकघट । °माला, °मालिआ स्त्री. घर के द्वार पर मंगल के लिए जाती पत्र-माला । °वडिआ, °वत्तिआ स्त्री [°प्रत्यय] वन्दन-हेतु ।

वंदणिया स्त्री [दे] मोरी, नाला ।

वंदर देखो वंद = वृन्द ।

वंदाप (अशो) देखो वंदाव ।

वंदारय पुं [वृन्दारक] देव । वि. मनोहर । मुख्य ।

वंदारु वि [वन्दारु] वन्दन करनेवाला ।

वंदाव सक [वन्दय्] वन्दन करवाना ।

वंदावणग न [वन्दन] वन्दन ।

वंदिम वंद = वन्द् का कृ. ।

वंदुरा स्त्री [मन्दुरा] वाजिशाला, घुड़साल ।

वंद्र न [वन्द्र] समूह, यूथ ।

वंध पुं [वन्ध्य] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव ।

वंफ सक [काङ्क्ष्] चाहना ।

वंफ अक [वल्] लौटना ।

वंफि वि [वलिन्] लौटनेवाला । नीचे गिरनेवाला ।

वंफिअ वि [दे] भुक्त ।

वंस पुं [दे] कलंक, दाग ।

वंस पुं [वंश] बाँस । वाद्य-विशेष । कुल । सन्तान । पृष्ठावयव । वर्ग । इक्षु । सालवृक्ष । °इरि पुं. [°गिरि] पर्वत-विशेष । °करिल्ल, °गरिल्ल पुंन [°करील] वंशांकुर । °जाली, °याली स्त्री. बाँसों की गहन घटा । °रोअणा स्त्री [°रोचना] वंशलोचन ।

वंसकवेल्लुय पुंन [दे. वंशकवेल्लुक] छत के नीचे दोनों तरफ तिरछा रखा जाता बाँस ।

वंसग देखो वंसय ।

वंसप्फाल वि [दे] व्यक्त । ऋजु, सरल ।

वंसय वि [व्यंसक] धूर्त । पुं. दुष्ट हेतु-विशेष ।

वंसा स्त्री [वंशा] द्वितीय नरक-पृथिवी ।

वंसि° देखो वंसी = वंश ।

वंसिअ वि [वांशिक] वंश-वाद्य बजानेवाला।
वंसिअ वि [व्यंसित] छलित।
वंसी स्त्री [वांशी] सुरा-विशेष। बांस की जाली। °कलंका स्त्री [°कलङ्का] बाँस की जाली की बनी हुई बाड़। °पत्तिया स्त्री [°पत्रिका] वंशजाली के पत्र के आकार की योनि।
वंसी स्त्री [वंशी] मुरली। °णहिया स्त्री [°नखिका] वनस्पति-विशेष। °मुह पुं [°मुख] द्वीन्द्रिय जीव-विशेष।
वंसी स्त्री [वंश] बाँस। °मूल न. बाँस की जड़।
वंसी स्त्री [दे] मस्तक पर स्थित माला।
वक्क न [वाक्य] पद-समुदाय।
वक्क न [वल्क] त्वचा, छाल। °बंध पुं [°बन्ध] वल्क-बन्धन।
वक्क देखो वंक = वंक।
वक्क न [वक्त्र] मुख।
वक्क न [दे] पिसान, आटा।
वक्कंत पुंन [वक्रान्त] प्रथम नरक-भूमि का दसवाँ नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष।
वक्कंत वि [अवक्रान्त] उत्पन्न।
वक्कंति स्त्री [अवक्रान्ति] उत्पत्ति।
वक्कड न [दे] दुर्दिन। निरन्तर वृष्टि।
वक्कडबंध न [दे] कर्णाभरण।
वक्कम अक [अव + क्रम्] उत्पन्न होना।
वक्कर (अप) देखो वक्क = वंक।
वक्कल न [वल्कल] वृक्ष की छाल। °चीरि पुं [°चीरिन्] एक महर्षि, राजा प्रसन्नचन्द्र के छोटे भाई।
वक्कलि } वि [वल्कलिन्] वृक्ष की छाल
वक्कलिण } पहननेवाला (तापस)।
वक्कल्लय वि [दे] पुरस्कृत।
वक्कस न [दे] पुराना धान का चावल। पुरातन सक्तु-पिण्ड। बहुत दिनों का बासी गोरस। गेहूँ का माँड।

वक्किद (शौ) देखो वंकिअ।
वक्ख देखो वच्छ = वृक्ष।
वक्ख देखो वच्छ = वक्षस्।
°वक्ख देखो पक्ख।
वक्खमाण वय = वच् का वकृ.।
वक्खल वि [दे] आच्छादित।
वक्खा सक [व्या + ख्या] विवरण करना। कहना।
वक्खा } स्त्री [व्याख्या] विवरण, विशद
वक्खाण } रूप से अर्थ-प्ररूपण। न [व्याख्यान]।
वक्खाण सक [व्याख्यानय्] विवरण करना। कहना।
वक्खाय वि [व्याख्यात] वर्णित। पुं. मोक्ष।
वक्खार पुं [दे] बखार। गोदाम।
वक्खार पुं [वक्षार, वक्षस्कार] गज-दन्त के आकार का पर्वत। भू-भाग।
वक्खारय न [दे] रति-गृह। अन्तःपुर।
वक्खाव सक [व्या + ख्यापय्] व्याख्यान कराना।
वक्खित्त वि [व्याक्षिप्त] व्यग्र। किसी कार्य में व्यापृत।
वक्खेव पुं [व्याक्षेप] व्यग्रता। कार्यबाहुल्य।
वक्खेव पुं [अवक्षेप] प्रतिषेध।
वक्खो° देखो वच्छ = वक्षस्। °रुह पुं. स्तन।
वक्खु (शौ) देखो वंक = वङ्क।
वखाण (अप) देखो वक्खाण बलाण।
वगडा स्त्री [दे] बाड़, परिक्षेप।
वग्ग अक [वल्ग्] जाना, गति करना। कूदना। बहु-भाषण करना। अभिमान-सूचक शब्द करना।
वग्ग पुं [वर्ग] सजातीय समूह। दो समान संख्या का परस्पर गुणन। अध्ययन, सर्ग। °मूल न. गणित-विशेष, जैसे १६ का वर्गमूल ४। °वग्ग पुं [°वर्ग] गणित-विशेष, वर्ग से

वर्ग का गुणन।

वग्ग सक [वर्गय्] समान अंक से गुणना।

वग्ग वि [व्यग्र] व्याकुल।

वग्ग देखो वक्क = वल्क।

वग्ग देखो वक्क = वाक्य।

वग्ग वि [वाल्क] वृक्ष-त्वचा।

वग्गंसिअ न [दे] युद्ध।

वग्गचूलिआ स्त्री [वर्गचूलिका] जैन ग्रन्थ।

वग्गण न [वल्गन] कूदना।

वग्गण न [वल्गन] बकवाद।

वग्गणा स्त्री [वर्गणा] सजातीय समूह।

वग्गय न [दे] वार्ता।

वग्गा स्त्री [वल्गा] लगाम।

वग्गावग्गि अ. वर्ग रूप से।

वग्गि वि [वाग्मिन्] प्रशस्त वाक्य बोलने-वाला। पुं. बृहस्पति।

वग्गिअ न [वल्गित] बकवाद। बड़ाई की आवाज, गति, चाल।

वग्गिर वि [वल्गितृ] खूँखार आवाज करने-वाला। गति-विशेषवाला।

वग्गु देखो वाया = वाच्।

वग्गु देखो वग्ग = वर्ग।

वग्गु वि[वल्गु]सुन्दर। पुं. विजय-क्षेत्र-विशेष। पुंन. वैश्रमण लोकपाल का विमान।

वग्गुरा न [वागुरा] मृग-बन्धन, पशु फँसाने का जाल। समूह।

वग्गुरिय वि [वागुरिक] पारधि, पुं. नर्तक-विशेष।

वग्गुलि पुंस्त्री [वल्गुलि] पक्षि-विशेष। रोग-विशेष।

वग्गोज्ज वि [दे] प्रचुर।

वग्गोअ पुं [दे] नकुल।

वग्गोरमय वि [दे] रूक्ष।

वग्गोल सक [रोमन्थय्] पगुराना।

वग्घ वि [वैयाघ्र] व्याघ्र-चर्म का बना हुआ।

वग्घ पुं [व्याघ्र] शेर। रक्त एरण्ड का पेड़। करञ्ज वृक्ष। °मुह पुं [°मुख] एक अन्त-र्द्वीप। उसकी मनुष्य-जाति।

वग्घाअ पुं [दे] मदद। वि. विकसित।

वग्घाडी स्त्री [दे] उपहास की आवाज।

वग्घारिअ वि [व्याघारित] बघारा हुआ। व्याप्त। पिघला हुआ।

वग्घारिअ वि [दे] प्रलम्बित।

वग्घावच्च न [व्याघ्रापत्य] एक गोत्र, वाशिष्ठ गोत्र की एक शाखा।

वग्घी स्त्री [व्याघ्री] बाघ की मादा। एक विद्या।

वघाय देखो वाघाय।

वचा स्त्री. पृथिवी। ओषधि-विशेष, वच। मैना। देखो वया = वचा।

वच्च अक [व्रज्] जाना, गमन करना।

वच्च सक [काङ्क्ष्] चाहना।

वच्च पुंन [वर्चस्] पुरीष, विष्ठा। कूड़ा-करकट। चौथा नरक का चौथा नरकेन्द्रक। तेज, प्रभाव। °घर, °हर न [°गृह] पाखाना।

वच्च देखो वय = वचस्।

वच्चंसि वि [वचस्विन्] प्रशस्त वचनवाला।

वच्चंसि वि [वर्चस्विन्] तेजस्वी।

वच्चय पुं [व्यत्यय] विपर्यास। देखो वत्तअ।

वच्चरा (अप) देखो वचा।

वच्चा वय = वच् का संकृ.।

वच्चामेलिय देखो विच्चामेलिय।

वच्चास पुं [व्यत्यास] विपर्यास, विपर्यय।

वच्चासिय वि [व्यत्यासित] उलटा किया हुआ।

वच्चीसग पुं [वच्चीसक] वाद्य-विशेष।

वच्चो° देखो वच्च = वर्चस्।

वच्छ पुंन [वक्षस्] छाती। °त्थल न [°स्थल] उरःस्थल। °सुत्त न [°सूत्र] वक्षःस्थल में पहनने की सँकली।

वच्छ पुं [वृक्ष] पेड़, शाखी, द्रुम।

वच्छ पुं [वत्स] बछड़ा। शिशु। वर्ष। छाती। ज्योतिष का एक चक्र। देश-विशेष। विजय-क्षेत्र-विशेष। न. गोत्र विशेष। वि. उसमें उत्पन्न। °दर पुंस्त्री [°तर] क्षुद्र वत्स। दमनीय बछड़ा आदि। स्त्री °री। °मित्ता स्त्री [°मित्रा] अधोलोक या ऊर्ध्व-लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी। °यर देखो °दर। [°राय] पुं [°राज] एक राजा। °वाल पुंस्त्री [°पाल] गोप। स्त्री. °ली।

वच्छ वि [वात्स्य] वात्स्य गोत्र का।

वच्छगावई स्त्री [वत्सकावती] एक विजय-क्षेत्र।

वच्छर पुंन [वत्सर] वर्ष।

वच्छल वि [वत्सल] स्नेही।

वच्छल्ल न [वात्सल्य] स्नेह, अनुराग।

वच्छा स्त्री [वत्सा] विजय-क्षेत्र-विशेष। एक नगरी। लड़की।

वच्छाण पुं [उक्षन्] बैल।

वच्छावई स्त्री [वत्सावती] विजय-क्षेत्र-विशेष।

वच्छि° देखो वय = वच्।

वच्छिउड पुं [दे] गर्भाशय।

वच्छिम पुंस्त्री [वृक्षत्व] वृक्षपन।

वच्छिमय पुं [दे] गर्भशय्या।

वच्छीउत्त पुं [दे] नापित, हजाम।

वच्छीव पुं [दे] गोप।

वच्छुद्धलिअ वि [दे] प्रत्युद्धृत।

वच्छोम न [वत्सगुल्म] कुन्तल देश की प्राचीन राजधानी।

वच्छोमी स्त्री [वात्सगुल्मी] काव्य की एक रीति।

वज्ज अक [त्रस्] डरना।

वज्ज देखो वच्च = व्रज्।

वज्ज सक [वर्जय्] त्याग करना।

वज्ज अक [वद्] वाद्य आदि की आवाज होना।

वज्ज न [वाद्य] बाजा, वादित्र।

वज्ज वि [वर्य] श्रेष्ठ। प्रधान।

वज्ज वि [वर्ज] रहित। वर्जित। न. छोड़कर, सिवाय। पुं. हिंसा। प्राणिवध।

वज्ज देखो अवज्ज।

वज्ज देखो वइर = वज्र। हिंसा, प्राणिवध। कन्द-विशेष। न. बँधाता हुआ कर्म। पाप। °कंठ पुं [°कण्ठ] वानर-द्वीप का राजा। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान। °कंद पुं [°कन्द] एक प्रकार का कन्द। °कूड न [°कूट] एक देव-विमान। °क्ख पुं [°क्ष]। °चूड पुं.। °जंघ पुं [°जङ्घ] सभी विद्याधर-वंशीय नरेश। °णाभ पुं [°नाभ] भ० अभिनन्दन-स्वामी के प्रथम गणधर। देखो °नाभ। °दत्त पुं. एक विद्याधर राजा। एक जैन मुनि। °द्धय पुं [°ध्वज] एक विद्याधर राजा। °धर देखो °हर। °नागरी स्त्री. एक जैन मुनि-शाखा। °नाभ पुं. एक जैन मुनि। देखो °णाभ। °पाणि पुं. इन्द्र। एक विद्याधर-नरपति। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान। °बाहु पुं. एक विद्याधर राजा। °भूमि स्त्री. लाट देश का एक प्रदेश। °म (अप) देखो °मय। °मज्झ पुं [°मध्य] एक लंकेश। रावणाधीन एक सामन्त राजा। °मज्झा स्त्री [°मध्या] एक प्रतिमा, व्रत-विशेष। °मय वि. वज्र का बना। स्त्री. °मई। °रिसहनाराय न [°ऋषभनाराच] संहनन-विशेष, शरीर का एक तरह का सर्वोत्तम बन्ध। °रूव न [°रूप]। °लेस न [°लेश्य] सभी देव-विमान। °वं (अप) देखो °म। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान। °वेग पुं. एक विद्याधर। °सिखला स्त्री [°शृङ्खला] एक विद्या-देवी। °सिंग न [°शृङ्ग]। °सिट्ठ न [°सृष्ट] सभी देवविमान। °सुन्दर पुं [°सुन्दर]।

°सुजणहु पुं [°सुजह्नु] विद्याधर-वंश के राजा। °सेण पुं [°सेन] जैन मुनि, भ० ऋषभ-देव के पूर्व जन्म में गुरु। चौदहवीं शताब्दी के जैन आचार्य। °हर पुं [°धर] इन्द्र। वि. वज्र-धारक। °उह पुं [°आयुध] इन्द्र। एक विद्याधर राजा। °भि पुं. विद्याधर-वंशीय राजा। °वित्त न [°वर्त्त] एक देव-विमान। °स पुं [°श] एक विद्याधर-राजा।

वज्जंक पुं [वज्राङ्क] एक विद्याधर राजा।

वज्जंकुसी स्त्री [वज्राङ्कुशी] एक विद्या-देवी।

वज्जंधर पुं [वज्रन्धर] विद्याधर राजा।

वज्जघट्टिता स्त्री [दे] मन्द-भाग्य स्त्री।

वज्जणअ (अप) वि [वदितृ] बजनेवाला।

वज्जय वि [वर्जक] त्यागनेवाला।

वज्जर सक [कथय्] कहना।

वज्जर देखो वंजर = मार्जार।

वज्जर पुं [वर्जर] एक देश। वि. उसमें उत्पन्न।

वज्जरा स्त्री [दे] नदी।

वज्जा स्त्री [दे] अधिकार, प्रस्ताव।

वज्जाव (अप) सक [वाचय्] पढ़ाना।

वज्जाव सक [वादय्] बजाना।

वज्जि पुं [वज्रिन्] इन्द्र।

वज्जिअ वि [दे] इष्ट।

वज्जिअ वि [वादित] बजाया हुआ।

वज्जिअ वि [वर्जित] रहित।

वज्जियाव पुं [दे] सेलड़ी, ईख।

वज्जियावग पुं [दे] इक्षु।

वज्जिर वि [वदितृ] बजनेवाला।

वज्जुत्तरवडिंसग न [वज्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान।

वज्जोयरी स्त्री [वज्रोदरी] विद्या-विशेष।

वज्झ वि [वध्य] वध के योग्य। °नेवत्थिय वि [°नैपथ्यिक] मृत्यु-दण्ड-प्राप्त को पहनाया जाता वेष। °माला स्त्री. वध्य को पहनाई जाती माला, कनेर के फूलों की माला।

वज्झ वि [वाह्य] वहन करने-योग्य। न. अश्व आदि यान। °खेड्ड न [°खेल] कला-विशेष, यान की सवारी का इल्म।

वज्झा स्त्री [हत्या] वध, घात।

वज्झियायण न [वध्यायन] गोत्र-विशेष।

वत्र (अप) देखो वच्च = व्रज्।

वट्ट अक [वृत्] वर्तना, होना। आचरण करना।

वट्ट सक [वर्त्तय्] बरतना। पिंड रूप से बाँधना। परोसना। ढकना।

वट्ट वि [वृत्त] गोलाकार। अतीत। मृत। संजात। अधीत। दृढ़। पुं. कूर्म। न. वर्तन, वृत्ति, प्रवृत्ति। °क्खुर, °खुर पुं. श्रेष्ठ अश्व। °खेड, खेड्ड स्त्रीन [खेल] कला-विशेष। देखो वत्थखेड्ड। देखो वत्त, वित्त = वृत्त। °वेयड्ढ पुं [°वैताढ्य] पर्वत-विशेष।

वट्ट पुं [वर्त्मन्] बाट, रास्ता। °वाडण न [°पातन] मुसाफिरों को रास्ते में लूटना।

वट्ट पुंन [दे] प्याला। पुं. हानि। शिला-पुत्रक, लोढ़ा। खाद्य-विशेष, गाढ़ी कढ़ी।

वट्ट पुं [वर्त] देश-विशेष।

°वट्ट पुं [पट्ट] प्रवाह। देखो पट्ट।

वट्टक
वट्टग } देखो वट्टय = वर्तक।

वट्टण देखो वत्तण।

वट्टमग न [वर्त्मक] मार्ग, रास्ता।

वट्टमाण न [दे] शरीर। गन्ध-द्रव्य का एक तरह का अधिवास।

वट्टय देखो वट्ट = दे।

वट्टय पुं [वर्तक] बटेर पक्षी। बालकों के लिए कपड़े का बना गोल खिलौना।

°वट्टय देखो पट्ट।

वट्टा स्त्री [दे. वर्त्मन्] देखो वट्ट = वर्त्मन्।

वट्टा स्त्री [वार्त्ता] बात, कथा।

वट्टाव सक [वर्तय्] बरताना, काम में

लगाना ।

वट्टावय वि [वर्तक] बरतानेवाला, प्रवर्तक ।

वट्टावय वि [वर्तक] प्रतिजागरूक, शुश्रूषा-कर्ता ।

वट्टि स्त्री [वर्ति] बत्ती । सलाई । शरीर पर किया जाता एक लेप । लेख, लिखना । कलम, पीछी । देखो वत्ति, वित्ति ।

वट्टिअ वि [वर्त्तित] परिवर्तित । वलित । वर्तुल । प्रवर्तित ।

वट्टिआ स्त्री [वर्तिका] देखो वट्टि ।

वट्टिम वि [दे] अतिरिक्त ।

वट्टिय वि [दे] चूर्ण किया हुआ, पिसा हुआ ।

वट्टिव न [दे] पर-कार्य ।

वट्टी स्त्री. देखो वट्टि ।

°वट्टी स्त्री [पट्टी] पट्टा ।

वट्टु न [दे] पात्र-विशेष । °कर पुं. यक्ष-विशेष । °करी स्त्री. विद्या-विशेष ।

वट्टुल वि [वर्तुल] गोल । पुंन. पलाण्डु—प्याज के समान एक कन्दमूल ।

°वट्ठ देखो पट्ठ = पृष्ठ ।

°वट्ठि देखो सट्ठि ।

वड पुं [दे] दरवाजे का एक भाग । क्षेत्र । मत्स्य की एक जाति । विभाग । देखो वड्ड ।

वड पुं [वट] बरगद का पेड़ । न. वस्त्र-विशेष । °नयर न [°नगर] नगर-विशेष । °वद्द न[°पद्र] गुजरात का 'बड़ौदा' नगर । एक गोकुल । °सावित्ती स्त्री [°सावित्री] एक देवी ।

वड देखो पड = पत् ।

°वड देखो पड = पट ।

वडग न [वटक] खाद्य-विशेष, बड़ा ।

वडग देखो वड = वट ।

°वडण देखो पडण ।

वडप्प न [दे] लता-गहन । निरन्तर वृष्टि ।

वडभ वि. वामन, ह्रस्व । जिसका पृष्ठ-भाग बाहर निकला हो । नाभि के ऊपर का भाग जिसका टेढ़ा हो । पीछे या आगे का अंग जिसका बाहर निकला हो । जिसका पेट बड़ा होकर आगे निकला हो । स्त्री. °भी ।

वडय देखो वडग = वटक ।

°वडल देखो पडल ।

वडवग्गि पुं [वडवाग्नि] वडवानल ।

वडवड अक [वि + लप्] विलाप करना ।

वडवा स्त्री. घोड़ी । °णल, नल पुं. आग । °मुह न [°मुख] वही अर्थ । एक महा-पताल । °हुआस पुं [°हुताश] वडवानल ।

वडह देखो वडभ ।

वडह पुं [दे] पक्षि-विशेष ।

°वडह देखो पडह ।

वडही देखो वलही ।

°वडाआ देखो पडाया ।

°वडालि स्त्री [दे] श्रेणि ।

°वडाहा देखो पडाहा ।

वडिअ वि [गृहीत] ग्रहण किया हुआ ।

°वडिअ पडिअ पड का कृ. ।

वडिंस पुं [वतंस] मेरु पर्वत । भूषण । एक दिग्हस्ति-कूट । प्रधान । श्रेष्ठ । कर्णपूर । देखो वडेंस, अवयंस ।

वडिणाय पुं [दे] घर्घर कण्ठ, बैठा हुआ गला ।

वडिया स्त्री [वृत्तिता] वर्तन ।

°वडिया देखो पडिया = प्रतिज्ञा ।

वडिवस्सअ वि [वरिवस्यक] पूजक ।

वडिसर न [दे] चूल्हे का मूल ।

वडिसाअ वि [दे] टपका हुआ ।

वडी स्त्री [दे] बड़ी, एक प्रकार का खाद्य ।

वड्डुमग
वड्डूमग } देखो वट्टमग ।

वडेंस पुं [वतंस] शेखर, मुकुट । देखो वडिंस ।

वडेंसा स्त्री [वतंसा] किन्नर नामक किन्नरेन्द्र की एक अग्रमहिषी ।

वडेंसिया स्त्री [वतंसिका] अवतंस की तरह करना, मुकुटस्थानापन्न करना ।

वड्डु वि [दे] महान् । °अत्थरग पुं [°आस्तरक] ऊँट की पीठ पर रखा जाता आसन । °त्तण न [°त्व] । °प्पण (अप) न [°त्व] महत्ता । °यर वि [°तर] विशेष बड़ा ।

वड्डुवास पुं [दे] मेघ, अभ्र ।

वड्डुहुल्लि पुं [दे] माली ।

वड्डार (अप) देखो वड्डु-यर ।

वड्डिम वि [दे] टपका हुआ ।

वड्डुअर देखो वड्ड-यर ।

वड्ढ अक [वृध्] बढ़ना ।

वड्ढ सक [वर्धय्] बढ़ाना, विस्तारना । बधाई देना । देखो वद्ध = वर्धय् ।

वड्ढइ पुं [वर्धकि] सुतार ।

वड्ढइअ पुं [दे] मोची ।

वड्ढणमिर वि [दे] पुष्ट ।

वड्ढणसाल वि [दे] जिसकी पूँछ कटी हो ।

वड्ढमाण } न [वर्धमान, °क] गुजरात का
वड्ढमाणय } 'वढवाण' नगर । अवधिज्ञान का एक भेद, उत्तरोत्तर बढ़ता जाता एक प्रकार का परोक्ष रूपी द्रव्यों का ज्ञान । पुं. भ. महावीर । देखो वद्धमाण ।

वड्ढय देखो वट्ट = दे ।

वड्ढव सक [वर्धय्, वर्धापय्] वृद्धि करना । बधाई देना ।

वड्ढवअ वि [वर्धक] बढ़ानेवाला । बधाई देनेवाला ।

वड्ढवण न [दे] वस्त्र का आहरण ।

वड्ढवण न [दे. वर्धापन] बधाई । अभ्युदय । निवेदन ।

वड्ढार (अप) सक [वर्धय्] बढ़ाना ।

वड्ढाव देखो वड्ढव ।

वड्ढावअ देखो वड्ढवअ ।

वड्ढाविअ वि [दे] समापित ।

वड्ढि वि [वर्धिन्] बढ़नेवाला ।

वड्ढि स्त्री [वृद्धि] बढ़ती ।

वड्ढिअ वि [वर्धित] बढ़ाया हुआ । खण्डित किया हुआ, काटा हुआ ।

वड्ढिआ स्त्री [दे] कूपतुला, ढेंकुवा ।

वड्ढिम पुंस्त्री [वृद्धिमन्] वृद्धि ।

वढ देखो वड = वट ।

वढ वि [दे] वाक्-शक्ति से रहित ।

वढर } पुं [बठर] मूर्ख छात्र । ब्राह्मण
वढल } पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न सन्तान, अम्बष्ठ । वि. शठ, धूर्त । मन्द, अलस ।

वण सक [वन्] माँगना ।

वण पुं [दे] अधिकार । चांडाल ।

वण पुंन [व्रण] घाव । प्रहार, क्षत । °वट्ट पुं [°पट्ट] घाव पर बाँधी जाती पट्टी ।

वण न [वन] जंगल । पानी । निवास । आलय । वनस्पति । उद्यान । पुं. वानव्यंतर देव । वृक्ष-विशेष । °कम्म पुंन [°कर्मन्] जंगल को काटने या बेचने का काम । °कम्मंत न [°कर्मान्त] वनस्पति का कारखाना । °गय पुं [°गज] जंगली हाथी । °ग्गि पुं [°ग्नि]दावानल । °चर वि. वन में रहनेवाला । जंगली । स्त्री. °री देखो °यर । °छिंद वि [°च्छिद्] जंगल काटनेवाला । °त्थली स्त्री [°स्थली] अरण्य-भूमि । °दव पुं. दावानल । °पव्वय पुंन [°पर्वत] वनस्पति से व्याप्त पर्वत । °बिराल पुं [बिडाल] जंगली बिल्ला । °माल न. एक देवविमान । °माला स्त्री. पैर तक लटकनेवाली माला । एक राज-पत्नी । °य वि [°ज] वन में उत्पन्न । जंगली । °यर वि [°चर] बनैला । पुंस्त्री. व्यन्तर देव । स्त्री. °री । °राइ स्त्री [°राजि] वृक्ष-समूह । °राज, °राय पुं. आठवीं शताब्दी का गुजरात का एक राजा । सिंह । °लइया, °लया स्त्री [°लता] एक स्त्री । एक शाखावाला वृक्ष । °वाल वि [°पाल] उद्यान-पालक,

माली। °वास पुं. अरण्य में रहना। °वासी स्त्री. नगरी-विशेष। °विदुग्ग न [°विदुर्ग] नानाविध वृक्षों का समूह। °विरोहि पुं [°विरोहिन्] आषाढ मास। °संड पुंन [षण्ड] अनेकविध वृक्षों की घटा। °हत्थि पुं [हस्तिन्] जंगल का हाथी। °ालि, °ोलि स्त्री. वन-पंक्ति।

वणइ स्त्री [दे] वन-राजि।

वणण न [वनन] बछड़े को उसकी माता से भिन्न दूसरी गाय से लगाना।

वणण न [दे. व्यान] बुनना। °साला स्त्री [शाला] बुनने का कारखाना।

वणद्धि स्त्री [दे] गो-वृन्द।

वणनत्तडिअ वि [दे] पुरस्कृत।

वणपक्कसावअ पुं [दे] शरभ, श्वापद-विशेष।

वणप्फइ पुं [वनस्पति] फूल के बिना जिसमें फल लगता हो वह वृक्ष। लता, गुल्म, वृक्ष आदि कोई भी गाछ। न. फल। °काइअ वि [°कायिक] वनस्पति का जीव।

वणय पुं [वनक] दूसरी नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान।

वणरसि (अप) देखो वाणारसी।

वणव पुं [दे] दावानल।

वणसवाई स्त्री [दे] कोयल।

वणस्सइ देखो वणप्फइ।

वणाय वि [दे] व्याध से व्याप्त।

वणार पुं [दे] दमनीय बछड़ा।

वणि } वणिअ } पुं [वणिज्] बनिया। व्यापारी।

वणिअ वि [व्रणित] व्रण-युक्त, घाववाला।

वणिअ पुं [वनीपक] भिक्षुक।

वणिअ न [वणिज] ज्योतिष का एक करण।

वणिआ स्त्री [वनिका] वाटिका, बगीचा।

वणिआ स्त्री [वनिता] स्त्री, महिला।

वणिज देखो वणिअ = वणिज्।

वणिज } वणिज्ज } न [वाणिज्य] व्यापार। °ारय वि [°कारक] व्यापारी।

वणिम } वणीमग } देखो वणीमय। दरिद्र।

वणी स्त्री [वनी] भीख से प्राप्त धन। फली-विशेष, जिससे कपास निकलता है।

वणीमग } वणीमय } पुं [वनीपक] याचक। भिक्षुक, भिखारी।

वणे अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—निश्चय। विकल्प। अनुकम्पनीय। संभावना।

वणेचर देखो वण-यर।

वण्ण सक [वर्णय्] वर्णन करना। प्रशंसा करना। रंगना।

वण्ण पुं[वर्ण]प्रशंसा। यश। शुक्ल आदि रंग। अकार आदि अक्षर। ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति। गुण। अंगराग। सुवर्ण। विलेपन की वस्तु। व्रत-विशेष। वर्णन। विलेपन-क्रिया। गीत का क्रम। चित्र। शुक्ल आदि वर्ण का कारण-भूत कर्म। संयम। मोक्ष। न. कुंकुम। °णाम, °नाम पुंन [°नामन्] कर्म-विशेष। °मंत वि [°वत्] प्रशस्त वर्णवाला। °वाइ वि [°वादिन्] श्लाघा-कर्ता, प्रशंसक। °वाय पुं [°वाद]प्रशंसा, श्लाघा। °ावास पुं. वर्णन-पद्धति। °ावास पुं [°व्यास] वर्णन-विस्तार।

वण्ण पुं [वर्ण] पंचम आदि स्वर। °सम न. गेय काव्य का एक भेद।

वण्ण वि [दे] स्वच्छ। रक्त।

°वण्ण देखो पण्ण।

वण्णग देखो वण्णय।

वण्णण न [वर्णन] श्लाघा। विवेचन।

वण्णय पुंन [दे. वर्णक] चन्दन, श्रीखण्ड। पिष्टातक-चूर्ण, अंगराग।

वण्णय पुं [वर्णक]वर्णन-ग्रन्थ। वर्णन-प्रकरण।

वण्णिआ देखो वन्निआ।

वण्हि पुं [वृष्णि] राजा अन्धक-वृष्णि। एक अन्तकृद् महर्षि। अन्धकवृष्णि-वंश में उत्पन्न, यादव। °दसा स्त्री. ब. [°दशा] एक जैन आगम-ग्रन्थ। °पुंगव पुं. यादव-श्रेष्ठ।

वण्हि पुं [वह्नि] अग्नि। लोकान्तिक देवों की एक जाति। चित्रक वृक्ष। भिलावाँ का पेड। नीबू का गाछ।

वत देखो वय = व्रत।

वति देखो वइ = व्रतिन्।

वति देखो वइ = वृति।

वतु पुं [दे] निवह, समूह।

वत्त देखो वट्ट = वृत्त।

वत्त देखो वट्ट = वर्तय्।

वत्त न [वार्त्त] आरोग्य।

वत्त वि [व्याप्त] फैला हुआ, भरपूर।

वत्त देखो वट्ट = वृत्त।

वत्त वि [व्यक्त] प्रकट।

वत्त न [वक्त्र] मुख।

°वत्त देखो पत्त = पत्र।

°वत्त देखो पत्त = पात्र।

वत्त° देखो वत्ता (भवि)। °यार वि [°कार] वार्ता कहनेवाला।

वत्तअ पुं [व्यत्यय] विपर्यय। उल्लंघन।

वत्तडिआ, वत्तडी } (अप) देखो वत्ता।

वत्तण न [वर्त्तन] जीविका, निर्वाह। आवृत्ति। स्थिति। स्थापन। वर्तन, होना। वि. वृत्ति-वाला। रहनेवाला।

वत्तणी स्त्री [वर्त्तनी] मार्ग।

वत्तद्ध वि [दे] सुन्दर। बहु-शिक्षित।

वत्तमाण पुं. [वर्तमान] चलता काल। वि. विद्यमान। पुं. विद्यमानता।

°वत्तरि देखो सत्तरि।

वत्ता स्त्री [दे] सूत्र-वेष्टन-यन्त्र। देखो चत्ता = (दे)।

वत्ता स्त्री [वार्त्ता] कथा। वृत्तान्त। वृत्ति। दुर्गा। खेती। जनश्रुति। गन्ध का अनुभव। काल-कर्तृक भूतनाश। °लाव पुं [°लाप] बातचीत।

वत्तार वि [दे] गर्वित।

वत्ति स्त्री [दे] सीमा।

वत्ति देखो वट्टि।

वत्ति स्त्री [वृत्ति] प्रवृत्ति। देखो विंत्ति।

वत्ति स्त्री [व्यक्ति] एकाकी वस्तु। °पइट्ठा स्त्री [°प्रतिष्ठा] विद्यमान तीर्थंकर के बिम्ब की प्रतिष्ठा।

वत्तिअ वि [वार्त्तिक] कथाकार। पुंन. टीका की टीका। ग्रन्थ की टीका।

वत्तिअ वि [वर्त्तित] गोल किया हुआ। आच्छादित।

°वत्तिअ देखो पच्चय = प्रत्यय।

वत्तिआ देखो वट्टिआ।

वत्तिणी स्त्री [वर्त्तिनी] मार्ग।

°वत्ती देखो पत्ती = पत्नी।

वत्तु वय = वच् का हेकृ.।

वत्तुकाम वि [वक्तुकाम] बोलने की चाह-वाला।

वत्तुल देखो वट्टुल।

वत्थ पुंन [वस्त्र] कपड़ा। °खेड्ड न [°खेल] कला-विशेष। °धोव वि [°धाव] वस्त्र धोनेवाला। °पूस पुं [°पुष्य] एक जैन मुनि। °पूसमित्त पुं [°पुष्यमित्र] एक जैन मुनि। °विज्जा स्त्री [°विद्या] वस्त्र स्पर्श कराने से ही बीमार अच्छा हो जाय वह विद्या। °सोहग वि [°शोधक] वस्त्र धोनेवाला।

वत्थ वि [व्यस्त] पृथग्, भिन्न, जुदा।

वत्थउड पुं.[दे. वस्त्रपुट] तंबू। कपड़-कोट।

वत्थंग पुं [वस्त्राङ्ग] वस्त्रदायी कल्पवृक्ष।

°वत्थर देखो पत्थर = प्रस्तर।

वत्थलिज्ज न [वस्त्रलिय] दो जैन मुनि-कुल।

वत्थव्व वि [वास्तव्य] निवासी।

वत्थाणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष।

वत्थाणीअ पुंन [दे] खाद्य-विशेष।

वत्थि पुं [वस्ति] दृति, मसक। गुदा। छाते में शलाका बैठने का स्थान। °कम्म न[°कर्मन्]

सिर आदि में चर्म-वेष्टन द्वारा किया जाता तैल आदि का पूरण। मल साफ करने के लिए गुदा में बत्ती आदि का किया जाता प्रक्षेप। °पुडग पुंन [°पुटक] पेट का भीतरी प्रदेश।

वत्थिय पुं [वास्त्रिक] वस्त्र बनानेवाला शिल्पी।

वत्थी स्त्री [दे] तापसों की पर्ण-कुटी।

वत्थु न [वस्तु] पदार्थ, चीज। पुंन. पूर्व-ग्रन्थों का अध्ययन—प्रकरण, परिच्छेद। °पाल, °वाल पुं. राजा वीरधवल का जैन मन्त्री।

वत्थु न [वास्तु] गृह। गृहादि-निर्माण-शास्त्र। शाक-विशेष। °पाढग वि [°पाठक] वास्तु-शास्त्र का अभ्यासी। °विज्जा स्त्री [°विद्या] गृह-निर्माण-कला।

वत्थुल, वत्थूल पुं [वस्तुल] गुच्छ और हरित वनस्पति-विशेष, शाक-विशेष। पुं [वस्तूल]।

वद देखो वय = वद्।

वद देखो वय = व्रत।

वदिसा देखो वडेंसा।

वदिकलिअ वि [दे] वलित, लौटा हुआ।

वद्दमग देखो वड्डमग।

वद्दल न [दि. वार्दल] बादल, घटा, दुर्दिन। पुं. छठवीं नरक का दूसरा नरकेन्द्रक।

वद्दलिया स्त्री [दे. वार्दलिका] बदली, दुर्दिन।

वद्ध देखो वड्ढ = वर्धय्।

वद्ध पुंन [वर्ध्र] चर्म-रज्जु।

वद्ध देखो विद्ध = वृद्ध।

वद्धण न [वर्धन] वृद्धि। वि. बढ़ानेवाला।

वद्धणिआ, वद्धणो स्त्री [वर्धनिका, °नी] संमार्जनी, झाड़ू।

वद्धमाण पुं [वर्धमान] भगवान् महावीर। एक जैनाचार्य। स्कन्धारोपित पुरुष। एक शाश्वत जिन-देव। एक शाश्वती जिन-प्रतिमा। न. गृह-विशेष। राजा रामचन्द्र का एक प्रेक्षा-गृह। देखो वड्ढमाण।

वद्धमाणग, वद्धमाणय पुं [वर्धमानक] अठासी महा-ग्रहों में एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष। एक देव-विमान। न. शराव। पुं. पुरुष पर आरूढ़ पुरुष। स्वस्तिक-पञ्चक। एक तरह का महल। अस्थिक ग्राम। वि. अभिमानी।

वद्धय वि [दे] मुख्य।

वद्धार सक [वर्धय्] बढ़ाना।

वद्धाव सक [वर्धय्, वर्धापय्] बधाई देना।

वद्धावय वि [वर्धापक] बधाई देनेवाला।

वद्धिअ पुं [दे] नपुंसक। छोटी उम्र में ही छेद देकर जिसका अण्डकोष गलाया गया हो वह, बधिया।

वद्धिअ देखो वड्ढिअ = वृद्ध।

वद्धी स्त्री [दे] आवश्यक कर्तव्य।

वद्धीसक, वद्धीसग पुंन [दे. वद्धीसक] एक प्रकार का बाजा।

वध देखो वह = वध।

वधय देखो वहय।

वधू देखो वहू।

वन्नग देखो वण्णय।

वन्निआ स्त्री [वर्णिका] बानगी, नमूना। लाल रंग की मिट्टी।

वपु देखो वउ = वपुस्।

वप्प सक [त्वच?] ढकना।

वप्प पुं [वप्र] जंबूद्वीप का एक प्रान्त, जिसकी राजधानी विजया है। पुंन. दुर्ग। केदार, खेत। किनारा। ऊँची-जमीन।

वप्प वि [दे] कृश। बलवान्। भूताविष्ट।

वप्पइराय देखो व-प्पइराय।

वप्पगा देखो वप्पा।

वप्पगावई स्त्री [वप्रकावती] जंबूद्वीप का विजय-क्षेत्र, जिसकी राजधानी अपराजिता है।

वप्पा स्त्री [वप्रा] ऊँची जमीन।

वप्पा स्त्री [वप्रा] भ० नमिनाथ की माता। दशवें चक्रवर्ती राजा हरिषेण की माता।

वप्पिअ पुं [दे] खेत। नपुंसक-विशेष। राग-युक्त।
वप्पिण पुंन [दे] केदार, खेत। वि. उचित।
वप्पिण पुंन [दे] केदारवाला या तटवाला देश।
वप्पी देखो वप्पा = वप्र।
वप्पीअ पुं [दे] चातक पक्षी।
वप्पीडिअ न [दे] खेत।
वप्पीह पुं [दे] स्तूप आदि का कूट।
वप्पु देखो वउ = वपुस्।
वप्पे अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—उपहास-युक्त उल्लापन। विस्मय। आश्चर्य।
वप्फाउल देखो बप्फाउल।
वफर न [दे] शस्त्र-विशेष।
वब्भ पुं [वभ्र] पशु-विशेष।
वब्भ° देखो वह = वह्।
वब्भय न [दे] कमल का मध्य भाग।
वभिचरिअ वि [व्यभिचरित] व्यभिचार दोष से दूषित।
वभिचार देखो वहिचार।
वभिचारि वि [व्यभिचारिन्] न्यायशास्त्रोक्त दोष-विशेष से दूषित, ऐकान्तिक। परस्त्री-लम्पट।
वभियार देखो वहिचार।
वम सक [वम्] उलटी करना।
वमग वि [वामक] उलटी करनेवाला।
वमाल सक [पुञ्जय्] इकट्ठा करना। विस्तारना।
वमाल पुं [दे] कलकल, कोलाहल।
वमाल पुं [पुञ्ज] राशि, ढग, ढेर।
वमालण न [पुञ्जन] इकट्ठा करना। विस्तार। वि. इकट्ठा करनेवाला। विस्तारनेवाला।
वम्म पुंन [वर्मन्] कवच।
वम्म देखो वम का कृ.।
वम्मथ } पुं [मन्मथ] कामदेव।
वम्मह }
वम्मा देखो वामा।
वम्मिअ वि [वर्मित] कवचित, संनाह-युक्त।
वम्मिअ } पुं [वल्मीक] कीट-विशेषकृत मिट्टी का स्तूप। डूह या भीटा, दीमकों के रहने की बाँबी।
वम्मीअ }
वम्मीइ पुं [वाल्मीकि] रामायण-कर्ता मुनि।
वम्मीसर पुं [दे] कन्दर्प।
वम्ह न [दे] वल्मीक।
वम्ह पुं [ब्रह्मन्] पलाश का पेड़। देखो बंभ।
वम्हल न [दे] केसर, किंजल्क।
वम्हाण देखो बंभण।
वय सक [वच्] बोलना, कहना। देखो वयणिज्ज।
वय अक [वद्] बोलना, कहना।
वय अक [व्रज्] जाना, गमन करना।
वय पु [वृक] पशु-विशेष, भेड़िया।
वय पुं [दे] गृध्र पक्षी।
वय पुं [वज] संस्कार-करण। गमन।
वय पुं [व्रज] देश-विशेष। गोकुल, दस हजार गौओं का समूह। मार्ग। संस्कार-करण। गमन, गति। समूह।
वय पुं [व्यय] खर्च। हानि। देखो विअ = व्यय।
वय न [वचस्] वचन। °समिअ वि [°समित] वचन का संयमी।
वय पुं [वद] कथन, उक्ति।
वय पुंन [व्रत] धार्मिक प्रतिज्ञा। °मंत वि [°वत्] व्रती।
वय पुंन [वयस्] उम्र। पक्षी। °त्थ वि [°स्थ] तरुण। °परिणाम पुं. वृद्धता।
°वय पुं [पच] पचन, पाक।
°वय देखो पय = पद।
°वय देखो पय = पयस्।
वयंग न [दे] फल-विशेष।
वयंतरिअ वि [वृत्यन्तरित] बाड़ से तिरो-

हित ।

वयंस पुं [वयस्य] समान उमरवाला मित्र ।

वयंसि देखो वच्चंसि = वर्चस्विन् ।

वयड पुं [दे] वाटिका ।

वयण न [दे] मन्दिर, गृह । शय्या ।

वयण पुंन [वदन] मुख । न. कथन ।

वयण पुंन [वचन] उक्ति । संख्या-बोधक व्याकरण । प्रत्यय ।

वयणिज्ज वि [वचनीय] वाच्य । निन्दनीय । उपालम्भीय । न. वचन, शब्द । निन्दा ।

वयर वि [दे] चूर्णित ।

वयर देखो वइर = वज्र ।

°वयर देखो पयर = प्रकर ।

वयराड देखो वइराड ।

वयल वि [दे] विकसता । पुं. कलकल, कोलाहल ।

वयली स्त्री [दे] एक निद्राकारी लता ।

°वयस देखो वय = वयस् ।

वयस्स देखो वयंस ।

वया स्त्री [वपा] विवर, छिद्र । मेद ।

वया स्त्री [वचा] देखो वचा ।

वया स्त्री [व्रजा] ऊख खींचने के लिए रज्जु-बद्ध घट आदि डालने का मार्ग । प्रेरण-दण्ड ।

वर सक [वृ] सगाई करना । ढकना । याचना करना । सेवा करना ।

वर सक [वरय्] प्राप्त करने की इच्छा करना । संसृष्ट करना ।

वर पुं. पति । वरदान । वि. श्रेष्ठ । अभीष्ट । न. अच्छा । °दत्त पुं. भ० नेमिनाथजी का प्रथम शिष्य । एक राजकुमार ।°दाम न [°दामन्] एक तीर्थ । °धणु पुं [°धनुष्] एक मन्त्रि-कुमार, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती का बाल-मित्र । °पुरिस पुं [°पुरुष]वासुदेव । °माल पुं. एक देव-विमान । °माला स्त्री. वर को पहनायी जाती माला । °रुइ पुं [°रुचि] राजा नन्द के समय का एक विद्वान् ब्राह्मण । °वरिया स्त्री [°वरिका] अभीष्ट वस्तु माँगने या दान देने की घोषणा । °सरक न. खाद्य-विशेष । °सिट्ठ पुंन [°शिष्ट] यम लोकपाल का एक विमान ।

वर देखो वार । °विलया स्त्री [°वनिता] वेश्या । °वर देखो पर ।

वरइअ वि [दे] धान्य-विशेष ।

वरइत्त पुं [दे. वरयितृ] दुलहा ।

वरई देखो वरय = वराक ।

वरउप्फ वि [दे] मृत ।

वरं देखो परं = परम् ।

वरंड पुं [वरण्ड] दीर्घ काष्ठ । भीत ।

वरंड पुं [दे] तृण पुञ्ज । प्राकार । गाल पर लगाई जाती कस्तूरी आदि की छटा । समूह ।

वरंडिया स्त्री [दे] बरामदा ।

वरक्ख न [वराख्य] सिल्हक गन्ध-द्रव्य ।

वरक्ख पुं [वराक्ष] योगी । यक्ष । वि. श्रेष्ठ इन्द्रियवाला ।

वरक्खा स्त्री [वराख्या] त्रिफला ।

वरग न [वरक] महामूल्य पात्र ।

वरट्ट पुं [दे] धान्य-विशेष ।

वरडा } स्त्री [दे.वरटा] तैलाटी कीट-
वरडी } गंधोली । दंश-भ्रमर ।

वरण पुं. सगाई । तट । पुल । प्राकार । स्वीकार । देखो वीर-वरण । पुं. एक आर्य-देश । देखो वरुण ।

वरणय न [वरणक] तृण-विशेष ।

वरणसि (अप) देखो वाराणसी ।

वरणा स्त्री. काशी की वरुणा नदी । अच्छ देश की प्राचीन राजधानी । देखो वरुणा ।

वरत्त वि [दे] पीत । पतित । पेटित, संहत ।

वरत्ता स्त्री [वरत्रा] रज्जु ।

वरय पुं [वरक] सगाई करने वाला ।

वरय पुं [दे] एक तरह की शालि ।

वरय वि [वराक]दीन । बेचारा । स्त्री.°रई ।

वरला स्त्री. हंसपक्षी की मादा ।

वरसि देखो वरिसि ।

वरहाड अक [निर् + सृ] बाहर निकलना ।

वराग देखो वराय ।

वराड पुं [वराट] दक्षिण का 'बरार' देश । कपर्दक । न. कौड़ियों का जुआ जिसे बालक खेलते हैं ।

वराडिया स्त्री [वराटिका] कपर्दिका ।

वराय देखो वरय = वराक । स्त्री. °राइआ, °राई ।

वरावड पुं. ब. [वरावट] देश-विशेष ।

वराह पुं. शूकर । भगवान् सुविधिनाथ का प्रथम शिष्य ।

वराही स्त्री. विद्या-विशेष ।

वरिं अ [वरम्] अच्छा, ठीक ।

वरिअ देखो वज्ज = वर्य ।

वरिअ वि [वृत] स्वीकृत । सेवित । जिसकी सगाई की गई हो । न. सगाई करना ।

वरिट्ठ पुं [वरिष्ठ] भरत-क्षेत्र का भावी बारहवाँ चक्रवर्ती राजा । अति-श्रेष्ठ ।

वरिल्ल न [दे] वस्त्र-विशेष ।

वरिस सक [वृष्] बरसना, वृष्टि करना ।

वरिस पुंन [वर्ष] वृष्टि, संवत्सर । जंबूद्वीप का अंश-विशेष, भारत आदि क्षेत्र । मेघ । °अ वि [°ज] वर्षा में उत्पन्न । °कण्ह न [°कृष्ण] एक गोत्र । पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न । °धर पुं. अन्तःपुर-रक्षक षण्ड-विशेष । °वर पुं. वही अनन्तरोक्त अर्थ । देखो वास = वर्ष ।

वरिसविअ वि [वर्षित] बरसाया हुआ ।

वरिसा स्त्री [वर्षा] वृष्टि, वर्षा-काल । °काल पुं । °रत्त पुं [°रात्र] वर्षा-ऋतु । °ल देखो °काल । देखो वासा ।

वरिसिणी स्त्री [वर्षिणी] विद्या-विशेष ।

वरिसोलक पुं [दे वर्षोलक] पक्वान्न-विशेष ।

°वरिहरिअ देखो परिहरिअ ।

वरु, वरुअ पुंन [दे] देखो वरुअ ।

वरुंट पुं [वरुण्ट] एक शिल्पि-जाति ।

वरुड पुं. एक अन्त्यज-जाति ।

वरुण पुं. चमर आदि इन्द्रों का पश्चिम दिशा का लोकपाल । बलि-आदि इन्द्रों का उत्तर दिशा का लोकपाल । लोकान्तिक देवों की एक जाति । भगवान् मुनिसुव्रत का शासनाधिष्ठायक यक्ष । शतभिषक् नक्षत्र का अधिष्ठाता देव । एक देव-विमान । वृक्ष की एक जाति । अहोरात्र का पनरहवाँ मुहूर्त । एक विद्याधरनरपति । एक श्रेष्ठि-पुत्र । छन्द-विशेष । वरुणवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव । पुं.ब. एक आर्य-देश । °काइय पुं[°कायिक] । °देवकाइय पुं [°देवकायिक] वरुण लोकपाल के भृत्य-स्थानीय देवों की एक जाति । °प्पभ पुं [°प्रभ] वरुणवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव । वरुण लोकपाल का उत्पात पर्वत । °प्पभा स्त्री [°प्रभा] वरुणप्रभ पर्वत की दक्षिण दिशा में स्थित वरुण लोकपाल की एक राजधानी । °वर पुं. एक द्वीप ।

वरुणा स्त्री. अच्छ देश की प्राचीन राजधानी । वरुणप्रभ पर्वत की पूर्व दिशा में स्थित वरुण नामक लोकपाल की एक राजधानी । एक राजपत्नी ।

वरुणी स्त्री. विद्या-विशेष ।

वरुणोअ, वरुणोद पुं [वरुणोद] एक समुद्र ।

वरुल पुं. ब. देश-विशेष ।

वरूहिणी स्त्री [वरूथिनी] सेना ।

वरेइत्थ न [दे] फल ।

वल अक [वल्] लौटना । मुड़ना । उत्पन्न होना । सक. ढकना । जाना । साधना ।

वल सक [आ + रोपय्] ऊपर चढ़ाना ।

वल सक [ग्रह्] ग्रहण करना ।

वल पुं. रस्सी आदि को मजबूत करने के लिए दिया जाता बल ।

वलअंगी स्त्री [दे] वृत्तिवाली, बाड़वाली ।

वलइय वि [वलयित] वलय—कंगन की तरह गोलाकार किया हुआ। वेष्टित।
वलंगणिआ स्त्री [दे] बाड़वाली।
वलक्किअ वि [दे] उत्संगित, उत्संग-स्थित।
वलक्ख वि [वलक्ष] श्वेत।
वलक्ख न [वलाक्ष] एक तरह का गले में पहनने का गहना।
वलग्ग अक [आ + रुह्] आरोहण करना।
वलग्ग वि [आरूढ] चढ़ा हुआ।
वलग्गंगणी स्त्री [दे] वृति, बाड़।
वलण न[वलन] मोड़ना। प्रत्यावर्तन। वक्रता।
वलण (शौ. मा) देखो वरण।
वलणा स्त्री [वलना] देखो वलण = वलन।
वलत्थ वि [दे] पर्यस्त।
वलमय न [दे] शीघ्र।
वलय पुंन. कंकण। पृथिवी-वेष्टन, घनवात आदि। वेष्टन। वतुंल। नदी आदि के पानी से वेष्टित भू-भाग। माया। शठ। वलयकार वृक्ष, नारिकेल। °आर, °रअ पुं [°कार, °कारक] कंकण बनानेवाला शिल्पी।
वलय वि [वलक] मोड़नेवाला।
वलय न [दे] खेत। गृह।
वलय देखो वल = वल्। °मयग वि [°मृतक] संयम से भ्रष्ट होकर मृत। भूख आदि से तड़फता हुआ मरा हो। °मरण न. संयम से च्युत का मरण।
वलयणी स्त्री [दे] वृति, बाड़।
वलयबाहा }
वलयबाहु } स्त्री [दे] दीर्घ काष्ठ, जिसपर ध्वजा आदि बाँधा जाता है। हाथ का एक आभूषण, चूड़ा, कड़ा।
वलया देखो वडवा। °णल पुं [°नल] बड-वाग्नि। °मुह न [°मुख] बडवानल। पुं. एक बड़ा पाताल-कलश।
वलया स्त्री [दे] समुद्र-कूल। °मुह न [°मुख] वेला का अग्रभाग।
वलयाइअ वि [वलयायित] जो वलय की तरह गोल हुआ हो वह।
वलवट्टि [दे] देखो बलवट्टि।
वलवा देखो वडवा।
वलवाडी स्त्री [दे] वृति, बाड़।
वलविअ न [दे] शीघ्र।
वलहि स्त्री [दे] कपास।
वलहि }
वलही } स्त्री [वलभि, °भी] गृह-चूड़ा। छज्जा, बरामदा। महल का अग्रस्थ भाग। कठियावाड़ का प्राचीन नगर, आजकल का 'वळा'।
वलाअ देखो पलाय = परा + अय्।
वलाअ देखो पलाव = प्रलाप।
°वलाअ देखो वल = वल्। °मरण देखो वलय-मरण।
वलि स्त्री. पेट का अवयव-विशेष। नाभि के ऊपर पेट की त्रिवलि। जरा आदि से होती शिथिल चमड़ी।
वलिअ वि [दे] भुक्त।
वलिअ वि [वलित] मुड़ा हुआ। जिसको बल चढ़ाया गया हो वह (रस्सी आदि)।
वलिअ देखो विलिअ = व्यलीक।
वलिआ स्त्री [दे] धनुष की डोरी।
°वलिच्छत्त देखो परिच्छन्न।
°वलित्त देखो पलित्त।
वलिमोडय पुं [वलिमोटक] वनस्पति में ग्रन्थि का चक्राकार वेष्टन।
वली स्त्री. देखो वलि।
वलुण देखो वरुण।
वले अ. संबोधन-सूचक अव्यय। देखो वले।
वल्ल देखो वल = वल्।
वल्ल अक [वल्ल्] चलना, हिलना।
वल्ल पुं [दे] शिशु, बालक।
वल्ल पुं [दे] अन्न-विशेष, निष्पाव।
वल्लई स्त्री [वल्लवी] गोपी।
वल्लई स्त्री [दे] गो।
वल्लई }
वल्लकी } स्त्री [वल्लकी] वीणा।

वल्लट्ट वि [दे] पुनरुक्त ।
वल्लभ देखो वल्लह ।
वल्लर न [दे] वन, गहन । क्षेत्र, खेत । अरण्य-क्षेत्र । बालुका-युक्त क्षेत्र ।
वल्लर न [दे] अरण्य, अटवी । निर्जन देश । पुं. महिष । पवन । वि. युवा । वेष्टनशील । वेष्टित नामक आलिंगन-विशेष करने की आदत वाला । स्त्री. °री ।
वल्लरी स्त्री. वल्ली, लता ।
वल्लरी स्त्री [दे] केश ।
वल्लव पुंस्त्री. गोप, अहीर । स्त्री. °वी ।
विसरिस वि [विसदृश] असमान, विजातीय ।

विसलेस पुं [विश्लेष] जुदाई ।

विसल्ल वि [विशल्य] शल्य-रहित । °करणी स्त्री. विद्या-विशेष ।

विसल्ला स्त्री [विशल्या] एक महौषधि । लक्ष्मण की एक स्त्री ।

विसस सक [वि + शस्] वध करना ।

विसस देखो विस्सस = वि + श्वस् ।

विसह सक [वि + षह्] सहन करना ।

विसह देखो वसभ ।

विसाअ (अप) स्त्री [विश्वा] छन्द-विशेष ।

विसाइ वि [विषादिन्] विषाद-युक्त ।

विसाण न [विषाण] हाथी का दाँत । सींग । सूअर का दाँत । पुं. ब. देश-विशेष ।

विसाण सक [विशाणय्] घिसना, शाण पर चढ़ाना ।

विसाणि वि [विषाणिन्] सींगवाला । पुं. हाथी । सिंघाड़ा । ऋषभ नामक औषध ।

विसाय सक [वि + स्वादय्] विशेष चखना, खाना ।

विसाय पुं [विषाद] शोक, दिलगीरी । °वंत वि [°वत्] शोकग्रस्त ।

विसाय वि [विसात] सुख-रहित । पुंन. एक देव-विमान ।

विसाय वि [विस्वाद] स्वाद-रहित ।

विसार सक [वि + सारय्] फैलाना ।

विसार पुं [दे] सैन्य ।

विसार वि. [illegible]-रहित ।

विसारण न [विशारण] खण्डन ।

विसारणिय वि [विस्मारणिक] जिसको याद न दिलाया गया हो वह ।

विसारय वि [दे] धृष्ट, ढीठ, साहसी ।

विसारय वि [विशारद] विद्वान्, पण्डित ।

विसारि पुं [दे] कमलासन, ब्रह्मा ।

विसाल वि [विशाल] बड़ा, विस्तीर्ण । पुं. एक ग्रह-देवता, अठासी महाग्रहों में एक महाग्रह । क्रन्दित-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र । पुंन. देव-विमान-विशेष । न. एक विद्याधर-नगर ।

विसालय पुं [दे] समुद्र ।

विसाला स्त्री [विशाला] एक नगरी, उज्जयिनी । भ० पार्श्वनाथ की दीक्षाशिबिका । जम्बूवृक्ष-विशेष, जिससे यह जम्बूद्वीप कहलाता है । राजधानी-विशेष । भ० महावीर की माता । एक पुष्करिणी ।

विसालिस देखो विसरिस ।

विसासण वि [विशासन] विनाशक ।

विसासिअ वि [विशासित] मारित । विशेष रूप से धर्षित । विश्लेषित । मार भगाया हुआ ।

विसाह पुं [विशाख] कार्तिकेय ।

विसाहा स्त्री [विशाखा] नक्षत्र-विशेष । एक स्त्री । एक विद्याधर-कन्या ।

विसाहिअ वि [विसाधित] सिद्ध किया गया ।

न. संसिद्धि ।

विसाही स्त्री [वैशाखी] वैशाख मास की पूर्णिमा या अमावस ।

विसि स्त्री [दे] करि-शारी, गज-पर्याण ।

विसि देखो बिसि ।

विसिट्ठ वि [विशिष्ट] प्रधान । विशेष-युक्त । सुसभ्य । युक्त । व्यतिरिक्त । पुं. द्वीपकुमार-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र । न. छः दिनों का उपवास । °दिट्ठि स्त्री [°दृष्टि] अहिंसा ।

विसिट्ठि स्त्री [विसृष्टि] विपरीत क्रम ।

विसिण वि [दे] प्रचुर रोमवाला ।

विसिस सक [वि + शिष्] विशेषण-युक्त करना ।

विसिह पुं [विशिख] बाण, तीर । वि. शिखा-रहित ।

विसी देखो बिसी ।

विसी स्त्री [विंशति] बीस, बीस का समूह ।

विसीअ अक [वि + सद्] खेद करना । निमग्न होना ।

विसीइय वि [विशीर्ण] जीर्ण, त्रुटित । न. जर्जरित होना ।

विसील वि [विशील] व्यभिचारी । खराब स्वभाववाला, विरूप आचरणवाला ।

विसुज्झ सक [वि + शुध्] शुद्धि करना ।

विसुणिय वि [विश्रुत] विज्ञात ।

विसुत्त वि [विस्रोतस्] प्रतिकूल । खराब, दुष्ट ।

विसुत्तिया देखो विसोत्तिया ।

विसुद्ध वि [विशुद्ध] निर्मल, निर्दोष । विशद, उज्ज्वल । पुं. ब्रह्मदेवलोक का एक प्रतर ।

विसुद्धि स्त्री [विशुद्धि] निर्दोषता, निर्मलता ।

विसुमर सक [वि + स्मृ] भूल जाना ।

विसुराविय वि [खेदित] खिन्न किया हुआ ।

विसुव न [विषुवत्] रात और दिन की समानतावाला काल ।

विसूइया स्त्री [विसूचिका] रोग-विशेष, हैजा ।

विसूणिय वि [विशूनित] फूला हुआ । सूजा हुआ । काटा हुआ ।

विसूर देखो विसुमर ।

विसूर अक [खिद्] खेद करना ।

विसूहिय पुंन [विष्वग्हित] एक देव-विमान ।

विसेढि स्त्री [विश्रेणि] विदिशा-सम्बन्धी श्रेणि, वक्र रेखा । वि. विश्रेणि में स्थित ।

विसेस सक [वि + शेषय्] गुण आदि द्वारा दूसरे से भिन्न करना, विशेषण से अन्वित करना ।

विसेस पुंन. [विशेष] प्रभेद । भिन्नता । भेद । असाधारण, अमुक, व्यक्ति, खास । पर्याय, धर्म, गुण । अधिक । तिलक । साहित्यशास्त्र-प्रसिद्ध अलंकार-विशेष । वैशेषिक-प्रसिद्ध अन्त्य पदार्थ । °ण्णु [°ज्ञ] विशेष जानने वाला । °ओ अ [°तस्] खास करके ।

विसेस पुं [विश्लेष] पृथक्करण ।

विसेसण न [विशेषण] दूसरे से भिन्नता बतानेवाला गुण आदि ।

विसेसय पुंन [विशेषक] तिलक ।

विसेसिअ वि [विशेषित] विशेषण-युक्त किया हुआ, भेदित । अतिशयित ।

विसेस्स देखो विसेस ।

विसोग वि [विशोक] शोक-रहित ।

विसोत्तिया स्त्री [विस्रोतसिका] विमार्ग-गमन । दुष्ट चिन्तन । शंका ।

विसोपग } पुंन [दे. विंशोपक] कौड़ी का
विसोवग } बीसवाँ हिस्सा ।

विसोह सक [वि + शोधय्] शुद्ध करना । निर्दोष बनाना । त्याग करना ।

विसोह वि [विशोभ] शोभा-रहित ।

विसोहय वि [विशोधक] शुद्धि-कर्ता ।

विसोहि स्त्री [विशोधि] विशुद्धता । अपराध के योग्य प्रायश्चित्त । आवश्यक, सामयिक

आदि षट्-कर्म। भिक्षा का एक दोष, जिस दोषवाले आहार का त्याग करने पर दोष भिक्षा या भिक्षा-पात्र विशुद्ध हो वह दोष। °कोडि स्त्री [°कोटि] पूर्वोक्त विशोधि-दोष का प्रकार।

विसोहिय वि [विशोधित] शुद्ध किया हुआ। पुं. मोक्ष-मार्ग।

विस्स देखो विस = विश्।

विस्स न [विस्र] अपक्व मांस आदि की बू। वि. कच्ची गन्धवाला। °गंधि वि [°गन्धिन्] आमगन्धि, अपक्व मांस के समान गंधवाला।

विस्स पुं [विश्व] उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का अधिष्ठाता देव। स. सर्व। पुंन. जगत्। °इ पुं [°जित्] यज्ञ-विशेष। °कम्म पुं [°कर्मन्] शिल्पी-विशेष, देव-वर्धकि। °पुर न. नगर-विशेष। °भूइ पुं [°भूति] प्रथम वासुदेव का पूर्व-भवीय नाम। °यम्म देखो °कम्म। °वाइअ पुं [°वादिक] भ० महावीर का एक गण। °सेण पुं [°सेन] भ० शान्तिनाथजी का पिता, एक राजा। अहोरात्र का एक मुहूर्त। देखो वीस = विश्व।

विस्सअ (मा) देखो विम्हय = विस्मय।

विस्संत देखो वीसंत।

विस्संतिअ न [विश्रान्तिक] मथुरा का एक तीर्थ।

विस्संद अक [वि + स्यन्द्] टपकना, झरना। चूना।

विस्संभ सक [वि + श्रम्भ्] विश्वास करना।

विस्संभ पुं [विश्रम्भ] विश्वास, श्रद्धा। °घाइ वि [°घातिन्] विश्वास-घातक।

विस्संभर पुं [विश्वम्भर] भुजपरिसर्प की एक जाति। मूषक। इन्द्र। विष्णु, नारायण।

विस्संभरा स्त्री [विश्वम्भरा] पृथिवी।

विस्संभिय वि [विश्वभृत्] जगत्-पूरक।

विसत्थ देखो वीसत्थ।

विस्सद्ध देखो वीसद्ध।

विस्सम अक [वि + श्रम्] थाक लेना।

विस्सम पुं [विश्रम] विश्राम।

विस्सर सक [वि + स्मृ] भूलना।

विस्सर वि [विस्वर] खराब आवाजवाला।

विस्सस सक [वि + श्वस्] विश्वास करना।

विस्साणिय वि [विश्राणित] दिया हुआ।

विस्साम देखो वीसाम।

विस्सामण न [विश्रामण] अंग-मर्दन आदि भक्ति, वैयावृत्य।

विस्सार सक [वि + स्मृ] भूल जाना।

विस्सार सक [वि + स्मारय्] विस्मरण करवाना।

विस्सारण न [विसारण] विस्तारण।

विस्साव देखो विसाय = वि + स्वादय्।

विस्सावसु पुं [विश्वावसु] एक गन्धर्व, देव-विशेष।

विस्सास पुं [विश्वास] प्रतीति, श्रद्धा।

विस्साहल पुं [विश्वाहल] अंग-विद्या का जानकार चतुर्थ रुद्र-पुरुष।

विस्सुअ वि [विश्रुत] प्रसिद्ध।

विस्सुमरि देखो विसुमरि।

विस्सेणि } स्त्री [विश्रेणि, °णी]
विस्सेणी } निःश्रेणि, सीढ़ी।

विस्सेसर पुं [विश्वेश्वर] काशी में स्थित महादेव की एक मूर्ति।

विस्सोअसिआ देखो विसोत्तिआ।

विह सक [व्यध्] ताड़न करना।

विह देखो विस = विष।

विह पुंन [दे] मार्ग। अनेक दिनों में उल्लंघनीय मार्ग। अटवी-प्राय मार्ग।

विह पुंन [विहायस्] आकाश।

विह पुंस्त्री [विध] भेद। पुंन. आकाश।

विहई स्त्री [दे] बैंगन का गाछ।

विहंग पुं [विहङ्ग] पक्षी। °णाह पुं [°नाथ] गरुड़ पक्षी।

विहंग पुं [विभङ्ग] विभाग, टुकड़ा, अंश।

देखो विभंग।

विहंगम पुं. पक्षी।

विहंज सक [वि+भञ्ज्] भाँगना, विनाश करना।

विहंजिअ वि [विभक्त] बाँटा हुआ।

विहंड सक [वि+खण्डय्] विच्छेद करना, विनाश करना।

विहंडण वि [विभण्डन] भाँड़नेवाला, गालि-सूचक।

विहग पुं. पक्षी। °हिव पुं [°धिप] गरुड़ पक्षी।

विहग पुंन [विहायस्] आकाश। °गइ स्त्री [°गति] आकाश में गमन। आकाश में गति कर सकने में कारण-भूत कर्म।

विहट्ट देखो विघट्ट।

विहट्टिअ वि [विघट्टित] खण्डित, द्विधाभूत।

विहड अक [वि+घट्] वियुक्त होना। अलग होना। टूट जाना।

विहड सक [वि+घटय्] तोड़ना, खोलना।

विहड देखो विहल=विह्वल।

विहडण न [विघटन] अलग होना। अलग करना। खोलना।

विहडण पुं [दे] अनर्थ।

विहडप्फड वि [दे] व्याकुल। त्वरित।

विहडा स्त्री [विघटा] विभेद। फाट-फुट।

विहडाव सक [वि+घटय्] वियुक्त करना। अलग करना।

विहण देखो विहन्न।

विहणु वि [दे] संपूर्ण।

विहण्ण न [दे] पीजना।

विहत्त देखो विभत्त।

विहत्ति देखो विभत्ति।

विहत्तु देखो विहण का संकृ.।

विहत्थ वि [विहस्त] व्याकुल। कुशल। विशिष्ट हाथ, किसी वस्तु से युक्त हाथ। क्लीब।

विहत्थि पुंस्त्री [वितस्ति] बारह अंगुल का परिमाण-विशेष।

विहदि स्त्री [विधृति] विशेष धैर्य। वि. धैर्य-रहित।

विहन्न, विहम्म सक [वि+हन्] मारना। नाश करना। अतिक्रमण करना।

विहम्म वि [विधर्मन्] भिन्न धर्मवाला, विभिन्न, विलक्षण।

विहम्म सक [विधर्मय्] धर्म-रहित करना।

विहम्म न [वैधर्म्य] विधर्मता। तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध. वैधर्म्य-दृष्टान्त।

विहम्माणा स्त्री [विधर्मणा, विहनन] पीड़ा।

विहय [दे] पिजित।

विहय वि [विहत] मारा हुआ। विनाशित।

विहय देखो विहग=विहग।

विहय देखो विहव=विभव।

विहर अक [वि+हृ] क्रीड़ा करना। रहना। सक. गमन करना।

विहर सक [प्रति+ईक्ष्] प्रतीक्षा करना।

विहर देखो विहार।

विहरण न [विहरण] विहार।

विहरिअ न [दे] सुरत, संभोग।

विहल अक [वि+ह्वल्] व्याकुल होना।

विहल देखो विहड=वि+घट्।

विहल वि [विह्वल] व्याकुल, व्यग्र।

विहल देखो विअल=विकल।

विहल वि [विफल] निष्फल, असत्य।

विहल सक [विफलय्] निष्फल बनाना।

विहलंखल, विहलंघल वि [विह्वलाङ्ग] व्याकुल शरीरवाला।

विहल्ल अक [वि+रु, वि+स्तृ ?] आवाज करना। सक. विस्तार करना।

विहल्ल पुं. राजा श्रेणिक का एक पुत्र।

विहव पुं [विभव] समृद्धि, सम्पत्ति, ऐश्वर्य।

विहवण न [विधवन] विनाश।

विहवा स्त्री [विधवा] जिसका पति मर गया

हो वह स्त्री ।

विहव्व देखो विहव = विभव ।

विहस अक [वि + हस्] विकसना, खिलना, प्रफुल्ल होना । हास्य करना ।

विहसाव सक [वि + हासय्] हँसाना । विकसित करना ।

विहिरिल्लिअ वि [दे] विकसित ।

विहस्सइ देखो विहस्सइ ।

विहा अक [वि + भा] शोभना, चमकना ।

विहा सक [वि + हा] परित्याग करना ।

विहा अ [वृथा] निरर्थक, व्यर्थ, मुधा ।

विहा स्त्री [विधा] प्रकार, भेद ।

विहा° देखो विहग = विहायस् ।

विहाइ वि [विधायिन्] कर्ता ।

विहाउ वि [विधातृ] कर्ता, निर्माता । पुं. पणपन्नि-देवों के उत्तर दिशा का इन्द्र ।

विहाड सक [वि + घटय्] वियुक्त करना । विनाश करना । खोलना ।

विहाड वि [विघाट] विकट ।

विहाड वि [विहाट] प्रकाश-कर्ता ।

विहाडण न [दे] अनर्थ ।

विहाण पुं [दे] विधि, विधाता, दैव, भाग्य । प्रभात । पूजन ।

विहाण न [विधान] शास्त्रोक्त रीति । निर्माण । प्रकार । व्याकरणोक्त विधि-विशेष । अवस्था-विशेष । रीति । क्रम ।

विहाण न [विहान] परित्याग ।

विहाणिय (अप) वि [विधायिन्] कर्ता ।

विहाय अक [वि + भा] शोभना । प्रकाशना ।

विहाय पुं [विघात] अंत । विरोधी ।

विहाय देखो विभाग ।

विहाय वि [विभात] प्रकाशित । न. प्रभात ।

विहाय देखो विहग = विहायस् ।

विहाय विहा = वि + हा का संकृ. ।

विहाय (अप) देखो विहिअ ।

विहार सक [वि + धारय्] अपेक्षा करना । विशेष रूप से धारण करना ।

विहार पुं. विचरण, गति । क्रीड़ा-स्थान । देव-मन्दिर । अवस्थिति । क्रीड़ा । मुनि-चर्या, साध्वाचार । °भूमि स्त्री. स्वाध्याय-स्थान । विचरण-भूमि । क्रीड़ा-स्थान । चैत्य की जगह ।

विहाड देखो विहाडि ।

विहाव देखो विभाव = वि + भावय् ।

विहावण न [विधापन] करवाना ।

विहावण न [विभावन] आलोचना ।

विहावरी स्त्री [विभावरी] रात्रि ।

विहावसु पुं [विभावसु] सूर्य । आग । रवि-वार । देखो विभावसु ।

विहाविअ वि [विभावित] दृष्ट, निरीक्षित ।

विहाविअ वि [विधावित] उल्लसित, प्रस्फु-रित ।

विहास पुं. उपहास ।

विहास } देखो विहसाव ।
विहासाव }

विहि पुं [विधि] ब्रह्मा । पुंस्त्री. प्रकार । शास्त्रोक्त विधान । क्रम । रीति । आज्ञा । आज्ञा-सूचक वाक्य । व्याकरण का सूत्र-विशेष । कर्म । हाथी को खाने का अन्न । दैव । नीति । स्थिति, मर्यादा । कृति, करण । °न्नु वि [°ज्ञ] विधि का जानकार । °वयण न. [°वचन] । °वाय पुं [°वाद] विधि-वाक्य, विध्युपदेश ।

विहिअ वि [विहित] कृत । अनुष्ठित । चेष्टित । शास्त्रोक्त ।

विहिंस सक [वि + हिंस्] विविध उपायों से मारना, वध करना ।

विहिंस वि. हिंसा करनेवाला ।

विहिंसग वि [विहिंसक] वध करनेवाला ।

विहिंसा स्त्री. विशेष हिंसा । विविध हिंसा ।

विहिण्ण वि [विभिन्न] जुदा । खण्डित ।

विहिम न [दे] जंगल ।

विहिमिहिय वि [दे] विकसित ।
विहियव्व देखो विहे = वि + धा का कृ. ।
विहिविल्ल सक [वि + रचय्] बनाना ।
विहीण वि [विहीन] वर्जित । त्यक्त ।
विहीर सक [प्रति + ईक्ष्] प्रतीक्षा करना ।
विहीर वि [प्रतीक्ष] प्रतीक्षा करनेवाला ।
विहीसण देखो विभीसण ।
विहीसिया देखो विभीसिया ।
विहु पुं [विधु] चन्द्र । विष्णु । ब्रह्मा । शंकर, महादेव । वायु । कपूर ।
विहुअ वि [विधुत] कम्पित । उन्मूलित । त्यक्त ।
विहुंडुअ पुं [दे] राहु, ग्रह-विशेष ।
विहुण सक [वि + धू] कँपाना । दूर करना । त्याग करना । पृथग् करना ।
विहुणण न [विधूनन] दूरीकरण । पंखा ।
विहुणिय वि [विधूत] देखो विहुअ ।
विहुर वि [विधुर] विकल, व्याकुल, पीडित । क्षीण । विसदृश, विलक्षण, विषम, विश्लिष्ट, वियुक्त । न. विह्वलता ।
विहुराइअ वि [विधुरायित] व्याकुल बना हुआ ।
विहुरिज्जमाण वि [विधुरायमाण] व्याकुल बनता ।
विहुरीकय वि [विधुरीकृत] व्याकुल किया हुआ ।
विहुल देखो विहुर ।
विहुल्ल वि [विफुल्ल] खिला हुआ । उत्साही ।
विहूअ वि [विधूत] कम्पित । वर्जित । देखो विधूय, विहुअ ।
विहूइ देखो विभूइ ।
विहूण देखो विहुण ।
विहूण देखो विहीण ।
विहूणय न [विधूनक] पंखा ।
विहूसण देखो विभूसण ।
विहूसा स्त्री [विभूषा] शोभा । अलंकार आदि से शरीर की सजावट ।
विहूसिअ वि [विभूषित] विभूषा-युक्त ।
विहे सक [वि + धा] करना । बनाना ।
विहेड सक [वि + हेटय्] मारना । हिंसा करना । पीड़ा करना ।
विहेडय वि [विहेटक] अनादर-कर्ता ।
विहेडणा स्त्री [विहेठना] पीड़ा ।
विहोड सक [ताडय्] ताड़न करना ।
विहोय (अप) देखो विहव ।
वी देखो वि = अपि, वि ।
वीअ सक [वीजय्] हवा डालना, पंखा करना ।
वीअ वि [दे] विधुर, व्याकुल । तत्काल उसी समय का ।
वीअ देखो बीअ = द्वितीय ।
वीअ वि [वीत] विगत, नष्ट । °कम्ह न [°कश्म ?] गोत्र-विशेष । पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न । °धूम वि. द्वेष-रहित । °भय, °भय न. सिन्धुसौवीर देश की प्राचीन राजधानी । वि. भय-रहित । °मोह वि. मोह-रहित । °राग, °राय वि. राग-रहित । °सोग पुं [°शोक] एक महाग्रह । °सोगा स्त्री [°शोका] सलिलावती नामक विजय-प्रान्त की राजधानी ।
वीअजमण देखो बीअजमण ।
वीअण न [वीजन] पंखा से हवा करना । स्त्रीन. पंखा । स्त्री. °णी ।
वीआविय वि [वीजित] जिसको पंखा से हवा कराई गई हो वह ।
वीइ पुंस्त्री [वीचि] तरंग । आकाश । संप्रयोग, सम्बन्ध । पृथग्-भाव, जुदाई । °दव्व न [°द्रव्य] प्रदेश से न्यून द्रव्य, अवयव-हीन-वस्तु ।
वीइ स्त्री [विकृति] विरूप कृति, दुष्ट क्रिया । वि. दुष्ट क्रियावाला । देखो विगइ ।
वीइंगाल वि [वीताङ्गार] राग-रहित ।

वीइक्कंत वि [व्यतिक्रान्त] व्यतीत। जिसने उल्लंघन किया हो वह।

वीइक्कम सक [व्यति+क्रम्] उल्लंघन करना।

वीइमिस्स वि [व्यतिमिश्र] मिश्रित।

वीइय वि [वीजित] जिसको हवा की गई हो वह।

वीइवय अक [व्यति+व्रज्] परिभ्रमण करना। गमन करना। सक. उल्लंघन करना।

वीई स्त्री. देखो वीइ = बीचि।

वीई अ [विविच्य] पृथग् होकर।

वीई अ [विचिन्त्य] चिन्तन करके।

वीईवय देखो वीइवय।

वीचि देखो वीइ = वीचि।

वीचि स्त्री [दे] लघु रथ्या, छोटा मुहल्ला।

वीज देखो वीअ = वीजय्।

वीजण देखो वीअण।

वीजिय देखो वीइय।

वीडग, वीडय } देखो वीडग।

वीडय पुं [व्रीडक] लज्जा।

वीडिअ वि [व्रीडित] लज्जित।

वीडिआ स्त्री [वीटिका] सजाया हुआ पान। देखो बीडी।

°वीढ देखो पीढ।

वीण सक [वि+चारय्] विचार करना।

°वीण देखो पीण।

वीणण न [दे] प्रकट करना। विदित करना।

वीणा स्त्री. वाद्य-विशेष। °यरिणी स्त्री [°करी] वीणा-नियुक्त दासी। °वायग वि [°वादक] वीणा बजानेवाला।

वीत देखो वीअ = वीत।

वीतिकंत, वीतिक्कंत } देखो वीइक्कंत।

वीतिवय, वीतीवय } देखो वीइवय।

वीमंस सक [वि+मृश्, मीमांस्] विचार करना, पर्यालोचन करना।

वीमंसय वि [विमर्शक] विचारकर्ता।

वीर पुं. भगवान् महावीर। छन्द-विशेष। साहित्य-प्रसिद्ध एक रस। वि. पराक्रमी। पुंन. एक देव-विमान। न. वैताढ्य पर्वत की उत्तर श्रेणी में स्थित एक विद्याधर-नगर। °कंत पुं. [°कान्त] एक देव-विमान। °कण्ह पुं [°कृष्ण] राजा श्रेणिक का एक पुत्र। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी। °कूड पुंन [°कूट] एक देव-विमान। °गत पुंन. एक देव-विमान। °जस पुं. [°यशस्] भ० महावीर के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा। °ज्झय पुंन [°ध्वज] एक देव-विमान। °धवल पुं. गुजरात का एक राजा। °निहाण न [°निधान] स्थान-विशेष। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान। °भद्द पुं [°भद्र] भ० पार्श्वनाथ का एक गणधर। °मई स्त्री [°मती] एक चोर-भगिनी। °लेस पुंन [°लेश्य] एक देवविमान। °वण्ण पुंन [°वर्ण] एक देव-विमान। °वरण न. प्रतिसुभट से युद्ध का स्वीकार। °वरणी स्त्री. प्रतिसुभट से प्रथम शस्त्र-प्रहार की याचना। °वलय न. वीरत्व-सूचक कड़ा। °विराली स्त्री [°बिराली] वल्ली-विशेष। °सिंग पुंन [°शृङ्ग]। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] दोनों देव-विमान। °सेण पुं [°सेन] एक वीर यादव। °सेणिय पुंन [°सैनिक, °श्रेणिक]। °वित्त पुंन [°वित्त] देवविमान-विशेष। °ासण न [°ासन] नीचे पैर रखकर सिंहासन पर बैठने के जैसा अवस्थान। °ासणिय वि [°ासनिक] वीरासन से बैठने वाला।

वीरंगय पुं [वीराङ्गद] भ० महावीर के पास दीक्षित एक राजा। एक राजकुमार।

वीरण स्त्रीन. खस तृण, उशीर।

वीरल्ल पुं. श्येन पक्षी ।
वीरिअ पुं [वीर्य] भ० पार्श्वनाथ का एक मुनि-संघ । भ० पार्श्वनाथ का एक गणधर । पुंन. शक्ति । आत्म-बल । पराक्रम । एक देव-विमान । शरीर-स्थित एक धातु । तेज ।
वीरुणी स्त्री. पर्व-वनस्पति-विशेष ।
वीरुत्तरवडिंसग पुंन [वीरोत्तरावतंसक] एक देव-विमान ।
वीरुहा स्त्री [वीरुधा] विस्तृत लता ।
वीलण वि [दे] पिच्छिल, स्निग्ध ।
वीलय देखो वीलय ।
वीली स्त्री [दे] तरंग । वीथी, श्रेणी ।
वीवाह देखो विवाह = विवाह ।
वीवाहिग वि [वैवाहिक] विवाह-सम्बन्धी ।
वीवी स्त्री [दे] तरंग ।
वीस देखो विस्स = विस्र ।
वीस देखो विस्स = विश्व । °उरी स्त्री [°पुरी] नगरी-विशेष । °सअ वि [°सृज] जगत्कर्ता । °सेण पुं [°सेन] चक्रवर्ती राजा । पुं. अहोरात्र का १८ वाँ मुहूर्त ।
वीस° } स्त्री [विंशति] बीस । °म वि.
वीसइ } बीसवाँ । न. नव दिनों का उपवास । °हा अ [°धा] बीस प्रकार से ।
वीसंत वि [विश्रान्त] विश्राम-प्राप्त ।
वीसंदण न [विस्यन्दन] दही की तर और आटे से बनता एक प्रकार का खाद्य ।
वीसंभ देखो विस्संभ ।
वीसज्ज देखो वीसज्ज = विसज्ज ।
वीसत्थ वि [विश्वस्त] विश्वास-युक्त ।
वीसद्ध [विश्रब्ध] विश्वास-युक्त ।
वीसम देखो विस्सम = वि + श्रम् ।
वीसम देखो विस्सम = विश्रम ।
वीसम देखो वीस-म ।
वीसर देखो विस्सर = वि + स्मृ ।
वीसर देखो विस्सर = विस्वर ।
वीसरणालु वि [विस्मर्तृ] भूल जानेवाला ।
वीसव (अप) सक [वि + श्रमय्] विश्राम करवाना ।
वीसस देखो विस्सस ।
वीससा अ [विस्रसा] स्वभाव, प्रकृति ।
वीससिय वि [वैस्रसिक] स्वाभाविक ।
वीसा देखो वीसइ ।
वीसा स्त्री [विश्वा] पृथिवी, धरती ।
वीसाण पुं [विष्वाण] आहार, भोजन ।
वीसाम पुं [विश्राम] विराम । चालू क्रिया का अंत ।
वीसाय देखो विसाय = वि + स्वादय् ।
वीसार देखो विस्सार = वि + स्मृ ।
वीसाल सक [मिश्रय्] मिलाना ।
वीसावँ (अप) देखो वीसाम ।
वीसास देखो विस्सास ।
वीसिया स्त्री. [विंशिका] बीस संख्यावाला ।
वीसु न [दे] पृथक, पृथग् ।
वीसुं अ [विष्वक्] सब ओर से । समस्तपन ।
वीसुंभ देखो वीसंभ = वि + श्रम्भ् ।
वीसुंभ अक [दे] पृथग् होना ।
वीसुय देखो विस्सुअ ।
वीसेढि } देखो विसेढि ।
वीसेणि }
वीहि पुंन [व्रीहि] धान्य-विशेष ।
वीहि } स्त्री [वीथि,°का,°थी] मार्ग ।
वीहिया } श्रेणी । क्षेत्र-भाग । बाजार ।
वीही }
वुअ वि [दे] बुना हुआ । बुनवाया हुआ ।
वुअ } वि [वृत] प्रार्थित । प्रार्थना आदि
वुइय } से नियुक्त । वेष्टित ।
वुइय वि [उक्त] कथित ।
वुंज (?) सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना ।
वुंताकी स्त्री [वृन्ताकी] बैंगन का गाछ ।
वुंद देखो वंद = वृन्द ।

वुंदारय देखो वंदारय ।
वुंदावण देखो विंदवण ।
वुंद्र देखो वंद्र ।
वुक्क देखो बुक्क = दे ।
वुक्कंत वि [व्युत्क्रान्त] अतिक्रान्त, गुजरा हुआ । विध्वस्त । निष्क्रान्त । देखो वोक्कंत ।
वुक्कंति स्त्री [व्युत्क्रान्ति] उत्पत्ति ।
वुक्कम पुं [व्युत्क्रम] वृद्धि । उत्पत्ति ।
वुक्कस सक [व्युत् + कृष्] पीछे खींचना, वापस लौटाना ।
वुक्कार देखो बुक्कार ।
वुक्कार सक [दे. बुक्कारय्] गर्जन करना ।
वुग्गह पुं [व्युद्ग्रह] कलह । लड़ाई । डाका । बहकाव । मिथ्याभिनिवेश ।
वुग्गहअ वि [व्युद्ग्राहक] कलह-कारक ।
वुग्गहिअ वि [व्युद्ग्रहिक] कलह-सम्बन्धी ।
वुग्गाह सक [व्युद् + ग्राहय्] बहकाना ।
वुच्च° देखो वय = वच् ।
वुच्चमाण वि [उच्यमान] जो कहा जाता हो ।
वुच्चा अ [उक्त्वा] कह कर ।
वुच्छ देखो वच्छ = वृक्ष ।
वुच्छ° देखो वोच्छ° ।
वुच्छ° देखो वोच्छिंद ।
वुच्छिण्ण देखो वुच्छिन्न ।
वुच्छित्ति देखो वोच्छित्ति ।
वुच्छिन्न वि[व्युच्छिन्न, व्यवच्छिन्न] अपगत, हटा हुआ । विनष्ट । न. लगातार चौदह दिनों का उपवास ।
वुच्छेअ देखो वोच्छेअ ।
वुच्छेयण देखो वोच्छेयण ।
वुज्ज अक [त्रस्] डरना । देखो वोज्ज ।
वुज्जण न [दे] स्थगन, आच्छादन ।
वुज्झंत वि [उह्यमान] पानी के वेग से खींचा जाता । बह जाता । देखो वह = वह् ।
वुज्झण देखो वुज्जण ।
वुञ (अप) देखो वच्च = व्रज् ।
वुट्ठ अक [व्युत् + स्था] खड़ा होना ।
वुट्ठ वि [वृष्ट] बरसा हुआ । न. वृष्टि ।
वुट्ठि देखो विट्ठि = वृष्टि । °काय पुं. बरसता जल-समूह ।
°वुड देखो पुड = पुट ।
वुड्ढ अक [वृध्] बढ़ना ।
वुड्ढ सक [वर्धय्] बढ़ाना ।
वुड्ढ वि [वृद्ध] बूढ़ा । बड़ा, महान् । वृद्धि-प्राप्त । अनुभवी, कुशल । पंडित । निभृत, शान्त, निर्विकार । पुं. तापस । एक जैन मुनि । °त्त, °त्तण न [°त्व] बुढ़ापा । °वाइ पुं [°वादिन्] सिद्धसेन दिवाकर के गुरु । °वाय पुं [°वाद] किंवदन्ती । °सावग पुं [°श्रावक] ब्राह्मण । °ाणुग वि [ानुग] वृद्ध का अनुयायी ।
वुड्ढ वि [दे] विनष्ट ।
वुड्ढि स्त्री. [वृद्धि] । बढ़ाव । अभ्युदय । समृद्धि । व्याकरण-प्रसिद्ध ऐकार आदि वर्णों की एक संज्ञा । समूह । कलान्तर, सूद । ओषधि-विशेष । पुं. गन्धद्रव्य-विशेष । °कर वि. वृद्धि-कर्त्ता । °धम्मय वि [°धर्मक] बढ़नेवाला । °म वि [°मत्] वृद्धिवाला ।
वुणण न [दे] बुनना ।
वुणिय वि [दे] बुना हुआ ।
वुण्ण वि [दे] भीत, त्रस्त । उद्विग्न ।
वुत्त वि [उक्त] कथित ।
वुत्त वि [उप्त] बोया हुआ ।
वुत्त न [वृत्त] छन्द, पद्य । देखो वट्ट = वृत्त ।
°वुत्त देखो पुत्त ।
वुत्तंत पुं [वृत्तान्त] हकीकत ।
वुत्ति देखो वत्ति = वृत्ति ।
वुत्थ वि [उषित] बसा हुआ । रहा हुआ ।
वुद देखो वुअ = वृत ।
वुदास पुं [व्युदास] निरास ।
वुदि देखो वइ = वृति ।
वुद्ध देखो वुड्ढ = वृद्ध ।

वुढ्ढि देखो वुड्ढि ।
वुप्पंत वि [उप्यमान] बोया जाता ।
वुप्पाय सक [व्युत् + पादय्] व्युत्पन्न करना, होशियार करना ।
वुप्फ न [दे] शेखर, शिरःस्थित ।
वुब्भ° वह = वह् का कर्मणि रूप ।
वुब्भमाण देखो वुज्झमाण ।
°वुर देखो पुर ।
°वुरिस देखो पुरिस = पुरुष ।
वुल्लाह पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति ।
वुसह देखो वसभ ।
वुसि स्त्री [वृषि] मुनि का आसन । °राइ, राइअ वि [°राजिन्] संयमी, साधु । देखो वुसि, वुसी ।
वुसि वि [वृषिन्] संविग्न, साधु, संयमी ।
वुसिम वि [वश्य] अधीन होनेवाला ।
वुसी स्त्री [वृषी] मुनि का आसन । °म वि [°मत्] संयमी, साधु । देखो वुसि ।
वुस्सग्ग देखो विओसग्ग ।
वूढ देखो वुड्ढ = वृद्ध
वूढ वि [व्यूढ] धारण किया हुआ । ढोया हुआ । बहा हुआ । उपचित, पुष्ट । निःसृत ।
वूणक पुंन [दे] बालक ।
वूय वि [दे] बुना हुआ । देखो वुअ = (दे) ।
वूह पुंन [व्यूह] युद्ध के लिए की जाती सैन्य की रचना-विशेष । समूह ।
वे देखो वइ = वै ।
वे अक [वि + इ] नष्ट होना ।
वे } सक [व्ये] संवरण करना ।
वेअ }
वेअ सक [वेदय्] अनुभव करना । भोगना । जानना ।
वेअ अक [वि + एज्] विशेष काँपना ।
वेअ अक [वेप्] काँपना ।
वेअ पुं [वेद] ऋग्वेद आदि शास्त्र-ग्रन्थ । मोहनीय कर्म का एक भेद, जिसके उदय से मैथुन की इच्छा होती है । आचारांग आदि जैन-ग्रन्थ । चिह्न । °व वि [°वत्] । °वि, °विउ वि [°विद्] वेदों का जानकार । °वत्त न [°व्यक्त] चैत्य-विशेष । °वित्त न [°वर्त] देखो °वत्त ।
वेअ न [वेद्य] सुख तथा दुःख का कारण-भूत कर्म ।
वेअ पुं [वेग] शीघ्र गति, दौड़, तेजी । प्रवाह । रेतस् । मूत्र आदि निःसारण-यन्त्र । संस्कार-विशेष ।
वेअंत पुं [वेदान्त] उपनिषद् का विचार करनेवाला दर्शन-विशेष ।
वेअग वि [वेदक] भोगनेवाला । न. सम्यक्त्व का एक भेद । वि. सम्यक्त्व-विशेषवाला जीव । °छहिय वि [छिन्नवेदक] जिसका पुरुष-चिह्न आदि काटा गया हो वह ।
वेअच्छ न [वैकक्ष] छाती में यज्ञोपवीत की तरह पहना जाता वस्त्र, माला आदि । बन्ध-विशेष, मर्कट-बन्ध । कन्धे के नीचे लटकना ।
वेअड सक [खच्] जड़ना ।
वेअडिअ वि [दे] फिर से बोया हुआ ।
वेअडिअ पुं [दे. वैकटिक] मोती वेधनेवाला शिल्पी, जौहरी ।
वेअड्डि देखो विअड्डि ।
वेअड्ढ न [दे] भिलावाँ ।
वेअड्ढ पुं [वैताढ्य] पर्वत-विशेष ।
वेअड्ढ न [वैदग्ध्य] विदग्धता ।
वेअण न [वेतन] मजूरी का मूल्य, तनखाह ।
वेअणा देखो विअणा ।
वेअणिज्ज } वि [वेदनीय] भोगने-योग्य ।
वेअणिय } न. सुख-दुःख आदि कारण-भूत कर्म ।
वेअय देखो वेअग ।
वेअरणी स्त्री [वैतरणी] नरक-नदी । परमा-धार्मिक देवों की एक जाति, जो वैतरणी की विकुर्वणा करके उसमें नरक-जीवों को डालता

है। विद्या-विशेष।
वेअल्ल देखो वेइल्ल = विचकिल।
वेअल्ल वि [दे] मृदु। न. असामर्थ्य।
वेअल्ल न [वैकल्य] व्याकुलता।
वेअस पुं [वितस] बेंत का पेड़।
वेआगरण वि [वैयाकरण] व्याकरण-सम्बन्धी, संदेह-निराकरण से सम्बन्ध रखनेवाला।
वेआर सक [दे] ठगना।
वेआरणिय वि [वैदारणिक] विदारण से उत्पन्न।
वेआरणिय वि [दे] प्रतारण-सम्बन्धी, ठगने से उत्पन्न।
वेआरणिय वि [वैचारणिक] विचार-संबंधी।
वेआरिअ वि [दे] ठगा हुआ। पुं. केश।
वेआल पुं [वेताल] विकृत पिशाच, प्रेत। छन्द-विशेष।
वेआल वि [दे] अन्धा। पुं. अंधकार।
वेआलग वि [विदारक] विदारण-कर्त्ता।
वेआलग न [विदारण] चीरना।
वेआलि पुं [वैतालिन्] स्तुति-पाठक।
वेआलिअ देखो वइआलिअ।
वेआलिय वि [वैक्रिय] विक्रिया से उत्पन्न।
वेआलिय वि [वैकालिक] विकाल-सम्बन्धी, अपराह्न में बना हुआ।
वेआलिय न [विदारक] विदारण-क्रिया।
वेआलिय देखो वइआलिअ।
वेआलिया स्त्री [वैतालिकी] वीणा-विशेष।
वेआली स्त्री [वैताली] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से अचेतन काष्ठ भी उठ खड़ा होता है—चेतन की तरह क्रिया करता है। नगरी-विशेष।
वेइ स्त्री [वेदि] परिष्कृत भूमि-विशेष, चौतरा।
वेइ वि [वेदिन्] जाननेवाला। अनुभव करनेवाला।
वेइअ वि [वेदित] अनुभूत। ज्ञात।
वेइअ देखो वेविअ = वेपित।
वेइअ वि [वैदिक] वेद-संबन्धी। वेदों का जानकार।
वेइअ वि [वेगित] वेग-युक्त।
वेइअ वि [व्येजित] कम्पित। कँपाया हुआ।
वेइआ स्त्री [दे] पनीहारी।
वेइआ स्त्री [वेदिका] परिष्कृत भूमि-विशेष, चौतरा। अँगूठी। वर्जनीय प्रतिलेखन का एक भेद, प्रत्युपेक्षणा का एक दोष।
वेइज्ज अक [वि + एज्] काँपना।
वेइद्ध वि [दे] ऊँचा किया हुआ। विसंस्थुल। आविद्ध। शिथिल।
वेइल्ल देखो विअइल्ल।
वेउंठ देखो वेकुंठ।
वेउट्टिया स्त्री [दे] पुनः पुनः।
वेउव्व देखो विउव्व = वि + कृ, कुर्व्।
वेउव्व वि [वैक्रिय] विकृत। देखो विउव्व = वैक्रिय। °लद्धि स्त्री [°लब्धि] वैक्रिय शरीर उत्पन्न करने का सामर्थ्य।
वेउव्विअ वि [वैक्रिय, वैक्रियिक, वैकुर्विक] अनेक स्वरूपों और क्रियाओं को करने में समर्थ शरीर। वैक्रिय शरीर बनाने की शक्तिवाला। विकुर्वणा से बनाया हुआ। वैक्रिय शरीरवाला, वैक्रिय शरीर से संबंध रखनेवाला। विभूषित। °लद्धिअ वि [°लब्धिक] वैक्रिय शरीर उत्पन्न करने की शक्तिवाला। समुग्घाय पुं [°समुद्घात] वैक्रिय शरीर बनाने के लिए आत्म-प्रदेशों को बाहर निकालना।
वेउव्विया स्त्री [दे] पुनः पुनः।
वेंकड पुं [वेङ्कट] दक्षिण देश में स्थित एक पर्वत। °णाह पुं [°नाथ] विष्णु की वेंकटाद्रि पर स्थित मूर्ति।
वेंगी स्त्री. [दे] बाड़वाली।
वेंजण देखो वंजण।
वेंट देखो विंट = वृन्त।
वेंटल देखो विंटल।
वेंटली देखो विंटलिआ।

वेंटिआ देखो विंटिया ।

वेंड पुं [वेतण्ड] हाथी । देखो वेयंड ।

वेंढसुरा स्त्री [दे] कलुष मदिरा ।

वेंढि पुं [दे] [illegible] ।

वेंढिअ वि [दे] वेष्टित, लपेटा हुआ ।

वेंभल देखो विभल ।

वेकक्ख देखो वेअच्छ ।

वेकच्छिया, वेकच्छी } देखो वेगच्छिया ।

वेकिल्लिअ न [दे] चबी हुई चीज को फिर से चबाना ।

वेकुंठ पुं [वैकुण्ठ] विष्णु, नारायण । देवाधीश । गरुड पक्षी । अर्जक वृक्ष, सफेद बर्बरी का गाछ । विष्णु का धाम । पुंन. मथुरा का एक वैष्णव तीर्थ ।

वेग देखो वेअ = वेग । °वई स्त्री [°वती] एक नदी । °वंत वि [°वत्] वेगवाला ।

वेगच्छ देखो वेअच्छ ।

वेगच्छिया, वेगच्छी } स्त्री [वैकक्षिका, °क्षा] उत्तरासंग ।

वेगड स्त्रीन [दे] एक तरह का जहाज ।

वेगर पुं [दे] द्राक्षा, लोंग आदि से मिश्रित चीनी आदि ।

वेगुण्ण देखो वइगुण्ण ।

वेग्ग देखो विअग्ग ।

वेग्ग देखो वेग ।

वेग्गल वि [दे] दूर-वर्ती ।

वेचित्त देखो वइचित्त ।

वेच्च देखो विच्च = वि + अय् ।

वेच्छ° देखो विअ = विद् ।

वेच्छा देखो वेगच्छिया । °सुत्त न [°सूत्र] उपवीत की तरह पहनी जाती साँकली ।

वेजयंत पुंन [वैजयन्त] एक अनुत्तर देव-विमान । जंबू-द्वीप, लवण समुद्र, धातकीखण्ड, कालोद समुद्र, पुष्करवर द्वीप तथा पुष्करोद समुद्र का दक्षिण द्वार । पुं. उपर्युक्त द्वारों के अधिष्ठाता देव । एक अनुत्तर देवविमान का निवासी देव । जंबू-मन्दर के उत्तर रुचक पर्वत का एक शिखर । वि प्रधान ।

वेजयंती स्त्री [वैजयन्ती] ध्वजा । षष्ठ बलदेव की माता । अंगारक आदि महाग्रहों की एक-एक अग्रमहिषी । पूर्व रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी । विजय-विशेष की राजधानी । एक विद्याधर-नगरी । रामचन्द्रजी की एक सभा । भगवान् पद्मप्रभ की दीक्षा-शिबिका । उत्तर अंजनगिरि की दक्षिण दिशा में स्थित एक पुष्करिणी । पक्ष की आठवीं रात्रि । भ° कुन्थुनाथ की दीक्षा-शिबिका ।

वेज्ज वि [वेद्य] भोगने या अनुभव करने-योग्य ।

वेज्ज पुं [वैद्य] चिकित्सक । वृक्ष-विशेष । वि. पण्डित । °सत्थ न [°शास्त्र] चिकित्सा-शास्त्र ।

वेज्जग, वेज्जय } न [वैद्यक] चिकित्सा-शास्त्र । वैद्य-कर्म ।

वेज्झ वि [वेध्य] बींधने-योग्य ।

वेट्ठ देखो वेढ ।

वेट्ठणग पुं [वेष्टनक] सिर पर बाँधी जाती एक पगड़ी । कान का एक आभूषण ।

वेट्ठया देखो विट्ठा ।

वेट्ठि देखो विट्ठि ।

वेट्ठिद (शौ) वेढ का भूकृ. ।

वेड [दे] देखो बेड ।

वेडइअ पुं [दे] व्यापारी ।

वेडंबग देखो विडंबग ।

वेडस पुं [वेतस] बेंत का गाछ ।

वेडिअ पुं [दे] मणिकार, जौहरी ।

वेडिकिल्ल वि [दे] संकट, कमचौड़ा ।

वेडिस देखो वेडस ।

वेड्डुक, वेड्डुग } वि [दे] नृपादि कुल में उत्पन्न ।

वेडुज्ज, वेडुरिअ } देखो वेरुलिअ ।

वेडुल्ल वि [दे] गर्वित ।
वेड्ढ देखो वेढ = वेष्ट् ।
वेड्ढय पुं [वेष्टक] छन्द-विशेष ।
वेढ सक [वेष्ट्] लपेटना ।
वेढ पुं [वेष्ट] छन्द-विशेष । लपेटन । एक वस्तु-विषयक वाक्य-समूह, वर्णन-ग्रन्थ ।
°वेढ देखो पीढ ।
वेढिम वि [वेष्टिम] वेष्टन से बना हुआ । पुंस्त्री. खाद्य-विशेष ।
वेण पुं [दे] नदी का विषम घाट ।
वेण (अप) देखो वयण = वचन ।
वेणइअ न [वैनयिक] विनय, नम्रता । मिथ्यात्व-विशेष, सभी देवों और धर्मों को सत्य मानना । वि. विनय-संबन्धी । विनय-वादी । °वाद पुं. विनय को ही मुख्य माननेवाला दर्शन ।
वेणइगी } स्त्री [वैनयिकी] विनय से प्राप्त
वेणइया } होनेवाली बुद्धि ।
वेणइया स्त्री [वैणकिया] लिपि-विशेष ।
वेणा स्त्री. स्थूलभद्र का एक भगिनी ।
वेणि स्त्री [वेणी] बालों की गूँथी हुई चोटी । वाद्य-विशेष । गंगा और यमुना का संगम-स्थान । °वच्छराय पुं [°वत्सराज] एक राजा ।
वेणिअ न [दे] वचनीय, लोकापवाद ।
वेणी स्त्री. देखो वेणि ।
वेणु पुं. बाँस । एक राजा । बंसी । °दालि पुं. सुपर्णकुमार देवों का उत्तरदिशा का इन्द्र । °देव पुं. सुपर्णकुमारनामक देव-जाति का दक्षिण दिशा का इन्द्र । देव-विशेष । गरुड-पक्षी । °याणुजाय पुं [°कानुजात] गणित-शास्त्र का द्वितीय योग, जिसमें चन्द्र, सूर्य और नक्षत्र वंशाकार से अवस्थान करते हैं ।
वेणुणास } पुं [दे] भ्रमर ।
वेणुसाअ }
वेण्ण वि [दे] आक्रान्त ।

वेण्णा स्त्री [वेन्ना] नदी-विशेष । °यड न [°तट] नगर-विशेष ।
वेण्हु देखो विण्हु ।
वेताली स्त्री [दे] तट, किनारा । गली ।
[illegible] न [दे] [illegible] वस्त्र ।
वेत्त पुं [वेत्र] बेंत का गाछ । °सण न [°सन] बेंत का बना हुआ आसन ।
वेत्तव्व वि [वेत्तव्य] जानने-योग्य ।
वेत्तिअ पुं [वैत्रिक] द्वारपाल, चपरासी ।
वेद देखो वेअ = वेदय् ।
वेद देखो वेअ = वेद ।
वेदंत देखो वेअंत ।
वेदक } देखो वेअग ।
वेदग }
वेदणा देखो विअणा ।
वेदब्भी स्त्री [वैदर्भी] प्रद्युम्न की एक स्त्री ।
वेदस (शौ) देखो वेडिस ।
वेदि देखो वेइ = वेदि ।
वेदिग पुं [वैदिक] एक इभ्य मनुष्य-जाति ।
वेदिस न [वैदिश] विदिशा की तरफ का नगर ।
वेदुलिय देखो वेरुलिय ।
वेदूणा स्त्री [दे] लज्जा ।
वेदेसिय देखो वइदेसिअ ।
वेदेह पुं [वैदेह] एक इभ्य मनुष्य-जाति । देखो वइदेह ।
वेदेहि पुं [विदेहिन्] विदेह देश का राजा ।
वेधम्म देखो वइधम्म ।
वेधव्व देखो वेहव्व ।
वेप्प वि [दे] भूत आदि से गृहीत, पागल ।
वेप्पुअ न [दे] बचपन । वि. भूताविष्ट ।
वेफल्ल न [वैफल्य] निष्फलता ।
वेब्भल वि [विह्वल] व्याकुल ।
वेब्भार } पुं [वैभार] राजगृही के समीप
वेभार } का एक पहाड़ ।
वेम देखो वेमय ।

वेम पुं [वेमन्] तन्तुवाय का एक उपकरण ।

वेमणस्स न [वैमनस्य] भीतरी द्वेष, दीनता ।

वेमय सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना ।

वेमाउअ } वि [वैमातृक] विमाता की
वेमाउग } संतान ।

वेमाणि पुंस्त्री [विमानिन्] विमान-वासी देवता, उत्तम देव-जाति । °णिणी ।

वेमाणिअ पुं [वैमानिक] एक उत्तम देव-जाति, विमानवासी देवता ।

वेमाया स्त्री [विमात्रा] अनियत परिमाण ।

वेम्मि क्रि [वच्मि] मैं कहता हूँ ।

वेयंड पुं [वेतण्ड] हस्ती । देखो वेंड ।

वेयावच्च } न [वैयावृत्य, वैयापृत्य]
वेयावडिय } सेवा, शुश्रूषा ।

वेर न [वैर] शत्रुता ।

वेर न [द्वार] दरवाजा ।

वेरग्ग न [वैराग्य] विरागता, उदासीनता ।

वेरग्गिअ वि [वैराग्यिक] वैराग्य-युक्त ।

वेरज्ज न [वैराज्य] वैरि-राज्य । राजा विद्यमान न हो वह राज्य । प्रधान आदि राजा से रिक्त रहते हों वह राज्य ।

वेरत्तिय वि [वैरात्रिक] रात्रि के तृतीय पहर का समय ।

वेरमण न [विरमण] विराम, निवृत्ति ।

वेराड पुं [वैराट] अलवर तथा उसके चारों ओर का प्रदेश ।

वेराय (अप) पुं [विराग] वैराग्य, उदासीनता ।

वेरि } देखो वइरि ।
वेरिअ }

वेरिज्ज वि [दे] असहाय, एकाकी । न. सहायता ।

वेरुलिअ पुंन [वैडूर्य] रत्न की एक जाति । विमानावास-विशेष । शक्र आदि इन्द्रों का एक आभाव्य विमान । महाहिमवन्त पर्वत या रुचक पर्वत का एक शिखर । वि. वैडूर्य रत्नवाला । °मय वि [°मय] वैडूर्य रत्नों का बना हुआ ।

वेरोयण देखो वइरोअण = वैरोचन ।

वेल न [दे] दाँत के मूल का मांस ।

वेलंधर पुं [वेलन्धर] एक देव-जाति, नाग-राज-विशेष । पर्वत-विशेष । न. नगर-विशेष ।

वेलंधर पुं [वैलन्धर] वेलन्धर-सम्बन्धी ।

वेलंब पुं [विलम्ब] वायुकुमार नामक देवों के दक्षिण दिशा का इन्द्र । पाताल-कलश का अधिष्ठाता देव-विशेष ।

वेलंब पुं [दे. विडम्ब] विडम्बना । वि. विडम्बना-कारक ।

वेलंबग पुं [विडम्बक] विदूषक । वि विडम्बना करनेवाला ।

वेलक्ख न [वैलक्ष्य] लज्जा ।

वेलणय न [दे. व्रीडनक] लज्जा । पुं. लज्जा-जनक वस्तु के दर्शन आदि से उत्पन्न होनेवाला एक रस ।

वेलव सक [उपा + लभ्] उपालम्भ देना । कँपाना । व्याकुल करना । व्यावृत्त करना ।

वेलव सक [वञ्च्] ठगना । पीड़ा करना ।

वेला स्त्री. [दे] दाँत के मूल का मांस ।

वेला स्त्री. समय । ज्वार, समुद्र के पानी की वृद्धि । समुद्र का किनारा । मर्यादा । वार । 'उल न [°कुल] जहाजों के ठहरने का स्थान । °वासि पुं [°वासिन्] समुद्र-तट के समीप रहनेवाला वानप्रस्थ ।

वेलाइअ वि [दे] मृदु । गरीब ।

वेलाव (अप) सक [वि + लम्बय] देरी करना ।

वेलिल्ल वि [वेलावत्] वेला-युक्त ।

वेली स्त्री [दे] निद्राकरी लता । घर के चार कोणों में रखा जाता छोटा स्तम्भ ।

वेलु देखो वेणु ।

वेलु पुं [दे] चोर । मुसल ।

वेलुंक वि [दे] विरूप, खराब, कुत्सित ।

वेलुग } पुंन [वेणुक] बेल का गाछ या
वेलुय } फल। बाँस। बाँसकरिला, वनस्पति-विशेष।

वेलुलिद } देखो वेल्लिअ।
वेलुलिअ }

वेलूणा स्त्री [दे] लज्जा।

वेल्ल अक [वेल्ल्] काँपना। लेटना। सक. कँपाना। प्रेरना।

वेल्ल अक [रम्] क्रीड़ा करना।

वेल्ल पुं [दे] केश। पल्लव। विलास। काम-पीड़ा। वि. मूर्ख। न. देखो वेल्लग।

वेल्लग न [दे] ऊपर से ढकी हुई एक तरह की गाड़ी। गाड़ी के ऊपर का तला।

वेल्लण न [वेल्लन] प्रेरणा।

वेल्लय देखो वेल्लग।

वेल्लरिअ पुं [दे] केश, बाल।

वेल्लरिआ स्त्री [दे] वल्ली, लता।

वेल्लरी स्त्री [दे] वेश्या, वारांगना।

वेल्लविअ देखो वेल्लिअ।

वेल्लविअ वि [दे] विलिप्त, पोता हुआ।

वेल्लहल } वि [दे] कोमल। विलासी।
वेल्लहल्ल } सुन्दर।

वेल्ला स्त्री [दे. वल्ली] लता, वल्ली।

वेल्लालअ वि [दे] संकुचित।

वेल्लि देखो वल्लि।

वेल्लिअ वि [वेल्लित] कँपाया हुआ। प्रेरित।

वेल्ली देखो वेल्लि।

वेव अक [वेप्] काँपना।

वेवज्झ न [वैवाह्य] शादी।

वेवण्ण न [वैवर्ण्य] फीकापन।

वेवय पुंन [वेपक] रोग-विशेष, कम्प।

वेवाइअ वि [दे] उल्लास-प्राप्त।

वेवाहिअ वि [वैवाहिक] सम्बन्धी, विवाह सम्बन्धवाला।

वेविअ वि [वेपित] कम्पित। पुं. एक नरक-स्थान।

वेव्व अ [दे] आमन्त्रण-सूचक अव्यय।

वेव्व अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—भय। वारण, रुकावट। विषाद। आमन्त्रण।

वेस पुं [वेष] शरीर पर वस्त्र आदि की सजावट।

वेस वि [व्येष्य] विशेष रूप से वांछनीय।

वेस पुं [वेष] विरोध, वैर, घृणा।

वेस वि [वेष्य] वेषोचित।

वेस वि [द्वेष्य] अप्रीतिकर। विरोधी।

वेस देखो वइस्स = वैश्य।

वेसइअ वि [वैषयिक] विषय से सम्बन्धी।

वेसंपायण देखो वइसंपायण।

वेसंभ पुं [विश्रम्भ] विश्वास।

वेसंभरा स्त्री [दे] छिपकली।

वेसक्खिज्ज न [दे] द्वेष्यत्व, विरोध, दुश्मनाई।

वेसण न [दे] वचनीय, लोकापवाद।

वेसण न [वेषण] जीरा आदि मसाला।

वेसण न [वेसन] चना आदि का आटा।

वेसमण पुं [वैश्रमण] यक्षराज, कुबेर। इन्द्र का उत्तर दिशा का लोकपाल। एक विद्याधर-नरेश। एक राजकुमार। एक सेठ। अहोरात्र का चौदहवाँ मुहूर्त। एक देव-विमान। क्षुद्र हिमवान् आदि पर्वतों के शिखरों का नाम। °काइय पुं [°कायिक] वैश्रमण की आज्ञा में रहनेवाली एक देव-जाति। °दत्त पुं. एक राजा। °देवकाइय पुं [देवकायिक] वैश्रमण के अधीनस्थ एक देव-जाति। °प्पभ पुं [°प्रभ] वैश्रमण का उत्पात-पर्वत। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि।

वेसम्म न [वैषम्य] विषमता, असमानता।

वेसर पुंस्त्री. पक्षि-विशेष। अश्वतर, खच्चर।

वेसलग पुं [वृषल] शूद्र, अधम-जातीय मनुष्य।

वेसवण पुं [वैश्रवण] देखो वेसमण।

वेसवाडिय पुं [वेशवाटिक] एक जैन-मुनि-गण।

वेसवार पुं. धनिया आदि मसाला ।

वेसा देखो वेस्सा ।

वेसाणिय पुं [वैषाणिक] एक अन्तर्द्वीप । अन्तर्द्वीप-विशेष में रहनेवाली मनुष्य-जाति ।

वेसानर देखो वइसानर ।

वेसायण देखो वेसियायण ।

वेसालिअ वि [वैशालिक] समुद्र में उत्पन्न । विशाल-कुल जाति में उत्पन्न । विशाल । पुं. भ० ऋषभदेव । भ० महावीर ।

वेसाली स्त्री [वैशाली] एक नगरी ।

वेसास देखो वीसास ।

वेसासिअ वि [वैश्वासिक, विश्वास्य] विश्वसनीय, विश्वास-पात्र ।

वेसाह देखो वइसाह ।

वेसाही स्त्री [वैशाखी] वैशाख मास की पूर्णिमा या अमावस ।

वेसि वि [द्वेषिन्] द्वेष करनेवाला ।

वेसिअ देखो वइसिअ ।

वेसिअ पुंस्त्री [वैशिक] वैश्य । न जैनेतर शास्त्र-विशेष, काम-शास्त्र ।

वेसिअ वि [वैषिक] वेष सम्बन्धी ।

वेसिअ वि [व्येषित] विशेष रूप या विविध प्रकार से अभिलषित ।

वेसिट्ठ देखो वइसिट्ठ ।

वेसिणी स्त्री [दे] वेश्या, गणिका ।

वेसिया देखो वेस्सा ।

वेसियायण पुं [वैश्यायन] एक बाल तापस ।

वेसी स्त्री [वैश्या] वैश्य जाति की स्त्री ।

वेसुम पुं [वेश्मन्] गृह ।

वेस्स देखो वइस्स = वैश्य ।

वेस्स देखो वेस = द्वेष्य ।

वेस्स देखो वेस = वेष्य ।

वेस्सा स्त्री [वेश्या] गणिका । ओषधि-विशेष, पाढ़ का गाछ ।

वेस्सासिअ देखो वेसासिअ ।

वेह सक [प्र + ईक्ष्] देखना ।

वेह सक [व्यध्] बींधना, छेदना ।

वेह पुं [वेध] वेधन, छेद । अनुबोध, अनुगम, मिश्रण । द्यूत-विशेष । अनुशय, अत्यन्त द्वेष ।

वेह पुं [वेधस्] विधि, विधाता ।

वेहम्म देखो वइधम्म ।

वेहल्ल पुं [विहल्ल] श्रेणिक का एक पुत्र ।

वेहव सक [वञ्च्] ठगना ।

वेहव न [वैभव] विभूति, ऐश्वर्य ।

वेहविअ पुं [दे] अनादर । वि. क्रोधी ।

वेहविअ वि [वञ्चित] प्रतारित ।

वेहव्व न [वैधव्य] विधवापन ।

वेहाणस देखो वेहायस ।

वेहाणसिय वि [वैहायसिक] फाँसी आदि से लटक कर मरनेवाला ।

वेहायस वि [वैहायस] आकाश में होनेवाला । फाँसी लगा कर मरना । पुं राजा श्रेणिक का एक पुत्र ।

वेहारिय वि [वैहारिक] विहार-सम्बन्धी ।

वेहास न [विहायस्] आकाश । अन्तराल ।

वेहास देखो वेहायस ।

वेहिम वि [वैधिक, वेध्य] तोड़ने-योग्य, दो टुकड़े करने-योग्य ।

वेउंठ देखो वेकुंठ ।

वैभव देखो वेहव ।

वोअस देखो वोक्कस ।

वोइय वि [व्यपेत] वर्जित, रहित ।

वोंट देखो विंट = वृन्त ।

वोकिल्ल वि [दे] गृह-शूर । झूठा-शूर ।

वोकिल्लिअ न [दे] चबी हुई चीज को पुनः चबाना ।

वोक्क सक [वि + ज्ञपय्] विज्ञप्ति करना ।

वोक्क सक [व्या + हृ, उद् + नद्] पुकारना, आह्वान करना ।

वोक्क सक [उद् + नट्] अभिनय करना ।

वोक्कंत वि [व्युत्क्रान्त] विपरीत क्रम से

स्थित। अतिक्रान्त। देखो वुक्कंत।

वोक्कस सक [व्यप+कृष्] ह्रास प्राप्त करना, कमी करना।

वोक्कस देखो बोक्कस।

वोक्कस देखो वुक्कस = व्युत्+कृष्।

वोक्का स्त्री [दे] वाद्य-विशेष। देखो वुक्का।

वोक्का स्त्री [व्याहृति] पुकार।

वोक्कार देखो बोक्कार।

वोक्ख देखो वोक्क = उद्+नद्।

वोक्खंदय पुं [अवस्कन्द] आक्रमण।

वोक्खारिय वि [दे] विभूषित।

वोगड वि [व्याकृत] कहा हुआ, प्रतिपादित। परिस्फुट।

वोगडा स्त्री [व्याकृता] प्रकट अर्थवाली भाषा।

वोगसिअ वि [व्युत्कर्षित] निष्कासित।

वोच } सक [वद्] बोलना, कहना।
वोच्च }

वोच्चत्थ वि [व्यत्यस्त] विपरीत।

वोच्चत्थ न [दे] विपरीत रत।

वोच्छ° वय = वच् का भवि. रूप।

वोच्छिद सक [व्युत्, व्यव+छिद्] तोड़ना। खण्डित करना। विनाश करना। परित्याग करना।

वोच्छिण्ण देखो वोच्छिन्न।

वोच्छित्ति स्त्री [व्यवच्छित्ति] विनाश। °णय पुं [°नय] पर्याय-नय।

वोच्छिन्न देखो वुच्छिन्न।

वोच्छेअ } पुं [व्युच्छेद, व्यवच्छेद] उच्छेद। अभाव, व्यावृत्ति। प्रति-
वोच्छेद } बन्ध। विभाग।

वोच्छेयण न [व्युच्छेदन] विनाश। परित्याग।

वोज्ज देखो वुज्ज।

वोज्ज सक [वीजय्] हवा करना।

वोज्जिर वि [त्रसितृ] डरनेवाला।

वोज्झ देखो वह का कवकृ. का रूप।

वोज्झ } पुं [दे] बोझ।
वोज्झमल्ल }

वोज्झर वि [दे] अतीत। भीत, त्रस्त।

वोट्ठि वि [दे] सक्त, लीन।

वोड वि [दे] दुष्ट। छिन्न-कर्ण। देखो बोड।

वोडही स्त्री [दे] तरुणी। कुमारी। देखो वोद्रह।

वोड्ड वि [दे] मूर्ख।

वोढ वि [ऊढ] वहन किया हुआ।

वोढ वि [दे] देखो वोड।

वोढव्व वह = वह् का कृ.।

वोढु वि [वोढ] वहन-कर्ता।

वोढुं वह = वह् का हेकृ.।

वोढूण अ [उद्‌द्वा] वहन कर।

वोत्तव्व वय = वच् का कृ.।

वोत्तआण अ [उक्त्वा] कह कर।

वोत्तुं वय का हेकृ.।

वोत्तूण वय = वच् का संकृ.।

वोदाण न [व्यवदान] कर्मों का विनाश। शुद्धि, विशेष रूप से कर्म-विशोधन। तप। वनस्पति-विशेष।

वोद्रह वि [दे] तरुण स्त्री. °ही।

वोभीसण वि [दे] वराक। गरीब।

वोम न [व्योमन्] आकाश। °बिन्दु पुं. एक राजा का नाम।

वोमज्झ पुं [दे] अनुचित वेष।

वोमिल पुं [व्योमिल] एक जैन मुनि।

वोमिला स्त्री [व्योमिला] एक जैन मुनि-शाखा।

वोय पुं [वोक] एक देश का नाम।

वोरच्छ वि [दे] तरुण।

वोरमण न [व्युपरमण] हिंसा, प्राणि-वध।

वोरल्ली स्त्री [दे] श्रावण मास की शुक्ला चतुर्दशी। उसमें होनेवाला एक उत्सव।

वोरविअ वि [व्यपरोपित] जो मारा गया हो।

वोरुट्ठी स्त्री [दे] रुई से भरा हुआ वस्त्र।

वोल अक [गम्] गति करना। गुजारना। सक. अतिक्रमण करना। अक. गुजरना। देखो वोल = व्यति + क्रम्।

वोल देखो बोल = दे।

वोलट्ट अक [व्युप + लुट्] छलकना।

वोलाविअ वि [गमित] अतिक्रामित।

वोलिअ, वोलीण } वि [गत] गया हुआ। व्यतीत। अतिक्रान्त।

वोल्ल सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना।

वोल्लाह पुं. देश-विशेष। देश-विशेष में उत्पन्न।

वोवाल पु [दे] वृषभ।

वोसग्ग पुं [व्युत्सर्ग] परित्याग।

वोसग्ग, वोसट्ट } अक [वि + कस] विकसना। बढ़ना।

वोसट्ट सक [वि + कासय्] विकास करना। बढ़ाना।

वोसट्ट वि [विकसित] विकास-प्राप्त।

वोसट्ट वि [दे] भर कर खाली किया हुआ।

वोसट्ठ वि [व्युत्सृष्ट] परित्यक्त। परिष्कार-रहित। कायोत्सर्ग में स्थित।

वोसमिय वि [व्यवशमित] उपशमित।

वोसर, वोसिर } सक [व्युत् + सृज्] परित्याग करना।

वोसिर वि [व्युत्सर्जन] छोड़नेवाला।

वोसेअ वि [दे] उन्मुख-गत।

वोहार न [दे] जल-वहन।

वोहित्त न [वहित्र] जहाज, नौका। देखो बोहित्थ।

व्युड पुं [दे] विट, भड़ुआ।

व्रंद देखो वंद = वृन्द।

व्रत्त (अप) वय = व्रत।

व्राक्रोस (अप) पुं [व्याक्रोश] शाप। निन्दा। विरुद्ध चिन्तन।

व्रागरण (अप) देखो वागरण।

व्राडि (अप) पुं [व्याडि] संस्कृत व्याकरण और कोष का कर्ता एक मुनि।

व्रास देखो वास = व्यास।

व्व देखो इव।

व्व देखो वा = अ।

°व्वअ देखो वय = व्रत।

व्ववसिअ देखो ववसिय = व्यवसित।

°व्वाज देखो वाय = व्याज।

°व्वावार देखो वावार = व्यापार।

°व्वावुड देखो वावुड।

°व्वाहि देखो वाहि।

व्विव देखो इव।

व्वे अ [दे] संबोधन सूचक अव्यय।

श

शिआल (मा) पुं [श्याल] बहू का भाई।

श्चिट (मा) देखो चिट्ठ स्था।

स

स पुं. व्यञ्जन वर्ण-विशेष, इसका उच्चारण-स्थान दाँत होने से यह दन्त्य कहा जाता है। °अण, °गण पुं. पिंगल-प्रसिद्ध एक गण, जिसमें प्रथम दो ह्रस्व और तीसरा गुरु अक्षर होता है। गार° पुं [°कार] 'स' अक्षर।

स देखो सं = सम् ।

स पुं [श्वन्] श्वान । °पाग पुं [°पाक] चाण्डाल । °मुहि पुंस्त्री [°मुखि] कुत्ते की तरह आचरण । °वच पुं [°पच] चाण्डाल । °वाग, °वाय देखो °पाग ।

स अ [स्वर्] स्वर्ग ।

स वि [सत्] श्रेष्ठ । विद्यमान । °उरिस पुं [°पुरुष] श्रेष्ठ पुरुष, सज्जन । °क्कय वि [°कृत] सम्मानित । देखो °क्किअ । °क्कह वि [°कथ] सत्य-वक्ता । °क्किअ न [°कृत] सत्कार, सम्मान । देखो °क्कय । °ग्गइ स्त्री [°गति] उत्तम गति—स्वर्ग । मुक्ति । °ज्जण पुं [°ज्जन] सत्पुरुष । °त्तम वि सज्जनों में अतिश्रेष्ठ । °त्थाम न [°स्थामन्] प्रशस्त बल । °धम्मिअ वि [°धार्मिक] श्रेष्ठ-धार्मिक । °न्नाण न [°ज्ञान] उत्तम ज्ञान । °प्पभ वि [°प्रभ] सुन्दर प्रभावाला । °प्पुरिस पुं [°पुरुष] सज्जन, किंपुरुष-निकाय के दक्षिण दिशा का इन्द्र । श्रीकृष्ण । °प्फल वि [°फल] श्रेष्ठ फलवाला । °ब्भाव पुं [°भाव] सम्भव, उत्पत्ति । सत्व, अस्तित्व । चित्त का अच्छा अभिप्राय । भावार्थ । विद्यमान पदार्थ । °ब्भावदायणा स्त्री [°भावदर्शन] प्रायश्चित्त के लिए निज दोष का गुर्वादि के समक्ष प्रकटीकरण । °ब्भाविअ वि [°भावित] सद्भाव-युक्त । °ब्भूअ वि [°भूत] सत्य, वास्तविक । विद्यमान । °याचार पुं [°आचार] प्रशस्त आचरण । °रूव वि [°रूप] प्रशस्त रूपवाला । °ल्लग पुं [°लग] प्रशस्त संवरण, इन्द्रिय-संयम । °वाय पुं [°वाद] प्रशस्त वाद । °वाया स्त्री [°वाच्] प्रशस्त वाणी ।

स पुं [स्व] आत्मा, खुद । ज्ञाति । वि. आत्मीय । न. धन । कर्म । °कडब्भि, °गडब्भि वि [°कृतभिद्] निज के किये हुए कर्मों का विनाशक । °जण पुं [°जन] ज्ञाति, सगा । आत्मीय लोग । °तंत वि [°तन्त्र] स्वाधीन । न. स्वकीय सिद्धान्त । °त्थ वि [°स्थ] तंदुरुस्त । सुख से अवस्थित । °पक्ख पुं [°पक्ष] साधर्मिक । तरफदार । अपना पक्ष । °पाय न [°पात्र] निज का नाम । °प्पभ वि [°प्रभ] निज से ही शोभनेवाला । °ब्भाव, °भाव पुं. प्रकृति, निसर्ग । °भावन्नु वि [°भावज्ञ] स्वभाव का जानकार । °यण देखो °जण । °रूय, °रूव न [°रूप] स्वभाव । °संवेयण न [°संवेदन] स्वप्रत्यक्षज्ञान । °हाअ, °हाव देखो °भाव । °हाववाय पुं [°भाववाद] स्वभाव से ही सब कुछ होता है ऐसा माननेवाला मत । °हिअ न [°हित] निज का भला । वि. स्वहितकर ।

स° वि. सहित । समान । °अण्ह वि [°तृष्ण] उत्कण्ठित । °अर वि [°कर] कर-सहित । °अर वि [°गर] विष-युक्त । °इण्ह देखो °अण्ह । °उण वि [°गुण] गुण-युक्त । °उण्ण वि [°पुण्य] पुण्य-शाली । °ओस वि [°तोष] सन्तुष्ट । °ओस वि [°दोष] दोष-युक्त । °काम वि. मनोरथ-युक्त । °कामणिज्जरा स्त्री [°कामनिर्जरा] कर्म-निर्जरा का एक भेद । °काममरण न. पण्डित-मरण । °केय वि [°केत] गृहस्थ । प्रत्याख्यान-विशेष । °क्खर वि [°ाक्षर] विद्वान् । °गार वि [°ागार] गृहस्थ । °गार वि [°ाकार] आकार-युक्त । °गुण वि. गुणी । °ग्ग वि [°ाग्र] श्रेष्ठ । °ग्गह वि [°ग्रह] उपरक्त, ग्रहण-युक्त, दुष्ट ग्रह से आक्रान्त । °घिण वि [°घृण] दयालु । °चक्खु, °चक्कुअ वि [°चक्षुष, °चक्षुष्क] नेत्रवाला, देखता । °चित्त, °चेयण वि [°चेतन] चेतनावाला, सजीव । °च्चित्त देखो °चित्त । °जिय देखो °जीअ । °जोइ वि [°ज्योतिष्] प्रकाश-युक्त । °जोणिय वि [°योनिक]

उत्पत्ति-स्थानवाला, संसारी । °ज्जीअ, °ज्जीव वि [°जीव] धनुष की डोरीवाला । सचेतन । न. कला-विशेष, मृत धातु वगैरह को सजीवन करने का ज्ञान । °ड्ढ वि [°ार्ध] डेढ़ । °ड्ढकाल पुं [°ार्धकाल] पुरिमड्ढ तप । °णप्पय, °णप्फद, °णप्फय वि [°नखपद] नख-युक्त पैरवाला, सिंह आदि श्वापद जन्तु । °णाह वि [°नाथ] स्वामी-वाला । °तण्ह वि [°तृष्ण] तृष्णा-युक्त, उत्कण्ठित । °त्तर वि [°त्वर] त्वरा-युक्त, वेगवाला । न. शीघ्र । °द्ध वि [°ार्ध] डेढ़ । °धवा स्त्री. सौभाग्यवती स्त्री । °नय वि. न्याययुक्त । °पक्ख वि [°पक्ष] पंखवाला । सहायक, मित्र । समान पार्श्ववाला, दक्षिण आदि तरफ से जो समान हो वह । °पुन्न वि [°पुण्य] पुण्यशाली । °प्पभ वि [°प्रभ] प्रभायुक्त । °प्परिआव, °प्परिताव वि [°परिताप] सन्ताप से युक्त । °प्पिसल्लग वि [°पिशाचक] पिशाच-गृहीत, पागल । °प्पिवास वि [°पिपास] तृषातुर । °प्पिह वि [°स्पृह] स्पृहावाला । °प्फंद वि[°स्पन्द] चलायमान । °प्फल, °फल वि. सार्थक । °ब्बल वि [°बल] बलवान् । °भल देखो °फल । °मण वि [°मनस्] । °मणक्ख वि [°मनस्क] मनवाला, विवेक-बुद्धिवाला । समान मनवाला, राग-द्वेष आदि से रहित । °मय वि [°मद] मद-युक्त । °महिड्ढिअ वि [°महर्द्धिक] महान् वैभववाला । °मिरि-ईअ, °मिरीय वि [°मरीचिक] किरण-युक्त । °मेर वि [°मर्याद] मर्यादा-युक्त । °यण्ह वि [°तृष्ण] तृष्णा-युक्त । °याण वि [°ज्ञान] सयाना, जानकार । °योगि वि [°योगिन्] व्यापार-युक्त, योगवाला । न. तेरहवाँ गुण-स्थानक । °रय वि [°रत] कामी । °रहस वि [°रभस] वेग-युक्त, उतावला । °राग वि. राग-सहित । °रागसंजत, °रागसंजय वि [°रागसंयत] वह साधु जिसका राग क्षीण न हुआ हो । °रूव वि [°रूप] समान रूपवाला । °लूण वि [°लवण] लावण्य-युक्त । °लोग वि [°लोक] समान । °लोण देखो °लूण । स्त्री. °लोणी । °वक्ख देखो °पक्ख । °वण वि [°व्रण] घाववाला । °व्वय वि [°वयस्] समान उम्रवाला । °वय वि [°व्रत] व्रती । °वाय वि [°पाद] सवा । °वाय वि [°वाद] वाद-सहित । °वास वि. समान वासवाला, एक देश का रहनेवाला । °विज्ज वि [°विद्य] विद्यावान् । °व्वण देखो °वण । °व्वेक्ख वि [°व्यपेक्ष] दूसरे की परवाह रखनेवाला, सापेक्ष । °व्वाव वि [°व्याप] व्याप्ति-युक्त । व्यापक । °व्विवर वि [°विवर] विवरण-युक्त, सविस्तर । °संक वि [°शङ्क] । °संकिअ वि [°शङ्कित] शंका-युक्त । °सत्ता स्त्री [°सत्त्वा] सगर्भा । °सिरिय, °सिरीय वि [°श्रीक] शोभा-युक्त । °सिह वि [°स्पृह] स्पृहावाला । °सिह वि [°शिख] शिखा-युक्त । °सूग वि [°शूक] दयालु । °सेस वि [°शेष] सावशेष । शेषनाग-सहित । °सोग, °सोगिल्ल वि [°शोक] दिलगीर, शोक-युक्त । °स्सिरिअ, °स्सिरीअ देखो °सिरिय ।

सअ सक [स्वद्] प्रीति करना । चखना ।

सअ न [सदस्] सभा ।

सअअ न [दे] घिला । वि. घूर्णित ।

सअवखगत्त पुं [दे] कितव, जुआरी ।

सअज्झिअ, सअज्झिअ } पुंस्त्री [दे] प्रातिवेश्मिक, पड़ोसी । स्त्री. °आ । देखो सइज्झिअ ।

सअडिआ देखो सगडिआ ।

सअढ पुं [दे] लम्बा केश ।

सअढ पुं [शकट] दैत्य-विशेष । पुंन. गाड़ी । °ारि पुं [°ारि] नरसिंह, श्रीकृष्ण । देखो

सगड।

सअर देखो स-अर = स-कर, स-गर।

सअर देखो सगर।

सआ अ [सदा] हमेशा। °चार पुं. निरन्तर गति।

सआ स्त्री [स्रज्] माला।

सइ देखो सआ = सदा।

सइ अ [सकृत्] एक बार।

सइ स्त्री [स्मृति] स्मरण, चिन्तन। °काल पुं. भिक्षा मिलने का समय।

सइ देखो स = स्व।

सइ देखो सय = शत। °कोडि स्त्री [°कोटि] एक अरब।

सइ देखो सइं = स्वादु।

सइ° देखो सई = सती।

सइअ वि [शतिक] सौ का परिमाणवाला। देखो सइग।

सइअ वि [शयित] सुप्त।

सइएल्लय देखो स = स्व।

सइं देखो सइ = सकृत।

सइं देखो सयं = स्वयम्।

सइग वि [शतिक] सौ (रुपया आदि) की कीमत का।

सइज्झ } सइज्झिअ } पुंस्त्री [दे] पड़ोसी। स्त्री. °आ।

सइज्झिअ न [दे] पड़ोसीपन।

सइण्ण न [सैन्य] सेना।

सइत्तए सय = शी का हेकृ.।

सइदंसण } सइदिट्ठ } वि [दे. स्मृतिदर्शन] मनो-दृष्ट, विचार में प्रतिभासित। वि [दे. स्मृतिदृष्ट] ऊपर देखो।

सइम वि [शततम] १०० वाँ।

सइर न [स्वैर] स्वेच्छा, स्वच्छन्दता। वि. मन्द, अलस। स्वैरी।

सइरवसह पुं [दे. स्वैरवृषभ] स्वच्छन्दी साँड़, धर्म के लिए छोड़ा जाता बैल।

सइरिणी स्त्री [स्वैरिणी] व्यभिचारिणी स्त्री।

सइल देखो सेल।

सइलंभ वि [दे. स्मृतिलम्भ] देखो सइदंसण।

सइलासअ } सइलासिअ } पुं [दे] मयूर।

सइव पुं [सचिव] प्रधान, मन्त्री। सहाय। मददकर्ता। काला धतूरा।

सइसिलिंब पुं [दे] कार्तिकेय।

सइसुह वि [दे. स्मृतिसुख] देखो सइदंसण।

सई स्त्री [शची] इन्द्राणी। स° पुं [°श] इन्द्र। देखो सची।

सई स्त्री [सती] पतिव्रता स्त्री।

°सई स्त्री [°शती] सौ।

सईणा स्त्री [दे] अन्न-विशेष, तुवरी।

सउ } सउं } (अप) देखो सहुं।

सउंत पुं [शकुन्त] पक्षी। भास-पक्षी।

सउंतला } सउंदला } स्त्री [शकुन्तला] विश्वामित्र ऋषि की पुत्री और राजा दुष्यन्त की पत्नी। (शौ)।

सउण वि [दे] रूढ़, प्रसिद्ध।

सउण पुंन [शकुन] शुभाशुभ-सूचक बाहु-स्पन्दन, काक-दर्शन आदि निमित्त। पुं. पक्षी। पक्षि-विशेष। °विउ वि [°विद्] सगुन का जानकार। °रुअ न [°रुत] पक्षी की आवाज। सगुन के परिज्ञान की कला।

सउण देखो स-उण = स-गुण।

सउणि पुं [शकुनि] पक्षी। चील पक्षी। ज्योतिष-प्रसिद्ध एक स्थिरकरण जो कृष्ण चतुर्दशी की रात में सदा अवस्थित रहता है। नपुंसक-विशेष, चटक की तरह बारबार मैथुन-प्रसक्त क्लीब। दुर्योधन का मामा।

सउणिअ देखो साउणिअ।

सउणिआ, सउणिगा, सउणी } स्त्री [शकुनिका, °नी] पक्षी की मादा। पक्षि-विशेष की मादा।

सउण्ण देखो स-उण्ण = सपुण्य।

सउत्ती स्त्री [सपत्नी] सौत।

सउम पुं. [सद्मन्] गृह। जल।

सउमार वि [सुकुमार] कोमल।

सउर पुं [सौर] शनैश्चर। यम। उदुम्बर का पेड़। वि. सूर्य का उपासक। सूर्य-सम्बन्धी।

सउरि पुं [शौरि] विष्णु, श्रीकृष्ण।

सउरिस देखो स-उरिस = सत्पुरुष।

सउल पुं [शकुल] मत्स्य।

सउलिअ वि [दे] प्रेरित।

सउलिआ, सउली } स्त्री [दे. शकुनिका, °नी] चील पक्षी की मादा। एक महौषधि। °विहार पुं. गुजरात के भरौच शहर का एक प्राचीन जैन मन्दिर।

सउह पुं [सौध] राज-महल। न. चाँदी। पुं. पाषाण-विशेष। वि. सुधा-सम्बन्धी, अमृत का।

सएज्झिअ देखो सइज्झिअ।

सओस देखो स-ओस = स-तोष, सदोष।

सं अ [शम्] सुख, शर्म।

सं अ [सम्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—प्रकर्ष। संगति। सुन्दरता, शोभनता। समुच्चय। योग्यता।

संक सक [शङ्क्] संशय करना। अक. डरना।

संकंत वि [संक्रान्त] प्रतिबिम्बित। प्रविष्ट। प्राप्त। संक्रमणकर्ता। संक्रांति-युक्त। पिता आदि से दाय रूप से प्राप्त स्त्री का धन।

संकंति स्त्री [संक्रान्ति] संक्रमण, प्रवेश। सूर्य आदि का एक राशि से दूसरी राशि में जाना।

संकंदण पुं [संक्रन्दन] इन्द्र।

संकट्टिअ वि [संकर्तित] काटा हुआ।

संकट्ठ वि [संकष्ट] व्याप्त।

संकट्ठ देखो संकिट्ठ।

संकड वि [संकट] संकीर्ण, कम चौड़ा, अल्प अवकाशवाला। विषम, गहन। न. दुःख।

संकडिल्ल वि [दे] निश्छिद्र।

संकड्ढिय वि [संकर्षित] आकर्षित।

संकप्प पुं [संकल्प] अध्यवसाय, मनःपरिणाम। संगत आचार, सदाचार। अभिलाष। °जोणि पुं [°योनि] कामदेव।

संकम अक [सं+क्रम्] प्रवेश करना। गति करना।

संकम पुं [संक्रम] सेतु। संचार। जीव जिस कर्म-प्रकृति को बाँधता हो उसी रूप से अन्य प्रकृति के दल को प्रयत्न द्वारा परिणमाना।

संकमग वि [संक्रामक] संक्रमण-कर्ता।

संकमण न [संक्रमण] प्रवेश। संचार। चारित्र, संयम। देखो संकम का तीसरा अर्थ। प्रतिबिम्बन।

संकर पुं [दे] रथ्या, मुहल्ला।

संकर पुं [शङ्कर] शिव। वि. सुख करने-वाला।

संकर पुं. मिलावट। न्यायशास्त्र-प्रसिद्ध एक दोष। शुभाशुभ-रूप मिश्र भाव। अशुचि-पुंज।

संकरण न. अच्छी कृति।

संकरिसण पुं [संकर्षण] भारतवर्ष का भावी नववाँ बलदेव।

संकरी स्त्री [शङ्करी] विद्या-विशेष। देवी-विशेष। सुख करनेवाली।

संकल सक [सं+कलय्] संकलन करना, जोड़ना।

संकल पुंन [शृङ्खल] सांकल, निगड़। बेड़ी। सिकड़ी, आभूषण-विशेष।

संकलण न [संकलन] मिश्रता, मिलावट।

संकला स्त्री [शृङ्खल] देखो संकल =

शृङ्खल ।

संकलिअ वि [संकलित] एकत्र-किया हुआ । युक्त । योजित, जोड़ा हुआ । संगृहीत । न. संकलन, कुल जोड़ ।

संकलिआ स्त्री [संकलिका] परम्परा । संकलन । सूत्रकृतांग सूत्र का पनरहवाँ अध्ययन ।

संकलिआ } स्त्री [शृङ्खलिका, °ली]
संकली } सांकल, सिकड़ी, जंजीर, निगड़ ।

संकहा स्त्री [संकथा] संभाषण, वार्तालाप ।

संका स्त्री [शङ्का] संशय । भय । °लुअ वि [°वत्] शंकावाला ।

संकाम देखो संकम = सं + क्रम् ।

संकाम सक [सं + क्रमय्] संक्रम करना, बँधी जाती कर्म-प्रकृति में अन्य प्रकृति के कर्म-दलों को प्रक्षिप्त कर उस रूप से परिणत करना ।

संकामण न [संक्रमण] संक्रम-करण । प्रवेश कराना । एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाना ।

संकामणा स्त्री [संक्रमणा] संक्रमण, पैठ ।

संकामणी स्त्री [संक्रमणी] जिससे एक से दूसरे में प्रवेश किया जा सके वह विद्या ।

संकामिय वि [संक्रमित] एक स्थान से दूसरे स्थान में नीत ।

संकार देखो सक्कार = संस्कार ।

संकास वि [संकाश]समान । पुं. एक श्रावक ।

संकासिया स्त्री [संकाशिका] एक जैन मुनि-शाखा ।

संकिट्ठ वि [संकृष्ट] विलिखित, जोता हुआ । खेती किया हुआ ।

संकिट्ठ देखो संकिलिट्ठ ।

संकिण्ण वि [संकीर्ण] सँकरा, तंग, अल्पावकाशवाला । व्याप्त । मिश्रित । पुं. हाथी की एक जाति ।

संकित्तण न [संकीर्तन] उच्चारण ।

संकिलिट्ठ वि [संक्लिष्ट] संक्लेश-युक्त ।

संकिलिस्स अक [सं + क्लिश्] क्लेश पाना, दुःखी होना । मलिन होना ।

संकिलेस पुं [संक्लेश] असमाधि, दुःख, कष्ट, हैरानी । मलिनता ।

संकीलिअ वि [संकीलित] कील लगाकर जोड़ा हुआ ।

संकु पुं [शङ्कु] शल्य अस्त्र । कीलक । °कण्ण न [°कर्ण] एक विद्याधर-नगर ।

संकुइय वि [संकुचित] सकुचा हुआ. संकोच-प्राप्त । न. संकोच ।

संकुक पुं [शङ्कुक] वैताढ्य पर्वत की उत्तर श्रेणी का एक विद्याधर-निकाय ।

संकुका स्त्री [शङ्कुका] विद्या-विशेष ।

संकुच अक [सं + कुच्] सकुचना, संकोच करना ।

संकुड वि [संकुट] सँकरा, संकुचित ।

संकुद्ध वि [संक्रुद्ध] क्रोध-युक्त ।

संकुय देखो संकुच ।

संकुल वि. व्याप्त, पूर्ण भरा हुआ ।

संकुलि } देखो सक्कुलि ।
संकुली° }

संकुसुमिअ वि [संकुसुमित] सुपुष्पित ।

संकेअ सक [सं + केतय्] इशारा करना । मसलहत करना ।

संकेअ पुं [संकेत] इशारा, इंगित । प्रिय-समागम का गुप्त स्थान । वि. चिह्न-युक्त । न. प्रत्याख्यान-विशेष ।

संकेअ वि [साङ्केत] संकेत-सम्बन्धी । न. प्रत्याख्यान-विशेष ।

संकेल्लिअ वि [दे] सकेला हुआ ।

संकेस देखो संकिलेस ।

संकोअ सक [सं + कोचय्] समेटना, संकुचित करना ।

संकोड पुं [संकोट] सकोड़ना, संकोच ।

संख पुंन [शङ्ख] शंख । पुं. ज्योतिष्क ग्रह-

